परिचय

भारतवर्ष के महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आदोलन प्राय देशव्यापी रहे है, यद्यपि इनमे साथ साथ प्रादेशिक विशेषताएँ भी विकसित होती रही है। इस प्रकार के आंदोलनों मे मध्ययुग की वैष्णव भक्ति-भावना ने देश के बहुत बड़े भाग को प्रभावित किया था और वह जन-जीवन में बहुत गहरी उतर गयी थी। एक ही मूल धार्मिक प्रेरणा को मध्यदेश, गुजरात, बंगाल, उड़ीसा, आसाम आदि के संप्रदाय-प्रवर्त्तको तथा भक्त-कवियो ने अपने-अपने ढग से प्रकट किया।

मेरी यह निश्चित धारणा रही है कि यदि हमें अपने देश के सांस्कृतिक आदोलनों का वास्तविक पूर्ण अध्ययन उपस्थित करना है और उनका पूर्ण चित्र सामने रखना है तो यह केवल मात्र प्रादेशिक अध्ययनों के रूप मे नही हो सकेगा, किंतु विस्तृत ऐतिहासिक और तुलनात्मक अध्ययन भी अनिवार्य होगे। इसी दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए मै अपने सहयोगियो तथा खोज के विद्यार्थियो को भाषा, साहित्य और संस्कृति संबंधी ऐतिहासिक तथा तुलनात्मक विषयों पर कार्य करने को निरतर प्रेरित करता रहा हूँ।

तुलनात्मक विषयों में गुजराती और ब्रजभाषा कृष्ण-काव्य का तुलनात्मक अध्ययन मैने श्री जगदीश गुप्त के सिपुर्द किया था। कुछ अन्य विद्यार्थियों को हिंदी-बंगाली, हिंदी-तेलगू, हिन्दी-मराठी, आदि विषयों के तुलनात्मक अध्ययनो मे लगाया था। मुझे अत्यंत संतोष है कि श्री गुप्त ने अपने विषय का अध्ययन पूर्ण परिश्रम और खोज के साथ किया और उनके इस कार्य पर प्रयाग विश्वविद्यालय ने उन्हे डी० फिल्० की उपाधि प्रदान की। उनके परीक्षकों ने इस महत्वपूर्ण कार्य की अत्यत प्रशंसा की थी। यही थीसिस अब परिवर्द्धित तथा संशोधित रूप मे प्रकाशित हो रहा है।

इस कार्य के सिलसिले में श्री गुप्त ने गुजराती भाषा और साहित्य का भली प्रकार अध्ययन किया तथा कई महीने गुजरात के अनेक केन्द्रो में रह कर सामग्री

सकलित की और वहाँ के विद्वानों के साथ विचार विनिमय किया। ब्रज की तो उन्होने कई यात्राएँ की। मेरे विचार मे अपने देश के दो प्राचीन जनपदो की साहित्यिक तथा धार्मिक धाराओ का ऐसा विस्तृत और गम्भीर अध्ययन प्रस्तुत ग्रंथ के रूप मे पहली बार उपस्थित किया जा रहा है। मुझे विश्वास है भारतीय संस्कृति और साहित्य के विद्यार्थी इसे अत्यंत उपयोगी तथा ज्ञानवर्द्धक पायेगे।

प्रयाग,
नवम्बर १९५७

धीरेन्द्र वर्मा

प्राक्कथन

समस्त आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओ और उनके साहित्यों का विकास प्रायः समानान्तर ही हुआ है। मध्यकाल में महान् भक्ति आन्दोलन से अनुप्रेरित होकर राम और कृष्ण सम्बन्धी जो विशाल साहित्य निर्मित हुआ वह हिन्दी, बगला, मराठी, गुजराती आदि सभी भाषाओं मे उपलब्ध होता है। एक समय में लगभग एक ही प्रकार की प्रेरणाओं से उत्पन्न विभिन्न प्रान्तीय भाषाओं मे रचित इस साहित्य के सम्यक् ज्ञान के लिए गभीर तुलनात्मक अध्ययन अत्यन्त आवश्यक है। इस आवश्यकता को समझ कर और गुजराती तथा ब्रजभाषा मे पर्याप्त कृष्ण-साहित्य देखकर 'गुजराती और ब्रजभाषा कृष्ण-काव्य का तुलनात्मक अध्ययन' शीर्षक विषय को हाथ मे लिया गया। जहाँ तक ब्रजभाषा का प्रश्न है १६वी और १७वी शती मे कृष्ण-काव्य की सर्वाधिक रचना हुई, इससे पहले का प्रामाणिक काव्य नही मिलता परन्तु गुजराती मे भालण जैसे प्रमुख कवि १५वीं शती में ही माने जाते है, अतएव १५वी, १६वी और १७वी इन तीनों शतियों के समय विस्तार को स्वीकार किया गया। कवियों और उनके काव्यो का परिचय शती-क्रम के अनुसार ही दिया गया है। कौन सा कवि किस शती मे माना जाय इसका निर्णय जन्मकाल के आधार पर न करके काव्यकाल के आधार पर किया गया है जो काव्य सम्बन्धी अध्ययन के लिए अधिक उचित है। अध्यायों का विभाजन काव्य में पाये जाने वाले प्रमुख अंगों के अनुसार किया गया है।

"कवि और काव्य" शीर्षक प्रथम अध्याय मे कवियो के समय से सम्बन्धित प्रमाण देते हुए उनके कृष्णपरक काव्यों का संक्षिप्त परिचय दिया गया है। जो काव्य कृष्णपरक नही समझे गये उन्हे, स्वीकृत कवि की रचना होते हुए भी, प्रस्तुत अध्ययन मे स्थान नही दिया गया है। जैसे नरसी मेहता की 'हारमाला' आदि कई रचनाएँ जो उनके जीवन से सम्बद्ध घटनाओ पर रची गयी है, इस अध्ययन मे सम्मिलित नही की गयी है। इसी तरह तुलसीदास की केवल 'कृष्णगीतावली' को ही सम्मिलित किया गया है क्योंकि इसके अतिरिक्त उनकी सारी रचनाएँ रामपरक है। दोनों भाषाओं के सम्पूर्ण काव्य साहित्य को लेकर रचनाओ का इस तरह चयन लेखक को स्वयं करना पड़ा है। गुजराती की बहुत सी ऐसी सामग्री का प्रयोग किया गया है जो अभी तक अप्रकाशित है। ब्रज मे विभिन्न सम्प्रदायों के प्रभाव से

कृष्ण-साहित्य का विकास होने के कारण ब्रजभाषा कृष्ण-काव्य का परिचय सम्प्रदायों के वर्ग बनाकर दिया गया है और जो सम्प्रदाय-मुक्त कवि है उनको एक स्वतन्त्र वर्ग मे रक्खा गया है। गुजराती मे परिस्थिति भिन्न होने के कारण इस प्रकार के वर्ग-विभाजन की आवश्यकता नही हुई। कृष्ण-काव्य केवल भक्ति-काव्य ही नही है अतएव ब्रजभाषा के रीतिकार और गुजराती के आख्यानकार कवियो को भी स्थान दिया गया है। गुजराती कवियो के समय को स्पष्ट करने के लिए विभिन्न इतिहासकारो द्वारा दिये गये उनके समय को एक स्वतन्त्र तालिका-चित्र के रूप में प्रस्तुत किया गया है साथ ही तीन तालिका-चित्र और दे दिये गये है जिनसे प्रत्येक शती मे गुजराती और ब्रजभाषा दोनो के कवियो और काव्यो की तुलनात्मक परिस्थिति तत्काल एक ही दृष्टि मे विदित हो जाती है। यह सब ग्रंथ के अंत मे छपे हैं। गुजराती कवियो और काव्यो का परिचय अपेक्षाकृत कुछ अधिक विस्तार से दिया गया है क्योकि हिन्दी-भाषी क्षेत्र अभी उनसे कम परिचित है। नरसी मेहता के लिए गुजराती मे प्रयुक्त 'नरसिह' का व्यवहार न करके 'नरसी' का ही व्यवहार किया गया है जो हिन्दी मे प्रचलित रहा है। नाभादास ने अपने 'भक्तमाल' मे और ध्रुवदास ने अपनी 'भक्तनामावली' मे इसी का व्यवहार किया है। मीरां के तथाकथित "नरसी रो माहेरो" मे भी यही रूप व्यवहृत हुआ है।

इस अध्ययन का द्वितीय अध्याय, जिसमे वर्ण्यवस्तु का विश्लेषण एवं विवेचन किया गया है, अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। इसकी सारी सामग्री, ब्रज-लीला, मथुरा-लीला तथा द्वारका-लीला, इन तीन भागो मे विभाजित कर दी गयी है। इन भागों के अन्तर्गत अवान्तर विभाजन करते हुए वर्ण्य-वस्तु की सूक्ष्म तुलना करने का प्रयास किया गया है। तुलनात्मक स्थिति को पूर्ण बनाने के लिए प्राचीन संस्कृत ग्रंथों के स्रोतो का बराबर निर्देश कर दिया गया है। एक तो इससे मूल प्रेरणाओं पर प्रकाश पड़ सका है दूसरे कवियों की, वस्तु के क्षेत्र मे, मौलिक देन का भी निश्चय किया जा सका है। यह सारा विश्लेषण मूल ग्रंथों का आधार लेकर मौलिक रूप से किया गया है।

तृतीय अध्याय मे "सिद्धान्त पक्ष" शीर्षक से दोनों भाषाओं के कवियो द्वारा ब्रह्म, जीव, जगत्, माया तथा भक्ति के सम्बन्ध मे व्यक्त किये गये सिद्धान्तो, विचारों एवं धारणाओं को यथावत् प्रस्तुत किया गया है। साम्प्रदायिक मान्यताओं तथा प्राचीन स्रोतों का भी आवश्यकतानुसार प्रसंग के अनुकूल उल्लेख कर दिया गया है परन्तु प्रधानता कवियों के अपने विचारों को ही दी गयी है।

चतुर्थ अध्याय काव्य की दृष्टि से विशेष महत्त्व रखता है। उसमें 'भावपक्ष' का तुलनात्मक निरूपण किया गया है। भावों की गभीरता, उनका सहज सौन्दर्य, औचित्य-अनौचित्य, अभिव्यंजना के गुण-दोष, सभी का विवेचन रूढिगत शास्त्रीय परिपाटी से न करके साहित्य के स्वाभाविक मानदंड से किया गया है। इसके लिए कृष्ण-काव्य के कुछ विशेष भावमय स्थल अथवा प्रसंग चुन लिए गये है। दोनों भाषाओं मे प्राप्त होने वाले भावसाम्य की ओर विशेष रूप से सकेत कर दिया गया है।

'कलापक्ष' शीर्षक पंचम अध्याय मे कला का व्यापक अर्थ ग्रहण करते हुए अलकार-विधान के अतिरिक्त दृश्य-चित्रण, स्वभाव-चित्रण, प्रकृति-चित्रण तथा प्रबन्ध-निर्वाह का भी समावेश कर लिया गया है जिससे दोनो भाषाओ के कृष्ण-काव्य के लगभग सभी प्रमुख पक्ष सामने आ जाते है।

'छंद' शीर्षक षष्ठ अध्याय के अन्तर्गत प्रबन्ध, पद और मुक्तक तीनों शैलियो मे व्यवहृत छंदो का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। छंदों के सूक्ष्म भेदों, लक्षणो, समानताओं एवं विषमताओं के निर्देशन के बाद अत मे दोनों भाषाओ के काव्य मे स्थान स्थान पर निर्दिष्ट मुख्य रागो की सूची भी दे दी गयी है।

'भाषा शैली' शीर्षक सप्तम अध्याय भी पर्याप्त महत्त्व रखता है क्योकि इसके उत्तराश में भाषा-मिश्रण की विवेचना करते हुए कुछ ऐसे स्थलों का उदाहरण सहित निर्देश किया गया है जहाँ गुजराती कवियों के काव्य मे ब्रजभाषा का प्रयोग मिलता है। ब्रजभाषा काव्य मे गुजराती से प्रभावित जो प्रयोग मिलते है उनकी ओर भी संकेत कर दिया गया है। अध्याय के प्रारभ मे तत्सम, तद्भव, देशज अथवा लोक प्रचलित शब्दो के वैभव का परिचय दिया गया है और पर्याय शब्दो के उदाहरण रूप मे कृष्ण के लिए दोनों भाषाओं मे प्रचलित शब्दो का संकलन प्रस्तुत किया गया है जो मनोरजक भी है और महत्त्वपूर्ण भी। लोकोक्तियों और मुहावरो की सूची देकर दोनों भाषाओं की भावाभिव्यजन-शक्ति की तुलना की गयी है तदनन्तर भाषा की शैलीगत विशेषताओ का संक्षिप्त परिचय दिया गया है। इसी अध्याय मे मीरा तथा भालण की भाषा से सम्बन्धित दो ब्लॉक भी दे दिये गये है।

पहले अध्याय को छोड़ कर शेष सभी अध्यायों मे दी गयी सामग्री तथा उसका विश्लेषण एवं विवेचन मौलिक रूप मे लेखक द्वारा प्रथम बार प्रस्तुत किया गया है। बीच मे यदि कही से सहायता ली गयी है तो उसका उल्लेख भी कर दिया गया है।

दोनों भाषाओं के कृष्ण-काव्य मे मिलने वाले बहुमुखी साम्य और वैषम्य के आधार को प्रकट करने के लिए उपसहार मे गुजरात और ब्रज के युगो पुराने सांस्कृतिक सम्बन्धों पर एक विहंगम दृष्टि डालते हुए उनके अनेक पहलुओ पर प्रकाश डाला गया है। इस उपसंहार मे जिन तथ्यो का प्रतिपादन किया गया है उनके सकलन मे विभिन्न विद्वानो की कृतियों से सहायता ली गयी है।

प्रस्तुत अध्ययन से सम्बन्धित सामग्री की प्राप्ति के लिए लेखक को गुजरात, बम्बई, पूना, नाथद्वारा, काँकरौली, उदयपुर जैसे अनेक स्थानों की यात्रा करनी पड़ी। गुजरात मे रहकर उसने कई महीनो तक अहमदाबाद की 'गुजरात विद्या सभा' (गुजरात वर्नाक्यूलर सोसाइटी) तथा बँड़ौदा के 'प्राच्यविद्या मंदिर' मे कार्य किया। बम्बई की 'फार्बस गुजराती सभा' तथा 'भारतीय विद्या भवन' मे भी कुछ समय तक उसे कार्य करना पड़ा। 'भंडारकर इन्स्टीट्यूट' पूना तथा 'विद्याविभाग' कॉकरौली से भी लेखक ने आवश्यक सामग्री प्राप्त की।

अपने यात्रा काल के शोधकार्य मे लेखक को श्री दुर्गाशकर शास्त्री, श्री रण-छोडलाल ज्ञानी, डॉ० मोतीचंद, श्री पी० के० गोडे, श्री मुनि जिनविजय, श्री रविशकर रावल, श्री रसिकलाल छो० पारीख, श्री केशवराम काशीराम शास्त्री, श्री जेठालाल गोवर्धन शाह, श्री गोविन्द लाल भट्ट, डॉ० मंजूलाल मजमूदार तथा श्री बालचन्द जैन आदि अनेक विद्वान् महानुभावो से सहयोग प्राप्त हुआ जिसके लिए वह उनका हृदय से आभारी है।

श्रीमती महादेवी वर्मा ने साहित्यकार संसद् की ओर से आर्थिक सहायता देकर यात्रा का व्यय-भार कुछ हलका किया अतएव लेखक उनका भी आभार सधन्यवाद स्वीकार करता है। प्रयाग विश्वविद्यालय ने लगातार तीन वर्ष तक डी० फिल्० का रिसर्च स्कॉलरशिप प्रदान करके तथा इस शोध-प्रबंध के प्रकाशन की अनुमति देकर जो उपकार किया है उसके लिए धन्यवाद देना लेखक का कर्त्तव्य है।

श्री के० एम० मुशी तथा स्वर्गस्थ श्री रामनारायण विश्वनाथ पाठक ने परीक्षक रूप मे जो अमूल्य सुझाव दिये थे उनका, कृतज्ञता के साथ, ग्रथ में उपयोग किया गया है।

अपने श्रद्धेय गुरु डॉ० धीरेन्द्र वर्मा का लेखक सबसे अधिक कृतज्ञ है जिनकी देखरेख और निर्देशन मे सारा कार्य सम्पन्न हुआ। वस्तुत: इस कार्य मे मुझे प्रवृत्त करने का सारा श्रेय उन्ही को है और उन्ही के बहुमूल्य परामर्श से इस प्रबन्ध को इतना व्यवस्थित रूप मिल सका।

तुलनात्मक अध्ययन के क्षेत्र मे लेखक को अपना पथ स्वयं बनाना पड़ा है क्योंकि आदर्श रूप मे कोई कृति उसके सामने नही थी। विवेचन करने और निष्कर्षों पर पहुँचने मे उसने यथाशक्ति तटस्थ रहने का प्रयास किया है।

ग्रंथ विषयक कुछ सामान्य बातो की ओर भी यहाँ ध्यान दिला देना आवश्यक है। एक तो यह कि प्रत्येक अध्याय की पादटिप्पणियाँ सुविधा के कारण अध्याय के अन्त मे दी गयी है दूसरे यह कि इस अध्ययन मे सर्वत्र सनो का व्यवहार किया गया है। जहाँ संवतों का व्यवहार हुआ है वहाँ वैसा संकेत कर दिया गया है। कुछ ग्रथो तथा व्यक्तियो के पूरे नाम न देकर संक्षिप्त रूप प्रयुक्त किये गये हैं जिनके पूर्णरूप सक्षिप्त रूपों के साथ ग्रंथ के प्रारभ मे दे दिये गये है।

अन्त मे मै उन सब लोगो का साभार स्मरण करना चाहता हूँ जिनके श्रम और सद्भाव ने ग्रंथ को वर्तमान रूप मे प्रस्तुत करने मे योग दिया। श्री गंगाप्रसाद श्रीवास्तव ने कुछ अशो के सक्षिप्तीकरण एवं अनुलेखन मे, श्री पुरुषोत्तमदास मोदी तथा श्री कृष्ण चन्द्र कपूर ने टाइपिग की व्यवस्था में, आदरणीय श्री लल्लीप्रसाद पाण्डेय तथा मेरे प्रिय शोध-छात्र श्री योगेन्द्र पाण्डेय ने प्रूफ-संशोधन मे सहायता दी। श्री शेषकुमार रस्तोगी तथा श्री सुदर्शन मिश्र ने अनुक्रमणिकाएँ निर्मित करने में जिस लगन से कार्य किया वह सराहनीय है। न चाहते हुए भी अनेक त्रुटियाँ यत्र तत्र रह गयी है जिनका सुधार अगले संस्करण मे अवश्य ही कर दिया जायगा। अपनी सीमाएँ और विषय-विस्तार दोनो का ध्यान करके मै विनम्र भाव से यह ग्रंथ आपके हाथो मे अर्पित करता हूँ।

जगदीश गुप्त

प्रयाग,
कार्त्तिकी पूर्णिमा, सं० २०१४

विषय-क्रम

[अंक पृष्ठ-सख्या के द्योतक हैं ।]

प्रथम अध्याय

द्वितीय अध्याय

तृतीय अध्याय

चतुर्थ अध्याय

पंचम अध्याय

षष्ठ अध्याय

सप्तम अध्याय

संक्षिप्त रूप

अ०	अध्याय
अ० व०	अष्टछाप और वल्लभ-सम्प्रदाय
उत्त०	उत्तरार्ध
उप०	उपनिषद
क० च०	कवि चरित
कृ० खं०	कृष्ण जन्म खंड
कृ० गी०	कृष्ण गीतावली
गु० व० सो०	गुजरात वर्नाक्युलर सोसायटी
गु० सा०	गुजराती साहित्य
गू० हा० संकलित यादी	गूजराती हाथप्रतोनी संकलित यादी
छं० सं०	छंद संख्या
झावेरी	कृष्णलाल मोहनलाल झावेरी
तारापोरवाला	इरच जहाँगीर सोराबजी तारापोर-वाला
त्रिपाठी	गोवर्धनराम माधवराम त्रिपाठी
थूथी	एन० ए० थूथी
द० स्कं०	दशम स्कध
दिवेटिया	नरसिंहराव भोलानाथ दिवेटिया
ध्रुव	आनन्दशंकर ध्रुव
न० कृ० का०	नरसिंह महेता कृत काव्य-संग्रह
नि० मा०	निम्बार्क माधुरी
नं०	नंबर
नंद ०	नंददास
पु०	पुराण
प्रा० का० मा०	प्राचीन कौव्य माला

प्रा० गु० छं०	प्राचीन गुजराती छंदो
पृ०	पृष्ठ
फा० गु० स०	फार्बस गुजराती सभा
ब्र० वै०	ब्रह्म वैवर्त
बृ० का० दो०	बृहत् काव्य दोहन
भा०	भागवत
मा० वा०	माधुरी वाणी
मीतल	प्रभुदयाल मीतल
मी० प०	मीरां पदावली
मुशी०	कन्हैयालाल माणिकलाल मुशी
ले०	लेखक
सू० सा०	सूरसागर
सं०	संवत् तथा संपादक (प्रसंगानुसार)
श्लो०	श्लोक
शास्त्री	केशवराम काशीराम शास्त्री
श्रीकृ० ली० का०	श्रीकृष्ण लीला काव्य
श्रीकृ० वृ० रा०	श्रीकृष्ण वृन्दावन रास
श्रीगदा० वा०	श्रीगदाधर भट्ट की वाणी
श्रीम० भा०	श्रीमदभागवत (प्रेमानंद कृत)
श्रीव० र० वा०	श्रीवल्लभ रसिक की वाणी
श्रीहि० चौ० से० वा०	श्रीहित चौरासी सेवक वाणी
वा०	वाणी
व्या० वा०	व्यास वाणी (हरिरामव्यास कृत)
ह० प्र०	हस्त प्रति
हरि० षो०	हरिलीला षोडशकला
हि० चौ०	हित चौरासी

अंग्रेज़ी

A. G.	Archaeology of Gujarat, Sankalia.
Chap.	Chapter.
C. P. G.	Classical Poets of Gujarat and their Influence on Society and Morals, G. M. Tripathi.
G. G.	The Glory that was Gurjara desha.
G. L.	Gujarat and Its Literature, Munshi.
G. L. L.	Gujarati Language and Literature, N. B. Divetia.
J. O. I. B.	Journal of Oriental Institute, Baroda
J. I. S. O. A.	Journal of The Indian Society of Oriental Art
M. G. L.	Milestones in Gujarati Literature, Jhaveri.
S.C. G. L.	Selections from Classical Gujarati Literature, Taraporewala.
Vol.	Volume.
V. G.	Vaishnavas of Gujarat, Thoothi.

गुजराती

और

ब्रजभाषा

में लिखे गये, १४०० ई० से
१७०० ई० तक के समस्त

का,
उसके विविध पक्षों के
विश्लेषण से युक्त, विवेचना-
पूर्ण तुलनात्मक अध्ययन।

१

कवि और काव्य

१५वीं शती—गुजराती

गुजराती साहित्य के प्रमुख इतिहासकारो मे १५वीं शती के कृष्णपरक कवियों और उनके समय के सम्बन्ध मे पर्याप्त मतभेद है। प्रस्तुत अध्ययन के लिए इस शती के जिन कवियो और काव्यों को स्वीकार किया गया है उनके नाम चित्र न० १ में दिये गये है तथा चित्र नं० ४ मे विभिन्न इतिहासकारो द्वारा दिये गये कवियों के समय एवं तत्सम्बन्धी जटिलता को स्पष्ट किया गया है।

चित्र न० ४ के देखने से ज्ञात होता है कि इस शती मे कुल सात कवि उपलब्ध हुए है जिनमे से मयण का उल्लेख मुशी और शास्त्री के अतिरिक्त अन्य किसी इतिहासकार ने नही किया है।[१] नर्रार्ष तथा केशवदास का परिचय भी मुशी और शास्त्री दो ही ने दिया है। मीरा के विषय मे दिवेटिया मौन है तथा मुशी और शास्त्री ने उन्हे १५वी शती मे स्वीकार नही किया है किन्तु शेष इतिहासकारो ने १५वी में ही माना है। भालण को सबने स्वीकार किया है और भीम को भी। केवल दिवेटिया ने भीम का परिचय नही दिया। नरसी को मुंशी और दिवेटिया के अतिरिक्त सबने १५वी शती मे रक्खा है। इस विषय मे दिवेटिया की धारणा उतनी दृढ़ नही है जितनी मुशी की। अधिकतर कवियो के जीवनकाल के विषय मे अनिश्चय एवं मतवैविध्य है जिसका निराकरण करते हुए निष्कर्ष रूप मे १५वी शती मे निम्नलिखित चार कवियो को स्वीकार किया गया है।

१. नर्रार्ष
२. मयण
३. भालण
४. भीम

शेष कवि १६वी शती के अन्तर्गत स्वीकृत हुए है। उक्त चार कवियों तथा उनके काव्यों का परिचय आगे दिया गया है।

मुशी ने 'नरसिह युगना कवियो' तथा अपने इतिहास मे इस कवि का समय स० १४९५ (सन् १४३९) के आसपास दिया है किन्तु नाम नर्तषि माना है ।[२]

नयर्षि

कीर्तिमेरु नामक जैन कवि की सं० १४९७ की एक हस्त-प्रति मे 'फागु' नामक रचना के प्राप्त होने तथा उसकी एक पक्ति 'कीरति मेरु समाण' के आधार पर उन्होने फागु-कार को कीर्तिमेरु का शिष्य होना भी सभव माना है । नर्तषि नाम का आधार ग्रथ के अत मे प्राप्त सस्कृत के दो श्लोको मे से निम्नलिखित श्लोक है ।

पोराणैः कीर्तितो देव त्वामेव भुवनाधिपः ।
नत (य) र्षिः श्री जगद्वन्द्यो ज्ञानी ध्यानी गुणी कविः ॥

शास्त्री नर्तषि को निरर्थक समझते हुए नयर्षि (नय+ऋषि) को उचित समझते है ।[३] यही दूसरे श्लोक की पक्ति '**रमा रमा रमा राम तस्य येन नयोनते**' को देखते हुए अधिक सभाव्य लगता है । वसतविलास नामक काव्य, जिसकी हस्तप्रति सं० १५०८ तक की उपलब्ध है, की अनेक पक्तियाँ फागु की अनेक पक्तियो से समानता रखती है जिसके कारण मुशी एक ही व्यक्ति को दोनो का रचयिता मानते है परन्तु शास्त्री दोनों का रचनाकाल स० १४५० से स० १५०० के बीच मानते है और इनके रचयिता के एक ही होने के सम्बन्ध मे शकालु है । उनके मत से फागु का रचयिता यदि भिन्न है तो लगभग २५ वर्ष बाद फागु की रचना हुई होगी ।[४] जो भी हो इतना स्पष्ट है कि फागु का रचयिता स० १४९७ के आसपास का अर्थात् १५वी शती ईसवी का कवि है । यहाँ इतना ही अभिप्रेत है ।

रचना : फागु—कवि की कृष्ण विषयक रचना केवल एक ही प्राप्त है जिसे 'फागु' की संज्ञा दी जाती है । वसतविलास यदि नयर्षि की ही रचना हो तो भी वह प्रस्तुत विषय की सीमा मे नही आती । इस 'फागु' नामक काव्य का विषय बसत ऋतु मे द्वारकावासी कृष्ण की गोपियों सहित रासक्रीडा है । प्रारंभ मे सरस्वती वदना के उपरान्त सोरठ देश का [illegible] निरूपण है । काव्य के नाम का आधार यह अन्तिम पंक्तियाँ है ।

देव तणउ अे फाग । पढइ गुणइ अणुराग ।
नव निधि ते लहइ अे । जे पाणि संभलइ अे ॥ ६४॥

इस कवि के काल निर्णय के सम्बन्ध मे कोई स्थूल प्रमाण उपस्थित नही किया जा सकता तो भी 'मयणछद' की भाषा के आधार पर इतना अवश्य अनु-

मयण

मान होता है कि इसकी रचना १५वी शती के बाद की नही है । शास्त्री इस कवि का समय सं० १५०० के आसपास मानते है ।[५]

रचना : मयणछंद—मयण की एक मात्र कृति मयणछंद ही उपलब्ध है। सारी रचना मे विविध प्रकार से 'स्यामास्याम' का सभोग शृगार वर्णित है। यत्र तत्र विरह एव मान सम्बन्धी छद भी है।

यद्यपि सामान्यतः सभी इतिहासकारों ने भालण को १५वी शती मे माना है तथापि उनका समय पूर्णरूप से असदिग्ध नही कहा जा सकता। भालण के विशेषज्ञ रामलाल चुन्नीलाल मोदी एक स्थल पर उन्हे नरसी का समकालीन मानते हुए सं० १४९० से स० १५७० के बीच स्थापित करते है और दूसरे स्थल पर वे ही उनका मृत्यु समय स० १५४५-४६ होने का अनुमान करते है।[६] मुशी इनका समय सन् १४२६ से १५०० के बीच मानते हुए उसे एक प्रकार से अनिश्चित बताते है। शास्त्री भालण का जन्म सं० १५१५-२० के आसपास संभव मानते है किन्तु आश्चर्य है कि इसी के साथ भालण की कादम्बरी की भाषा को वे दूसरी भूमिका न मानकर गुजराती की तीसरी भूमिका मानते हुए 'स० १६२५ लगभग मा स्थापित थयेली भाषा छे' भी लिखते है।[७] यदि कादम्बरी की भाषा के सम्बन्ध मे उनका यह निर्णय स्वीकार किया जाय तो भाषा की यह अपेक्षाकृत अर्वाचीनता भालण के सर्वमान्य काल को स्वीकृत करने मे बाधक सिद्ध होती है। संभव है कि गुजराती के अन्य विद्वान कादम्बरी की भाषा विषयक शास्त्री जी की उक्त धारणा से सहमत न हों। ऐसी स्थिति मे भालण के समय की सीमा निर्धारित करने वाली अन्य सामग्री का परीक्षण आवश्यक है।

भालण

जिस सामग्री के आधार पर भालण का समय निश्चित किया जाता है उसकी प्रामाणिकता प्रधानतः चार मान्यताओं पर आधारित है।

१. भालण और 'हरिलीलाषोडशकला' के रचयिता भीम के वेदान्तपारंगत गुरु 'पुरुषोत्तम' की एकता

२. नारायण भारती द्वारा भालण के घर से प्राप्त सामग्री की सत्यता एवं प्रामाणिकता

३. भालण की तथाकथित रचना 'बीजुं नलाख्यान' में दिया हुआ समय सं० १५४५[८]

४. भालणसुत विष्णुदास के उत्तरकांड की समाप्ति का समय सं० १५७५[९]

इन चारों मे से एक भी बात ऐसी नही है जिसे स्वतः सिद्ध प्रमाण माना जा सके। सभी संदेह से युक्त है।

भीम ने गुरु रूप मे पुरुषोत्तम का उल्लेख केवल 'प्रबोधप्रकाश' में किया है। 'हरिलीलाषोडशकला' में 'महारिषि' एवं 'द्विज' मात्र कहा गया है। पूरा नाम उसमे नही मिलता। इस स्थिति को समझाने के लिए मोदी ने यह कल्पना की कि जिस काल में पुरुषोत्तम भालण जीवित थे उनका नाम परपरानुसार कवि ने नही दिया किन्तु 'प्रबोधप्रकाश' की रचना के समय तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी अतः उसमें उनका नामोल्लेख किया गया।[१०] शास्त्री के अनुसार यह कल्पना भी सभव नही।[११] सबसे मुख्य बात तो यह है कि न तो भालण की किसी रचना से उनके पुरुषोत्तम नाम का प्रमाण मिलता है और न भीम की किसी रचना से भालण नाम का। फिर भालण के वेदान्तपारंगत होने का भी कोई समर्थन नही है। नारायण भारती द्वारा भालण के घर से प्राप्त ताम्रपत्र पर 'पुरुषोत्तम महाराज पाटणना' खुदे होने से यह कभी सिद्ध नही होता कि पुरुषोत्तम भालण का ही नाम था। रही मानने की बात सो तो भीम को भालण का शिष्य ही नही पुत्र तक मानने की निराधार कल्पना की जा चुकी है जिसके लिए मोदी को लिखना पडा कि 'भीम भालण नो पुत्र होवो शक्य नथी।[१२]

'बीजु नलाख्यान' में दिये गये संवत् की प्रामाणिकता से पहले स्वतः उसी की प्रामाणिकता विचारणीय है। मोदी इसे भालण की रचना ही नही मानते यद्यपि शास्त्री को यह पूर्णतया अमान्य भी नही।[१३] किन्तु वे भी 'आ काव्य नी रच्या साल तेमने मळली' 'क' प्रत मा छे 'ख' मा न थी' की सूचना देकर सं० १५४५ की पूर्ण मान्यता को सदिग्ध बना देते है। अतएव इस तिथि, वार, दिवस शून्य संवत् के आधार पर, भालण का समय निश्चित नही किया जा सकता।

रामजनकुंअर रचित उत्तरकाड मे 'भालण सुत विष्णुदास' के दो कड़वो से जो समय निकलता है (स० १५७५) वह भी अशुद्ध ठहरता है। यह बात मोदी और शास्त्री दोनो ने ही स्वीकार की है। वहाँ बुधवार दिया है जबकि गणनानुसार शनिवार ही आता है।

इधर भालण के दशमस्कंध मे कवि की छाप वाले छः ब्रजभाषा के पदो की स्थिति पर विचार करने से एक नयी ही समस्या उत्पन्न हो गयी है।[१४] इस दृष्टि से भालण के समय पर इतिहासकारों द्वारा अभी तक विचार नही किया गया था। हरगोविददास काटावाला, नारायण भारती तथा मोदी आदि जिन अन्य विद्वानों ने भालण का समय निश्चित करने की चेष्टा की उन्होने भी उनके ब्रजभाषा के पदों को कोई महत्व नहीं दिया। मोदी को तो इसका भान भी नही है। उनकी दृष्टि में केवल विष्णुदास के ही पद आये।[१५] शास्त्री ने भालण छापवाले केवल चार ब्रज-

भाषा के पदों का उल्लेख किया। सन् १९४९ की ओरियटल कान्फ्रेस मे गुजराती सेक्शन के लिए उन्होने इस विषय पर एक लेख भेजा जिसमे पाँच पदों को स्वीकार किया। इस सम्बन्ध मे वे जिस निष्कर्ष पर पहुँचे है वह उनके लेख की सिनॉप्सिस के निम्न उद्धरण से स्पष्ट है :

'These five padas should be considered either later interpolations by some one else, giving the Bhālaṇachāpa, or Bhālaṇa's own composition By accepting the latter view, it is easy to say that he knew vaisnava vraja Bhāṣā poetry of Suradās, and imitated him by giving five padas in vraja Bhāṣā.

Bhālan's Akhyānas are of the same type as those of Nākar. It will be easier to put Bhālaṇa in the second half of the 16th century V. S. and to consider him a contemporary, but a senior contemporary of Nākara.

भालण को १६वी शती विक्रमी के उत्तरार्ध मे मानने का तात्पर्य है उनको १५वी शती ईसवी से वहिष्कृत करना। परन्तु ऐसा करना तब तक उचित नही है जब तक यह पूर्णतया प्रमाणित न कर दिया जाय कि भालण छाप वाले पद स्वयं भालण की ही कृति है। भालण के उक्त पदो के अन्य व्यक्ति द्वारा रचे जाने और प्रक्षिप्त होने की सभावना को शास्त्री ने स्वीकार भी किया है। साथ ही विष्णुदास, रसातलनाथ, सीतलनाथ तथा सूर के पद दशमस्कंध मे प्रक्षिप्त रूप में मिलते ही है। अतएव जिस समय तक प्रक्षेप की सभावना का पूर्ण निराकरण नही हो जाता तब तक इसी आधार पर भालण को समय-च्युत करना युक्ति-संगत प्रतीत नहीं होता। वस्तुत. इन पदों और कादम्बरी की भाषा के सम्बन्ध मे अधिकारी तथा विशेषज्ञ विद्वानों का निर्णय प्राप्त होने से पूर्व भालण का समय सदिग्ध मानते हुए भी उन्हे १५वी शती मे रखना ही उचित लगता है। इसी दृष्टि से प्रस्तुत अध्ययन मे उन्हे समय-च्युत नही किया गया है।

रचनाएँ: दशमस्कंध, कृष्णविष्टि—यों तो भालण ने कादम्बरी, नलाख्यान, सप्तशती, रामबालचरित आदि अनेक रचनाएँ की है किन्तु कृष्ण सम्बन्धी उनकी केवल दो ही कृतियाँ प्राप्त होती है।

१. दशमस्कंध
२. कृष्णविष्टि

मोदी के अनुसार यह दोनो रचनाएँ उनके उत्तरकाल की है, शास्त्री के मत से उत्तम कोटि की।[१६] मुंशी ने रुक्मिणीहरण, सत्यभामाविवाह तथा कृष्णबाल-

चरित का भी उल्लेख किया है[१७] किन्तु यह सारी की सारी रचनाएँ दशमस्कध के अन्तर्गत ही आ जाती है।

दशमस्कंध—भागवत के दशमस्कध का अनुवाद होते हुए भी कई कारणो से भालण की यह रचना अत्यन्त महत्व रखती है। कृष्ण की बाल लीला के पद, राधा का वर्णन तथा ब्रजभाषा के पद ऐसे ही कारण है। इसमे अनेक प्रक्षिप्त पद भी है जिनकी ओर समय के प्रसंग मे सकेत किया जा चुका है। रासपचाध्यायी के ११ पद (पद नं० १५७ से १६७ तक) लक्ष्मीदास के रचे हुए है। इस ग्रंथ की प्राचीन हस्त-प्रतियो मे भी यह क्षेपक यथावत् विद्यमान मिलते है।

कृष्णविष्टि—इस रचना के केवल चार पद ही प्राप्त है। इनमे कृष्ण के दूतत्व की भूमिका रूप द्रौपदी के मनोभावो को व्यक्त करने वाला सदेश पद्यबद्ध है। इस आधार पर एक विद्वान इसे 'द्रोपदी प्रकोप' नाम देना अधिक उचित समझते है।[१८] नडियाद वाली हस्तप्रति मे भी 'पाचाली ना पद' शीर्षक दिया है परन्तु अन्य मे 'इति श्री विष्टि समाप्त' लिखा है जिससे अनुमान होता है कि कदाचित् भालण ने पूर्ण कृष्णविष्टि की रचना की होगी जिसमे से केवल यह चार पद ही उपलब्ध है।

भीम के समय के सम्बन्ध मे भालण की तरह न कोई मतभेद है और न उसकी संभावना ही क्योंकि भीम ने अपनी दोनो रचनाओं 'प्रबोधप्रकाश' और 'हरिलीला-षोडशकला' में रचना सवतों का उल्लेख कर दिया है जो प्रामाणिक तथा शुद्ध सिद्ध होता है।[१९] स० १५४६ प्रथम ग्रथ का तथा सं० १५४१ द्वितीय ग्रथ का रचनाकाल है। इससे स्पष्ट है कि कवि का काव्य काल १५वी शती ईसवी के अन्तर्गत आता है। भाषा और वस्तु की दृष्टि से भी कोई विरोध स्थापित नही होता।

भीम

रचना : हरिलीलाषोडशकला—भीम की कृष्ण विषयक रचना केवल हरि-लीलाषोडशकला ही है। इसका आधार बोपदेव की हरिलीला है। हरिलीला एक प्रकार से भागवत का संक्षेप मात्र है किन्तु भीम ने उसे षोडशकला का रूपक देकर श्रीकृष्णचद्र की निष्कलक कथा का निरूपण किया है।[२०] वर्णन अधिकतर सक्षिप्त एव अनुवादात्मक है। स्थान स्थान पर संस्कृत श्लोक और उनके अनुवाद दिये गये है।

१५वीं शती—ब्रजभाषा

अभी तक की शोध के आधार पर १५वी शती में कोई निर्विवाद महत्त्वपूर्ण

इस स्थान पर इस विषय के विशेषज्ञ डॉ० दीनदयालु गुप्त का मत उद्धृत कर देना अनुचित न होगा।

'भाषा की दृष्टि से सूर और परमानन्ददास के पहले ब्रजभाषा मे रचना करने वाले किसी भी कवि का परिचय इतिहास नही देता। नामदेव की ब्रजभाषा भी परिवर्तित रूप मे हमारे सामने आती है। इस प्रकार अष्टछाप का प्रथमवर्ग ही ब्रज-भाषा का आदि कवि वर्ग है और उसमे भी सबसे अधिक श्रेय सूर को है।'[२१]

डॉ० धीरेन्द्र वर्मा के मत से भी इसी तथ्य का पोषण होता है। संक्षेप मे यह कहा जा सकता है कि ब्रजभाषा से सम्बन्ध रखने वाली १५वी शताब्दी तक की प्रकाशित प्रामाणिक सामग्री अभी शून्य के बरावर है।[२२]

अन्यत्र वे पुन. लिखते है।

'सोलहवी' शताब्दी से पहले भी कृष्ण काव्य लिखा गया था लेकिन वह सब का सब या तो सस्कृत मे है जैसे जयदेव कृत गीतगोविद या अन्य प्रादेशिक भाषाओं में जैसे मैथिलकोकिल कृत पदावली। ब्रजभाषा मे लिखी हुई सोलहवी शताब्दी से पहले की प्रामाणिक रचनाएँ उपलब्ध नही है।'[२३]

हिन्दी साहित्य की १५वी शती मे मुख्यतया कबीर, विद्यापति, लालचदास तथा बैजूबावरा आदि के नाम आते है। निम्बार्क सम्प्रदाय के श्रीभट्ट तथा हरिव्यास को साम्प्रदायिक मान्यता के अनुसार १४वी शताब्दी मे स्वीकार किया जाता है।[२४] कबीर ने कृष्ण काव्य की रचना नही की। विद्यापति मैथिली के तथा दशमस्कंध के अनुवादक लालचदास अवधी के कवि होने से प्रस्तुत विषय की सीमा मे नहीं आते। विचारणीय केवल बैजूबावरा, श्रीभट्ट और हरिव्यास ही रह जाते है। बैजूबावरा के कुछ पदों के प्राप्त होने का उल्लेख प्रभुदयाल मीतल ने किया है।[२५] किन्तु ऐसी स्वल्प सामग्री से प्रस्तुत अध्ययन मे कोई विशेष सहायता नही मिलती। जहाँ तक श्रीभट्ट का प्रश्न है उनके विषय मे प्राप्त एक दोहे के 'नैनवान पुनि राम ससि' को आधार मानकर उनका समय सं० १३५२ के आस-पास निश्चित करना उचित प्रतीत नही होता।[२६] समय निर्णय में प्राप्त ग्रंथ की भाषा, भाव तथा वस्तु और तत्सम्बन्धी बहिस्साक्ष्य पर भी विचार करने की आवश्यकता होती है। और इस दृष्टि से श्रीभट्ट का समय १६वी शती के पहले नही आता। दोहे मे दिये गये सवत् के साथ तिथि, वार, मास आदि का निर्देश न होने से ज्योतिष गणना द्वारा उसकी प्रामाणिकता भी सिद्ध नही की जा सकती। निम्बार्क-माधुरी के [illegible] हिन्दी के किसी अन्य विद्वान ने श्रीभट्ट को १६वी शती के पहले का कवि नही माना।[२७] यही दशा हरिव्यास

की है। वे श्रीभट्ट के शिष्य होने से वे श्रीभट्ट के परवर्ती ठहरते है। डॉ० राम-कुमार वर्मा हरिव्यास को चैतन्य और वल्लभाचार्य का समकालीन मानते है तथा उन पर चैतन्य का प्रभाव भी स्वीकार करते है।[२८] ऐसी स्थिति मे पूर्वोक्त मतों के अनु-सार यही सिद्ध होता है कि १५वी शती मे ब्रजभाषा का कोई महत्त्वपूर्ण कवि नही हुआ तथा किसी की कोई भी प्रामाणिक रचना उपलब्ध नही होती।

१६वीं शती—गुजराती

जैसा कि चित्र न० २ से स्पष्ट है १६वी शती के कृष्णपरक कवियो मे निम्न-लिखित बारह कवियो को स्वीकार किया गया है।

१.	नरसी मेहता	७.	ब्रेहेदेव
२.	मीरा	८.	कीकु वसही
३.	केशवदास	९.	वासणदास
४.	नाकर	१०.	काशी सुत शेधजी
५.	चतुर्भुज	११.	सत
६.	भीम वैष्णव	१२.	फूढ

इन कवियों की सूची में से प्रथम तीन कवि तो ऐसे है जिन्हे अनेक इतिहास-कारों ने १५वी शती में स्वीकार किया है किन्तु प्रस्तुत अध्ययन मे उन्हें १६वी शती में ही रखना उचित समझा गया है। इस सम्बन्ध में आधारभूत कारणों का उल्लेख तीनों कवियों के परिचय के साथ कर दिया गया है। नरसी और मीरा को मुँशी ने अपने इतिहास मे १६वी शती के कवियों मे स्थान दिया है। केशवदास के विषय में इतिहास ग्रंथो के आधार को छोडना पडा है। नाकर का समय थूथी, मुशी और शास्त्री तीनों को इसी शताब्दी में मान्य है। शेष आठ कवियों का परिचय केवल शास्त्री के कविचरित में ही मिलता है।

त्रिपाठी ने इस शती मे जिन तीन कवियों को माना है[२९] उनमे से किसी ने कृष्ण-परक काव्य नही रचा। झावेरी ने भी उन्ही का अनुकरण किया है।[३०] तारा-पोरवाला ने कुछ और कवियों के नाम दिये है किन्तु वे भी विषय की सीमा में नही आते। नरसी के अतिरिक्त दिवेटिया ने नाकर का उल्लेख मात्र किया है तथा इस शती के अन्य किसी कवि के सम्बन्ध मे उनके ग्रंथ से कोई सूचना नहीं मिलती। गोपालदास का उल्लेख मुशी, थूथी तथा शास्त्री ने किया है किन्तु वल्लभ-सम्प्रदाय में दीक्षित होने के बाद भी उन्हे कृष्ण-काव्य का रचयिता नही माना जा सकता यद्यपि उनका 'वल्लभाख्यान' अन्य अनेक दृष्टियों से प्रस्तुत अध्ययन के लिए महत्त्वपूर्ण है।

आगे १६वी शती के कृष्णपरक कवियो का पृथक् पृथक् परिचय दिया गया है ।

कवि नर्मदाशंकर, इच्छाराम सूर्यराम देसाई तथा हरगोविददास काटावाला जैसे प्राचीन गुजराती संशोधकों ने अपने समय मे प्राप्त सामग्री के आधार पर नरसी मेहता का समय सं० १४७०, निश्चित मान लिया था । यह वृद्धमान्य समय बहुत काल तक स्वीकृत किया जाता रहा । झावेरी, थूथी, तारापोरवाला तथा शास्त्री ने इसी का प्रतिपादन किया है । इस विषय मे सबसे पहली शंका उठाने वाले थे आचार्य आनन्दशकर ध्रुव ।[३१] गोवर्धनराम त्रिपाठी ने भी १९०५ की साहित्य परिषद् के प्रमुख पद से दिये गये भाषण मे उसका समर्थन किया ।[३२] बाद मे मुशी ने अपने अनेक लेखों मे नवीन-नवीन तर्क देकर विवाद को आगे बढाया ।[३३] १९३० में न० भो० दिवेटिया ने इस प्रश्न को पुनर्जीवन दिया । मुशी को और भी बल मिला और उन्होंने अपने इतिहास मे नरसी को स्पष्टतया वृद्धमान्य समय से च्युत करके १६वी शती मे स्थापित किया ।[३४] नरसी को समय-च्युत करने के पक्ष मे जो तर्क दिये जाते है वे बहुसख्यक है । उनकी आधारभूत प्रमुख बाते निम्नलिखित है ।

नरसी मेहता

क. नरसी मे जो सखी भाव मिलता है वह गुजरात की प्रकृति के प्रतिकूल है अत: उन पर निश्चय ही चैतन्य की शुद्ध वृन्दावनीय भक्ति का प्रभाव पड़ा जिसका प्रमाण 'गोविददासरे कडछा' है जिसमे चैतन्य की गुजरात यात्रा और जूनागढ मे मीराजी ब्राह्मण के घर निवास तथा रणछोड़दास के मदिर दर्शन का वर्णन है । यह १५११ की रचना है । इसमे नरसी का कोई उल्लेख न मिलना महत्त्वपूर्ण है क्योकि यदि वे उस समय रहे होते तो उनकी ख्याति से जूनागढ़ जाकर भी गोविददास का अपरिचित रह जाना सभव नही । अत. नरसी का समय चैतन्य की गुजरात यात्रा के बाद होना चाहिए ।

ख. नरसी जीवगोस्वामी की रचना 'उज्ज्वलनीलमणि' तथा 'विदग्धमाधव, की टीका से परिचित प्रतीत होते हैं । इसके दो प्रमाण है ।

(१) ललिता, विशाखा तथा चन्द्रावली आदि राधा की सखियों के जो नाम नरसी के 'गोविद गमन' तथा 'सुरतसंग्राम' मे मिलते है उनका आधार उज्ज्वलनीलमणि का निम्नलिखित अंश है ।

'तत्र शास्त्र प्रसिद्धास्तु राधा चन्द्रावली तथा विशाला ललिता श्यामा' जीवगोस्वामी को शायद यह नाम भविष्योत्तर पुराण से मिले होंगे ।

प्राचीन गुजराती साहित्य मे यह नाम उपलब्ध नही होते । भविष्योत्तर मे से नरसी ने यह नाम लिये हो इससे अधिक सभव यही है कि उन पर गौडीय सम्प्रदाय के उक्त ग्रंथों का प्रभाव पडा हो ।

(२) नरसी के उपास्य गोपनाथ महादेव से मिलता नाम गोपीश्वर महादेव का है । आचार्य ध्रुव ने यह साम्य देखकर लिखा कि 'काठियावाडना गोपनाथ महादेवनु नाम पूर्वोक्त गोपीश्वर ऊपर थी पडयु होइ अेम सहज कल्पना थई आवे छे '[३५] विदग्धमाधव नाटक की प्रस्तावना मे जो 'अद्याह स्वप्नान्तरे समादिष्टोस्मि भक्तावतारेग श्री शकरदेवेन' वाक्य आया है उसकी टीका मे जीव गोस्वामी ने उन महादेव का नाम गोपीश्वर दिया है ।

ग. नरसी की रचनाओ की १६वी शती से पूर्व की हस्तप्रतियाँ उपलब्ध नही होती । हारमाला की प्राचीनतम प्रति स० १६७५ की है । फिर प्राचीन प्रतियों मे दी हुई तिथियो मे समानता नही है । हारप्रसग का समय सं० १५१२ पाठभेद से स० १५७२ भी पढा जा सकता है । वृद्ध मान्य समय का सर्वप्रमुख आधार नरसी तथा रामाडलिक की समकालीनता है जो ऐतिहासिक दृष्टि से किसी प्रकार श्रद्धेय नही है । वस्तुतः हार का प्रसङ्ग एक दतकथा है तथा हारमाला नरसी की अपनी कृति न होकर किसी परवर्ती कवि की रचना है ।

घ. नरसी का उल्लेख १५वी शती के भीम, भालण, केशवदास, यहाँ तक कि उनके परवर्ती नाकर तक ने नही किया है । १६वी शती के विष्णुदास, मीरां, नाभा, वस्ता, विश्वनाथ जानी तथा स० १६६० मे कल्याणराय द्वारा लिखित 'लौकिकेषु इदानी प्रसिद्धेषु नरसिहाख्यादिषु अपि प्रसिद्धि बोधको हि शब्दा.'[३६] से स्पष्ट ज्ञात होता है कि नरसी की ख्याति १६वी शती मे और इसके बाद हुई ।

इन प्रमुख बातों के साथ पेढीनामा, नरसी द्वारा प्रयुक्त छंद-प्रणाली तथा भाषा आदि को लेकर अन्य नवीन-नवीन तर्कों से इन्ही का प्रतिपादन किया गया । वाद-विवाद विचारों तक ही सीमित न रह कर भावो का भी स्पर्श करने लगा । दूसरी ओर से भी इनके उत्तर में बहुत कुछ कहा गया । अम्बालाल बुलाकीराम जानी, नटवरलाल देसाई तथा कल्पित प्रमाण देते हुए जगजीवनराम बधेका ने इस मत का सशक्त विरोध किया । मुशी के 'नरसिह महेतानो कोयडो' पर दुर्गाशंकर शास्त्री ने

अत्यन्त गभीरतापूर्वक विचार करते हुए 'नरसिह मेहताना कोयडा नो विचार' लिखा।[३७] 'भागवत नी छाप न थी,' का उत्तर देते हुए उन्होने भागवत से नरसी की रचनाओं की विस्तृत तुलना की और निष्कर्ष रूप मे कहा कि 'नरसिह महेतानांकाव्यो भागवत-मय छे' तथा 'नरसिह ऊपर सौ थी बधारे असर भागवतनी छे' । उन्होने नरसी पर वृंदावनीय भक्ति के प्रभाव एव जीवगोस्वामी के ऋण को अस्वीकार करते हुए उनके सखी-भाव को भागवत तथा गीतगोविद के आधार पर विकसित माना। सखियों के नामों के सम्बन्ध मे उनका मत है कि वे नरसी को भक्त सतों की देश व्याप्त वाणी से प्राप्त हुए, उज्ज्वलनीलमणि से नही । चैतन्य से नरसी को सम्बद्ध करने मे उन्हे शंका हुई फलतः वे इस परिणाम पर पहुँचे कि जूनागढ के नरसी मेहता, आंध्रके श्री वल्लभाचार्य तथा नदिया के श्री चैतन्य तीनो ने अपनी अपनी रीति से भागवतोक्त गोपी जनो की प्रेमलक्षणा भक्ति का, जयदेव तथा विल्वमंगल आदि भक्तों के सम्प्रदाय का अनुसरण करके विस्तार किया है । 'कडछा' को उन्होंने अप्रामाणिक घोषित किया। उनके पश्चात के० का० शास्त्री ने अपने कविचरित मे तथा अन्यत्र इस प्रश्न के उक्त सभी मूलाधारो को हठपूर्वक ध्वस्त करने की चेष्टा की । उन्होने बहुत से ऐसे प्रमाण प्रस्तुत किये जो सर्वथा नवीन थे । 'सुरतसग्राम' तथा 'गोविद-गमन' को, जिनमें राधा की सखियों के नाम मिलते है, उन्होंने भाषा के आधार पर अप्रामाणिक ठहराया ।[३८] परन्तु ललिता का नाम नरसी की 'चातुरी षोडशी' मे भी प्राप्त होता है जिसके समाधान के लिए उन्होंने जीवगोस्वामी से पूर्ववर्ती गुजराती कवि चतुर्भुज की सं० १५७६ की भ्रमरगीता मे 'सुनी तनी थई सर्व सखी चंद्राउली जानि चित्रामि लिखी' पक्ति की ओर संकेत करके दिखाया कि उज्ज्वलनीलमणि की रचना से पहले गुजरात राधा की सखियों के नामो से परिचित था। साथ ही स० १४७८ के 'पृथ्वीचन्द्रचरित' मे भविष्योत्तर, ब्रह्मवैवर्त तथा पद्मपुराण का उल्लेख निर्दिष्ट करते हुए सिद्ध किया कि चैतन्य से पहले ही गुजरात मे भविष्योत्तर पुराण प्रचलित था । अतः सखियों के नामों के लिए नरसी को चैतन्य सम्प्रदायी जीवगोस्वामी का ऋणी मानना न अनिवार्य है और न उचित ही ।

'गोविददासेर कडछा' को तो उन्होने अप्रामाणिक अथवा 'झूठग्रथ' माना ही, साथ ही साथ यह भी दावा किया कि उसमे दिया हुआ चैतन्य के जूनागढ निवास का सारा वर्णन, उसमे आने वाले सारे नाम असत्य है । शास्त्री के अनुसार चैतन्य के समय जूनागढ़ मे रणछोड का कोई मदिर ही नही था । मागरोल मे अवश्य सं० १५०१ का मदिर है जिसकी प्रेरणा से सं० १८३५-३८ मे पहले पहल जूनागढ मे रणछोड-राय का मदिर स्थापित हुआ । इसी प्रकार मीराजी ब्राह्मण के स्थान पर वहाँ मुसलमानों

के पीर मीरांदातार का पता चलता है। उनके मत से किसी १९वीं शती के लेखक ने कर्णोपकर्ण नाम सुनकर मीराजी तथा रणछोड़ को अपने वर्णन मे स्थान दिया। इस प्रकार 'कडछा' की सामग्री के साक्ष्य को उन्होंने पूर्णतया अस्वीकार किया और अपने समर्थन मे बंगाली विद्वान डॉ० आर० सी० मजूमदार द्वारा १९३६ की अमृत-पत्रिका मे प्रकाशित कडछा के खडन की ओर सकेत किया। इसके विरुद्ध हारप्रसंग तथा नरसी और रामाडलिक की समकालीनता को उन्होंने ऐतिहासिक माना। 'हारमाला' मे प्रक्षेप एवं परिवर्धन मानते हुए भी उसके सात पद वाले आदि रूप को प्रामाणिक सिद्ध किया। १५वी शती के कवियो तथा नाकर आदि के नरसी सम्बन्धी मौन के अनेक कारण दिये। कल्याणराय के 'इदानी' का अर्थ उनके मत से 'इस जमाने मे' होना चाहिए क्योकि स० १६२१ के तिथि काव्य मे नरसी का उल्लेख मिलता है और उससे भी पहले मीरा के 'नरसी रो माहेरो' मे जिसे अप्रामाणिक नही कहा जा सकता। नरसी के छद-विधान की प्राचीनता को उन्होंने पूर्ववर्ती जैन रास काव्यों से तुलना करते हुए प्रतिष्ठित किया। अपने दृष्टिकोण के समर्थन मे उन्होने और भी बहुत से प्रमाण प्रस्तुत किये जिनका उल्लेख यहाँ आवश्यक नही है। कुल मिला कर उन्होने नरसी को वृद्धमान्य समय से च्युत करने के हर विचार का सायास प्रति-वाद किया।

वस्तुतः इस प्रश्न का समाधान पूर्णरूप से तब तक नही हो सकता जब तक नरसी की रचनाओं की प्राचीन प्रामाणिक प्रतियाँ उपलब्ध नही होती। भाषा, छद, पाठ-भेद तथा तिथियों की समस्या बहुत कुछ इसी के आश्रित है। जहाँ तक 'गोविददासेर कडछा' की सामग्री का सम्बन्ध है उसे पूर्णतया अप्रामाणिक नही कहा जा सकता। इस विषय मे बँगला के अधिकारी विद्वान एस० के० दे का मत अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है क्योकि यह उनकी चैतन्य सम्बन्धी नवीनतम शोध पर आधारित है। वे लिखते है [३९]-

'It is difficult to pronounce a definite judgement, but it seems probable that some of the matter it contains is old, and this internal evidence itself, in the absence of other proofs, makes the genuineness of the general substance of the work extremely plausible.

वास्तव मे चैतन्य की गुजरात यात्रा के 'कडछा' मे दिये गये विवरण की गभीर ऐतिहासिक शोध की आवश्यकता है। उसमें दी हुई सामग्री को सहज ही अप्रामाणिक कह कर टाला नही जा सकता। सखियों के प्रश्न को लेकर तो नही किन्तु नरसी की भक्ति, भावमयता, मंडलीबद्ध कीर्तन प्रणाली तथा सखीभाव की उत्कटता को

देखते हुए सहसा यह कहना कठिन है कि उन पर वृन्दावनीय भक्ति का प्रभाव नही पडा। वल्लभ-सम्प्रदाय मे नरसी को 'बधैय्या' माना जाता है। जहाँ शुद्ध भक्ति में चैतन्य का प्रभाव झलकता है वहाँ दार्शनिक विचारो मे वल्लभाचार्य के शुद्धाद्वैत से विचित्र साम्य मिलता है। नरसी के अनेक पदों मे मीरा का उल्लेख है। उनके ऐसे सभी पदों को प्रक्षिप्त कहना भी उचित नही लगता। अतएव सारी परिस्थिति पर विचार करते हुए ध्रुव, त्रिपाठी, मुशी तथा दिवेटिया की धारणा मे बहुत कुछ सार प्रतीत होता है। इसी विचार से प्रस्तुत अध्ययन मे नरसी को वृद्धमान्य समय के विरुद्ध १६वीं शती मे स्वीकार किया गया है।

रचनाएँ—विषय और वस्तु की दृष्टि से नरसी की रचनाएँ दो प्रकार की प्राप्त होती है। एक प्रकार की कृतियाँ वे है जिनमे उन्होने अपने जीवन की किसी अलौकिक घटना का वर्णन किया है और दूसरी वे जो पूर्णतया कृष्ण को आलम्बन मान कर लिखी गयी है। द्वितीय प्रकार की रचनाएँ ही प्रस्तुत निबन्ध की सीमा मे आती है।

प्रथम प्रकार की रचनाएँ—१. सामलदासनो विवाह
२. हारमाला

द्वितीय प्रकार की रचनाएँ—१. सुरतसग्राम
२. गोविदगमन
३. चातुरी छत्रीसी
४. चातुरी षोडशी
५. दाणलीला
६. सुदामाचरित
७. राससहस्रपदी
८. श्रृगारमाला
९. बाललीला

इन नौ रचनाओ के अतिरिक्त कुछ प्रकीर्णक पद है जिनकी संज्ञा विषय के अनुसार ही दी गयी है।

१०. हीडोलाना पदो
११. भक्तिज्ञानना पदो
१२. कृष्णजन्मसमैनां पदो
१३. कृष्णजन्मबधाईना पदो
१४. वसंतनां पदो

उपर्युक्त सभी रचनाएँ 'नरसिह मेहेताकृत काव्य सग्रह' के नाम से प्रकाशित हो चुकी है। इसके अतिरिक्त इनका प्रकाशन 'वृहत् काव्य दोहन', 'प्राचीन काव्य त्रैमासिक' तथा 'प्राचीन काव्य सुधा' आदि ग्रथो के विभिन्न भागो मे भी हो चुका है। मुशी ने 'नागदमन' और 'मानलीला' का भी उल्लेख किया है।[४०] स्वतन्त्र रूप से ऐसी कोई रचनाएँ प्राप्त नही है। विषय विशेष के पदो के आधार पर यह नाम दे दिये गये है।

शास्त्री ने हस्तलिखित ग्रथों की शोध के आधार पर 'आठ बार', 'कक्को', 'गायनी मागणी', 'द्रौपदी नूं कीर्तन', 'पाडवजुगटानू पद', 'बारमास', 'बारमास रामदेना', 'मधुकरना बारमास', 'मामेरु', 'मोती नी खेती', 'विष्णुपद', 'शशियर', 'सत्यभामानू रुसरणुँ', 'सालवणनी समस्या' तथा 'हूडी' को नरसी की रचनाओ के रूप मे उल्लिखित किया है।[४१] इनमे से अनेक रचनाओ का कृतित्व सदिग्ध है। कुछ कृष्ण से सम्बन्धित नही है और शेष मात्र स्फुट पदो के रूप मे है जो विशेष महत्वपूर्ण नही है।

दूसरे प्रकार की रचनाओ मे 'सुरत सग्राम' और 'गोविदगमन' की प्रामाणिकता पर अभी कुछ समय पूर्व शास्त्री द्वारा आक्षेप किया जा चुका है। त्रिपाठी से लेकर मुशी तक गुजराती साहित्य के सभी इतिहासकारों ने तथा स्वय शास्त्री ने अपने कविचरित मे इन रचनाओं पर कोई सदेह व्यक्त नही किया। किन्तु इनमे आये हुए राधा की सखियो के नामो का नरसी के जीवनकाल के प्रश्न से घनिष्ट सम्बन्ध होने के कारण इन पर विशेष विचार करने की आवश्यकता हुई। शास्त्री ने इन रचनाओं की प्रामाणिकता पर जो अविश्वास प्रकट किया उसका समर्थन यद्यपि अन्य गुजराती विद्वानों द्वारा अभी नही हुआ तथापि उनके तर्कों की उपेक्षा नही की जा सकती। उनके मुख्य तर्क यह है।

१. इनकी हस्तप्रतियो का कोई पता नही है। स्व० हरगोविंददास काटावाळा ने हस्तप्रति मिलने की जो कथा बताई है वह श्रद्धेय नही।

२. कृत्रिम भाषा, अर्वाचीन प्रयोग तथा अस्वाभाविक प्रास योजना।

३. राही और राधा का पृथक्-पृथक् निरूपण।

४. मोहिनी, सोहिणी, गर्विणी, दोहिनी तथा मोदिनी आदि काल्पनिक नाम है जो नारदपाचरात्र, गर्गसंहिता, पद्मपुराण, ब्रह्मवैवर्त आदि प्राचीन ग्रंथों में कही नही मिलते।

५. रचनाओं की ही कुछ पंक्तियों के आधार पर ज्ञात होता है कि इनका रचयिता प्राचीन न होकर कोई नवीन नरसी है। संभवत: हरगोविंद-

दास काटावाला और नाथाशकर ने मिलकर इन्हे रचा है जो 'हरिनाथ' पद से व्यजित है।[४२]

इन तर्कों मे सबसे प्रबल तर्क पहला ही है। राही और राधा का पृथक्-पृथक् निरूपण प्रेमानद वासणदास आदि अन्य कई गुजराती कवियों ने किया है।[४३] अत: इसे शका की दृष्टि से देखना अनुचित है। दूसरी ओर ऐसी सूक्ष्म बात का सचेष्ट निरूपण सभव और [illegible] प्रतीत नही होता। मोहिनी सोहिनी आदि की तरह काल्पनिक नाम ब्रजभाषा के कवि ध्रुवदास ने भी गिनाये है।[४४] उनकी रचना की प्रामाणिकता भी असदिग्ध है अतएव इस तर्क के आधार पर कोई निर्णय नही किया जा सकता। भाषा की कृत्रिमता आदि अवश्य विचारणीय है परन्तु इनसे इतना ही निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि किसी अर्वाचीन व्यक्ति के द्वारा उक्त रचनाओ का पुनर्लेखन अथवा सशोधन हुआ। ऐसी स्थिति मे नाथाशकर और हर गोविददास को भी इसका श्रेय दिया जा सकता है। परन्तु वस्तु को देखते हुए दोनों रचनाएँ अप्रामाणिक प्रतीत नही होती। नारीकुजर की कल्पना जो गोविद-गमन मे की गयी है वह उस समय के गुजरात की प्रकृति के पूर्णतया अनुकूल है।[४५] रचनाओं के शीर्षक भी उचित तथा परम्परापुष्ट हैं। सुरतसंग्राम की कल्पना नरसी की अन्य रचनाओं को देखते हुए अत्यन्त स्वाभाविक प्रतीत होती है। शास्त्री के मत को अन्य गुजराती विद्वानों का अभी समर्थन भी प्राप्त नही हुआ है। ऐसी स्थिति मे प्रस्तुत अध्ययन मे इन रचनाओं को सम्मिलित कर लेना ही उचित समझा गया है।

सुदामाचरित मे यद्यपि प्रधान नायकत्व सुदामा का माना जायेगा तथापि भक्ति-भाव और कृष्ण महिमा वर्णन उद्देश्य होने के कारण इसे कृष्ण काव्य की कोटि में स्वीकार किया जा सकता है। राधा, यशोदा, नद तथा अक्रूर की तरह सुदामा का प्रसंग भी कृष्ण से अभिन्न रहा है।

नरसिह कृत काव्य संग्रह के परिशिष्ट भाग मे दिये हुए कुछ स्फुट पदो के अतिरिक्त इस प्रकार प्रस्तुत अध्ययन के लिए नरसी की केवल तेरह रचनाएँ उपयुक्त जँचती है जिनका सक्षिप्त परिचय इस प्रकार है।

सुरतसंग्राम—यह आख्यानात्मक रचना है। इसका विषय कृष्ण की दान-लीला का ही एक कल्पनात्मक विकसित रूप है। राधाकृष्ण की प्रणय लीला को सग्राम का रूपक देकर चित्रित किया गया है। राधा की ओर से स्वय नरसी और

कृष्ण की ओर से जयदेव दूत कार्य करते हैं। अन्त मे राधा के पक्ष की विजय होती हैं। समस्त रचना में ८२ समान पद हैं।

गोविंदगमन—भागवत के शुक-परीक्षित सम्वाद केरूप में कृष्ण के मथुरा-गमन के प्रसंग को लेकर इसकी रचना हुई है। इसमे कुल ३३ पद हैं।

चातुरी छत्रीसी—दूती, कुज विहार, श्यामाश्याम रमण तथा दान आदि के प्रसगों को लेकर विविध प्रणय चर्चा को विभिन्न चातुरियो का रूप देकर इसमे वर्णित किया गया है। नामानुसार ही इस रचना मे छत्रीस चातुरी प्रकरण हैं।

चातुरी षोडशी—नाम साम्य होने पर भी चातुरी छत्रीसी जैसी विशृखलता इसमे नही है। सारा प्रसग एक आख्यान रूप मे चलता है। ललिता राधा को महावन मे ले जाती है। वहाँ कृष्ण राधा मिलन होता है और अन्त मे राधा स्वयं अपना रति-सुख ललिता से स्पष्ट शब्दो मे कह सुनाती है। राधा को खडिता रूप मे भी चित्रित किया गया है। सारी रचना मे कुल १६ पद हैं।

दाणलीला—यह कोई ग्रथ नही है केवल आख्यानात्मक पद है। इसकी हस्तप्रति भी अप्राप्य है। के० का० शास्त्री ने जिन दो प्रतियो[४६] का उल्लेख किया है उनमे से 'द० ८४३ ड' अशुद्ध है तथा 'फा० ५४ ड' मे जो दानलीला प्राप्त होती है वह इस पद से भिन्न है। परन्तु परिशिष्ट तथा अन्यत्र दिये हुए नरसी के अनेक ऐसे पद हैं जिनका विषय दानलीला है।

न० कृ० का० सग्रह में निम्नलिखित पद इस विषय के प्राप्त होते हैं।

पृष्ठ संख्या	पद संख्या
३८९	४३३, ४३४, ४३५
३९०	४३६, ४३७, ४३८
४२३	५३२।
परिशिष्ट ५७७	५
५७९	१०
५८०	१४
५८३	२०
५८८	३७
५९४	५८

प्रसगातर से अन्य रचनाओं मे भी इस विषय के कुछ पद मिल जाते है।

सुदामाचरित—९ पदों की संक्षिप्त रचना है। विषय स्वत. स्पष्ट है। भावात्मकता की अपेक्षा पदों मे वर्णनात्मकता अधिक है।

राससहस्रपदी—मूलतः भागवत के पाँच अध्यायों पर आधारित इस रचना का नाम रूप अत्यन्त भ्रामक है। नाम से प्रतीत होता कि इसमे सहस्र रास-विषयक पद होगे और इसका रूप अत्यन्त विशाल होगा परन्तु वस्तुतः सौ सवासौ से अधिक पद इस शीर्षक के अन्तर्गत नही आते। न० क्र० का० मे इसमें १८९ पद हैं, मुशी ने १२३ पदो का उल्लेख किया है[४७] और शास्त्री ने इसका समुद्धार कर के पदों की सख्या ११३ निश्चित की जिसमें परिशिष्ट तथा शृंगारमाला के अन्तर्गत आने वाले पद भी सम्मिलित है। शास्त्री ने भागवतानुसार दशम स्कध के २९-३३ अध्यायों के अनुरूप पद-क्रम निर्धारित करने की भी चेष्टा की है।[४८]

यह रचना अत्यन्त विशृंखलित है। अनेक पद ऐसे है जिनमें पाँचों अध्यायों का सम्पूर्ण रास सक्षेप मे वर्णित है। लगता है कि जैसे किसी क्रम के आधार पर ये पद नही रचे गये। कई स्थलों पर भागवत के समान भाव वाले पद प्राप्त ही नही होते और कई स्थलों पर राधा आदि के उल्लेख के साथ नवीन भाव वाले पद भी मिल जाते है।

शास्त्री द्वारा दी गई पद सख्या मे शृंगारमाला के ८, परिशिष्ट द्वितीय के ४, परिशिष्ट-प्रथम के ३३ और शेष ६८ पद राससहस्रपदी के ही हैं। जो अध्यायक्रम उन्हों-ने निश्चित किया है उसमे प्रथम अध्याय मे ४५ पद, द्वितीय मे ५ पद और शेष तीनों अध्यायो मे सम्मिलित रूप से ६३ पद दिये गये है। इससे सपष्ट है कि राससहस्रपदी की रचना नरसी ने अनुवादात्मक रूप मे नही की यद्यपि मूल आधार भागवत का ही लिया है। राधारास के सम्मिश्रण से इसे केवल भागवत तक ही सीमित नही रखा जा सकता। फिर स्वयं नरसी गोलोक में अपनी उपस्थिति तथा रास दर्शन के आत्मा-नुभव का वर्णन करके भागवतोक्तरास को और भी अलौकिक बना देते है।

शृंगारमाला—इस रचना मे नरसी के सर्वाधिक पद संकलित हैं। न० क्र० का० मे इन पदों की सख्या ५४१ है। इसमे शृंगार सम्बन्धी विविधि विषयों एवं अन्तर्दशाओं पर विभिन्न प्रकार की शैली के अनेक अनेक पद प्राप्त होते हैं। रास विषयक आठ पद उपर्युक्त राससहस्रपदी मे सम्मिलित किये जाने का उल्लेख हो चुका है। कुछ पद ऐसे भी है जो शृंगार के नही कहे जा सकते। उदाहरणार्थ यशोदा कृष्ण के वात्सल्य भाव को व्यक्त करने वाले पद नं० १८५, ४४६ तथा कृष्ण जन्म से

सम्बद्ध पद नं० १८९ आदि प्रस्तुत किये जा सकते हैं । तो भी अधिकाशपद विरह, प्रेम, रमण, खडिता, परकीया, रतिप्रात तथा नखशिख वर्णन से सम्बन्ध रखते हैं ।

बाललीला—इसमे कृष्ण के बालचरित विषयक पद संकलित हैं किन्तु अन्तिम पद स्पष्टतया रास-आरती का पद हैं । पदों की सख्या ३० हैं । इस रचना के अन्त मे संकलनकर्ता ने जो नोट दिया हैं उसमे भाषा के आधार पर अन्त के दो पदों के नरसी कृत होने मे शका की गई हैं ।[४९] रचना का नाम कदाचित संग्रहकार का ही दिया हुआ हैं जैसा कि नरसी की अधिकाश रचनाओ के विषय मे कहा जा सकता हैं ।

हींडोलानां पद—इस शीर्षक के अन्तर्गत ४५ पद सग्रहीत हैं । वृन्दावन की शोभा, वर्षाऋतु तथा सखियो के साथ राधा कृष्ण का हिडोला झूलना यही समस्त पदो के मुख्य विषय हैं ।

भक्तिज्ञाननां पदो—इस नाम से जिन ६६ पदो का सग्रह किया गया है उनमें सभी का विषय भक्ति और ज्ञान नही है । पद न० ४ नरसी का आत्मचरित-परक पद हैं जिसमे ढेढ के प्रसंग का वर्णन है, पद नं० ६, ७, ८ 'द्रौपदी नी प्रार्थना' के पद हैं जिनमे अनेक अवतारो तथा अनेक भक्तों के उद्धार का कथन है और पद न० ९, १७ कृष्ण के गोचारण से सम्बन्धित हैं । शेष पद अवश्य नरसी के आध्यात्मिक अनुभवों तथा ईश्वर, जीव , प्रकृति, ब्रह्म, माया एवं भक्ति विषयक विचारों को व्यक्त करते हैं । इस दृष्टि से यह पद समूह अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं ।

कृष्ण जन्म सम्बन्धी पद—

१.	जन्म समाना पद	११ पद
२.	जन्म बधाईनां पद	८ पद

श्री कृष्ण जन्म समाना पद के प्रारभिक पद में गुरु वंदना है ।[५०] इसके अतिरिक्त अन्य किसी ग्रंथ के प्रारंभ में गुरु वंदना प्राप्त नही होती । नरसी ने इसका प्रारभ आख्यानात्मक ढग से किया हैं जो ढाल और साखी की व्यवस्था मे प्रमाणित होता हैं । पहले ९ पदों मे मथुरा में कृष्णजन्म, वसुदेव द्वारा योगमाया का लाया जाना तथा कस द्वारा उसका वध वर्णित हैं किन्तु अन्त के १०वे और ११वें पद मे कंसवध तक की लीलाओं का संक्षेप मे वर्णन कर दिया गया है । इस प्रकार यह सम्पूर्ण कृति सी लगती हैं ।

श्रीकृष्ण जन्म बधाई के आठों पदों में नंद यशोदा के बालकृष्ण की क्रीड़ा तथा स्वरूप का वर्णन है ।

वसंतनां पद—जिस प्रकार हिंडोलाना पद वर्षा ऋतु से सम्बन्धित है उसी प्रकार वसंतना पद वसंत ऋतु तथा होली और फाग से सम्बन्धित है। लीला, विलास, शृंगार और नृत्य गायन के वातावरण मे राधाकृष्ण तथा सखियो के उल्लास का विविध प्रकार से वर्णन किया गया है। पद न० १४, १८ तथा २२वें मे वात्सल्य भाव मिलता है अतएवं यह पद अप्रासगिक प्रतीत होते है। वसत के पदों की कुल सख्या ११६ है।

मीरा को १५वी शती मे मानने वाले विद्वानो का मत अब पूर्णतया भ्रान्त सिद्ध हो चुका है। त्रिपाठी और झावेरी की धारणा का आधार कर्नल टाड द्वारा मीरा को महाराणा कुभ (मृत्यु सन् १४६८ ई०) की पत्नी मानना था।[५१] थूथी ने झावेरी के अनुकरण पर ही मीरा का समय १४०३—१४७० ई० मान लिया परन्तु तारापोरवाला द्वारा दिये गये समय १४९९—१५४७ ई० का क्या प्रमाण है, ज्ञात नही। मुशी और शास्त्री आदि आधुनिक गुजराती इतिहासकार गौरीशकर, हीराचद ओझा तथा मुशी देवीप्रसाद आदि राजस्थानी विद्वानों के आधार पर मीरां को १६वी शती मे ही मानते है। हिन्दी साहित्य के गण्यमान्य इतिहासकारों का भी प्रायः यही मत है।[५२] यों कुछ लोगो का मत कर्नल टाड के मत के पुनर्संस्थापन की ओर भी है अर्थात् वे मीरा को राणा कुभ की पत्नी और १५वी शती के उत्तरार्ध मे स्थित मानना चाहते है।[५३] उन लोगो द्वारा केवल शंका ही उठायी गयी है। ऐसे प्रमाण अभी प्रस्तुत नही किये गये जिनके आधार पर उनके मत को निश्चयात्मकता प्राप्त हो। ऐसी स्थिति मे मीरां को १६वी शती मे स्वीकार करना ही समुचित प्रतीत होता है। हिन्दी तथा गुजराती के विद्वानों का बहुमत इसी पक्ष में है।

मीरां.

रचनाएँ—मीरां के गुजराती पद बृहत् काव्य दोहन, भाग १, २, ५, ६ और ७ में प्रकाशित है। एक 'सत्यभामानुं रूसणु' नामक रचना भी प्राप्त होती है।[५४] परन्तु देखने से ज्ञात होता है कि यह [illegible] का एक लम्बा पद ही है। इन समस्त पदों की संख्या १६० है। तारापोरवाला द्वारा SCGL में जो १०६ पद प्रकाशित है वे बृहत् काव्य दोहन में से ही सग्रहीत है। प्राचीन काव्य सुधा, भाग ४ मे भी बहुत से पद छपे है जिनका समावेश भी लगभग काव्य दोहन के पदों में ही हो जाता है। सभी पद गुजराती भाषा के सिद्ध नही होते। कुछ पद मिश्रित भाषा के है। स्थिति की स्पष्टता के लिए अधिक विवेचन की अपेक्षा है अतएव बृहत् काव्य दोहन के विभिन्न भागो को लेकर पृथक्-पृथक् निरूपण आवश्यक है।

भाग १ लुं—इस भाग मे 'सत्यभामानु रूसणु' समेत कुल १० पद है। सभी पदों की भाषा गुजराती है। सत्यभामानुं रूसणु, मे पारिजात पुष्प न

पाने पर सत्यभामा के मान और कृष्ण द्वारा उनके मनाये जाने का वर्णन है।

भाग २ जु—इसमे भी सब पद गुजराती के है और उनकी सख्या १७ है ।

भाग ५ मो—इसमे गुजराती के १५ पद प्राप्त होते है ।

भाग ६ ट्ठो—इस भाग मे केवल ५ पद है । चौथा पद खडी बोली का है । तीसरे मे खडी बोली और फारसी का मिश्रण है । दूसरा और पाँचवाँ दो पद गुजराती के है । पहले मे खड़ी, ब्रज तथा गुजराती तीनो का सम्मिश्रण है । दूसरे पद मे 'दास मीरां नो स्वामी' मे दासी के स्थान पर दास का प्रयोग उसे संशयास्पद बना देता है । खडी बोली के पद भी प्रामाणिकता की दृष्टि से सदिग्ध है ।

भाग ७ मो—इस भाग मे मीरां के सर्वाधिक गुजराती पद सकलित है । किन्तु इनमे मिश्रित भाषा के पदो के अतिरिक्त विशुद्ध ब्रजभाषा के पदों की सख्या भी कम नही है । समस्त पद गिनती मे ११३ है जिनमे से ३५ पद गुजराती के नही है[५५] । शेष ७८ पदों मे भी कुछ पदों की भाषा मिश्रित है ।

सारे पदों का शीर्षक 'कृष्ण कीर्तन' दिया गया है परन्तु राम विषयक पद भी अनेक मिलते हैं।

केशवदास

केशवदास कायस्थ के 'कृष्णक्रीडाकाव्य' का रचना काल मुशी और शास्त्री दोनो ने (स० १५२९) सन् १४७३ माना है जो असत्य है। कवि ने काव्य के रचना काल का उल्लेख स्वयं निम्न पंक्तियों मे कर दिया है।

तिथि सवत निधि दसका दोय ।
संवत्सर शोभन कृत होय।
दक्षिणायन शरद ऋतु सार।
आशवनि शुक्ल पक्ष गुरुवार।
तिथि द्वादशी वली वृद्धि योग।
शत तारक त्रिप्रहरनो भोग।　　—पृ० ३१०

इसमें दिये हुए सम्वत्सर, तिथि, मास पक्ष, दिवस एवं योग गणना करने पर सं० १५९२ ही में पड़ते हैं, सं० १५२९ में नही। (पिल्लइ की Indian chronology

के अनुसार) । न जाने किस आधार पर शास्त्री ने स० १५२९ को शुद्ध मान लिया । उन्होने लिखा है कि 'गणितनी दृष्टि पण आ आषाढी सवत् होवाथी ते दिवसे अेटले सां० १५२९ ना आश्विन सुदि १२ ने दिवसे बरोबर गुरुवार आवी रहे छे । अे जोतां शका करवा कोई खास कारण न थी ।'[५६] अब स्वय वे भी इस के पक्ष मे नही है । कदाचित् यह लिखते समय उन्होंने योग तथा सम्वत्सर को ध्यान मे नही रक्खा था अन्यथा दूसरा कोई कारण प्रतीत नही होता । रामलाल चुन्नीलाल मोदी सं० १५९२ के पक्ष मे है । वे केशवदास को वल्लभाचार्य का परवर्ती विट्ठलनाथ का समकालीन समझते है तथा इन पर अष्ट सखाओं के काव्य का असर भी मानते है ।[५७] कृष्णक्रीडा-काव्य के सर्ग १४ मे कुछ ब्रजभाषा मिश्रित पद मिलते है । स० १५२९ में अर्थात् सूर के जन्म स० १५३५ से पहले गुजरात मे ब्रजभाषा की रचनाएँ मिलना आश्चर्य-जनक ही नही असभव भी है । स० १५९२ तक अवश्य अष्टछाप के कवियों का प्रभाव गुजरात तक व्याप्त हो चुका था । फिर 'निधि दसका दोय' से स्पष्ट ही 'नौ दशक और दो' अर्थात् ९२ का बोध होता है । 'वामतो गतिः' का प्रश्न यहाँ उठाना असंगत है क्योकि कवि ने १५ के लिये एक पूर्ण पद 'तिथि' दे दिया है जिसे पहले ही लेना होगा अन्यथा सं० २९१५ सिद्ध होगा ।

सं० १५२९ की मान्यता का मूल कारण यह है कि कच्छ से उतारी हुई स० १७८७ की फार्बस गुजराती सभा वाली जिस हस्तप्रति के आधार पर कृष्णक्रीडाकाव्य का प्रकाशन हुआ है उसके हाशिये मे 'संवत १५२९ वर्ष उलध' लिखा हुआ है । साथ ही पांचवी गुजराती साहित्य परिषद के विवरण में छपे 'कायस्थ कविओ' नामक लेख मे लीलुभाई चु० मजूमदार ने 'सवत पदर ओगणतीस होय' ऐसा मत दिया है परन्तु वह कहाँ से प्राप्त हुआ है यह अज्ञात है ।

अतएव केशवदास को १५वी शती में मानना सर्वथा अनुपयुक्त है । 'कृष्णक्रीडा-काव्य' के रचनाकाल की दृष्टि से वे स्पष्टतया १६वी शती में आते है ।

रचना : कृष्णक्रीडाकाव्य—फार्बस गुजराती सभा से प्रकाशित इनकी रचना पर 'श्रीकृष्णलीलाकाव्य' नाम छपा हुआ है जो अशुद्ध है । वस्तुत. नाम 'कृष्णक्रीडाकाव्य' होना चाहिए क्योंकि सर्गान्त मे लेखक ने सर्वत्र 'कृष्णक्रीडायां' का प्रयोग किया है । भालण के दशम स्कंध की तरह यह भी भागवत दशमस्कध का अनुवाद है । राधा, ब्रजभाषा के पद तथा अन्य पुराणो के सदर्भो के कारण इसका भी वैसा ही महत्व है । प्रारभ मे सस्कृत का 'गोपीजनवल्लभाष्टक' दिया हुआ है जिसे पुष्टिमार्गीय साहित्य में हरिराम कृत माना जाता है ।[५८] संभव यह भी है कि यह अष्टक केशवदास तथा हरिराय दोनो के अतिरिक्त किसी अन्य प्राचीनतर कवि की रचना हो । केशवदास

ने अपने काव्य में स्थान-स्थान पर सानुवाद श्लोक दिये हैं। रचना के अन्त में कवि ने रचना के विस्तार का निर्देश कर दिया है।

नाकर नाकर ने अपने 'हरिश्चन्द्राख्यान' में समय का निर्देश कर दिया है जो असंदिग्ध है। अतः उनके समय के विषय में कोई शंका प्रस्तुत नहीं होती।

रचना : भ्रमरगीता—गुजराती साहित्य में नाकर का स्थान उनके आख्यानों के कारण ही श्रेष्ठ माना जाता है। कृष्ण सम्बन्धी काव्य उनका एक मात्र 'भ्रमरगीता' ही मिलता है जो अप्रकाशित है। आख्यान शैली में लिखित तथा भागवत पर आधारित यह काव्य नाकर की अन्य रचनाओं की तुलना में साधारण कोटि का है। प्रारंभ में कवि गणेश, सरस्वती ही की वंदना नहीं करता वरन् कालिदास, श्रीहर्ष आदि कवियों एवं ज्योतिष, गीता आदि शास्त्रों का भी स्मरण करता है। काव्य का रूप भावात्मक न हो कर वर्णनात्मक है। भागवत के गोपी उद्धव संवाद का एक प्रकार से पुनर्लेखन जैसा कर दिया गया है।

चतुर्भुज कवि के स्वतः दिये हुये 'छिहुतरि' शब्द से, उपलब्ध हस्त प्रति के सं० १६२२ की संगति बैठाकर कुछ विद्वानों ने सं० १५७६ के आसपास चतुर्भुज का समय निश्चित किया है।[६०]

रचना : भ्रमरगीता—चतुर्भुज की एकमात्र रचना भ्रमरगीता है। इसकी शैली फागु काव्यों जैसी है। कवि रचना का अन्त 'इतिश्री कृष्ण गोपी विरह मेलापक भ्रमरगीता फाग' लिखकर करता है। इस पुष्पिका में प्रयुक्त 'फाग' शब्द से सिद्ध होता है कि कवि ने सजग होकर फागु शैली में काव्य रचना की। भाषा प्राचीन है। 'गुजराती' के सं० १९८९ के दीपोत्सवांक में भोगीलाल सांडेसरा ने इसे प्रकाशित किया। रचना का विषय स्पष्ट ही भागवत पर आधारित उद्धव गोपी संवाद है। चंद्रावली के नामोल्लेख की दृष्टि से भी इस रचना का विशेष महत्व है।

भीम वैष्णव भीम द्वारा काव्य के अन्त में लिखित 'प्रगट वीठलो' तथा विट्ठल नाथ विषयक धोल के आधार पर शास्त्री ने इन्हें गोसाईं विट्ठलनाथ का समकालीन माना है और इनका जीवन काल सं० १५७२-१६३६ के बीच निर्धारित किया है।[६१]

रचना : रसिकगीता—कृष्ण सम्बन्धी इनकी एकमात्र रचना है रसिकगीता। यह विषय की दृष्टि से भ्रमरगीता ही है। इसका प्रकाशन बृ० का० दोहन, भाग

३ जु तथा S C G L मे हो चुका है । काव्य के अन्त मे विट्ठलनाथ तथा वल्लभाचार्य का स्मरण किया गया है ।

कवि द्वारा स्वय दिये गये समय के आधार पर उसका काव्य काल स० १६०९ के आसपास निर्धारित होता है ।[६२]

ब्रेहेदेव

रचना : भ्रमरगीता—ब्रेहेदेव की निस्संदिग्ध रचना केवल भ्रमरगीता ही है । यों पाडवगीता की भी सभावना है किन्तु उसके विषय मे शास्त्री किसी निर्णय पर नही पहुँच सके है ।[६३] भ्रमरगीता का आधार अन्य भ्रमरगीताओं की तरह भागवन का भ्रमर प्रसग ही है । शैली की दृष्टि से इसमे नरसी की चातुरी की छाया प्रतीत होती है । 'रढियालो रास सोहायणो' कह कर कवि इसे 'रास' काव्य की परम्परा मे सम्बद्ध करता है । यह बृ० का० दोहन, भाग १लु मे प्रकाशित है और चालीस कडवों की सक्षिप्त रचना है ।

कीकुवसही

कीकु क काव्य की हस्तप्रतियाँ स० १६०० के आसपास की प्राप्त होने के कारण शास्त्री ने इनका समय स० १५५० के लगभग माना है । कीकु का काव्यकाल १६वी शती के पूर्वार्ध मे ही कही हो सकता है ।

रचना : बालचरित—कृष्णपरक काव्य कीकु ने एक ही लिखा है जिसका नाम है 'बालचरित' । विषय की दृष्टि से यह अप्रकाशित रचना महत्वपूर्ण है । इसमे कृष्ण के बाल रूप तथा बाल क्रीडाओं का वर्णन मिलता है । दोहा चौपाई की आख्यानात्मक शैली मे कवि ने भागवत की कथा के अनुसरण पर इस काव्य का निर्माण किया है ।

वासणदास

स० १६४९ तक की प्राचीन हस्तप्रतियो तथा भाषा के कतिपय प्राचीन प्रयोगो के आधार पर शास्त्री वासणदास को सं० १६०० के आसपास स्थापित करते है ।[६५] अन्य अपेक्षित प्रमाणो के अभाव मे यह उचित ही प्रतीत होता है ।

रचनाएँ—कृष्णवृन्दावन राधारास, हरिचुआक्षरा तथा सत्यभामानी ककोतरी, यह तीन ऐसी रचनाएँ है जिन्हे वासणदासकृत माना जाता है । दूसरी और तीसरी की सूचना गु० ह० सकलित यादी से प्राप्त होती है और पहली की कविचरित से । तीसरी रचना सशयास्पद है ।[६६] सभी रचनाएँ अप्रकाशित है ।

कृष्ण वृन्दावन राघवरास--रचना का मुख्य विषय वृन्दावन मे राधाकृष्ण और गोपियो की रासक्रीडा है। प्रतिलिपिकार अमरवैकुठ ने पुष्पिका मे 'इतिश्री भागवते महापुराणे कृष्णवृदावने राघदरास' लिखा है। शास्त्री ने 'राघवरास' को अशुद्ध समझकर उसके स्थान पर 'राधारास' शुद्ध समझा। परन्तु कवि की रचना मे 'राघव-रास' का स्पष्ट प्रयोग मिलता है—यथा 'ते ता राघवरास भावि भणता'। शार्दूल-विक्रीडिल वृत्त होने के कारण गण और वर्णक्रम मे भी यहाँ राघवरास ही उचित है। ऐसी स्थिति में इसे निश्चयपूर्वक 'कृष्ण वृदावन राधारास' नही कहा जा सकता। सभव है कवि भालण की तरह रामानंदी हो और इसलिए उसने 'राघव' शब्द का प्रयोग किया हो। रचना के अन्त में कृष्ण की बाललीलाओं का वर्णन है। प्रारभ मे शीर्ष स्थान पर 'श्री कृष्ण लीला' लिखा भी है। वर्णन कई भागों मे विभाजित है और प्रत्येक अपने में पूर्ण है। एक प्रकार से यह रचना कई रचनाओ की शृखला जैसी है। 'चन्द्राउली विलास सम्पूर्ण' 'लीलाउली विलास', 'इति श्री गोपी सम्बाद सम्पूर्ण' तथा 'इति श्री राधारग सम्पूर्ण' लिखकर पृथक्-पृथक् प्रसगो की पूर्णता का निर्देश किया गया है। एक प्रकार से इसमे समस्त कृष्ण लीला समाहित है किन्तु 'राधारग' की प्रधानता के कारण कदाचित ग्रथान्त मे इसे पूर्ण रचना मान लिया गया है। सारी रचना सस्कृत वृत्त शार्दूलविक्रीडित मे है। कुल वृत्त १३५ है। विविध खडो मे विभाजित होने पर भी छदों की क्रम-सख्या टूटी नही है जिससे इसके एक ही रचना समझे जाने का प्रमाण मिलता है।

हरिचुआक्षरा—यह १०३ दोहों मे वृदावन सौन्दर्य तथा होली एव फाग के विषय को लेकर लिखी गयी रचना है। वर्णन की दृष्टि से पहली रचना के सदृश है। कवि कृष्ण को राधा तथा अन्य सखियो से सयुक्त रूप मे चित्रित करता है।

काशीसुत शेधजी

काशीसुत शेधजी ने अपनी अनेक रचनाओं मे रचना संवत् का उल्लेख किया है जिससे उनका समय स० १६४७–४८ निर्धारित होता है।[६७]

रचना : रुक्मिणीहरण--यों तो शेधजी ने विराटपर्व, सभापर्व, हनुमानचरित तथा अंबरीष कथा आदि अनेक काव्य रचे परन्तु कृष्णपरक उनकी एकमात्र रचना रुक्मिणीहरण ही प्राप्त है जो अप्रकाशित है। कवि ने कृष्ण रुक्मिणी विवाह विषयक इस काव्य की रचना अनेक पुराणों की कथाओ के आधार पर की है। भागवत, हरि-वंश तथा विष्णुपुराण का स्वत. उल्लेख किया है।

श्रीभागवत, हरीवंश मां अे कथा वीष्णुपुराण।
कंहीअेक छ वीस्तार कंही संक्षेप सुध जाण ।।१३।।

अतएव कथा-वस्तु की दृष्टि से रचना छोटी होते हुए भी महत्वपूर्ण है। 'शेधजी' नाम इसमे नही है। केवल 'कासीसुत' का ही प्रयोग मिलता है। कवि की अन्य रचनाओ से इस नाम की पुष्टि होती है। शैली कडवाबद्ध है तथा कथा के अनेक प्रसग रोचक एव नवीन है।

संत

इनकी भाषा मे प्राप्त 'अतगि' जैसे प्रयोगो के आधार पर शास्त्री ने इनका समय विक्रम की १७वी शताब्दी का पूर्वार्ध माना है।[६८] किन्तु इस विषय मे अधिक निश्चित होने के लिए अन्य प्रमाणो की आवश्यकता है।

रचना : भागवत अनुवाद—सत की एकमात्र रचना भागवत का अनुवाद ही है। ग्रथ अप्रकाशित है। प्राप्त प्रति मे १, २, ३, ४, ८, ९ तथा ११वाँ स्कध पूर्ण है। दशमस्कध आदि अत मे तथा द्वादश स्कध अत मे टूटा है। दोहा चौपाई मे सरल रीति से सारी भागवत को अनुवादित किया गया है।

फूढ

फूढ १६वी तथा १७वी शती ई० के सधिकाल के कवि है। शास्त्री ने इनका समय सं० १६५२—१६८३ के आसपास माना है।[६९] स० १६५७ तक का समय १६वी शती ई० के अन्तर्गत आता है। इसमे उनकी एक रचना का निर्माण हुआ है। अन्य कृष्ण विषयक रचना 'मल्लअखाडाना चद्रावला' का समय ज्ञात नही। पाडवविष्टि स० १६७७ मे रची गयी जो १६वी शती की सीमा मे नही आती। उसकी हस्तप्रति भी उपलब्ध नही है।[७०]

रचनाएँ—फूढ की कृष्णपरक दो रचनाएँ, 'रुक्मिणीहरण' तथा 'मल्लअखाडाना-चन्द्रावला' प्राप्त होती है जो इस शती मे ग्राह्य है। दोनो अप्रकाशित है।

रुक्मिणीहरण—राग, वलण तथा कडवा पद्धति मे इसका निर्माण हुआ है। कथावस्तु की दृष्टि से यह भागवत पर ही आधारित है।

मल्लअखाडानांचंद्रावला—इसमे फूढ ने ७५ चद्रावलो मे कसवध का वर्णन किया है। इसका भी आधार भागवत ही है।

१६वीं शती—ब्रजभाषा

ब्रजभाषा मे कृष्ण संबन्धी अधिकाश काव्य रचना सम्प्रदायो के अन्तर्गत हुई। इन सम्प्रदायों मे वल्लभ, राधावल्लभीय, गौडीय, निम्बार्क तथा हरिदासी सम्प्रदाय प्रमुख है। १६वी शती के कवियो तथा उनके काव्य का परिचय स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने के लिये प्रत्येक सम्प्रदाय के साहित्य का पृथक-पृथक निरूपण हुआ है। इसके

अतिरिक्त जो कृष्णपरक काव्य इन सम्प्रदायो से स्वतन्त्र होकर रचा गया उसका वर्णन एक भिन्न वर्ग मे किया गया है ।

इस सम्प्रदाय के अन्तर्गत अष्टछाप के आठों कवि सूरदास, कुभनदास, परमानददास, कृष्णदास, गोविद स्वामी, नददास, छीत स्वामी तथा चतुर्भुजदास आते है।

वल्लभ सम्प्रदाय

इनमे से पहले चार वल्लभाचार्य के शिष्य थे और अन्तिम चार गो० विट्ठलनाथ के। डॉ० दीनदयालु गुप्त तथा प्रभुदयाल मीतल द्वारा दिये गये इन कवियो के जीवन काल मे कुछ विभिन्नता है किन्तु उसे नगण्य माना जा सकता है क्योकि सभी कवि अन्तत १६वी शती की सीमा मे ही आते है । इन कवियो की रचनाओ पर हिंदी साहित्य के कई विद्वानो द्वारा स्वतन्त्र रूप से विचार किया जा चुका है अतएव आवश्यक मतभेद का निर्देश मात्र करते हुए यहाँ उनका सक्षिप्त परिचय दे देना ही पर्याप्त होगा ।

सूरदास की रचनाएँ (स० १५३५—१६३८—३९)—सूरदास की रचनाएँ आज भी विवाद का विषय है । डॉ० ब्रजेश्वर वर्मा एकमात्र सूरसागर को प्रामाणिक मानते है पर डॉ० दीनदयालु गुप्त, मुशीराम शर्मा, प्रभुदयाल मीतल तथा द्वारिकादास परीख आदि विद्वान् साहित्यलहरी और सूरसारावली को भी प्रमाणिक सिद्ध करते है ।[७१] इनके अतिरिक्त सूर की अन्य रचनाओं सूरसाठी, सूरपचीसी, सेवाफल आदि की स्थिति भी विवादास्पद है । एक ओर 'अष्टछाप और वल्लभ सम्प्रदाय' मे उन्हे सूरसागर के अन्तर्गत ही स्वीकार किया गया है ।[७२] दूसरी ओर सूरनिर्णय मे स्वतन्त्र रचना माना गया है ।[७३] वस्तुत. इन्हे स्वतन्त्र रचनाएँ मानना उचित नही है क्योंकि सूरसागर से भिन्न इनके अस्तित्व के विश्वसनीय प्रमाण उपलब्ध नही होते । जहाँ तक सूरसारावली और साहित्यलहरी का प्रश्न है हिन्दी के विद्वानो का बहुमत उन्हे सूरदास की ही रचनाएँ मानने के पक्ष मे है । इस सम्बन्ध मे और भी गहन अनुसधान की आवश्यकता है । तब तक उन्हे सूरदास की पूर्णतया प्रामाणिक रचनाएँ मानने की अपेक्षा विवादास्पद एव सदिग्ध रचनाएँ कहना अधिक उचित प्रतीत होता है । इन शब्दो के साथ बहुमत की उपेक्षा न करते हुए इन दोनों रचनाओ को प्रस्तुत अध्ययन मे स्वीकार किया गया है ।

सूरसागर—यह सूरदास की एकमात्र पूर्णतया प्रामाणिक रचना है किन्तु इसका रूप और विस्तार बहुत अशों मे अनिश्चित है । सूरदास के नाम से प्रचलित अनेक रचनाएँ वास्तव में इसी का अश मात्र है । दूसरी ओर इसके अनेक ऐसे अश है जो स्वतन्त्र रचनाओ जैसे लगते है । यों इसे 'श्रीमद्भागवत, बारहो स्कन्धो का ललित रागरागिनियों मे अनुवाद' माना जाता रहा परन्तु वस्तुत अनुवाद की अपेक्षा इसे

मौलिक रचना मानना अधिक उपयुक्त होगा। इसके अन्तर्गत कई कथाओ का एक से अधिक बार वर्णन हुआ है। एक प्रकार से यह सूर की कृष्ण विषयक लगभग समस्त रचनाओ का सकलन है जिनका मुख्य आधार भागवत पुराण है। किन्तु भागवतेतर कथाओ का भी इसमें स्पष्ट समावेश है। अनेक कथाएँ तथा वर्णन पूर्णतया मौलिक है। डॉ० दीनदयालु गुप्त ने सूरसागर के अन्तर्गत निम्नलिखित १६ प्रामाणिक रचनाओ को समाविष्ट माना है।[७४]

१	भागवत भाषा	९	दशमस्कध भाषा
२	सूरदास के पद	१०	नागलीला
३	गोवर्धन लीला	११.	सूरपचीसी
४	ब्याहलो	१२	भॅवरगीत
५	सूर रामायण	१३	दानलीला
६	सूर साठी	१४.	मानलीला
७	राधारसकेलि कौतुहल	१५.	सेवाफल
८	सूरसागर सार	१६.	सूर शतक

उपलब्ध सूरसागर भागवत की तरह ही 'द्वादश स्कध' मे विभाजित है। कदाचित् स्वय सूरदास ने ही इसे स्कधवद्ध रूप मे रचा है।[७५] सूरसागर मे प्रथम नवम तथा दशम पूर्वार्ध और उत्तरार्ध सबसे अधिक विशाल एव महत्वपूर्ण है। शेष इनकी तुलना मे अत्यन्त अल्प और नगण्य से है। सम्पूर्ण पद-सख्या ४५७८ है और स्कधवार पद-सख्या निम्नाकित रूप मे प्राप्त होती है।

(१) २१९, (२) ३८, (३) १८, (४) १२, (५) ४, (६) ४, (७) ८, (८) १४, (९) ७२, (१०) पूर्वार्ध ३९३६, (१०) उत्तरार्ध १४२, (११) ६, (१२) ५

प्रथमस्कध मे प्रारम्भिक ११२ पद विनय के है। स्कधवार पद-सख्या से नितान्त स्पष्ट है कि सूरसागर का मुख्य भाग दशमस्कध के आधार पर ही निर्मित हुआ है। सूरसागर और भागवत मे समानता से अधिक भिन्नता प्राप्त होने के कारण दो एक विद्वानो का अनुमान है कि 'वल्लभाचार्य जी ने व्यासजी की जिस समाधिभाषा को प्रमाण रूप माना है उसी का सूरदास ने गायन किया'।[७६] विचार करने पर यह अनुमान अधिक यथार्थ प्रतीत नही होता। यह भी अनुमान किया जाने लगा है कि सूरसागर के इस द्वादशस्कधी रूप मे भिन्न विषय-क्रमानुसारी जो एक अन्य रूप मिलता है वह कदाचित् मूल के अधिक निकट रहा होगा। वस्तुतः यह पश्न अभी प्रमाण सापेक्ष है। सूरसागर की एक विशेषता यह भी है कि भागवत के प्रथम स्कंध

से द्वादश स्कंध पर्यन्त की प्रत्येक प्रमुख कथा को वर्णनात्मक रीति से बड़े पदों में भी गया है। इनकी शैली पद शैली से भिन्न है।

सूरसागर का प्रकाशन वेंक्टेश्वर प्रेस बम्बई, नवलकिशोर प्रेश लखनऊ तथा नागरीप्रचारिणी सभा काशी से हुआ है। वेंक्टेश्वर प्रेस वाले सूरसागर के सब पदों को अष्टछापी सूर कृत मानने में डॉ० दीनदयालु गुप्त को कुछ संदेह है।[७७] नवल किशोर प्रेस की प्रति के दो भाग हैं। एक में भिन्न-भिन्न रागों के अनुसार नित्य कीर्तन के पद हैं और दूसरे में कृष्णकथानुसार लीला के पद। इसमें सूर के अतिरिक्त अन्य अष्टछापी कवियों के पद भी मिश्रित हैं।

सूरसारावली—११०७ द्विपद छंदों में निर्मित इस रचना को सूरसागर का सार ही नहीं 'सूचीपत्र' तक माना गया परन्तु वस्तुतः यह एक स्वतन्त्र रचना है जिसमें सूरसागर तथा भागवत की कथा का सम्मिश्रण भी प्राप्त है। कथाओं का प्रवाह अवि-च्छिन्न है किन्तु स्कंधक्रम में विभाजित नहीं। इसकी कथावस्तु का आरम्भ प्रकृति पुरुष रूप पारब्रह्म के सृष्टि विस्तार को होली और फाग का रूपक देकर होता है और इस रूपक का निर्वाह अन्त तक किया गया है। अवतारों के वर्णन में भागवत का अनु-करण है। रामावतार की कथा सांगोपांग रूप में विस्तार से दी गई है तथा कृष्णावतार की कथा में मथुरालीला की प्रमुखता है। अनेक नवीन कल्पनाएँ हैं। अन्तिम भाग में रुक्मिणी के प्रश्न के उत्तर के रूप में ब्रज, वृदावन, राधा, यशोदा तथा रास आदि लीलाओं का समावेश है। यह रचना सूरसागर के बम्बई और लखनऊ वाले संस्करणों के आरंभ में प्रकाशित हुई है।

साहित्यलहरी—यह कृष्ण राधा के नायक नायिका भेद के रूप में प्रस्तुत करने वाले ११८ दृष्टिकूट पदों का संग्रह है। उपसंहारों के रूप में ५३ पद और संग्रहीत हैं जो सूरसागर में भी प्राप्त होते हैं। इसका प्रकाशन खड्गविलास प्रेस बांकीपुर से हो चुका है।

कुंभनदास की रचनाएँ (सं० १५२५–१६३९)—दानलीला के एक ३१ छंद के विस्तृत पद, जो स्वतन्त्र रूप से प्रकाशित हो चुका है, के अतिरिक्त कुंभनदास का समस्त काव्य स्फुट पदों के ही रूप में प्राप्त है।

नाथद्वार के निज पुस्तकालय में ३६७ पदों का एक संग्रह प्राप्त होता है और विद्याविभाग काँकरौली में १८६ पदों का जिसका डॉ० दीनदयालु गुप्त ने उल्लेख किया है।[७८] किन्तु काँकरौली में अब हजारीलाल शर्मा द्वारा कुंभनदास के २३२ पद संग्रहीत हो चुके हैं।

कुभनदास के इन पदो मे राधाकृष्ण से सम्बन्धित विविध लीलाओ का वर्णन मिल जाता है। दान प्रसग, युगलरूप, मिलन, विरह, मान, खडिता, गोदोहन तथा रास आदि सभी विषयो के पद प्राप्त होते हैं।

परमानंददास की रचनाएँ (स० १५५०–१६४०)—यद्यपि खोज रिपोर्ट मे 'ध्रुव चरित्र' तथा 'दानलीला' नामक रचनाओ का भी उल्लेख मिलता है किन्तु प्रामाणिकता की दृष्टि से एकमात्र 'परमानदसागर' ही परमानद की असदिग्ध रचना सिद्ध होती है।[७९] मीतल ने इन रचनाओं के अतिरिक्त 'उद्धवलीला' परमानद दास के पद तथा सस्कृत रत्नमाला का भी उल्लेख किया है किन्तु न तो इनका कोई परिचय ही दिया है न इनकी प्रामाणिकता पर ही विचार किया गया है।[८०] परमानदसागर का विस्तार लगभग २००० पदो तक जाता है। यह सख्या नाथद्वार तथा कॉकरौली मे प्राप्त इस ग्रथ की अनेक हस्तलिखित प्रतियो पर आधारित है।

परमानदसागर मे सूरसागर की तरह सम्पूर्ण भागवत की कथा का समावेश न होकर दशमस्कंध तक के प्रसगो का वर्णन है। भँवरगीत को छोडकर अन्य विषयो पर इसमे कथात्मक लम्बे पद भी नही हैं। पदो का वर्गीकरण विषयानुसार है। कृष्ण की बाललीला, गोपी प्रेम, गोपी विरह तथा भ्रमरगीत पर अधिक सख्या मे पद उपलब्ध होते हैं। इसके अतिरिक्त राधा को लेकर मान, खडिता, युगल लीला, रास आदि पर तथा अन्य स्फुट विषयों पर भी पद प्राप्त होते हैं।

वल्लभ सम्प्रदायी कीर्तन सग्रह के तीनों भागों मे ५०० से अधिक पद ऐसे प्रकाशित हैं जिनके रचयिता परमानददास हैं। इनके अतिरिक्त अन्य पद सग्रहों मे भी यत्रतत्र परमानददास रचित पद उपलब्ध हो जाते हैं।

कृष्णदास की रचनाएँ (स० १५५२–१६३८)—कृष्णदास की प्रामाणिक, रचना केवल उनके पद ही सिद्ध होते हैं। कीर्तन सग्रह के तीन भागों मे प्रकाशित २४८ पदों के अतिरिक्त इनके ६७६ पदों के हस्तलिखित सग्रह की दो प्रतियाँ एक कॉंकरौली तथा एक नाथद्वार मे उपलब्ध हैं। इन स्थानों मे प्राप्त अन्य सग्रहो मे भी 'कृष्णदास के पद' मिलते हैं।[८१]

कृष्णदास की सदिग्ध रचनाओ के रूप मे डॉ० दीनदयालु गुप्त ने भ्रमरगीत, प्रेमसत्व निरूपिता तथा वैष्णववंदना को स्वीकार किया है साथ साथ रास-पचाध्यायी विषयक ३१ छद के एक लम्बे पद को प्रेमरसरास तथा पद सग्रह को 'कृष्ण-दास की बानी' नाम दिये जाने की सभावना व्यक्त की है।[८२]

मीतल ने कृष्णदास की रचनाओं का नामोल्लेख मात्र किया है यथा—

'भ्रमरगीत, **प्रेमतत्व निरूपण**, भक्तमाल की टीका, वैष्णव वदन, बानी, **प्रेम रसराशि**, हिडोरा लीला आदि'।[८३] इनमे कुछ नाम अशुद्ध प्रतीत होते है।

गोविंदस्वामी की रचनाएं (स० १५६२–१६४२)—गोविदस्वामी की प्रामाणिक रचना के रूप मे उनका २५२ पदो का सग्रह ही स्वीकार किया गया है जिसकी अनेक हस्तप्रतियाँ कॉकरौली तथा नाथद्वार के पुस्तकालयो से उपलब्ध हुई है।[८४] इन प्रतियो मे नाथद्वार की स० १७३३ की प्रति सब से पुरानी है। इधर कॉकरौली मे विभिन्न पद सग्रहो के आधार पर गोविदस्वामी के पदो का जो सग्रह किया गया है उसकी पद सख्या ७६० है। इस प्रकार २५२ पदो के अतिरिक्त इतनी मख्या मे प्राप्त सभी पदो को सदिग्ध नही माना जा सकता। गोविदस्वामी के पद यद्यपि कृष्ण की अनेक लीलाओ से सम्बद्ध है फिर भी कुज लीला और किशोर लीला के पद विशेष रूप से प्राप्त होते है।

नंददास की रचनाएँ (स० १५७०–१६४०)—नददास की रचनाओ के विषय मे पर्याप्त शोधन हो चुका है। उनके नाम से प्राप्त २८ या ३० रचनाओं मे से अधिकतर अप्रामाणिक सिद्ध हुई है। डॉ० दीनदयालु गुप्त के अनुसार प्रामाणिकता का श्रेय निम्नलिखित १४ रचनाओं को प्राप्त हुआ है।[८५]

१.	रसमजरी	८	विरहमजरी
२	अनेकार्थमजरी	९	रूपमजरी
३.	मानमजरी	१०	रुक्मिणीमगल
४.	दशमस्कध	११	रासपचाध्यायी
५.	श्यामसगाई	१२	भँवरगीत
६.	गोवर्धनलीला	१३.	सिद्धान्तपचाध्यायी
७.	सुदामाचरित्र	१४.	पदावली

किन्तु इनमें से दो एक रचनाओ के विषय मे विद्वानो मे मतभेद है। उमाशकर शुक्ल गोवर्धनलीला को स्वतन्त्र रचना के रूप मे स्वीकार नही करते और सुदामाचरित को संदिग्ध मानते है।[८६] प्रभुदयाल मीतल ने गोवर्धनलीला का उल्लेख ही नही किया है। सुदामाचरित को स्वीकार करने के साथ साथ उम पर सदेह किये जाने का सकेत कर के भी स्थिति स्पष्ट नही की।[८७] गोवर्धनलीला को स्वतन्त्र रचना मानना अनुचित नही क्योकि दशमस्कध की लीला से कुछ साम्य होते हुए भी आद्यन्त युक्त यह रचना सर्वथा वही नही है। जहाँ तक पदावली का प्रश्न है उसकी प्रामाणिकता तो सिद्ध है किन्तु पद सख्या के विषय मे उक्त तीनों विद्वानों के मत में पर्याप्त

भिन्नता है। मीतल के अनुसार 'नददास कृत लगभग ४०० पद उपलब्ध हैं'।[८८] उमाशकर शुक्ल ने मूलपाठ मे ३५ और परिशिष्ट मे २४८, इस प्रकार पदावली के अन्तर्गत कुल २८३ पद प्रकाशित किये हैं।[८९] जवाहरलाल चतुर्वेदी के पास 'नददास पदावली' के नाम से लगभग ७०० पदों का सग्रह है इसका उल्लेख कई विद्वानो ने किया है।[९०] कॉकरौली के विद्या विभाग की ओर से नददास के स्फुट पदों का जो सकलन हुआ है उसमे ७६२ पद है। ऐसी स्थिति मे चतुर्वेदी जी के सग्रह मे ७०० के लगभग पदो का उपलब्ध होना अविश्वसनीय नही।

विषय की दृष्टि से नददास की उक्त प्रामाणिक रचनाओ पर विचार करने से ज्ञात होता है कि अन्तत कृष्ण से सम्बद्ध होते हुए भी यह सभी रचनाएँ पूर्णतया कृष्ण-परक नही कही जा सकती। डॉ० दीनदयालु गुप्त ने विषयानुसार चार वर्गो मे विभाजित करके वस्तु स्थिति को अधिक स्पष्ट कर दिया है।[९१]

मानमजरी, अनेकार्थमजरी तथा रसमजरी कवि की इन तीनो प्रारभिक रचनाओ का उद्देश्य मूलतः कृष्णलीला वर्णन नही है। यद्यपि प्रारभ मे कृष्ण वदना मिलती है और यत्रतत्र उनकी प्रेम लीलाओ का सकेत भी, तथापि वस्तु की दृष्टि से यह प्रस्तुत अध्ययन मे किसी प्रकार भी उपयोगी नही है। रसमजरी के नायिका भेद के उदाहरणो का अवश्य रीतिकालीन अन्य कृतियो की तरह महत्व हो सकता है किन्तु शेष दो केवल कोश काव्य है। इनके अतिरिक्त शेष सभी रचनाएँ विषय की दृष्टि से उपयोगी है और उनका परिचय नीचे दिया जाता है।

दशमस्कंध—दोहा चौपाई की शैली मे लिखित नददास की यह अपूर्ण रचना है। भागवत दशमस्कध के उन्तीस अध्यायों को इसमे एक प्रकार से अनूदित किया गया है। वार्ता साहित्य मे इस रचना के अपूर्ण रहने का कारण कथावाचक ब्राह्मणों का विरोध कहा गया है तथा उससे यह भी ज्ञात होता है इसके निर्माण की प्रेरणा कवि को तुलसीदास की रामायण से मिली थी इस दृष्टि से, इसका रचना काल स० १६३१ के बाद ही संभव है।[९२]

श्यामसगाई—यद्यपि इसकी कुछ प्रतियो मे 'तारपाणि' की छाप भी प्राप्त होती है तथापि अनेक, हस्तप्रतियो, रचनाशैली एव वस्तु के आधार पर यह रचना नंददास की ही सिद्ध होती है। डॉ० दीनदयालु गुप्त ने इसे स्वतत्र ग्रथ न मानकर 'एक लम्बा पद मात्र' माना है।[९३] वदना और अत के अभाव से यह उचित ही है। २८ छदो के इस वर्णनात्मक पद मे राधाकृष्ण की सगाई का वर्णन है। कृष्ण गारुड़ी बनकर छल से राधा का काल्पनिक विष उतारते है और इस प्रकार अंत मे सगाई स्वीकृत कराने मे सफल होते है।

गोवर्धनलीला—नददास के दशमस्कध मे तथा इस रचना मे कुछ पक्तियों एव भावो की समानता होते हुए भी प्रारभ मे गुरु वदना तथा अन्त मे कवि की छाप से युक्त यह काव्य भी स्वतन्त्र कृति ही ज्ञात होता है। नाथद्वार की प्रति मे इसको 'गोवर्धनपूजा' और 'गोवर्धनलीला' दोनो सज्ञाएँ दी गयी है। विषय शीर्षक से ही स्पष्ट है। रचना वर्णनात्मक होते हुए भी सक्षिप्त है।

सुदामाचरित्र—इस रचना के विषय मे डॉ० दीनदयालु गुप्त का यह अनुमान कि 'यह रचना नददास कृत सम्पूर्ण भागवत भाषा का, जो अब अप्राप्य है, अश है'।[१४] उचित ही प्रतीत होता है। इसकी रचना शैली ठीक वैसी ही है जैसी दशमस्कध की। कवि ने 'दशमस्कध' विमल सुख बानी, सुनत परीछित अतिरति मानी' लिखकर स्वय इसी तथ्य को स्वीकार किया है। रचना का विषय नाम से स्वतः प्रकट है।

विरहमंजरी—इस छोटी सी कृति मे नददास ने 'द्वादश मास विरह की कथा' का चित्रण किया है। प्रारभ मे चार प्रकार के विरह का उल्लेख करके फिर क्रम से चैत से लेकर फागुन मास तक नाना प्रकार से उद्दीपन सामग्री प्रस्तुत करते हुए ब्रज-वासिनियों की विरह व्यथा का वर्णन किया गया है। प्रत्येक मास के वर्णन का आदि अत दोहे मे तथा मध्य आठ दस चौपाइयो मे विरचित है।

रूपमंजरी—५८० पक्तियो की यह प्रेम कथा रूपमंजरी नामक निर्भयपुरी के राजा की कन्या को नायिका रूप मे प्रस्तुत करती है। गिरिगोवर्धन पर कृष्ण की प्रतिमा देखकर तथा स्वप्न मे दर्शन पाकर वह उनकी ओर आकृष्ट होती है और अन्त मे अपनी सखी इदुमती की सहायता से कुज मे उनसे मिलकर कृतार्थ भी होती है। दोहा चौपाई की शैली मे विस्तार से इसी कथा का वर्णन किया गया है। कथा वस्तु का आधार भागवत से नही लिया गया है।

रुक्मिणीमंगल—१३३ रोला छदो मे कृष्ण रुक्मिणी विवाह की भागवतोक्त कथा को मूलाधार मानकर इसकी रचना की गई है। 'विधिवत कियो विवाह तिहू पुर मगल गावै' मे प्रयुक्त मगल शब्द इसके नामकरण की व्याख्या करता है। कथा-कथन मे कल्पना का भी पर्याप्त आश्रय लिया गया है।

रासपंचाध्यायी—यह नददास की सर्वमान्य एवं सर्वप्रसिद्ध कृति है। २९ से ३३ तक भागवत दशमस्कध पूर्वार्ध के पॉच अध्यायो में वर्णित रासलीला का उसी क्रम से ३०१ रोला छदों मे वर्णन किया गया है। कवि ने भाव युक्त होकर रास का आ-लेखन किया है अतएव इसे अनुवाद नहीं कहा जा सकता। उमाशंकर शुक्ल ने इसके ८३ सदिग्ध छंद 'नंददास' की परिशिष्ट मे दे दिये है।

भंवरगीत—७५ छदो मे विरचित गोपी-उद्धव-सवाद विषयक इस रचना की अनेक हस्तप्रतियो मे 'जनमुकुद' नामक कवि की भी छाप प्राप्त होती है।[९५] परन्तु रचना शैली और वस्तु की दृष्टि से यह नददास की ही रचना सिद्ध होती है। इसके प्रारभ मे न वदना है और न कथा की भूमिका, जिससे ज्ञात होता है कि कदाचित यह रचना किसी अन्य विशाल रचना का अश हो। यह भी सभव है कि सूरदास के भ्रमर गीत से प्रभावित होने के कारण इसका ऐसा रूप हो।[९६]

सिद्धान्तपंचाध्यायी—नददास की यह रचना रासपचाध्यायी मे वर्णित रास-क्रीडा की आध्यात्मिक व्याख्या प्रस्तुत करती है। रासप्रसग के शृंगारिक वर्णनो की आलोचना का तथा तद्विषयक अलौकिकता पर की गई शकाओ का शास्त्रीय उत्तर एव समाधान उपस्थित करना ही इस रचना के निर्माण की मूल प्रेरणा प्रतीत होती है जो निम्नलिखित पक्तियों से स्पष्ट है।

जे पंडित सिंगार ग्रंथ मत यामैं सानैं।
ते कछु भेद न जानैं हरि कौ विषई मानैं ॥४९॥

१३८ रोला छदों मे रास का यह सैद्धान्तिक विवेचन समाप्त हुआ है। रास पचाध्यायी की कुछ प्रतियो मे इसकी पक्तियाँ भी प्रक्षिप्त मिलती है।[९७]

पदावली—पदावली के पदो की सख्या ७०० तथा ८०० के बीच मे है, इसका निर्देश किया जा चुका है। विषय की दृष्टि मे इन पदो मे पुष्टिमार्गीय वर्षोत्सव सबधी लगभग सभी प्रसगों का वर्णन मिल जाता है। यो नंददास ने बाललीला पर कोई स्वतन्त्र रचना नही की किन्तु पदो मे इस विषय का भी समावेश है। हिडोला, वसत, खडिता, मान आदि प्रसगो पर भी पर्याप्त पद प्राप्त होते है।

छीतस्वामी की रचनाएँ (सं० १५६७—१६४२)—स्फुट पदो के अतिरिक्त छीतस्वामी की कोई सम्बद्ध रचना उपलब्ध नही होती। इन पदो की संख्या के विषय में मतऐक्य नही है। डॉ० दीनदयालु गुप्त ने 'वल्लभ सम्प्रदायी छपे कीर्तन सग्रहों' मे से ६४ पदो की, जो छीतस्वामी विरचित हे, सूची दी है और मिश्र बन्धुओ के ३४ पदो के अप्राप्य संग्रह तथा जवाहरलाल चतुर्वेदी के निजी सग्रह का उल्लेख किया है।[९८] प्रभुदयाल मीतल के अनुसार, उनके रचे हुए अधिक से अधिक २०० पद प्राप्त हो सके है, जिनमे से अधिकाश कीर्तन सग्रहो में दिये हुए है।[९९] विद्याविभाग काँक-रौली ने हजारीलाल शर्मा द्वारा जो सग्रह किया गया है उसमे २३२ पद है। इस संग्रह का आधार विभिन्न हस्तलिखित पद-सग्रह है। विषय की दृष्टि से इन पदों की स्थिति अष्टछाप के अन्य कवियों की पदावली के ही समान है। कृष्णलीला से सम्बन्धित

लगभग सभी विषयों पर पद प्राप्त होते हैं इनमे दान, मान, सभोग, बाल-लीला तथा यमुना-प्रशसा प्रमुख है।

चतुर्भुजदास की रचनाएँ (स० १५९७—१६४२)—अन्य अष्टछापी कवियों की तरह चतुर्भुजदास के पदो का सग्रह भी विद्याविभाग कॉकरौली की ओर से उक्त शर्मा द्वारा किया गया है जिसमे ४३६ पद सग्रहीत है। डॉ० दीनदयालु गुप्त ने चतुर्भुजदास के अनेक हस्तलिखित पदसग्रहो का उल्लेख किया है जिनकी पदसख्या ३०० के लगभग है।[१००] कवि की प्रामाणिक रचना के रूप मे उन्होंने इन्ही को स्वीकार किया है। इनके अतिरिक्त 'दानलीला' को भी प्रामाणिक माना है, जो वास्तव मे कवि का एक लम्बा पद है। ना० प्र० सभा की खोज रिपोर्ट मे उल्लिखित 'मधुमालती', 'भक्तिप्रताप', 'द्वादशयश', तथा 'हितूज को मगल' अष्टछापी चतुर्भुजदास की रचनाएँ नही है। इनमे से अन्तिम तीन राधावल्लभीय चतुर्भुजदास द्वारा रचित है।

राधावल्लभीय सम्प्रदाय

वृदावन मे गोस्वामी हितहरिवश[१०१] द्वारा सस्थापित युगल रूप राधावल्लभ के उपासक इस सम्प्रदाय के कवियों ने भी पर्याप्त कृष्ण-काव्य का सृजन किया। १६वी शताब्दी मे हितहरिवश के अतिरिक्त उनके अनुयायी सेवक जी, व्यासजी, भगवतहित, परमानन्ददास, चतुर्भुजदास तथा झूँठास्वामी के नाम प्रमुख है। इनमे से भगवतहित, परमानन्ददास तथा झूँठास्वामी की कोई सुसम्बद्ध रचना प्राप्त नही होती। केवल स्फुट पद यत्र तत्र प्राचीन प्रतियों मे मिलते है। हितहरिवंश के पुत्र वनचंद आदि ने भी कविता की किन्तु उनके भी कतिपय स्फुट पद ही प्राप्त होते है। शेष कवियो की कृतियो का परिचय नीचे दिया जाता है।

हितहरिवंश की वाणी—ब्रजभाषा मे हितहरिवश की दो रचनाएँ प्राप्त होती है।

१ श्रीहितचौरासी २. श्रीहित स्फुटवाणीजी

ये दोनो ही प्रकाशित रूप मे उपलब्ध है। हितचौरासी मे ८४ पद सग्रहीत है जिनमे राधाकृष्ण के अनुराग, सभोग, कुजक्रीड़ा, रास, मान, नखशिख, आदि का वर्णन है। सभी पद रागबद्ध है। यह रचना हित सम्प्रदाय मे गीता भागवत की तरह पूज्य मानी जाती है और सभी साम्प्रदायिक कवियों द्वारा आदर्श रूप मे ग्रहण की गई है।

स्फुटवाणी में १५ पद, ३ सवैये, २ कुडलियाँ, २ छप्पय तथा १ अरिल्ल, इस प्रकार कुल २३ मुक्तक सग्रहीत है। यह कवि की प्रारभिक रचना प्रतीत होती है।

विषय की दृष्टि से अधिकाश पद हितचौरासी के पदों के समान है। कुछ पदो मे (११, १६) नद और वृषभानु के द्वार का आनन्दोत्सव वर्णित है। स्फुटवाणी के शेष अशो मे कृष्ण भक्ति की महत्ता का गायन किया गया है।

सेवक जी की वाणी—हितहरिवश के शिष्य सेवक जी (जन्म स० १५७०) की वाणी 'श्री हितचौरासी सेवकवाणी' के नाम से गुरु की रचना के साथ ही प्रकाशित हो चुकी है।[102] इस वाणी का विषय यद्यपि प्रधान रूप से हितहरिवश की प्रशसा है तथापि 'श्री हितरसरीतिप्रकरण' और 'श्री हितभवतभजन प्रकरण' आदि कुछ प्रकरणो मे राधाकृष्ण की कुज क्रीडा का वर्णन भी मिलता है। मिश्र-बन्धुओ ने वाणी के अतिरिक्त इनके 'भक्ति परचावली मगल' नामक ग्रथ का भी उल्लेख किया है[103] पर वह उपलब्ध नही है। सेवकवाणी के पदो तथा छदो की सख्या सीमित ही है किन्तु समस्त वाणी का विस्तार लगभग २०० मुक्तकों तक है जिसमे दोहा, छप्पय, सवैया आदि अनेक छद प्रयुक्त है।

व्यास जी की वाणी—ओडछा नरेश मधुकरशाह के गुरु हरिराम व्यास ने (जन्म स० १५६७)[104] जो हितहरिवश के सर्वप्रधान शिष्य थे, विस्तृत रूप मे काव्य रचना की। उनकी समस्त रचनाएँ 'श्रीव्यासवाणी' नाम से दो भागों मे प्रकाशित हो चुकी है। इस प्रकाशन का आधार तीन विभिन्न हस्तप्रतियाँ है। पहली में ६२७ पद, दूसरी मे ६९० पद तथा तीसरी मे, जो स० १८९० की है, ७२२ पद मिले किन्तु प्रस्तुत प्रकाशित वाणी मे पद सख्या ७५६ है और साथ मे १४६ साखियाँ और दोहे भी है।[105] यह ७५६ पद दो भागो मे विभाजित है। पहले भाग मे 'सिद्धान्त रस' के ३०१ पद है तथा दूसरे मे 'रस विहार' के ४५५ पद है।

सिद्धान्तरस के पद—इस शीर्षक के अन्तर्गत आने वाले सभी पद सिद्धान्तपरक नही है। प्रारम्भ मे वृन्दावन, मधुपुरी, यमुना, महाप्रसाद तथा नाम रूप की स्तुति तथा गुरु महिमा का वर्णन है। इसके उपरान्त श्री साधुन की स्तुति' के रूप मे समस्त प्रसिद्ध भक्तो का यश वर्णन है जो एक प्रकार से कृष्णकाव्य की सीमा से बाहर की वस्तु है। शाक्त निन्दा कलिकाल प्रवाह आदि प्रकरण भी इसी कोटि में आते है। किन्तु शेष अश किसी न किसी तरह कृष्ण भक्ति से सम्बद्ध है। विनय, विरह, मनोपदेश, भक्ति ज्ञान आदि विभिन्न विषयों के व्याज से युगलरूप की उपासना ही व्यंजित होती है।

रस विहार के पद—इन पदो मे राधाकृष्ण का कुंजविहार, शय्याविहार, जलक्रीडा, षड्ऋतुरास, षोडशश्रृंगार, नखशिख, मान, भोजनविलास, होली, हिंडोला,

विवाह आदि अनेक अनेक प्रकार से वर्णित है। **'रासपचाध्यायी'** पृथक रूप से पद्य-बद्ध की गई है जिसमे राधारास को छोडकर शेष अश भागवत के आधार पर लिखित है। राधा और कृष्ण के जन्मोत्सव से सम्बन्धित पद भी प्राप्त होते है और कुछ मे गोपाल मडली का भी चित्रण है। कतिपय पदो मे खडिता के भाव भी व्यक्त है। इन थोडे से अपवादों के अतिरिक्त सभी पदो मे राधा कृष्ण के युगलरूप का ही आलेखन हुआ है।

गौड़ीय सम्प्रदाय

ब्रज प्रदेश चैतन्य-सम्प्रदाय का प्रधान केन्द्र रहा है किन्तु जहाँ तक ब्रजभाषा कृष्ण-काव्य का प्रश्न है १६वीं शती में केवल दो कवियों की कृतियाँ ही उपलब्ध होती है। ये कवि है गदाधर भट्ट तथा सूरदास मदनमोहन। गदाधर भट्ट जीव गोस्वामी के शिष्य थे और सूरदास मदन-मोहन सनातन गोस्वामी के। ये चैतन्य के समकालीन थे।[१०६] रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार गदाधर भट्ट का कविताकाल स० १५८०—१६०० के बाद तथा सूरदास मदनमोहन का स० १५९०—१६०० के लगभग है।[१०७] स्फुट पदो के अतिरिक्त दोनों कवियों का कोई ग्रंथ प्राप्त नही होता।

गदाधर भट्ट की वाणी—'मोहिनी वाणी श्री श्रीगदाधर भट्ट जी की' के नाम से प्रकाशित इनकी सग्रहीत वाणी मे पदों के अतिरिक्त कतिपय सस्कृत के गीत तथा वृन्दावन की प्रशसा मे लिखित ५४ रोला छदों का 'योगपीठ' भी सम्मिलित है। सग्रह मे छोटे बड़े सभी प्रकार के पद है जिनकी सख्या ८० के लगभग है।

यशोदा, नद, बधाई, बन्दना, यमुना, वशी, वर्षा, वसत, होली, हिडोला आदि पर अनेक तो पद है ही किन्तु राधा कृष्ण के शृगार, रास, विलास, विवाह तथा मान का विशेष विस्तार से वर्णन किया गया है। एक दो स्थल पर श्रीकृष्ण की ब्रज-गोकुल लीलाओ का भी सदर्भ प्राप्त हो जाता है। कुछ पदों मे नाम माहात्म्य तथा दैन्य भाव भी व्यक्त है। पदो का वर्गीकरण एवं क्रम-निर्धारण उचित रूप से नही हुआ है।

सूरदास मदनमोहन की वाणी—'सुहृत् वाणी श्री श्री सूरदास मदनमोहन की' नामक प्रकाशित सग्रह मे इनके १०५ स्फुट पद उपलब्ध होते है। इनके काव्य के प्रधान विषय बाल रूप, मुरली, रास, विवाह, खंडिता, होली धमार, फाग तथा हिडोला आदि है। यो प्रारम्भ के उपदेश तथा राधा कृष्ण जन्म की बधाई के पद भी है। नखशिख, कुज विलास तथा दान मान का भी वर्णन प्राप्त हो जाता है। वर्णनात्मक शैली मे लिखा हुआ धमार का विस्तृत वर्णन (पद न० ८२, रागगौरी) एक स्वतन्त्र रचना ऐसा प्रतीत होता है।

यह सम्प्रदाय ब्रज के उक्त अन्य वैष्णव सम्प्रदायों की अपेक्षा प्राचीनतर है किन्तु १६वी शती से पहले इसमे भी कोई काव्य रचना उपलब्ध नही होती। १५वीं शती के प्रसग मे श्रीभट्ट और हरिव्यास को १६वी शती का निर्णीत किया जा चुका है। इन दो कवियो के अतिरिक्त एक कवि परशुरामदेव भी इसी शती मे प्राप्त होते है।[१०८]

निम्बार्क सम्प्रदाय

श्रीभट्ट की रचना जुगलसत—किवदन्ती के अनुसार तो यह एक सहस्र पद के रचयिता है किन्तु इनकी उपलब्ध रचना एकमात्र 'जुगलसत' ही है।[१०९] श्रीभट्ट की इस कृति मे राधा कृष्ण के युगलरूप को आलम्बन मान कर १०० पदों का निर्माण किया गया है यह शीर्षक से ही व्यजित है। पद विभिन्न प्रकार के है और उनके साथ एक एक दोहा भी समाविष्ट है जो पद का सक्षेप मात्र होता है। इन सौ पदों का विषयानुसार वर्गीकरण प्रस्तुत करने के लिये निम्नलिखित उद्धरण दे देना ही पर्याप्त होगा।

दस पद है सिद्धान्त, बीस षट ब्रजलीला पद।
सेना सुख सोलहौ, सहज सुख एक बीस हद।
आठे सख, अरु उनत बीस उच्छव सुख लहिए।
श्री जुत श्रीभटदेव रच्यो 'सत जुगल' जो कहिए।[११०]

हरिव्यास की रचना महावाणी—श्रीभट्ट के शिष्य इन हरिव्यास देव की ब्रजभाषा की केवल एकमात्र रचना महावाणी ही प्राप्त होती है जो गुरु के 'जुगलशंत' का भाष्य कहा जाता है।[१११] इस महावाणी के पॉच सुख है:—

१. सेवा २ उत्साह ३ सुरत ४. सहज ५. सिद्धान्त

सेवा सुख मे अष्टयाम सेवा का वर्णन है। उत्साह-सुख और सहज-सुख मे सभोग शृंगार का उदय, विकास एव पर्यवसान वर्णित है। सिद्धान्त सुख के अन्तर्गत उपास्य तत्व, सखीनामावली तथा महावाणी के गूढ विषयों की तालिका प्रस्तुत की गयी है। अनेक स्त्रोत भी इस रचना मे समाविष्ट है। हरिव्यास ने अपने समस्त पदों में 'श्री हरिप्रिया' की छाप दी है। 'जुगलसत' के आधार पर निर्मित होने के कारण 'महावाणी' का विस्तार भी उसी प्रकार निश्चित है।

परशुराम देव की रचना: परशुरामसागर—श्री हरिव्यास देव के शिष्य परशुराम देव की एकमात्र रचना परशुरामसागर ही उपलब्ध होती है। इस अप्रकाशित वृहत् काव्य के कतिपय अश 'निम्बार्क माधुरी' मे उद्धृत है।[११२] उसमे इस रचना का

जो विवरण दिया है उससे ज्ञात होता है कि इसमें 'बाइस सौ दोहा छप्पै, छन्द और हजारों पद हैं जो भक्ति, ज्ञान, वैराग्य, गुरुनिष्ठा, प्रेम-सम्बन्धी तथा उपदेशात्मक हैं'।[११३] जो अंश प्रकाशित हैं उनमें श्रृंगार विषयक पदों का नितान्त अभाव है केवल भक्त, विनय, आत्मनिवेदन तथा ज्ञान वैराग्य की चर्चा है। निम्बार्क माधुरी में परशुराम सागर से १०० दोहे तथा ३३ पद उद्धृत हैं।

१६वीं शती में इस सम्प्रदाय के प्रवर्तक तथा तानसेन के गुरु स्वामी हरिदास के अतिरिक्त उनके शिष्य विट्ठल विपुलदेव और प्रशिष्य विहारिन देव के द्वारा काव्य रचना हुई। स्वामी हरिदास का कविता काल सम्वत १६००—१६१७ के लगभग माना जाता है।

हरिदासी सम्प्रदाय

स्वामी हरिदास की रचना—इनकी रचनाओं के विषय में हिन्दी के इतिहासकार एक मत नहीं हैं। डॉ० रामकुमार वर्मा के अनुसार इनके अनेक संग्रह प्राप्त हुए हैं जिनमें 'हरिदास जी की बानी' और 'हरिदास जी के पद' प्रमुख हैं।[११४] रामचन्द्र शुक्ल ने तीन निम्नलिखित रचनाओं का उल्लेख किया है :[११५]

१. हरिदास जी को ग्रंथ
२. स्वामी हरिदास जी के पद
३. हरिदास जी की बानी

मिश्र बन्धुओं ने 'भरथरी वैराग्य' नामक रचना को हरिदास कृत माना है।[११६] उक्त सभी रचनाओं का इतिहासकारों द्वारा केवल उल्लेख मात्र प्राप्त होता है। किसी ने उनकी रूपरेखा तथा परिचय प्रस्तुत नहीं किया। वास्तव में इनकी दो रचनाएँ उपलब्ध होती हैं जो पदावली के रूप में हैं। पहली रचना में १८ 'सिद्धान्त के पद' हैं तथा दूसरी 'केलिमाल' नामक रचना में युगल रूप राधाकृष्ण के नित्यविहार, नखशिख, मान, दान, होरी तथा रास आदि विषयों के १०८ पद हैं।[११७] ये दोनों रचनाएँ 'निम्बार्क माधुरी' में प्रकाशित हैं। वियोगीहरि ने भी इन्हीं दोनों रचनाओं की चर्चा की है किन्तु पद संख्या क्रमशः १९ तथा ११० दी है और नाम 'केलिमाल' के स्थान पर 'केलिमाला'। डॉ० दीनदयाल गुप्त ने कदाचित् इन्हीं का 'साधारण सिद्धान्त' तथा 'रास के पद' नाम से उल्लेख किया है।[११८]

इन रचनाओं में सर्वत्र 'श्री हरिदास' अथवा 'हरिदास' की छाप मिलती है अतः नाभा जी के कथन 'रसिक छाप हरिदास की' की सार्थकता सिद्ध नहीं होती। उनके 'अवलोकत रहे केलि सखी सुख को अधिकारी' से 'केलिमाल' नाम की व्यंजना होती है जिसमें सखी भाव स्पष्ट है।

विट्ठल विपुलदेव की रचनाएँ—इनकी कोई संबद्ध रचना प्राप्त नहीं होती। केवल चालीस स्फुट पद उपलब्ध होते हैं। इन पदो मे श्री राधाकृष्ण के नित्य विहार सम्बन्धी विषयों का वर्णन है।[119] ३९ पद निम्बार्क माधुरी मे प्रकाशित है।

विहारिनदेव की रचनाएँ—इनके द्वारा निर्मित ७०० दोहे और ३०० के लगभग पद प्राप्त होते है जिनकी रचना भक्ति, ज्ञान, वैराग्य, नीति, उपदेश, आचार्य निष्ठा, श्रृंगार आदि विविध विषयो पर हुई है।[120] जहाँ तक दोहो का प्रश्न है वे प्रकाशित रूप में उपलब्ध नही होते किन्तु पदों मे से ९० पद संकलित करके निम्बार्क माधुरी मे प्रकाशित कर दिये गये है।

इस वर्ग मे १६वी शती के वे सभी कवि आ जाते हैं जिन्होंने उक्त किसी सम्प्रदाय की सीमा मे रह कर कृष्ण काव्य की रचना नही की। ऐसे कवियों के भी दो वर्ग है। प्रथम वर्ग के कवियो की रचनाएँ स्वतन्त्र रूप मे प्रेरणा पाकर कृष्ण-भक्ति अथवा कृष्ण-यशगान के उद्देश्य से लिखी गई हैं किन्तु द्वितीय वर्ग के कवियों ने रीति अथवा नायिका-भेद के ग्रथो के उदाहरण प्रस्तुत करने की दृष्टि से कृष्ण-काव्य की रचना की। प्रथम श्रेणी मे मीरां, तुलसी, रहीम और नरोत्तमदास प्रमुख है तथा द्वितीय मे कृपाराम, केशवदास, गग और आलम। नीचे इन समस्त कवियो की रचनाओं का परिचय दिया जाता है।

सम्प्रदाय-मुक्त कवि

प्रथम वर्ग के कवियों की रचनाएं—ब्रजभाषा मे मीरा के स्फुट पद ही प्राप्त होते हैं। इन पदों के अनेक सग्रह प्रकाशित हो चुके है[121] जिनमे परशुराम चतुर्वेदी का 'मीराबाई की पदावली' तथा महाबीरसिह गहलौत का 'मीरा जीवनी और काव्य' विशेष महत्वपूर्ण है। चतुर्वेदी द्वारा प्रस्तुत सग्रह मे शताधिक पद सुसपादित एव वर्गीकृत रूप मे प्राप्त होते हैं तथा गहलौत के सग्रह का महत्व १०८ पदो मे ४० अप्रकाशित पदो को पहली बार प्रकाश मे लाने के कारण है। प्रस्तुत लेखक को भी मीरां के कतिपय अप्रकाशित पद प्राप्त हुए जो मीरास्मृतिग्रंथ मे प्रकाशित हो चुके है।[122] इस ग्रथ मे ललिताप्रसाद शुक्ल ने डाकोर वाली सं० १६४२ की हस्तप्रति से ६९ तथा काशीवाली हस्तप्रति से ३४ पदों को मुद्रित कराया है जिनकी भाषा प्राचीन राजस्थानी है। इसके विषय मे विशेष विचार भाषा के प्रसंग मे किया जायेगा।

मीरां

विषय की दृष्टि से मीरां के उपलब्ध पद मुख्यतया तीन निम्नलिखित भागो में विभाजित किये जा सकते है:

१. स्वचरित सम्बन्धी पद
२. निर्गुण भक्ति परक पद
३. सगुण भक्ति परक पद

अन्तिम भाग के अन्तर्गत मीरा का श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम, विरह, मिलन, आत्म-निवेदन आदि भावो से प्रेरित होकर लिखे गये तथा 'रूपवर्णन' होली, वसत, दान, मान, कुज क्रीडा, पनघट आदि विषयो पर लिखित सभी पद आ जाते हैं।

तुलसीदास

तुलसीदास की समस्त रचनाओ मे कृष्णविषयक केवल एक रचना 'कृष्णगीतावली' ही उपलब्ध होती है। यह रचना 'तुलसी ग्रथावली' तथा 'तुलसी रचनावली' दोनो मे प्रकाशित है। कवि की गीतावली मे जिस प्रकार राम सम्बन्धी पद सग्रहीत हैं उसी प्रकार इस श्रीकृष्ण-गीतावली मे कृष्ण सम्बन्धी ६१ पद सग्रहीत हैं। इन पदो मे कृष्ण के बाल रूप तथा भ्रमरगीत का विशेष रूप से वर्णन मिलता है। कुछ पदो मे ब्रजलीला, रास तथा नखशिख का भी वर्णन है।

रहीम

अब्दुर्रहीम खानखाना की रचनाओं में से केवल दो रचनाएँ, १ मदनाष्टक तथा २ **रासपंचाध्यायी** कृष्ण-काव्य के अन्तर्गत आती हैं किन्तु इनमे से पहली रचना मे मात्र आठ चौपदे हैं तथा दूसरी के केवल दो पद ही उपलब्ध होते हैं।[१२३]

नरोत्तमदास

इनकी कृष्ण सम्बन्धी एकमात्र रचना 'सुदामाचरित' है जो अनेक स्थलों से प्रकाशित हो चुकी है। रचना का विषय शीर्षक से प्रकट है। यह एक सुप्रसिद्ध खडकाव्य है जिसमे दोहा, कवित्त, सवैया, छद मे सम्बद्ध रूप से कृष्ण-सुदामा मिलन की सारी कथा वर्णित है।

द्वितीय वर्ग के कवियों की रचनाएँ—इस वर्ग मे कृपाराम की 'हिततरगिनी', केशवदास की 'कविप्रिया' तथा 'रसिक प्रिया' और आलम-शेख की 'आलमकेलि' जैसी रचनाएँ आती हैं। इन रचनाओ मे लक्षणो के उदाहरण रूप मे प्रस्तुत मुक्तकों मे राधाकृष्ण की विविध शृंगार लीलाओ का वर्णन प्राप्त होता है। गग के नाम से उपलब्धकृष्ण सम्बन्धी कतिपय कवित्त भी इसी श्रेणी मे आते हैं।

ये सभी रचनाएँ प्रकाशित हैं।

१७वीं शती—गुजराती

१६वी शती की तरह इस शती मे भी बहुसख्यक कवि ऐसे मिलते है जिन्होंने कृष्ण सम्बन्धी काव्य रचना की। इनमे से अनेक को पहली बार प्रकाश मे लाने का श्रेय शास्त्री को है। चित्र न० ४ के देखने से विदित होता है कि उन्ही के द्वारा सर्वाधिक

कवियों का उल्लेख हुआ है । किसी कवि का सभी इतिहासकारों ने परिचय नही दिया ।[१२४] झावेरी ने देवीदास, शिवदास तथा नरहरि, इन तीन अन्य कवियो का परिचय दिया है और मुशी ने शिवदास एव रत्नेश्वर का । रत्नेश्वर का उल्लेख त्रिपाठी ने भी किया है । देवीदास और शिवदास तारापोरवाला के SCGL मे भी मिलते है । माधवदास तक के सभी कवि तथा केशवदास वैष्णव शास्त्री द्वारा उल्लिखित हुए है । विष्णुदास का भी किसी ने परिचय नही दिया है । चित्र न० ३ के अनुसार आगे निम्नलिखित १५ कवियो तथा उनके काव्यो का सक्षिप्त परिचय क्रमश. दिया गया है ।

१.	लक्ष्मीदास	९.	फाग
२.	देवीदास	१०.	माधवदास
३	शिवदास	११.	प्रेमानद
४.	भाऊ	१२.	रत्नेश्वर
५	वैकुठदास	१३	विष्णुदास
६	परमाणद	१४.	केशवदास वैष्णव
७	कृष्णदास	१५.	रविदास
८	नरहरिदास		

लक्ष्मीदास

लक्ष्मीदास ने अपने 'गजेन्द्रमोक्ष' मे रचना समय स० १६३९ तथा 'चन्द्रहासाख्यान' मे स० १६४७ दिया है जिससे उनका १६वी शती मे होना सिद्ध होता है परन्तु उनके जिस 'दशमस्कध' के कारण उन्हे प्रस्तुत अध्ययन मे स्वीकार किया गया है उसका रचनाकाल स० १६७४ है ।[१२५] एक हस्तप्रति मे सं० १६०४ भी दिया है जो सदिग्ध है ।[१२६] दशमस्कध एक तो उनकी प्रारम्भिक रचना नही लगती दूसरे उनका काव्यकाल स० १६७४ के आसपास तक माना भी जाता है क्योकि उनकी एक छोटी रचना 'ज्ञानबोध' स० १६७२ मे रची गयी मिलती है ।[१२७] अतएव स० १६७४ की प्रामाणिक एव सभव प्रतीत होता है । ऐसी दशा मे लक्ष्मीदास को १७वी शती के अन्तर्गत स्वीकार करना अनुचित नही है ।

रचनाएँ : दसमस्कंध, स्फुट पद—लक्ष्मीदास की कृष्णपरक रचनाओ मे उनका 'दशमस्कध' तथा कुछ स्फुट पद ही आते है । शेष रचनाओ मे कुछ आख्यान काव्य है जो प्रस्तुत विषय की सीमा से बाहर है ।

दशमस्कंध—लक्ष्मीदास की रास पचाध्यायी के भालणकृत दशमस्कंध मे प्रक्षिप्त रूप मे पाये जाने का उल्लेख भालण के प्रसग मे हो चुका है । वह पचाध्यायी इसी

दशमस्कध का एक अश है। यह दशमस्कध अभी अप्रकाशित है। १९५ कडवो में भागवत दशमस्कध के ९० अध्यायो का अनुवाद किया गया है।

स्फुट पद—रामविषयक पदो की तरह इनके कुछ पद कृष्णविष्यक भी प्राप्त होते हैं जो मुख्यतया स्तुति रूप है। चार मुक्तक सवैये भी मिलते है। इन स्वतन्त्र स्फुट रचनाओ की भाषा मिश्रित है।[१२८]

देवीदास

देवीदास के समय का उल्लेख उनकी रचना 'रुक्मिणीहरण' के अन्तिम कड़वे मे मिल जाता है।[१२९] उससे ज्ञात होता है कि उनका काव्य-काल स० १६६० के लगभग रहा है। स० १६७५ की तो हस्तप्रति ही प्राप्त होती है।

रचनाएँ—इस कवि की लगभग सभी रचनाएँ भागवत पर आधारित है और कृष्णविषयक है। तीस कडवो की रचना 'रुक्मिणीहरण' बृहत् काव्यदोहन, भाग छठुं मे प्रकाशित है। 'भागवतसार' तथा 'रासपचाध्यायी नो सार' मे प्रथम अप्रकाशित है और दूसरी बृहत् काव्यदोहन भाग ८ मु मे छपी है। रचनाओ के विषय नाम से ही स्पष्ट है।

शिवदास

शिवदास का काव्य-काल देवीदास के काव्य काल के समानान्तर ही रहा है जो उनकी अनेक रचनाओ मे दिए हुए समय से प्रमाणित होता है।[१३०] स० १६६७–७७ तक के समय मे उन्होने अपनी विभिन्न कृतियो का सृजन किया।

रचना . बालचरित—शिवदास आख्यानकार थे। उनकी मात्र एक रचना 'बाल चरित्र' कृष्ण काव्य के अन्तर्गत आती है। भागवत का आधार लेकर कवि ने इसे 'दीन त्रण्य' मे ही 'पदबंध' कर दिया। रचना कडवाबद्ध और वर्णनात्मक है तथा अभी तक अप्रकाशित है।

भाऊ

भाऊ का काव्यकाल स० १६७६—७९ के लगभग निश्चित है।[१३१] शिवदास की तरह भाऊ भी आख्यानकार ही थे।

रचना : पांडवविष्टि—कृष्ण से सम्बन्धित इनकी एक रचना 'पाडवविष्टि' ही प्राप्त है। यह प्राचीन काव्य त्रैमासिक १८९० अक ३, मे प्रकाशित है। रचना का विषय कौरवों पांडवो के बीच कृष्ण का दूतत्व है।

इस कवि के समय के सम्बन्ध मे कुछ भी ज्ञात नही है । कवि अपनी रचना के प्रारभ मे 'श्रीगोकुल चदनि' को प्रणाम करता है जिससे उसे गोकुलनाथ का शिष्य

बैकुंठदास

मान कर १७वी शती वि० के उत्तरार्ध मे स्वीकार किया है ।[१३२] गोकुलनाथ की शिष्यता के विषय मे शास्त्री ने अन्य प्रमाण नही दिये है अतएव कुछ निश्चयपूर्वक नही कहा जा सकता फिर भी भाषा और वस्तु के आधार पर कवि १७वी शती का ही प्रतीत होता है ।

रचना : रासलीला—कवि की एकमात्र उपलब्ध रचना 'रासलीला' है जो अप्रकाशित है । विषय कृष्ण और गोपियो का रासप्रसग है जो सक्षिप्त रूप मे वर्णित है ।

फार्ब्स गुजराती सभा मे परमाणद के 'हरिरस' नामक काव्य की जितनी भी

परमाणंद

प्रतियाँ है उनसे ज्ञात होता है कि इसका रचनाकाल स० १६८९[१३३] है । गुजराती प्रेस की प्रति मे स० १५०९ है जो पूर्णत. असत्य है । परमानद का समय निस्सदेह १७वी शती के अन्तर्गत ही आता है ।

रचना : हरिरस—इनकी केवल एक कृति हरिरस ही प्राप्त है । इसका आधार भागवत का दशम और एकादश स्कध है । सारी रचना १२ वर्गो मे विभाजित है । शैली वर्णनात्मक है । कुछ प्रसग अत्यन्त सक्षिप्त कर दिये गये है और कुछ विस्तृत । अनुवाद पर विशेष आग्रह नही है । यह अभी अप्रकाशित है ।

स० १६७३ मे रचित 'सुदामाचरित' स० १७०१ मे रचित 'मामेरु' तथा स०

कृष्णदास

१७०३ की रचना 'हुंडी' के आधार पर कृष्णदास का काव्य काल १७वी शती ही स्थिर होता है ।[१३४]

रचनाएँ—'सुदामाचरित', 'रुक्मिणी विवाह' तथा 'रुक्मिणी हरण हमचडी' यही तीन रचनाएँ ऐसी है जो कृष्ण से सम्बन्धित है ।[१३५]

सुदामाचरित—१५ कड़वों की यह आख्यानात्मक रचना अभी अप्रकाशित है । विषय शीर्षक से ही स्पष्ट है ।

रुक्मिणी विवाह—कृष्णदास के नाम से प्रसिद्ध इस सक्षिप्त रचना मे अनेक कवियो के पद सग्रहीत है । यही नही कुछ प्रक्षिप्त पद ऐसे भी है जिनका प्रसग से कोई सम्बन्ध ही नही है । अन्तिम पाँच पद वल्लभ नामक कवि के है और उन्हें

सुगमता से 'राधाविवाह' शीर्षक दिया जा सकता है। 'कृष्णोदास' की छाप प्रारम्भिक पद और पाचवे, छठे तथा सातवे कडवे मे ही है । दूसरे कडवे मे सूरदास का 'विप्र-कोउ द्वारका पे जाय' पद, तीसरे मे 'विजयो' का चौथे मे 'जन रघुनाथ' का तथा आठवे मे अन्तिम 'टपा' पीताम्बर का है । 'कृष्णोदास' छाप वाले पदों की भाषा भी ब्रज मिश्रित है। ऐसी स्थिति मे इस रचना को किसी एक कवि की कृति कहना समुचित नही लगता । पर जो पद कृष्णदास के इसमे है उनको 'रुक्मिणी विवाह' कहना अनुपयुक्त नही । रागबद्ध पदो के कारण ही कदाचित् इसके प्रकाशक श्री काशीराम करसन जी ने इसकी सज्ञा 'श्री रुक्मिणी विवाहना पदो' दे दी। 'वैष्णवों ने त्या विवाहोत्सव प्रसगे गवाता' लिखकर प्रकाशक ने इसकी लोक प्रियता की ओर सकेत किया है ।

रुक्मिणीहरण हमचडी—सदेह के लिए थोडा-सा स्थान देते हुए भी शास्त्री हमचडी को शिवदाससुत कृष्णदास की ही रचना मानने के पक्ष मे है । उन्होंने ग्रथारभ मे आये हुए दामोदर के स्मरण की समता लेखक की अन्य रचनाओं से दिखाते हुए अपनी-अपनी उक्त धारणा व्यक्त की है।[१३६] रचनाकाल की दृष्टि से ऐसा मानने मे कोई व्याघात नही उपस्थित होता ।

यह रचना अप्रकाशित है । 'हमची' 'हमाचडी', हमचडी' आदि शब्द इसके एक विशेष प्रकार से गेय होने का बोध कराते है । ५३ कडी की यह सक्षिप्त कृति कवि की अन्य रचनाओ की अपेक्षा निम्नकोटि की है ।

नरहरिदास

नरहरिदास का समय उनकी अनेक गीताओ मे दिये सवतो से पूर्णतया निश्चित हो जाता है । ज्ञानगीता मे स० १६७२, वासिष्ठगीता मे स० १६७४ और भगवद्गीता मे स० १६७७ दिया है ।[१३७] इस प्रकार इनका १७वी शती मे होना असदिग्ध है ।

रचनाएँ : आनंदरास, गोपीउद्धव संवाद—नरहरि मुख्यतया ज्ञानमार्गी कवि थे फिर भी दो रचनाएँ कृष्ण से सम्बन्धित मिलती है, आनदरास और गोपीउद्धव सवाद। दोनो अप्रकाशित है ।

आनंदरास—इसका विषय कृष्ण की रासलीला से नितान्त भिन्न है । कवि ने सारी रचना मे आनद स्वरूप, परब्रह्म कृष्ण की भक्ति, सतसंग तथा प्रपचत्याग की महिमा का गान किया है । २५ कड़ियो की यह छोटी सी रचना ज्ञानपरक होने के कारण अपना स्वतन्त्र महत्व रखती है ।

गोपी उद्धव संवाद—'हरिगुरु सत प्रसादे करी गाये ते रगभरे रास रे' कह कर नरहरिदास इसे भी आनदरास की तरह रास शैली मे रचित स्वीकार करते है। रचना का आधार भागवत का गोपीउद्धव सवाद होते हुए भी कवि ने अपने ज्ञानमार्गी होने के कारण उद्धव के तर्कों को विस्तार एव मनोयोग से लिखा है। रचना छोटी और वर्णनात्मक है।

फांग

फाग के एकमात्र काव्य 'कसोद्धरण' की उपलब्ध प्रतिलिपि मे प्रतिलिपि-काल स० १७५९ तथा रचनाकाल स० '१६९७ फागण सुदी १२ बुधवार, विजय-सम्वत्सर' दिया हुआ है। अतएव फाग को १७वी शती के अन्तर्गत ही स्वीकार करना होगा। जो तिथि दी है वह गणना से शुद्ध है केवल सम्वत्सर 'विजय' नही आता है।

रचना : कंसोधारण—कवि ने स्वय अपनी रचना का नाम 'कसोधारण' दिया है जिसे शुद्ध करके शास्त्री ने 'कसोद्धारण' लिखा है।[१३८] शीर्षक से विषय केवल कस के उद्धार तक ही सीमित प्रतीत होता है परन्तु कवि ने वास्तव मे कस-वध तक की समस्त कृष्णलीलाओं का प्रसगान्तर से समावेश कर लिया है। यही नही कसवध के बाद की कतिपय घटनाओ का भी उल्लेख है। शैली की दृष्टि से रचना वर्णनात्मक एवं कड़वाबद्ध है और अभी अप्रकाशित है।

माधवदास

माधवदास ने अपनी रचना 'दशमस्कध' का रचनाकाल स० १७०५ दिया है जिससे उनका काव्यकाल १७वी शती मे ही निश्चित होता है।[१३९]

रचना : दशमस्कंध—कृष्ण सम्बन्धी इनकी एक रचना दशमस्कध ही प्राप्त है। यह भागवत दशम का अनुवाद मात्र है। कवि ने स्वतन्त्र रूप से कुछ परिवर्तन परिवर्धन नही किया है।

प्रेमानंद

नरसी की तरह ही प्रेमानद के जीवन और रचनाओं को लेकर गुजराती विद्वानो मे पर्याप्त विसवाद चलता रहा। जिसका अन्त अभी तक नही हो सका है। पर जहाँ तक उनके जीवनकाल का सम्बन्ध है, विशेष मत-भेद नही है। चित्र न ४ से विदित होता है कि झावेरी, तारापोरवाला और मुंशी के मत से इनका जीवन काल सन् १६३६—१७३४ निश्चित है। शास्त्री ने दूसरे ढग से विचार करके प्रेमानंद का जन्मकाल स० १७०० के लगभग माना है जिसमे केवल कुछ ही वर्षो का अतर पड़ता

है । शास्त्री का मत प्रेमानद के तिथियुक्त बारह ग्रथो पर आश्रित है । इनमे सर्व-प्रथम रचना 'ओखाहरण' स० १७२२–२३ की है और अन्तिम 'रणयज्ञ' स० १७४६ की ।[१४०] १७वी शती ई० की सीमा स० १७५७ तक जाती है अतएव इन तिथि-युक्त ग्रथो का निर्माणकाल इसी शती मे आता है । इस विषय मे सभी विद्वान एकमत है कि प्रेमानद का अधिकाश काव्यकाल १७वी शती ई० की सीमा मे ही है ।

रचनाएँ—यो तो प्रेमानद की रचनाएँ बहुसख्यक है परन्तु उनमे कृष्णपरक बहुत अधिक नही है । प्रेमानन्द की केवल निम्नलिखित रचनाएँ ही प्रस्तुत अध्ययन के अन्तर्गत आती है ।

१.	रुक्मिणी हरण	६	भ्रमरगीता
२.	रुक्मिणीहरण ना सलोको	७.	भ्रमरपचीशी
३	बाल लीला	८.	मास
४	व्रजवेलि	९	सुदामाचरित
५.	दाणलीला	१०	दशमस्कध (मोटो)

यहाँ दशमस्कध के समाविष्ट करने पर कुछ आपत्ति की जा सकती है क्योंकि शास्त्री उसे प्रेमानद के काव्यकाल के अन्तिम अश की रचना मानते है ।[१४१] इस विषय मे उन्होंने जो तर्क उपस्थित किये है वे अनुमान पर अधिक आधारित है । दशमस्कध मे रचना समय दिया नही है अतएव कुछ निश्चयपूर्वक कहना कठिन है । ऐसी स्थिति मे इस रचना की महत्ता देखते हुए तथा स्पष्ट विरोधी प्रमाणों के अभाव मे इसे प्रस्तुत अध्ययन मे स्वीकार कर लिया गया है । प्रेमानन्द के नाम से एक 'नानु दशमस्कध' भी प्रचलित है परन्तु वस्तुतः वह उनकी रचना सिद्ध नही होता । इस विषय के प्रमाण दशमस्कध का परिचय देते हुए प्रस्तुत किये जायेगे । मास को छोडकर उपर्युक्त सभी रचनाओं को शास्त्री ने प्रेमानद की शकारहित कृतियो की कोटि मे स्वीकार किया है साथही व्रजवेलि को बाललीला से पृथक नही माना है ।[१४२] इन रचनाओं के अतिरिक्त मुंशी ने 'भगवद्गीता' का भी उल्लेख किया है ।[१४३] अम्बालाल बुलाकीराम जानी ने भी 'भागवत सम्पूर्ण' का नाम गिनाया है ।[१४४]

रुक्मिणीहरण ना सलोको, बाललीला, व्रजवेलि, भ्रमरगीता तथा मास को मुंशी द्वारा दी गयी प्रेमानद के काव्यों की सूची मे सम्मिलित नही किया गया है ।[१४५] शास्त्री ने 'प्रेमानद, एक अध्ययन' में जो सूची दी है उसमे उक्त अन्य रचनाएँ तो है

पर 'मास' सम्मिलित नही है । गु० ह० मकलितयादी मे अवश्य शास्त्री ने 'महिना' नाम से मास का उल्लेख किया है ।[१४६] पर यह सूची भी पूर्ण नही कही जा सकती क्योकि ब्रजवेलि का समावेश इसमे नही मिलता । थूथी ने मास की सत्ता 'बार मास नो बिरह' नाम से स्वीकार की है ।[१४७] ब्रह्मानद, शिवानद तथा अन्य प्रेमानद के पद प्रक्षिप्त हो जाने से इसके कर्तृत्व के विषय मे शका की गयी परन्तु विचार करने पर ज्ञात होता है कि यह वास्तव मे प्रेमानद की ही रचना है । के० ह० ध्रुव ने इसे सम्पादित करके गु० व० सो० के 'बुद्धि प्रकाश' मे प्रकाशित किया। प्रेमानद की उपर्युक्त रचनाओ मे मास के अतिरिक्त, रुक्मिणीहरण, दशमस्कध, दाणलीला, भ्रमर-पचीशी, भ्रमरगीता तथा सुदामाचरित भी प्रकाशित हो चुके है । ब्रजवेलि, रुक्मिणी हरण ना सलोको, बाललीला तथा भ्रमरगीता अभी अप्रकाशित ही है । नीचे प्रेमानद की स्वीकृत रचनाओं का सक्षिप्त परिचय क्रमश. दिया गया है ।

रुक्मिणीहरण—इस रचना मे रुक्मिणी और कृष्ण के विवाह की कथा को अनेक पुराणों का आधार लेकर वर्णित किया गया है । यह एक आख्यान काव्य है जिसमे कुल २५ कडवे है । बीच बीच मे पद भी मिलते है । यह प्राचीन काव्यमाला, ग्रथ १४ मे प्रकाशित है ।

रुक्मिणीहरण ना सलोको—इस रचना का विषय भी रुक्मिणी-कृष्ण-विवाह ही है । एक प्रकार मे यह 'रुक्मिणीहरण' का सक्षेप-सा है जिसे कवि ने स्वय स्वीकार किया है ।[१४८] रचनाकाल स० १७४० दिया हुआ है ।[१४९]

बाललीला—यह केवल एक लम्बा-सा पद है, ग्रथ नही । यशोदा नाना प्रकार की बाते कह कह कर कृष्ण को जगाने का प्रयत्न करती है । सारी बाललीलाएँ प्रसगान्तर से आ जाती है । यह दीर्घ पद कदाचित् कृष्णविषयक लिखे रास का अवशिष्ट है क्योकि शीर्ष स्थान पर हस्तप्रति मे 'कृष्ण ना रास मा थी बाललीला' दिया हुआ है ।[१५०]

ब्रजवेलि—ब्रजवेलि मे प्रेमानद ने दशमस्कध की लीला का सक्षेप मे वर्णन किया है । यह कवि के 'सक्षेपे दशम लीला कही विस्तारी जी' कथन से भी प्रमाणित होता है । इस रचना का वस्तुविधान स्वतन्त्र है अत इसे बाललीला के अन्तर्गत मानना भ्रामक है ।

दाणलीला—राधा तथा उनकी सखियों से कृष्ण द्वारा दधिदान लिये जाने की कथा को आख्यान का रूप देकर इस काव्य की रचना की गयी है। रचना छोटी ही है और इसमे कुल १५ अश है । १३ तक कडवाबद्ध है और १४वे तथा १५वे अंशों मे पद है । यह बृहत् काव्य दोहन भाग १ लु० मे प्रकाशित है ।

भ्रमरगीता—भागवत के भ्रमर प्रसग पर आधारित प्रेमानद की रचनाएँ कई रूपो मे प्राप्त होती है अतएव उनके यथार्थ रूप का निश्चय करना सरल नही है। प्राचीन काव्य सुधा, भाग १ लु, मे प्रकाशित भ्रमरगीता को सकलितयादी मे 'नानी' विशेषण के साथ दिया गया है।[१५१] यह कदाचित् इसलिए कि इसका मूल 'नानु' दशमस्कध मे प्राप्त होता है। इस दशमस्कध मे प्राप्त भ्रमरगीता मे प्रेमानद की छाप है और भाषा, शैली आदि के आधार पर भी कर्तृत्व के विषय मे कोई शका नही उठती। किन्तु 'नानी भ्रमरगीता' और प्रा०का० सुधा मे प्रकाशित भ्रमरगीता एक होते हुए भी कुछ भिन्नता रखती है। पहली मे दूसरी की अपेक्षा कुछ पक्तियाँ अधिक है यद्यपि इन पक्तियो मे भ्रमरगीता का कुछ भी सदर्भ नही है। इनमे कृष्ण के जन्म से लेकर अध्ययन काल तक का वर्णन करते हुए भ्रमर प्रसग से पहले तक की सारी कथा समाविष्ट है।

दूसरी ओर इस भ्रमरगीता की तुलना प्रेमानद के मोटु दशमस्कध के भ्रमर प्रसग से करने पर ज्ञात होता है कि यह एक प्रकार से उसका पूर्व रूप जैसी है। दोनो मे पर्याप्त समानता है। सभवत नानु दशमस्कध की भ्रमरगीता का ही परिवर्धित एव पुनर्निमित रूप मोटु दशमस्कध मे रख दिया गया है। कथा के रूप मे अनेक परिवर्तन हो गये है फिर भी कुछ वर्णन लगभग एक जैसे ही है। कुछ पद तो ज्यो के त्यों समाविष्ट कर लिये गये है। मोटु के १२७, १३१, १३२ और १३३वे कडवो में आये पद क्रमश· नानु के ३, ९, १०, ११ और १२वे कड़वों मे आये पदो के समान है। बड़ी भ्रमरगीता मे 'भ्रमरगीता समाप्त' लिखकर अत का निर्देश भी कर दिया गया है जिससे ज्ञात होता है कि दशमस्कध के अन्तर्गत होकर भी यह एक स्वतन्त्र एव अपने मे पूर्ण रचना है। छोटी भ्रमरगीता मे ऐसा कोई निर्देश नही है।

इस प्रकार सभी गीताओं को देखने से स्पष्ट हो जाता है कि प्रेमानद ने भ्रमरगीता को उत्तरोत्तर परिवर्धित करके कई बार लिखा।

भ्रमरपचीशी—यह भी विषय की दृष्टि से एक भ्रमरगीता ही है केवल नाम और आकार का भेद है। कवि ने 'सवाद उद्धव ब्रज वनिता नो भ्रमरगीता नो भाषु जो' लिखकर इस वस्तुगत अभेद को स्वीकार भी किया है। इसकी हस्तप्रति का प्रारंभ 'अथ भ्रमरपचीसी लखी छे' के द्वारा होता है और अत 'इति भ्रमरगीता सम्पूर्ण समाप्त' के द्वारा।[१५२] इस प्रकार दोनो ही नाम सभाव्य है। छद सख्या को विषय के साथ सम्बद्ध करके नामकरण करने की प्रथा भी प्राचीन है अतएव सभव है कि प्रेमानद ने 'भ्रमरपचीसी' नाम दे दिया हो। इसके २५ पदों मे अनेक पद ऐसे है जो पूर्वोल्लिखित भ्रमरगीताओं मे प्राप्त हो जाते है। प्रारभिक अश

समेत आठ पद तथा १५वाँ, १८वाँ और २४वाँ पद नवीन रचना है किन्तु शेष सभी पद नानी भ्रमरगीता मे भी है।

मास—अतिम पक्ति 'भट प्रेमानद मास गाये' के अनुसार 'मास' नाम ही उचित प्रतीत होता है यद्यपि 'द्वादश मास', 'बार मास' 'मास बार', 'सुरति महीना', 'सुरति-मास' तथा 'मास सुरती' आदि अनेक नाम विभिन्न हस्तप्रतियो मे मिलते है। इसमे अनेक कवियो के पद प्रक्षिप्त होने का उल्लेख पहले किया जा चुका है। संभवत. यह कवि की प्रारंभिक कृतियो मे से है। प्रतिलिपिकार के जैन साधु होने से इसकी व्यापक लोकप्रियता सिद्ध होती है।

इस 'मास' काव्य मे कवि ने प्रत्येक मास की प्राकृतिक उद्दीपन सामग्री से वातावरण चित्रित करके राधा के मन पर होने वाली विविध प्रतिक्रियाओं का वर्णन किया है। सारी रचना बारह अशो मे विभाजित है और प्रत्येक अश मे १६ पक्तियाँ है। हर अश क्रम का निर्वाह करते हुए भी अपने मे स्वतन्त्र है।

सुदामाचरित—आख्यान के रूप मे लिखी हुई यह रचना अधिक बड़ी नही है। कथानक का आधार भागवत होते हुए भी इसमे अनुवाद नही किया गया है। कल्पना द्वारा वर्णनो को विस्तार दिया गया है। प्रेमानद ने इसकी रचना नदरबार मे की थी। बृ० का० दोहन भाग १ लुं के अतिरिक्त और भी कई व्यक्तियों ने इसे प्रकाशित किया।[153] इसका रचनाकाल निश्चित नही है। किसी प्रति में सं० १७०५, किसी मे स० १७४८ और किसी मे स० १७३२ या स० १७३८ मिलता है।[154] गुजरात मे प्रति शनिवार की सध्या को इसके पाठ का प्रचलन है।[155]

दशमस्कंध—रचना के नाम के साथ यहाँ 'मोटु' विशेषण नही लगाया गया है क्योकि उसकी आवश्यकता 'नानु दशमस्कध' की सापेक्षता के कारण हुई थी जिसके रचयिता प्रेमानद नही सिद्ध होते। प्रेमानद का यह दशमस्कंध एक अपूर्ण रचना है। शेष भाग को उनके शिष्य सुन्दर ने पूर्ण किया। प्रेमानद की रचना कहाँ तक है यह विवादग्रस्त है। ५३वे अध्याय के १६१ वे कड़वे तक प्रेमानन्द की छाप मिलती है किन्तु १६२ से १६५ तक के कडवो को भी उन्ही की रचना कहा जाता है। इस ग्रथ के सशोधक एव प्रकाशक इच्छाराम सूर्यराम देसाई ने अनेक कारण देकर निष्कर्ष रूप मे लिखा है कि 'आ १६५ मा सूधीनी सर्व कृति प्रेमानद नी निर्विवाद ठरे छे।[156] प्रेमानद अपनी इस रचना मे अनन्य राम-भक्त के रूप मे सम्मुख आते है। 'विवेक वणझारो' तथा 'रणयज्ञ' की तरह इस ग्रथ का प्रारंभ भी राम की ही वंदना से होता है। 'रामचरण कमल मकरद, लेवा इच्छे प्रेमानंद'। इस

पक्ति को बीच-बीच मे लिखकर उन्होने अपनी इस अनन्यता को और भी स्पष्ट कर दिया है ।

'व्यासवाणी जाणी जया, तेहवी प्राकृत जोडी कथा' से प्रकट है कि प्रेमानद ने मुख्यतया भागवत के दशम स्कध को आधार मानकर इसकी रचना की है किन्तु इसको अनुवाद किसी तरह भी नही कहा जा सकता । कही-कही अन्य पुराणो की कथाएँ भी दी गयी है । कवि ने अपनी स्वतन्त्र प्रतिभा से सर्वत्र नवीनता लाने का प्रयास किया है । प्रेमानद के दशमस्कध के एक सुविज्ञ सपादक की भी यही धारणा है ।[१५७] पर एक विद्वान् का ऐसा भी मत है कि प्रेमानद ने सस्कृत भाषा तथा मूलभागवत से अनभिज्ञ होने के कारण रूपान्तर मे फेरफार कर दिया है ।[१५८] प्रेमानद की कृष्णपरक रचनाओ मे यह सबसे विशाल कृति है । इसका निर्माण उदर पोषण के निमित्त न होकर भक्ति के उद्देश्य से हुआ है । आख्यान शैली के अतिरिक्त इसमे कही-कही पद शैली का भी प्रयोग मिलता है । प्रेमानद ने दशमस्कध की रचना उसको समस्त ज्ञान का सार समझ कर की, यह कवि की निम्नलिखित पक्तियो से प्रकट है :

सकल शास्त्र निगमनुं तत्व। सर्व शिरोमणि श्री भागवत ।
ते मध्ये सार छे दसमस्कंध । जोडुं हु प्राकृत पदबंध ।

उसके पीछे सस्कृत की प्रतिस्पर्धा मे प्राकृत भाषा के सौन्दर्य को प्रस्तुत करने की भावना भी निहित थी । प्रेमानद ने इसे स्पष्ट शब्दो मे स्वीकार भी किया है ।

'नानु दशमस्कध' प्रेमानद की रचना नही है । अब तक नटवरलाल द्वारा स्थापित मान्यता के अनुसार नानु दशमस्कध प्रेमानद की रचना माना जाता रहा । शास्त्री ने भी इसको स्वीकार किया और उसे प्रेमानद की शकारहित कृतियों मे स्थान दिया ।[१५९] किन्तु वास्तविकता इसके विपरीत प्रतीत होती है जिसके प्रमाण इस प्रकार है .

१. प्रेमानद की छाप कडवा ४२ और कडवा ४३ के बीच आने वाली भ्रमर-गीता में ही है अतः यह अश स्पष्टतया प्रक्षिप्त है ।

२. सारी रचना कड़वाबद्ध है, मात्र प्रेमानंद छाप वाला अश पद शैली मे है । 'पद पुरणे' लिखकर उस अंश की पूर्णता का बोध करा दिया गया है ।

३. इस रचना में अनुवादात्मकता है जो प्रेमानंद के स्वभाव के प्रतिकूल है । प्रेमानंद का तथाकथित 'मोटु दशमस्कध' इसका साक्षी है ।

४. प्रेमानंद ने मोटुं दशमस्कंध' में सर्वत्र राम को इष्टदेव माना है पर इस रचना का रचयिता रामोपसाक नहीं है।

५. यह रचना शिव-पार्वती संवाद और उनके विवाह के उपाख्यान से प्रारंभ होती है जो पद्मपुराण पर आधारित है। यह अंश भी प्रेमानंद का रचा हुआ नहीं लगता।

६. हस्तप्रति के आदि अंत त्रूटक होने से वास्तविक कवि का नाम एवं रचना-काल अज्ञात है।

ऐसी स्थिति में इसे प्रेमानंद कृत मानना बुद्धिसंगत नहीं है। प्रेमानंद की भ्रमर-गीता के प्रक्षिप्त होने के कारण भ्रमवश सम्पूर्ण रचना को प्रेमानंदकृत मान लिया गया। प्रस्तुत अध्ययन में इसीलिए इसे प्रेमानंद की कृतियों में स्थान नहीं दिया गया है।

रत्नेश्वर का अधिकांश काव्य-काल १७वीं शती के अन्तर्गत ही आता है।

रत्नेश्वर

उनके दशमस्कंध के अंत में दिया हुआ समय सं० १७३९ इसका समर्थक है।[१६०] दो एक को छोड़ कर कवि की सभी रचनाएँ इसी शती की सीमा में आती हैं।[१६१]

रचनाएँ: दशम एवं एकादश स्कंध, बारमास—कृष्णपरक रचनाओं में भागवत के 'दशम और एकादश स्कंध' का अनुवाद तथा 'बारमास' की गणना की जा सकती है। रत्नेश्वर ने वैसे पहले और दूसरे स्कंध का भी अनुवाद किया है किन्तु वे कृष्ण से सम्बद्ध नहीं हैं। सं० १७३९ में दशमस्कंध को समाप्त करने के बाद ही सं० १७४० में एकादश स्कंध की भी रचना हुई। दशमस्कंध तो गोवरधनदास नारायणभाई तथा गट्टूलाल द्वारा दो स्थानों से प्रकाशित हो चुका है किन्तु एकादशस्कंध अभी अप्रकाशित ही है।[१६२] रत्नेश्वर ने एक प्रकार से श्रीधर के तिलक का भाषान्तर किया है जिसके कारण काव्य की दृष्टि से उनके दोनों स्कंधों का कोई स्वतंत्र महत्व नहीं है। प्रत्येक अध्याय के प्रारंभ में उसका सारांश एक संस्कृत श्लोक तथा दो एक गुजराती के छंदों में दे दिया गया है। सम्पूर्ण अध्याय की रचना एक ही राग या रागिनी में की गई है।

बारमास में प्रेमानंद के मास के तरह ही राधा के मनोभावों का वर्णन है। 'राधा विरहनां बारमास' के नाम से यह रचना बृ० का० दोहन भाग ६ठुं तथा प्रा० का० सुधा भाग १ लुं में मुद्रित हो चुकी है। रचनाकाल सं० १६९८ दिया गया है जो संदेहास्पद है।[१६३]

अप्रकाशित काव्य 'रुक्मिणीहरण' के रचयिता के रूप में प्रसिद्ध आख्यानकार

विष्णुदास को ही स्वीकार किया जाता रहा। शास्त्री ने इस रचना की गणना उन्ही की रचनाओं के साथ ही है।[१६४] किन्तु बाद मे सदेह हो जाने के कारण उन्होने इसे विष्णुदास की शकास्पद रचनाओ की कोटि मे स्थान दिया।[१६५] इस रचना मे निर्माण-काल सं० १७१६ दिया हुआ है।[१६६] प्रसिद्ध विष्णुदास का काव्य-काल स० १६२४-१६६८ के लगभग आता है। इस कृति को उन्ही की रचना मानने से यह अत्यन्त वृद्धावस्था की रचना सिद्ध होती है जो काव्य की अप्रौढता को देखते हुए सभव प्रतीत नही होता। अधिक संभावना इसी बात की है कि यह किसी इतर विष्णुदास की कृति है।

विष्णुदास

रचना : रुक्मिणीहरण—रुक्मिणीहरण की हस्तप्रति का आदि अश खंडित है। कवि स्पष्टतया भागवत का आधार स्वीकार करता है।[१६७] काव्य साधारण कोटि का है। अनुवाद भी सुन्दर नही है।

एक केशवदास का उल्लेख १६वी शती मे हो चुका है। उसी नाम का यह अन्य कवि १७वी शती मे उपलब्ध होता है। कवि ने अपनी एक रचना का समय स० १७३३ दिया है जिससे काल निर्णय मे कोई कठिनाई प्रस्तुत नही होती।[१६८]

केशवदास वैष्णव

रचना : मथुरामहिमा—इन केशवदास की कृष्णविषयक केवल एक ही रचना उपलब्ध होती है जो 'मथुरालीला' के नाम से प्रा० का० सुधा के तीसरे चौथे भाग मे प्रकाशित हो चुकी है। शास्त्री ने 'वल्लभवेल' के रचयिता केशवदास वैष्णव का वर्णन कविचरित मे किया है किन्तु उसमे इसका उल्लेख तक नही है।[१६९] वे 'वल्लभवेल' के लिए 'एक मात्र मळता काव्य' का प्रयोग करते है जिससे स्पष्ट है कि वे मथुरालीला को उन्ही केशवदास की कृति नही मानते। पर ऐसा भी नही है क्योकि गु० ह० संकलित यादी मे केशवदास की रचनाओ मे 'मथुरालीला' का भी समावेश उन्होने किया है।[१७०] वस्तुतः गोकुलनाथ जी के शिष्य यही केशवदास दोनो काव्यों के रचयिता थे। वल्लभवेल मे वल्लभाचार्य के वश का वर्णन है अतएव वह कृष्ण-काव्य की श्रेणी मे नही आती।

'मथुरालीला' का वास्तविक नाम 'मथुरामहिमा' है क्योंकि स्वय कवि ने इसी नाम का अनेक स्थल पर व्यवहार किया है।[१७१] सपादक ने मूल को ध्यान से देखे बिना ग्रथ का नाम 'मथुरालीला' दे दिया जिसका कारण कदाचित् ग्रथान्त मे प्रयुक्त 'कृष्णलीला' शब्द है।[१७२]

मथुरामहिमा—'पूरणकर्यु ये आख्यान' लिख कर कवि ने मथुरामहिमा को स्वतः एक आख्यान काव्य माना है। कड़वावद्ध इस रचना मे यत्र यत्र रागों का निर्देश भी है।

भागवत को मूलाधार मानकर भी कवि ने स्वतत्र रूप से रचना की है। फलतः अनेक प्रसग ऐसे भी है जो भागवत मे प्राप्त नही होते। विषय विस्तार की दृष्टि से कवि का निम्नलिखित कथन महत्वपूर्ण है—

> **'. . . . मथुरा महिमा श्री भगवान।**
> **दारामति नी लीला जेह, श्री शुक विस्तारी कहे अेह।**
> **प्राकृत महिमा बुध अनुसार। दास केशव कहे कर्यो विस्तार।**

मथुरामहिमा मे इस प्रकार जरासंध और मुचकुद वध तक की कथा समाविष्ट है। कवि ने विशेष विस्तार गोपी उद्धव के प्रसंग मे किया है। इस स्थान पर षड्ऋतु वर्णन भी मिलता है। कवि की स्वाभाविक वृत्ति ब्रजगोपी-विरह के चित्रण की ओर है। राधा के वर्णन और कृष्ण के जीवन की उत्तरकालीन लीलाओं के चित्रण के कारण यह काव्य विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

१७वीं शती—ब्रजभाषा

इस शती मे भी ब्रजभाषा कृष्ण-काव्य के सृजन की परिस्थिति लगभग १६वीं शती के समानान्तर ही रही। उक्त वल्लभीय, राधावल्लभीय, गौडीय, निम्बार्क तथा हरिदासी मे से प्रत्येक के अन्तर्गत कुछ न कुछ काव्य रचना उपलब्ध होती है। रीति-काव्य-धारा मे अपेक्षाकृत अधिक काव्य-निर्माण हुआ। नीचे पूर्वनिर्धारित क्रम के अनुसार ही १७वी शती के कृष्ण-काव्य का परिचय दिया गया है।

वल्लभ सम्प्रदाय

इस सम्प्रदाय मे इस शती मे जिन कवि का नाम प्रमुख रूप से सामने आता है वह है रसखान। रसखान विट्ठलनाथ के शिष्य थे और उनका काव्य-काल स० १६७० के लगभग है। इनके अतिरिक्त हरिरायजी (सं० १६४७–१७७२) तथा विटठलनाथ के अन्य शिष्य शोभाचद द्वारा भी काव्य-रचना के प्रमाण मिलते हैं।

रसखान की रचनाएँ—रसखान की दो रचनाएँ प्राप्त होती है जो प्रकाशित है।

१. प्रेमवाटिका (रचनाकाल स० १६७१)
२. सुजान रसखान

प्रेमवाटिका मे ५२ दोहे है जिनमे प्रेम की महिमा का वर्णन किया गया है। सुजान

रसखान में विभिन्न प्रकार के कुल १२९ पद्य हैं। रागरत्नाकर में भी रसखान के १३० पद्य संग्रहीत हैं।[१७३] इन पद्यों में कवि ने मुख्यतया राधा-कृष्ण की प्रीति तथा प्रणयलीलाओं का ही विशेष वर्णन किया है। कुछ छंदों में बालरूप का भी चित्रण मिलता है।

हरिरायजी की रचनाएँ—इन्होंने रसिक, रसिकराय, हरिधन, हरिदास आदि कई नामों से काव्य रचना की।[१७४] संस्कृत में तो इनकी अनेक रचनाएँ प्राप्त होती हैं परन्तु ब्रजभाषा में कुछ स्फुट पद, कवित्त और धोल आदि ही उपलब्ध होते हैं जिनमें दैन्यभाव तथा वल्लभ-यश वर्णन की प्रधानता है।[१७५] इन स्फुट रचनाओं के अतिरिक्त एक छोटी सी प्रबन्धात्मक रचना 'दानलीला' भी प्राप्त हुई है। इसकी हस्तप्रति काँकरौली में है। दानलीला में ३६ दोहे हैं और प्रत्येक के अन्त में 'नागरि दान दै' जोड़ दिया गया है।

शोभाचंद की रचना : भक्तिविधान—भक्तिविधान का रचनाकाल सं० १६८१ दिया हुआ है। सारा ग्रंथ प्रश्नोत्तर के रूप में है। कुल ९३१ दोहे हैं। श्रीकृष्ण के ब्रह्मत्व, उनके अनेक नाम रूप, तन्त्र मन्त्र आदि से भक्ति की श्रेष्ठता का वर्णन किया गया है। उपासना-विधान, पूजा-प्रकार, भोग इत्यादि का भी विस्तार से निरूपण मिलता है साथ ही व्रत उपवास के नियम तथा प्रत्येक मास की साधना का पुष्टिमार्ग के अनुसार प्रतिपादन भी किया गया है। रचना अप्रकाशित है और हस्तप्रति विद्या-विभाग काँकरौली में है।

इस सम्प्रदाय में, १७वीं शती में यद्यपि अनेक कवियों कान्हर, स्वामी, लाल-स्वामी, दामोदरदास, ध्रुवदास तथा हितविट्ठल आदि की गणना की जाती है तथापि ध्रुवदास सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण हैं। अन्य कवियों में कान्हर

राधावल्लभीय सम्प्रदाय

स्वामी तथा हितविट्ठल के केवल स्फुट पद ही प्राप्त होते हैं जिनकी प्रामाणिकता के विषय में निश्चित रूप से कुछ भी नहीं कहा जा सकता। लालस्वामी तथा दामोदरदास के नाम से अनेक ग्रंथों का उल्लेख मिलता है परन्तु उपलब्ध उनमें से एक भी नहीं होते।[१७६] अतएव केवल ध्रुवदास की रचनाओं का परिचय यहाँ दिया गया है।

ध्रुवदास की रचनाएँ—'राधावल्लभ-भक्तमाल' में ध्रुवदास के नाम से निम्न-लिखित पाँच रचनाएँ उल्लिखित हैं।[१७७]

१. ब्यालीस लीला
२. पदावली
३. खिचरी उत्सव
४. सिद्धान्त पद मांझ
५. श्रृंगाररहस्यमुक्तावली

ब्यालीस लीला वस्तुतः ब्यालीस रचनाओ का सकलन है किन्तु उसे एक ग्रथ माना गया है।[१७८] डॉ० रामकुमार वर्मा ने ब्यालीस लीला का 'ध्रुवदास की वानी' के नाम से उल्लेख किया है तथा उसके अन्तर्गत आने वाली अनेक रचनाओ को अनेक 'विषय' समझा है। यही नही 'सिद्धान्तविचार' तथा 'भक्तनामावली' का जो ब्यालीस लीला मे ही सम्मिलित है पृथक् रूप से उल्लेख किया है।[१७९]

राधावल्लभ-भक्तमाल मे जिन पाँच रचनाओ का उल्लेख मिलता है उनमे से पहली को छोडकर शेष चार के विषय में नाम के अतिरिक्त और कुछ भी सूचना प्राप्त नही है। पहली रचना ब्यालीस लीला की स० १८२५ [illegible] प्रयाग म्युनिसिपल सग्रहालय में मिलती है।[१८०] कॉकरौली मे भी एक प्रति है (ब० न० ८३-९) किन्तु उसमे केवल २४ लीलाएँ ही है। **ध्रुवसर्वस्व** नाम से 'ब्यालीस लीला' में से निम्नलिखित २३ रचनाएँ रामकृष्ण वर्मा द्वारा प्रकाशित की जा चुकी है :

१. वृन्दावन सत
२. सिगार सत
३. रसरत्नावली
४. नेहमजरी
५. रहस्यमजरी
६. सुखमजरी
७. रतिमजरी
८. वनविहार
९. रगविहार
१०. रसविहार
११. आनन्ददशाविनोद
१२. रगविनोद
१३. नृत्यविलास
१४. रगहुलास
१५. मानरसलीला
१६ रहसिलता
१७ प्रेमलता
१८. प्रेमावली
१९. भजन कुडली
२०. बृहद्बामनपुराण की भाषा
२१. भक्तनामावली
२२. मनसिगार
२३. भजनसत

इन २३ रचनाओं के अतिरिक्त 'ब्यालीम लीला' की शेष १९ अप्रकाशित रचनाओ के नाम नीचे दिये जाते है :

१. हितसिगार
२. रसानद
३. ब्रजलीला
४. दानविनोद
५. रसहीरावली
६ अनुरागलता
७ आनन्दलता
८. भजनाष्टक
९. आनन्दाष्टक
१०. वैदकलीला

११.	सिद्धान्तविचार	१६.	मनसिक्षा
१२	जुगलध्यान	१७	प्रीतिचौवॅनी
१३	ख्यालहुलास	१८	रसमुक्तावली
१४.	प्रिया जु की नामावली	१९	मडलसभासिगार
१५.	सुखमजरी		

नामकरण की दृष्टि से वर्गीकृत करने पर इन रचनाओं मे **६ अवली** रसमुक्ता, रसहीरा, रसरत्न, प्रेम, प्रियाजु की नाम, भक्तनाम, **५ लीला** रसानद, मान, दान, ब्रज, वैद्यकज्ञान, **४ मंजरी** नेह, रति, रहस्य, सुख, **४ लता** रहस्य, आनन्द, प्रेम, अनुराग **३ विहार** वन, रग, रस, **३ सिंगार** मनि, हित, मडलसभा, **३ सत** वृ दावन, भजन, सिगार, **२ विनोद** रग, अनददसा, २ हुलास रग, ख्याल तथा **२ अष्टक** भजन, आनन्द मिलते है। शेष **८ रचनाएँ** निर्तविलास, प्रीति चौवनी, मनसिक्षा, बृहद्वामन पुराणभाषा, सिद्धान्त विचार, जीवदशा, जुगलध्यान तथा भजन कुडली एकाकी है।

प्रकाशित एव अप्रकाशित रचनाओ की इस समस्त सूची मे कई ऐसी रचनाएँ सम्मिलित है जो प्रस्तुतः निबन्ध की सीमा मे नही आती। 'प्रियाजु की नामावली' काव्य-कृति न होकर साधारण नामावली मात्र है। 'सिद्धान्त विचार' भी गद्य ग्रथ है। इसी प्रकार भक्तनामावली मे भी भक्तमाल की तरह भक्तो का परिचय दिया गया है। 'वैदकलीला' कृष्ण-काव्य से सीधे सम्बन्ध नही है। 'बृहद्वामनपुराण की भाषा' का शीर्षक से ही अनुवाद ग्रथ होना सिद्ध है। अतएव इनके अतिरिक्त शेष कृतियो का परिचय सक्षेप मे आगे दिया जाता है।

रसमुक्तावली—आदि मे गुरुवदना से युक्त १९० दोहा चौपाइयो की इस रचना का मुख्य विषय 'सखीभाव' का प्रदर्शन है। स्नानकुंज, सिगारकुज, भोजनकुज आदि विविध कुज-भवनो मे ललितादिक सखियाँ राधाकृष्ण की सेवा मे रह रहकर उनका विहार देखती है।

रसहीरावली—इस रचना की विशेषता इसका षड्ऋतु वर्णन है। प्रत्येक ऋतु मे राधाकृष्ण का विलास अकित किया गया है। रचना १६३ दोहा चौपाइयो मे समाप्त हुई है।

रसरत्नावली—५० दोहो की इस कृति की मूल वर्ण्यवस्तु कवि के अनुसार 'रसिकरसिकनी केलि' ही है। प्रसगान्तर से नखशिख आदि का भी वर्णन मिल जाता है।

प्रेमावली—इसके अन्तर्गत राधाकृष्ण का "प्रेमरस" विपरीत वेश धारण तथा सभोग शृगार का वर्णन है। एक कुडलिया को छोडकर शेष सारी रचना दोहो मे है। कुल छद सख्या १२७ है।

रसानंद लीला—कवि ने इस ग्रथ का रचनाकाल 'सवत सौषोडस पचासी' स० १६८५ दिया है। प्रारभ मे की गई श्री हितहरिवश की वदना तथा 'मोपै है अबही मति थोरी' से व्यजित होता है कि कदाचित् यह कवि की प्रारभिक काल की रचना है। वस्तु के रूप मे वृदावन, नखशिख, रतिविलास, विविध व्यजन तथा पुष्प-शृगार का वर्णन है। सारी रचना मे १८६ दोहा चौपाइयाँ है।

मानलीला—कॉकरोली की प्रति मे इसकी पुष्पिका मे इसका नाम 'मान विनोदलीला' दिया है किन्तु प्रयागवाली प्रति मे 'मानलीला' ही लिखा है। ध्रुवसर्वस्व मे इसका प्रकाशन 'मानरसलीला' के नाम से हुआ है। इसमे अपने ही प्रतिविम्ब मे अन्य स्त्री की धारणा हो जाने से राधा मान करती है। बाद मे सखी की मध्यस्थता द्वारा उसका परिहार हो जाता है। छद सख्या ३८ है जिसमे दोहा सोरठा अरिल्ल तीनो प्रयुक्त है।

दानविनोदलीला—इस नाम का सकेत स्वयं कवि ने पहले ही दोहे मे 'देखे लाडिली लाल की **लीला दान विनोद**' लिखकर कर दिया है। विषय शीर्षक से ही स्पष्ट है यद्यापि सारी घटना एक नवीन रूप से कल्पित की गई है। रचना छोटी है और केवल २२ दोहो मे ही समाप्त है।

ब्रजलीला—इसमे राधाकृष्ण के प्रथम परिचय, तज्जन्य प्रीति तथा उसके विकास की विविध स्थितियाँ, विछोह, मूर्छा तथा ललिता की सहायता से स्त्रीवेष धारण करके मिलन, प्राप्ति आदि का वर्णन है। समस्त रचना दोहा चौपाइयो मे है जिनकी सख्या १९२ है।

नेहमंजरी—१७० दोहा चौपाइयो मे लिखित प्रारभिक अप्रौढकृति जैसी इस रचना मे वृदावन, कुसुमशृगार, राधाकृष्ण, रति तथा उसके दर्शन से गोपियो के उल्लास का वर्णन है।

रतिमंजरी—इस रचना मे अमर्यादित रूप से सभोग शृगार का वर्णन प्राप्त होता है। शैली की दृष्टि से नेहमजरी के ही समान है और छद सख्या ८२ है।

रहस्यमंजरी—यह विषय और शैली दोनो ही दृष्टियो से नेहमजरी के समान है और छद सख्या १०४ है।

सुखमंजरी—'अद्‌भुत वैदक मधुररस दोहा भये पचीस' से प्रकट है कि २५ दोहो की इस रचना का विषय वैद्यक लीला है। कामज्वर से पीडित कृष्ण को राधा व्याधिमुक्त करती है।

रहसिलता—ध्रुवसर्वस्व मे इसको 'रहसिलीला' सज्ञा दी गई है। इसमे मुख्यतया रासक्रीडा का वर्णन है। यद्यापि कवि ने रचना की सीमा 'दोहा रहसिलतानि के अष्ट उपर पचास' लिखकर निर्धारित की है तथापि यह कथन यथार्थ नही है। रचना मे दोहे के अतिरिक्त चन्द्रायण छद भी प्रयुक्त है तथा अन्त मे कवि की 'भजन कुडली' नामक रचना की १९वी कुडली भी सम्मिलित करली गई है।

आनन्दलता—इसमे राधाकृष्ण की केलि, क्रीडा, यमुना, कुज, आदि भाव तथा स्थल सभी मे आनन्द का अस्तित्व प्रदर्शित किया गया है। 'दोहा तीसरु बीस कहे आनँदलता अनग' से स्पष्ट है कि इस रचना मे ५० दोहे है। काँकरोली की प्रति मे यह उपलब्ध नही है।

प्रेमलता—इस रचना मे ६८ दोहा चौपाइयो मे प्रेम की प्रशसा की गई है तथा उसके सूक्ष्म स्थूल भेद का भी वर्णन है। बीच बीच मे कुजविहार, सखी-सग और लाल-लाडिली की प्रीति का दिग्दर्शन भी है।

अनुरागलता—इस रचना मे भी प्रेमलता की तरह राधाकृष्ण के अनुराग का वर्णन है। शैली की दृष्टि से भी कोई नवीनता नही है।

वनविहार—इसमे ५५ दोहे मे वन का, वसंत का तथा दूलह-दुलहिनी राधा-कृष्ण के विवाह एवं विलास का वर्णन है।

रंगविहार—सखी द्वारा आरसी मे राधा का रूप दिखाये जाने पर कृष्ण का विकल हो जाना तदुपरान्त मिलन, सभोग और नखशिख आदि इसमे ५६ दोहों मे वर्णित है।

रसविहार—२२ दोहों की इस सक्षिप्त रचना का विषय राधाकृष्ण का सखियों समेत यमुनाजल-विहार है।

मनिसिंगार—इस रचना की सीमा 'दोहा कहि सिगार मनि साठ सु चौतिस आठ' कह कर कवि द्वारा निर्धारित की गई है जिसके अनुसार इसमें १०२ दोहे होना चाहिये परन्तु वस्तुतः ९२ दोहे ही उपलब्ध है। इस दृष्ट से चौतिस के स्थान पर 'चौबिस' पाठ की सभावना अधिक प्रतीत होती है। यही नही दोहे के अति-

रिक्त अरिल्ल छद भी इसमे प्रयुक्त है जिसकी कवि ने दोहों मे ही गणना कर ली है। वर्ण्य वस्तु मे राधाकृष्ण को नायक नायिका के रूप मे प्रस्तुत किया गया है तथा उनके शृगार एव नखशिख का प्रचुर वर्णन है।

हितसिगार—निकुज विलास, शतरज खेल, नखशिख तथा कोककला का वर्णन कवि ने इस रचना के 'अस्सी दोइ दोहा कवित' मे प्रस्तुत किया है।

मंडलसभासिगार—ध्रुवदास की यह रचना अन्य रचनाओ की अपेक्षा विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इसमे कवि ने अपनी कल्पना के आधार पर राधा की अगणित सखियो के नाम गिनाने का प्रयास किया है। मडलाकार कुजों की पक्ति मे बने चौसठ द्वारों वाले सभा मडप के मध्य स्थित युगल रूप का विशद वर्णन किया गया है। प्रत्येक कुज का भिन्न नाम है और उसका भिन्न प्रयोजन। इन सबमे विहार करने के उपरान्त समस्त सखी समूह के साथ राधाकृष्ण का रास होता है तदुपरान्त जलक्रीडा। इसका रचना काल स० १६८१ दिया हुआ है और इसमे दोहा, सवैया, कवित्त आदि कुल २२१ छंद है।

वृंदावन सत—रचना का विषय शीर्षक से ही स्पष्ट है, यह रचना स० १६८६ मे पूर्ण हुई।[१८१] 'यह प्रबन्ध पूरन भयो' लिख कर कवि इसे प्रबन्ध कहना चाहता है परन्तु १२२ दोहों की इस रचना मे वस्तुत: प्रबन्धात्मकता का अभाव है। केवल वृंदावन के लता कुजों तथा उसकी महिमा का वर्णन किया गया है।

भजनसत—भजनसत मे ध्रुवदास ने भक्ति के स्वरूप की व्याख्या, विषयों की निंदा, ज्ञान के पथ का तिरस्कार तथा युगलरूप के प्रेम की चर्चा की है। वस्तु की दृष्टि से अन्य रचनाओं से पृथक् होने के कारण इसका स्वतंत्र महत्त्व है। दोहो की सख्या ११३ है।

सिंगारसत—भजनसत की तरह यह भी महत्त्वपूर्ण रचना है यद्यपि इसका महत्त्व दूसरी दिशा मे है। रचना के स्वरूप को स्पष्टतया व्यक्त करने के लिये कवि के शब्द ही उद्धृत कर देना उपयुक्त होगा .

> **बांधी ध्रुव गुन शृखला प्रथम चालीस रु तीन।**
> **दुतिय चालीसरु तीसरी द्वे पर चालीस कीन॥ ३॥**
> **प्रथम शृखला मांहि कछु कह्यो लाडिली रुप।**
> **निरखिलाल सखि रहे छवि सो छवि अतिहि अनूप॥ ४॥**
> **दुतिय शृखला सुनतही श्रवननि अति सुख होइ।**
> **प्रेम रतन गुन रुप सों मानों राखे गोइ॥ ५॥**

अब सुनि तीजी शृंखला रति विलास आनंद।
तिहि रसमादक मत रहे श्री वृंदावन चंद ॥ ९७ ॥
भये कवित सिगार के इकसत अरु पच्चीस।
दोहनि मिलि सब ठीक ही इकसत दस चालीस ॥ १५० ॥

इस प्रकार इसका निर्माण विशेष रूप से कवित सवैयो मे हुआ है। विषय की दृष्टि से विशेष नवीनता नही है।

रंगविनोद—'दोहा रगविनोद के रचि कीन्हे चालीस' के अन्तर्गत ध्रुवदास ने अपनी धारणा के अनुसार, नवरस, ज्योनार तथा राधा-कृष्ण विहार का वर्णन किया है।

आनन्ददसाविनोद—इस रचना मे नायिका-भेद के साथ स्थूल तथा सूक्ष्म दोनो प्रकार के 'मदनरस' का चित्रण है। छद सख्या ५७ है जिसमे दोनों के अतिरिक्त ३ कवित्त भी सम्मिलित है।

रंगहुलास—५२ दोहों की इस कृति का विषय वही नखशिख, वनविहार तथा रति वर्णन है। आदि अन्तहीन इस रचना का नाम पुष्पिका से ही ज्ञात होता है।

ख्यालहुलास—यह प्रयागवाली 'ब्यालीसलीला' की हस्तप्रति की अन्तिम 'लीला' है और कॉकरोली वाली प्रति मे अप्राप्य है। इस की रचना किसी निश्चित क्रम के अनुसार नही हुई है इसे कवि 'दोहा ख्याल हुलास के तहॉ प्रबन्ध कछु नाहिं। आगे पाछे है भये जो आए उर माहि।' लिखकर स्वीकार करता है। विषय की दृष्टि से इसमे युगलप्रीति उपदेश, चेतावनी आदि की प्रधानता है। समस्त दोहो की सख्या ६० है।

भजनाष्टक—नाम से ही आकार प्रकार स्पष्ट है। फलश्रुति के नवें दोहे मे इस अष्टक को 'हृद्रोग' का नाशक कहा गया है क्योकि वर्ण्यवस्तु के अनुसार पचवाण के वाण फिर कर उसी को लगे है जिससे वह जर्जर होकर नतशीश हो चुका है।

आनन्दाष्टक—यह भी भजनाष्टक की तरह ध्रुवदास की लघुतम रचना है। जिसमे वृदावनरस तथा राधाकृष्ण की प्रीति की वखान है। इसमे भी फलश्रुति के दोहे समेत ९ दोहे है। इसके पाठ का फल त्रिगुण अधकार का नाश कहा गया है।

निर्तविलास—नृत्य का वातावरण उपस्थित करके कवि ने इस रचना के अन्तर्गत विभिन्न गतियो मे होने वाले राधा रास का चित्रण किया है । दोहा चौपाई के साथ कुडलिया का भी प्रयोग है । सारी रचना ४६ छदो मे समाप्त है ।

प्रीतिचौंवनी—इस कृति के निर्माण का उद्देश्य 'वृ दावन रसरीति' समझाने के निमित्त पाठक के हृदय मे 'प्रीति' प्रस्फुटित करना है जिसके लिए प्रेम का सोदा-हरण सैद्धान्तिक निरूपण ५४ दोहो मे किया गया है । अन्त के दो अतिरिक्त दोहो मे फलश्रुति का कथन है ।

मनसिक्षा—ध्रुवदास ने इस रचना के ६४ दोहों मे मन को नाना रूप से विषय वासना की निदा करते हुए वृ दावनरस मे रमण तथा राधा-वल्लभलाल के भजन करने का उपदेश दिया है ।

जिवदिसा—'दिशा' से कदाचित् यहाँ 'दशा' का तात्पर्य है । ३९ दोहा चौपाई कवित्त मे कवि ने कृष्ण-भक्ति तथा नामस्मरण की महिमा का गान किया है और योग, ज्ञान तथा मोक्ष को अनावश्यक ठहराया है । यह रचना प्रयागवाली प्रति मे ही है ।

जुगलध्यान—जुगलध्यान की कॉकरौली की प्रति मे अनुपलब्ध है । जीवदिसा की तरह यह भी प्रयाग की हस्तप्रति मे ही प्राप्त होती है । इसमे राधा-कृष्ण की युगल मूर्ति का रूप-वर्णन है । मेहदी, आभूषण, नखशिख तथा शृगार आदि विषयों पर 'अष्टदस दोहा' 'वरने' गए है ।

भजन कुंडली—इस रचना मे १२ दोहे तथा १० कुडलियॉ सकलित है । सारी कृति मे प्रेमभक्ति का महत्व, वृ दावन की प्रशसा और युगलरूप का यश वर्णित है । प्रेमभक्ति के आगे नवधाभक्ति को भी अरुचिकर माना गया है ।

इस शती मे इस सम्प्रदाय के दो प्रमुख कवि उपलब्ध होते है ।

१. वल्लभ रसिक

गौड़ीय सम्प्रदाय २. माधवदास

वल्लभरसिक षड्गोस्वामियों मे से गोस्वामी रघुनाथ भट्ट के शिष्य गदाधर भट्ट के पुत्र थे ।[१८२] गदाधर भट्ट का समय नाभाजी के प्रमाण से १६वी शती निश्चित होने के कारण स्वभावत. इनका कविताकाल १७वी शती के अन्तर्गत आ जाता है ।

माधवदास इस सम्प्रदाय मे 'माधुरी जी' के नाम से विख्यात हैं। उनके वास्तविक नाम का ज्ञान विद्या विभाग कॉकरौली मे उपलब्ध उनकी 'माधुरियों' की एक हस्तप्रति (बध स० ७४) से होता है। इनकी पुष्पिकाओ मे 'श्री माधवदास विरचिता' अभिन्न रूप से प्राप्त होता है। वशीवट माधुरी मे 'माधवदास कपुर श्री वृंदावन वासी रचित' दिया है जिससे ज्ञात होता है कि यह जाति के कपूर खत्री थे।

आगे इन दोनो कवियो की रचनाओ का परिचय दिया जाता है।

वल्लभरसिक की वाणी—वल्लभरसिक का सग्रहीत-काव्य बाबा कृष्णदास द्वारा 'वाणी वल्लभरसिक जी की' के नाम से प्रकाशित किया जा चुका है। इसकी भूमिका मे इसे 'पद सग्रह' कहा गया है।[१८३] परन्तु वस्तुत यह एक काव्य सग्रह है क्योकि पदो के अतिरिक्त इसमे कई प्रबन्धात्मक ऐसे अश भी उपलब्ध होते हैं जो पदो से भिन्न शैली मे लिखित हैं। इन्हे पदो के अन्तर्गत परिगणित कर लेना उचित नही। ऐसी छोटी-छोटी रचनाओ का शीर्षक सहित सक्षिप्त परिचय नीचे दिया जाता है :

सांझी रागगोरी—२१८ पक्तियों की इस सम्पूर्ण रचना मे ललिता विशाखादि सखियो से सेवित राधाकृष्ण के महल निवास, भोग-विलास, नखशिख, कुसुम-शृंगार, नृत्य गान तथा रति-रमण का विशेष रूप से वर्णन किया गया है।

होरी खेल—इस रचना के ५९ दोहो मे कवि ने साजबाज से होली का वर्णन किया है। राधाकृष्ण आपस मे तथा उनकी 'जोरी' के साथ सखियाँ फाग खेलती हैं।

उक्त दोनों रचनाओं के अतिरिक्त निम्नाकित कई रचनाएँ माझ शीर्षक से दी गई है जिनका विषय नाम से विदित हो जता है।

१. रास की माझ
२. दिवारी का माझ
३. गुलाबकुज की माझ
४. जलक्रीड़ा की माझ
५ वर्षा की माझ
६. वर्षा के बंगला पर की माझ
७. सदा की माझ

सातवी रचना इन सब मे बड़ी है और उसकी भाषा पजाबी मिश्रित ब्रजभाषा है।

इनके बाद ६७ दोहे एक स्थल पर संकलित हैं जिनके विषय विभिन्न है। इन्ही के साथ २२ कवित्त सवैये भी है जिनमे युगल मूर्ति की विविध शृंगार चेष्टाओं का वर्णन है।

'सुरतोल्लास' नाम से २७ दोहा चौपाइयो की कुज-रति विषयक रचना स्वतन्त्र कृति जैसी लगती है इसमे आदि अत तथा नाम का सकेत नही मिलता।

'बारह बाट अठारह पैडे' मे अवश्य कवि ने नाम का उल्लेख स्पष्टतया कर दिया है। यथा—

जब अंखियन अंखियां लखियां तौ बारह बाट अठारह पैडे
पैरी करी एक सै आठ। वल्लभरसिकन को जब पाठे ॥१०८॥

शीर्षक से रचना का विषय स्पष्ट नही होता। इस रचना मे नेत्रो की विशेष महत्ता वर्णित है।

उपर्युक्त रचनाओ के अतिरिक्त ५० पद प्राप्त होते है जिनमे लगभग इन्ही रचनाओ के विषयों का पुनरावर्तन है।

माधवदास की रचनाएँ—इनके द्वारा विरचित 'ग्रथ समूह' मे निम्नलिखित आठ रचनाएँ मिलती है।[१८४]

१.	उत्कठामाधुरी	५.	दानमाधुरी
२	वशीवटमाधुरी	६	मानमाधुरी
३	केलिमाधुरी	७.	होरीमाधुरी
४.	वृदावनविहारमाधुरी	८.	प्रिया जू की बधाई

ये सभी 'श्री माधुरी वाणी' के नाम से प्रकाशित हो चुकी है। कॉकरौली मे जो प्रति है उसमे तीसरी, सातवी और आठवी रचना उपलब्ध नही है। 'होरी माधुरी' नाम कल्पित प्रतीत होता है क्योंकि होली विषयक इन छे पदो के अन्त साक्ष्य से यह प्रमाणित नही होता। सभवतया सपादक ने अन्य रचनाओ के सादृश्य के आधार पर इसकी कल्पना कर ली हो। 'प्रिया जू की बधाई' मे राधा के जन्म से सम्बन्धित केवल दो पद ही प्राप्त होते है अतएव इसे भी स्वतन्त्र रचना मानना भ्रामक है। पहली छे रचनाओ का परिचय क्रम से सक्षेप मे आगे दिया जाता है इन सभी रचनाओ के आदि मे कृष्ण रूप चैतन्य महाप्रभु की वन्दना की गई है।

उत्कंठामाधुरी—आरभिक अश मे 'मिलन उत्कठा' तथा विरह वेदना पर विशेष बल देते हुए इसमे राधाकृष्ण की कुजकेलि, होरी खेलि, तथा उनके रूप श्रृगार का वर्णन किया गया है।

वंशीवटमाधुरी—इस 'माधुरी' के अन्तर्गत वृदावन की निकुज शोभा विविध वर्ण की वनस्पतियाँ, जलक्रीड़ा, भोजन, सेजसुख, नौकाविहार तथा रास

आदि का विशद आलेखन है । रचना-काल कॉकरौली की प्रति के अनुसार स० १६९९ है ।

केलिमाधुरी—कवि ने इसका रचनाकाल स० १६८७ अन्तिम दोहे

> **'वत सोल्‍ह सै असी सात अधिक हियधार ।**
> **केलिमाधुरी छबि लिखी श्रावण वदि बुधवार ॥१२९॥**

मे लिख दिया है । रचना का विषय राधाकृष्ण का केलि-विलास है ।

वृंदावनमाधुरी—इस रचना मे वृदावन के विशाल कुज, उनकी प्राकृतिक शोभा तथा उनमे राधाकृष्ण की कामक्रीडा का चित्रण है । कॉकरौली की प्रति मे इसका निर्माण-काल सं० १६९९ दिया हुआ है ।

दानमाधुरी—इसमे कृष्ण राधा ललितादि सखियो से दान मॉगते है । वाद-विवाद की चरम परिणति 'दम्पति सुख' मे होती है ।

मानमाधुरी—इस रचना का विषय कृष्ण के शरीर में आत्मप्रतिबिम्ब देखकर राधा का मान करना तदुपरान्त ललिता की सहायता से उसका परिहार होना है । इन सारी रचनाओं की छंद सख्या का परिचय श्री माधुरी वाणी की भूमिका मे दिया हुआ है जो यहाँ उद्धृत किया जाता है ।[१८५]

'उत्कठा माधुरी मे ३ कवित्त २०३ दोहा । वशीवटमाधुरी मे ३६ कवित्त ५ सवैया १४ रोला ३२ चौपाई १ सोरठा २२० दोहा । वृंदावन माधुरी मे १२ कवित्त २ सवैया ३१ चौपाई ३ सोरठा ४५ दोहा । केलिमाधुरी मे ६ कवित्त ९२ चौपाई १ छद १ सवैया ११ सोरठा १ छप्पे १५ दोहा ६ रोला । दानमाधुरी मे १७ कवित्त ३ सोरठा १६ दोहा । मानमाधुरी मे १६ कवित्त १५ सवैया ६ सोरठा ९ दोहा ।

निम्बार्क सम्प्रदाय

निश्चित रूप से इस शती मे निम्बार्क सम्प्रदाय के दो कवि 'रूपरसिक देवजी' तथा 'तत्ववेत्ता जी' ही प्राप्त होते हैं । ये दोनो ही १६वी शती के प्रसग मे उल्लिखित हरिव्यासदेव के शिष्य थे ।[१८६] इस दृष्टि से इनका अस्तित्व १७वी शती मे असदिग्ध है । इनके अतिरिक्त वृंदावनदेव जी तथा गोविन्ददेव जी के नाम भी विचारणीय है । एक ओर वृदावनदेव का अस्तित्व सं० १७५६ मे माना गया है और उन्हें हरिव्यासदेव के शिष्य परशुरामदेव का प्रशिष्य कहा गया है ।[१८७] दूसरी ओर उनके शिष्य गोविंददेव के लिये लिखा गया है कि 'इनका कविता-

काल सवत् १६७० के लगभग समझना चाहिये ।[१८८] यह स्थिति स्पष्टतया असभव है । वास्तविक बात यह है कि इन दोनो मे से किसी का भी समय निश्चित नही है अतएव ऐसी अनिश्चित दशा मे इनको १७वी शती के अन्तर्गत न स्वीकार करना ही समीचीन प्रतोत होता है । नीचे पहले दोनो कवियो की रचनाओं का सक्षिप्त परिचय दिया जाता है ।

रूपरसिक देव जी की रचनाएँ—इनकी तीन रचनाओ का परिचय मिलता है ।[१८९]

१. वृहदोत्सव मणिमाल
२ हरिव्यासयशामृत
३. नित्यविहार पदावली

इनमे से पहली और तीसरी अभी अप्रकाशित है । निम्बार्कमाधुरी मे केवल आरभ की दो रचनाओ से उद्धरण दिये गये है । उसमे नित्यविहार पदावली का कोई उद्धरण नही मिलता ।

वृहदोत्सव मणिमाल—इसमे कृष्ण के अतिरिक्त अन्य अवतारो का भी समावेश है किन्तु राधाकृष्ण के जन्म, मगल बधाई, से लेकर नित्य वसत, होरी, झूला प्रभृति समस्त उत्सव व्यवस्थित एव विस्तृत रूप से वर्णित है । इस विशाल रचना की पद सख्या १९९४ है ।[१९०]

हरिव्यासयशामृत—इसका प्रधान विषय स्वगुरु महिमा है परन्तु कृष्ण-भक्ति के स्वरूप पर भी पर्याप्त पद, दोहे तथा चौपाइयाँ मिलती है ।

नित्यविहार पदावली—यह केवल १२० पदों की सग्रहीत एक छोटी वाणी है । इसमे केवल शुद्ध नित्यविहार रस के पद वर्णित है । गोकुल लीला का सर्वथा अभाव है ।[१९१]

तत्ववेता जी की वाणी—इनकी कोई प्रवन्धात्मक रचना तो उपलब्ध नही होती किन्तु हस्तलिखित रूप मे छप्पय, छदो का एक सग्रह अजमेर मे महन्त श्री हरि-शरण जी के पास अवश्य प्राप्त हुआ है ।[१९२] इसमे से ५२ छप्पय निम्बार्क माधुरी मे उद्धृत है । ये सभी एक प्रकार की शैली मे रचित है । 'कृष्ण वसुदेव कुमारा' को विराट रूप मे प्रस्तुत किया गया है यही इनकी मुख्य विशेषता है ।

हरिदासी सम्प्रदाय की शिष्य परम्परा को देखने से स्पष्ट रूप से ज्ञात हो जाता है कि १७वी शती मे इस सम्प्रदाय के तीन कवि सरसदेव जी, नरहरिदेव जी तथा

रसिकदेव जी आते हैं ।[१९३] इनके अतिरिक्त विहारिनिदेव के शिष्य नागरीदासजी भी गणनीय हैं । इन चारों कवियो की वाणी टट्टी सम्प्रदाय के अष्टाचार्यों की वाणी मे गिनी जाती है । काल-क्रम की दृष्टि से इनका स्थान सरसदेवजी (स० १६११—८३) से भी पहले आता है क्योकि इनका समय स० १६०० से १६७० माना जाता है ।[१९४] एक प्रकार से इनका काव्यकाल १६वी तथा १७वी शती ईसवी का संधिकाल है । नरहरिदेव के शिष्य रसिकदेव भी इसी शती के अन्तर्गत आ जाते हैं । उनका निकुज प्राप्तिकाल स० १७५८ दिया हुआ है ।[१९५] इसी क्रम से नीचे इन कवियो की रचनाओ का सक्षिप्त परिचय दिया जाता है ।

हरिदासी सम्प्रदाय

नागरीदास की वाणी—'इनकी सौ पदो की वाणी प्राप्त है' ।[१९६] यह अप्रकाशित है । इसमें से ५० पद तथा सवैये निम्बार्कमाधुरी मे उद्धृत है । ये पद मुख्यतया राधाकृष्ण के वनविहार, जलविहार तथा हिडोला आदि विषयो से सम्बद्ध हैं । 'नवल चौबोला', 'सरस चौबोला' जैसे पदो मे एक विशेषण का निर्वाह आदि से अत तक क्रिया गया है और सारी वस्तु उसी के अनुसार निरूपित है ।

सरसदेव की वाणी—इनकी वाणी के ५१ कवित्त तथा पद निम्बार्कमाधुरी मे प्रकाशित रूप मे प्राप्त होते हैं । कवित्तों का विषय उपदेश तथा पदो का युगल रूप राधाकृष्ण की विविध शृंगार क्रीडाएँ हैं । कुजविलास, जलविहार तथा झूला आदि विषयों के भी पद हैं ।

नरहरिदेव की वाणी—इनके फुटकर पद ही प्राप्त होते हैं जिनमे से ७ पद निम्बार्कमाधुरी मे प्रकाशित है । इनका विषय राधाकृष्ण का शृंगार तथा सुरतविहार आदि है ।

पीताम्बरदेव की रचनाएँ—इनके द्वारा निर्मित रचनाओ का नामोल्लेख निम्न प्रकार से किया गया है ।[१९७]

१. रस के पद
२. सिगार के पद
३. केलिमाल की टीका
४. सिद्धान्त की साखी
५. सिगार की साखी

इनमें स्पष्टतया पदो और दोहों की प्रधानता है । विषय की दृष्टि से पदों में गुरुवंदना, राधाकृष्ण-प्रीति-वर्णन तथा शृंगार एव विहार का चित्रण है । गौडीय कवि वल्लभरसिक की शैली में लिखित एक ६४ पंक्तियों की 'मांझ' भी मिलती है जिसमें पजाबी का पुट है इसका विषय भी शृंगार, नखशिख तथा विहार वर्णन है ।

रसिक देव की रचनाएँ—इनके द्वारा विचरित ११ ग्रथो का उल्लेख मिलता है।[१९८]

१.	भक्त सिद्धान्तमणि	७.	रससार
२.	पूजाविलास	८.	गुरुमगल यश
३.	सिद्धान्त के पद	९	बाललीला
४.	रस के पद	१०.	ध्यानलीला
५	रससिद्धान्त के साखी	११.	वाराहसहिता
६.	कुजकौतुक		

इन रचनाओ के विषय मे अधिक कुछ ज्ञात नही है। निम्बार्कमाधुरी मे रसिक देव के १० पद, ४ साखी तथा 'युगलध्यान' के ८३ दोहे उद्धृत है। 'वाराहसंहिता' नामक रचना प्रस्तुत विषय की सीमा से बाहर प्रतीत होती है।

स्वतन्त्र वर्ग के कवि

ऐसे कवियो मे इस शती मे सेनापति, बिहारी, मतिराम तथा देव के नाम प्रमुख है। इनमे से बिहारी और देव को निश्चित रूप से सम्प्रदाय मुक्त कवि नही कहा जा सकता। निम्बार्कमाधुरी मे दोनों को निम्बार्क सम्प्रदाय के अन्तर्गत माना गया है।[१९९] सेनापति (जन्म सं० १६४६) को टट्टी सम्प्रदाय का वैष्णव कहा गया है।[२००] यो सेनापति रामोपासक प्रतीत होते है जिसके प्रमाण उनकी रचना मे ही उपलब्ध हो जाते है। ब्रजमाधुरीसार के अनुसार बिहारी और देव दोनो ही राधावल्लभीय अथवा 'हितकुल' के कवि ठहरते है।[२०१] डॉ० नगेन्द्र देव के गुरु को विश्वसनीय रूप से राधावल्लभीय न मानकर उसकी सभावना मात्र स्वीकार करते है।[२०२] ऐसी अनिश्चित स्थिति मे इन कवियो की रचनाओं मे साम्प्रदायिक तत्व के अभाव तथा रीति-परम्परा की प्रधानता के कारण इनको स्वतन्त्र वर्ग मे रखना ही अधिक उचित प्रतीत होता है।

सेनापति की रचना : कवित्तरत्नाकर—सेनापति की दो रचनाएँ 'कवित्तरत्नाकर' तथा 'काव्यकल्पद्रुम' कही जाती है जिनमे से दूसरी अप्राप्य है।[२०३] कवित्तरत्नाकर की चतुर्थ तरग प्रस्तुत विषय की सीमा के अन्तर्गत नही आती। यह कृति प्रकृति-वर्णन की दृष्टि से विशेष महत्त्व रखती है।

बिहारी की रचना : सतसई—सतसई के प्रधान आराध्य राधाकृष्ण है इसमें सदेह नही परन्तु उसमे अनेक दोहे ऐसे भी है जिनका कृष्ण से कोई सम्बन्ध नही है। बिहारी सतसई काव्य-कला की दृष्टि से ब्रजभाषा की अमूल्य निधि है।

मतिराम की रचनाएँ : रसराज, ललितललाम, सतसई—मतिराम के ग्रथो में 'रसराज' और 'ललितललाम' प्रमुख है। रसराज मे शृंगार रस को 'रसराज' मानकर

शास्त्रीय पद्धति से रस एवं नायिका-भेद का निरूपण है । ललितललाम अलकार ग्रथ है । दोनो रचनाओं के अधिकतर उदाहरण कृष्ण-काव्य के अन्तर्गत आते हैं । सतसई आद्योपान्त दोहों मे रची गयी एक श्रृगारिक रचना है ।

देव की रचनाएँ : भावविलास, अष्टयाम, भवानीविलास—देव के काव्य-काल का प्रारभिक अश ही इस शती मे आता है क्योकि उनका जन्म स० १७३० मे हुआ था । फिर भी १७वी शती ई० के अन्त (स० १७५७) के पहले उनकी तीन रचनाएँ भावविलास, अष्टयाम तथा भवानीविलास निर्मित हो चुकी थी ।[२०४] अतएव प्रस्तुत अध्ययन मे उनकी अन्य अनेक रचनाओं को छोडकर केवल इन्ही तीन को स्वीकार किया गया है । यह रचनाएँ पूर्णतया रीति-परम्परा के अनुकूल रची गयी है । उदाहरण प्रायः कृष्ण से सम्बद्ध हैं ।

पादटिप्पणियाँ

१. अपने इतिहास में तो नही किन्तु फार्बस गुजराती सभा के त्रैमासिक में छपे एक लेख में मुशी ने मयण का परिचय दिया है। स० १९६४, पृ० ३२५:२६

२. क फार्बस गुजराती सभा त्रैमासिक, पुस्तक १ इं० ई० १९३७, जनवरी-मार्च।
ख. G L Part II Chap I. Old Gujarati, page 91.

३. क च, भाग १, पृ० ५८

४ वही, पृ० ६०

५ वही, पृ० ६१

६. क. "नरसिंह अने भालण कंईक अंशे समकालीन छे . . . . भालणनो पूर्वकाल ते नरसिंहनो उत्तरकाल हतो . . . . आथी भालण नो समय लांबा मा लांबो सं० १४९० थी सं० १५७० सुधी मूकी शकाये।"

भालण, पृ० ३

ख. "आथी भालण सं० १५४५:४६ मां मरण पाम्यो हतो अेम आपणे अनुमान करी शकिये"

भालण उद्धव अने भीम, पृ० ६:८

७. "भालणनी कादंबरी मां प्राप्त थती मध्यकालीन गूजराती नी ३जी भूमिका भालण समय नी भाषा मिश्र २जी भूमिका पछीनी सां० १६२५ लगभग मां स्थापित थयेली भाषा छे"

क च, भाग १, पृ० १००-१०१

८. पंदर से पीसतालीस मांहि गाया नलगुणग्राम जी।
पद्य खटशत ने सात कर्यां छे हरिजन ना विश्राम जी॥

९. संवत पंदर पंचोतरे शुक्लपक्ष कार्तिक मास।
पंचमी तिथि बुधवासरे पुर्ण ग्रंथ अतीहास॥२१॥
उत्तरकांड संपूर्ण शुणता उपजे मन हुलास।
करजोडी भालणसुत वीनवे नीज सेवक वीष्णुदास॥२२॥

उत्तरकाड, ५७

१०. 'कौमुदी' मार्च १९३१, पृ० २२६

११ प्रबोध प्रकाश, भूमिका, पृ० २५

१२. भालण, पृ० ६४

१३. क च, भाग १, पृ० ६८ पाद टिप्पणी २

१४. भालण कृत दशमस्कंध, स० हृ० काटावाला पद सख्या ७७, २५१, २५३, २५४, २५५ तथा २६५

१५. "भालणना दशमस्कंध मां कोई विष्णुदासना नामनां ब्रजभाषाना केटलाक पद जोवामां आवे छे। अे कदाच आ विष्णुदासना पण होय केमके अे नामनो कोई कवि ब्रजभाषा मां थयो होय अेम जणातु नथी।

भालण, पृ० ६२.

१६. क भालण रा० चु० मोदी पृ० ७८
ख. क च, भाग १, पृ० ११०

१७. G L page, 122.

१८ भालण, उद्धव अने भीम रा० चु० मोदी विरचित, पृ० ३१

"आ काव्य खरी रीति कृष्णविष्टि कहेवाय नहि, आतो कृष्णविष्टि करवा जाय छे ते सम्बन्धी अेटले तेने "द्रोपदी प्रकोप" नाम आपी शकाय, भालण आखी कृष्णविष्टि लखी हशे के ते शंका भरेलु छे, केम के वधीअे प्रतोमां मात्र आ चार ज पदो जोवामां आवे छे।

१९. क. संवत पंदर रुद्रनी बीस। बरस ऊपरि अेक चालीस।

हरिलीला षोडशकला, फलश्रुति, ८, पृ० २१३

ख. संवत पंदर रुद्रनी बीस, षट आगला वरस चालीस।

प्रबोध प्रकाश, अक छट्ठो, ७२, पृ० ७४

२० क. पंडित वोपदेव द्विज अेक, कीधुं हरिलीला विवेक।
तिणि आधारि मि करी कथा, सरोवर जमलु कूड यथा।

हरिलीला षोडशकला, पृ० २१२

ख. सोलकला शशिहर सकलंक, अेह श्रीकृष्ण कथा निकलंक।

वही, फलश्रुति, ७, पृ० २१३

२१. अष्टछाप और वल्लभसम्प्रदाय, भाग १, पृ० २६

२२. ब्रजभाषा व्याकरण, पृ० ३६।

२३. नाम माहात्म्य, श्री ब्रजांक, अगस्त १६४०, ब्रजभाषा नामक लेख से

२४. निम्बार्क माधुरी, पृ० ६ तथा २३

२५. "सूरदास के पूर्ववर्ती बैजू बावरा के कुछ शृंगार गीत प्राप्त हुए हैं जिनसे स्पष्ट रूप से ज्ञात होता है कि इस प्रकार की रचना पहिले से ही होती आ रही थी।"

ब्रजभाषा साहित्य का नायिकाभेद, नवीन सस्करण, पृ० ४२

२६ नैन बान, पुनि राम, ससि गिनो अंक गति वाम।
श्रीभट प्रगट जु जुगलसत यह संवत अभिराम ।।
निम्बार्कमाधुरी, पृ० ६

२७. क रामचन्द्र शुक्ल ने इनका जन्म स० १५६५, कविता-काल सं० १६२५ के लगभग दिया है।
[हिन्दी साहित्य का इतिहास, पृ० १८८]
ख वियोगीहरि ने भी लिखा है कि 'श्रीभट्ट का जन्मकाल अनुमानत १५६५ के लगभग जान पडता है और इनका कविता-काल सवत् १६२५ सिद्ध हुआ।' [ब्रजमाधुरीसार पृ० १४८]

२८ हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, पृ० ७४०

२९ वस्तो, वच्छराज तुलसी, 'Gujarat had only three poets and those of obscure fame in the sixteenth century and yet this century is not without its significance' CPG, page 30

३०. M. G L, page 52-53

३१ वसंत, १९६१ सवत्, वर्ष ४, अंक ८

३२ गुजराती साहित्य परिषद् रिपोर्ट १९०५

'आ मूल दीवाओ मां कोई पण अन्य ज्योतिना प्रभाव थी ज्वालाओ प्रकटी होवी जोइअे।'

३३ क गुजरात सं० १९८२ श्रावण, नरसिंह महेतानो कोयडो
ख कौमुदी, १९३२
ग. नरसैयो भक्त हरिनो, उपोद्घात

३४. GL Chap. IV, Note A, page 149.

३५ वसत, १९६१ सवत्, भाद्र, अंक ८

३६. पुष्टिप्रवाहमर्यादा की टीका

३७. प्रस्थान, स० १९८३, वैशाख-ज्येष्ट तथा ऐतिहासिक संशोधन, पृ० १२३

३८ गुजरात सभा कार्यवही, १६४२ ४३, पृ० ८७ ९५

३९. Vaisnava Faith and Movement, page 47

४०. GL. page 143

४१. गुजराती हाथप्रतोनी सकलित यादी गु व सो. पृ० ८१ ८८

४२ क. नरसो नें गुणगावानो शे ते थी ई दशा मा भाखियुं रे।
ख. ते नरसैइअे गाई रे विविधि विलास मां रे नाम तिनुं सहस्र पदनो रास।
ते अहीं वाचो रे जिन्हे इच्छा वसे रे पुनि पुनि कहइ नव नरसइदास।
ग. नृसिंह अनाथ, थावो हरिनाथ, सावो मम हाथ ते कष्टि खोजो।

४३. क प्रेमानन्द की 'भ्रमरपचीशी' में राही का केवल उल्लेख ही नहीं है वरन् राधा, चन्द्रावली आदि सखियों के साथ वह उद्धव से संभाषण करती हुई भी चित्रित की गई है।

ख. त्याहां तेडी सवि नारि सोलसहसे साथि ते चन्द्राउली।
राधा संग रमे ते सोलसहसे साथि ते लीलाउली।

९६, राधारग

४४ मंडल सभा सिंगार, ४४ से ७५वें दोहे तक

४५ Significance of Narı Kunjar picture By M R Majmudar, Baroda Oriental Conference Report, 1933, page 829.

४६ गुजराती हाथ प्रतोनी संकलित यादी, पृ० ८२

४७. GL, page 142 Rasasahasrapadi as it stands at present, it is a loosely woven poem of about one hundred and twenty three padas

४८. राससहस्रपदी, केशवराम काशीराम शास्त्री द्वारा सम्पादित

४९ न कृ का॰ पृ० ४६८

५० श्री गुरु ने प्रणाम करी ने वर्णवुं श्री जदुराय।
श्री कृष्णनी लीला सांभलतां पातिक दूर पलाय।

न कृ का, पृ० ४२८

५१. इस विषय का विशेष विवरण 'मीराबाई की पदावली' के परिशिष्ट 'क' में परशुराम चतुर्वेदी द्वारा दिया गया है

५२ क॰ मिश्रबन्धु, मीरा का जन्मकाल, सं० १५७३
ख रामचन्द्र शुक्ल, वही
ग॰ डॉ० रामकुमार वर्मा, मीरा का जीवनकाल स० १५५५ १६३०
घ॰ परशुराम चतुर्वेदी, मीरा का जीवनकाल स० १५५५:१६०३ विवाह काल, स० १५७३

५३॰ क. मीरां स्मृति ग्रन्थ, पृ० ४४
शंभुप्रसाद बहुगुना का लेख 'जनम जोगिणी मीरां'
ख मीरां, एक अध्ययन, पद्मावती 'शबनम' विरिचित, जीवन खंड, पृ० १४.८४

५४. गु. हा. सकलित यादी, पृ० १५७

५५. इन पैंतीसो पदों की क्रम सख्याएँ इस प्रकार हैं —
२, ३, २६ ३५, ३७, ४४, ४७, ४८, ५३, ५४, ५६, ७३, ७८, ८३, ८४, ८६, ९०, ९२, ९५, १०२, १०७, १११ ११३

५६. क च, प्रथम भाग, पृ० ८०

५७. 'गुजराती', स० १९९१

५८. श्रीकृष्णलीला काव्य, भूमिका पृ० १४

५९. संवत पंदर बोतेर अभ्यास। बुधाष्टमी भादरवो मास।

बृ॰ का दोहन, भाग ६, पृ० ७०६

६०. क च, भाग १, पृ० २३१ २३२

६१ क च, भाग १, पृ० २६१ २६२

६२ बृ का दोहन भाग १ लो, पृ० ६८३

संवत १६०९ सोलनवोतरो वैसाख सुदि अेकादशी ।
महीदास सुत बहदे कहे, कृपा करी श्री हरि कहाविउ ।

६३. क च, भाग १, पृ० २७६

६४ क च, भाग २, पृ० २९९

६५. क च, भाग २, पृ० ३७५

६६ क गु हा सकलित यादी, पृ०
ख क च, भाग २, पृ० ३७५

६७ क सवत सोल सत्ताला जांण्य—रुक्मिणीहरण
ख सवत शोल शडताला सोय—हनुमान चरित्र
ग सवत शोल आठताला - विराटपर्व

६८ क च, भाग २, पृ० ४०५

६९. क च, भाग २, पृ० ४०९

७०. फूढ की 'पाडवविष्टि' के अन्तिम पृष्ठ का उल्लेख सुरतसाहित्य परिषद् के विवरण में पृ० ७८ पर दिया है। इसी से इसकी सत्ता का ज्ञान होता हे

७१ क सूरदास, पृ० ९७
ख अष्टछाप और वल्लभसम्प्रदाय भाग १, पृ० २६८
ग सूरसौरभ, प्रथम भाग, पृ० ३
घ. अष्टछाप परिचय, पृ० ९६
ड सूरनिर्णय, पृ० १६९

७२ अष्टछाप और वल्लभसम्प्रदाय, भाग १, पृ० २६८

७३. सूरनिर्णय, पृ० १६९

७४ अष्टछाप और वल्लभसम्प्रदाय, भाग १, पृ० २६८

७५. **व्यास कहे सुकदेव सौ द्वादशस्कंध बनाइ ।**
सूरदास सोई कहे पद भाषा करि गाइ ।।

सू सा स्कव १

७६ सूरनिर्णय, पृ० १६१

७७. अष्टछाप और वल्लभसम्प्रदाय, भाग १, पृ० २८०

७८. वही, पृ० ३१४ ३१५

७९. वही, पृ० ३११

८० अष्टछाप परिचय, पृ० १३५

८१ अष्टछाप और वल्लभसम्प्रदाय, भाग २, पृ० ३१५ ३२३

८२. वही, पृ० ३२४

८३. अष्टछाप परिचय, पृ० १६६

८४ अष्टछाप और वल्लभसम्प्रदाय, भाग १, पृ० ३८८, ३८६

८५ वही, पृ० ३७२, ३७७

८६ नददास, भाग १, भूमिका, पृ० २० २१

८७. अष्टछाप परिचय, पृ० १६८, २००

८८ वही, पृ० १६८

८६. नददास, भाग १, भूमिका, पृ० ८६

९०. क. वही,
ख अष्टछाप और वल्लभसम्प्रदाय भाग १, पृ० ३७०

६१ अष्टछाप और वल्लभ सम्प्रदाय,, भाग १, पृ० ३७४

६२ वही, पृ० ३३८, ३३९

६३. वही, पृ० ३४०

९४. वही, पृ० ३४१

९५. क वही, पृ० ३४७ ३४८
ख. नंददास, भाग १, पृ० ६८,६९

६६ अष्टछाप और वल्लभसम्प्रदाय, भाग १, पृ० ३४६

९७. नददास, भाग १, पृ० ८२

६८ अष्टछाप और वल्लभसम्प्रदाय, भाग १, पृ० ३६० ३६१

६६ अष्टछाप परिचय, पृ० २१२

१०० अष्टछाप और वल्लभ सम्प्रदाय भाग १, पृ० ३८१,३८४

१०१. सम्प्रदाय में प्रचलित हिताब्द के आधार पर इनका जन्म सं० १५३० सिद्ध होता है और जीवन-काल स० १५३० १६०६ तक परन्तु भागवतमुदित नामक कवि के 'हितहरिवशचरित्र' में जन्म काल 'पन्द्रह सौ उनसठ सम्वत्सर' दिया है।

१०२. इस विषय में साम्प्रदायिक मान्यता है

रीझे श्री वनचन्द्र जू, बोले सबन उमंग।
सेवकवाणी कूं पढ़ों, श्री चतुराशी संग।।

१०३ मिश्रबन्धु विनोद, भाग १, पृ० ३३२

१०४ **सुभ सत पन्द्रह जान, सरसठ ता ऊपर अधिक।**
ता संवत मे आन, प्रगट भये श्री व्यास जी।।

श्री व्यासवाणी, पूर्वार्ध वक्तव्य पृ० व०

१०५ वही, पृ० व०

१०६ ब्रजमाधुरीसार, पृ० ९७

१०७ हिन्दी साहित्य का इतिहास पृ० १८३, १८७

१०८ निम्बार्क माधुरी पृ० ६९

१०६ वही, पृ० ९

११०. ब्रजमाधुरीसार, पृ० १५६

१११. निम्बार्क माधुरी, पृ० २७

११२ वही, पृ० ७४ ७५

११३ वही, पृ० ७४ ७५

११४. हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, पृ० ७१४

११५ हिन्दी साहित्य का इतिहास, पृ० १८६

११६ निम्बार्कमाधुरी, पृ० २०२

११७. ब्रजमाधुरीसार, पृ० १२४

११८ अष्टछाप और वल्लभसम्प्रदाय भाग १, पृ० ६६

११९ निम्बार्कमाधुरी, पृ० २२४

१२० वही, पृ० २३३

१२१ मीरा स्मृति ग्रन्थ, परिशिष्ट 'ख' मीरा परिचय, पृ० ५८

१२२ वही, पृ० १४१

१२३ रहीम रत्नावली, मायाशकर याज्ञिक द्वारा सपादित, पृ० ३२

१२४ शास्त्री के कविचरित के अभी दो भाग ही प्रकाश में आये है जिसमें स० १७१६ तक के कवियों का समावेश है। प्रेमानद का काव्यकाल इसके बाद आता है। उन्होंने अपनी नवीन कृति 'प्रेमानद एक अध्ययन' में प्रेमानद के समय पर प्रकाश डाला है

१२५ गु. हा सकलित यादी पृ० २९५

१२६. वही, पृ० १८६, २९२

१२७. वही, पृ० १८६

१२८ क च, पृ० ३६५ ३६६

१२९ **सं० १६ संवछर साठो, माघ सुदी पखवाडो जी।**
ग्रंथ समर्पण करी गोविंद ने, प्रणमे जन देवीदास जी।

गु व. सो ह प्र. नं० २६४

१३० परशुराम आख्यान, 'सवत सोल सडसठ वर्षे; बाल चरित्र, 'सवत सोल सडसठाधन्य', तथा एकादशी माहात्म्य, सवत सोल शतेर'

१३१ क च, भाग २, पृ० ४५२

१३२ वही, भाग २, पृ० ५०२

१३३. **संवत सोल नवासो अे। साके पनरचोपने कही अे।**

ह प्र न० ३२५

१३४ क च, भाग २, पृ० ४४६

१३५ कृष्णादास के नाम से एक 'रासक्रीडा' का भी उल्लेख मिलता है परन्तु हस्तप्रति देखने पर ज्ञात होता है कि यह अष्टछापी कृष्णदास के रास विषयक पदों का सग्रह मात्र है

गु हा. सकलित यादी, पृ० २२, ह प्र. न० ४६८४ वडौदा

१३६ क च, भाग २, पृ० ४४९, ४५१

१३७ वही, भाग २ पृ० ५२७

१३८ फा० गु० सभा, हस्तप्रति न० ३६१

क. श्री कंसोधारण लीक्षते
ख. इति श्री कंसोधारण आक्षांन सम्पूर्ण सयाप्त ।

१३९ संवत सतर पांच्य ने साल नी सक्षां कहू
पनर सत ने एकोतेर ने ... ..

गु व सो हस्तप्रति न० ७३

१४०. प्रेमानद, एक अध्ययन, पृ० ३०,३१

१४१ संशोधन ने मार्गे पृ० ३१

मोटो दशमस्कंध सिद्धरूपो अैनी आखरनी कृति समझाव वै च ।

१४२. 'प्रेमानद, एक अध्ययन, पृ० ३०

१४३ G L. Page, 183.

१४४ सुभद्राहरण प्रस्तावना, पृ० ११३ ११५

१४५. G L Page, 188

१४६ गु हा संकलित यादी, पृ० १२२

१४७. V G. Page, 245 246.

१४८ रुक्मिणी विवाह् वरणी न जाए। संक्षेप मात्र आ सलोकी थाए ।

गु व सो ह प्र न० ८८५

१४९ संमत सतर ने चालीस साल। वैशाख सुखो वारस गुरुवार ।

—वही

१५० गु व सो ह प्र न० ७४९ अ

१५१. गु. ह्. संकलित यादी पृ० १२२

१५२ गु व सो ह्.प्र नं० द २१२

१५३. गु ह्. संकलित यादी, पृ० १२६

१५४. वही, पृ० १२६ १२७

१५५ सुभद्राहरण, भूमिका, अम्बालाल बुलाकीराम जानी रचित, पृ० ४७'४८

१५६ श्रीमद्भागवत, कवि प्रेमानदकृत पद्यबंध, पृ० ३५१

१५७. नर्मदाशंकर द्वारा सम्पादित श्रीमद्भागवत दशमस्कंध की भूमिका से ।

विशेष कहेवानु आछे के प्रेमानंद ना ग्रंथ मा संस्कृत श्लोके श्लोक नुं भाषान्तर नथी पण अध्याय अध्यायना कथा प्रसंगो ने वर्णन विस्तारे प्रफुल्ल कर्यो छे। भक्तिबोध ने माटे कथा प्रसंग अने भक्तिबोध आनंद साथे हृदय मां करे तेने माटे लोकप्रिय वर्णन विस्तार छे।

१५८ गोवर्धनदास द्वारा सम्पादित रत्नेश्वर कृत दशमस्कंध के उपोद्घात से—

'कवि प्रेमानंद जातनो ब्राह्मण अने संस्कृत भाषा थी अज्ञान होवाने लीधे मूल भागवत ग्रंथ मां शुं लख्युं छे तेनी बराबर अर्थ न समझतां अे कवियें पोताना ध्यान मां आव्या प्रमाणे साधारण कथा भाग लइ तेमा अनेक फेरफार करी ने भाषान्तर कर्युं छे।

१५९ प्रेमानंद, एक अध्ययन, पृ० ३०

१६० संवत सतर ओगणचालीस, भाद्रपदे निर्धार जी।
दशमस्कंध थयो संपूर्ण ऋषि पंचमी रविवार जी।
श्री मद्भागवत, दशमस्कंध।

१६१ गु हा संकलित यादी, पृ० १७३, १७५

१६२. वही, पृ० १७४

१६३. वही, पृ० १७३

१६४ वही, पृ० २०३

१६५. क च, भाग २, पृ० ३१९

१६६ संवत १७१६ संवच्छरम् शाठो माघ शुध पख जी
वडौदा संग्रह, ह प्र नं० ८८४

१६७ चोपन मे अध्याये संपूरण सांभलता सुखकारी जी।
शुकदेवपरीक्षत ने कहे कथातणु विस्तारी जी।
—वही।

१६८ संवत सत्तरसे तेत्रीशसार अषाढसुद द्वितीया शनिवार ३

१६९ क च, भाग २, पृ० ४६४

१७०. गु हा संकलित यादी, पृ० २५

१७१ प्रा० का० सुधा० भाग ३. पृ० १४१ 'मथुरामहिमा गाईं शुं जात गुरुंजगदोश' मथुरा महिमा गायो सार. श्री गुरुदेव संत आधार।
- वही, भाग ४

१७२ तेना चर्ण प्रतापे करी. श्रीकृष्ण लीला विस्तरी—वही।

१७३ ब्रजमाधुरीसार, पृ० २०९

१७४ अष्टछाप और वल्लभसम्प्रदाय, भाग १, पृ० ८०

१७५. 'संस्कृत न जाणनाराने अर्थे भाषामां पण केटलाक पदो आप श्रीअे रच्यो छे, अने अे मार्गे पण भावनुं मान कर्यु छे। धोलो पण प्रकट कर्यां छे। ते ज रीतिअे आपना केटलाक ख्यालादि पण संप्रदाय मां प्रसिद्ध छे।
—श्री हरिराय जी जीवन अने बोध, पृ० २१: २२

१७६. राधावल्लभ भक्तमाल, पृ० ३२२, ३२५ ३२६

१७७. वही, पृ० ३३०

१७८ वही, पृ० ३२९

'इस प्रकार आपने ब्यालीसलीला एक ग्रंथ बनाया यह ध्रुवदास जी की ब्यालीसलीला के नाम के विख्यात है।

१७९ हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, पृ० ७२४

१८० बध संख्या, २१४ पुस्तक नं० १६ ३०

१८१. सोलह से ध्रुव छासिया पून्यो अगहन मास

१८२ वाणी वल्लभ रसिक जी की, पृ० १, भूमिका

१८३ वही, पृ० २, भूमिका

१८४ श्री माधुरी वाणी पृ० ४, भूमिका

१८५ वही, पृ० ५, भूमिका

१८६ निम्बार्कमाधुरी पृ० ९३, १२९

१८७ वही, पृ० १४३

१८८. वही, पृ० १६६

१८९. वही, पृ० ९९

१९० वही, पृ० ९४, १००

१९१. वही, पृ० ९४

१९२. वही, पृ० १३१

१९३. वही, पृ० ३४० ३४१

१९४. वही, पृ० २६९

१९५. वही, पृ० ३१६

१९६. वही, पृ० २६९

१९७. वही, पृ० २९९

१९८. वही, पृ० ३१६

१९९. वही, पृ० ४७९, ५००

२००. वही, पृ० ५७७

२०१. ब्रजमाधरीसार, पृ० ४४५

२०२. देव और उनकी कविता, पृ० २७

२०३. कवित्तरत्नाकर, भूमिका, पृ० ६

२०४ देव और उनकी कविता, पृ० ३६ ४३

२

वर्ण्य वस्तु

विश्लेषण तथा विवेचन

कृष्ण-लीलाएँ—लीलास्थल की दृष्टि से कृष्ण-चरित को त्रिधा विभाजित किया जाता है।[1]

१. व्रज-लीला
२. मथुरा-लीला
३. द्वारका-लीला

व्रज-लीला पुनः दो भागो मे विभाजित की जा सकती है जिनमे लौकिक तथा अलौकिक दोनों प्रकार का चरित समाविष्ट है।

आगे लीलाओं के इसी विभाजन के अनुसार गुजराती और ब्रजभाषा कृष्ण-काव्य की समस्त वर्ण्य-वस्तु का तुलनात्मक निरूपण किया गया है।

व्रज-लीला

दोनों भाषाओं में साधारणतया इन कृष्ण-लीलाओं का वर्णन भागवत के दशमस्कध पर आधारित मौलिक तथा अनूदित रचनाओ मे प्राप्त होता है। लीला विशेष से सम्बन्धित स्वतंत्र उल्लेखनीय रचनाओं का निर्देश यथावसर कर दिया गया है।

पुराणोल्लिखित लीलाओ मे से अनेक के वर्णन मे कवियो ने पर्याप्त स्वतंत्रता तथा मौलिकता का प्रदर्शन किया है, कतिपय कवियो ने ब्रज-लीला के अंतर्गत कई नितान्त नवीन प्रसंगो की उद्‌भावना की है, ऐसे कवियो मे ब्रजभाषा के सूरदास तथा गुजराती के प्रेमानन्द का नाम सर्वोपरि है, विश्लेषण की सुगमता के लिए विशिष्ट प्रसंगों का पृथक् निरूपण अपेक्षित है।

अलौकिक गोकुल लीलाएँ

कृष्ण-जन्म—भालण, प्रेमानंद आदि दशमस्कधकारो के अतिरिक्त इस विषय मे गुजराती मे नरसी के 'श्रीकृष्णजन्मसमाना पद' तथा 'श्रीकृष्णजन्म बधाई ना पद' विशेष उल्लेखनीय हैं, ब्रजभाषा मे अष्टछाप के समस्त कवियो द्वारा जन्म तथा बधाई के पद रचे गए। अन्य सम्प्रदायों के कुछ कवियो द्वारा भी बधाई के पदो का निर्माण हुआ।

कृष्ण-जन्म से पूर्व पृथ्वी की प्रार्थना से द्रवित हो कर 'हरि' ने भूभार उतारने के निमित्त अवतार धारण करने का वचन दिया जिसका वर्णन अनेक कवियो ने किया है किन्तु विष्णुपुराण का आधार लेकर 'हरिलीला षोडशकला' के रचयिता ने लिखा है कि देवेश ने अपने मस्तक के दो केश भी दिये। 'वलतां वचन कहि देवेश, मस्तकना आप्या दोइ केश' (पृ० १३०.) इसका उल्लेख भागवत मे नही है फलतः अन्य कवियों ने ऐसा नही लिखा। भागवत मे **'यर्ह्येवाजनजन्मर्क्ष'** तथा **'निशीथे'** के अतिरिक्त कृष्ण-जन्म की तिथि मास दिवस का कोई निर्देश नही किया है किन्तु लगभग सभी कवियों ने कदाचित् ब्रह्मवैवर्त का आधार लेकर स्पष्टतया इसका निर्देश किया है। ब्रह्मवैवर्त मे जन्म के समय **'अर्धरात्रेसमुत्पन्ने रोहिण्यामष्टमीतिथौ'** (कृ० पू० ७:६४) मास का उल्लेख व्रत के प्रसग मे किया गया है पर वार वहाँ भी नही मिलता। **फलं भाद्रपदेऽष्टम्यां भवेत्कोटिगुणं द्विजः** (वही, ८:६)। इस विषय मे गुजराती तथा ब्रजभाषा मे दी गई जन्म-तिथियो मे मास और वार का अंतर महत्त्वपूर्ण है।[१] नरसी ने श्रावण मास, मंगलवार तथा लक्ष्मीदास और प्रेमानद ने 'श्रावण वदनी अष्टमी' दिन बुधवार दिया है। सूर ने केवल 'भादो की रात' और नंददास ने कृष्णपक्ष की अष्टमी तथा रोहिणी नक्षत्र का भी उल्लेख किया है।[२]

गुजराती कवि भालण ने कृष्ण-जन्म के अवसर पर इन्द्र-इन्द्राणी के सम्वाद का वर्णन एक पद मे किया है। इद्राणी अहीर बन कर गोकुल मे निवास करने की इच्छा प्रकट करती है परन्तु इद्र 'प्रभु' की आज्ञा न समझ कर गगन में ही स्थिर रहने का निश्चय करते हैं।[३]

अष्टछाप के कवियों ने जन्मोत्सव के समय ढाढ़ी ढाढिन, के पद रचे है। चैतन्य सम्प्रदायी कवि गदाधर भट्ट ने कृष्ण जन्म की बधाई के पद भी लिखे हैं और अपने को 'मांगनो' भी कहा है।

१. आज कहूँ ते गोकुल में अद्भुत बरखा आई हो।

—ग० वाणी, पृ० १०

२. हो ब्रज माँगनो जू ब्रज तज अनत न जाऊँ जू।

—वही, पृ० २१

गुजराती कृष्णकाव्य में ढाढी का प्रसग नही मिलता केवल भालण के दशम स्कंध में जहाँ सूर का 'ब्रज भयो महरि के पूत' वाला पद प्रक्षिप्त मिलता है वही उनका ढाढी के प्रसग का यह पद भी प्राप्त होता है।

नदजू मेरे मन आनद भयो सुनि गोबर्धन ते आयो।
हों तो तुम्हारे घर को ढाढी सूरदास मेरो नाउँ।

यह प्रक्षेप प्रकाशित प्रतियों में ही नही वरन् हस्तलिखित प्राचीन प्रतियों मे भी उपलब्ध होता है।

कारागृह मे कृष्णजन्म के समय की परिस्थिति का चित्रण प्राय. एक-सा ही मिलता है। दोनों भाषाओं के कवियों ने प्रकट होने के बाद कृष्ण को चतुर्भुज रूप में चित्रित किया है जो भागवत के 'चतुर्भुजं' के अनुकूल है। किसी ने भी ब्रह्मवैवर्त के 'द्विभुज मुरलिहस्तम्' का अनुसरण नही किया।

किन्तु कृष्ण को गोकुल ले जाते हुए वसुदेव को जहाँ यमुना मार्ग देती है वहाँ कई कवियों के वर्णन मे भास के बालचरित की छाया प्रतीत होती है। ब्रह्मवैवर्त मे उसका वर्णन ही नही है। भागवत में यमुना के लिए 'मार्ग ददौ' मात्र लिखा है किन्तु बालचरित मे 'द्विधा छिन्नं जलम्' मिलता है। भास की इस कल्पना का कारण रंगमंच को सुविधा कहा जा सकता है। गुजराती के भालण केशवदास तथा प्रेमानन्द और ब्रजभाषा के नन्ददास ने बालचरित जैसा ही वर्णन किया है, सूरदास मे इसका वर्णन ही नही मिलता।[४] कृष्ण के हुँकारने की तथा पीछे के जल के रुकने और आगे के जल के बह जाने की बात प्रेमानन्द ने अपनी ओर से सम्मिलित कर दी है। शिशु-विनिमय की बात भागवत मे कृष्ण द्वारा ही वसुदेव को ज्ञात हुई और भागवतानुयायी कवियो ने इसी का अनुसरण भी किया है। गुज-राती के केशवदास ने कृष्ण द्वारा स्पष्ट कथन न कराके उनकी प्रेरणा से ही वसु-देव मे ऐसी बुद्धि आना लिखा है।

'हरिये हइये प्रेर्यो वसुदेव'—श्रीकृ० क्री०, पृ० १९

बालचरित मे शिशु-विनिमय का प्रसग नितान्त भिन्न एक अपूर्वनिश्चित आकस्मिक रूप मे घटित हुआ है किन्तु उसका किसी कवि द्वारा अनुकरण नही किया गया। गोकुल मे कृष्ण-जन्म के समय उत्सव, उत्साह, बधाई आदि का जितना विस्तृत वर्णन सूरदास ने किया उतना किसी भी कवि ने नही किया।

पूतना-वध

भागवत मे पूतना के लिए 'कंसेन प्रहिता घोरा पूतना बालघातिनी' कहा है और वध के उपरांत उसके दाह-सस्कार का भी वर्णन है।[५] ब्रह्मवैवर्त मे उसे कंस की भगिनी तथा हरिवंश मे धात्री बताया गया है।[६] स्तन में विष लगाने तथा सुन्दरी स्त्री का वेश धारण करने का वर्णन सब मे प्राप्त होता है।

गुजराती तथा ब्रजभाषा दोनो भाषाओ के कवियों ने पूतना को 'बकी' के रूप मे ग्रहण किया है जिसका आधार सभवत. भागवत का पूतना के लिए प्रयुक्त 'खेचरि' शब्द हो सकता है। कुछ गुजराती कवियो ने ब्रह्मवैवर्त के अनुसार उसे कंस की बहिन भी लिखा है और उसके द्वारा कृष्ण की मासी बनने का भी उल्लेख किया है।[७] गुजराती कवियो मे भालण ने न 'पूतना' नाम दिया है और न 'बकी' ही।

गुजराती मे नरसी तथा भालण और ब्रजभाषामे सूर द्वारा भागवतोक्त पूतना के दानवी रूप और दाह-संस्कार का वर्णन नही किया गया है। ब्रजभाषा के कवियों द्वारा पूतना का कंस की भगिनी एवं कृष्ण की मासी के रूप मे भी चित्रण नही हुआ है। गुजराती के कवि प्रेमानन्द ने वसुदेव देवकी को पूतना के ब्रज-प्रयाण की सूचना से दुखी चित्रित किया है।[८]

> पूतना गई गोकुळ विषे वसुदेव जाणी बात,
> दंपती दुखीया थयां ते करे बहु अश्रुपात।

ब्रजभाषा के किसी कवि ने इसका चित्रण नही किया।

सिद्धर ब्राह्मण

सूरसागर मे पूतना-वध के अनन्तर कस द्वारा कृष्ण-वध के लिए भेजे हुए 'सिद्धर बाभन' का प्रसंग वर्णित है। इसका भागवत में अभाव है। किसी परवर्ती कवि द्वारा भी इसका अनुवर्णन नही किया गया।

सूरदास के सिद्धर की कथा पूतना की कथा से पर्याप्त साम्य रखती है। पूतना की तरह ही वह भी नंदभवन में कृष्ण को मारने पहुंचता है और जब यशोदा यमुना जाती है तो अपना मनोरथ पूर्ण करना चाहता है। भेद यह है कि कृष्ण पूतना की तरह सिद्धर का वध नही करते वरन् उसे ब्राह्मण समझ कर केवल भूमि पर गिराने के बाद उसकी जीभ मरोड देते हैं। अपना भोलापन दिखाने के लिए मटकियाँ फोड़ कर कुछ दधिमाखन उसके मुँह मे लिपटा देते है। तब तक यशोदा पानी लेकर आ जाती है और ब्राह्मण को घर से बाहर कर देती है।[९] सूरसागर मे जिस स्थल पर

यह पद है वहाँ पूर्वापर प्रसग देखते हुए यह अप्रासागिक है क्योकि पदान्त के बाद पुन. 'सुन्यो कंस पूतना मारी' लिखकर पूतना के प्रसग को ही उठा लिया जाता है। सिद्धर की असफलता का न तो कोई समाचार कंस तक पहुचता है और न उसकी किसी प्रतिक्रिया का ही चित्रण मिलता है। संभव है इस कथा का मूल हरिवश में पूतना वध के बाद वर्णित एक ब्राह्मण द्वारा रक्षा कवच देने की कथा मे निहित हो।

कागासुर-वध—'सिद्धर बांभन, की तरह कागासुर की कथा भी भागवत मे नही मिलती किन्तु पद्मपुराण मे काकरूपधारी एक राक्षस के द्वारा कृष्ण की हथेली पर प्रहार किये जाने का वर्णन है जिसका अनुमोदन ब्रह्मपुराण तथा विष्णुपुराण से भी होता है।[१०] सूरसागर मे इसका वर्णन है किन्तु नंददास के दशमस्कध मे कागासुर की घटना का कोई सकेत नही है। गुजराती के कवियों द्वारा भी इसका वर्णन नही किया गया है, केवल फांग नामक कवि के 'कंसोद्धरण' काव्य मे एक स्थल पर 'कक बक' का उल्लेख मिलता है जिसमें कंस उन्हें कृष्ण की आँख निकालने तथा अंग मरोड़ने की आज्ञा देता है।[११] सूरदास ने कागासुर की कथा का सागोपाग वर्णन किया है। उन्होने काग को भी अन्य असुरों की तरह कंस प्रेरित बताया है।

कागासुर को निकट बुलायो तासों कहि सब वचन सुनायो।
—सू० सा० पृ० १६५

मोती बोनें की कथा—यह मोती बोने की कथा संभवत: गर्गसहिता से ली गई है। गुजराती कवि पूजासुत परमानद ने अपने हरिरस के द्वितीय वर्ग मे इसका वर्णन किया है:

सीचो दुधहसे अवणपर फल फलीआ बेहु मोती।
मुगताफल उगीया देषीने वीसमे पामी जसोदा जोती॥
छंद स० १९५, फा. ह. प्र. ३२५

विराट् आम्र वृक्ष—नरसी मेहता ने गोकुल मे एक बौरे हुए विराट आम्र वृक्ष का वर्णन किया है जिसे यशोदा ने सीचकर बड़ा किया और जिसकी अलौकिकता के कारण ब्रजनारियाँ उसे देखने आती हैं।[१३] नरसी का इसी प्रकार का एक अन्य पद है जिसमे संभवत. कृष्ण को ही आम्र वृक्ष के रूप मे एक रूपक के द्वारा वर्णित किया गया है। 'सोल सहस्र कोकिला' से सोलह हजार गोपियो की और यदुकुल में वसुदेव द्वारा बोने तथा यशोदा द्वारा दूध से सीचे जाने से गोकुल में मथुरा मे उत्पन्न हुए कृष्ण के लालन पालन की व्यंजना होती है।[१४]

शकट-भंजन अथवा शकटासुर-वध—यह प्रसंग भागवत के दशम स्कंध के सातवे अध्याय मे उपलब्ध होता है और पूतना-वध के ठीक बाद मे वर्णित है। और वहाँ न इसमे किसी असुर की कल्पना का मिश्रण है और न इससे कस का कोई सम्बन्ध ही ज्ञात होता है। भास ने अवश्य शकट को 'दाणव' के रूप मे प्रस्तुत किया है

> **षअडो णाम दाणदो षअडवेषम् गहिवअ आअदो तं पि जाणिअ एक पादप्पहा-रेण चुण्णी किदो षो वि दाणवो भविअ तत्तो एव्व मुदो।**

इस प्रकार कवियो में भी दो वर्ग हो गए हैं। भागवतानुयायी भीम, भालण तथा केशवदास ने शकट मे असुरत्व नही देखा।[१५] इसके प्रतिकूल नरसी, प्रेमानन्द, परमानन्द, सूरदास तथा नंददास ने असुरत्व की स्थापना की है।[१६]

वर्णन की दृष्टि से शकट को असुरत्व प्रदान करने वाले कवियो की निम्नलिखित कोटियाँ स्थापित हो जाती है।

प्रथम कोटि—इसमें भीम, भालण आदि गुजराती के वे कवि है जिन्होंने भागवत के शकट-भंजन का अनुवाद मात्र कर दिया है।

द्वितीय कोटि—इसमें गुजराती के परमानंद तथा ब्रजभाषा के नंददास आते हैं जिन्होंने शकट को असुरत्व प्रदान तो किया किन्तु कंस से उसका कोई सम्बन्ध व्यक्त नही किया। नंददास ने उसे अभिचार का असुर कहा है और उसका शकटरूप धारण करना न कह कर उसमे अट-कना कहा है।

तृतीय कोटि—इस कोटि में गुजराती के नरसी, प्रेमानंद तथा ब्रजभाषा के सूरदास आते है जिन्होने शकटासुर को पूतना की तरह कंस द्वारा प्रेरित लिखा है। इस कोटि के कवियों में भी प्रत्येक कवि ने अपनी अपनी इच्छा के अनुसार कथा को विकसित तथा कल्पित किया है।

नरसी तथा प्रेमानद ने कंस द्वारा शकटासुर के भेजे जाने का उल्लेख किया है। इस असुर ने शकट का रूप धारण कर लिया इस विषय मे 'शकट रूपे थयो' लिखकर प्रेमानंद और 'शकट को रूप धरि असुर लीनो' लिखकर सूरदास दोनो एक मत है। प्रेमानंद तथा सूरदास ने इस कथा के विकास में विशेष मौलिकता प्रदर्शित की है।

प्रेमानद के अनुसार कंस ने पूतना-वध सुनकर शकट, वच्छ, तृणावर्त, बग, अघ आदि को तत्काल बुलाकर कृष्ण को मारने का आदेश दिया जिसका सर्वप्रथम पालक था शकटासुर।

भेद साभली चाल्या भूर, प्रेथमे आव्यो शकटासुर ।

—श्रीमद् भा०, पृ० २४८

सूरदास ने शकटासुर के मुख से कस के सामने कृष्ण का नाश कर आने अथवा जीवित लाने की करबद्ध याचना कराई है जिसे सुनकर कस उसे बीड़ा देता है—

दोउ कर जोरि भयो तब ठाढो प्रभु आयसु मैं पाऊँ ।
ह्या ते जाइ तुरत ही मारो कहौ तो जीवित ल्याऊँ ।
यह सुनि नृपति हर्ष मन कीनो तुरतहिं बीरा दीनो ।

—सू० सा०, पृ० १३६

तदुपरात सूर ने एक ही पद मे शकट संहार का वर्णन समाप्त कर दिया किन्तु प्रेमानद ने कुछ अन्य उद्‌भावनाएँ भी की हैं। पहली तो यह कि द्वार की कुंडी आदि खटखटाकर यत्नपूर्वक रुदन से चुप कराकर जब यशोदा कृष्ण को शकट के नीचे छोड़ जाती है तो कुछ बालकों से कह जाती है कि ताली बजाते रहना 'बीजां बालकोने कहे ताली पाडो' दूसरी यह कि कृष्ण क्रुद्ध होकर अपने बामपाद की वृद्धि करके स्थूल रूप मे परिणत हो जाने वाले उस शकट का सहार करते हैं।

क्रोध रुप थया अशरण शर्ण ।
वृद्धि पमाड्यो डाबो चर्ण ।

तीसरी यह कि यशोदा लौटकर शकट-भग को उन बालकों का अन्याय बताती है जिसका वे प्रतिवाद करते हैं ।

बीजा बाळने यशोदा कहे छे, अे अन्या सर्व तमारो छे;
तमो शकट भाज्यु सर्वे मळी खीजी यशोदा थई आकळी;
बालक कहे अन्या न थी अतमणो, तारे पुत्रे पग वधार्यो घणो;

ऐसा वर्णन ब्रह्मवैवर्त मे भी है परन्तु प्रेमानंद ने उसे अधिक स्वाभाविक तथा नवीन रूप प्रदान कर दिया है ।

पप्रच्छुर्बालबलिकान् गोपा बभंज शकटं कथम्

—अ० १२, श्लो० ११

चौथी यह कि शकटासुर मरने पर अपना काष्ठाकार त्यागकर पुनः दानव रूप ग्रहण कर लेता है जिसको नद बाहर निकलवा फेंकते हैं—

काष्ठाकार गाडानो गयो । शकट दानव रुपे थयो ।
नदे दैत्य नखाव्यो बहार...... .

पाँचवी और अतिम यह कि शकटासुर को लेने विमान आता है 'आव्यु शकटासुर ने विमान रे' ।

गुजराती कवियो मे पालणू उल्लेख करने वाले केवल केशवदास है । शेष ने झोली का उल्लेख किया है जो गुजरात की विशेषता है । प्रेमानद ने इसके लिए यशोदा के किकरी द्वारा सारी मगवाने तक का वर्णन किया है ।

साडी एक लावी किकरी

ब्रजभाषा के कवियो ने पालने का ही उल्लेख किया है ।

गुजराती कवियों मे प्रेमानद तथा केशवदास ने शकट के नीचे कृष्ण को सुलाने के प्रयत्न मे यशोदा से 'हालरू' अथवा लोरी गवाई है । सूरदास ने शकट के प्रसग मे तो नही किन्तु तृणावर्त-वध के उपरात 'हालरू' गाने का उल्लेख किया है:

जन बलि जाइ हालरू हालरो गोपाल ।
—सू० सा०, पृ० १३९

तृणावर्त-वध

—तृणावर्त की स्थिति शकटासुर से भिन्न है । भागवत मे ही इसके दैत्य होने तथा कंस द्वरा भेजे जाने का स्पष्ट उल्लेख है.

दैत्यो नाम्ना तृणावर्तः कंसभृत्यः प्रणोदितः
——१०:७ २०

भागवत के अनुसार एक दिन अचानक गोद मे कृष्ण का पर्वत तुल्य असह्य भार अनुभव करके यशोदा ने उन्हे पृथ्वी पर छोड़ दिया और गृह काज मे लग गई । समस्त ब्रज को त्रस्त करता हुआ तृणावर्त आया और कृष्ण को उठा ले गया किन्तु कृष्ण का भार न वहन करने के कारण और उनके द्वारा कंठ ग्रसे जाने से उसकी मृत्यु हो गई । ब्रज मे एक शिला पर उसकी देह गिरी और उसके सारे अवयव विशीर्ण हो गए । गोपियों ने कृष्ण को राक्षस की छाती से उठाकर यशोदा को दिया जिसे देखकर नंदादि सभी प्रसन्न हुए ।

इस मूल कथा भाग मे से कवियों द्वारा बहुत से अंश स्वीकृत किये गए और बहुत से नहीं भी । गुजराती मे केशवदास ने पूर्णतया भागवत का अनुकरण किया है । ब्रजभाषा मे सूर और नंददास ने तथा गुजराती में भालण, केशवदास और प्रेमानंद ने भार-वृद्धि का वर्णन किया है किन्तु भारी पडने का जो कारण दोनों ने दिया है वह एक दूसरे से भिन्न है, भागवत मे इसका कोई भी कारण नही दिया है ।[१७] भालण

तथा नंददास के अनुसार कृष्ण इसलिए भार वृद्धि करते है कि वे यशोदा को तृणावर्त के आघात से दूर रखना चाहते हैं किन्तु सूर तथा प्रेमानंद ने इसे स्पष्ट नहीं किया है।

गुजराती के एक कवि फाग ने अपने कसोद्धरण मे अघासुर के साथ तृणावर्त की घटना के भी वृन्दावन मे घटित होने के उल्लेख किया है जो भ्रात है

वृन्दावन माहे असूर अघासूर त्रणावत शघारयो।

गुजराती के अन्य कवियो मे नरसी ने 'तृणावत तत्क्षण हण्यो रे' लिखकर तृणावर्त-वध का सकेत मात्र किया है वर्णन नही। नददास ने तृणावर्त के कस द्वारा भेजे जाने का कथन नही किया है किन्तु भालण, सूर और प्रेमानन्द आदि ने किया है।[१८]

भालण की गोपियाँ कृष्ण को अकेला छोड़ने पर यशोदा को गालियाँ देती हैं।

वीलो मूक्यो रे बाल, जशोदा ने दे गाळ।
—द० स्क०, पृ० ३१

और नदादि गोप खोए हुए कृष्ण की खोज बताने वाले को पुरस्कार देने की बात करते है

दृष्टे देखाडे कहान ने तो रिद्धि आपु अति घणी।

प्रेमानद तृणावर्त के कारण यमुना को उलटी दिशा मे प्रवाहित चित्रित करते है जो अन्य किसी कवि ने नही किया है और न भागवत मे ही है।

विपरीत यमुना जी नु जळ वहेतुं हरि हर्या हवो हाहाकार
—श्रीमद् भा०, पृ० २५०

गोपियो के क्रदन के अतिरिक्त प्रेमानद ने नद तथा उपनंद द्वारा कृष्ण की खोज करने का भी उल्लेख किया है, यह भी अन्यत्र नही मिलता।

गोपीना वृद आक्रदकरे, उपनन्द नन्द जी शोधता फरे।

कृष्ण द्वारा तृणावर्त के संहार का वर्णन सभी कवियों ने प्राय भागवत के अनुसार किया है किन्तु सहार के अनन्तर उसके पूतना सदृश दाह-कर्म तथा दिव्यदेह पाकर विमान द्वारा स्वर्ग-गमन का वर्णन दोनों भाषाओ मे केवल प्रेमानन्द ने ही किया है।[१९] भालण तथा सूरदास ने शकटासुर-वध तथा तृणावर्त-वध के बीच बाल-छवि वर्णन के कतिपय पद लिखे हैं।

कृष्ण का मृत्तिका-भक्षण एवं यशोदा द्वारा विश्व-दर्शन

भागवत मे मृत्तिका-भक्षण के प्रसग में यशोदा द्वारा कृष्ण के मुख मे विश्व-दर्शन का वर्णन तो है ही किन्तु इससे पूर्व भो एक स्थल पर जम्हाई लेते समय इसका उल्लेख है—

प्रीतप्रायस्य जननी सा तस्य रुचिरस्मितम् ।
मुखं लालयती राजन् जृम्भतो ददृशे इदम् ।। ३५ ।।
सा वीक्ष्य विश्वं सहसा... ।। ३७ ।।

—स्कंध १०, अ० ७

मृत्तिका-भक्षण के समय भागवतकार ने पुन. इसी का वर्णन कुछ विस्तृत रूप में किया है:

सा तत्र ददृशे विश्वं जगत्स्थास्नु च खं दिशः।

—अ० ८, श्लो० ३७

शार्गधरपद्धति मे इस विषय का एक श्लोक है जिससे यह निष्कर्ष निकलता है कि प्राचीन काल से ही मृत्तिका-भक्षण काव्य का स्वतन्त्र विषय बन चुका था ।

कृष्णेनाम्ब गतेन रतुमधुना मृद्भक्षिता स्वेच्छया,
सत्यं कृष्ण, क आह ह्येष, मुसली मिथ्याम्बपश्यानतम्
व्यादेहीति विदारिते च वदने दृष्ट्वा समस्तं जगत्,
माता यस्य जगाम विस्मयपदं पायात् स वः केशवः ।।

जम्हाई लेते समय के विश्व-दर्शन का वर्णन ब्रजभाषा मे नन्ददास के दशम स्कंध मे मिलता है ।[२०] सूरदास ने इसका यमलार्जुन के प्रसंग मे उल्लेखमात्र किया है ।[२१] नन्ददास ने आगे चल कर इससे नामकरण का प्रसग सम्बद्ध कर दिया ।[२३] इस प्रंसग मे प्रेमानन्द ने कृष्ण द्वारा मुख मे विश्व-रूप-दर्शन कराने का कारण यशोदा का दुःखी होना बताया, इस प्रकार उन्होंने एक नवीनता उत्पन्न कर दी है । तथा विराट विश्व का विस्तृत चित्रण करने के साथसाथ यशोदा के ज्ञान पाने तथा पुनः माया-वश होने का वर्णन करके और भी मौलिकता का प्रदर्शन किया है ।[२४]

जृम्भा के स्थान पर मृत्तिका-भक्षण के प्रसंग मे विश्व-दर्शन का विषय अधिक परम्परासिद्ध प्रतीत होता है क्योंकि दोनो भाषाओं के अनेक कवियो ने इसे इसी रूप में प्रस्तुत किया है

भागवतकार ने कृष्ण के मिट्टी खाने का वर्णन स्वतन्त्रतापूर्वक न करके बलदेव आदि अन्य गोप बालको द्वारा की गयी शिकायत से उसकी व्यंजना की है किन्तु सूर ने स्पष्टतया उसका चित्रण किया है।[२५] उन्होंने शिकायत का भी वर्णन किया है।[२६] भागवत के 'हितैषिणो' शब्द को चरितार्थ करते हुए नंददास ने यशोदा द्वारा कृष्ण के साथी बालको की देखभाल करने का आदेश दिलवाया है जिसका वर्णन स्वयं भागवत मे नही है।[२७] इसके अतिरिक्त विश्व-दर्शन मे भागवत के 'व्रज सहात्यानमवाप' को निम्न पक्तियों मे अत्यधिक स्पष्ट करके प्रस्तुत किया है जो सूरसागर में भी नही मिलता।

पुनि अपन पै सहित ब्रज देखि, जसुमति चकित भई जु विसेखि।
तहँ पुनि सुतहि लिये कर साँटी, डाँटति ज्यों न भखन करै माटी।

नरसी और भीम ने मृत्तिका-भक्षण के प्रसग का उल्लेख मात्र किया है।[२८] भालण ने इस विषय का वर्णन ही नही किया है। उनके दशमस्कंध मे जो प्रक्षिप्त पद है वह ब्रजभाषा का है।[२९] केशवदास के श्री कृष्णक्रीडाकाव्य के पचम सर्ग का नामकरण ही यह मृद्-भक्षण पर किया गया है।[३०] सूर की तरह केशवँदास ने मिट्टी खाने का स्पष्ट वर्णन किया है।[३१] उन्होने नददास की तरह मुख मे ब्रज का वर्णन तो दिया है किन्तु उसमे कृष्ण यशोदा के उसी रूप में दीखने का चित्रण नही किया।

वदन माह ब्रज दीशे वस्यू, चराचर देखी कहे कारण किशू।
—श्रीकृ० ली० का०, पृ० ४७

प्रेमानंद ने इस विषय मे विशेष मौलिकता न प्रदर्शित करके भागवत का ही अनुसंरण किया है। स्वाद के कारण मुट्ठी भर भर मिट्टी खाने की भावना अवश्य नवीन है।

अेक बार कौतिक कोधु नाथे मृत्तिका भक्षण करी;
स्वाद लाग्यो सामळिया ने मुखमा मूके मुठडी भरी।
—श्रीमद् भा०, पृ० २५४

महराने के पांडे का भोग और नंद का देवार्चन

ब्रजभाषा मे प्राप्त महराने के पांडे की कथा तथा गुजराती मे उपलध नंद के देवार्चन के प्रसग मे पर्याप्त साम्य है। पाँडे की कथा का वर्णन एकमात्र सूर के काव्य मे मिलता है और नंद के देवार्चन का केशवदास के श्रीकृष्णक्रीडाकाव्य तथा परमानन्द के हरिरस मे। सूरसागर मे पाँडे की कथा से सम्बन्धित पाँच पद मिलते

है।[३२] एक प्रकार से सारी कथा प्रथम पद मे ही पूर्ण हो जाती है।[३३] कथा का मुख्य आधार यह है कि कृष्ण अपना ध्यान किये जाने पर स्वतः प्रकट होकर भोग लगाने लगते है और इस प्रकार अपना अवतारी होना चरितार्थ करते है। गुजरात के उक्त कवियो द्वारा वर्णित नद के देवार्चन का प्रसंग भी इसी आधार पर निर्मित है, उसका लक्ष्य भी कृष्ण का ईश्वरत्व प्रदर्शन है।[३४]

केशवदास तथा परमानन्द द्वारा वर्णित प्रसग लगभग समान ही है। परमानन्द के अनुसार कृष्ण के उठाये न उठने के कारण उनके अवतारी होने का बोध यशोदा को होता है और केशवदास के अनुसार गर्ग की भविष्यवाणी के स्मरण से।

पॉडे की कथा मे कृष्ण स्वय अपने मुख से अपना भोग लगाने का आदेश ब्राह्मण को नही देते किन्तु नद के देवार्चन में वे स्पष्टतया अपनी पूजा कराने की आज्ञा देते है।

उलूखल बंधन और यमलार्जुन मोक्ष

भागवत मे दी हुई यह कथा हरिवंश, ब्रह्मवैवर्त तथा पद्मपुराण की कथा से कुछ भिन्न और अधिक परिवर्धित है। दोनों भाषाओं के कवियो ने इस विषय मे भागवत का ही अनुकरण किया है। केवल प्रेमानन्द ही अपवाद है। प्रेमानन्द ने भागवत तथा ब्रह्मवैवर्त दोनों का मिश्रण कर दिया है, ब्रजभाषा में सूर ने इसका दो बार वर्णन किया है। पहले वर्णन मे कई स्थलों पर मौलिकता का प्रदर्शन मिलता है। पर दूसरा वर्णन अनुवादात्मक अधिक है। प्रेमानंद के अतिरिक्त भालण तथा केशवदास आदि अन्य दशमस्कंधकारों ने भी यमलार्जुन-मोक्ष का वर्णन किया है।

प्रेमानंद द्वारा दोनों कथाओं का सम्मिश्रण तथा स्वकल्पित वर्णन—ब्रह्मवैवर्त में नारद के शाप से केवल एक कुबेरपुत्र नलूकबर का, जो रंभा के साथ क्रीडा कर रहा था अर्जुन वृक्ष हो जाना वर्णित है किन्तु भागवत में नलूकबर और मणिग्रीव दोनों का।[३५] प्रेमानंद ने नलूकबर और मणिग्रीव दोनो का रंभा के साथ रमण वर्णित किया है।[३६] ब्रह्म वैवर्त मे जहाँ 'बद्ध वस्त्रेण वृक्षे च' लिखा है प्रेमानंद ने वस्त्र को न स्वीकार करके भागवतोक्त 'दाम' को ही स्वीकार किया है। परन्तु दूसरी ओर वृक्ष-पात को लेकर होने वाले नद [illegible] के [illegible] को जिसका सकेत ब्रह्मवैवर्त मे है, उन्होंने स्थान दिया है।[३७] यही नही प्रेमानद ने अपनी ओर से इस गंभीर परिस्थिति का शुभ परिहार भी करा दिया है जो ब्रह्मववर्त मे भी नही है।

प्रेमानंद ने यमलार्जुन का यमुनातटवर्ती होना तथा उनके गिरने से कृष्ण का छिप जाना चित्रित किया है यह भी उनकी अपनी कल्पना प्रतीत होती है।[३८] भागवत के वर्णन से ऐसा लगता है कि वृक्ष घर के समीप ही थे। इस घटना के अत मे कृष्ण के यमुनातट पर खेलने जाने का उल्लेख '**सरित् तीर गतं कृष्णं भग्नार्जुनमथाह्वयत्**' इसकी और भी पुष्टि करता है।

भागवत मे डोरी के लिये 'तदपि द्व्यगुलं न्यूनं' लिखा है और अन्य कवियों द्वारा इसका अनुकरण भी किया गया है परन्तु प्रेमानद ने दो के स्थान पर 'चार' कर दिया है।

साधी साधी थाकी यशोमती
रहे टुकडुं आंगल चार रे।
—श्रीमद भा०, पृ० २५६

सूरदास की मौलिकता—भागवत के अनुसार यशोदा द्वारा कृष्ण के उलूखल बंधन का कारण उनका घर में माखन चुराना है किन्तु सूरदास ने इससे भिन्न कारण दिये है। सबेरे एक ग्वालिन शिकायत करती है और दूसरी कृष्ण की बाँह पकड़ कर यशोदा के सामने लाती है तथा उलाहना देती है।[३९] सूर ने इसी के साथ भागवत के 'ययावुत्सिच्यमाने पयसि' का भी सकेत 'उफनत क्षीर जननि करि व्याकुल, इहि विधि भुजा छुडायो' लिखकर कर दिया है, परन्तु यहाँ कृष्ण बँधी हुई भुजा को छुडाते है और फिर बाँधे जाते है, इसके अनन्तर अन्य ग्वालिने यशोदा को कृष्ण के बाँधने पर फिर उलाहना देती है।

दूसरा कारण नितान्त नवीन है। कृष्ण ने किसी ग्वालिन के लडके को मारा है और वह इसकी सूचना बलराम को देती है। इसके अनन्तर बलराम का यशोदा के पास आकर कृष्ण के बाँधने पर रोष प्रकट करना और अपने को स्थानान्तरित करने की याचना करना आदि सारा का सारा प्रसग मौलिक है।[४०]

उलूखन-बधन ही कृष्ण के 'दामोदर' नाम के मूल मे माना जाता है। सूर तथा अन्य कई कवियो ने इसका स्पष्ट निर्देश किया है।[४१] भागवत मे दामोदर शब्द के द्वारा इसका सकेत मात्र कर दिया गया है।[४२]

तद्दामोदरेणतरसोत्कलितांघ्रिबन्धौ

भास ने अवश्य इसका उल्लेख किया है—

'दामोदलोणाम होदु त्ति'
—बालचरित, अं ३

परन्तु उल्लेखनीय बात यह है कि सूर ने इस सत्य से अवगत होते हुए भी कृष्ण के उदर-बन्धन के स्थान पर कर-बन्धन का वर्णन किया है ।[४३]

कृष्ण द्वारा यक्षो को चतुर्भुज रूप मे दर्शन देने की बात भी सूर की अपनी कल्पना प्रतीत होती है ।

> दोउ कर जोरि करत दोउ अस्तुति चारि भुजा तिन्है प्रकट दिखाई ।
> —सू० सा०, पृ० १८३

इसके अतिरिक्त बन्धन के प्रसग में भागवत में तो यशोदा 'स्वगेहदामानि' अर्थात् अपने घर की रस्सियों का ही प्रयोग करती है किन्तु ब्रजभाषा के कई कवियों ने इसे बढा कर कई घरो की रस्सियो से बाँधने का वर्णन किया है। गुजराती कवियों ने इसी को दूसरे प्रकार से प्रस्तुत किया है ।[४४]

लौकिक गोकुल लीलाएँ

कृष्ण के संस्कार

नामकरण——नामकरण का उल्लेख भागवत के अतिरिक्त ब्रह्मवैवर्त, विष्णु तथा ब्रह्मपुराण में भी मिलता है । इसका वर्णन दोनो भाषाओ के कवियो ने किया है परन्तु प्रेमानद ने सर्वाधिक विस्तार दिया है। नददास, भालण केशवदास आदि ने भागवत का ही आधार लेकर अनुवाद कर दिया है । सूर के वर्णन में अनुवादात्मकता तो नही है परन्तु सक्षेप अधिक है ।

भागवत मे वसुदेव द्वारा नामकरण के लिये गर्ग के भेजे जाने का उल्लेख मात्र है[४५] किन्तु प्रेमानद ने अपनी कल्पना से इस प्रसंग का सांगोपाग वर्णन किया है । वे अपने दशम स्कंध में वसुदेव द्वारा गर्ग का बुलाया जाना तथा उनका अच्छी प्रकार सत्कार एवं चरणामृत लेना वर्णित करते है । फिर वसुदेव उनसे सारा रहस्य बताकर दीनतापूर्वक गोकुल जाने, नामकरण कर आने तथा जन्मपत्र बनाने की प्रार्थना करते है । इसके साथ वसुदेव को दक्षिणा का स्मरण आता है जिसे चुकाने मे अपने को असमर्थ पाकर वे भविष्य मे कृष्ण द्वारा चुकाए जाने की बात करते है ।[४६] इसके उत्तर मे गर्ग कहते है कि वे कृष्ण रूप मे भगवान के दर्शन करने जा रहे है अतएव ऐसी ओछी बात कहना उचित नही ।[४७]

आगे चलकर गोकुल मे नामकरण संस्कार का भी जो वर्णन प्रेमानंद ने किया है वह भागवत पर ही सर्वथा आधारित नही है । भागवत में बलराम के नामकरण मे केवल 'राम' 'बल' और 'संकर्षण' इन तीन का ही कथन है किन्तु ब्रह्मवैवर्त मे

'हलधर', 'मुसली' आदि अन्य नामों का भी समावेश है। दोनों में 'संकर्षण' नाम की व्युत्पत्ति भी विभिन्न प्रकार से दी गई है।[४८] प्रेमानद ने यहाँ पर स्पष्टतया ब्रह्मवैवर्त का अनुसरण किया है।[४९] 'मुसली' आदि नाम न देने से यह भी स्पष्ट है कि यह केवल आंशिक अनुकरण है, अनुवाद नही।

दूसरी बात यह है कि प्रेमानंद ने बलराम से कृष्ण के नामकरण के समय की परिस्थिति मे भेद कर दिया है जिसका श्रेय कदाचित उन्ही को है। भागवत आदि पुराणों में सम्पूर्ण नामकरण संस्कार एकान्त मे होता है किन्तु प्रेमानद न केवल कृष्ण का नामकरण एकान्त मे कराया और साथ ही गर्ग द्वारा उनकी प्रदक्षिणाएँ भी।[५०] भागवत में एकान्त की बात वसुदेव अथवा गर्ग से न कहला कर नद के मुख से कहलाई गई है। भागवत में बलराम का नामकरण कृष्ण से पहले होता है परन्तु ब्रह्मवैवर्त मे बाद को। प्रेमानंद ने इस विषय में भागवत का आधार लिया है। ब्रह्मवैवर्त मे गर्ग इस अवसर पर गोलोक का वृत्तान्त सुनाते है। प्रेमानद ने उसे ग्रहण नही किया। परन्तु गर्ग द्वारा कहे गये कृष्ण जन्म के रहस्य को अधिक विस्तार से वर्णित किया है।[५१] नंद कृष्ण को देखकर मोहग्रस्त हो जाते है और उक्त रहस्य उन्हें भूल जाता है।[५२]

सूरसागर मे इस प्रसग से सम्बन्धित केवल दो ही पद मिलते है जिसमे न वसुदेव के द्वारा गर्ग के भेजे जाने की बात है और न नामकरण की ही। एकान्त की भी बात नही है क्योकि बंदीजन चारण आदि सभी नंद गृह मे जा पहुँचते है।[५३]

नददास ने नामकरण के प्रसंग को उसके पूर्व आने वाले जम्हाई के प्रसंग से सम्बद्ध कर दिया है जिसका उल्लेख उसके अन्तर्गत किया जा चुका है। उनका तथा गुजराती के भालण और केशवदास आदि के द्वारा किया हुआ वर्णन भागवत पर ही आधारित है।

अन्नप्राशन—भागवत मे तो नही किन्तु ब्रह्मवैवर्त मे इसका उल्लेख है 'अस्यान्नप्राशन्नायाह नामनुकरणाय च' (कृ० ख० १३.४७) सूरदास तथा परमानद दास आदि अष्टछापी कवियो के अतिरिक्त अन्य किसी भी कवि ने इसका वर्णन नही किया है।[५४] सूर ने इसका कई पदों में पूर्णता से वर्णन किया। मणि-कंचन के थालों में षटरस व्यंजन बनते है और नंद स्वयं जाकर सारी जाति को बुला लाते है।

वर्षगांठ—वर्षगाँठ का प्रछन्न उल्लेख जन्मनक्षत्र के रूप मे भागवत मे दो स्थानों पर मिलता है।[५५] प्रथम मे स्त्रियों के एकत्र होकर विधिपूर्वक कार्य सम्पादित करने का वर्णन है। इसका सूर तथा वल्लभरसिक ने अनुसरण किया है।[५६]

कर्णछेदन—कर्णछेदन का कोई पौराणिक उल्लेख नही मिलता और सूर ने ही इसका वर्णन किया है।[५७]

रक्षाबन्धन—इसका भी पौराणिक आधार नही है, ब्रजभाषा के ही कुछ कवियों ने इसका भी वर्णन किया है।[५८]

बाल-लीला

पुराणों में कृष्ण की बाल-लीलाओं को सर्वाधिक महत्व भागवत मे प्राप्त हुआ। पूतना तृणावर्त आदि से सम्बन्धित पूर्वोक्त अलौकिक लीलाओं के अतिरिक्त अनेक लौकिक लीलाओ का भी वर्णन उसमे मिलता है। भागवत की लौकिक लीलाओं को आधार मानकर तथा स्वतत्र रूप से भी अनेक कवियों द्वारा कृष्ण के बाल-चरित का विशेष विस्तार किया गया। ऐसे कवियो मे ब्रजभाषा के सूर तथा गुजराती के भालण के नाम अग्रगण्य हैं। ब्रजभाषा में सूर के अतिरिक्त अन्य अष्टछापी कवियों तथा रसखान, तुलसीदास आदि ने भी कृष्ण के बाल-विनोद का चित्रण किया है, इसी प्रकार गुजराती मे नरसी, केशवदास, प्रेमानद, तथा शिवदास आदि ने।

आगे कृष्ण के घुटनो चलने, तुतलाने, खेलने माखन चोरी करने आदि लौकिक बाल-लीलाओं का उनकी पौराणिक पृष्ठभूमि अथवा स्वतत्र स्थिति को स्पष्ट करते हुए सक्रम तुलनात्मक निरूपण किया गया है।

घुटनों और पैरों चलना—इसका आधार भागवत ही है किन्तु एक तो उसमें बलराम और कृष्ण दोनो को समान महत्व दिया गया है दूसरे यशोदा, रोहिणी तथा नद किसी के द्वारा चलना सिखाने का कोई सकेत नही मिलता।[५९] सूर ने कृष्ण के उलटने, घुटनो चलने तथा पैरों चलना सीखने का अत्यन्त सूक्ष्म रूप से वर्णन किया है। नंददास के नद भी कृष्ण को उँगली पकड़ा कर चलाते हैं। भालण ने इसका वर्णन न करके केवल कृष्ण के रेगने का वर्णन किया है। उन्होंने तथा केशवदास ने इसके अतिरिक्त कीचड़ मे हाथ डालने तथा सोते हुए सर्प की पूँछ पकड़ लेने का भी वर्णन किया है। कीचड़ से खेलने की बात भागवत पर आधारित होने के कारण प्रेमानंद आदि अन्य दशमस्कधकारों ने भी वर्णित की है।[६०]

हाथ में नवनीत लिए प्रतिबिम्ब दर्शन—इसका वर्णन सूर, नददास, भालण आदि के द्वारा हुआ है।[६१] सूर ने प्रतिबिम्ब सबन्धी चित्रण अनेक रूप मे किया है।

बछड़े की पूँछ पकड़ना—भागवत में 'प्रगृहीतपुच्छै.' के रूप में इसका उल्लेख है। गुजराती भाषा के ही कवियों ने इसका वर्णन किया है।[६२]

तोतली बोली—इसका वर्णन भागवत मे नही मिलता किन्तु दोनो भाषाओं के कवियो ने किया है। प्रेमानद ने तोतली बोली के स्थान पर बोलना सीखने का वर्णन किया है।[६३]

आँगन मे नृत्य—इस लीला का उल्लेख भागवत मे नही है पर दोनो भाषाओ के कई कवियो ने इसे चित्रित किया है।[६४]

मुँह में अँगूठा डालना—भागवत मे इसका वर्णन मार्कण्डेय ऋषि के प्रसग मे बारहवे स्कध मे मिलता है।

चार्वगुलिभ्यां पाणिभ्यामुन्नीय चरणाम्बुजम् ।
मुखे निधाय विप्रेन्द्रो धयंतं वीक्ष्य विस्मितः ॥ २५ ॥

—अ० ९

दोनो भाषाओ के कवियो ने कदाचित् इसी को आधार मान कर ऐसा चित्रण किया है।[६५]

लघुशंका करना—भागवत के **'कुरुते मेहनादीनि वास्तौ'** के आधार पर कुछ गुजराती कवियों ने इसका वर्णन किया है।[६६]

मथानी पकड़ना—उलूखल-बंधन के प्रसंग मे भागवत के एक श्लोक मे इसका उल्लेख है।

तां स्तन्यकाम आसाद्य मथ्नन्तीं जननीं हरिः ।
गृहीत्वा दधिमन्थानं न्यषेधत्प्रीतिमावहन् ॥४॥

—स्क १०, अ० ९

दोनों भाषाओ के कवियों ने इसका वर्णन किया है।[६७] सूर तथा नरसी ने मथानी पकडने को लेकर पौराणिकता के आधार पर असाधारण परिस्थिति का चित्रण किया है जिसका सकेत भागवत मे नही है। भालण ने भागवत का ही अनुकरण किया है और प्रेमानद ने भी।

चोटी बढ़ने की लालसा से दुग्धपान—यशोदा द्वारा चोटी बढ़ने का प्रलोभन देकर दूध पिलाने की बात भागवतकार ने नही लिखी है पर सूर ने उसका वर्णन किया है।[६८] नरसी के पद में भी दूध पीने के कारण वेणी के बलभद्र की वेणी से भी अधिक मोटी हो जाने का वर्णन है।

वेण वागे वहला जी तमारी, बलभद्र पे मोटी थाय रे।

—ना० कृ० का०, पृ० ४६२

'वेण' का अर्थ यहाॅ बाॅसुरी नही है अतएव 'वागे' शब्द 'बाढो' के अर्थ मे प्रयुक्त प्रतीत होता है क्योकि इसके बिना 'बलभद्र पे मोटी थाय रे' से इसकी सगति ही नही बैठती। भालण ने यद्यपि चोटी बढने तथा दूध पीने का वर्णन एक ही पद मे किया है परन्तु दूसरे को पहले का कारण बता कर प्रलोभन देने की बात व्यक्त नही की।[६९]

जेंवन—इसका भी भागवतकार द्वारा वर्णन नही मिलता। सूर ने 'नन्द' और 'कान्ह' को एक साथ जीमते हुए चित्रित किया है।

'जेवत कान्ह नन्द इक ठौरे'।

—सू० सा० पृ० १६१·

नरसी ने यशोदा द्वारा कृष्ण के जिमाने का वर्णन किया। वहाँ इस प्रसग मे नन्द तथा रोहिणी का कोई स्थान नही है केवल बलराम के साथ भोजन करने का उल्लेख है।[७०]

चंदखिलौना—भागवत मे इसका उल्लेख है ही नही, यह प्रसग कदाचित किसी अपौराणिक लोक प्रचलित परम्परा के कारण कृष्ण की बाल-क्रीड़ा के साथ समाविष्ट हुआ है क्योकि नवी शती के मध्य की कृति तिरुमोली (दक्षिण के कवियो को कृष्ण लीला विषयक गीतियों का सग्रह) मे पेरियालवार द्वारा लिखित चन्द्र और कृष्ण विषयक एक गीत उपलब्ध होता है।[७१] पेरियालवार के इष्टदेव वटपत्रशायी बालमुकुन्द बताए जाते है।[७२] गीत मे यशोदा की भावनाओं की अभिव्यक्ति की गई है किन्तु इसका कही भी वर्णन नही मिलता कि यशोदा चन्द्रमा के प्रतिबिम्ब को दिखाकर कृष्ण का मन बहलाती है। गुजराती और ब्रज दोनो भाषाओं में उसका वर्णन मिलता है।[७३]

सूरदास के कृष्ण चन्द्रमा को खेलने के लिये ही नही चाहते वरन् उससे क्षुधा शान्ति करने की इच्छा भी करते है और वे जलभाजन मे प्रदर्शित चन्द्र-बिम्ब से संतुष्ट न होकर रोते रोते सो जाते है, परन्तु नरसी के कृष्ण यह सब नही करते। एक बार तो वे माखन पाकर चन्द्रमा को याचना करना भूल जाते है और दुबारा जल मे उसका प्रतिबिम्ब देखकर शात हो जाते है। न वे चन्द्रमा को भोजन के लिए चाहते है और न यशोदा उनसे यही कहती है कि चन्द्र तुम से डरता है। सूरदास का वर्णन अधिक विस्तृत है और उसमें नन्द आदि का उल्लेख करके विविध प्रकार की परिस्थितियों का सकेत किया गया है।

नरसी के अतिरिक्त किसी अन्य गुजराती कवि द्वारा इस प्रसंग का वर्णन प्राप्त नहीं होता।

कृष्ण का सोना और मीठी कथा—शकट-भजन के प्रारम्भ मे भागवत मे कृष्ण के शयन का वर्णन है जिसकी ओर शकट के प्रसग मे सकेत कर दिया गया है। यहाँ तात्पर्य उन कवियो से है जिन्होने कृष्ण के शयन को स्वतन्त्र रूप से वर्णित किया है।

सूरदास ने यशोदा द्वारा कृष्ण के बहलाने सुलाने के निमित्त रामकथा कहलाई है जिसमें कृष्ण सीताहरण के प्रसग को सुनते ही चौक कर लक्ष्मण से धनुष माँगने लगते है। इस प्रकार के वर्णन से उनका अवतारी रूप स्पष्ट किया गया है।

> रावण हरण कर्‌यो सीता को सुनि करुणामय नीद बिसारी।
> सूर श्याम कर उठे चाप को लछिमन देहु जननी भ्रम भारी।
>
> —सू० सा०, पृ० १५७

इसके अतिरिक्त सूर ने कई अन्य प्रसगों में तथा स्वतंत्र रूप से भी सोने का वर्णन किया है।[७४] ब्रजभाषा के अन्य किसी कवि ने संभवत· उपर्युक्त प्रकार का वर्णन नही किया। गुजराती कवियो मे भी शयन का ही वर्णन मिलता है, इसका नही।[७५] भालण के 'सूतो सूतो अति हसे' और सूर के 'कबहुँ अधर फरकावै' वाले पद लग-भग समान स्थिति को व्यक्त करते है।

कृष्ण का जगाया जाना, प्रभाती—सूर ने कृष्ण के जगाये जाने का वर्णन किया है। प्रभात होने पर कृष्ण के साथी ग्वाल-बाल आ जाते है। यशोदा उन्हे इसकी सूचना दे कर जगाती है।[७६] नरसी की यशोदा ग्वाल-वालो को बुला देने के लिए कहती हैं।

> हमणां हु तेडावु सगे रमवा गोवाला।
>
> —न० कृ० का०, पृ० ४६६

यों नरसी ने अनेक प्रभातियाँ लिखी है जिनमे जगाये जाने का वर्णन भी है। (पृ० ४७५)

खेल—सखाओ के साथ कृष्ण नाना प्रकार के खेल खेलते है। सूर ने भौरा-चकडोरी, चौगान, चोरमिहीचिनी आदि खेलने का वर्णन किया है।[७७] नरसी ने भी आँख मिचौनी का उल्लेख किया है किन्तु प्रसंग नितात पृथक् है। उद्धव से अपने जीवन की क्रीड़ाओ को कहते हुए कृष्ण इस खेल की भी याद करते है:

> ते दाडेने रम्या रे आखविचामणी रे,
> छबीलो छुपाणा कदम केरी छांह।
>
> —न० कृ० का०, पृ० ५३१

भागवत मे इन खेलों का वर्णन वृंदावन जाने के बाद मिलता है।

हाऊ—कृष्ण को डराने के लिए हाऊ का वर्णन दोनों भाषाओं मे मिलता है।[७८] भालण और केशवदास के पद आपस मे बहुत मिलते है, केवल एक दो जगह पर पाठभेद है। सूर ने इसे कृष्ण के ईश्वरत्व से समन्वित करके भी प्रस्तुत किया है।

माखनचोरी—कृष्ण की लौकिक बाललीलाओं मे कदाचित् सबसे प्रमुख स्थान माखनचोरी का ही है। यह कथा न तो विष्णुपुराण मे है न महाभारत मे, हरिवंश मे प्रसंगवश आ गई है, भागवत मे अवश्य इसकी बड़ी धूमधाम है। भागवत के अतिरिक्त यह ब्रह्मवैवर्त तथा भास के बालचरित में भी है।[७९]

भागवत में यह एक प्रकार से यमलार्जुन-मोक्ष तथा उलूखल-बधन की भूमिका स्वरूप भी आती है और उससे पहले भी इसका वर्णन है। कृष्ण चोरी से माखन स्वयं ही नही खाते वरन् बदरों को भी खिलाते है, बर्तनों को तोड़ देते है, कभी कुछ न पाने पर सोते हुए बालकों को रुला देते है। छीके पर रक्खे हुए बर्तनों मे उलूखल आदि पर चढ़ कर छेद कर देते है और अँधेरे घर मे अपनी मणियों के प्रकाश में चोरी करते है।[८०]

दोनों भाषाओं के कवियों ने इस लीला का वर्णन किया है। सूरसागर में भागवत से इस विषय में निम्नलिखित भिन्नताएँ है।

१. माखनचोरी का वर्णन गोपियों के उपालंभ के माध्यम से ही न करके स्वतत्र रूप से भी किया गया है।

२. स्वतंत्र रूप से किये गए वर्णनों में अनेक ऐसी बाते है जिनका भागवत में सकेत तक नही है।

३. भागवतोक्त कई बातों का वर्णन या तो मिलता ही नहीं या परिवर्तित रूप में मिलता है। न मिलने वाली बातों में उदाहरणार्थ कृष्ण के द्वारा बन्दरों को माखन खिलाना और परिवर्तित रूप में सोते हुए बालकों पर दही छिड़क देना। भागवत में उन्हें जगाने का ही वर्णन है।

सूर द्वारा वर्णित माखनचोरी के विभिन्न रूप[८१]—

अ. अंतर्यामी कृष्ण एक व्रज युवती के मन की बात समझ कर उसकी इच्छापूर्ति के लिये अकेले माखनचोरी करते है और अपने प्रतिबिम्ब को अन्य बालक समझ कर उससे चोरी छिपाने का आग्रह करते है।

आ. ग्वाल-बालो के साथ चोरी करते है।

इ. अँधेरी साँझ मे ग्वालिन के घर जाते है; छिपने के लिये चतुर्भुज रूप धारण कर लेते हैं। ग्वालिन उन्हे पकड़ कर यशोदा के पास ले जाती है।

ई. चीटी निकालने के बहाने चोरी करते है।

उ. अनेक ब्रज बालाएँ कृष्ण को आलिगन मे भर कर सुख पाती और चाहती थी कि कृष्ण उनके घर चोरी करे। ऐसी एक विशिष्ट गोपी को कृष्ण पाँच वर्ष की अवस्था से बारह वर्ष के होकर रिझाते है। उपालभ देते हुए वह अपनी फटी चोली यशोदा को दिखाती है।

ऊ. पकड़े जाने पर स्त्री का रूप धारण कर लेते है।

ए. कृष्ण रास्ते चलती गोपियों के पास से माखन लूट भी लेते है।

अन्य कवियों द्वारा माखनचोरी का वर्णन[८२]

नंददास ने भी उलूखल एव सखाओं के सहारे ऊपर चढ कर माखन चुराने तथा अपने प्रतिबिम्ब से भेद न बताने की बात कहने का वर्णन किया है। तुलसीदास ने कृष्ण गीतावली में भागवत की ही तरह गोपियों द्वारा 'गोरस हानि' के उलाहने देने का वर्णन किया है। नरसी का वर्णन भी उपालंभ के ही रूप मे है परन्तु उसमें कुछ भिन्नता है। कृष्ण बाँसुरी फेक कर ऊँची मटकी को तोड़ देते है, तसले से दही पी लेते है और गोपी को भुला देने के लिए उसका हार तोड़ देते है। भालण और केशवदास के वर्णनों का आधार भागवत ही है किन्तु केशवदास ने यशोदा-गोपी-सवाद को विशेष विस्तार से प्रस्तुत किया है, उसमें कुछ नवीनताओं का भी समावेश मिलता है जैसे, कृष्ण गोपी द्वारा पकड़े जाने पर उसी गोपी के बालक का रूप बना लेते है। प्रेमानद ने भी भागवत के अनुसरण के अतिरिक्त इस प्रसंग मे माखनचोरी को एक नवीन रूप दिया है। एक बार कृष्ण एक गोपी के घर घुस जाते है। वह जान जाती है और द्वार बंद करके उन्हे समझाती है फिर यशोदा के पास आ कर कहती है कि मैने कृष्ण को माखन चुराते पकड़ लिया। यशोदा जब आकर देखती है तो कृष्ण अंतर्धान हो जाते है। सारी गोपियाँ चकित होती है कि वे किस प्रकार निकल भागे इतने में यशोदा को एक दासी आकर सूचना देती है कि कृष्ण जाग गये है, चलो। यशोदा घर आती है तो कृष्ण वहीं मिलते है। इस प्रकार गोपियों का कथन असत्य सिद्ध हो जाता है।

बाल कृष्ण के व्याह की बात—तुलसीदास तथा भालण ने इसका भी उल्लेख किया है। तुलसी की यशोदा सास ससुर और दुलहिन का नाम लेकर कृष्ण को माखन चोरी से रोकती है।[८३]

गोदोहन सीखना—भागवत मे गोकुलवासी कृष्ण को गोदोहन मे प्रवृत्त नही दिखाया गया है, किन्तु सूरसागर म उनके द्वारा गोदोहन-कार्य सीखने का वर्णन प्राप्त होता है।[८४] नरसी ने गोदोहन का जो वर्णन किया है उसमे कृष्ण सीखने की इच्छा व्यक्त नही करते वरन् एक गोपी उन्हे इस कार्य मे पटु समझ कर आमत्रित करती है।[८५] नरसी के अतिरिक्त गुजराती के अन्य किसी कवि ने इस प्रकार का वर्णन नही किया है ।

अलौकिक वृन्दावन-लीलाएँ

वृन्दावन-गमन—गोकुल से वृन्दावन गमन करने का निश्चय सूर के अनुसार यशोदा और नंद, नददास, भालण तथा केशवदास के अनुसार उपनंद, प्रेमानंद के अनुसार नद, उपनंद तथा बृषभानु की सम्मति से हुआ।[८६] इन सबमे भालण, नददास और केशवदास के वर्णन भागवत के अधिक निकट है क्योकि उसमे उपनद का इसी प्रकार उल्लेख है ।

तत्रोपनन्द नामाह गोपोज्ञान वयोधिकः

—१०११:२०

इस घटना का अन्य पुराणों में कुछ भिन्न प्रकार से वर्णन है किन्तु सभी कवियों ने भागवत का ही आधार लिया है । हरिवश मे भेड़ियो का आक्रमण भी गोकुल छोड़ने का कारण बनता है।[८७] किन्तु किसी भाषा के कवि ने ऐसा नही लिखा। हरिवश मे वृन्दावन-गमन के समय कृष्ण की आयु सात वर्ष की है पर सूर ने पाँच वर्ष और प्रेमानंद ने चार वर्ष की मानी है।[८८] सूर का वर्णन सक्षिप्त तथा प्रेमानंद का विस्तृत है ।

प्रेमानंद के विस्तृत वर्णन मे वस्तु की दृष्टि से कई बातें विशेष रूप से दर्शनीय है ।

प्रेमानंद ने वृन्दावनस्थ इस नवीन निवास-स्थल में भी गोकुल नाम का उल्लेख किया है ।

बहूल निवास श्री गोकुळ गाम, घणी गाय माटे गोकुळ नाम।

—श्रीम० भा०, पृ० २६०

यही नही संध्या समय कृष्ण के गोकुल फिर जाने और वृन्दावन मे आए हुए वत्सासुर के नाशोपरान्त उन्होंने गोकुल मे आनदोत्सव होने का स्पष्ट सकेत किया है ।

आणंद गोकुळ मां घणो, वच्छ-वध पराक्रम कह्यु रे।

—श्रीम० भा०, पृ० २६१

इसके अतिरिक्त प्रेमानद ने वृन्दावन मे आ जाने के बाद भी गोकुल की बाल-लीलाओ, माखन-चोरी आदि का वर्णन किया है।[८९] ऐसा मिश्रण कदाचित् प्रेमानद ने ब्रह्मवैवर्त के '**बकप्रलम्बकेशिवधपूर्वकवृन्दावनगमननामषोडशोध्यायः**' के अनुसार किया हो। नरसी ने भी वकासुर, अधासुर तथा केशी आदि का गोकुल ही मे उल्लेख किया है।[९०]

वत्सासुर तथा बकासुर—इनके सम्बन्ध में दोनो भाषाओं के कवियों में प्रायः बहुतो ने भागवत का अनुसरण किया है केवल प्रेमानद ने परिवर्धित करके नवीनता प्रदान की है। सूर के वत्सासुर-वध मे भी एक नवीनता है वह यह है कि एक बार बलराम और दुबारा कृष्ण द्वारा उसे मृत्यु प्राप्त हुई।[९१] प्रेमानन्द ने वत्स और बक दोनो असुरों को गोकुल के अन्य असुरो की तरह कंस से सम्बद्ध कर दिया है तथा वपु-वृद्धि द्वारा उनके वध के पश्चात् विमान के आने का वर्णन किया है। भागवत मे इन बातो का किंचित् सकेत नही है। प्रेमानद ने बक को बकी अर्थात् पूतना का भाई बताया है। भालण तथा नददास ने भी वैसा ही उल्लेख किया है। नददास ने तो बक का कस से स्पष्ट सम्बन्ध बताया है।[९२] जिसका आधार कदाचित् भागवत का '**वकं कंस सखं**' है। इस स्थल पर बकी-बक का यह सम्बन्ध न भागवत में दिया है न ब्रह्मवेवर्त मे। दूसरी ओर कृष्ण के अग्निवत् होने के कारण बक के मुख से निकलने का वर्णन दोनो पुराणो में है पर प्रेमानद ने नही किया।

अघासुर-वध—इस प्रसंग मे आकर भागवत में भी बकी-बक के साथ अघासुर के भ्रातृ सम्बन्ध तथा कस प्रेरित होने की बात स्वीकार की गई है।[९३] संभवतः इसी उल्लेख के कारण कवियों ने बकासुर को पूतना का भाई लिखा है। सूरदास ने अघासुर के वध का दो बार वर्णन किया है फिर भी उक्त दोनो बातो मे से किसी का उल्लेख नही किया, नंददास मे अवश्य यह बाते पाई जाती है।[९४] भालण ने अघासुर को कंस से सम्बद्ध न करके केवल पूतना से ही सम्बन्धित माना है। प्रेमानद की स्थिति भालण के विपरीत है। उन्होने अघासुर को कंस द्वारा प्रेरित लिखा है पर पूतना के भाई होने की ओर सकेत नही किया। अघासुर के लिए भी स्वर्ग से विमान आया यह बार्त लिखना प्रेमानंद नही भूले।

अघासुर स्वर्ग गयो बेसी दिव्य विमान रे।

—श्रीम० भा०, पृ० २६३

विधि मोह—इस कथा का भी आधार भागवत ही है। सूर ने इसका वर्णन चार पॉच बार किया है।[९५] परन्तु किसी भी स्थान पर भागवत की तरह बलराम की

जिज्ञासा की बात **'सर्वं पृथक्त्वं निगमात्कथं वदेत्युक्तेन वृत्तं प्रभुणाबलोऽवैत्'** (१०:१३:३९) का उल्लेख नही मिलता। फिर सूर ने भागवत के 'अन्यत्रे' को स्पष्टतया ब्रह्मलोक मे बदल दिया।

'हरि लै बालक वत्स ब्रह्मलोकहि पहुँचाये'

—सू० सा०, पृ० १९३

इसके अतिरिक्त एक स्थल पर क्षण मे ब्रह्मा का भूतल और क्षण में ब्रह्मलोक आना जाना भी लिखा है।[९६] यह एक नवीनता है। सारी कथा को संक्षेप मे कहते हुए भालण ने भी सूर की तरह ब्रह्मा के बार बार आने जाने का उल्लेख किया है।[९७] नंददास और केशवदास ने भागवत का प्रायः अनुवाद ही किया है। प्रेमानंद के विधि-मोह वर्णन में भी अनेक नवीनताएँ है ब्रह्मा को परीक्षा लेने की प्रेरणा अघासुर-वध में प्रदर्शित कृष्ण की अलौकिक शक्ति को देखकर ही नही हुई वरन् उसके चर्म पर बैठ कर ग्वालों का जूठा खाते देख ब्रह्मा को उनके ईश्वरत्व पर सन्देह हुआ जिसके कारण उन्होने गोवत्सहरण किया।[९८] सूर की तरह प्रेमानंद ने भी 'अन्यत्रे' के स्थान पर स्पष्टतया ब्रह्मलोक का उल्लेख किया है।

वच्छ मूक्यां ब्रह्मलोकमां वळी ब्रह्माजी आव्या फरी।

—श्रीम० भा०, पृ० २६४

ब्रह्मा द्वारा मीन-रूप धारण—नरसी मेहता ने विधि-मोह का वर्णन न करके एक नवीन कथा दी है जिसका वर्णन कदाचित् अन्य किसी कवि ने नहीं किया। इस कथा मे ब्रह्मा कृष्ण को ग्वाल बालों के समेत कलेऊ करते देखकर महाप्रसाद पाने की इच्छा से मीन रूप धारण करके यमुना में प्रविष्ट हो जाते है, कृष्ण इसे जान कर यमुना मे हाथ न धोकर कमली से ही हाथ पोंछ डालते है। एक अन्य स्थल पर यही कथा पाठ भेद से पुनः वर्णित मिलती है।[९९]

धेनुकासुर-वध—इस प्रसंग में पुराणों मे महत्त्वपूर्ण मतभेद है। हरिवंश और भागवत के अनुसार तालवनवासी गर्दभों का स्वामी धेनुकासुर बलराम पर प्रहार करता है और वे ही उसका संहार करते है किन्तु ब्रह्मवैवर्त मे एक तो यह कथा कालीय-दमन और गोवर्धन-धारण आदि के पश्चात् दी गई है दूसरे उसमें धेनुक को दुर्वासा-शापित बालिपुत्र साहसिक बतलाते हुए उसके वध का श्रेय कृष्ण को दिया गया है।[१००]

दोनों भाषाओ के उन सब कवियों मे जिन्होंने इस प्रसग का वर्णन किया है केवल भालण और प्रेमानंद ने ब्रह्मवैवर्त का अनुसरणकरके कृष्ण द्वारा धेनुक का वध कराया है। भागवत के १५वें अध्याय की इस कथा को भालण ने १९वे अध्याय मे प्रलम्ब-वध और दावाग्निपान के पश्चात् दिया है। भालण ने भी धेनुक के वध का श्रेय कृष्ण को दिया है और ब्रह्मवैवर्त के अनुसार ही गोकुल का उल्लेख किया है अन्यथा भागवत के अनुसार घटनास्थल तो वृन्दावन ही है।[१०१] प्रेमानद का यह अनुसरण आशिक है क्योकि न तो उन्होने दुर्वासा-शाप का उल्लेख किया है और न क्रम मे ही उन्होंने भागवत की भाँति इसको कालीय-दमन के पूर्व रक्खा है। गुजराती के केशवदास और ब्रजभाषा के सूर तथा नददास ने भागवतानुसार धेनुकासुर का वध बलराम से ही कराया है।[१०२]

कालीय-दमन—यह कथा भागवत के अतिरिक्त ब्रह्म, विष्णु, पद्म, हरिवश और ब्रह्मवैवर्त पुराण मे भी प्राप्त होती है परन्तु सूरदास ने जिस रूप मे इसे प्रस्तुत किया है वह इनमें से किसी पुराण मे नही मिलता। सूरदास ने इस प्रसग को कंस से सम्बद्ध कर दिया है। नारद कंस के पास जाकर उसके सामने कालीदह के कमल नंद के द्वारा मँगवाने का प्रस्ताव रखते है फलत: कस एक दूत के हाथ तत्काल राजाज्ञा पत्र द्वारा नद के पास भेज देता है। पत्र पाकर नंद और यशोदा भयभीत एवं दुखी हो जाते है। तब अतर्यामी कृष्ण उनके पास जाकर कारण पूछते है और जानने पर कंस के पास कमल भेजने का आश्वासन देते है। कालीदह से फूल लाने तथा गोप कन्याओं को देने का उल्लेख भास ने अपने बालचरित के चतुर्थ अंक में किया है परन्तु कंस से उसका कोई संबन्ध नही है। इस भूमिका के पहले सूर कृष्ण को यमुनादह में गिरने का स्वप्न देखते हुए चित्रित करते है।[१०३] यमुनादह मे कूदने का दूसरा कारण भी सूर ने दिया है। कृष्ण सखाओ के साथ यमुना तट पर कंदुक-क्रीड़ा करने जाते हैं। खेलते खेलते उनके द्वारा श्रीदामा की गेद यमुनादह मे गिर जाती है। श्रीदामा उसे पाने का हठ करता है और तब कृष्ण अपना वास्तविक उद्देश्य बताकर एक तट-वर्ती कदम्ब से कूद कर जल मे प्रविष्ट हो जाते हैं।[१०४] भागवत में इस कथा-वस्तु का उल्लेख नही है।

गुजराती कवि प्रेमानद ने कमल लाने की बात का संकेत किया है और कंदुक-क्रीड़ा का वर्णन भी जो सूर जैसा ही है। यहाँ अन्तर एक तो यह है कि श्रीदामा का उल्लेख नही है दूसरे यमुना से गेंद निकालने की शर्त भी कृष्ण ने ही लगाई है।[१०५]

दह मे प्रविष्ट होते ही कृष्ण और नागपत्नियों मे वार्तालाप होता है जिसे ब्रज-भाषा मे सूर ने प्रस्तुत किया है और गुजराती मे नरसी तथा प्रेमानंद ने। भागवत

में नागपत्नियाँ नाग नाथे जाने के बाद उसकी मुक्ति के लिए प्रार्थना करती दिखाई गई हैं, उसके पहले नही। नरसी ने नाग-दमन का पूर्णतः भिन्न कारण दिया है। कृष्ण मथुरा मे द्यूत-क्रीड़ा मे नाग का शीश हार आए है उसी को प्राप्त करने के लिए वह यमुनादह मे प्रवेश करते है।[१०६]

सूरदास के अनुसार कृष्ण ने सोते हुए नाग की पूँछ पर पैर रख कर उसे बलात् जगा दिया किन्तु प्रेमानद ने कृष्ण की मुरली के नाद से उसके जग जाने का वर्णन किया है।[१०७] भागवत मे नाग कृष्ण के कूदने से प्रताडित जल के शब्द को सुनकर आ जाता है सोने की बात वहाँ है ही नही। इसके अतिरिक्त शेष वर्णन प्रायः सभी कवियो ने भागवत के ही अनुसार दिया है। सूर ने अपनी नवीन कथा का उपसहार भी अंत मे दिया है। कृष्ण नाग नाथने के बाद कमलों का समूह उस पर लाद कर तट तक लाते है। बाद मे सब कमल सहस्र गाडियो मे भरकर पत्र सहित गोपों के द्वारा कस के पास भिजवा दिये गए। कस प्रसन्न हो कर नद को 'शिरो पाव' देता है और कृष्ण बलराम को कलेवा भी भेजता है।[१०८] प्रेमानंद ने नाग-लीला को गोकुल में ही घटित माना है। इसके अतिरिक्त उन्होने १६वे अध्याय के वर्णन मे कदम्ब विषयक परीक्षित की जिज्ञासा का शुकदेव द्वारा जो समाधान कराया है वह भी भागवत के दशम स्कंध के १६वे अध्याय मे नही है। ऐसा वर्णन भालण ने भी किया है जो उनके दशम स्कध के उन्नीसवे अध्याय मे मिलता है।
प्रेमानद––'कदमनो वृक्ष केम रह्यो ते वदो व्यास कुमार'॥ श्रीम० भा०, पृ० २७३
भालण––'वृक्ष कदब जे सूक्यो नहि ते कहो मुजने खरु'॥ द० स्क०, पृ० ६५

प्रेमानद का कालीय-दमन प्रसग कस से किसी प्रकार भी सम्बद्ध नही है और कदंब इस दृष्टि से वे सूर की अपेक्षा भागवत के अधिक समीप हैं।

प्रलम्बासुर-वध––भागवत मे यह असुर एक गोप के वेश मे आता है और उसका संहार बलराम करते है, विष्णु, ब्रह्म, हरिवश, आदि पुराणो मे भी यही रूप है, परन्तु ब्रह्मवैवर्त मे प्रलम्ब एक साँड़ है जिसका वध कृष्ण करते है।[१०९] भास भी सकर्षण से ही प्रलम्ब का वध कराते है।

सूरदास ने इस कथा के दोनो रूपो को सयुक्त कर दिया और कृष्ण द्वारा गोप रूप प्रलम्बासुर का वध उसी प्रकार कराया जिस प्रकार ब्रह्मवैवर्त मे है। उसमे कृष्ण वृष रूप असुर के दोनों सीग पकड कर मार डालते है, इसमें दोनो हाथ वह कृष्ण को तृणावर्त की भाँति आकाश मे उडा ले जाता है।[११०] सूर और प्रेमानद नेउसे कंस से सम्बद्ध कर दिया है। प्रेमानंद के अनुसार प्रलम्ब को मार कर कृष्ण-बलराम सगोप

गोकुल लौट आते है ।[१११] नददास, भालण तथा केशवदास इन सभी ने भागवत का ही आधार लेकर इस कथा को लिखा है । फलतः कोई उल्लेखनीय अतर नहीं मिलता । नरसी ने दावानलपान के अनतर एक 'बबासुर' का उल्लेख किया है । सम्भवतः उनका तात्पर्य प्रलम्बासुर से ही है यदि ऐसा है तो नरसी ने उसे गोपरूप मे न प्रस्तुत कर के वृषरूप मे ही प्रस्तुत किया है ।[११२]

गुजराती कवि कीकुवसही ने प्रलम्बासुर के आगमन के पहले कृष्ण बलराम की मंडली द्वारा राजा प्रजा तथा हाट का नाटकीय वर्णन किया है । गोप बालको मे से कोई सुनार बनता है कोई बजाज ।[११३]

दावानल-पान—भागवत में दावानलपान का दो बार वर्णन है तथा ब्रह्मवैवर्त मे एक बार। किन्तु दोनों में अंतर यह है कि भागवत के कृष्ण दावानल का पान कर जाते है और ब्रह्मवैवर्त में उसका शमन करते है ।[११४] इन दोनो पुराणों मे दावाग्नि के उद्भूत होने का कोई कारण नही दिया गया किन्तु सूर ने इसे भी अन्य असुरो की तरह कस से सम्बद्ध कर दिया । नददास ने दावानल को अभिचार-जन्य माना पर पान करने के विषय मे निश्चित कुछ नही कहा । एक जगह तो कृष्ण की एक शक्ति उनकी आज्ञा से उसका पान करती है और दूसरी जगह स्वय कृष्ण उसका पान करते है ।[११५]

गुजराती के किसी कवि ने ऐसा वर्णन नही किया । भालण तथा केशवदास ने भागवत का अनुसरण मात्र किया है। सूर ने इस कथा का वर्णन केवल एक बार प्रलम्ब-कथा के पूर्व किया है परन्तु अन्य सभी कवियो ने भागवत की भाँति दो बार वर्णन किया है । दावानल-पान करने से पहले कृष्ण का गोपो को आँख मीचने का आदेश देना भागवत मे दूसरे प्रसंग मे है किन्तु सूर तथा प्रेमानद ने कदाचित् उसी के प्रभाव से पहले प्रसंग मे भी उसका समावेश किया है । नरसी ने भी ऐसा वर्णन एक स्थल पर किया है परन्तु उन्होने आँख खुलने पर गोपों का मुजबन से भाँडीरक बन पहुँच जाने का उल्लेख किया है ।[११६]

प्रेमानद ने १९वे अध्याय मे जो वर्णन किया है उसमे दो नवीनताएँ उल्लेखनीय है। प्रथम, गोपो द्वारा दावानल से त्रस्त गायो की रक्षा की प्रार्थना किये जाने पर कृष्ण का वेणुनाद से उन्हे आकर्षित करना, वे सब की सब उनके दर्शनार्थ आग की ओर ही दौड़ती है परन्तु उनका एक रोम भी मलिन नही होता। द्वितीय यह कि दावाग्नि उनका पीछा करता हुआ कृष्ण के पास आता है और कृष्ण उसे वही अंजलि मे लेकर पी जाते है । घटना के अन्त मे प्रेमानद सबके गोकुल लौट आने का उल्लेख करते है, बीच मे वृन्दावन नाम आने से यह सिद्ध होता है कि उसका घटनास्थल वृन्दावन ही है गोकुल नही ।[११७]

'वृन्दावन पावक परजळ्यो'
—श्रीम० भा०, पृ० २७४

गोवर्धन-धारण—यह प्रसग भागवत (अ०२४, २५, २६, २७) के अतिरिक्त ब्रह्म, विष्णु, पद्म, हरिवश तथा ब्रह्मवैवर्त पुराण मे भी प्राप्त होता है किन्तु सूर और प्रेमानद को छोड़कर नंददास, भालण, केशवदास आदि दोनो भाषाओ के कवियो ने प्राय. भागवत का अनुवाद मात्र कर दिया है। दशम स्कंध से पृथक् नददास ने इस विषय पर स्वतन्त्र रचना 'गोवर्धनलीला' भी रची। सूरसागर में गोवर्धन-धारण का प्रसंग तीन बार वर्णित है और वह भागवत से निम्न अंशों में भिन्न है।[११८]

१. भागवत मे इस कथा का प्रारम्भ नंद और कृष्ण के विचार-विनियम से होता है किन्तु सूर इसका प्रारम्भ यशोदा और नंद के सवाद से करते है। नंद इन्द्रपूजा को विस्मृत कर देते है जिसका स्मरण यशोदा दिलाती है तथा साथ ही अपनी सखियों को भी सूचित करती है।

२. नंद, उपनद और वृषभान को बुलवाते है। भागवत में 'वृद्धान्नन्दपुरोगमान्' के द्वारा अन्य गोपो की उपस्थिति का सकेत मात्र है।

३. सूर के कृष्ण नंद के आगे इन्द्र के स्थान पर गोवर्धन की पूजा का प्रस्ताव अत्यन्त सक्षेप मे रख देते है, भागवत की तरह वे उसकी श्रेष्ठता के प्रतिपादन मे कर्म-विधान की दार्शनिक व्याख्या नहीं करते। इस विषय में कृष्ण को एक स्वप्न होता है। गोवर्धन-पूजा के लिए जाने वालों मे सूर राधा का भी उल्लेख करते है।

४. भागवत में कृष्ण स्वय द्वितीय रूप धारण करके अपने को पर्वत कहते हुए भोग स्वीकार करते है किन्तु सूर के अनुसार पर्वत ही सहस्र भुजशाली रूप धारण करके भोग लगाता है और उसका यह रूप बिल्कुल कृष्ण के समान है।

५. इन्द्र ने जलवृष्टि के लिए भागवत मे केवल 'सांवर्तक' गण को आज्ञा दी है जबकि सूर ने 'मेघवर्तक' आदि अनेक नाम दिये है।

६. भागवत के अनुसार गर्व-भंजन के अनन्तर इन्द्र केवल सुरभि को लेकर एकान्त में कृष्ण के आगे प्रणत होते हैं किन्तु सूर ने उनके साथ समस्त देवताओं के आने का वर्णन किया है।

इसी प्रकार प्रेमानंद के वर्णन की निम्न विशेषताएँ उल्लेखनीय है।[११९]

१. कथारम्भ के समय सवाद के प्रसंग मे यशोदा और नंद के स्थान पर वृषभानु और उपनंद का उल्लेख मिलता है।

२. कृष्ण ने गोवर्धन-पूजा के पक्ष मे जो तर्क दिये है उनमे कर्म-विधान का आधार नही लिया गया है।

३. प्रेमानद के अनुसार कृष्ण ही पर्वत मे से हाथ लम्बा करके पूजा स्वीकार करते है।

४. इन्द्र को उसकी उपेक्षा की सूचना नारद द्वारा मिलती है तब इन्द्र बारह मेघों को आज्ञा देते है जिनके नाम नही दिये गए है।

५. प्रसंग के अत मे परीक्षित प्रश्न करते है कि सात दिन जो मूसलाधार वृष्टि इन्द्र ने की उसका सारा जल कहाँ गया और शुकदेव जी उत्तर देते हैं कि वह उनकी क्रोधाग्नि से प्रतप्त गोवर्धन मे लीन हो गया। एक बूँद भी बाहर नहीं गई। भागवत मे ऐसे प्रश्न का कोई सकेत नही मिलता।

समानताएँ—१. गोपों ने अपने लकुट लगाकर गोवर्धन उठाए रखने में कृष्ण की सहायता की थी। इसका वर्णन सूर और प्रेमानद दोनों ने किया है पर प्रेमानंद में विशेष प्रकार का विस्तार तथा मौलिकता है। उनके अनुसार यशोदा ने मथानी लगा दी जो छोटे बालक नही पहुँच पाते उन्होने उलूखल और वृषभ का सहारा लिया। जिसके मन मे गर्व आया कृष्ण ने उसकी ओर पर्वत को झुका दिया आदि।[१२०]

२. कनिष्ठिका उँगली पर पर्वत-धारण की बात ब्रह्मवैवर्त में और हाथ पर उठाने की बात भागवत मे है। सूर तथा नंददास ने भागवत और प्रेमानद, भालणादि ने ब्रह्मवैवर्त का अनुकरण किया है तथा किसी किसी ने एक पग से सात दिन खड़े रहने का भी उल्लेख किया है।[१२१]

इस समय प्रेमानंद ने कृष्ण को चतुर्भुज रूप मे प्रस्तुत किया है, नंददास ने दोनों हाथो से वेणु बजाने का वर्णन किया है। नरसी मेहता के एक पद से, जिसमें गोवर्धन-धारण का भी उल्लेख है, ज्ञात होता है कि उनकी कल्पना मे कृष्ण का चतुर्भुज रूप था किन्तु उसमे चारों हाथों की जो क्रियाएँ वर्णित है वे गोवर्धन धारण की स्थिति की द्योतक नही है।[१२२]

वरुणगृह से नंद का उद्धार तथा गोपों द्वारा वैकुंठ दर्शन—यह घटना केवल भागवत मे वर्णित है। एकादशी व्रत के पश्चात् नंद यमुना स्नान के लिए जाते है वहाँ जल में प्रविष्ट होते हो वरुण का एक असुर उन्हें पकड कर वरुण लोक ले जाता है। कृष्ण उन्हें बचाने के लिए जाते है। वरुण उन्हे भगवान समझ कर पूजा स्तुति करते है फिर वे नंद को साथ लेकर वापस लौट आते है। नंददास ने इन्द्र की तरह वरुण

के गर्व को भी चूर करने की बात कही है, सूर ने एक भृत्य के स्थान पर वरुण के अनेक दूतों द्वारा वरुणपाश से बद्ध करके नद को वरुण लोक ले जाने की बात लिखी है। ऐसे ही कुछ अन्य सामान्य अन्तर है।[१२३]

गुजराती कवियो मे प्रेमानद मे इसी प्रकार के कतिपय अन्तर मिलते है किन्तु इस कथा के विशेष महत्त्वपूर्ण न होने के कारण वे भी महत्त्वपूर्ण नही है। इस प्रसग का एकमात्र उद्देश्य कृष्ण को परमेश्वर सिद्ध करना है।

वैकुंठ-दर्शन—भागवत के निम्नलिखत श्लोक में इसका साधारण सा उल्लेख है—

इति संचिन्त्य भगवान् महाकारुणिको हरिः।
दर्शयामास लोकंस्वं गोपानां तमसः परम॥
—१०.२८:१४

सूर ने इसका उल्लेख नही किया पर प्रेमानद ने इसे अधिक विस्तार दिया है। प्रेमानद के अनुसार कृष्ण गोकुल को ही वैकुठ मे परिणत कर देते है। नददास ने ऐसा चमत्कार प्रदर्शित नही किया केवल यही लिखा—

बैंकुठ मधि सुक्ख है जिते। सब वृन्दावन ठांठां तिते।
—नद०, पृ० ३२०

सर्प, शंखचूड़, अरिष्ट, केशी और व्योम वध—भागवत मे रास के अनन्तर वर्णित इन प्रसगों मे से अरिष्ट तथा केशी की कथा अन्य अनेक पुराणो मे प्राप्त होती है। ब्रह्मवैर्वत मे केशी-वध रास से बहुत पूर्व प्रलम्बासुर-वध के ठीक बाद में मिलता है। अरिष्टासुर का नाम इस पुराण मे नही है किन्तु प्रलम्बासुर का रूप भागवत के अरिष्टासुर के ही समान है। भागवतकार ने पूतना और केशी को ही कंस से सम्बद्ध माना है।[१२४]

सूरदास ने भी केशी के प्रसग को इन पाँचों की अपेक्षा अधिक विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया है। ब्रजभाषा मे सूरसागर मे ही इसका वर्णन है। इसके अतिरिक्त सूर ने सर्प रूपी विद्याधर, शखचूड़, अरिष्ट, केशी तथा व्योमासुर के वध के प्रसगों को भी वर्णित किया है। सूर ने अरिष्टासुर नाम न दे कर वृषभासुर नाम दिया है तथा केशी को व्योमासुर की तरह गोप रूप दे दिया है और व्योमासुर को भौमासुर कहा है।[१२५]

गुजराती कवियो में नरसी ने इन घटनाओ का कृष्ण के जीवन मे उल्लेख भी नही किया है। भालण, केशवदास प्रेमानंद तथा अन्य सभी दशमस्कधकारों ने कथा-क्रम में यथास्थान इन प्रसगो का वर्णन किया है। इनमें प्रेमानद ने स्वभावानुसार

भागवत का अनुवाद मात्र न करके प्राय: सभी प्रसगो को कुछ न कुछ परिवर्धित अथवा नवीन रूप मे प्रस्तुत किया है। अरिष्टासुर के स्थान पर उन्होने भी वृषभासुर का प्रयोग किया है साथ ही उसे कस से सम्बद्ध भी कर दिया है। यह वृषभासुर वृन्दावन न जाकर गोकुल जाता है। प्रेमानद ने केशी को सूर की भाँति गोप रूप नही दिया। व्योमासुर को भी कस की आज्ञा से आया हुआ लिखा है और सक्षेप मे उसके वध का भी वर्णन किया है।[१२६]

लौकिक वृन्दावन लीलाएँ

गोचारण—गोचारण का वर्णन प्राय: प्रत्येक अलौकिक लीला के प्रारभ मे मिलता है क्योकि कृष्ण इसी निमित्त प्रात. घोष से बाहर जाते थे और संध्या समय लौटते थे। सूर ने इसका वर्णन अन्य कवियों की अपेक्षा अधिक विस्तार से किया है। उन्होंने गोप बालकों की विविध क्रीड़ाओं, गायों के भटक जाने, उन्हे खोजने, बशी बजाकर या वृक्ष पर चढ़ कर उन्हे बुलाने आदि अनेक बातो का समावेश किया है।[१२७]

भालण और प्रेमानंद आदि गुजराती कवियो ने कृष्ण के गाय बछडे चराने का वर्णन किया है। प्रेमानंद ने इस प्रसग मे सूर की भाँति गायो के नाम भी दिये है। उनके कृष्ण बछड़े अन्य गोपो को चराने के लिये दे देते है और स्वयं गाये चराते है। सूर ने कृष्ण के साथ जिन बालकों का वर्णन किया है वे सयाने है पर प्रेमानद के अनुसार समान।[१२८]

कात्यायनि-व्रत और चीरहरण—इसका वर्णन भागवत द० स्कं० के अध्याय २२ और ब्रह्मवैवर्त, कृष्णजन्मखण्ड के अध्याय २७ मे प्राप्त होता है। दोनो भाषाओं के कवियो ने भागवत का ही अनुसरण किया है केवल दो एक स्थलों पर ब्रह्मवैवर्त का प्रभाव दिखता है। जैसे सूरसागर के एक पद मे राधा-कृष्ण के वार्तालाप और कदंब का उल्लेख। किन्तु यही पद कुछ पाठभेद से दूसरे रूप मे भालण के दशम स्कंध मे भी प्राप्त होता है। अत: इस विषय मे कुछ निश्चित रूप से नही कहा जा सकता। इसमे भी बृषभानुदुलारी राधा का उल्लेख नही है केवल 'कदम' का है।[१२९] राधा का उल्लेख इस प्रसंग मे अन्य किसी गुजराती कवि ने नही किया।

भागवत मे चीरहरण करके कृष्ण वस्त्रो को 'नीप' पर तथा ब्रह्मवैवर्त मे 'कदंब' पर रखते है। सूरदास ने चीरहरण लीला के दोनों वर्णनों नें 'कदंब' और 'नीप' दोनों का उल्लेख किया है।[१३०] अन्य कवियों मे भालण, प्रेमानद आदि ने कदब का ही

वर्णन किया है।[131] नीप और कदंब सस्कृत साहित्य मे पर्याय रूप मे तो व्यवहृत होते ही हैं किन्तु उनका भिन्न अर्थ भी होता है, जैसा कि भागवत के 'कदम्बनीपा.' (१०: ३०: ९) से प्रकट है।

सूर तथा प्रेमानंद ने भागवत की कथा के अतिरिक्त कुछ अंश और उद्भावित किये है—

सूर द्वारा प्रस्तुत अन्तर

१. कात्यायिनि के स्थान पर शिव की पूजा।
२. कृष्ण का जल के अन्दर प्रकट होकर गोपियो की पीठ मलना।
३. गोपियों का यशोदा के पास उलाहना ले जाना।
४. कृष्ण का सोलह सहस्त्र गोप कन्याओं के वस्त्र तथा भूषण चुराना।

प्रेमानन्द द्वारा प्रस्तुत अन्तर

१. प्रारम्भ में कृष्ण के अभाव में तुलसी, पीपल, गाय आदि की पूजा का उल्लेख है, मध्य में कात्यायिनि की।
२. कृष्ण वस्त्र वृक्ष पर रख कर खखारते है जिससे गोपियों को वहाँ किसी पुरुष के होने का आभास होता है।
३. गोपियाँ वस्त्र पाने के बाद कृष्ण को नग्न करने की बात सोचती है जिसे जानकर कृष्ण अन्तर्धान हो जाते है।

गुजराती के फांग नामक एक कवि ने इसी चीरहरण के अवसर पर गोपियों के नृत्य तथा कृष्ण के साथ रमण का भी वर्णन किया है।[132] इन अन्तरों के अतिरिक्त घटना के मूल उद्देश्य, पति रूप मे कृष्ण की प्राप्ति, अन्त में कृष्ण द्वारा रास के समय मनोकामनापूर्ति आदि का वर्णन सभी कवियों ने भागवत के ही अनुरूप किया है।

ब्राह्मण पत्नियों पर अनुग्रह—भागवत दशमस्कंध के २२वे अध्याय मे दिया हुआ यह प्रसंग कवियों द्वारा प्रायः अनुवादात्मक रूप में वर्णित हुआ है। केवल एक ब्राह्मण पत्नी विशेष की कथा ने, जिसमें उसने कृष्ण के पास न पहुँचने पर प्राण त्याग दिये हैं, सूर तथा प्रेमानंद को अधिक आकर्षित किया। सूर ने उसके सम्बन्ध मे अनेक पद लिखे हैं और उसे गोपी के रूप मे प्रस्तुत किया है।[133] प्रेमानंद ने उसके रोके जाने का सम्पूर्ण वर्णन करके मृत्यु के अनन्तर चतुर्भुज रूप में परिणत हो जाने का उल्लेख भी किया है।[134]

राधा प्रधान कृष्ण लीलाएँ

राधा-जन्म—ब्रह्मवैवर्त मे राधा के पिता वृषभानु, माता कलावती, पति रायाण तथा जन्मस्थान गोकुल का स्पष्ट निर्देश है।[१३५] पद्मपुराण मे राधा के जन्म की तिथि **'भाद्रे मासे सितेपक्षे अष्टमी सञ्ज्ञके तिथौ'** बताई गई है। उज्ज्वलनीलमणि के एक श्लोक से राधा की माता कीर्ति सिद्ध होती है।[१३६] कृष्णकाव्य में ब्रह्मवैवर्त के वृषभानु को पिता रूप मे सर्वत्र लिया गया है परन्तु माता के रूप मे कीर्ति को ही माना गया है। राधा का जन्मस्थान भी बरसाने मे स्थित 'रावल' ग्राम माना गया है। ब्रजभाषा मे राधा-जन्म की बधाई के पद सूर, नन्ददास, माधवदास, हरिराम व्यास आदि द्वारा लिखे गये है और उन्ही मे ये बाते प्राप्त होती है।[१३७]

हरिराम व्यास ने श्रीदामा को राधा का भाई कहा है यद्यपि ब्रह्मवैवर्त में वह कृष्ण का किंकर कहा गया है।[१३८] सूर ने राधा-जन्म सम्बन्धी पद नही रचे। गुजराती कवियों मे किसी ने राधा-जन्म को काव्य का विषय नही बनाया और न वृषभानु के पितृत्व को छोड़ कर अन्य किसी सम्बन्ध का ही उल्लेख किया है।

राधा कृष्ण का प्रथम मिलन—सूरदास ने इसका पर्याप्त विस्तार से चित्रण किया है और जिस रूप मे यह प्रसग सूरसागर मे है, प्राचीन कृष्ण-काव्य मे कहीं भी उस रूप मे उपलब्ध नही होता। सूर के कृष्ण बालकों के साथ भौरा-चकडोरी खेलते ब्रज खोरी मे निकलते है वहाँ सप्त वर्षीया सुन्दरी राधा से उनकी भेट होती है। कृष्ण उसे अपने घर आमन्त्रित करते है। बिछुड़ते समय वस्त्र बदल लेते है। घर पर जब राधा की माँ पूछती है कि देर से क्यों आई तो वह कहती है कि मेरे साथ की एक लड़की को साँप ने डस लिया था कृष्ण ने मत्र से उसे ठीक कर दिया इससे देर हुई। राधा नंदमहर के घर आती है यशोदा उसकी चोटी गूँथकर, कृष्ण की 'जोटी' समझकर, गोद भर देती है। वह अपने घर लौट जाती है और वृषभानु तथा उनकी स्त्री दोनों अत्यन्त प्रसन्न होते है।[१३९]

नंददास ने भी 'श्यामसगाई' के प्रारम्भिक पदों में राधा के प्रति यशोदा के आकर्षित होने का वर्णन किया है। इस प्रकार का वर्णन अन्य किसी कवि ने नहीं किया। उज्ज्वलनीलमणि के 'राधाप्रकरणम्' में बालिका राधा के प्रति यशोदा के आकर्षण का वर्णन भी है। भालण मे एक स्थल पर यशोदा द्वारा राधा के बधू बनाने की बात लिखी है।

राधा सरखी रूपे रूडी बहुअर वहेली लाऊं जी।

—द० स्कं०, पृ० ५०

सूर न इस प्रसंग मे ब्रह्मवैवर्त मे दी हुई उस घटना का भी उल्लेख कर दिया है जिसके आधार पर गीतगोविन्द के प्रथम श्लोक 'मेघैर्मेदुर . . . ' का निर्माण हुआ, मेघाच्छन्न आकाश देखकर नद राधिका के साथ कृष्ण को घर भेज देते है । मार्ग में दोनों किशोर रूप मे रमण करते है। ब्रह्मवैवर्त मे यही पर विवाह का भी वर्णन है । परन्तु सूर ने उसे रास के प्रसंग मे स्थान दिया है ।[१४०]

यमुना तट पर राधा कृष्ण के मिलन का उल्लेख नरसी ने भी किया है । एक स्थान पर उन्होंने उनको ब्रज का राजा रानी कहा है। एक अन्य स्थान पर एक सखी राधा कृष्ण के परिणय की बात यशोदा से कहती है। राधा कृष्ण का मिलन नरसी ने दूसरी प्रकार से भी दिखाया है । एक और स्थल पर अन्य-परिणीता राधा कृष्ण को बुलाने आती है ।[१४१]

ध्रुवदास ने अपनी ब्रजलीला नामक कृति मे प्रथम मिलन का वर्णन बाल्यावस्था मे न करके पूर्ण किशोरावस्था मे किया है। एक सखी कृष्ण को राधा के अद्भुत रूप की सूचना देती है और एक सरोवर के निकट सकेत स्थल निश्चित करती है। कृष्ण प्रति दिन उसी स्थल की ओर जाते है। एक दिन जब वह एक कुज मे बैठे थे कि राधा वहाँ खेलने आई। कृष्ण राधा का रूप देखकर मूर्च्छित हो गये और राधा भी विकल हो गई। इसके पश्चात् ललिता दोनो की विह्वलता देखकर पुनः मिलाने का उपक्रम करती है ।[१४२]

कृष्ण का स्त्री-रूप धारण करना—सूरदास, नंददास, ध्रुवदास, व्यास आदि ब्रजभाषा के कई कवियों ने राधा से मिलने के लिए कृष्ण के स्त्री रूप धारण करने का वर्णन किया है। ध्रुवदास की ब्रजलीला मे इस युक्ति के बताने का श्रेय ललिता को है। बरसाने में जब लोग स्त्री-वेष धारी कृष्ण का परिचय पूछते है तो ललिता उन्हें उपनंद की पुत्री बता देती है ।[१४३] सूर ने मानलीला के प्रसंग मे कृष्ण के दूती का रूप धारण करने की बात लिखी है।[१४४] नंददास ने दूती-वेष के स्थान पर सखी-वेष धारण करने का वर्णन किया है ।[१४५] व्यास ने भी इसका सकेत किया है। नरसी के एक पद मे राधा के द्वारा कृष्ण का वेष धारण करने का वर्णन मिलता है। इसके अतिरिक्त दो एक पद ऐसे भी है जिनमें कृष्ण स्त्री रूप धारण करते है किन्तु इस कार्य का निमित्त नरसी ने पूर्णतया स्पष्ट नही किया ।[१४६]

राधा-व्यंतर तथा कृष्ण का गारुड़ी बनना—ब्रह्मवैवर्त में एक स्थल पर विरहिणी राधा के मूर्च्छित होने तथा कृष्णदर्शन से मूर्च्छा दूर हो जाने का वर्णन है। इस प्रसंग

मे न सर्प की बात है और न कृष्ण के गारुडी बनने की।[147] परन्तु ब्रजभाषा तथा गुजराती दोनो भाषाओ के काव्य मे कृष्ण के गारुडी बनने की कथा मिलती है।

नददास ने तो इस प्रसंग को लेकर 'श्यामसगाई' नामक एक स्वतत्र कृति का निर्माण किया। यशोदा वृषभानु के यहाँ राधा कृष्ण की सगाई का सदेश भिजवाती है जो कीर्ति द्वारा अस्वीकृत कर दिया जाता है। कृष्ण यह जान कर राधा से ही विवाह करने का निश्चय करते है और बरसाने के बाग मे जा बैठते है। राधा सखियो समेत वहाँ आती है और कृष्ण के रूप को देखकर मूर्च्छित हो जाती है। सखी राधा की कृष्ण के प्रति अनुरक्ति जानकर उससे कहती है कि तू घर जाकर कह दे कि मुझे नाग ने काट खाया और तब हम कृष्ण को गारुड़ी बना कर ले आवेगी। तब राधा को सखियाँ उठाकर घर ले जाती है और एक सखी कृष्ण के गारुडी होने की बात कहती है। दूसरी सखी यशोदा के पास जाकर कृष्ण को उपचारार्थ बुला लाती है और वे 'दरस फूँक' दे कर राधा को विष-मुक्त करते है। इसके अनन्तर कृष्ण को सगाई स्वीकार कर ली जाती है।[148]

सूरदास ने भी इसका वर्णन किया है परन्तु कथा को गोदोहन से सम्बद्ध कर दिया है।[149] गुजराती कवियों मे केशवदास ने इसका वर्णन तो किया है पर इसका सम्बन्ध न सगाई से दिखाया है और न गोदोहन से। अन्य-परिणीता राधा कृष्ण के साथ शय्यासीन थी और उसकी मूर्च्छा का कारण कृष्ण-रूप दर्शन न होकर व्यतर था जो राधा को रीछ के समान लगा। केशवदास ने सर्प से डसे जाने की कल्पना नही की।[150]

वैदक लीला—इस वैदक लीला का मूल गीतगोविन्द का एक पद ज्ञात होता है।[151] ध्रुवदास ने कृष्ण को वैद्य बनाकर राधा से उनका सयोग कराया है। यह वर्णन उनकी 'वैदक लीला' मे न होकर 'सुखमजरी' मे है।

कृष्ण के इस रूप का वर्णन कदाचित् किसी भी गुजराती कवि ने नही किया।

गोदोहन—राधा नद के घर खरिक मे दोहिनी लेकर गाय दुहाने आती है, इस प्रकार उसे कृष्ण से मिलने का अवसर मिल जाता है। सूर ने इस प्रसंग को पर्याप्त विस्तार दिया है।[152] गुजराती कृष्ण-काव्य में इस भूमिका मे गोदोहन का वर्णन नही है।

हार खोने के बहाने राधा का कृष्ण से मिलना—सभवतः इस प्रसग की उद्भावना सूर ने स्वयं की है क्योंकि इसका कोई पौराणिक आधार नहीं मिलता। ब्रज

और गुजराती के अन्य कवियों ने भी ऐसा कोई वर्णन नही किया ।

चतुर राधा अपनी 'मोतिसरी' की माला आँचल से बाँध लेती है और अपनी माँ से यह कह कर कि माला खो गई है, कृष्ण से मिलने जाती है । कृष्ण स्वयं सखाओं को जीमता हुआ छोड कर राधा के आगमन की प्रतीक्षा करते है और राधा नंद-महर के पिछवाड़े उन्हे बुला कर मिलती है । कृष्ण यशोदा से यह कहकर कि जंगल में एक गाय ब्याई है भाग आते है और कुज मे दोनो रमण करते है ।[१५३]

राधा के मोतियों में कंकड़ी मिलाना—इसका वर्णन हितहरिवश ने किया है । सूर सागर में इस सम्बन्ध का जो पद प्राप्त होता है वह पद वस्तुत. हितचौरासी का है ।[१५४] गुजराती मे यह प्रसंग अनुपलब्ध है ।

कृष्ण का राधा की आँखें मींचना—राधा मुकुट देख रही है, कृष्ण पीछे से आकर उसकी आँखे मूँद लेते है । जब चन्द्रावली आती है तो राधा उसके पूछने पर सारी घटना बताती है । इसका भी वर्णन सूर ने ही किया है ।[१५५]

पनघट की लीलाएँ—भागवत मे कात्यायिनि-व्रत और रास के प्रसग मे गोपियो का यमुना तट पर जाना वर्णित है किन्तु उसमें पनघट की लीलाओं का कोई सकेत नही है और न अन्य किसी पुराण मे ही है । इन लीलाओ का वर्णन दोनों भाषाओ के कवियो में सूरदास, हरिराम व्यास, मीरा तथा नरसी आदि ने कुछ तो लोक परंपरा से प्रेरित होकर और कुछ स्वतन्त्र उद्भावना से किया है ।

सूरदास—सूर के कृष्ण पनघट पर निम्न क्रीड़ाएँ करते है ।

१. यमुना तट पर मुरली बजाकर तथा अपनी मोहनी मूर्ति दिखाकर गोपियों को मुग्ध बनाते है ।

२. पनघट को रोक लेते है और कोई गोपी जल नही भर पाती ।

३. एक बार कृष्ण सखाओं सहित छिपे थे इतने मे राधा आई और ज्योंही जलभर कर ले चली कृष्ण ने पीछे से उसकी गागर का जल लुढ़का दिया । उसने 'कनक लकुट' छीन लिया और बोली कि जब तक मेरी गागर नहीं भर देते लकुट न दूँगी । पर कुछ समय बाद विह्वलता के कारण उसके हाथ से लकुट छूट गिरता है । कृष्ण भी उसकी गागर भर कर उठवा देते है ।

४. ऐसे ही एक बार राधा सखियों सहित जल भरने आती है। कृष्ण उसकी छाँह में अपनी छाँह छुवाते हैं । इस प्रकार अनेक छल करके उसको काम विवश कर देते

है फिर गागर मे 'ककरी' मारते है जो राधा के शरीर मे लगती है। वे कभी लट कभी वक्ष का स्पर्श करते है।

५. यमुना तट पर गेडुरी फटकार देते है, गागरे फोड देते है। यशोदा के पास गोपियाँ उलाहना लेकर जाती है जिस पर अन्त को उन्हे अविश्वास हो जाता है।

ब्रजभाषा के अन्य कवियो ने इतने विस्तार से इन लीलाओ का वर्णन नही किया। इस विषय मे हरिराम व्यास ने कई पद लिखे हैं। किसी में गोपी कृष्ण से सिर पर गागर रख देने की प्रार्थना करती है और पीतपट की ईंडुरी बनाने को कहती है तथा किसी मे कृष्ण उसके साथ रमण भी करते है किन्तु इन पदों मे राधा के स्थान पर सामान्यतः नागरि या पनिहारी का उल्लेख है।[१५६]

मीरा के इस प्रसंग के पद दोनों भाषाओ मे है। नरसी ने कही सरोवर से कही यमुना से जल भरने का उल्लेख किया है। मटकी मे कंकरी मारने का भी वर्णन है तथा कृष्ण के आलिगन आदि करने का भी।[१५७]

संभोग वर्णन—राधाकृष्ण के संभोग वर्णन की परम्परा अत्यन्त प्राचीन है। गाथा सप्तशती (१३४ वि०), गौडवहो (७७५ वि०), ध्वन्यालोक (९१० वि०) से राधा कृष्ण की शारीरिक समीपता का प्रमाण मिलता है। ब्रह्मवैवर्त मे (१२वी शती वि०) अनेक स्थल ऐसे है जहाँ राधा कृष्ण के रति-युद्ध का स्पष्ट वर्णन है। जयदेव ने तो राधाकृष्ण के सभोग की विपरीतादिक दशाओ का विस्तृत वर्णन किया है।[१५८]

गुजराती तथा ब्रज दोनों भाषाओं के कवियों ने राधा कृष्ण के सभोग तथा तज्जन्य परिस्थितियों का अत्यन्त विस्तार से वर्णन किया है। कुछ कवियों ने रास-लीला, दानलीला आदि के अन्तर्गत भी इसका समावेश किया है। ब्रज के समस्त कृष्ण-भक्ति सम्प्रदायों के काव्य मे रति-युद्ध का वर्णन मिलता है। प्रायः सभी कवियों ने स्फुट पदों में तथा श्रृंगार के विभिन्न प्रसगों के बीच रतिवर्णन किया है किन्तु ध्रुवदास की 'रतिमजरी' तथा माधवदास की 'केलिमाधुरी' का विषय ही यह है। गुजराती मे भी प्रासगिक वर्णनो के अतिरिक्त सुरत-युद्ध को आधार मान कर कई रचनाएँ हुईं। मयण कवि का 'मयणछंद' नरसी की दोनो चातुरियाँ (षोडशी, छत्तीसी) इसी विषय को लेकर लिखी गयी है।

'रतिमंजरी' और 'मयणछन्द' में संभोग का वर्णन प्रस्तुत रूप में है किन्तु चातु-रियों मे संवादात्मक है। राधा अपनी प्रिय सखी से रति-रमण की सारी कथा कहती

है । नरसी की 'शृंगारमाला' मे सुरत-संग्राम का कई पदो मे वर्णन है और उनके 'सुरत सग्राम' मे रूपक का आधार भी यही है ।

चौपड़ और शतरंज खेलना—रूपक के रूप मे ब्रजभाषा के कई कवियो ने राधाकृष्ण को कही चौपड़ और कही शतरज खेलते हुए चित्रित किया है ।[१५९] पर गुजराती में ऐसा वर्णन नही है ।

जल-क्रीड़ा वर्णन—ब्रजभाषा के कतिमय कवियो ने रास-वर्णन के अतर्गत आई हुई जल-क्रीड़ा से भिन्न जल-केलि का वर्णन किया है । राधा कृष्ण कही नौका-विहार करते है कही जल-विहार ।[१६०] गुजराती कवियों ने ऐसा वर्णन नही किया ।

इसके अतिरिक्त वेणी-गूँथना, महावर-देना आदि क्रीडाएँ ऐसी है जिनका वर्णन राधा कृष्ण के प्रेम-प्रसंग मे कवियों ने किया है ।

वसंत-क्रीड़ा

रास के प्रसग मे वासती-रास की परम्परा का जो इतिहास आगे दिया गया है उससे यह सिद्ध होता है कि वसत ऋतु में राधा-कृष्ण की विलास-लीला के वर्णन की परम्परा पर्याप्त प्राचीन है । रास के साथ ही होलिकोत्सव का भी इसमें समावेश हो जाने तथा वसत ऋतु के स्वयं विशेष उद्दीपक होने के कारण दोनों भाषाओं के कवियो ने वसत-क्रीडाओं का विस्तार से वर्णन किया है । कुछ कवियों ने क्रीड़ाओं के वर्णन के साथ वसत-वर्णन को स्वतत्र महत्व भी दिया है।

गुजराती मे इस प्रकार की रचनाओ मे मुख्यतया नरसी के 'वसतना पद' वासणदास का 'कृष्ण वृंदावन रास' तथा कतिपय अन्य काव्यो के स्फुट अश आते है । ब्रजभाषा मे सूर के वसत तथा होरी सम्बन्धी अनेक पद, ध्रुवदास की 'ब्यालीस लीला' की कई लीलाएँ, गदाधर भट्ट, माधवदास आदि अनेक कवियों द्वारा रचित स्फुट पद एवं प्रसंग इस सम्बन्ध मे गणनीय है ।

वसंत-क्रीड़ा की मुख्य वस्तु निम्नलिखित है :

१. वसंत के प्रभाव से मानिनी गोपियों का मान-मोचन ।
२. होली, फाग-क्रीड़ा अबीर गुलाल आदि डालना, पिचकरी मारना ।
३. नृत्य गीत होली-धमार चग, ढफ, मृदग झाँझ आदि का वादन ।
४. कृष्ण के साथ गोपाल-मडली तथा राधा के साथ गोपी-सूमह की प्रतिद्वंद्विता ।

इन रचनाओं में वस्तु आदि सभी दृष्टियों से नरसी तथा सूर के पद सर्वप्रधान हैं अन्य कवियो द्वारा वर्णित वस्तु प्राय. इन्ही कवियों की वस्तु के अतर्गत आ जाती है । सूरदास ने कतिपय ऐसे भी प्रसग वर्णित किए है जो अन्यत्र दुर्लभ है ।

१. क्रीडा मे बलराम की उपस्थिति।

आए बलराम श्याम आई तजि काम वाम ।

—सू० सा०, पृ० ५५७

२. शीला नामक गोपी विशेष से कृष्ण का उलझना ।

शीला नाम ग्वालिनी अचानक गहे कन्हाई ।

—सू० सा०, पृ० ५५६

३. बाँसों की मार ।

उत जेरी धरे ग्वाल बासन इत परी मार ।

—सू० सा०, पृ० ५५८

दारणी-दान राधाकृष्ण का गठबन्धन, नंद को गाली, गर्दभारोहण, तिथि-क्रम से होली-वर्णन आदि ऐसे ही प्रसग है जिनकी उद्भावना सूरदास ने अपनी प्रतिभा से की है।[१६१]

नरसी मेहता ने भी होली के प्रसंग मे हलधर का उल्लेख किया है। शीला के स्थान पर ललिता तथा चन्द्रभागा का विशेष रूप से वर्णन है। नरसी ने हलधर कदाचित् कृष्ण के पर्याय रूप से व्यवहृत किया है ।

१. ललिता ललीत मुख बचन बोले उठे अबील गुलाल रे।

२. मुख अंबर लइ हलधर हसीया, गोपी गोवाला साथे रे।

भणे नरसैयो चन्द्रभागा अे हलधर साह्या हाथे रे।

—न० कृ० का०, पृ० २३२

नरसी ने यहाँ भी अपने को दर्शक के ही रूप में उपस्थित किया है।

गोविन्द गोपी होली रमे त्यां जोये नरसैयो दास।

—न० कृ० का०, पृ० २३७

नरसी ने बॉस की मार की जगह आपस की मार का चित्रण किया है:

उलट्या हलधर गोप सगाथे पडे परस्पर मार रे।

—न० कृ० का०, पृ० २४१

वसंत पंचमी के उत्सव का वर्णन सूर तथा नरसी दोनो ने किया है।[१६२] नरसी

के एक पद मे राधा-कृष्ण-विवाह वर्णित मिलता है जिसका साम्य सूर के विस्तृत विवाह-वर्णन से हो सकता है ।

वसत विवाह आदर्यो हो, परणे छे नद जी को लाल ।

—न० कृ० का०, पृ० २५३

वर्षा-हिंडोला—इस ऋतु में भी विलास-लीला तथा हिडोला झूलने का दोनो भाषाओ में वर्णन मिलता है । ब्रजभाषा मे इस विषय मे कोई स्वतन्त्र रचना नही है । गौड़ीय और वल्लभीय सम्प्रदाय के अनेक कवियो के पदों मे सूर के 'हिडोल लीला' के पद अधिक महत्वपूर्ण है । गुजराती मे नरसी के 'हिंडोलना पद' विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं ।

वर्षा-विहार के अतर्गत निम्न मूल-वस्तु पाई जाती है ।

१. वर्षा ऋतु का वर्णन
२. वर्षा सम्बन्धी अन्य प्रसग
३. हिंडोले का वर्णन
४. हिंडोले पर राधाकृष्ण के झूलने-झुलाने का वर्णन

इन प्रसंगो पर उक्त दोनों कवियो की उद्भावित विशेषताओं का उल्लेख पृथक् पृथक् किया गया है ।

वर्षा ऋतु वर्णन—स्वतन्त्र रूप से वर्षा-वर्णन पर कोई काव्य नही लिखा गया । सूरदास तथा नरसी ने केवल वर्षा पर कोई सम्पूर्ण पद तक नही रचा, कुछ पंक्तियों तथा अशो मे ही वर्षा की शोभा का चित्रण है ।[१६३]

वर्षा सम्बन्धी अन्य प्रसग—समस्त कृष्ण चरित मे वर्षा सम्बन्धी अन्य प्रसग कृष्ण-जन्म तथा गोवर्धन-धारण है, जिनका वर्णन हो चुका है । सूर ने वर्षा मे राधा कृष्ण मिलन का भी वर्णन किया है ।

गगन गरजि घहराइ जुरी घटा कारी ।
....
दोउ घर जाहु सग, नभ भयो श्याम रंग कुवर गह्यो वृषभानवारी ।
गए वन घन ओर नवलनदनंद किशोर नवल राधा नए कुंज भारी ।

यह प्रसंग ब्रह्मवैवर्त के आधार पर वर्णित गीतगोविद के पहले श्लोक 'मेघै-र्मेदुरमबर ..' मे है ।

मेघावृतं नभो दृष्ट्वा श्यामल काननान्तरं ।

—ब्र० वै० कृ० ख०, अ० १५

वर्षाकाल मे राधाकृष्ण के कुज-विहार तथा विप्रलभ श्रृगार का वर्णन ब्रजभाषा के अनेक कवियों द्वारा किया गया है ।

हिंडोला वर्णन—सूर तथा नरसी दोनो ने कृष्ण के हिंडोले को मणिरत्नजटित एवं स्वर्णविनिर्मित लिखा है दोनो ने ही उसे विश्वकर्मा की रचना माना है ।[१६४]

सखियों के साथ झूलना-झुलाना—सूर ने इस क्रीड़ा मे गोपियो के साथ गोपालों और बलराम का भी उल्लेख किया है नरसी में ऐसा नहीं है । सूर ने यमुनातट के अतिरिक्त रगमहल मे भी हिंडोला झूलने का वर्णन किया है और बलराम वहाँ भी है ।[१६५]

सखियों मे सूर ने ललिता, विशाखा तथा नरसी ने चन्द्रावली का विशेष उल्लेख किया है ।[१६६] नरसी ने कृष्ण को हिडोला खींचते हुए दिखाया है, सूर ने नहीं ।

आ जोने आ जोने हरि हीडोले हीचतो रे ।

—न० कृ० का०, पृ० ४४३

वृन्दावन-वर्णन

हरिवंश, भागवत तथा ब्रह्मवैवर्त आदि जिन पुराणो मे कृष्णचरित उपलब्ध होता है उनमें वृन्दावन का भी वर्णन है । दोनों भाषाओं के अनेक कवियो ने वत्सासुर-वध से रास तक की समस्त लीलाओं के अंतर्गत वृन्दावन का भी वर्णन किया है । किन्तु ब्रज के राधावल्लभीय और गौड़ीय सम्प्रदाय में वृन्दावन की मान्यता विशेष होने के कारण इस प्रसंग पर स्वतत्र रचनाएँ भी उपलब्ध हो जाती हैं, जैसे ध्रुवदास का 'वृन्दावन सत' और माधुरीदास की 'वृन्दावन माधुरी' । गुजराती मे प्रासंगिक वर्णन के अतिरिक्त कोई स्वतंत्र काव्य नही है । केवल १६वी शती के वासणदास के 'कृष्णवृन्दावनरास' मे वृन्दावन वर्णन-नाम मात्र को प्राप्त होता है ।

वृन्दावन की महत्ता को नरसी, सूर तथा नंददास ने स्वीकार किया है । नरसी ने वृन्दावन को वैकुठ से भी श्रेष्ठ तथा शोभावान् कहा है । वृ दावन के द्वादश वनों मे नरसी ने 'महावन' और वासणदास ने 'परसोली' का उल्लेख किया है । सूर ने द्वादश वनो का सकेत मात्र किया है । नददास ने वृन्दावन को 'चिद्घन' की उपाधि दी है ।[१६७]

राधावल्लभीय सम्प्रदाय मे वृन्दावन-वर्णन का एक निश्चित रूप था जिसका अनुकरण उस सम्प्रदाय के सभी कवियो ने किया, ध्रुवदास उसमे प्रमुख है। हित हरिवंश ने इसका सूत्रपात इस प्रकार किया।

प्रथम जथामति प्रणऊ श्री वृन्दावन अतिरम्य।।५७।।
—हितचौरासी

इस परम्परा को व्यास तथा ध्रुवदास ने पूर्णतया स्वीकार किया। ध्रुवदास ने ब्यालीस लीलाओं मे बहुत सी लीलाओं का प्रारंभ वृन्दावन-वर्णन से ही किया है। 'वृन्दावनसत' में पूर्णरूप से वृन्दावन की महिमा का गान है जिसके अनुसार कोटि वैकुंठो से भी श्रेष्ठ वृन्दावन की पृथ्वी मणिखचित स्वर्ण की है, सब लता कल्प-वृक्ष है तथा सब पुष्प पारिजात।[१६८] ध्रुवदास ने 'मडलसभा सिगार' मे वृन्दावन में अगणित मडलाकार कुज वनो का उल्लेख किया है जैसे, कमल कुज, शृगार कुंज, रग कुज, विनोद कुज, आदि। 'रंगमुनावली' मे स्नान कुंज, सिगार कुज और भोजन कुंज का भी वर्णन मिलता है। माधवदास की 'वृन्दावनमाधुरी' के वृन्दावन वर्णन मे निम्न बाते महत्वपूर्ण है।[१६९]

१. सात रंग के कुज। नरसी ने भी विभिन्न रगो का वर्णन किया है। (न० कृ० का०, पृ० ६०५)

२. सबसे बड़ा माधुरी-कुज है जिसमे ६४ द्वार है, प्रत्येक द्वार पर एक सहचरी रहती है, जिनमे आठ मुख्य हैं।

३. वृन्दावन वृंदा नामक सखी की प्रेरणा से इतना सौन्दर्यशाली होता है।

बारहमासा और षड्ऋतु-वर्णन—षड्ऋतु-वर्णन की परम्परा कालिदास के ऋतुसंहार तक जाती है किन्तु बारहमासा संभवतः साहित्य को लोक-काव्य से प्राप्त हुआ। षड्ऋतुओं का क्रमानुसार वर्णन प्रायः सयोग शृगार के उद्दीपन विभाव के अंतर्गत किया जाता रहा। बाद में उसका प्रयोग वियोग शृंगार मे भी होने लगा। परन्तु बारहमासा मे विरह भावना की अभिव्यक्ति होती रही इस प्रकार वह अधिकतर वियोग शृंगार के ही अतर्गत आता है।

गुजराती और ब्रजभाषा दोनो के कृष्ण-काव्य मे इन दोनों परम्पराओ का परिपालन मिलता है। षड्ऋतु-वर्णन ब्रजभाषा मे नन्ददास की 'रूपमजरी' तथा ध्रुव-दास की 'रसहीरावली' और सेनापति के 'कवित्तरत्नाकर' के अंतर्गत और गुजराती में केशवदास की मथुरालीला में प्राप्त होता है। बारह महीनों का वर्णन ब्रजभाषा

में नंददास की विरहमंजरी मे तथा गुजराती में १७वी शती के प्रेमानंद की 'मास', और रत्नेश्वर की 'बारमास' नामक रचनाओ में मिलता है। मास 'बारहमासा' का ही गुजराती रूप है। नरसी मेहता कृत काव्यसंग्रह मे भी एक पद के अन्तर्गत द्वादश मास का वर्णन है।

'बार मास पूर्ण थया गाय नरसैयो दास'

—पृ० ५२५

सूरदास ने वर्षा, वसत आदि विभिन्न ऋतुओं का पृथक् पृथक् वर्णन किया है किन्तु क्रमबद्ध रूप मे षड्ऋतु वर्णन नही मिलता। बारहमासा का भी वर्णन सूर-सागर में नही है।

गुजराती कवि केशवदास ने जो षड्ऋतु वर्णन किया है वह प्रासंगिक रूप मे ही है, प्रधान रूप में नही, क्योंकि गोपियाँ उद्धव को उत्तर देते समय कृष्ण की क्रीड़ाओं का ऋतु क्रम से वर्णन करती है।[१७०] यह वर्णन सयोग शृंगार का उद्दीपक न होकर वियोग शृगार के अन्तर्गत आता है। नंददास का षड्ऋतु वर्णन भी वियोग पक्ष का ही प्रकाश करता है। रूपमजरी नामक कुमारी अपना हृदय कृष्ण को दे देती है और उनकी प्रतीक्षा में दिन विताती है। नंददास ने इसी स्थान पर षड्ऋतुओं के प्रभाव का वर्णन किया है।[१७१] केशवदास की गोपियाँ मिलन सुख से परिचित है किन्तु नददास की रूपमजरी अपरिचित। केशवदास ने शरद से और नंददास ने वर्षा से वर्णन प्रारंभ किया है। इतना अन्तर होते हुए भी दोनो कवियों का षड्ऋतु-वर्णन अत्यन्त महत्वपूर्ण है क्योंकि वह सयोग शृगार की परम्परा से भिन्न है।

सेनापति का षड्ऋतु-वर्णन प्राय· विप्रलम्भ का ही उदाहरण है परन्तु ध्रुवदास ने स्पष्ट रूप से उसे सयोग शृगार की पृष्ठभूमि में चित्रित किया है।[१७२] यह वर्णन वसत ऋतु से प्रारभ होता है जिसका कारण सभवतः सयोगावस्था ही प्रतीत होती है क्योंकि साहित्य में सयोग शृगार के उद्दीपन रूप मे वसत ऋतु का विशेष स्थान है। ध्रुवदास ने सुख के आधार पर उपसहार में छहों ऋतुओं का वर्गीकरण भी प्रस्तुत किया है।

बरिषा ग्रीषम नैन सुख, सरद वसत विलास।
लपटन को सुख हिम सिसिर, प्रेम सुखद सब मास॥१६०॥

बारहमासा का वर्णन गुजराती कृष्ण-काव्य में अधिक मिलता है। नरसी, प्रेमानंद तथा रत्नेश्वर की पूर्वोक्त रचनाएँ इसका प्रमाण है। इसका कारण यह है कि

गुजरात मे बारहमास वर्णन की परम्परा बहुत प्राचीन है। जैन काव्यों में इसके उदाहरण मिलते है जैसे १३वी शती की रचना 'नेमिनाथ चतुष्पदी'। १६वी शती की गणपति कृत 'माधवानल कामकदला' नामक प्रसिद्ध रचना मे भी 'बारहमासा' प्राप्त होता है। ब्रजभाषा मे नंददास इस परम्परा का प्रतिनिधित्व करते है।

द्वादश मास वर्णन मे इन सभी कवियों ने स्वतत्र क्रम का अनुसरण किया है केवल प्रेमानद तथा नददास ने चैत से फागुन तक का सीधा क्रम ग्रहण किया है। नरसी ने 'कार्तिक' से, और रत्नेश्वर ने 'मार्गशिर' से बारह महीनों की गणना की है।

गुजरात के सभी कवियो ने इस प्रसंग मे राधा के विरह का वर्णन किया है और उसमें रत्नेश्वर ने स्पष्टतया कृष्ण के मथुरा जाने को कारणभूत माना है परन्तु नददास ने राधा मात्र का विरह वर्णित न करके समस्त ब्रजगोपियों के विरह का वर्णन किया है और उसका कारण कृष्ण का द्वारावती गमन माना है।[१७३]

संभवतः यही कारण है कि कुछ गुजराती कवियों ने 'बारहमास' के अन्त मे कृष्ण के लौटने का भी संकेत कर दिया है जो नददास ने नही किया है।[१७४]

नंददास ने सारा बारहमासा चन्द्रदूत को दिये गये सदेश के रूप में प्रस्तुत किया है।

दिष्टि परि गयौ चंदा गैन।
लागी ताहि संदेसो दैन।

—नद०, पृ० ३०

प्रेमानंद ने अपने 'मास' के अन्तर्गत केवल कार्तिक मास मे चन्द्र के दूतत्व का प्रसंग उठाया है

चादलिया तू तांहां जजे वसे जाहा मारा नाथ।
बेहेलो वळजे विट्ठळ ने तेडी ताहारी रे साथ।

चन्द्रदूत का वर्णन नरसी ने भी किया है परन्तु वह 'बारमास' से भिन्न दूसरे पद मे मिलता है (न० कृ० का०, पृ० ५०७)

प्रेमानंद ने इस मास वर्णन में राधा की स्वप्नावस्था का भी चित्रण किया है जो उक्त अन्य कवियों मे नही मिलता।

आज सहेजे नयन मळ्या सीणू शम्यू रे प्रभात ।।८३।।

. . . . . .

जागी ने जोवा लागी रे चुवन देवानी आश ।।८६।।

—प्रेमानद कृत 'मास'

दानलीला

गुजराती मे १५वी शती मे भालण के 'दशमस्कन्ध' मे तथा १६वी शती में नरसी की 'दानलीला' एवं स्फुट पदों मे, कीकुवसही के 'बालचरित' वासणदास के 'कृष्णवृन्दावनरास' और मीरां के कतिपय पदों मे दान का प्रसग आया है। ब्रज-भाषा में सूरसागर की दो दानलीलाएँ तथा मीरा, हरिदास आदि के अतिरिक्त अष्टछाप के अन्य अनेक कवियो के स्फुट पद प्राप्त होते है। १७वी शती मे ध्रुवदास की 'दानविनोदलीला', माधवदास की 'दानमाधुरी' तथा हरिराय जी की 'दान-लीला' ये तीन स्वतन्त्र रचनएँ मिलती है। स्फुट पद तो अनेक कवियो के है। गुज-राती मे इस शती मे केवल प्रेमानंद की 'दाणलीला' उपलब्ध है।

उक्त दानलीलाओं के अध्ययन से ज्ञात होता है कि इस लीला का कोई निश्चित रूप कवियों के सामने नहीं था, जिसके फलस्वरूप कृष्ण द्वारा दान माँगने के अति-रिक्त अन्य सभी बातो के वर्णन में भेद अवश्य मिलता है। अतएव संक्षेप मे यहाँ सबकी रचनाओ की वस्तु प्रस्तुत की जाती है।

नरसी की दाणलीला मे प्रातःकाल यशोदा कृष्ण को जगा कर, जलपान के अनन्तर, गोचारण के लिए भेजती है। अनेक शृगारो से युक्त कृष्ण बलभद्र के साथ खेलते, बन्दरों को पकडते तथा वही कलेऊ भी करते हैं। इतने मे गाएँ इधर उधर हो जाती है और कृष्ण गोवर्धन पर चढ़ कर जब विभिन्न गायों के नाम ले ले कर पुकारते है तो सहसा उन्हे एक अनुपम स्त्री दिखाई देती है। वे दौडकर उसके पास जाते है और संशय मे पड जाते है कि वह रभा है कि पद्मिनी। राधा अपना परिचय देती है। कृष्ण राधा से कनक कलश भर दही का दान माँगते है। राधा कृष्ण को दान का अनधिकारी सिद्ध करती है। फिर दो टका के गोरस के दान का महत्व ही कितना। कृष्ण हठ करते है राधा रूठ जाती है। वह स्वयं को मनाने के लिए वेणु वादन का प्रस्ताव रखती है। कृष्ण मुरली बजाते है और राधा प्रसन्न हो जाती है।

नरसी की 'चातुरी छत्तीसी' की सारी परिस्थिति इसी दानलीला से सम्बद्ध

है यद्यपि उसमें अन्त मे दान का वर्णन न होकर सभोग शृगार का पूर्ण वर्णन है ।

आज मे तमारी चातुरी जाणी जी ।
मारगे बेठा छो थइने दाणी जी ।

—न० कृ० का०, पृ० ११८

एक स्थान पर नरसी ने दान के प्रकरण को होली से सम्बद्ध कर दिया है ।[१७५] गोपियाँ कई बार कृष्ण को कस के पास ले जाने का भय दिखाती हैं ।

कस कने तु ने लइने जाशु

—वही, पृ० ५८०

भालण ने राधा कृष्ण के वर्तालाप को किंचित् विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया है । उनकी परिणीता राधा 'सहियर साथ' मथुरा दधि बेचने जाती है । कृष्ण के मार्ग में रोकर दान माँगने पर राधा यशोदा जी से शिकायत करने का भय दिखाती है । एक गोपी राधा से उसके प्रति कृष्ण के विशेष आकर्षण की बात कहती है तब राधा आगे आकर विवाद कहती है और बीच मे अपने पति की भोगविषयक असमर्थता तथा कृष्ण से भविष्य मे परिणीत हो जाने की बात कहती है । अन्त मे वह कृष्ण को अपने यहाँ याचक बन कर दान माँगने आने के लिए आमंत्रित करती है फिर दोनों मे समझौता हो जाता है । कुछ पदो मे भालण ने दान की करबद्ध याचना कराई है । कृष्ण राधा के चरण भी स्पर्श करते है ।

पाणिये पायु ग्रह्य ।

—द० स्कं०, पृ० १०३

प्रेमानंद की रचना मे राधा को मथुरा के मार्ग में कृष्ण के 'दाणी' बन बैठने की बात पहले ही ज्ञात हो जाती है और वह ललिता, चन्द्रावली, राई, विशाखा आदि सात सखियों के साथ कृष्ण पर विजय प्राप्त करने की लालसा से चलती है । घाट पर कृष्ण को देखकर वे लोग दूसरी ओर मुड जाती है । कृष्ण सबको पकड लाने के लिए गोपों को भेजते हैं । 'गोप सुदामो' आकर बताता है कि आज तो यूथ में 'राधा राणी' भी है, वही कहना नही मानती । यह सुनते ही कृष्ण के नेत्र लाल हो जाते हैं 'राधा राणी' तो क्या वे इन्द्राणी को भी बिना दान दिये नही जाने देगे । गोप लोग कृष्ण की आज्ञा से लकुटियों द्वारा 'छाश' 'दधी माखण' भरी मटकियाँ फोड़ना आरभ कर देते है । राधा इस स्थिति मे क्रोधान्वित किन्तु मिलनेच्छु होकर 'राई' को दूती बना कर कृष्ण के पास भेजती है । दोनों पक्षो में विवाद होता है ।

कस का भय, यशोदा का भय, नद की 'आण' अनधिकार चेष्टा सभी प्रकार के तर्क-वितर्क के बाद भी समझौता नही होता। कृष्ण के सखा 'पिडारिया' राधा की टोली को घेर लेते हैं। राधा कृष्ण का अहकार नष्ट करने का संकल्प करती है। संवाद होते होते दिन बीत जाता है। कृष्ण 'छः बरसनो छोकरो' बताए गए हैं। अत मे राधा हार मान लेती है और परिणीता होने के नाते 'सास नणद जेठ' आदि को 'बाघण नागण जम' कहते हुए गृहस्थाश्रम की मर्यादा का उल्लेख करती है पर अत मे कृष्ण को पूर्ण समर्पण करती है। कृष्ण बशी बजाते हैं, अनेक रूप धारण करते हैं और गोपियों के साथ रात भर रमण करते हैं। गोपियाँ सबेरे कृष्ण के चरण छू कर विदा माँगती हैं।

दीधु आलिंगन हेत व्यापियु रे लोल।
कुंज माहे रही रति सुख आपियु रे लोल।
जेटली हूती ब्रज सुन्दरी रे लोल।
तेटला रूप धरिया श्री हरी रे लोल।

स्पष्ट है कि गुजराती के इन तीनो कवियों की दानलीलाएँ एक दूसरे से अनेक स्थलों पर भिन्न है।

ब्रजभाषा के कवियों मे इस प्रसंग को सबसे अधिक विस्तार सूर ने दिया है। सूरसागर में उनकी दो दानलीलाएँ उपलब्ध है और पहली के अतर्गत भी वस्तुतः दो दान लीलाओ का वर्णन है। इस प्रकार यह प्रसंग तीन बार वर्णित हुआ है (पृ० २९६-३४१)। पहली बार के वर्णन मे राधा का कोई उल्लेख नही है।

कृष्ण के सारे सखा 'पेड़-पेड़ तरु के लगे ठाठि ठगन को ठाट' छिप गए, ब्रज युवतियो के आने पर 'माखन दधि लियो छीनि कै' और 'चोली बन्द' भी तोड़ डाले कृष्ण ने अपना ईश्वरत्व प्रकट किया और 'जोवन दान लेउँगो तुमसे' कहा। गोपियाँ यशोदा के पास जाकर उलाहना देती है। 'मेरो हरि कहँ दसहि बरस को तुम यौवन मद उदमानी' कह कर वे गोपियों पर ही दोषारोपण करती है। सूर का प्रथम प्रसंग 'दानचरित सुख देखि के सूरदास बलि जाइ' के साथ समाप्त होता है। दानलीला का दूसरा प्रसग कृष्ण, सुबल, सुदामा एव श्रीदामा की राधा आदि को कालिंदी तट पर घेरने की योजना से प्रारंभ होता है। दूसरे दिन कृष्ण सखाओ के साथ पेड़ों मे छिप रहने का निश्चय करते है। जब राधा सखियो समेत आती है तो उनको घेर लेते है। वार्तालाप होता है, कृष्ण अपने ब्रह्मत्व को प्रकट करते है। बहुत विवाद के बाद गोपियाँ आत्मसर्मण करती है और कृष्ण 'गुप्तहि जोबन

दान' लेते हैं। जाने के पहले सब गोपियाँ अपना सारा दधि माखन उनको खिला देती है पर मटकी भरी ही रहती है । इस पर गण-गधर्व कह उठते है·

'धन्य ब्रजललनानि करते ब्रह्म माखन खात'

तीसरे प्रसग मे इदा, बिदा, राधिका, श्यामा, कामा आदि ब्रजनागरी श्रृंगार करके दधि बेचने जाती है और सखियो से यह कहला कर 'यहि बन मे इक बार लूटि हम लई कन्हाई ।' सूर इस प्रसग को स्पष्टतया पूर्व प्रसग से सम्बद्ध कर देते है । सारी घटनाएँ वैसी ही है । अत मे गोपियो ने 'तनु जोबन धन अर्पन कीन्हो मन दै मन हरि को सुख दीन्हो' और स्वत. दधि माखन खिलाया ।

राधावल्लभी ध्रुवदास की 'दानविनोदलीला' मे दानलीला की सारी घटना सखियो की इच्छा से घटित होती है । यमुना तट पर कृष्ण खडे होते है राधा उधर से आती है । कृष्ण को दान के लिए जो कुछ कहना है, ललिता से कहते है । ललिता प्रवीण है। वह 'इहि ठा बिन कुजेश्वरी नहि काहू की आन ।' कह कर कृष्ण को राधा के चरण छूने का आदेश देती है । कृष्ण उसके पैरो पर शीश रख देते है और राधा रतिदान देकर कृष्ण को प्रसन्न कर देती है ।

गौड़ीय कवि माधवदास की 'दानमाधुरी' मे वर्णित दानलीला बहुत कुछ ध्रुवदास के ही समान है ललिता वहाँ भी मध्यस्थ है । राधा का प्रभुत्व वहाँ भी घोषित है । कृष्ण सखियों को सौरभ सुगंध लाने के लिए भेज कर एकान्त की व्यवस्था करते है । इस प्रकार 'दान मिस दम्पति-सुख' का वर्णन किया गया है ।

हरिराय जी की दानलीला मे वर्णित वस्तु का साम्य नरसी की दानलीला से अधिक है । हरिराय जी ने कृष्ण के गोवर्धन पर चढ़ कर टेरने, कनक कलश छीनने तथा राधा को कुज मे ले जाकर मनाने का जो वर्णन किया है वह नरसी की दानलीला मे भी मिलता है ।

इस प्रकार दानलीलाओं को वस्तु की दृष्टि से तीन वर्गो मे रक्खा जा सकता है :

१. वे रचनाएँ जिनमे दान का प्रसंग केवल राधा-कृष्ण के बीच की घटना है । ब्रजभाषा के हरिराय तथा गुजराती के नरसी की रचनाएँ इसी वर्ग मे है ।

२. वे रचनाएँ जिनमें राधा-कृष्ण के अतिरिक्त अन्य गोप-गोपियों का भी समावेश है । इस वर्ग में भालण के दान विषयक पद, प्रेमानंद की 'दानलीला', नरसी

की 'चातुरी छत्तीसी' सूर की दूसरी और तीसरी दानलीला, माधवदास की 'दान माधुरी' तथा ध्रुवदास की 'दानविनोदलीला' आती है।

३. ऐसी रचनाएँ जिनमे राधा आदि गोपी विशेष का उल्लेख न करके समस्त गोपी समूह का वर्णन हो। सूर की पहली दानलीला तथा अन्य कवियो के कुछ स्फुट पद इसके अतर्गत आते हैं।

नरसी, प्रेमानद, सूर, माधवदास तथा ध्रुवदास ने दानलीला के अन्त मे सभोग का वर्णन किया है। प्रेमानद तथा सूर ने सभी गोपियों के साथ कृष्ण का रमण दिखाया है। पंक्ति मे बिठा कर मंडली के साथ कृष्ण को दधि माखन खिलाने का सूर के अतिरिक्त अन्य किसी कवि ने वर्णन नही किया।

माधवदास तथा ध्रुवदास की रचनाओं मे मध्यस्थ का काम 'ललिता' को दिया गया है परन्तु प्रेमानंद ने 'राही' को मध्यस्थ बनाया है।

ब्रजभाषा के कवियों ने दानलीला मे राधा को स्वकीया किन्तु गुजराती के प्रेमानंद, भालण आदि ने परकीया का रूप दिया है।

मानलीला—यह प्रसग १५वी शती मे मयण के 'मयणछंद', भालण के 'दशम स्कध', १७वी शती मे नरसी की 'चातुरीषोडशी', सूरदास की तीन मानलीलाओं तथा कुछ स्फुट पदों मे प्राप्त होता है। १७वी शती मे इस विषय पर गुजराती की एक भी रचना उपलब्ध नहीं है पर ब्रजभाषा में ध्रुवदास की 'मानलीला' तथा माधवदास की 'मानमाधुरी', यह दो रचनाएँ मिलती हैं।

इन काव्यों मे मानलीला के कई रूप मिलते है। प्रथम और महत्वपूर्ण रूप वह है जिसमें राधा कृष्ण के शरीर अथवा कौस्तुभ मणि मे पड़ते हुए अपने ही प्रतिबिम्ब को अन्य स्त्री समझ कर भ्रमवश मान करती है और अन्त में दूती, ललिता अथवा स्वयं कृष्ण द्वारा इस भ्रम का निवारण हो जाने पर मान त्याग देती है। मयण के अतिरिक्त दोनों भाषाओ के प्राय: सभी कवियों ने इसी वस्तु को किसी न किसी रूप मे आधार बनाया है।

नरसी की चातुरीषोडशी में कृष्ण द्वारा आलिगित होते समय राधा उनके हृदय मे अन्य स्त्री की उपस्थिति जानकर मान करती है, कृष्ण ललिता से कहते है। वह उसे मनाने महावन जाती है और सहज ही सफल हो जाती है फिर राधा शृंगार करके कृष्ण से मिलने महावन जाती है। कृष्ण ललिता को कौस्तुभ मणि पुरस्कार मे देते है तदनन्तर राधाकृष्ण महावन में रमण करते है। नरसी की शृगारमाला

आदि मे भी इस विषय के पद हैं। एक पद में मणि के हार मे अपना प्रतिविम्ब देखकर राधा के भ्रान्त होने का स्पष्ट उल्लेख है।[१७६]

भालण ने मान का कारण कौस्तुभ मे राधा का प्रतिविम्ब ही माना है।

कौस्तुभ मा निजरूप, देखी रीसावी प्यारी।
जाण्यु खोळामा बेठी छे मुज सरखी नारी।
—द० स्कं०, पृ० १०६

कृष्ण दूती के कथन से मणि उतार देते है और राधा अपना भ्रम समझ कर मान त्याग देती है।[१७७] भालण ने दूती का कोई नाम नहीं दिया और मान के उपरांत रमण का भी वर्णन नही किया।

सूरदास, ध्रुवदास, माधवदास तथा हरिवंश ने मणि का उल्लेख न करके मान का कारण राधा द्वारा कृष्ण के शरीर मे स्वप्रतिबिम्ब दर्शन लिखा है।[१७८]

सूर के कृष्ण मानभग के पश्चात् पीताम्बर ओढ़ लेते है जिससे पुनः भ्रम न हो।

यहि डर रहत पीतबर ओढे कहा कहौ चतुराई।
अब जनि कहै हिये मे को है बहुरि परी कठिनाई।
—सू० सा०, पृ० ५२३

दूती के रूप मे ललिता का नाम सूर की दूसरी मानलीला के अन्त में मिलता है।[१७९] यह माधवदास की मानमाधुरी मे भी प्राप्त होता है अन्यत्र कवियों ने प्रायः 'चतुरदूतिका' 'दूती' अथवा 'सखी' का ही प्रयोग किया है। माधवदास के कृष्ण भी मान दूर करने के बाद एक झीना वस्त्र ओढ लेते हैं।[१८०]

मानलीला का दूसरा रूप वह जिसमे मान का कारण कृष्ण का बहुनायकत्व है। ऐसी दशा मे राधा खडिता होकर मान करती है। स्फुट रूप से ब्रजभाषा के अनेक कवियो ने इस विषय के पद तथा छद रचे हैं।

सूरसागर में प्रथम मानलीला के पश्चात् राधा के खंडिता स्वरूप का अनेक पदो मे विस्तृत वर्णन है। कृष्ण के बहुनायकत्व के प्रसंग मे उन्हें ललिता, चन्द्रावली, शीला, वृन्दा आदि सखियों से अनुरक्त चित्रित किया गया है।[१८१] बड़ी मान-लीला मे राधा कृष्ण से मिलते ही बहुनायकत्व के पूर्वाभास के कारण रूठ जाती है। उसके इस मान का कारण उसका रूप-यौवन-गर्व भी है जिसकी ओर एक सखी संकेत करती है।

नहि तेरो अति ही हठि नीको।
सूर स्वरूप गर्व जोबन के जानति हौ अपने सिर टीको।
—सू० सा०, पृ० ५०८

गुजराती मे मानलीला वर्णन करने वाले कवियों ने मान का यह कारण भी दिया है। मयण के कृष्ण भोगी भ्रमर है और अकारण अबला को छोड़कर चले जाते हैं। राधा एक सखी को भेजती है, वह कृष्ण को लाती है और दोनों रमण करते हैं। मयण की 'माणिणी' का मान कृष्ण के प्रयास से नही बसन्त के आगमन से स्वतः समाप्त हो जाता है—

सखी ए वसंत प्रियारडु माननि मान धमुक्कीउ।
—मयणछंद, पद २६

नरसी और भालण में भी कृष्ण के बहुनायकत्व के कारण खंडिता राधा के मान का वर्णन है।[१८२]

इस तुलनात्मक विवेचन के उपरांत भी सूर की मानलीलाओं में कुछ ऐसी विशेषताएँ शेष रह जाती है जिनका उल्लेख आवश्यक है:—

१. बहुनायक कृष्ण की एक अनुरक्ता गोपी 'चन्द्रावली' का राधा के पास जाकर उससे सुरत-सुख की बात पूछना। नरसी ने यह काम ललिता से लिया है।[१८३]
२. पाँच वर्ष के बालक कृष्ण का सहसा तरुण होकर एकान्त अंतःपुर मे राधा से रमण।[१८४]
३. कृष्ण का दूती रूप धारण करके स्वयं राधा का 'दृढ मान' छुड़ाना।[१८५]

रास-लीला

कृष्ण-साहित्य की समस्त वर्ण्य वस्तु में रास सबसे अधिक महत्वपूर्ण विषय रहा है। प्राचीन ग्रंथों मे इसका वर्णन भास के बालचरित, तामिल शिलाप्पदिकरम् एवं आंडाल के तिरुपावै, ब्रह्म, विष्णु, हरिवश, पद्म, भागवत तथा ब्रह्मवैवर्त पुराण और जयदेव के गीतगोविन्द मे विशेष रूप से प्राप्त होता है। बालचरित तथा हरिवश में रास की संज्ञा 'हल्लीषक' मिलती है।[१८६] तामिल साहित्य मे इसे 'कुरवइ कुट्टु' कहा गया है।[१८७] शेष समस्त ग्रंथों में रास को रास के ही रूप में ग्रहण किया गया है। अर्थ की दृष्टि से सभी का तात्पर्य मंडलीरूप स्त्री-संयुक्त नृत्य विशेष से

है।[१८८] यद्यपि भास कालीय नाग के फनों पर नर्तित कृष्ण के नृत्य को भी हल्लीषक ही कहते है जहाँ कथित परिभाषा घटित नही होती।[१८९] पुराणो मे रासवर्णन का प्राचीनतम रूप हरिवंश, ब्रह्मपुराण तथा विष्णुपुराण में प्राप्त होता है। भागवत तथा पद्मपुराण मे अपेक्षाकृत वर्णन अधिक विस्तृत हो जाता है। पद्मपुराण मे दंडकारण्यवासी ऋषियो की कथा समाविष्ट हो जाती है। ब्रह्मवैवर्त मे रास का वर्णन उक्त पुराणों की तुलना मे 'बहुत अशो में' भिन्न रूप मे उपलब्ध होता है। गीतगोविन्द तक आते-आते रास के निम्नलिखित कई प्रकार उपलब्ध होने लगते है।

१. गोपी-कृष्ण रास
२. राधा-कृष्ण-गोपी रास
३. राधा-कृष्ण रास

ऋतु की दृष्टि से रास के दो भेद किये जा सकते है—

१. शारदी रास
२. वासंती रास

रास के यह सभी भेदोपभेद गुजराती तथा ब्रजभाषा दोनो के कृष्ण-काव्य मे प्राप्त हो जाते है। गुजराती में इनके अतिरिक्त स्थान भेद से वृन्दावन-रास की इस सारी परम्परा से भिन्न द्वारका-रास का भी वर्णन मिलता है। जैसे नयर्षि के फागु मे जिसका परिचय उक्त भेदों के परिचय के बाद आगे दिया गया है। नरसी मेहता का स्वानुभूत प्रत्यक्ष रास वर्णन और मीरां का निर्गुणरास, रास का एक नितांत भिन्न रूप प्रस्तुत करता है जो समस्त कृष्ण साहित्य में अद्वितीय है। इसी प्रकार ब्रजभाषा मे राधावल्लभीय कवि ध्रुवदास आदि के कुमल-रास का वर्णन भी अन्यत्र नही मिलता। ब्रजभाषा के कतिपय कवियों ने ब्रह्मवैवर्त से प्राप्त राधा-कृष्ण विवाह के प्रसंग का भी रास के अन्तर्गत ही वर्णन किया है किन्तु गुजराती कृष्ण-काव्य मे यह इस रूप मे वर्णित नही है।

साधारणतया दोनों भाषाओं में भागवत की रास पंचाध्यायी (दशम, अ० २९-३३) की वस्तु को ही आदर्श रूप मे ग्रहण किया गया है यद्यपि उसे शुद्ध रूप मे कम कवियो ने प्रस्तुत किया है। प्राय. उसमे ब्रह्मवैवर्त तथा गीतगोविन्द की परम्परा का मिश्रण कर दिया गया है। भागवत के रास-वर्णन की मूल-वस्तु को निम्न अंशों मे मुख्य रूप से विभाजित किया जा सकता है।

१. वेणुगीत
२. गोपी-कृष्ण संवाद
३. गोपी-गर्व, कृष्ण का अन्तर्धान होना, गोपियों का कृष्ण-लीलानुकरण तथा कृष्णान्वेषण
४. यमुना तट पर कृष्ण का प्रकट होना, संभाषण, महारास, वाद्य एवं संगीत तथा कृष्ण का अनेक रूप धारण
५. जल-क्रीड़ा

रास के उपर्युक्त सभी प्रकारों, भेदों, विशिष्ट रूपों तथा भागवत रास के प्रमुख अंशों से सम्बन्धित सामग्री का तुलनात्मक निरूपण करने के पूर्व दोनों भाषाओं में रास विषयक साहित्य का निर्देश कर देना अत्यन्त आवश्यक है।

गुजराती में मुख्यत: रासक्रीड़ा पर लिखित काव्यों में १५वीं शती में नर्षि का 'फागु', १६वीं में नरसी की 'रास सहस्रपदी' वासणदास का 'कृष्णवृन्दावनरास' और १७वीं में देवीदास विरचित 'रासपंचाध्यायी नो सार' तथा बैकुंठदास कृत 'रासलीला' उल्लेखनीय हैं। इन रचनाओं के अतिरिक्त अनेक दशमस्कंधकारों तथा भागवत के अनुवादकों द्वारा रास का वर्णन किया गया है। इनमें १५वीं शती में भालण और हरिलीलाषोडशकलाकार भीम, १६वीं में कृष्णक्रीड़ाकाव्यकार केशवदास और १७वीं में प्रेमानंद, माधवदास, रत्नेश्वर, लक्ष्मीदास आदि प्रमुख हैं। शिवदास के 'बालचरित' तथा परमानंद के 'हरिरस' में भी रास-वर्णन प्राप्त होता है।

ब्रजभाषा में १५वीं शती का प्रश्न ही नहीं उठता, १६वीं में रास पर ही आधारित रचनाओं में सूरदास के बहुसंख्यक पद, नंददास की 'रासपंचाध्यायी' तथा 'सिद्धान्तपंचाध्यायी' और १७वीं में ध्रुवदास की 'ब्यालीस लीला' की 'निर्तविलास' आदि अनेक रचनाएँ, माधवदास की वंशीवट एवं वृन्दावन विषयक कई माधुरियाँ गणनीय हैं। रहीम विरचित रासपंचध्यायी का भी उल्लेख मिलता है। इनके अतिरिक्त प्रत्येक सम्प्रदाय के अन्तर्गत रास के प्रसंग पर अनेक कवियों द्वारा पदों की रचना हुई और सम्प्रदाय-मुक्त कवियों ने भी इस विषय पर अनेक पद रचे। नंददास की सिद्धान्तपंचाध्यायी जैसी कोई रचना गुजराती में उपलब्ध नहीं होती जो रास के दार्शनिक महत्त्व पर प्रकाश डालने के निमित्त ही रची गई हो।

रास के विविध प्रकार [पात्रों की दृष्टि से]

गोपी-कृष्ण रास—कदाचित् रास का यह प्रकार परम्परा के रूप में सर्वाधिक प्राचीन है। बालचरित, हरिवंश, ब्रह्मपुराण, विष्णुपुराण तथा भागवतपुराण का

रास-वर्णन इसी परम्परा के अन्तर्गत आता है ।[१९०] इन पुराणों मे रास विषयक इतनी समानता है कि कतिपय वही श्लोक सभी मे मिलते है । 'तावार्यमाणा' से प्रारंभ होने वाला श्लोक तीनो पुराणों मे प्राप्त होता है । रास की मूलवस्तु उक्त पहले दोनों ग्रंथो में ही उपलब्ध हो जाती है जिसका विकास शेष तीनो पुराणों मे क्रमशः होता गया है । इस परम्परा मे राधा जैसी किसी गोपी विशेष का स्पष्ट उल्लेख न करके समस्त गोपी समूह के साथ कृष्ण के रासरमण का वर्णन किया जाता है । भास ने कतिपय गोपियों तथा बलराम का नाम अवश्य दिया है[१९१] किन्तु राधा के अभाव मे अंततः उनका रास वर्णन इस परम्परा से बहुत पृथक नहीं है क्योकि ब्रह्मपुराण तथा विष्णुपुराण मे भी 'सहरामेण' से बलराम की उपस्थिति का संकेत किया गया है । ब्रह्मपुराण मे गोपियो के नाम लेने की बात भी है पर नाम नही दिये है ।[१९२]

रास-वर्णन की यह परम्परा गुजराती और ब्रजभाषा दोनों के कृष्ण-काव्य में व्यक्त हुई है किन्तु बलराम की उपस्थिति का उल्लेख कही नही मिलता । ब्रजभाषा में केवल नंददास की रासपंचाध्यायी मे ही उसके पूर्णतया भागवत पर आधारित होने के कारण इसका शुद्ध परिपालन हुआ है किन्तु गुजराती में अनेक कवियो द्वारा विशुद्ध गोपी-कृष्ण रास का वर्णन हुआ है जिनमे भीम, केशवदास, सत, प्रेमानंद, माधवदास, शिवदास तथा रत्नेश्वर आदि के नाम अग्रगण्य है । नर्षि ने भी यद्यपि गोपी-कृष्ण रास का ही वर्णन किया है तथापि अन्य कई कारणो से उनका 'फागु' इस परम्परा का काव्य सिद्ध नही होता । नरसी का समस्त रास-वर्णन यद्यपि इस परम्परा मे नही आता तथापि अनेक पदों में उन्होने गोपी-कृष्ण रास का वर्णन किया है ।[१९३] इसी प्रकार ब्रजभाषा मे भी कुछ परम्परानुसारी कवियों ने जहाँ पर भागवत का आधार लिया है वहाँ गोपी-कृष्ण रास का भी वर्णन मिल जाता है ।[१९४] परन्तु सूर जैसे राधा-रास का वर्णन करने वाले कवियों के काव्य मे पद ऐसे अपवाद स्वरूप ही प्रतीत होते है ।

राधा-कृष्ण-गोपी रास—ब्रह्मवैवर्त पुराण के द्वारा भागवत की 'अनयाराधितोनूनं' से व्यजित गोपीविशेष का राधा के रूप में स्पष्टीकरण तथा उसमें पाये जाने वाले राधामाधव के सखियो से युक्त विशद रास से ही संभवतः इस राधा-कृष्ण गोपी रास की परम्परा का प्रारंभ होता है । ब्रह्मवैवर्त के बाद राधामाधव से संयुक्त इस रास परम्परा का विविध रूपों मे विकास हुआ जिसका एक प्रमाण गीतगोविन्द है ।[१९५] परन्तु जयदेव ने राधा को रास से सम्बद्ध करते हुए भी गोपी-

कृष्ण रास के वर्णन में उन्हें पूर्ण पात्रता प्रदान नहीं की। 'ललितलवंगलता' वाले गीत में सखी राधा को ही 'नृत्यतियुवतिजनेनसमं' का वर्णन सुनाती है अतएव राधा की पात्रता का प्रश्न ही नहीं उठता।

गुजराती और ब्रज दोनों ही भाषाओं के कवियों ने इस परम्परा का अनुसरण किया है किन्तु इस अनुसरण के भी कई स्तर हैं। पहला स्तर वह है जिसमें रास का समस्त वर्णन लगभग भागवत के ही अनुसार किया है केवल गोपी विशेष के स्थान पर तथा एकाध अन्य स्थल पर राधा का उल्लेख कर दिया गया है। गुजराती के दशमस्कंधकार लक्ष्मीदास की 'रासपंचाध्यायी' जो भालण के दशम स्कंध में प्रक्षिप्त है, इसी स्तर की रचना है उन्होंने राधा का उल्लेख दो स्थलों पर किया है।[१९६] 'हरिरस' के रचयिता परमानंद ने भी रास में राधा को ऐसा ही स्थान दिया है। यद्यपि उनका उल्लेख लक्ष्मीदास की अपेक्षा अधिक सांगोपांग है। उसमें राधा की मूर्छा का भी वर्णन है जिसका आधार ब्रह्मवैवर्त पुराण है।[१९७] प्रेमानंद ने रास-वर्णन तो भागवत के ही आधार पर किया है परन्तु केवल एक स्थल पर राधा का उल्लेख कर दिया है 'राधा भक्ति नो अवतार' (श्रीम० भा०, पृ० २९५)। ब्रजभाषा के कवियों द्वारा रास में राधा का पूर्ण स्वीकार हुआ है अतः इस प्रकार की आंशिक स्वीकृति का कोई उदाहरण उसमें प्राप्त नहीं होता।

रास-वर्णन का दूसरा स्तर उन कवियों के काव्य में व्यक्त हुआ है जिन्होंने राधाकृष्ण के युगल रूप को सम्पूर्ण रास में स्थान दिया है और विभिन्न प्रसंगों में स्थल स्थल पर राधा के अस्तित्व का प्रमाण दिया है। इस कोटि में गुजराती और ब्रजभाषा के बहुत से कवियों का रास-वर्णन आ जाता है। गुजराती में नरसी और वासणदास तथा ब्रजभाषा में लगभग सभी साम्प्रदायिक कवियों ने इस प्रकार का रास-वर्णन किया है।[१९८] वासणदास के रास-वर्णन में अन्य अनेक विभेद होने के कारण उसे पूर्णतया इसी स्तर में स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस विषय में विशेष परिचय 'विशिष्ट रास वर्णन' शीर्षक के अंतर्गत दिया जायगा।

'राधा-कृष्ण-गोपीरास' वर्णन के तीसरे स्तर में कवियों ने राधा-कृष्ण सम्बन्धी कतिपय नवीन प्रसंगों का समावेश किया है जैसे राधाकृष्ण-विवाह, राधा की नथनी और हार का खो जाना। रास के अन्तर्गत विवाह का वर्णन ब्रजभाषा में सूरदास, ध्रुवदास आदि के काव्य में मिलता है, गुजराती में नरसी के 'वसंतनां पदो' में इसका संकेत है परन्तु विस्तृत वर्णन नहीं है। ब्रजभाषा में इसके विरुद्ध आभूषण खोने का प्रसंग उपलब्ध नहीं होता। राधाकृष्ण-विवाह का मूल स्रोत भी वास्तव

में ब्रह्मवैवर्त पुराण ही है किन्तु उसमे विवाह रास के पूर्व होता है।[१९९] सूर ने रास के अन्तर्गत ही विवाह की कल्पना की है। यह शरद निशि की लग्न तथा मुरली ध्वनि से गोपियो के न्योते जाने के प्रसग से स्पष्ट है जिसका ब्रह्मवैवर्त के विवाह-वर्णन से कोई सीधा सम्बन्ध नही है।[२००] ध्रुवदास ने 'मंडलसभासिगार' मे पहले विवाह का वर्णन किया है फिर रास का।[२०१] वनविहारलीला मे पुनः विवाह का सर्वांगीण निरूपण मिलता है जिसमे गठजोरा, दूधाभाती के बाद 'रैनि सुहाग' का भी वर्णन है किन्तु रास से उसका कोई सम्भन्ध प्रतोत नही होता। राधावल्लभीय गौडीय, हरिदासी तया निम्बार्क सम्प्रदाय के कवियो द्वारा राधा-कृष्ण का वर्णन 'दम्पति' अथवा 'दूलह दुलहिनी' के रूप मे विशेष रूप से प्राप्त होता है फलतः रास प्रसंग मे विवाह-वर्णन का उतना आग्रह नही मिलता। रास मे अधिकतर राधा-कृष्ण दम्पति के रूप मे ही चित्रित किये गये है जैसा द्वितीय स्तर के राधा-कृष्ण-गोपीरास वर्णन से स्पष्ट है।

गुजराती मे नरसी मेहता ने कई स्थलों पर राधा-कृष्ण के विवाह का चित्रण किया है किन्तु रास से उसका निश्चित-सम्बन्ध सिद्ध नही होता। एक स्थल पर रास के ही अन्तर्गत राधा के विवाहित रूप का सकेत मिलता है।[२०२] किन्तु शेष स्थलो पर विवाह वर्णन स्वतंत्र रूप से किया गया है।[२०३] भालण, केशवदास, प्रेमानंद आदि अन्य किसी गुजराती कवि ने राधाकृष्ण-विवाह का वर्णन ही नही किया है अतः रास के प्रसग से उसके सम्बन्धित होने का कोई प्रश्न नही उठता। भालण एक स्थान पर एक गोपी के मुख से, जो कदाचित् राधा ही है, कृष्ण को सदा के लिए अविवाहित कहलाते है—

> लोक विषे लपट थयो रे, तारो विवाह न मळे वेद रे।
>
> —द० स्क०, पृ० १४७

रास-क्रीड़ा के समय राधा के हार अथवा नथनी के खोये जाने का वर्णन गुजराती मे तो अवश्य मिलता है[२०४] पर ब्रजभाषा के किसी कवि ने एसा वर्णन नहीं प्रस्तुत किया। सूर ने केवल राधा की माला के टूट कर गिरने का ही उल्लेख किया है—

> दरकि कचुकी तरकि माला रही धरणी जाइ।
>
> —सू० सा०, पृ० ४४६

राधा-कृष्ण रास—ब्रह्मवैवर्त पुराण के कृष्णजन्म खंड के ५२वें अध्याय के अन्तर्गत राधाकृष्ण के एकान्त रास का भी वर्णन मिलता है और इसे राधामाधव-

रास की संज्ञा भी दी गई है।[२०५] कृष्ण राधा के साथ अन्तर्धान हो जाने के अनन्तर उन्ही के साथ रास-क्रीडा करते है। गुजराती कृष्ण-काव्य मे इसके अनेक उदाहरण मिलते है।[२०६] ब्रजभाषा मे सूरदास ने कृष्ण का राधा के साथ अन्तर्धान होना तो वर्णित किया है परन्तु इस प्रकार के रास का वर्णन उस प्रसग मे नही है (सू० सा०, पृ० ४४८) और किसी अन्य कवि ने भी नही किया, किन्तु अन्तर्धान होने के प्रसग से भिन्न स्थलों पर राधामाधव रास विषयक पद, सूरदास, हरिवश, गदाधर आदि कवियो ने रचे है यद्यपि उनमें उक्त गुजराती कवियो की भाँति एकात का निर्देश नही है।[२०७]

रास के विविध प्रकार [समय (ऋतु) की दृष्टि से]

शारदी रास—शरद काल की पूर्णिमा के अवसर पर रास-क्रीड़ा वर्णन करने की परम्परा का मौलिक रूप मे गोपी-कृष्ण रास की परम्परा से अभिन्न सम्बन्ध रहा है। जिन पुराणो मे इस रास का वर्णन मिलता है उन्ही में शरद ऋतु का भी उल्लेख मिलता है—

शारदीं च निशां रम्यां मनश्चक्र रतिम्प्रति।

—हरिवश, विष्णु पर्व, अ० ७७

कृष्णस्तु विमलं व्योम शरच्चन्द्रस्य चन्द्रिकाम्।

—विष्णुपुराण ५: १३: १४

—ब्रह्मपुराण अ० ११८

शरदोत्फुल्ल मल्लिका।

—भागवत, १० : २९ : १

ब्रह्मवैवर्त में पूर्णिमा के स्थान पर त्रयोदशी का वर्णन है, ऋतु नही दी है—

शुभे शुक्ल त्रयोदश्यां पूर्णे चन्द्रोदये मुने।

—अ० २८

गुजराती और ब्रजभाषा दोनों में कृष्ण काव्य में इस परम्परा के अनुकरण के अगणित प्रमाण है और यह प्रमाण पूर्वोल्लिखित रास के लगभग सभी प्रकारों में उपलब्ध हो जाते है। कवियों ने गोपी-कृष्ण रास, राधा-कृष्ण-गोपीरास तथा राधा-कृष्णरास सभी को शारदी रास के रूप में चित्रित किया है।[२०८] उन वर्णनों मे जिस 'खटमासी' रात्रि का उल्लेख है उसका मूल कदाचित् ब्रह्मवैवर्त में वर्णित एक मास की रात्रि है।[२०९]

वासंती रास—इस प्रकार के रास में प्राकृतिक सौन्दर्य तथा सामूहिक नृत्य

का वर्णन विशेष रूप से किया गया है यद्यपि पौराणिक परम्परा की छाया भी यत्र तत्र मिल जाती है। कृष्ण-काव्य मे शारदी रास की तरह इस रास की भी परम्परा पर्याप्त प्राचीन प्रतीत होती है। 'बालचरित' का रास-वर्णन यद्यपि अधिक अंशों मे वासंती रास ही प्रतीत होता है किन्तु ऋतु सम्बन्धी कोई उल्लेख न होने से उसे उन दोनों परम्पराओ मे से किसी मे भी स्वीकार नही किया जा सकता। ब्रह्मवैवर्त मे इसका सूत्र अवश्य मिलता है —

कृत्वा क्रीड़ां तत्रैव वासंतीं काननं ययौ
रेमे तत्रैव रासेशो वसन्ते सुमनोहरे ॥

—कृ० खड, अ० ५३

और 'गीतगोविन्द' पर भी इसी की छाया है—

विहरति हरिरिह सरस वसंते
नृत्यति युवति जनेन समं सखि विरहि जनस्य दुरंते।

—प्रथम सर्ग

मैथिल कवि विद्यापति के पदों में भी वासती रास के वर्णन मिलते है।[२१०] कदाचित् प्राकृत एवं अपभ्रंश काव्यों मे इस रास की परम्परा प्रचलित रही जिसके दर्शन १५वी शती के गुजराती कवि नर्यषि के 'फागु' काव्य में होते है।[२११] १६वी शती के केशवदास ने वासंती रास का अधिक स्पष्ट वर्णन किया है।[२१२] ब्रजभाषा में भी इसके कतिपय उल्लेखनीय सकेत मिल जाते हैं।[२१३] गुजराती में वासणदास ने सूर की तरह ही प्रारंभ मे शरद ऋतु का निर्देश करके अन्त में **'ऐहवे माधव मास अंगि गाजे केसू ते फूल्यां बहू। कालिंदी सुसुतीर धीर राधा खेले ते होली सहू।'** लिखकर एक स्थल पर वसंत का उल्लेख किया है।

नरसी, सूर तथा अन्य अनेक कवियों ने वसंत विषयक पदों मे नृत्य का वर्णन किया है परन्तु वह होली से सम्बद्ध है।

रास के विविध प्रकार [स्थान की दृष्टि से]

वृन्दावन रास—नर्यषि को छोड़कर गुजराती और ब्रजभाषा के सभी कवियों ने रास-क्रीड़ा का क्षेत्र वृन्दावन का यमुनातट माना है जिसका उल्लेख सभी वर्णनों मे प्राप्त होता है। सूर ने इस क्षेत्र की सीमाएँ भी दे दी है।[२१४]

द्वारका रास—गुजराती के नर्यषि और नरसी ही ऐसे कवि है जिन्होंने द्वारका में रास का चित्रण किया है[२१५]—

(क) राज करइ श्रीरंग...यादवनायकु अे।
नाचइ गोपियवृन्द...
पुहता निजपुरी अे .

(ख) .मुजने श्री द्वारका मांहे राख्यो।
...शरदपुनमतणो दिवस तहा आवीयो,
रासमरयादनो वेण वाध्यो।
रुकमणी आदि सहु नारि टोळे मळी,
नरसहीअे तहा ताल साध्यो।

वस्तु की इस विचित्रता को दो प्रकार से समझा जा सकता है। एक तो कदाचित् इस प्रकार की परम्परा गुजरात मे प्रचलित रही हो दूसरे यह कि कवियों ने वास्तविक परम्परा से भिन्न स्वकल्पना से ऐसा वर्णन किया हो। दूसरी सम्भावना अधिक यथार्थ प्रतीत होती है।

भागवत के रास की मूलवस्तु के आधार पर रास-वर्णन के विभिन्न अंशो का तुलनात्मक अध्ययन—इस वस्तु का विभाजन विवेचन के प्रारंभ में ही किया जा चुका है अनुवादको के अतिरिक्त दोनों भाषाओं मे कई कवि ऐसे मिलते हैं जिन्होंने भागवत की लगभग सम्पूर्ण वस्तु का अपने ढग से उपयोग किया है जैसे गुजराती में नरसी, केशवदास और प्रेमानंद तथा ब्रजभाषा मे सूर और नंददास। साथ ही बहुत से कवि ऐसे है जिन्होंने अनेक महत्त्वपूर्ण अशों को अपने रास-वर्णन मे स्थान नही दिया। कुछ ने परिवर्धन और कुछ ने संक्षेप भी किया है। भागवतेतर परम्परा के रास-वर्णन मे भी भागवत के रास की छाया मिलती है। इस समस्त वस्तु स्थिति पर प्रकाश डालने के लिए पूर्वोक्त प्रमुख अशो पर क्रमश. विचार करने की आवश्यकता है।

१. वेणु-गीत—गीत के द्वारा गोपियो को आकर्षित करने की बात ब्रह्म तथा विष्णुपुराण आदि मे भी प्राप्त होती है।[२१६] किन्तु बालचरित तथा हरिवश मे इसका उल्लेख नही मिलता। पौराणिक परम्परा के अनुसार भागवत ने **'जगौकलं वामदृशां मनोहरं'** लिखा और उसे **'अनंग वर्धन'** भी कहा। आगे चल कर भागवतकार ने स्पष्ट कर दिया कि यह गीत केवल गीत न होकर वेणु-गीत है।[२१७]

ब्रजभाषा के लगभग सभी कवियो ने रासारंभ मे इस वेणु-गीत का उल्लेख किया है किन्तु सूर ने—

'सूर नाम लै लै जन जन के मुरली बारंबार बजाई'

लिखकर कदाचित् बालचरित तथा ब्रह्मपुराण का अनुसरण किया है। जयदेव तथा विद्यापति ने भी ऐसा वर्णन किया है।[२१८] नंददास ने तो भागवत के **'योग माया-मुपाश्रितः'** को वेणु से सम्बद्ध करके उसे 'जोगमाया की मुरली' कह डाला। ब्रज-भाषा के अन्य अनेक कवियो ने वेणु-गीत का उल्लेख अपने काव्य मे किया है।[२१९] गुजराती के कवियो मे नर्यषि तथा केशवदास ने वेणु-गीत का उल्लेख नही किया है किन्तु शेष कवियो ने वेणु-गीत का बराबर वर्णन किया है।[२२०]

कृष्ण की बाँसुरी को लेकर उपालभ के रूप मे सूर आदि अनेक कवियो ने स्वतंत्र रूप से काव्य रचना की। ऐसी कुछ रचनाएँ नरसी, मीरा के गुजराती के पदों मे भी प्राप्त होती हैं।

२ **गोपी-कृष्ण संवाद**—वेणुनाद से आकृष्ट **'तावार्यमाणाः पतिभिः...मोहिता'** गोपियों को कृष्ण घर लौट जाने का आदेश देते है जिसका वे उत्तर देती है। इस गोपी-कृष्ण संवाद (भा० १० : २९ : १८-४१) का वर्णन ब्रजभाषा मे सूरदास, नंददास आदि वल्लभ सम्प्रदाय के कवियों मे ही उपलब्ध होता है। इसी प्रकार गुजराती में नरसी, भालण, केशवदास तथा कतिपय अनुवादकों मे ही यह सवाद मिलता है। ब्रजभाषा मे सूर और गुजराती में केशवदास ने इसका विशेष विस्तार से वर्णन किया है।[२२१]

३. **गोपी-गर्व तथा कृष्ण का अंतर्धान होना**—उन्नीसवे अध्याय में ही उक्त संवाद के उपरान्त रमण मे गोपियों के गर्वित होने तथा उस गर्व के कारण कृष्ण के अंतर्धान होने का प्रसंग भागवत में आता है। यह प्रसंग रास की अत्यन्त प्रमुख घटना है। भागवत मे कृष्ण के अतर्धान होने की बात दो स्थलों पर मिलती है। एक बार कृष्ण गोपियों मे सौभगमद होने पर अंतर्धान होते हैं और दूसरी बार उस गोपी विशेष की स्कंधारोहण की इच्छा पर जो पहली बार उनके साथ अंतर्धान हुई थी।[२२२] ब्रह्मवैवर्त में भी दोनो अंतर्धानों का वर्णन है।[२२३] यह आश्चर्य की बात है कि नंददास जैसे भागवतानुकूल रासवर्णन करने वाले कवि ने पहले अंतर्धान को 'मंजु कुज मे तनक दुरे' के रूप मे परिणत कर दिया और दूसरे का केवल 'किधौ चंद सौ रूसि चन्दिका रहि गई पाछे' लिखकर सकेत भर कर दिया है। सूर ने दोंनो का स्पष्ट वर्णन किया है।[२२४] गोपी-कृष्ण संवाद की तरह ही ब्रज के अन्य सम्प्रदायों के कवियों द्वारा अंतर्धान के प्रसंग का भी वर्णन नही हुआ है। गुजराती मे इस प्रसंग का वर्णन नर्यषि, नरसी, प्रेमानंद, लक्ष्मीदास, वासणदास आदि अनेक कवियों द्वारा विविध प्रकार से रास के प्रसंग मे किया गया है। नरसी

ने रास के अन्तर्गत आँखमिचौनी के खेल के उपरात कृष्ण के अंतर्धान होने का वर्णन किया है ।[२२५]

अंतर्धान के दूसरे प्रसग मे प्रेमानंद ने अपनी कल्पना से नवीनता उत्पन्न कर दी है । कृष्ण उस गोपी विशेष से वृक्ष की डाल का सहारा लेने के लिए कह कर छल से वृक्ष के नीचे अंतर्धान हो जाते है ।

विरह-विह्वल गोपियों द्वारा कृष्णलीलानुकरण—भागवत में कृष्ण के अंतर्धान हो जाने के पश्चात् गोपियों की विरहावस्था का विशद चित्रण है जिसमें वे कृष्ण की अनेक लीलाओं का अनुकरण करती है ।[२२६] दोनों भाषाओं के भागवतानुयायी पूर्व निर्दिष्ट कवियों ने ही इसका भी वर्णन किया है, नर्याष, भालण, वासणदास आदि ने नहीं । सूर ने स्पष्ट लिखा है—

करति है हरिचरित्र ब्रज नारि ।
देखि अति ही विकल राधा इहै बुद्धि बिचारि ।
—सू० सा०, पृ० ४५२

सूर का वर्णन भागवत से कई प्रकार भिन्न है । एक तो यह कि भागवतकार ने इसका वर्णन गोपी विशेष से भेट होने के पूर्व किया है दूसरे उसका उद्देश्य तन्मयता व्यक्त करना है परन्तु सूर ने राधा से गोपियों की भेट हो चुकने पर राधा की विह्वलता निवारण के लिए इसका वर्णन किया है । नंददास ने भागवत का ही अनुसरण किया है ।[२२७] नरसी तथा सूर के उक्त वर्णन में आश्चर्यजनक साम्य है । परिस्थिति तथा उद्देश्य दोनों ही समान है[२२८]—

'कृष्णचरित्र गोपी करे, बीलसे राधानार' ।

पदांक दर्शन एवं कृष्णान्वेषण—पूर्व प्रसग से यह प्रसग सम्बद्ध है अत इसकी भी स्थिति पूर्ववत् है । ब्रह्मवैवर्त मे इसका वर्णन नही है । उदाहरण दोनो भाषाओं के कवियों के पाये जाते है ।[२२९]

४. यमुना तट पर कृष्ण का प्रकट होना तथा संभाषण—यमुना तट का वर्णन तो अन्य कवियो मे भी प्राप्त होता है पर प्रसंग के क्रम तथा सवाद से युक्त वर्णन भागवतानुयायी कवियों मे ही मिलता है ।[२३०] भागवत के दशम स्कंध के बत्तीसवे अध्याय मे इसी प्रसंग का वर्णन है । सूर ने केवल कृष्ण के प्रकट होने का वर्णन किया है । नरसी ने इसी घटना को महत्त्व नही दिया और न उनकी 'राससहस्रपदी' में इसका वर्णन ही मिलता है ।

महारास—इसके वर्णन में प्राय: कवियों ने भागवत के दशम स्कध के तैंतीसवें अध्याय मे प्रेरणा ली है। इस विषय में महत्त्वपूर्ण बात यह है कि सूर ने इसी महारास का दो बार वर्णन किया है। भागवत मे कृष्ण के अंतर्धान होने से पहले उनका गोपियों के साथ केवल रमण करना '**बाहु प्रसार परिरम्भ...रमयांचकार**' वर्णित है। सूर ने यहाँ अपनी स्वतंत्र उद्भावना से रास का सांगोपांग वर्णन किया है। उनके इस रास-वर्णन पर ब्रह्मवैवर्त का भी कुछ प्रभाव लक्षित होता है।

अतर्धान होने से पहले के रमण को रास रूप मे नरसी ने भी ग्रहण किया है जो 'वृन्दावन माहे रास रमतां' वाले पद से प्रकट है किन्तु गुजराती के अन्य कवियों प्रेमानंद, केशवदास आदि ने भागवत की परम्परा का ही पालन किया है। इस महारास के भी दो प्रमुख उपांग है—

१. वाद्य संगीत का आयोजन
२. कृष्ण का अनेक रूप धारण

वाद्य संगीत का आयोजन—ब्रजभाषा में हरिदास आदि अनेक कवियों ने अपनी गान विद्या की अभिज्ञता का परिचय रास के इस अश के वर्णन में दिया है।[२३१] भागवत में संगीत शास्त्र के ज्ञान का प्रदर्शन नहीं है। रास में 'उरप-तिरप' का वर्णन अष्टछाप के कवियों ने भी अनेक बार किया है। गुजराती के कवियों के रास-वर्णन पर भी संगीत का प्रभाव यत्र तत्र परिलक्षित होता है।[२३२]

कृष्ण का अनेक रूप धारण—भागवत में इसका वर्णन स्पष्टतया मिलता है **कृत्वा तावन्तमात्मानं यावतीर्गोपयोषितः** (१०:३३:२०)। ब्रह्मवैवर्त मे इस विषय की आवश्यकता ही नही है क्योकि वहाँ रास मे गोपियों के साथ उतने ही गोपों की उपस्थित भी वर्णित है। कवियों ने गोपियों की १६००० संख्या का उल्लेख किया है जो भागवत मे नही है। सूर कृष्ण के अनेक रूप धारण करने के साथ ही उन रूपों से प्रत्येक गोपी के साथ विवाह तथा रमण करने का भी उल्लेख करते है, जो ब्रजभाषा के अन्य कवियों मे नही प्राप्त होता।[२३३] 'द्वै द्वै गोपिन बीच जु मोहन-लाल बने छबि' से स्पष्ट होता है कि नददास ने भागवत का पूर्ण आधार लिया है और गोपियों की संख्या नही दी। हरिवश, ध्रुवदास, श्रीभट्ट, गदाधर भट्ट तथा हरिदास आदि राधा-प्रधान सम्प्रदायों के कवियों में कृष्ण के अनेक रूप धारण का वर्णन नही प्राप्त होता। इसका कारण 'दम्पति' अथवा युगल रूप का आग्रह तथा राधा की अन्य गोपियों की अपेक्षा श्रेष्ठता व्यजित करना प्रतीत होता है इसके प्रतिकूल भागवत में किसी गोपी विशेष को केन्द्ररूप मे न लेकर सारी गोपियों की समानता प्रकट की गयी है।

गुजराती मे भी रास-वर्णन के अंतर्गत कृष्ण के अनेक रूपो का उल्लेख पाया जाता है ।[२३४] प्रेमानद ने तो कृष्ण ही नही बल्कि चन्द्रमा के भी सोलह सहस्ररूप धारण करने का उल्लेख किया है ।[२३५] वासणदास ने 'साथि सोल सहस्र नारि शामा' कह कर सख्या की परम्परा का तो पालन किया है परन्तु कृष्ण के अनेक रूपों का वर्णन नही किया। नर्षि ने गोपियो की सख्या 'सहस्र अढार' दी है। इन संख्याओ का मूल कदाचित् कृष्ण की हज़ारों पत्नियाँ है जिनका उल्लेख विष्णु पुराण में मिल जाता है—

षोडश सहस्राण्येकोत्तरशतानि स्त्रीणामभवन् ।

—४ : १५ : १९

देवताओं द्वारा रास दर्शन तथा चराचर मे व्याप्त उसके अलौकिक रूप का उल्लेख नरसी हरिवश आदि ने किया है ।[२३६]

५. **जल-क्रीड़ा**—भागवत मे रास के अंत मे यमुना मे कृष्ण-गोपियों की जल-क्रीड़ा का वर्णन है ।[२३७] इसका वर्णन दोनो भाषाओ मे प्राप्त होता है । ब्रजभाषा के सूर, नददास, श्रीभट्ट आदि ने इस जल-क्रीड़ा का स्वतन्त्र रूप से विकास किया है ।[२३८] माधवदास ने जल-क्रीडा का वर्णन रास से पहले सध्या समय ही कर दिया है और अन्त मे सेज-सुख का चित्रण किया है।[२३९] गुजराती मे केवल नरसी और नर्षि ने जलक्रीड़ा का वर्णन किया है ।[२४०]

रास में संभोग वर्णन—भावना के आवेश में श्लीलता तथा अश्लीलता का ज्ञान नहीं रह जाता। इसी के परिणामस्वरूप रास के अंतर्गत सभोग का भी वर्णन किया गया है जो ब्रजभाषा तथा गुजराती दोनो भाषाओ के काव्य मे देखा जा सकता है ।[२४१]

रास से सम्बद्ध अन्य महत्त्वपूर्ण वस्तुएँ—ऊपर वर्णित बातो के अतिरिक्त भी रास-वर्णन मे कुछ ऐसी महत्त्वपूर्ण बाते शेष रह जाती है जिनका उल्लेख करना विषय की दृष्टि से आवश्यक है। ये नरसी-मीरा तथा ध्रुवदास के रास-वर्णन मे पायी जाती है।

नरसी के रास-वर्णन की प्रमुख ज्ञातव्य वस्तु यह है कि उन्होंने अनेक स्थलों पर अपनी पात्रता का उल्लेख 'दीवटिया' तथा ताल बजाने वाले के रूप में किया है ।[२४२] नरसी ने एक स्थल पर रास की आरती का भी वर्णन किया है ।[२४३]

अपने को 'दीवटिया' कहकर नरसी ने रास की शारदी पूर्णिमा मे भी दीपकों की सत्ता स्वतः स्वीकार की है । भागवत तथा इसी परम्परा के अन्य किसी भी पुराण मे रास के समय ज्योत्सना के अतिरिक्त अन्य किसी कृत्रिम प्रकाश का वर्णन नही मिलता । ब्रह्मवैवर्त मे दीपको का उल्लेख तो है **'दीप्तं रत्न प्रदीपैश्च'** (कृ० ख० २८.११) किन्तु नरसी के मस्तिष्क मे कदाचित् किसी तत्कालीन लौकिक रासमडली के दीवटिये की छाया रही होगी ।

नरसी के इसी आत्मानुभूत रास से पूर्वोक्त राधा की नथनी खो जाने के प्रसंग को सम्बद्ध किया जाता है जिसके फलस्वरूप उन्हे विभिन्न वर्णो मे रास लीला के दर्शन हुए ।[२४४] परन्तु विविध वर्णो मे जिस वस्तु का चित्रण नरसी के काव्य मे मिलता है उससे तथा रास से कोई सम्बन्ध सिद्ध नही होता ।[२४५]

नरसी ने एक अन्य पद मे रास मे नारद के सम्मिलित होने का उल्लेख किया है—

रास ने रमाड्यां रे वृन्दावन मांरे, नारद जी तो नाचता हुता तांहा छंम ।[२४६]
ब्रह्मवैवर्त मे श्रोता नारद होने के कारण श्लोको मे यत्र तत्र "नारद" शब्द आ जाता है सभव है वही इस भ्रम का कारण बना हो ।[२४७] नरसी ने 'गोविन्दगमन' के प्रसंग मे भी रास का उल्लेख किया है जो वस्तु की दृष्टि से सर्वथा नवीन है ।[२४८]

मीरां के एक गुजराती पद मे रास को निर्गुण भावधारा के रूप मे ढाल कर प्रस्तुत किया गया है—

> **मारा प्राण पातळिया बहेला आवो रे तम रे विनाहूं तो जनम जोगण छु ।**
> **नाभि कमल थी सुरता रे चाली जइ ने तखत पर रास रचीला रे ।**
> **सुखमना नाडी अेनी सेज बिछावे ते दी रंग भीना छे रास धारी ।**

ध्रुवदास ने रास के प्रसंग मे राधा द्वारा कमल पत्रों पर विशिष्ट गति से रास करने का जो चित्रण किया है वह अन्य किसी भी कवि ने नही किया । कृष्ण राधा से उनकी गति सीखने की इच्छा व्यक्त करते है । इसे सुनकर राधा अद्भुत कौतुक करती है । उसे देखते ही कृष्ण रीझ कर राधा के पैर चूम लेते है । ध्रुवदास ने नृत्यविलास मे इसका वर्णन पुनः किया है ।[२४९] इसके अतिरिक्त दम्पति के परस्पर वस्त्र परिवर्तन करके रास करने का वर्णन भी ध्रुवदास ने किया है—

कबहुँ पिया पट पीय के पिय प्यारी के बास।
पहिरे दोउ आनंद मे निरतत रास विलास ।।४७।।
——रहसिलता

मथुरा-लीला

अक्रूर के साथ कृष्ण का मथुरा-गमन——गुजराती मे १६वी शती मे नरसी मेहता कृत 'गोविन्द गमन' नामक एक ही स्वतंत्र रचना इस विषय पर उपलब्ध होती है और ब्रजभाषा मे सूरदास के अतिरिक्त अन्य किसी कवि ने इस विषय को महत्त्व नही दिया। नरसी के पश्चात् गुजराती कवि प्रेमानद के दशम स्कंध मे तथा केशवदास वैष्णव की मथुरालीला मे अक्रूर का प्रसग पर्याप्त विस्तार से र्वाणत है।

सूरदास तथा प्रेमानंद ने भागवत के ३८, ३९, ४०वें अध्यायों की कथा को परिवर्धित रूप मे प्रस्तुत किया है परन्तु नरसी ने शुक-परीक्षित संवाद का वाह्यतः अनुसरण करते हुए भी वस्तुत. सर्वथा भिन्न कथा दी है। गोविन्द-गमन मे राधा तथा उनकी सखियों की प्रधानता है। चन्द्रभागा और राधा, कृष्ण के मधुपुर जाने के के समाचार से विकल हो कर सखियो से परामर्श करती है और प्रात.काल कृष्ण को जगाने जाती है परन्तु कृष्ण के स्थान पर अक्रूर जग जाते है और वे उन्ही को कुजभवन मे पकड़ ले जाती है। कृष्ण अपने भक्त की यह दुर्दशा देखकर उसे अपना रूप देकर नंदभवन पहुँचाकर स्वयं गोपियों की कामना पूर्ण करते है। दूसरे दिन राधा नरसी को ही पत्रवाहक बना कर कृष्ण के पास भेजती है। कृष्ण जाने के पहले राधा, गोपी, गायों आदि से मिलने का उपक्रम करते है। इसके बाद वे रथ पर अक्रूर के साथ बैठकर चलते है। रास्ते मे उन्हे सखियो सहित राधा फिर मिल जाती है। वह उनको रोकने के लिए रथ की कील निकाल लेती है और कृष्ण से कुंज मे चलने का आग्रह करती है। कृष्ण भी कहते है कि यदि हाथी लाओ तो चलें। राधा ने तत्काल सखियों के साथ 'नारी कुजर' की रचना की और कृष्ण को प्रेम-अंकुश देकर कुंज मे ले गई। वहाँ अन्य क्रीड़ाओं के अतिरिक्त रास-क्रीड़ा भी हुई। इसके पश्चात् कृष्ण अक्रूर के साथ मथुरा चले जाते हैं। परीक्षित-शुक सवाद के रूप मे ही इसकी समाप्ति होती है।[२५०]

यद्यपि गोविन्द-गमन की उपर्युक्त कथा का अधिकांश कल्पित प्रतीत होता है तथापि इसका मौलिक आधार ब्रह्मवैवर्त पुराण मे प्राप्त हो जाता है। इस पुराण

में राधा सखियों समेत कृष्ण को रोकने का प्रयत्न करती है। गोपियाँ रथ तोड़ डालती है और अक्रूर कों निर्वस्त्र तक कर देती हैं। कृष्ण राधा को समझाने के लिए रुक जाते हैं। ब्रह्मवैवर्त मे राधा सम्बन्धी और भी बहुत सी वस्तु इस प्रसग मे दी जाती है जो गोविन्द-गमन मे नही प्राप्त होती। 'नारी कुंजर' का कोई उल्लेख ब्रह्मवैवर्त मे नही है।

कंस का कृष्ण-बलराम को बुलाने के लिए प्रेरित होना—भागवत में यह प्रेरणा कस को नारद से तथा ब्रह्मवैवर्त मे एक भयंकर स्वप्न से मिलती है, सूर ने दोनों को एक सूत्र मे बाँध दिया है। स्वय कृष्ण नारद को कंस के पास जाने के लिए कहते है तब कंस अक्रूर द्वारा उन्हें बुलाने का निश्चय करता है। वह भयभीत होकर एक दुःस्वप्न देखता है। ब्रह्मवैवर्त मे वर्णित शकित राधा के स्वप्न देखने के प्रसंग को किसी कवि ने नही उठाया केवल प्रेमानंद ने किसी एक ब्रज-स्त्री के स्वप्न का उल्लेख किया है।[२५१]

अक्रूर को जल में कृष्ण दर्शन—भागवत के अनुसार जब अक्रूर मार्ग में यमुना स्नान करते है तो उन्हें जल मे कृष्ण के दर्शन होते है। फिर कर देखने पर कृष्ण रथ मे बैठे हुए वैसे ही दिखाई पड़ते हैं। अक्रूर कुछ उद्विग्न हो जाते हैं। भागवत मे इस प्रकार कृष्ण के दर्शन का कोई कारण नही दिया गया किन्तु सूर ने अन्तर्द्वन्द्व मे फँसे हुए भक्त के सदेह निवारणार्थ कृष्ण दर्शन कराया है जिससे अक्रूर उनकी प्रभुता को समझ कर सन्तुष्ट हो जाँय।[२५२]

नरसी के गोविन्द-गमन मे यह घटना नहीं है। प्रेमानन्द ने एक प्रकार प्रकार से सूर का ही अनुसरण किया है। प्रेमानन्द के कृष्ण अक्रूर के साथ स्नान न करने का कारण 'नथी नहावानी टेव' बताते हैं और सूर के कृष्ण कलेऊ मे व्यस्त होने के कारण नहीं नहाते।[२५३]

मथुरा-दर्शन, रजक-वध, दरजी और माली पर कृपा तथा कुब्जा-उद्धार—भागवत में वर्णित मथुरा-प्रवेश और धनुर्भंग के बीच घटित होने वाली इन अनेक छोटी छोटी घटनाओं का वर्णन दशमस्कंधकारो ने प्रसंगानुकूल किया है। ब्रजभाषा में केवल सूरसागर मे ही इनका वर्णन मिलता है परन्तु गुजराती के दशमस्कंधकार भालण, केशवदास तथा प्रेमानन्द के अतिरिक्त फांग के 'कंसोद्धरण', चतुर्भुज की 'भ्रमरगीता' तथा केशवदास की 'मथुरालीला' मे भी यह उपलब्ध है।

कंस के जिस रजक का वध कृष्ण ने किया था सूर ने उसका सम्बन्ध तृणावर्त से स्थापित कर दिया। प्रेमानन्द ने अपने परियट (रजक) के वध के अनन्तर

दिव्य विमान से स्वर्ग भेज दिया।[२५४] दरजो का नाम प्रेमानन्द ने 'सुलक्षण' दिया है और उसे सायुज्य मुक्ति दिलायी है जबकि भागवत मे कोई नाम नही दिया गया है और उसे सारूप्य मुक्ति मिली है।[२५५] माली का नाम भागवत मे 'सुदामा' दिया है और सूर तथा प्रेमानद ने भी वही दिया है। भालण ने 'सुदामा' को अधिक दाम पाने वाला व्यक्ति माना है।[२५६]

कुब्जा के प्रसंग का चित्रण प्रेमानद ने विशेष रूप से किया है। भागवत की त्रिवक्रा किन्तु सुन्दरी तरुणी कुब्जा को कवि ने कुरूप तथा वृद्धा वर्णित किया है, जिसे कृष्ण सुन्दर, तरूणी तथा सुडौल बना देते हैं। उस दासी की झोपड़ी को राजमहल मे परिवर्तित कर देते हैं। प्रेमानद ने ये दोनो बाते ब्रह्मवैवर्त पुराण से ली है। कुब्जा के प्रसंग मे सूरसागर मे भी कृष्ण द्वारा सम्पत्ति तथा रूप दान का सकेत मिलता है।[२५७]

धनुर्भंग तथा कुवलयापीड, चाणूर, मुष्टिक आदि के पश्चात् कंस का वध—इन घटनाओ का भी वर्णन दशमस्कधकारों ने पूर्ववत् किया है जिसमे अनुवादात्मकता ही अधिक है। सूरदास ने धनुर्भंग के प्रसग मे कस द्वारा किसी एक असुर के भेजे जाने का वर्णन किया है जिसे कृष्ण मार डालते है। इसका उल्लेख भागवत आदि मे कही नही है।[२५८]

कुवलयापीड से युद्ध करने मे सूर ने कृष्ण बलराम दोनों का योग दिखाया है। प्रेमानद ने कुवलयापीड को अन्य असुरों की सी गति दिलायी है।[२५९] अन्य पुराणो मे जितने मल्लों के नाम मिलते है, भागवत मे उनमे 'शल' और 'कूट' के नाम और जुड़ गये है, जिनका वध कृष्ण और राम करते है। सूरसागर मे इनका स्पष्ट उल्लेख नही मिलता पर यह केशवदास आदि गुजराती कवियों की रचनाओं में प्राप्त होते है। प्रेमानंद ने इनके युद्ध मे व्यतिक्रम कर दिया है और दोनों का वध बलराम से कराया है।[२६०]

कस-वध जैसी महत्वपूर्ण घटना को किसी कवि ने समुचित रूप मे चित्रित नही किया। फूढ का 'मल्ल अखाडानां चन्द्रावला' नामक काव्य इस विषय का एक मात्र स्वतत्र प्रयास है।

उग्रसेन को राज्य-दान, वसुदेव देवकी का कारा से मोक्ष, उपनयन संस्कार तथा सांदीपनि से शिक्षा-प्राप्ति—अधिकतर कवियों ने इन प्रसगो का निर्देश मात्र कर दिया है। सूरसागर में सादीपनि का प्रसंग है ही नही। वसुदेव देवकी

की मुक्ति के पश्चात् कृष्ण नंद को विदा कर देते हैं और वे यशोदा को कृष्ण के गोकुल न लौटने की सूचना देते हैं। सूरदास ने इस अश का अत्यन्त विस्तार से वर्णन किया है। नद यशोदा सवाद के अनन्तर उससे भी अधिक विस्तार से गोपियों तथा ब्रजवासियों की विरहावस्था का चित्रण किया है। यशोदा और राधा दोनों ही पथियों द्वारा देवकी और कृष्ण तक संदेश भेजती हैं।[२६१] गुजराती मे भालण तथा प्रेमानद ने भी नद, यशोदा, देवकी तथा कृष्ण के भावनात्मक सघर्ष का चित्रण किया है परन्तु सूर की तुलना मे वह अत्यत सक्षिप्त है। जिस रूप मे नंद, वसुदेव और कृष्ण देवकी का वाद-विवाद प्रेमानद ने प्रस्तुत किया है वह ब्रज-भाषा मे उपलब्ध नही होता।

अपने दशमस्कध मे प्रेमानद ने कृष्ण के अध्ययन काल की ऐसी घटनाओ का समावेश किया है जो उन्हीके अनुसार भागवतेतर स्रोतो से उन्हे प्राप्त हुई थी। गुरु-पत्नी को ईंधन की चिता मे ग्रस्त देखकर कृष्ण, बलराम और सुदामा तीनो 'सरपण' लेने वन में जाते है जहाँ आँधी पानी आ जाता है। गुरु यह जानकर अपनी पत्नी पर क्रुद्ध होते है और सबको खोजने निकलते हैं और कृष्ण को पाकर उन्हे विष्णु समझते हुए क्षमा याचना करते हैं। कृष्ण जो काष्ठ लाते हैं उन्हे देखकर नगरवासी चकित हो जाते हैं। वे उनको अपने घर उठा ले जाते हैं पर काष्ठ कम नही होते।

गुरु-दक्षिणा के रूप मे गुरु-पत्नी के आग्रह पर यमलोक से मृत गुरु-पुत्र वापस ला देने की कथा भागवत के दशम स्कध के अध्याय ४५ में है, परन्तु प्रेमानद ने जिस रूप में उसका वर्णन किया है उसमे भी कई नवीनताएँ हैं। भागवत मे कृष्ण समुद्र-ग्रस्त गुरु-पुत्र को लेने सीधे प्रभास क्षेत्र में समुद्र-तट पर जाते है परन्तु प्रेमानद न उसे शिप्रा-ग्रस्त लिखा है। इसीलिए उनके कृष्ण पहले शिप्रा तट पर जाते हैं। इसके अतिरिक्त जब वे यमपुरी मे पहुँचते है तो वहाँ के सभी पापी, पचजन नामक राक्षस के वध से प्राप्त पाचजन्य शंख की ध्वनि सुनते ही चतुर्भुज रूप धारण करके यमराज के सर पर पैर रखते हुए वैकुठ चले जाते हैं।[२६२] यह अश भी भागवत में प्राप्त नही होता।

भ्रमरगीत—ब्रजभाषा मे 'भ्रमरगीत' सम्बन्धी रचनाएँ गुजराती की अपेक्षा बहुत कम उपलब्ध होती हैं। १६वी शती मे सूरदास ने सूरसागर के अतर्गत इस प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया है-तथा नददास ने 'भँवर-गीत' नामक एक स्वतंत्र रचना की। तुलसी की कृष्णगीतावली मे तथा अष्टछाप के अन्य कवियों के स्फुट पदो मे इस विषय के भी पद प्राप्त होते है। कृष्णदास का 'भ्रमरगीत' संदिग्ध

रचना है। १७वी शती मे कोई स्वतत्र रचना नही मिलती केवल मुक्तको में उद्धव-गोपी सवाद यत्र तत्र वर्णित हुआ है।

गुजराती में १६वी शताब्दी मे नरसी के कुछ पद (श्रृंगारमाला और परिशिष्ट मे) नाकर, चतुर्भुज तथा ब्रेहदेव, तीनो की भ्रमरगीताएँ और भीम वैष्णव की 'रसिक गीता' प्राप्त होती है। भालण के दशम् स्कंध मे भी प्रसंगानुकूल इसका वर्णन मिलता है। इसके अतिरिक्त प्रेमानंद की 'भ्रमर पचीशी' नानु मोटु दशमस्कध की भ्रमर-गीताएँ आदि भी है। नरहरि का 'उद्धव-गोपी सवाद,' केशवदास की मथुरालीला और पूजासुत की 'हरिरस कथा' के अत के कुछ अश उल्लेखनीय है।

इस प्रसग का आधार यों तो भागवत के दशम स्कध के ४६, ४७ अध्याय है। किन्तु अनुवादकों को छोड़कर अन्य सभी ने इसमे कुछ न कुछ परिवर्तन अवश्य किये हैं। निम्न विषयों के परिवर्तन विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं—

१. उद्धव के ब्रज-गमन का हेतु

२ नद यशोदा से भेट

३. कृष्ण का सन्देश

४. भ्रमर के प्रति उपालभ

५. गोपी-उद्धव-सवाद का आधार

६. उद्धव की कृष्ण से भेट तथा ब्रज-दशा वर्णन

उद्धव के ब्रज-गमन का हेतु—भागवत के कृष्ण उद्धव को अपना सन्देश देकर नंद-यशोदा को प्रसन्न करने तथा गोपियो का विरह जन्य दुख दूर करने के लिए भेजते है। सूरदास के कृष्ण उद्धव को गोपियों को ज्ञान सिखाने के लिए नहीं परन्तु स्वयं उनका ज्ञान-गर्व नष्ट करने के लिए ब्रज भेजते है। इस प्रकार सारी कथा का केन्द्र ही बदल जाता है। गुजराती कवियों मे अनेक ने भागवत का आशिक अनुसरण करते हुए गोपियों के दुख निवारणार्थ ही उद्धव का ब्रज जाना वर्णित किया है।[२६३]

भालण के कृष्ण केवल माता यशोदा के दुख को दूर करने के उद्देश्य से उद्धव को ब्रज भेजते है परन्तु नाकर ने दोनों बातों का उल्लेख करके भागवत का पूर्णतया अनुसरण किया है।[२६४]

एकमात्र गुजराती कवि भीम ने वही कारण दिया है जो सूरदास ने आरोपित किया है। दोनो का साम्य दर्शनीय है—

सूर—याहि और कछु नही उपाय।
मेरो प्रकट कह्यो नहि वदि है, ब्रजही देउ पठाय।
गुप्त प्रीति युवतिन की कहि कै याकौ करौ महत।
गोपिन कौ परबोधन कारन जैहै सुनत तुरन्त।
अति अभिमान करैगो मन मे योगिन की यह भाँति।
सूरश्याम यह निहचै करिकै बैठत है मिलि पाँति।
—सू० सा०, पृ० ६४०

भीम—अेवु अभिमान ज्यारे ओधे मन आणियु।
हवे अेहने गोकुल मेहलु हरिअे अेम जाणियु।
—वृ० का० दो० भाग ७, पृ० ६९६

नंद यशोदा से भेंट—भागवत के दशम स्कंध के ४६वे अध्याय मे उद्धव तथा नद यशोदा के बीच होने वाले वार्तालाप का ही वर्णन है। सारी रात्रि वे नद की जिज्ञासा और यशोदा का दुख शान्त करने के लिए ज्ञानोपदेश देते रहे।

सूरदास ने इस प्रसग का वर्णन बहुत ही सक्षेप में किया है। उद्धव कृष्ण का जो सदेश यशोदा को देते है उसमे ज्ञान का किंचित् भी स्थान नही है। भागवत में उद्धव गोधूलि वेला मे आते है और नंद उनका स्वागत करते है किन्तु सूरदास ने झुड की झुड गोपियो का नंदादि के साथ स्वागतार्थ जाना वर्णित किया है—

नन्द हर्षित चले आगे सखा हर्षत अंग।
झुड झुडन नारि हर्षत चली उदधि तरंग।
—सू० सा०, पृ० ६४६

भागवत के अनुसार गोपियो को उद्धव का रथ देखकर अक्रूर के पुनरागमन का भ्रम होता है, कृष्ण बलराम के आगमन का नहीं किन्तु सूरदास ने दोनों का ही वर्णन किया है—

१. कैधों बहुरि अक्रूर क्रूर है जियत जानि उठि धायो है।
—सू० सा०, पृ० ६४८

२. आवत बलराम श्याम सुनत दौरि चली बाम।
मुकुट झलक पीतांबर मन मन अनुरागे।
—वही, पृ० ६४६

इस प्रकार सूर ने भागवत की वस्तु को नवीनता दे दी है।

गुजराती में प्रेमानद ने सवाद के प्रसंग को भागवत के अनुसार ही नानुं मोटु दशमस्कध की दोनो भ्रमरगीताओ में समुचित स्थान दिया है। उनकी 'भ्रमरपचीशी' मे भी इसका समावेश है। उद्धव नंद को भागवत जैसा ही ज्ञान का उपदेश देते है। इनके अतिरिक्त अन्य किसी कवि ने इतना महत्त्व इस प्रसग को नही दिया।

कृष्ण का संदेश—भागवत के कृष्ण उद्धव को मौखिक रूप से अपना सदेश देकर गोपियों की वियोग-व्यथा दूर करने का आग्रह करते है परन्तु वह सदेश क्या था इसका उसमे उल्लेख नही है। सूर के कृष्ण नद-यशोदा, राधा, श्रीदामा तथा एक मित्र विशेष को पृथक्-पृथक् लिखित संदेश देते है—

पाती लिखि ऊधो कर दीन्ही।

—सू० सा०, पृ० ६४३

कुब्जा भी राधा के लिए ऊधो को पाती लिख कर देती है।

तुलसी की 'कृष्णगीतावली' तथा नंददास के 'भॅवरगीत' मे पाती का प्रसंग नही है। उद्धव को मौखिक सदेश ही दिया गया है। गुजराती के किसी कवि ने 'पाती' द्वारा सदेश देने का वर्णन नही किया। नरसी मेहता ने लौटते समय उद्धव को, कृष्ण के लिए राधा द्वारा पत्र दिये जाने का अवश्य उल्लेख किया है—

लाव लाव सखी अेक कागल लखीअे हरिने रे।
लखीतंग चरणरजदास राधिका नारी के।

—न० कृ० का०, पृ० ४१५:१६

भ्रमर के प्रति उपालंभ—भागवत में उद्धव-गोपी-संवाद के समय कही से एक भौरा आ जाता है जिसको गोपियाँ कृष्ण का दूत मानकर कृष्ण को उपालभ देने लगती है।[२६५] इसी के आधार पर सारा प्रसंग 'भ्रमरगीत' के नाम से प्रसिद्ध हो गया। भ्रमर के आगमन को लेकर कवियो के दो वर्ग हो जाते है। प्रथम तो वे जिन्होने भ्रमर का प्रसंग लिया है जिनमे सूरदास, नंददास, ब्रेहदेव, नाकर और चतुर्भुज है। इनके पदो मे अनेक पद ऐसे है जो वस्तुतः उद्धव के प्रति कहे गये है।[२६६]

प्रेमानंद ने मोटु दशमस्कध की भ्रमरगीता मे भ्रमर को नितान्त नवीन रूप दे दिया है। भ्रमर गोपियों द्वारा कल्पित कृष्ण दूत नहीं है वरन् स्वय कृष्ण उस रूप को धारण करके गोपियों के बीच आते है। गोपियाँ उन्हें पहचान लेती है परन्तु उद्धव इस रहस्य को अन्त तक नही जान पाते—

गोष्ठी साभलवा गोपी उद्धवनी, सांभल परीक्षित भूप ।
मथुरा थी श्रीकृष्ण पधार्या धरी भमरानु रूप ।
मधुकर बोले मधुरी वाणी, ते गोपी ना गुणगाय ।
उद्धव जी कांइये नव पीछे, गोपिअे ओलख्या हरिराय ।
—श्रीम० भा०, पृ० ३२८

दूसरे वर्ग मे भीम, नरहरि, भालण आदि गुजराती के कवि है जिन्होंने भ्रमर का उल्लेख ही नहीं किया। उनका सारा वर्णन उद्धव-गोपी-सवाद के रूप मे है और अपनी कृतियों का नामकरण भी उन्होंने उसी के अनुरूप किया है।

गोपी-उद्धव-संवाद—भागवत मे जो सदेश उद्धव ब्रजवासियो को देते हैं उसको सुनकर किसी मे कोई प्रतिक्रिया नही होती। गोपियाँ अवश्य कृष्ण की स्मृति मे विभोर हो जाती है किन्तु उसी से उनका विरह निवारण भी हो जाता है और वे उद्धव की पूजा करती है। उद्धव भी ज्ञान का सदेश देने के पूर्व और पश्चात् गोपियों की भक्ति की मुक्त हृदय से प्रशंसा करते है।[२६७] इससे स्पष्ट विदित होता है कि ज्ञान तथा भक्ति, निर्गुण तथा सगुण और योग तथा उपासना में प्रतिद्वद्विता दिखाकर एक से दूसरे को श्रेष्ठ सिद्ध करना भागवतकार का उद्देश्य नही था।

गुजराती तथा ब्रजभाषा के अनेक कवियो ने गोपियों द्वारा उद्धव के सदेश की कटु आलोचना, परिहास तथा तिरस्कार कराया है। ज्ञान और योग द्वारा निर्गुण ब्रह्म की प्राप्ति के निवृत्ति मार्ग को उपहासास्पद सिद्ध करके गोपियाँ भक्ति की श्रेष्ठता प्रतिपादित करती है और उद्धव अन्त मे पराजित होकर उसे स्वीकार कर लेते हैं। सूरदास तथा भीम ने भक्ति की श्रेष्ठता का प्रतिपादन गोपियों का ही नही, कृष्ण का भी अभीप्सित सिद्ध करते है। नरसी के पदों में इसका कोई उल्लेख नही है।

ब्रजभाषा के अन्य कवियो ने प्राय. सूर का ही अनुकरण किया है और गुजराती के कवियों भीम, प्रेमानंद आदि ने भी वैसे ही विचार व्यक्त किये है। इस प्रकार यह संवाद अपने आप मे भागवत से पर्याप्त भिन्न रूप मे विकसित हुआ है। नंददास, ब्रेहदेव, नरहरि तथा प्रेमानंद ने उद्धव द्वारा ज्ञान पक्ष को विशेष विस्तार के साथ प्रस्तुत कराया है। संवाद के ही अन्तर्गत कुछ कवियों ने कृष्ण की विविध लीलाओं तथा अवतारों का भी संदर्भ दिया है।[२६८]

कुब्जा के प्रति व्यंग—भागवत की गोपियाँ कुब्जा के प्रति स्पष्ट रूप से व्यंग कहीं भी नही करतीं। एक स्थल पर मधुप के माध्यम से सपत्नी के प्रति ईर्ष्या भाव का प्रदर्शन मिलता है। मथुरा की स्त्रियों के प्रति भी जिज्ञासा मिश्रित इसी भाव

का प्रदर्शन किया गया है। इसके अतिरिक्त कई स्थलो पर लक्ष्मी के प्रति उपालभ स्पष्ट रूप से व्यक्त किया गया है।[२६९]

वस्तुतः दोनों भाषाओ के कवियो ने कुब्जा को व्यग का आधार बना कर उसे वही स्थान दे दिया जो भागवतकार ने लक्ष्मी को दिया है। इस विषय मे सूर, नद-दास, नरसी, प्रेमानद, भालण आदि सबको स्थिति एक सी है। सूर की गोपियों के पास कुब्जा ने पत्र भी भिजवाया है जिससे वे भ्रमर के प्रति 'कुबिजा तोहि पठायो' कह कर और भी कटु व्यग करती है।[२७०]

उद्धव का कृष्ण से मिलकर ब्रज-दशा-वर्णन—भागवत मे उद्धव के, गोपियो के भक्ति-भाव से, प्रभावित होने का विस्तार से वर्णन है, किन्तु कृष्ण से मिलकर उन्होने क्या कहा इसना संकेतमात्र है—

कृष्णाय प्रणिपत्याह भक्त्युद्रेकं व्रजौकसाम्
वसुदेवाय रामाय राज्ञे चोपायनान्यदात् ॥७०॥

—द० स्कं० ४७ अध्याय

सूरदास के उद्धव कृष्ण को अत्यत विस्तार से ब्रज का समाचार देते है तथा भक्ति की महत्ता, ज्ञान योग की पराजय तथा गोपियों की विरह दशा का भी विशद वर्णन करते है। नददास ने भी अपने भवरगीत के अन्त मे इसी प्रकार का सक्षिप्त वर्णन किया है। गुजराती भ्रमरगीताओं की परिसमाप्ति उद्धव विदा के पश्चात् ही हो जाती है। भालण ने बहुत ही सक्षेप मे उपसहार के रूप मे संदेश दिलाया है।

कुब्जा (सैरन्ध्री) रमण, अक्रूर गृह गमन, धृतराष्ट्र को संदेश प्रेषण—भागवत मे यह तीनों प्रसग भ्रमरगीत के पश्चात् वर्णित है परन्तु सूरसागर में कुब्जा-कृष्ण समागम का वर्णन भ्रमरगीत के पूर्व ही प्राप्त हो जाता है। शेष दोनों यथाक्रम बाद मे मिलते है। इस विषय मे भाळण प्रेमानद आदि दशमस्कधकारों ने भागवत के क्रम का अनुसरण करते हुए सूर की अपेक्षा अधिक विस्तार किया है परन्तु उसमें कोई उल्लेखनीय विशेषता नही है। प्रेमानद ने अवश्य कुंती और धृतराष्ट्र के अति-रिक्त अक्रूर के पाडवों से मिलने का वर्णन किया है जो भागवत मे नही है।[२७१]

जरासंध-विजय, कालयवन और मुचकुंद वध, द्वारका-प्रस्थान—इन प्रसंगो के वर्णन की भी परिस्थिति पूर्ववत् हो है। सूरसागर मे इनका वर्णन बहुत सक्षिप्त है, युद्ध का वर्णन नदी के रूपक मात्र तक सोमित है। कालयवन और मुचकुंद वध की कथाओं का मात्र एक पक्ति मे वर्णन है और जिस योग-प्रभाव से भागवत के कृष्ण ने समस्त मथुरावासियों को नवनिर्मित द्वारकापुरी मे पहुँचा दिया उसका

सकेत भी सूर ने नही किया है। पूर्वोक्त गुजराती के कवियों ने इन सब प्रसगों का सविस्तार वर्णन किया है। द्वारावती-प्रवेश के समय रथ की शोभा तथा चौगान के खेल का जो वर्णन सूर ने किया है वह न तो भागवत मे है न गुजराती काव्यों मे।[२७२] भालण ने कालयवन की उत्पति की कथा दी है जो ब्रह्म, विष्णु तथा हरिवश पुराण मे प्राप्त होती है।

द्वारका-लीला

रुक्मिणी-हरण—इस विषय को लेकर गुजराती मे ब्रजभाषा की अपेक्षा कही अधिक काव्य-रचना हुई। १५वी शती मे दोनो भाषाओ मे रुक्मिणी सम्बन्धी किसी स्वतत्र काव्य का निर्माण हुआ हो ऐसा ज्ञात नही होता। किन्तु १६वी शताब्दी में रुक्मिणी-विवाह सम्बन्धी नरसी का एक पद तथा अन्य रचनाएँ प्राप्त होती है। काशीमुत शेधजो तथा फूढ दोनों की 'रुक्मिणीहरण' नामक दो रचनाएँ मिलती है। भालण तथा केशवदास के दशमस्कधो मे वर्णित रुक्मिणी विवाह भी उपेक्षणीय नही है और ब्रजभाषा मे नददास का 'रुक्मिणीमगल' और सूरदास के सूरसागर मे 'श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह' तथा इसी विषय के उनके अन्य स्फुट पद प्राप्त है। १७वी शती के ब्रजभाषा साहित्य मे रुक्मिणी पर एक भी काव्य नही मिलता किन्तु गुजराती मे अनेक है। देवीदास का 'रुक्मिणी-हरण' प्रेमानद के 'रुक्मिणी-हरण ना सलोको और 'रुक्मिणी-हरण कृष्णदास को रुक्मिणी-हरण हमचो या हमचडी' तथा विष्णुदास का इसी नाम का काव्य उल्लेखनीय है। इनके अतिरिक्त इस शती मे प्रेमानद, लक्ष्मीदास आदि ने भी अपने दशमस्कधों के अतर्गत इस प्रसग का वर्णन किया है।

सूर और नंददास ने मूलत भागवत मे दशमस्कध उत्तरार्ध के ५२, ५३, ५४ अध्यायो मे वर्णित कथा का ही अनुसरण किया है किन्तु गुजराती के कवियो ने अन्य पुराणों से भी सहायता ली है। शेध जी ने भागवत के अतिरिक्त हरिवश और विष्णुपुराण का आश्रय लिया है।[२७३] प्रेमानद ने इसमें से प्रथम दो पुराणों के साथ ब्रह्मवैवर्त के श्रीकृष्ण खड का उल्लेख और किया है। विष्णुपुराण का आश्रय उन्होने नही लिया है। रुक्मिणीहरण के रचयिता फूढ तथा इस विषय के उक्त अन्य सभी गुजराती कवियो पर भागवतेतर पुराणों की कथा का प्रभाव है। भालण ने भी अन्य पुराण का आधार स्वीकार किया है—

> 'कही कथा भागवतनी, काई अन्य पुराण'
>
> —दशम०, पृ० २८०

इस प्रभाव को स्पष्टतया परिलक्षित करने के लिए आवश्यक है कि रुक्मिणी-हरण की कथा के विभिन्न अंशों पर पृथक्-पृथक् विचार किया जाय।

१. **कुंडिनपुर**--रुक्मिणी के पिता भीष्मक की राजधानी का नाम पुराणों में कुंडिनपुर ही मिलता है। परन्तु सूर, नंददास तथा भालण ने 'कुंदनपुर' लिखा है और प्रेमानंद ने 'कुंतलपुर'।[२७४] एक स्थल पर प्रेमानंद ने 'कुंदनपुर' भी लिखा है तथा सूर ने भागवतोक्त 'कुंडिनपुर' रूप को भी स्वीकृत किया है।

२. **नारद का हस्तक्षेप**—कुछ कवियों ने कृष्ण के प्रति रुक्मिणी के पूर्वराग का कारण नारद द्वारा उनका गुणगान माना है। भागवत में इसका स्पष्ट उल्लेख नहीं है। सूर ने भी नारद को स्थान नहीं दिया पर नंददास ने 'जब ते तुम्हरे गुनगन मुनिजन नारद गाए' लिखा है। गुजराती के शेध, देवीदास, कृष्णदास तथा प्रेमानंद ने यह कार्य नारद को ही दिया है। प्रेमानंद ने नारद को विवाह करवाने वाले पुरोहित का रूप दे दिया है। भीष्मक उनको श्रीफल के साथ कृष्ण के पास भेजते हैं। वे उन्हें श्रीफल देते हुए रुक्मिणी के प्रेम का वर्णन करते हैं।[२७५]

प्रेमानंद ने नारद का कलहकारी स्वभाव भी दिखाया है। राह में आते हुए नारद रुक्म से मिलते हैं, उसको इस विवाह की सूचना देते हैं और द्रविड देश का राजा कहकर शिशुपाल का गुणगान करने लगते हैं। परिचय में अपने को शिशुपाल के लिए कुंडिनपुर में कन्या खोजने के लिए आया बताते हैं। रुक्म बहिन का विवाह शिशुपाल से करने की स्वीकृति दे देता है। फलतः आगे संघर्ष होता है। इस प्रसंग में नारद का यह रूप किसी पुराण में नहीं है।

३. **कृष्ण के नाम रुक्मणी की पत्री तथा वाहक हरिभट ब्राह्मण**—हरिभट नाम के अतिरिक्त कथा के इस अंश का मूलाधार भागवत ही है। रुक्मिणी किसी 'आप्त द्विज' को बुलाकर 'गुह्य संदेश' भेजती है।[२७६] पत्री का तथा किसी चमत्कारिक ढंग से ब्राह्मण के पहुँचने का उल्लेख वहाँ नहीं है। रुक्मिणी ने 'राक्षसेन विधिनोद्वह' तथा 'कुलदेवियात्रा' कह कर हरण की सारी विधि कृष्ण को बतला दी है। हरिवंश पुराण में कृष्ण ने बलराम से पूछ कर हरण किया।[२७७] विष्णुपुराण में यह प्रसंग अत्यंत संक्षिप्त है। ब्रह्मवैवर्त में द्विज पत्रिका उग्रसेन को देता है।[२७८] ब्राह्मण का नाम हरिभट किसी पुराण में प्राप्त नहीं होता।

हरण-विधि का स्पष्ट उल्लेख न करते हुए भी सूरदास और नंददास ने पाती का स्पष्ट वर्णन किया है। सूर ने 'द्विज पतिया दै कहियो स्यामहिं' के साथ मौखिक संदेश के रूप में 'बाजे शंख जानि हौं साची आयो यादवराय' लिखकर कृष्ण के

बुलाने का सकेत मात्र दे दिया है। नददास ने केवल 'उचित होइ सो करिये' कहा है रुक्मिणी-मगल मे कृष्ण आँखो मे आँसू आ जाने के कारण द्विज से ही पत्रिका पढ़वाते है। हरिभट नाम दोनो मे से कोई नही देता।

गुजराती के प्रेमानद और देवीदास की कृतियो मे हरिभट का स्पष्ट उल्लेख है शेष में नहीं। प्रेमानद ने ब्राह्मण के बुलाने के स्थान पर स्वय रुक्मिणी का उसके घर जाना वर्णित किया है। ब्राह्मण के चमत्कारिक ढंग से पहुँचने का दोनों ने भिन्न भिन्न रूप में वर्णन किया है। शेधजी ने कृष्ण के नद और सुनद नामक दो गणों का, देवीदास ने थक कर सोये हुए ब्राह्मण को कृष्ण कृपा का तथा प्रेम नद ने चार योजन चल कर वृक्ष की छाया मे सोये हुए भूखे ब्राह्मण को कृष्ण की कर्षिणी शक्ति का आश्रय दिलाया है। प्रेमानंद ने हरण-तिथि 'वैशाख सुदी हरिपर्वणि गुरु-वार कृपा अब तणी' का भी उल्लेख किया है। रुक्मिणी की पत्री पाने के पश्चात् शेधजी के कृष्ण उग्रसेन को उसकी सूचना देते हैं—

आनद आणी उठी आने उग्रसेन कने जाय।
बेह पाण्य जोडी शीस नामी पत्र मेहलं पाय ।।२७।।

४. देवी का प्रत्यक्ष प्रकट होना—इस प्रसंग मे सूर ने 'गौरी सुनि मुसकायी' तथा नंददास ने 'ह्वै प्रसन्न अबिका कहति सुनु रुक्मिनि सुदरि' लिखकर देवी की प्रसन्नता का वर्णन किया है। भागवत मे ऐसा कुछ नही है।

गुजराती मे शेध जी ने 'मुद्रिका सहीत कर गह्यो सखी ये जाणे वैष्णवीमाय', 'देवीदास ने नमस्कार करता प्रसन्न थया आशीष अबे दीध' लिखा है किन्तु प्रेमानद ने देवी द्वारा रुक्मिणो को आलिगित करने तथा फिर उनकी सखी बन जाने का भी वर्णन किया है—

हुंतो सहेली रूपे थाऊं।
अंबा रुक्मिणो रस्ता मा रमे। जन जुवे तैने मनगमे।

५. विवाह वर्णन—भागवत मे 'पुरमानीय विधिवदुपयेमे कुरूद्वह' (१०।५५।५३) अर्थात् द्वारका में विवाह के विधिवत् सम्पन्न होने का सकेत भर है। नददास ने भी इसी प्रकार 'विधिवत् कियो विवाह तिहूं पुर मगल गाये' लिखा किन्तु सूरदास ने विवाह का पूर्ण वर्णन किया है। ब्रह्मा द्वारा, इन्द्र की उपस्थिति मे, विवाह सम्पन्न होता है।

गुजराती में शेध जी तथा भालण रुक्मिणी-कृष्ण का पाणिग्रहण गर्गाचार्य द्वारा कराते है।[२७९] परन्तु केशवदास, देवीदास और प्रेमानद ने सूर की भॉति देवताओ द्वारा विवाह कराया है। केशवदास ने देवताओ की उपस्थिति का ही वर्णन किया, देवीदास तथा प्रेमानंद ने ब्रह्मा को रुक्मिणी का पिता तथा सावित्री को माता बनाकर कन्यापक्ष का पूर्ण प्रतिनिधित्व करा दिया है।[२८०] विवाह का यह वर्णन ब्रह्म-वैवर्त पुराण मे है उसमे भी सब देवता सम्मिलित होते है किन्तु विवाह द्वारका मे न होकर कुंडिनपुर मे होता है और कन्यादान भीष्मक स्वयं करते है, ब्रह्मा नही—

भीष्मकः साश्रुनेत्रश्च कन्यां कृष्णे समर्प्य च।

—१०९: ३६

नरसी के एक पद मे, गर्गाचार्य के पुरोहित होने तथा ब्रह्मा के कन्यादान देने, दोनों का वर्णन है—

गर्गाचार्य हाथेवालो मेळव्यो ब्रह्माजी तो दे छे कन्यादान।

—न० कृ० का० पृ० ५२५

कंकण छोड़ना—गुजराती मे देवीदास तथा प्रेमानद ने विवाह के साथ ककण छोडने का भी वर्णन किया है किन्तु ब्रजभाषा में रुक्मिणी विवाह विषयक काव्य मे यह प्रसंग नही है—

देवीदास—दोरडी दशगाठ बाधी छोडे श्रीयदुराय रे।
प्रेमानद—तारे दोरडियो दशगाठ छबीलो दोरडो नव छूटे।

रुक्मिणी की भक्ति-परीक्षा—भागवत दशम के ६०वें अध्याय मे रुक्मिणी-परिणय के बाद के इस प्रसंग का वर्णन है सूरदास ने इसका वर्णन सूरसागर (पृ०७३८) मे किया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने रुक्मिणी द्वारा राधा आदि ब्रज-बालाओं के स्नेह के प्रति जिज्ञासा व्यक्त करायी है जिसका निवारण कृष्ण स्वयं करते है (पृ० ७५३: ५४)।

गुजराती कवियों में भागवतोक्त पहले प्रसंग का वर्णन केशवदास आदि दशम स्कंधकारों में मिल जाता है पर दूसरे का नही मिलता।

उक्त अंशों के अतिरिक्त गुजराती मे प्रेमानंद द्वारा बलराम के साथ नेमिनाथ का युद्ध में भाग लेना, रुक्मिणी से सुभद्रादि का परिहास, तथा ब्रजभाषा मे सूर द्वारा 'गारिका' वर्णन विशेष महत्त्वपूर्ण है।

सुदामा-दारिद्र्य-भंजन—ब्रजभाषा मे इस विषय पर सूरदास, नंददास तथा न ां· ·. ः ने काव्य-रचना की और गुजराती मे दशमस्कधकारों के अतिरिक्त नरसी, कृष्णदास तथा प्रेमानंद ने। नरोत्तम तथा प्रेमानद के सुदामाचरित की कथावस्तु अन्य काव्यो की अपेक्षा अधिक सुगठित और सुसम्बद्ध है। प्रेमानद ने वर्णन मे स्वाभाविकता लाने के लिए अनेक परिवर्धन किये है जो भागवत के सुदामाचरित मे नही है। जैसे द्वारका जाते समय सुदामा से उनके पुत्रो का भोजन लाने का हठ, द्वारका के बालकों का सुदामा पर पत्थर फेकना, कृष्ण की रुक्मिणी आदि पट-रानियो की उपस्थिति, कृष्ण द्वारा सुदामा को प्रत्यक्ष कुछ न दिये जाने पर सत्यभामा की चिता तथा रुक्मिणी का शका निवारण, वृद्ध सुदामा दम्पति का तरुण हो जाना आदि।[२८१]

भागवत मे शैव्या का उल्लेख है रुक्मिणी का नही पर यहाँ सब कवियो ने रुक्मिणी को ही उपस्थित माना है—

देवी पर्यचरच्छैव्या चामरव्यजनेन वै'

—भागवत १०:८०:२३

सुदामा के दारिद्र्य की अतिरजना और कृष्ण की मैत्री के आदर्शीकरण के अतिरिक्त मूल कथा मे किसी कवि ने परिवर्तन नही किया।

कौरवों पांडवों के बीच कृष्ण का दूतत्व—गुजराती काव्य मे इस विषय पर अनेक स्वतत्र आख्यान-काव्य लिखे गये है। भालण और नाकर की 'कृष्णविष्टि तथा भाऊ और फूढ की 'पाडवविष्टि' ऐसी ही कृतियाँ है। इनकी प्रेरणा भागवत न होकर महाभारत है ब्रजभाषा मे इस विषय का कोई भी काव्य उपलब्ध नही होता।

स्यमंतक मणि की कथा तथा कृष्ण के अन्य विवाह—सत्राजित की स्यमतक मणि और उससे सम्बद्ध जाम्बवान अक्रूर आदि की कथा भागवत दशम के ५६, ५७ वे अध्यायो में वर्णित है। इसी मणि के साथ सत्राजित अपनी पुत्री सत्यभामा तथा जाम्बवान अपनी पुत्री जाम्बवती कृष्ण को अर्पित कर देते है।

सूरदास ने दो पदो (पृ० ७३५ ७३६) मे इस कथा का वर्णन किया है। भालण ने कथा के साथ ही दोनो के विवाहो का विस्तृत वर्णन किया है जिसमें भागवत के अतिरिक्त हरिवश आदि पुराणो का भी आधार लिया गया है।[२८२]

सत्यभामा के विवाह का वर्णन ब्रजभाषा मे नहीं है। भागवत के ५८वें अध्याय मे वर्णित कालिन्दी, सत्या, भद्रा, मित्रविन्दा और लक्ष्मणा के विवाह की ओर भी

सूरसागर के एक पद में सकेत किया गया है किन्तु सत्या के स्थान पर वहाँ सीता लिखा मिलता है—

हरि चरननि सीता चित दीन्हों।

—सू० सा०, पृ० ७६३

अन्य गुजराती दशमस्कंधकारों ने भी इन विवाहों का सक्षेप मे ही वर्णन किया है।

सत्यभामा का मान तथा नरकासुर-वध—कृष्णविष्टि की भाँति गुजराती में सत्यभामा के मान के प्रसंग पर 'सत्यभामानु रुसणु' नामक काव्य लिखने की एक परम्परा रही है। मीरा की इसी नाम की कृति (एक दीर्घ पद) तथा भालण के दशम स्कंध के अनेक पद (पृ० ३२५–३२९) इसके उदाहरण है। ब्रजभाषा में केवल सूरदास के एक पद मे इस प्रसंग का सकेत मिलता है।[२८३]

भागवत में नरकासुर-वध के अनन्तर कृष्ण के द्वारा स्वर्ग से पारिजात वृक्ष लाकर सत्यभामा के उद्यान मे स्थापित किये जाने की कथा दी गई है। किन्तु उसमें पारिजात के लिए सत्यभामा के रूठने का लेशमात्र भी इगित नही किया गया है। सत्यभामा के भवन मे इन्द्र आकर वरुण के छत्र तथा अपनी माता के कुडल आदि के अपहरण की शिकायत करके कृष्ण को नरकासुर (भौमासुर) के वध के लिए प्रेरित करते है और कृष्ण सत्यभामा के साथ 'प्राग्ज्योतिषपुर' जाकर उसका वध करते है तथा स्वर्ग से पारिजात लाते है। तत्पश्चात् वे नरकासुर द्वारा अपहृत अनेक राजाओं की सोलह सहस्त्र एक सौ कन्याओ से उतने ही रूप धारण करके विवाह करते है। सूरसागर मे इस प्रसग का भी उल्लेख है (पृ० ७३७) गुजराती कवियों में भालण आदि दशमस्कंधकारों ने तथा शिवदास ने अपने 'नरकासुर नू आख्यान' मे विस्तार से इसका वर्णन किया है।

इस प्रकार सत्यभामा का रूठना और नरकासुर का वध वस्तुत. दो प्रसंग है जो पारिजात वृक्ष के द्वारा आपस में गुम्फित है। जैसा भालण की रचना से स्पष्ट है—

सतभामा ने आगण रोप्यो मुख नी वाचा पाली।
पारिजातक आणी ने श्यामा रीसावी टाली।

—दश० स्कं०, पृ० ३२५

मीरा के 'सत्यभामानु रुसणु' से नरकासुर की कथा का कोई सम्बन्ध ज्ञात नही होता है।

सूरसागर में स्वय कृष्ण ही सत्यभामा के हृदय मे पारिजात की प्रेरणा उत्पन्न करते है। वे 'भक्त भय हरन असुर अतकारी' कृष्ण नरकासुर के बंदीगृह से कन्याओं के उद्धार के लिए ऐसा करते है।

गुजराती कवियो ने पारिजात के लिए सत्यभामा के रूठने के सम्बन्ध में इससे भिन्न कथा दी है। नारद एक पारिजात का वृक्ष द्वारका मे लाते है कृष्ण उसे रुक्मिणी को देते है। सत्यभामा सखी से इस बात को सुनते ही ईर्ष्यालु होकर कौपभवन में चली जाती है। कृष्ण उसे मनाने के लिए स्वर्ग से पारिजात लाकर देते है। मीरा तथा भालण ने यही कथा दी है जो ब्रजभाषा मे नही मिलती।

अन्य विरोधियों का वध—द्वारकावासी कृष्ण वाणासुर, पौड्रक, शिशुपाल, शाल्व और दन्तवक्र आदि का वध करते है। ये भागवत की कथाएँ सूरसागर मे बहुत संक्षेप मे प्राप्त होती है। गुजराती मे भी दशमस्कंधकारो ने कोई विशेषता न दिखाते हुए इनका साधारण रूप मे ही समावेश किया है। भागवत के 'पौड्रक' को सूर ने 'पुडरीक' और भालण ने 'प्रौढक' बना दिया है।[२८४]

बलराम का ब्रजगमन तथा यमुनाकर्षण—भागवत दशम के ६५ वे अध्याय में वर्णित इस कथा के प्रसंग मे सूर ने ब्रजबालाओं के उद्‌गारों का विस्तार से वर्णन किया है जो गुजराती के दशमस्कधकारों ने नही किया।

अन्य प्रसंग—भागवत मे वर्णित नृग-उद्धार, नारद-संशय, देवकी-पुत्र प्राप्ति आदि कुछ और प्रसग भी दोनो भाषाओं की उपर्युक्त कृतियों मे उपलब्ध होते है जिनमें कोई उल्लेखनीय बात नहीं है।

कुरुक्षेत्र में पुनर्मिलन—कुरुक्षेत्र मे सूर्यग्रहण के अवसर पर कृष्ण तथा ब्रजवासियों के पुनर्मिलन का भागवत के ८२वें अध्याय मे वर्णन है और गुजराती दशमस्कंधकारों ने उसी के अनुसार इसे भी चित्रित किया है परन्तु सूरदास ने उसका स्वतत्र वर्णन करके पर्याप्त नवीनता का समावेश कर दिया है।

पहले द्वारका जाते हुए पथिक के प्रति ब्रजबालाओं तथा यशोदा के संदेश का वर्णन है फिर राधा की विरहावस्था विषयक पद है (पृ० ७५०-५४) उसके बाद कृष्ण रुक्मिणी का वार्तालाप है। कृष्ण रुक्मिणी से ब्रजवासियो के स्नेह की प्रशंसा करके अपना दुख प्रकट करते है फिर सभा मे यादवों से परामर्श करके कुरुक्षेत्र पर्व स्नान के लिए जा पहुँचते है। वहाँ से वे एक दूत ब्रज से नंदादि को लेने के लिए भेजते है जो ब्रज आकर नद यशोदा से सदेश कहता है। राधा

इसे सुनते ही रोने लगती है। एक सखी उसे समझाती है। तत्पश्चात् उत्साहपूर्वक सभी ब्रज वासी अपने अपने वाहनो पर कुरुक्षेत्र पहुँचते है। जब रुक्मिणी कृष्ण से पूछती है कि राधा कौन है तो कृष्ण राधा का परिचय देते है। रुक्मिणी राधा को अपने मन्दिर ले जाती है कृष्ण भी वहाँ पहुँचते है फिर राधा माधव का मिलन होता है। इसके बाद कृष्ण ब्रजवासियो से मिलते है (पृ० ७५७ तक)।

भागवत मे न रुक्मिणी-कृष्ण का सवाद है न पथिक द्वारा सदेश भेजने की बात। कृष्ण कोई दूत भी नही भेजते, नदादि स्वयं कृष्ण का कुरुक्षेत्र मे आना सुनकर वहाँ पहुँच जाते है। कृष्ण पहले नंद यशोदा से मिलते है फिर गोपियो से।

सूर ने राधाकृष्ण के मिलन को ही प्रधानता दी है ब्रजवासियो तथा राधा-कृष्ण के पुर्नमिलन का वर्णन ब्रह्मवैवर्त पुराण के कृष्ण जन्म खड के १२६-२७ अध्यायो मे मिलता है परन्तु उसमे अकेले कृष्ण ब्रज जाते है और सबको गोलोक ले जाते है। ब्रह्मवैवर्तकार ने कुरुक्षेत्र मे राधाकृष्ण मिलन नही कराया अतएव सूर द्वारा वर्णित प्रसग या तो स्वकल्पित है या उस पर कुछ कुछ ब्रह्मवैवर्त की छाया मानी जा सकती है। गुजराती के किसी भी दशमस्कधकार ने ऐसा वर्णन नही किया। प्रेमानद का दशमस्कंध तो अपूर्ण ही है।

कृष्ण कथा के अतिरिक्त कृष्ण सम्बन्धी वस्तुओ यमुना, मुरली, ब्रज आदि पर भी स्वतन्त्र रूप से काव्य रचना हुई है।

सिद्धान्त विषयक काव्य—कृष्ण-लीलाओ पर आधारित काव्यों के अतिरिक्त भक्ति तथा सिद्धान्त विषयक काव्य भी रचे गये। इस विषय मे गुजराती मे केवल नरसी के 'भक्तिज्ञाननापदो' उपलब्ध होते है।

ब्रजभाषा मे वल्लभ-सम्प्रदाय मे नंददास की 'सिद्धान्त पंचाध्यायी' सूर आदि अष्टछाप के कवियो के पद, शोभाचद का 'भक्ति विधान'; राधावल्लीय-सम्प्रदाय मे हितहरिवंश, हरिराम व्यास आदि के सिद्धान्त विषयक पद और ध्रुवदास कृत 'भजनसत', भजन शिक्षा, 'वैदकलीला', 'भजनकुंडली', 'ख्यालहुलास', 'जीवदिसा'; निम्बार्क सम्प्रदाय में हरिव्यास तथा परशुराम देव की रचनाएँ तथा हरिदासी सम्प्रदाय के स्वामी हरिदास तथा विहारिन देव के सिद्धान्त के पद पीतांबर देव की सिद्धान्त की साखी, रसिक देव की "भक्तसिद्धान्तमणि" उल्लेखनीय है।

पादटिप्पणियाँ

१ क सूरदास डॉ० ब्रजेश्वर वर्मा पृ० २६३ प्रथम संस्करण

ख. गोकुले मथुरायां च द्वारावत्यां ततः क्रमात् ।
कृष्ण लीला त्रिधा प्रोक्ता तत्तद्भेदैरनेकधा ।।

—श्रीकृष्ण लीला संग्रह श्रीधर कारिका

२ गुजराती—भीम, हरि० षो०, पृ० १३८, नरसी न० कृ० का०, पृ० ४३६, लक्ष्मीदास : दशमस्कंध कडवां ७, प्रेमानन्द श्रीम० भा०, पृ० २४०

ब्रजभाषा—सूरदास सू० सा०, पृ० १२६, १३०, नन्ददास नद० पृ० २०९.

३. भालण—दशमस्कध पृ० १७, १९

४. गुजराती—भालण दशमस्कंध, पृ० १५, केशवदास श्रीकृष्ण लीं० का०, पृ० १६, प्रेमानद : श्रीम० भा०, पृ० २४२,

ब्रजभाषा—नददास नंद० पृ० २१३

५. भा० १० ६ २

६. क. ब्र० वै०, अ० १०

ख. हरिवश . अ० ६३

७. ''सा खेचर्येकदोपेत्य· · ·'' भा० १० : ६ ४

गुजराती—भीम हरि० षो०, पृ० १४२, १४३, नरसी : न० कृ० का०, पृ० ४३४, ५७७, भालण द० स्कं०, पृ० २६, केशवदास . कृ० लीला० का०, पृ० २८, प्रेमानद : श्रीम० भा०, पृ० २४४, २४७

ब्रजभाषा—सूरदास सू० सा०, पृ० १३४, २, नददास नंद०, पृ० २२१; गदाधरभट्ट : श्री० ग० वा०, पृ० २१ .

८ प्रेमानद : श्रीम० भा०, पृ० २४५

९ सू० सा०, पृ० १३५

१०. पद्म पु०, २७२, ८२, ८५; ब्रह्म० पु० १८४, २२, २८, विष्णु० पु०, ७, १, ७

११. फा० सभा० ह० प्र० नं० ३६१

१२. फा० सभा० ह० प्र० न, ३२५

१३ न० कृ० का०, पृ० ४२५

१४ न० कृ० का०, पृ० ४६७

१५. भीम . हरि० षो०, पृ० १४८; भालण . दशमस्कंध पृ० २६; केशवदास . श्रीकृ० ली० का०, पृ० ३३, ३४

१६ गुजराती—नरसी न० कृ० का०, पृ० ४३३, प्रेमानंद श्रीम० भा०, पृ० २४६, शिवदास फा० सभा० ह० प्र० न० ५३ घ., कडवा ७

ब्रजभाषा—सूरदास सू० सा०, पृ० १३६
नंददास नंद०, पृ० २२५, २२६, परमानंद . पृ० १२४, वर्ग ६

१७. ब्रजभाषा—सूरदास सू० सा०, पृ० १३८, नंददास, नंद०, पृ० २२६,
गुजराती—केशवदास : श्रीकृ० ली० का०, पृ० ३४, भालण · दशमस्कंध, पृ० ३१; प्रेमानंद
श्रीम० भा०, पृ० २४९

१८. गुजराती—भालण दशमस्कध, पृ० ३१; प्रेमानद श्रीम० भा०, पृ० २४६,
ब्रजभाषा—सूरदास सू० सा०, पृ० १३८

१९. प्रेमानद श्रीम० भा०, पृ० २५०

२० नंददास नंद०, पृ० २२८

२१ सूरदास सू० सा०, पृ० १८४

२२ नन्ददास . नद०, पृ० २२८

२३. केशवदास श्रीकृ० ली० का०, पृ० ३६; प्रेमानद : श्रीम० भा०, पृ० २५०

२४ प्रेमानद श्रीम० भा०, पृ० २५०

२५ सूरदास सू० सा० पृ० १६५

२६ सूरदास सू० सा० पृ० १६६

२७. नददास नद०, पृ० २३३ २३४

२८. नरसी न० कृ० का०, पृ० २६८; भीम हरि० बो०, पृ० १४६

२९ भालण दशमस्कध, पृ० ३०

३० केशवदास श्रीकृ० ली० का०, पृ० ४७

३१. केशवदास · वही० पृ० ४६

३२. सूरदास सू० सा०, पृ० १६४, १६५, पद २१—२५

३३. सूरदास सू० सा०, पृ० १६४, पद २१

३४. केशवदास . श्रीकृ० ली० का०, पृ० ४०, ४१; परमानंद . हरिरस, फा० सभा० ह० प्र०, पृ० ३२५

३५. ब्रह्मवैवर्त कृ० क० १४ २६, १४:४०, भागवत दशमस्कध, १० २३

३६. प्रेमानंद श्रीम० भा०, पृ० २५७

३७. ब्रह्मवैवर्त कृ० खं० १४ २३ २४, प्रेमानन्द : श्रीम० भा०, पृ० २५६, २५६

३८. प्रेमानन्द : श्रीम० भा०, पृ० २५६, ०५८

३९. सूरदास सू० सा०, पृ० १७६, १७६-७७

४०. सूरदास : सू० सा०, पृ० १८१, १८२

४१. ब्रजभाषा—सूरदास सू० सा०, पृ० १८०
गुजराती—प्रेमानन्द : श्रीम० भा०, पृ८ २५४; भीम : हरि० बो०, पृ० १५०; भालण : दश० स्क०, पृ० ४०

४२. भागवत : १० : १० : २७

४३ सूरदास सू० सा०, पृ० १८१, १८३ १८५

४४. ब्रजभाषा—सूरदास . सू० सा०, पृ० १८४; नददास नंद०, पृ० २२७, तुलसीदास : कृ० गी०, पद, १७,
गुजराती—केशवदास श्रीकृ० ली० का०, पृ० २०, प्रेमानन्द श्रीम० भा०, पृ० २५६

४५ भा० १० ˙ ८ : १

४६ प्रेमानन्द श्रीम० भा०, पृ० २५१

४७ प्रेमानन्द वही

४८ भागवत. १० ८ १२, ब्रह्मवैवर्त कृ० खं० १३ ८१, ८२, ८३, ८५

४६. प्रेमानन्द ˙ श्रीम० भा०, पृ० २५१

५०. प्रेमानन्द वही

५१ ब्रह्मवैवर्त कृ० ख० १३ ४६, प्रेमानन्द ˙ श्रीम० भा०, पृ० २५२

५२ प्रेमानन्द : वही

५३ सूरदास : सू० सा०, पृ० १३६, १४०

५४ सूरदास सू० सा०, पृ० १४०

५५ भागवत १० ७.४, १० ११ : १६

५६ सूरदास सू० सा०, पृ० १४१, वल्लभरसिक: श्रीव० र० वा०, पृ० ७

५७ सूरदास सू० सा०, पृ० १४२

५८ नन्ददास नंद०, पृ० ३८६, बल्लभरसिक : श्रीव० र० वा०, पृ० ७

५६. भागवत १० ८ २१, २६

६० ब्रजभाषा—सूरदास सू० सा०, पृ० १३७, १४३-४६, नन्ददास : नंद०, पृ० २३०,
गुजराती—भालण : दश० स्क०, पृ० ३०, केशवदास श्रीकृ० ली० का०, पृ० ३८, ३६,
प्रेमानन्द : श्रीम० भा०, पृ २५२

६१. ब्रजभाषा—सूरदास सू० सा०, पृ० १४२, पृ० १४३, १४४, नन्ददास नद०, पृ० २३०,
गुजराता—भालण पृ० ३५, केशवदास श्रीकृ० ली० का०, पृ० ३८

६२ नरसी न० कृ० का०, पृ० ४६०, भालण दश० स्क०, पृ० ३६, केशवदास: श्रीकृ० ली० का०, पृ० ३९, प्रेमानन्द : श्रीम० भा०, पृ० २५२

६३. ब्रजभाषा—सूरदास सू० सा०, पृ० १४४, १४८, नन्ददास नद०, पृ० २३१.
गुजराती—नरसीः न० कृ० का०. पृ० २६६; भालण अ० कृ० द० स्क०, पृ० ३०; प्रेमानन्द: श्रीम० भा०, पृ० २५२

६४ ब्रजभाषा—सूतदास सू० सा०, पृ० १४७
गुजराती—नरसी : न० कृ०, पृ० ४५८, ४५६, केशवदास . श्रीकृ० ली० का०, पृ० ४०

६५. सूरदास . सू० सा०, पृ० १३६, भालण द० स्क०, पृ० ३३

६६ भागवत १० . ८ ३१, भालण : द० स्क०, पृ० ३८, प्रेमानन्द. श्रीम० भा०, पृ० २५३

६७. ब्रजभाषा—सूरदास . सू० सा०, पृ० १४६,
गुजराती—नरसी : न० कृ पृ० ५०२ ५०३, भालण द० स्क०, पृ० ३८, प्रेमानन्द : श्रीम० भा०, पृ० २५५

६८ सूरदाम : सू० सा०, पृ० १५३

६९ भालण द० स्क०, पृ० १५३

७० नरसी न० कृ० का०, पृ० ४६१, ४६६, ४६७

७१ हिम्स ऑफ द आलवार्स—जे० एस० एम हूपर

७२. वही

७३ ब्रजभाषा—सूरदास : सू० सा०, पृ० १५५ ५६,
गुजराती—नरसी : न० कृ० का०, पृ० ४५८, ४६२

७४ सूरदास · सू० सा०, पृ० १५७, १३३, १३७

७५. नरसी न० कृ० का०, पृ० ४६२, ४६५, भालण दश० स्क०, पृ० ३४

७६. सूरदास . सू० सा०, पृ० १६२, १८८

७७. सूरदास · वही० पृ० १६३

७८ ब्रजभाषा—सूरदास वही०, पृ० १६०,
गुजराती—भालण दश० स्क०, पृ० ३०, केशवदास . श्रीकृ० ली० का०, पृ० ३६

७९. ब्रह्मवैवर्त : अ० १४ श्लोक २. ४; बालचरित· तृतीय अक

८० भागवत १० ८ २९, ३०; १० १० ८

८१. सूरदास (अ) सू० सा०, पृ० १६६, १६७, (आ) वही०, पृ० १६७, १७०, (इ) वही०, पृ० १६८, (ई) वही०, पृ० १६९, (उ) वही०, पृ० १७२, (ऊ) वही०, पृ० १७३, (ए) वही०, पृ० १७६

८२ ब्रजभाषा—नन्ददास : मद०, पृ० २३१ २३३, तुलसीदास : कृ० गी०, पद ६, ४,
गुजराती—नरसी न० कृ० का०, पृ० ४६१, ५८१ ८२, भालण : द० स्क०, पृ० ३७,
केशवदास श्रीकृ० ली० का०, पृ० ५४ प्रेमानद : श्रीम० भा०, पृ० २५३, २५४

८३. ब्रजभाषा—तुलसीदास कृ० गी० पद १३,
गुजराती—भालण · द० स्कं०, पृ० ५०

८४ सूरदास . सू० सा०, पृ० १८८

८५. नरसी . न० कृ० का०, पृ० ५८२-८३

८६ ब्रजभाषा—सूरदास सू० सा०, पृ. १२८, नन्ददास : नंद०, पृ० २४५
गुजराती—भालण द० स्क०, पृ० ५४, केशवदास · श्रीकृ० ली० का०, पृ० ५४,
प्रेमानन्द · न० कृ० का०, पृ० २५६, २६०

८७. कृष्ण प्रौबलेम : ८, दि न्यू सैटलमैन्ट हरिवंशपुराण अध्याय ६५, ६६

८८ देखिए उद्धरण ८६, सूरदास तथा प्रेमानन्द

८९. प्रेमानन्द : श्रीम० भा०, पृ० २६०

९०. नरसी : न० कृ० का०, पृ० ४३४

९१ सुरदास · सू० सा०, पृ० १९०

९२. गुजराती—प्रेमानन्द श्रीम० भा०, पृ० २६१, २६२, भालण : द० स्कं०, पृ० ५५
ब्रजभाषा—नन्ददास . नद, पृ० २४७

९३ भागवत : १० · १२ . १४

९४ ब्रजभाषा—सूरदास · सू० सा०, पृ० १९२, नन्ददास : नंद० पृ० २५०, २५१
गुजराती—नरसी : न० कृ० का० पृ० ४३४, भालण : द० स्क०, पृ० ५९, प्रेमानन्द : श्रीम० भा०, पृ० २६२, २६३

९५. सूरदास · सू० सा०, पृ० १९२, १९३, १९७, १९९, २०२

९६. सूरदास वही०, पृ० २९९

९७ भालण : द० स्कं०, पृ० ५८

९८ प्रेमानन्द श्रीम० भा० पृ० २६४

९९ नरसी न० कृ० का० पृ० ४१४, ५८०-८१

१०० कृष्ण प्राबलेम ८, क ६, भागवत १० १५ ३१, ३२, ब्रह्मवैवर्त ४ २२ २९, ३०

१०१. भालण : द० स्कं०, पृ० ६८

१०२. गुजराती—केशवदास · श्रीकृ० ली० का०, पृ० ७०,
ब्रजभाषा—सूरदास : सू० सा०, पृ० २१२, नन्ददास नद. पृ० २७२

१०३. सूरदास सू० सा०, पृ० २१५-२१६

१०४. सूरदास वही०, पृ० २१७, २१८

१०५ प्रेमानद . श्रीम० भा०, पृ० २६९-२७०

१०६. ब्रजभाषा—सूरदास . सू० सा०, पृ० २२०
गुजराती—प्रेमानंद : श्रीम० भा०, पृ० २७० ७१; नरसी न० कृ० का०, पृ० ४६३, ४६४

१०७ ब्रजभाषा—सूरदास . सू० सा०, पृ० २२०
गुजराती—प्रेमानंद : श्रीम० भा०, पृ० २७२

१०८. सूरदास : सू० सा०, पृ० २२४-२२५

१०९. भागवत · १० . १८ : ३०, ब्रह्मवैवर्त . कृ० खं० ४:१४, १५, १६

११० सूरदास सू० सा०, पृ० २३३

१११. ब्रजभाषा—सूरदास . सू० सा०, पृ० २३४
गुजराती—प्रेमानंद श्रीम० भा०, पृ० २७

११२. नरसी . न० कृ० का० पृ० ४३४

११३. कीकुवसही : बालचरित्र, फा० सभा० ह० प्र० न० २१५

११४. भागवत . १० १७ : २५, १० १९ : १२, ब्रह्मवैवर्त कृ० खं० ४ : १९ · १७९

११५. सूरदास · सू० सा०, पृ० २३१, नंददास . नंद, पृ० २८०, २८१

११६. ब्रजभाषा—सूरदास . सू० सा०, पृ० २३२
गुजराती—प्रेमानंद · श्रीम० भा०, पृ० २७४, नरसी : न० कृ० का०, पृ० ४३४

११७. प्रेमानंद श्रीम० भा०, २७५, २७६

११८. सूरदास : सू० सा०, पृ० २६६-२६८, २९०, २९९, २७२, २७७
भागवत . १० . २४ . २५, १० : २५ . २, १० . २७ : १,२

११९. प्रेमानंद : श्रीम० भा०, पृ० २८२-२८४
१२०. प्रेमानंद . वही, पृ० २८४
१२१. भागवत : १० : २५ १९, ब्रह्मवैवर्त ४ २१ ६४
ब्रजभाषा—सूरदास सू० सा०, पृ० २७५, नंददास नंद०, पृ० ३१०
गुजराती—नरसी न० कृ० का०, पृ० ४६३, भालण दश० स्क०, पृ० ८६, केशवदास : श्रीकृ० का०, पृ० ९१, प्रेमानंद : श्रीम० भा०, पृ० २८४
१२२. नरसी : न० कृ० का०, पृ० ३६५
१२३. नंददास : नंद०, पृ० ३१८, सूरदास : सू० सा०, पृ० २६६
१२४. भागवत : १० ३७ : १
१२५ सूरदास · सू० सा०, पृ० ५२६, ५३४, ५४३, ५४४, ५४५
१२६ प्रेमानंद : श्रीम० भा०, पृ० २९८, २९९, ३००
१२७. सूरदास सू० सा०, पृ० २३४
१२८ गुजराती—भालण · दशम० स्क०, पृ० ५६, ५९, ६०, प्रेमानंद श्रीम० भा०, पृ० २७५;
प्रेमानंद श्रीम० भा०, पृ० २६८
ब्रजभाषा—सूरदास सू० सा०, पृ० २३४
१२९. ब्रजभाषा—सूरदास सू० सा०, पृ० २५२
गुजराती—भालण : दश० स्क० पृ० ८०
१३०. भागवत : १० : २२ : ९
ब्रह्मवैवर्त ४ : २७ ६३
सूरदास : सू० सा०, पृ० २५४
१३१. भालण : दश० स्क०, पृ० ७६, फागु : फा० हु० प्र० नं० २६१, प्रेमानंद : श्रीम० भा० पृ० २७८
१३२. फागु : फा० हु० प्र०, न० ३६१
१३३. सूरदास · सू० सा०, पृ० २६५
१३४. प्रेमानंद · श्रीम० भा०, पृ० २२१
१३५. ब्रह्मवैवर्त पुराण ४ ६ : २२४, २२५, २२८, वही, ४ : ३ : १०४
१३६ उज्ज्वलनीलमणि : राधाप्रकरण, श्लो० ४५
१३७ सूरदास · सू० सा०, पृ० २४२, नंददास नंद०, पृ० ३३०, माधवदास : माधुरी वाणी पृ० ९४, हरिराम व्यास व्यासवाणी, उत्त० पृ० ४४२ ४५३
१३८ ब्रह्मवैवर्त पुराण ४ २ · ६१
१३९ सूरदास सू० सा०, पृ० २०४, २०७, २०८, २०९
१४०. सूरदास · वही, पृ० २०६
१४१ नरसी न० कृ० का०, पृ० २७०, ३१७, ४१७, ५०४, ५८२
१४२ ध्रुवदास ब्रजलीला, पृ० १०, १२, ३४, ३८, ४२

१४३. ध्रुवदास वही, पृ० १५३, १६०, १६६, १७०

१४४ सूरदास सू० सा०, पृ० ५१८

१४५. नददास नद०, पृ० ४२०

१४६ नरसी न० कृ० का०, पृ० २२९, २३८, २४३

१४७. ब्रह्मवैवर्त पुराण ४ ६९ ४७, ५४

१४८ नददास 'श्याम सगाई', पृ० ११७, ११८, १२१

१४९. सूरदास . सू० सा०, पृ० २४५, ४६, २४८

१५०. केशवदास श्रीकृ० ली० का०, पृ० १०६, १०८

१५१. जयदेव गीतगोविन्द, चतुर्थ सर्ग

१५२ सूरदास सू० सा०, पृ० २४२, २४३, २४५

१५३. सूरदास वही, पृ० ३७२, ३७४

१५४, सूरदास · वही, पृ० ३५९, हितहरिवंश हितचोरासी, पद सख्या १३

१५५ सूरदास . सू० सा०, पृ० ४०३, ४०४, ४०५, सूरदास वही, पृ० २५७, २५८, २६०, २६१

१५६. नंददास नद, पृ० ४०५, हरिराम व्यासवाणी, उक्त०, पृ० ५०९-५१०

१५७. मीरा मी० प०, पृ० ५९, ६०, नरसी न० कृ० का०, पृ० ३५२, २७१, ३३६

१५८ गाथा सप्तशती १ ८९

गौडवहो. श्लो० २२

ब्रह्मवैवर्त पुराण : कृ० ख० १५ १४९ ५८ · ७१ · २८ ७५

गीतगोविन्द द्वादश सर्ग

१५९. ध्रुवदास · हितसिंगार लीला, पद ११, हरिदास नि० मा०, पृ० २१९

१६०. श्रीभट्ट नि० मा०, पृ० १८, माधवदास वंशीवट माधुरी, पृ० ३४

१६१ सूरदास सू० सा०, पृ० ५६७, ५७०

१६२. गुजराती—नरसी . न० कृ० का०, पृ० ५०, २२१

ब्रजभाषा—सूरदास सू० सा०, पृ० ५४८

१६३ गुजराती—नरसी न० कृ० का०, पृ० ४५३

ब्रजभाषा—सूरदास सू० सा०, पृ० ५३४

१६४ ब्रजभाषा -सूरदास . वही, पृ० ५२४-२५

गुजराती—नरसी : न० कृ० का०, पृ० ४५४

१६५ सूरदास सू० सा० पृ० ५२५, ५२८-२९

१६६ ब्रजभाषा—सूरदास वही, पृ० ५२६

गुजराती—नरसी न० कृ० का०, पृ० ४४२

१६७ गुजराती—नरसी वही, पृ० १४१, ५३७, ११८; वासणदास चुम्राचरा, ६

ब्रजभाषा—सूरदास · सू० सा०, पृ० ५४८; नंददास नंद, पृ० १५७

१६८. हरिराम : व्यास, पृ० ११; ध्रुवदास बृन्दावन सत, छद ११, १४

१६९ माधवदास . माधुरीवाणी, पृ० ६३, ६४, ६०

१७० केशवदास वैष्णव मथुरालीला, पृ० २३

१७१. नददास नद, पृ० १६, १९

१७२. ध्रुवदास रसहीरावली, छद ७६

१७३ गुजराती—नरसी न० कृ० का०, पृ० ५२४; प्रेमानद 'मास' पद' १२; रत्नेश्वर : बृ० का० दो०, भाग ६, पृ० ८०२—३

ब्रजभाषा—नंददास नद, पृ० २८

१७४. नरसी न० कृ० का०, पृ० ५२५, प्रेमानद प्रेमानद कृत 'मास,' पद ६५; रत्नेश्वर : बृ० का० दो०, भाग ६, पृ० ८०७

१७५ नरसी न० कृ० का०, पृ० १५५, १५६

१७६. नरसी न० कृ० का०, पृ० १४०, १४२, २६१

१७७ भालण दशमस्कध, पृ० १०६

१७८ सूरदास सू० सा०, पृ० ४६३, ४६४; ध्रुवदास मानलीला, २, ३; माधवदास : मान माधुरी, छद, ३१, हरिवश · हि० चौ० पद, ७

१७९ सूरदास सू० सा०, पृ० ४६४, ४६६, ४८४, ४९१, ५१५, ध्रुवदास . मानलीला, छद ८

१८० माधवदास मान माधुरी, छद ३३, ३४

१८१. सूरदास सू० सा०, पृ० ४७२, ४७३, ४७५, ४९८

१८२ नरसी न० कृ० का०, पृ० २९०, भालण . द० स्क०, पृ० १०९

१८३. ब्रजभाषा—सूरदास सू० सा०, पृ० ४९५

गुजराती—नरसी न० कृ० का०, पृ० १४६

१८४ सूरदास सू० सा०, पद ६८७३

१८५. सूरदास वही, पद ६० ६९, पृ० ५१८ ५२०

१८६ 'भास, ए स्टडी': ए० डी० पुसालकर, बालचरित अक तृतीय

हरिवश . ' · हरिवशे विष्णुपर्वणि हल्लीषक्रीडने सप्तसप्तमोध्यायः'

१८७. इन्डियन कल्चर, ग्रन्थ ४, पृ० २६८ ६९

१८८. हेमचन्द्र अभिधानः मडलेन तु यन्नृत्य स्त्रीणां हल्लीषस्तुतत्

श्रीधर' स्त्रीषु सां गायतां मडलीरुपेण भ्रमतां नृत्य विनोदो रासो नाम'

—इन्डियन कल्चर, ग्रन्थ ४, पृ० २६९

१८९ भास' बालचरित, अंक ३

१९० बालचरित, अंक ३

हरिवश . विष्णु पर्व, अ० १० श्लो० १८

ब्रह्मपुराण: अ० ११८, श्लो० १५

विष्णुपुराण: पचमांश, अ० १३ श्लो० १७

१९१. भागवत दश० स्क०, अ० ३३ श्लो०

बालचरित: अ० ३

१९२. ब्रह्मपुराण: अ० ११८

१९३. राससहस्रपदी: पद १ ८, ७६, ७७, १०६ न० कृ० का०, पृ० १८५, ४०३

१९४ सूरदास सू० सा०, पृ० ४३६

१९५. गीतगोविन्द प्रथम सर्ग, अन्तिम श्लोक

१९६ भालण दश० स्क०, पृ० १२२, १२५ २६

१९७. परमानंद हरिरस, फार्ब० हु० प्र० न० ३२५

ब्रह्मवैवर्त पुराण: कृष्णजन्मखण्ड, अ० २८, श्लोक ६०

१९८. गुजराती—नरसी न० कृ० का०, पृ० १८८, ४०५, ४०८, वासणदास श्री वृंदा० रा० रास०, ११६-११८

व्रजभाषा—सूरदास सू० सा०, पृ० ४३६ ४४७; नंददास नद० प्र०, पृ० १७६; हरिवश . हितचौरासी, पद ७१ हि० सै० पृ० ३६, गदाधरभट्ट श्री गदा० वा० पृ० ३८, श्रीभट्ट नि० भा०, पृ० १०, हरिव्यास वही, पृ० ५२; माधव दास मा० वा०, पृ० ४

१९९. ब्रह्मवैवर्त पुराण: कृष्ण जन्म खंड अ० १५ पृ० ५०२-३

२०० सूरदास . सू० सा० पृ० ४४१-४२, ४४४; गदाधर भट्ट गदाधर वाणी, पृ० ३६ ४०, ४६

२०१. ध्रुवदास मंडल सभा सिंगार, पृ० १२८, १५०, १५२

२०२. नरसी न० कृ० का० पृ० ४०८

२०३ नरसी न० कृ० का०, पृ० २५३, न० कृ० का०, पृ० ४१७, २५७

२०४. नरसी एस० सी० जी० एल० ग्रन्थ १, पृ० २०८, वासणदास . श्रीवृं० रास० छंद १०३

२०५. संशोधनने मार्गे, पृ० १३२

२०६ नरसी . न० कृ० का०, पृ० ६००; वासणदास श्री कृ० वृं द० रास ८८, ९२

२०७ सूरदास . सू० सा०, ४४६, हितहरिवश · हि० चौ० पद ६२, हरिव्यास नि० भा० पृ० ५२; गदाधर · गदा० वा० . ३४

२०८. गुजराती—नरसी न० कृ० का०, पृ० १६५, ४०४, ५०९; भालण दश० स्क०, पृ० ११६, ११७; प्रेमानद · श्रीम० भा०, पृ० २०८, २६४, वासणदास श्रीवृं० रास ९३

व्रजभाषा—सूरदास सू० सा०, पृ० ४३०, ४५४, हरिराम व्यास : व्या० वा०, पृ० ४५७, ४६०; नंददास नद०, पृ० १७६; हितहरिवंश : हि० चौ०, पद ७१; हरि व्यास : नि० भा०, पृ० ५२; ध्रुवदास मं० स० सि०; माधवदास : मा० वा० २६२

२०९ ब्रह्मवैवर्त . कृ० खं०, अ० ५२

२१० विद्यापति विद्यापति पदावली, पृ० २४३

२११. नर्यर्षि फागु, छंद १६ १७ २८

२१२. केशवदास श्रीकृ० ली० का०, पृ० ११२, ११४

२१३. सूरदास . सू० सा०, पृ० ४६०

२१४. सूरदास : सू० सा०, पृ० ४५९

२१५. क. नर्यषि फागु० काव्य, २, ४१, ६१

ख नरसी: न० कृ० का०, पृ० ७६

२१६. ब्रह्मपुराण अ० ११८; विष्णुपुराण पंचमांश, अ० १३

२१७. भागवत स्क० १०, अ० २८, श्लो० १८, वही, स्क० १०, अ० २६, श्लो० ४०

२१८ जयदेव : गीतगोविन्द, ५ ११ २ 'नाम समेतं ·;' विद्यापति पदावली १

२१९. सूरदास सू० सा०, पृ० ४३०, ४५७, नंददास नंद० प्र०, पृ० १६०; हितहरिवंश : हि० चौ०, पद ३६; गदाधर भट्ट श्रीगदा० वा०, पृ० ३५, श्रीभट्ट : नि० मा०, पृ० ६; मीरां : मी० पदावली, पृ० ५८

२२० नरसी न० कृ०, पृ० १६३, १६५, केशवदास श्रीकृ० ली० का०, पृ० ९३, ९४; भालण : दश० स्कं०, पृ० ११६; प्रेमानद श्रीम० भा०, पृ० २८८

२२१ ब्रजभाषा—सूरदास : सू० सा०, पृ० ४३३, ४३५; नंददास नंद० प्र०, पृ० १६३

गुजराती—नरसी न०, पृ० २१४, पद १७०, १७१, भालण . दश० स्कं०, पृ० ११६, ११७

केशवदास : श्रीकृ० ली० का०, पृ० ९४, ९५

२२२ भागवत १० २९ ४८ १० ३० ३८

२२३ ब्रह्मवैवर्त कृ० ख० २९ · १२ : ५२ ४

२२४. सूरदास सू० सा०, पृ० ४४८

२२५ नर्यषि फा० सभा० ह० प्र०, नं० ५२, नरसी न० कृ० का, पृ० १६५, वासणदास · श्री बृ० रा० छद १०८; प्रेमानद श्रीम० भा०, पृ० २९०, २९१

२२६. भागवत १० ३० १४, २३

२२७. नंददास नंद०, पृ० १६९

२२८. नरसी न० कृ० का०, पृ० १९९; केशवदास श्रीकृ० ली० का०, पृ० ९७; प्रेमानंद : श्रीम० भा०, पृ० २९०

२२९. ब्रजभाषा—सूरदास सू० सा०, पृ० ४४९; नंददास नद० प्र०, पृ० १६९

गुजराती—केशवदास श्रीकृ० क्री० का०, पृ० ९८, नरसी न० कृ० पृ० १७८; प्रेमानंद : श्रीम० भा०, पृ० २९१

२३०. नददास · नद० प्र०, पृ० १७१

२३१. हरिदास नि० मा०, पृ० २१५, २१६, हरिव्यास देव वही, पृ० ४४, ५१, ५२, सूरदास : सू० सा०, पृ० ४४६

२३२. नरसी न० कृ० का०, पृ० १९८

२३३ सूरदास सू० सा०, पृ० ४५६, ४५७, ४३७

२३४ भीम हरि० षो०, पृ० १५४; नरसी . न० कृ० का०, पृ० १८४; केशवदास श्रीकृ० ली० का०, पृ० १०१

२३५. प्रेमानंद . श्रीम० भा०, पृ० २९४

२३६ नरसी . न० कृ० का०, पृ० १८५; हितहरिवश . हि० चौ० पद, ७१

२३७ भागवत कृ० ख० २८ ८०

२३८. सूरदास सू० सा०, पृ० ४५४, ४५५; नददास नद०, पृ० १८०; श्रीभट्ट नि० मा०; पृ० १८; ध्रुवदास मं० स० सि० छंद १६१

२३९. माधवदास मा० वा०, पृ० २५, ४०

२४०. नर्यषि फागु, पद ६०; नरसी न० कृ० का०, पृ० १६४

२४१. गुजराती—वासणदास : श्रीवृ० रास, पद ११७; प्रेमानन्द श्रीम० भा०, पृ० २६४, नरसी · न० कृ० का०, पृ० २०५

ब्रजभाषा—सूरदास · सू० सा०, पृ० ४४५, ४४६, ४५६; नन्ददास नद, पृ० १७९, माधव दास मा० वा०, पृ० ४५

२४२. नरसी न० कृ० का०, पृ० १८२, २०२, २१५, ४६८, ४१८, ४२७

२४३. नरसी वही, पृ० ४२७

२४४. एस० सी० जी० एल०: पु० १, पृ० २०७ तारापोरवाला

२४५ न० कृ० का०, पृ० २१८, १६, २६१, ६०५

२४६. वही, पृ० ५३७

२४७. ब्रह्मवैवर्त अ० २८ श्लो० १०४

२४८. न० कृ० का०, पृ० ७२

२४९ ध्रुवदास म० स० सि०, छद १०८, १८२, १८४; नृत्य विलास, छंद १८, १६, २२, ३

२५० नरसी न० कृ० का०, पृ० ६२, ६३, ६५, ६९, ७२, ८१, ८३, ८४

२५१ ब्रजभाषा—सूरदास सू० सा०, पृ० ५७३, ५७४, ५७६

गुजराती—प्रेमानन्द श्रीम० भा०, पृ० ३०२

२५२ सूरदास सू० सा०, पृ० ५८७

२५३ प्रेमानन्द श्रीम० भा०, दश० स्क०, पृ० ३०५

२५४. बजभाषा—सूरदास · सू० सा०, पृ० ५६०

गुजराती—प्रेमानन्द श्रीम० भा०, दश० स्क०, पृ० ३०८

२५५ भागवत १० ४१ ४२

२५६ भागवत · १० ४१ ४३

ब्रजभाषा—सूरदास सू० सा०, पृ० २६२

गुजराती—प्रेमानन्द श्रीम० भा० द० स्क०, पृ० ३०८; भालण द० स्कं० १५६

२५७ ब्रह्मवैवर्त पुराण : कृ० ख०, ७३, ७६, ३०, ३१

गुजराती—प्रेमानन्द श्रीम० भा० द० स्क०, पृ० ३०८, ३०९

ब्रजभाषा—सूरदास · सू० सा०, पृ० ६०२

२५८ सूरदास : सू० सा०, पृ० ५९२

२५९· ब्रजभाषा—सूरदास वही, पृ० ५९३ ९४

गुजराती—प्रेमानन्द . श्रीम० भा० द० स्कं० पृ० ३१२

२६०. भागवत १० ४८ २८, २७

केशवदास श्रीकृ० ली० का०, पृ० १३७; प्रेमानन्द श्रीम० भा०, द० स्कं०, पृ० ३१३

२६१ सूरदास सू० सा०, पृ० ६१२, ६१४

२६०. प्रेमानन्द श्रीम० भा० द० स्क०, पृ० ३१६, ३२०

२६३. ब्रजभाषा—सूरदास सू० सा०, पृ० ६३० ६४०

गजराती—ब्रेहदेव बृ० का० दो० भाग १ प्रति नवीन, पृ० ६६२

२६४ भालरा दश० स्क०, पृ० २१०-२११, नाकर बडौदा, हु० प्र०, न ६००

२६५. भागवत १० ४७ ११

२६६ ब्रजभाषा—सूरदास सू० सा०, पृ० ६५०, नन्ददास नद०, पृ० १३४

गुजराती—प्रेमानन्द बृ० का० दो०, भाग ३, पृ० १७६, ब्रेहदेव : बृ० का० दो०, भाग १, पृ० ६६६

२६७. भागवत १० ४७, ३६, २५, ५९, ५८

२६८ ब्रजभाषा—सूरदास सू० सा०, पृ० ६५५, ६५६, ६६६

गुजराती—ब्रेहदेव ब्र० का० प्र० पृ० ६७३, प्रेमानन्द बृ० का० दो० तृतीय, पृ० १७७

भीम बृ० का० सप्तम, पृ० ६९८

२६९. भागवत १० ४७ १२, ४२, ४३, १५, २०

२७०. गुजराती—नरसी न० कृ० का०, पृ० २८२, ४१५, भालरा श्रीम० भा० द० स्कं०, पृ० २१५

प्रेमानन्द भ्रमर पच्चीशी, पद १५

ब्रजभाषा—सूरदास सू० सा०, पृ० ६६५, नन्दास नंद० पृ० १३७

२७१ प्रेमानंद श्रीकृ० ली० का० द० स्क० पृ० ३३४

२७२. सूरदास सू० सा०, पृ० ७२७ ७२८

२७३ शेध रुक्मिणी हरण, पद, १३, १४, प्रेमान द रुक्मिणी हरण

२७४. भागवत १० ५३ ७

हारवश भाषा ६० १

गुजराती—प्रेमान द रुक्मिणी हरण, पृ० ३४६; भालरा · द० स्क०, पृ० २५८

ब्रजभाषा—सूरदास सू० सा०, पृ० ७२७, ७३०, ७३१, न ददास रुक्मिणी मगल, नद०, पृ० १४८

२७५ प्रेमान द रुक्मिणी हरण, २ ६, १३ १८

२७६ भागवत १० ५२ २६, ४४

२७७ हरिवश भाषा ५९ ४३

२७८ ब्रह्मवैवत पुराण १०५ ६५, ६७

२७९ भालरा द० स्कं०, पृ० २७९; शेधजी . रुक्मिणी हरण

२८०. केशवदास श्रीकृ० ली० का०, पृ० १९०

२८१ प्रेमानंद बृ० का० दो० भाग १, पृ० २४५, २४६, २४७, २५५, २५७

।

२८२. भालण द० स्कं०, पृ० २८४-२८५

२८३. सूरदास · सू० सा०, पृ० ७३७

२८४. भागवत · १० . ६६ . १६

ब्रजभाषा—सूरदास : सू० सा०, पृ० ६४१

गुजराती—भालण द० स्कं०, पृ० ३५६

३

सिद्धान्त पक्ष

आलोच्य काल का प्रायः समस्त ब्रजभाषा-काव्य विभिन्न भक्ति-सम्प्रदायों की छाया मे पल्लवित हुआ किन्तु गुजराती-काव्य का विकास स्वतत्र रूप से हुआ। उस पर स्पष्टतया किसी सम्प्रदाय विशेष का प्रभुत्व प्रतीत नही होता। सम्प्रदाय और उसके अनुयायी कवियों मे अगागि भाव रहता है, सर्वथा अभेद नही। अतएव सम्प्रदाय की दार्शनिक मान्यताओं मे तथा कवियों द्वारा व्यक्त सिद्धान्तों मे समानता के साथ कही कही असमानता भी प्राप्त होती है। काव्य सम्प्रदाय के सिद्धान्तों से अनुप्राणित अवश्य रहा है, परन्तु सर्वत्र सर्वथा अनुयायी नही, जो आचार्य और कवि के व्यक्तित्व की भिन्नता का परिणाम है। बहुत से कवि ऐसे है जिन्होंने मान्यताओ के आग्रह को दृढता के साथ ग्रहण किया है और अनेक ऐसे भी है जो या तो सिद्धान्त पक्ष से उदासीन है या अशत स्वतत्र। उपर्युक्त तथ्य को ध्यान मे रखते हुए प्रस्तुत अध्ययन मे काव्य मे व्यक्त सिद्धान्तों को प्रधानता दी गयी है और साम्प्रदायिक दार्शनिक मान्यताओ को काव्य गत सैद्धान्तिक विचारो की व्याख्या अथवा विश्लेषण मे सहायक माना गया है।

ब्रजभाषा की अपेक्षा गुजराती मे दार्शनिक एवं सैद्धान्तिक पक्ष की ओर बहुत कम कवियों का ध्यान आकर्षित हुआ है। एक मात्र नरसी ने इस विषय में विशेष पद-रचना की है। अन्य कवियों ने प्रायः प्रसंगवश सिद्धान्तो का निर्देश यत्र तत्र कर दिया है। ब्रज भाषा मे वल्लभीय, राधावल्लभीय तथा निम्बार्क सम्प्रदाय के अनेक कवि इस विषय में सचेत रहे है। गौडीय सम्प्रदाय के कवियो में अवश्य विशेष सामग्री प्राप्त नही होती। सिद्धान्त सम्बन्धी काव्य ग्रन्थों का परिचय वस्तु विश्लेषण के प्रसंग में दिया जा चुका है।

सिद्धान्त पक्ष के समस्त विस्तार को निम्नलिखित विषयों में विभाजित कर लेने से विवेचन में सुगमता रहेगी—

१. ब्रह्म	२. जीव
३. जगत	४. माया
५. मोक्ष	६. भक्ति

ब्रह्म

कृष्ण का ब्रह्मरूप मे ग्रहण गीता, गोपालपूर्वतापनीय, उपनिषद्, भागवत तथा ब्रह्मवैवर्तादि पुराणो मे सर्वत्र किया गया है । गीता मे कृष्ण तथा ब्रह्म मे नितात अभेद है । कृष्ण ने जो भी ज्ञान अर्जुन को दिया वह सब ब्रह्म रूप मे स्थित होकर दिया है । अर्जुन भी कृष्ण को परब्रह्म कह कर सम्बोधित करते है—

परं ब्रह्म परं धाम पवित्रं परमं भवान् ।

—गीता, अ० १०, श्लो० १२

गोपालपूर्वतापनीय उपनिषद् का भी प्रतिपाद्य कृष्ण का ब्रह्मत्व ही है—

तयोरैक्यं परं ब्रह्म कृष्ण इत्यभिधीयते ।

—कल्याण, उप० अंक०, पृ० ५५१

भागवत ने कृष्ण को स्वयं भगवान् के रूप मे 'एते चांशकला' पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयं' (१:३:२८) लिखकर स्वीकार किया और भगवान्, परमात्मा तथा ब्रह्म को एक ही अर्थ का बोधक बताते हुए उससे पूर्व ही लिख दिया है—

वदन्ति तत्तत्वविदस्तत्त्वं यज्ज्ञानमद्वयम् ।
ब्रह्मेति परमात्मेति भगवानमिति शब्द्यते ।

—१:२:११

इस प्रकार भगवान् कृष्ण ही ब्रह्म स्वीकृत हुए । ब्रह्मवैवर्तकार ने भी भागवत की इस मान्यता को ज्यो का त्यो ग्रहण करते हुए कृष्ण को पूर्ण ब्रह्म माना—

१. एते चांशाः कलाश्चान्ये संत्येव कतिधा मुने ।

—कृष्ण जन्म खड, अ० ९, श्लो० १२

२. भज सत्यं परं ब्रह्म राधेशं त्रिगुणात्परम् ।

—वही, अ० १३३. श्लो० ७२

निम्बार्क, चैतन्य तथा वल्लभ द्वारा दार्शनिकतया कृष्ण के इस ब्रह्मत्व का पूर्ण समर्थन हुआ और साम्प्रदायिक ग्रंथों मे इस विषय का पर्याप्त विस्तार किया गया जिसका परिणाम यह हुआ कि आलोच्य काल मे दोनों भाषाओं के प्रायः समस्त कवियों ने कृष्ण को परब्रह्म के रूप में स्वीकार किया है । ब्रजभाषा के कवियों ने सम्प्रदाय की दार्शनिक मान्यताओ के अनुसार कृष्ण के ब्रह्मत्व का निरूपण किया है और गुजराती कवियों ने भागवतादि उपर्युक्त मूल ग्रंथों के अनुसार । केवल कुछ

अपवादों को छोडकर स्थिति प्राय ऐसी ही है । जिन कवियो ने स्पष्ट रूप से कृष्ण को ब्रह्म घोषित किया है उनके काव्य से कतिपय उद्धरण प्रमाण स्वरूप नीचे प्रस्तुत किये जाते है—

(ब्रजभाषा)

सूर—ब्रह्म धार्‍यो कृष्ण अवतार ।

—सू० सा०, पृ० २१०

नददास—कृष्ण अनावृत परम ब्रह्म परमातम स्वामी ।

—नददास, पृ० १८६

रसखान—ब्रह्म जो गायो पुरानन वेदन ....

.........बैठो पलोटत राधिका पायन ।

हरिव्यास—परमातम परब्रह्म करि विस्तारन जगजाल ।

जनपालन जय जय सदा रासबिहारी लाल ।

—निम्बार्क माधुरी, पृ० ६३

(गुजराती)

नरसी—ते ब्रह्म द्वार आवी ने ऊभा रह्या गोपिका मुख जोवाने ढूके ।

—न० कृ० का० स० भक्तिज्ञानना पदो, पद १९

प्रेमानद—हु पूर्ण ब्रह्म भगवत ।

—श्री० भा०, पृ० २४०

कृष्ण ब्रह्म है, इस मान्यता के स्वीकृत हो जाने के पश्चात् ब्रह्म के स्वरूप की व्याख्या का प्रश्न उठता है । इस विषय में ब्रजभाषा मे वल्लभ तथा निम्बार्क सम्प्रदाय के कवियो के तथा गुजराती मे नरसी के काव्य से विशेष सामग्री उपलब्ध होती है ।

वल्लभ-सम्प्रदायी सूर, परमानद तथा नददास आदि कवियो द्वारा जो ब्रह्म के स्वरूप का निरूपण हुआ है वह बहुत कुछ शुद्धाद्वैत के सिद्धान्तो के अनुकूल है । वल्लभाचार्य ने ब्रह्म के सच्चिदानद, पूर्ण पुरुषोत्तम अक्षर, सर्वशक्तिमान, स्वतत्र व्यापक, अनन्त, षड्गुणोपेत, विरुद्धधर्माश्रयी तथा अविकृतपरिणामी माना है ।[1] प्रथम और अन्त के कुछ विशेषण शुद्धाद्वैतवाद के अतर्गत मान्य ब्रह्म की सबसे महत्वपूर्ण विशेषताओं को व्यक्त करते है । नरसी मेहता के काव्य मे भी ब्रह्म की यह विशेषताएँ उपलब्ध होती है । वस्तुतः ब्रह्म के विषय मे शुद्धाद्वैत और नरसी मेहता के दार्शनिक मत की समानता दर्शनीय है ।

विरुद्ध धर्माश्रयता—वल्लभाचार्य ने 'तत्वदीप निबंध' के शास्त्रार्थ प्रकरण म वेदान्त ग्रथों के आधार पर ब्रह्म को 'विरुद्ध सर्वधर्मणामाश्रयम्' माना है। इसी के अनुकूल सूरदास, परमानद दास आदि ने कृष्ण के निर्गुन सगुण दोनों स्वरूपों का एक साथ आलेखन किया है—

सूर—वेद उपनिषद यश कहै निर्गुनहि बतावै ।
सोइ सगुन होय नन्द की दावरी बंधावै ॥

—सू० सा०, पृ० २

परमानन्ददास आदि अन्य अष्टछापी कवियों ने भी कृष्ण की इस विरुद्धधर्माश्रयता को स्वीकार किया है।

नरसी मेहता भी कृष्ण को सगुण तथा निर्गुण दोनों ही मानते है—

सगुण स्वरूप निर्गण अेनु

—पद ४९

सूर तथा नरसी की सगुण निर्गुण विषयक विचारधाराओ में अन्तर इतना है कि सूर ने 'सुर सगुन लीलापद गावै' लिख कर अपनी रुचि सगुण की ओर अधिक व्यक्त की है और नरसी ने 'जो निराकारमा जेहनु मन गमे भिन्न ससारनी भ्रांति भागे' पद ३९ लिखकर निर्गुण की ओर।

अविकृतपरिणामवाद—शुद्धाद्वैत मे स्वीकृत ब्रह्म सम्बन्धी अविकृतपरिणामवाद के सिद्धान्त को सूर ने 'जल और बुद्बुद्' के तथा नंददास ने 'कनक कुंडल' के न्याय से व्यक्त किया है। नरसी ने भी ब्रह्म की अनेक नाम रूप औपाधिक परिणति को व्यक्त करने के लिए कनक कुंडल का उदाहरण अपने कई पदो मे दिया है—

सूर—ज्यों पानी में होत बुदबुदा पुनि ता मांहि समाही।
त्यों ही सब जग कुटुम्ब तुमहि ते पुनि तुम माहि विलाही।

—सू० सा०, पृ० ५९५

नंददास—एकहि वस्तु अनेक है जगमगात जगधाम।
ज्यों कंचन ते किंकनी कंकन कुंडल नाम।

—नंददास, पृ० ९८

नरसी—वेद तो अेम वदे, श्रुति स्मृति शाख दे,
कनक कुंडल विषे भेद नोये।

घाट घडिया पछी नाम रूप जूजवा,
अत तो हेमनु हेम होये ।

किंतु सभवत. नरसी का यह सिद्धान्त शुद्धाद्वैत मत के ग्रथों से न लिया जाकर वेद स्मृति आदि उन प्राचीनतर ग्रथों पर आधारित है जिनका आधार स्वयं वल्लभाचार्य ने ग्रहण किया । यहाँ यह बात नरसी के उद्धरण से प्रकट है ।

ब्रह्म का आनन्द एवं रस स्वरूप—यद्यपि नददास ने भी कृष्ण को सच्चिदानद कहा है और नरसी ने भी, यथा—

नददास—सघन सच्चिदानंद नंदनंदन हरिवर जस ।
—नंददास, पृ० १८४

नरसी—सच्चिदानंद आनन्द क्रीडा करे सोनाना पारणा माहि झूले ।
—पद ३९

तथापि अष्टछाप के सभी कवियों ने कृष्ण के आनन्द स्वरूप को ही अधिक महत्ता दी है जो शुद्धाद्वैत की मान्यताओ के अनुकूल है । वल्लभाचार्य ने कृष्ण को 'मर्यादा पुरुषोत्तम' तथा 'पुष्टि पुरुषोत्तम' दोनों का अवतार माना है ।[२] दूसरे रूप को पहले से अधिक श्रेष्ठ माना गया है, फलत. अष्टछाप के कवियो मे भी ऐसी ही धारणा प्राप्त होती है—

परमानंददास—आनंद की निधि नदकुमार ।
—अष्टछाप और वल्लभ संम्प्रदाय, पृ० ४११

नंददास— नित्य आत्मानंद अखंड स्वरूप
—नंददास, पृ० १९१

अन्य सम्प्रदायों के कवियों ने तो कृष्ण के आनन्दमय अथवा रसिक स्वरूप को ही सर्वत्र ग्रहण किया है ।कृष्ण का यह रसिक रूप छान्दोग्य के 'रसोवै सः' (३ : १४ : २) पर आधारित है । शुद्धाद्वैत मे भी इसे स्वीकार किया गया है परन्तु तात्विक दृष्टि से राधाकृष्ण के युगल स्वरूप को ग्रहण नही किया गया । पुष्टिमार्ग की उपासना पद्धति मे भले ही युगल रूप को मान्यता हुई, वह भी विठ्ठलनाथ जी के द्वारा, परन्तु वल्लभाचार्य के दार्शनिक सिद्धान्तों मे राधा का कोई स्थान नही है और न उन्ही ग्रथों में है जिनको उन्होंने 'प्रमाण चतुष्टय' की कोटि में रक्खा । द्वैताद्वैत तथा अचिन्त्यभेदाभेदवादी निम्बार्क और गौडीय सम्प्रदाय में द्वैत तथा 'भेद' को 'अद्वैत' और 'अभेद' के साथ दार्शनिक दृष्टि से स्वीकृति मिली । अतएव राधाकृष्ण का युगल स्वरूप

तत्वत: स्वीकार किया गया जिससे 'द्वैताद्वैत' और 'भेदाभेद' चरितार्थ हो सके। राधावल्लभीय तथा हरिदासी सम्प्रदाय मे राधाकृष्ण के युगल रूप को ही स्वीकार किया गया है। यह दोनों सम्प्रदाय निम्बार्क सम्प्रदाय से अत्यधिक साम्य रखते है। दार्शनिकतया हरिदासी सम्प्रदाय निम्बार्क के द्वैताद्वैत को ही मानता है। हितहरिवश ने अवश्य कुछ अन्तर करके सिद्धाद्वैत का प्रतिपादन किया। केवल कृष्ण को ब्रह्म मानकर इन दार्शनिक सिद्धान्तो की अभिव्यक्ति असम्भव थी। शुद्धाद्वैत की स्थिति ठीक इसके विपरीत है। वहाँ कृष्ण के स्थान पर राधाकृष्ण को नित्य मानना अद्वैत की शुद्धता का विरोधी सिद्ध होता है। अष्टछाप के कवियों द्वारा राधाकृष्ण के युगल रूप सम्बन्धी जो पद लिखे गए है उनपर अन्य सम्प्रदायो का निश्चय ही प्रभाव है, जो कवियों की उदारता तथा कवि और सम्प्रदाय विशेष के बीच के अन्तर को व्यक्त करता है।

दार्शनिकतया राधाकृष्ण के युगल रूप को सर्वप्रथम निम्बार्क द्वारा स्वीकृत किया गया जिनका सम्प्रदाय कृष्णभक्ति के इतर सम्प्रदायो की अपेक्षा अधिक प्राचीन है। पुराणों मे ब्रह्मवैवर्त ने राधाकृष्ण को संयुक्त रूप से उपास्य माना।

निम्बार्क सम्प्रदाय के अनुयायी कवि हरिव्यासदेव ने कृष्ण को आनन्द स्वरूप माना है और राधा को आह्लादिनी शक्ति। यह दोनो सदैव अभिन्न रहते है—

१—प्रिया शक्ति आल्हादिनी प्रिय आनन्द स्वरूप।

—नि० मा०, पृ० ६३

२—सदा सर्वदा जुगुल इक एक जुगुल तन धाम।
आनन्द अरु अहलाद मिलि विलसत ह्वै द्वै नाम।

—वही, पृ० ६५

शाक्त मत की तरह कुछ सम्प्रदायों के कवियों ने आह्लादिनी शक्ति राधा को ब्रह्म कृष्ण की अपेक्षा अधिक महत्ता प्रदान की और उन्हे 'स्वामिनी' नाम से विभूषित किया।

सूरदास ने जहाँ राधाकृष्ण के युगल रूप का वर्णन किया है वहाँ राधा को आह्लादिनी शक्ति न कह कर आदि प्रकृति कहा है जो ब्रह्म कृष्ण के आदि पुरुष रूप की पूरक है—

प्रकृति पुरुष एकै करि जानो बातनि भेद करायो।
द्वै तनु जीव एक हम तुम दोऊ सुख कारन उपजायो।

—सू० सा०, पृ० ३३३

यह सभवत. ब्रह्मवैवर्त के अनुसार है क्योकि उसमे ही राधा को मूलप्रकृति की उपाधि दी गयी है—

ममाधारस्वरूपा त्वं त्वयि तिष्ठामि साम्प्रतम्
त्वं च शक्तिस्समूहा च मूलप्रकृतिरीश्वरी।

—खंड ४, अ० ६, श्लो० २१२

इस प्रकार रसस्वरूप ब्रह्म कृष्ण की रसमयी लीलाओं का अभिन्न अंग होने के कारण राधा को इतनी महत्ता प्राप्त हुई। दार्शनिक दृष्टि से राधा का यह महत्व ब्रजभाषा काव्य मे ही उपलब्ध होता है। गुजराती मे युगल रूप मे राधाकृष्ण का वर्णन अवश्य मिलता है परन्तु राधा को सर्वत्र भक्ति का प्रतीक माना गया है। न वह ब्रह्म कृष्ण की आह्लादिनी शक्ति है और न आदि प्रकृति।

ब्रजभाषा के कवियो ने कृष्ण के रसिक रूप को विशेष प्रस्फुटित किया है और उनकी रस लीलाओं तथा वृन्दावन की नित्यता पर सर्वत्र बल दिया है दूसरे शब्दों मे ब्रह्म को विशेषतया रस स्वरूप और नित्य माना—

नददास—नमो नमो आनन्द घन सुंदर नदकुमार।
रसमय रस कारण रसिक जग जाके आधार।

—नददास, पृ० ३९

हरिव्यास—नित्य विहरत जहाँ नित्य कैसोर दोउ
नित्य सहचरिन सग नित्य नवरग।
नित्य रस रास उल्लास आनन्द उर
नित्य प्रतिकास परभास अग अग।

—नि० मा०, पृ० ६०

ध्रुवदास—नित्त विहारु विवाह नित दुलहिन दूलह लाल।
नित्त सखी सुख नित्त ही लेत रहत सब काल ॥१६१॥

—मडल सभा सिंगार।

माधवदास—कृष्ण रूप चैतन्य की सदा सनातन केलि।
गिरि वन पुलिन निकुज गृह द्रुम द्रोणी वनबेलि ॥१॥

—वृंदावन माधुरी, श्री माधुरीवाणी, पृ० ६०

गुजराती कृष्ण-काव्य मे नरसी मेहता ने परब्रह्म के इस नित्य आनन्दमय रस रूप को विशेष अभिव्यक्ति प्रदान की है—

क—अखिल शिव आद्य आनदमय कृष्णजी सुन्दरी राधिका भक्ति तेनी ।

—पद ४९

ख—श्याम शोभा घणी, बुद्धि ना शके कली, अनन्त ओच्छव मा पंथ भूली।
जड़ ने चैतन रस करी जाणजो पकडी प्रेमे सजीवन मूली ।

—पद ३९

नरसी ने ऐसे रसिक ब्रह्म को पूर्ण पुरुषोत्तम कहा है जो शुद्धाद्वैत की परिभाषा के बिल्कुल समीप है[३]—

ते पूर्ण पुरुषोत्तम प्रेमदाशु रमे भावेशु भामनी अक लीधो ।
जे रस ब्रज तणी नार विलसे सदा सखीरूपे ते नरसैयो पीधो ।

—पद ४९

फिर इस पुरुषोत्तम को क्षर-अक्षर से ऊपर बताया है—

पूर्णानन्द पोते पुरुषोत्तम परम गत छे अेनी रे ।
अे पद क्षर अक्षर नी ऊपर तमे जो जो चित्तमां चेती रे ।

—पद ५७

एक अन्य स्थल पर उन्होंने ब्रह्म को अगणित कहा है

अगणित ब्रह्मनु गणित लेबु करे, दुष्ट भावे करी माल झाले ।

—पद ३९

ब्रह्म के अक्षर तथा अगणित स्वरूप का निरूपण वल्लभाचार्य ने शुद्धाद्वैतवाद के अन्तर्गत किया है ।[४]

अवतार—कृष्ण ने ब्रह्म होकर भी भक्तो का उद्धार करने के निमित्त देह धारण की, अतएव वे अवतारी और अवतार दोनों ही रूपो मे ग्रहण किये गये है । 'संभवामि युगे युगे' लिखकर गीताकार ने तथा चौबीस अवतारों में परिगणित करके भागवतकार ने भी इसका प्रतिपादन किया है । वल्लभ सम्प्रदाय मे ब्रह्म के गुणावतार, लीलावतार, मर्यादावतार, आदि अनेक प्रकार से अवतरित होने तथा अवतार के बाद भी मायिक जगत से निर्लिप्त रहने का प्रतिपादन किया गया है ।[५] कृष्ण को अवतारी समझने के साथ साथ उनके सम्पर्क मे आने वाली प्रत्येक वस्तु तथा प्रत्येक व्यक्ति को किसी न किसी अलौकिक शक्ति का प्रतीक माना गया है । कृष्ण की प्रिया राधा को ब्रजभाषा के कवियों द्वारा आह्लादिनी शक्ति या प्रकृति तथा गुजराती कवियों द्वारा भक्ति का प्रतीक मानने का उल्लेख पीछे किया जा चुका है । उसी प्रकार कवियों ने अन्य कृष्ण सम्बन्धी वस्तुओं का दार्शनिक अभिप्राय एव प्रतीकार्थ ग्रहण किया है ।

नरसी मेहता ने लिखा है—

अमर आहीर अरधाग गोपागना, वृक्ष वेली सर्व ऋषिराणी ।
भक्ति ते राधिका, मुक्ति जशोमती, ब्रज बैकुठ ते वेद वाणी ।
निगम वसुदेव जी, गाय गोपी ऋचा, देवकी ब्रह्म विवाद कहावै ।
ब्रह्मा कर लाकडी, वेणु महादेव जी पंचवदन करी गान गावै ।
इन्द्र अर्जुन, अहकार दुर्योधन, देवता सर्वे अवतार लीधो ।
धर्म ते राय युधिष्ठिर जाणजो, दासनोदास नरसैंने कीधो ।

इसी प्रकार गुजराती कवि प्रेमानन्द स्पष्ट लिखते है—

गोपी छे वेदनी ऋचा, श्री कृष्ण वेद स्वरूप ।
वृन्दावन वैकुठ जाणवुं, रखे भेद अभागे भूप ।
खटराग ते खटशास्त्र छे, वेणु शब्द ते ओकार ।
चन्द्रावली ते ब्रह्मविद्या, राधा भक्ति नो अवतार ।

—श्री०, पृ० २९५

ब्रजभाषा के किसी भी कवि ने इतने विस्तार से ऐसा तुलनात्मक प्रतीक-विधान तो नही प्रस्तुत किया है, परन्तु वेणु तथा गोपी आदि कतिपय प्रधान तत्वो की प्रतीकात्मकता की ओर उन्होंने स्पष्ट इगित किया है । नददास ने वेगु को ओंकार अथवा महादेव नही माना परन्तु शब्द-ब्रह्म के रूप मे अवश्य स्वीकार किया है—

शब्द ब्रह्म मै बेनु बजाइ सबै जन मोहै ।

—नंददास, पृ० १८५

गोपियो को वेद की ऋचाओ का प्रतीक गुजराती कवियो की तरह ही ब्रजभाषा में सूर तथा ध्रुवदास ने भी माना है, कारण यह है कि सबने इस विषय मे वृहदवामन पुराण की कथा का अनुसरण किया है—

सूर— वेद ऋचा होइ गोपिका हरि सों कियो विहार ।

—सू० सा०, पृ० ४६२

ध्रुवदास—और तियनि मे गिनहु जनि ए श्रुति कन्या आंहि ।

—वृहद्वामन पुराण की भाषा

सूरदास तथा नंददास ने कृष्ण को अवतारी तथा अवतार दोनों ही रूपों में चित्रित किया है परन्तु अवतारों के इतने भेद प्रदर्शित नहीं किये हैं—

सूर— ब्रह्म अगोचर मन बानी ते अगम अनंत प्रभाव ।
भक्तन हित अवतार धारि जो करि लीला संसार ।
—सू० सा०, पृ० ४८

नंददास—षटगुन जो अवतार धरन नारायन जोई ।
सबको आश्रय अवधिभूत नँदनंदन सोई ।
—नद०, पृ० १८३

राधाकृष्ण वृन्दावन और रास आदि प्रेम लीलाओं को नित्य माननें वाले अन्य सम्प्रदायों के कवियों ने कृष्ण के अवतार धारण करने का स्वभावत. वर्णन किया है । यदि कही प्राप्त होता है तो अपवाद रूप मे सूर सारावली मे दोनों का समावेश है—

अश कला अवतार बहुत विधि रामकृष्ण अवतारी ।
सदा विहार करत ब्रजमडल नंदसदन सुखकारी ।।३६०।।

साथ ही राम और कृष्ण के अवतार चतुर्व्यूहात्मक माने गये है ।

गुजराती कवियों मे से प्राय: सभी ने पौराणिक आधार पर कृष्ण का अवतरित होना वर्णित किया है । ब्रह्म तो माना ही है—

नरसी—धन्य रे धन्य महापुण्य जशोदातणु पुत्रभावे परिब्रह्म राजे ।
नंदनो नंद आनंद थइ अवतार्यो,शेष वलिभद्र सगे विराजे ।

भालण—आठमो जे अवतार लीधो ते साधु ने उद्धारवा ।
—दशा, पृ० ९

प्रेमानंद—पूर्वे लीधा मे अवतार ।
असुर हणी उतार्यो भू भार ।
—श्री० भा०, पृ० २४०

विराट रूप—ब्रह्म शब्द के धात्वर्थ मे ही उसके वृहत् एव विराट होने की धारणा निहित है । ब्रह्म के इस विराट रूप का वर्णन ऋग्वेद के पुरुष सूक्त, अनेक उपनिषदों तथा गीतादि ग्रथों मे किया गया है । कृष्ण को ब्रह्म स्वीकार करने वाले कवियों ने कृष्ण के विराट रूप का वर्णन किया है जो दोनो भाषाओं के काव्य में प्राप्त होता है । सूरदास ने सूरसागर के अतर्गत द्वितीय स्कंध मे इसका आलेखन किया है और साथ ही विराट आरती की भी योजना की है—

१. नैननि निरखि स्याम स्वरूप ।
रह्यो घट घट व्यापि सोई ज्योति रूप अनूप ।

चरण सप्त पताल जाके शीश है आकाश।
सूर चन्द्र नक्षत्र पावक सर्व तासु प्रकाश।
—सू० सा०, पृ० ४७

२. हरि जू की आरती बनी।
मही सराव सप्त सागर घृत बाती शैल घनी।
रवि शीश ज्योति जगत परिपूरण हरत तिमिर रजनी।
उडत फूल उडगन नभ अन्तर अंजन घटा घनी।
—सू० सा०, पृ० ४७

अविनश्वर दीपक की धारणा एक स्थान पर नरसी मे भी मिलती है—

वत्ति विण तेल विण सूत्त विण जो वळी।
अचल झलके सदा अनळ दीवो।
—पद ३९

सूरसारावली मे सृष्टिव्यापी विराट होली का वर्णन है जो समस्त कृष्ण-काव्य मे अद्वितीय है।

कृष्ण के मृत्तिका-भक्षण तथा जमुहाई लेने के समय भागवत के अनुसार सूरदास तथा अन्य अनेक कवियो ने समस्त सृष्टि को उनके मुख के अतर्गत प्रदर्शित किया है जो ब्रह्म कृष्ण के विराट रूप का ही प्रतिपादक है। इसका निर्देश वर्ण्य वस्तु के प्रसग में किया जा चुका है।

निम्बार्क सम्प्रदाय के तत्ववेत्ता के काव्य का विषय ही यह है तथा राधावल्लभी सम्प्रदाय के व्यास ने भी इसका चित्रण एक स्थल पर किया है—

तत्ववेत्ता—कोटि कोटि मेखला कृष्ण वसुदेव कुमारा।
—नि० मा०, पृ० १३२

व्यास—श्याम सुघ्रन को नाही अंत।
जाके कोटि रमा सी दासी पद सेवत रतिकंत।
शिव विरंचि मघवा कुबेर जाके सेमनि के तंत।
—व्यासवाणी पूर्वार्ध, पृ० ३५

गुजराती कवि नरसी तथा प्रेमानंद ने कृष्ण के विराट रूप का जो वर्णन किया है वह भी उपर्युक्त कवियों के वर्णन के समान ही है—

नरसी. १—रवि शशि कोटि नख चन्द्रिका मां बसे दृष्टि
पहोचे नहि खोज खोले।

अर्क उद्योत ज्यम तिमिर भासे नही नेति नेति
कहि निगम डोले ।
कोटि ब्रह्माड ना ईश धरणीधरा, कोटि
ब्रह्माड एक रोम जेनु ।

—पद ४९

२—तारी केम करी पूजा करु श्रीकृष्ण करुणानिधि
सकल आनन्द कत्थ्यो न जाए ।
स्थावर जंगम विश्वव्यापी रह्यो
केशवा कडीये केम समाए ।

—पद ६६

प्रेमानंद—रमे नारायण नट रूपे रे रमे नारायण नट रूपे रे ।
कोटि ब्रह्माड धरे परमेश्वर अेक लोक रोम कूपे रे ।
चोसठ सहस कर पद लोचन श्रवण चोसठ हजारो ।
मस्तक बत्तीस सहस्र नासिका सोळ सहस्रे निशा भरथारो ।

—श्री० भा०, पृ० २२८

यह वर्णन पुरुष सूक्त के 'सहस्रशीर्षा: पुरुषः' के नितांत समीप है । चौसठ हजार की संख्या रास के प्रसग के अनुकूल है ।

अन्य उपाधियाँ— कुछ कवियों ने ब्रह्म कृष्ण की अनेकानेक उपाधियों का मुक्त हृदय से वर्णन किया है जिनमे तात्विक दृष्टि के साथ भावात्मक्ता का भी पर्याप्त योग है । सूरदास ने कृष्ण को परमहस, सर्वेश, जगदीश, अच्युत, अविगत, अविनाशी आदि उपाधियों से विभूषित किया है—

परमहंस तुम सबके ईस, वचन तुम्हारे श्रुति जगदीश ।
तुम अच्युत अविगत अविनासी, परमानन्द सदासुखारासी ।

—सू० सा०, दशमस्कंध, उत्तरार्ध

नंददास आदि कवियों ने भी इस प्रकार से कृष्ण का वर्णन किया है (अष्टछाप. व पृ० ४०९) । इस प्रवृत्ति की सीमा हरिव्यासदेव जैसे कवियों मे मिलती है जो उपाधियों की शृंखला की शृंखला रचते चले जाते है—

निरवधि नित्य अखडल जोरी गोरी स्यामल सहज उदार ।
आदि अनादि एकरस अद्भुत मुक्ति परे पर सुख दातार ।
अनंत, अनीह, अनावृत, अव्यय अखिल अंड अधीश अपार ।

—नि० मा०, पृ० ५८

गुजराती कवि नरसी मेहता मे भी कही-कही यह प्रवृत्ति पाई जाती है—

अकल अविनाशी अे नवज जाअे कलयो अरध ऊरधनी महि महाले ।
नरसैया चो स्वामी सकल व्यापी रह्यौ प्रेम ना संत मा सत झाले ।

—पद ३९

इसके अतिरिक्त नरसी ने ब्रह्‌म की अन्य विशेषताओं का भी अंकन किया है । श्वेताश्वेतर उपनिषद के 'अपाणिपादो जवनो ग्रहीता पश्यत्यचक्षुः स श्रृणोत्यकर्णः' (३ १९) का अनुसरण निम्नलिखित पक्ति मे मिलता है—

नेत्र विण निरखतो, रूप विण परखतो, वण जिह्‌वाअे रस सरस पीवो ।

—पद ३९

इसी प्रकार छान्दोग्य के 'सर्वं खल्विद ब्रह्म' (३:५:१) की छाया इन पक्तियों मे स्पष्ट परिलक्षित होती है—

अखिल ब्रह्मांड मा अेक तुं श्री हरी जूजवे रूपे अनंत मासे ।
देह मा देव तु तेज मा तत्व तुं शून्य मा शब्द थइ वेद वासे ।
पवन तु पाणि तुं, भूमि तु भूधरा वृक्ष थई फूली रह्यो आकाशे ।

—पद ४०

इन विशेषताओं का वर्णन प्रच्छन्न रूप मे अन्य कवियों मे भी मिल जाता है किन्तु इस विषय मे नरसी उपनिषदों के जितने समीप है उतना ब्रजभाषा का कोई भी कवि दिखाई नही देता ।

जीव

सभी अद्‌वैतवादी दर्शन अन्तत. जीव और ब्रह्म के तात्विक अभेद को स्वीकार करते है । 'जीवो ब्रह्मैव नापरः' तथा 'ममैवाशो जीवलोके जीवभूत. सनातनः' आदि कथनों से यही प्रतिपादित किया गया है । 'अविकृत परिणामवाद' के सिद्धान्त मे जीव जगत के ऐक्य के साथ जीव ब्रह्म का ऐक्य भी स्वीकृत है । मुडक और वृहदारण्यक आदि उपनिषदो में ब्रह्म को अग्नि और जीवों को स्फुलिंगों का रूपक दिया गया है—

१. यथा सुदीप्तात् पावकाद् विस्फुलिंगाः
सहस्रशः प्रभवन्ते सरूपाः,
तथा क्षराद् विविधाः सौम्य भावाः
प्रजायन्ते तत्र चैवापि यन्ति ।

—मुडक, २:१:१

२ **यथाग्नेः क्षुद्रा विस्फुलिंगा व्यच्चरन्त्वमवास्मादात्मनः सर्व्वे प्राणाः.....**

—बृहदारण्यक, २: १ :२०

शंकराचार्य ने भी इस औपानिषदिक रूपक को स्वीकार किया है—

परस्यैव तावद् आत्मनो ह्यंशो जीवः अग्निरिव विस्फुलिंगाः

शुद्धाद्वैत के प्रतिपादक वल्लभाचार्य ने इस रूपक को अपनी सैद्धान्तिक व्याख्या में विशेष स्थान दिया है। अपने तत्वदीप निबंध के शास्त्रार्थ प्रकरण में उन्होंने निम्नलिखिति शब्दों मे इसे व्यक्त किया है—

विस्फुलिंगा इवाग्नेस्तु सदंशेन जडा अपि।
आनन्दांश स्वरूपेण सर्वान्तर्यामिरूपिणः ।।३२।।

पुष्टि मार्ग के अनुयायी कवि नददास ने इसी का अनुसरण करते हुए एक स्तुति के अन्तर्गत लिखा है—

तुमतै हम सब उपजत ऐसे।
अगिनि ते विस्फुलिग गन जैसे।

—नंददास, पृ० २०८

सूरदास ने 'करत इन्द्रियनि चेतन जोई, मम स्वरूप जानो तुम सोई' तथा 'रह्यो घट घट व्यापि सोई ज्योति रूप अनूप' आदि लिखकर जीव के ब्रह्म होने का सिद्धान्त तो स्वीकार किया है किन्तु उन्होंने अग्नि और स्फुलिग का उदाहरण सभवतः कही नही दिया है। उनके कुछ पदो में प्रतिबिम्ववाद की अभिव्यक्ति मिलती है। उदाहरणार्थ—

चेतन घट घट है या भाई, ज्यों घट घट रवि प्रभा समाई।
घट उपज्यो बहुरो नशि जाई, रवि नित रहे एक ही भाई।

—सू० सा०, पृ० ५३

अन्य सम्प्रदायों के कवियों ने भी जीव विषयक इसी प्रकार के सिद्धान्त को स्वीकार किया है किन्तु उसकी अभिव्यक्ति कुछ कवियों मे ही उपलब्ध होती है जैसे निम्बार्क सम्प्रदाय के परशुरामदेव ने निम्नोक्त दोहे मे स्पष्टतया जीव और ब्रह्म की एकता प्रतिपादित की है—

सब जीवन मे हरि बसैं हरि ही मे सब जीव
सर्व जीव को जीव हरि परसराम सो सीव ।।७३।।

—नि० मा०, पृ० ७९

गुजराती कवि नरसी मेहता ने भी जीव और ब्रह्म के भेद को असत्य और अभेद को सत्य स्वीकार किया है। नरसी का 'ते ज हुं, ते ज हुं', पद ३९ तथा 'ते ज तु ते ज तु' (पद ४२), वास्तव में **'सोहमस्मि'** तथा **'तत्वमसि'** का रूपान्तर मात्र है—

जीव ईश्वर अने ब्रह्मना भेद मां सत्य वस्तु नाहि सद्य जडशे।

—पद ४६

उन्होंने शिव स्वरूप ब्रह्म से ही जीव की उत्पत्ति मानी है साथ ही ब्रह्म की रस लेने की इच्छा को जीव सृष्टि का कारण माना है।

विविध रचना करी अनेक रस लेवा ने
शिव थकी जीव थयो अे ज आशे।

—पद ४०

तैत्तरीय उपनिषद् के 'एकोऽहं बहुस्याम्' के अनुसार वल्लभाचार्य ने भी ब्रह्म की इच्छा से ही जीवों की उत्पत्ति मानी है—

तदिच्छा मात्रतस्तस्माद् ब्रह्मभूतांश चेतनाः
सृष्ट्यादौ निर्गताः सर्वे निराकारास्तदिच्छया ॥३१॥

—त० दी० निबंध

किन्तु वल्लभ सम्प्रदाय के कवियों ने इस तथ्य को पूर्ण रूप से व्यक्त नही किया है। उनका ध्यान जीव के अविद्याग्रस्त स्वरूप के चित्रण तथा भगवद् कृपा द्वारा उसके उद्धार के ऊपर विशेष केन्द्रित हुआ।

जीव की ब्रह्म से विमुखता—ब्रजभाषा तथा गुजराती दोनों के कवियों ने इसे स्वीकार किया है कि ईश्वर से विमुख होकर ही जीव अनेकानेक कष्टों और क्लेशों का भागी बनता है तथा उसका कल्याण इसी में है कि वह निरन्तर परब्रह्म परमात्मा के स्मरण तथा उपासन में रत रहे। सूरदास कमल लोचन कृष्ण की प्रीति से हीन तथा विषय विलिप्त जीव का जन्म निरर्थक मानते हैं—

आछो गात अकारथ गार्‌यो।
करी न प्रीति कमल लोचन सों जन्म जुवा ज्यों हार्‌यो।
निशि दिन विषय विलासनि विलसत फूटि गईं तब चार्‌यो।

—सू० सा०, पृ० ९

नन्ददास भी जीव को काल, कर्म तथा माया के आधीन एवं पाप-पुण्य आदि में लिप्त कहते हैं—

काल करम माया अधीन ते जीउ बखाने ।
विधि निषेध अरु पाप पुन्य तिनमे सब साने ।

—नंददास, पृ० १८४

राधावल्लभीय कवि ध्रुवदास स्पष्टतः मानते है कि जीवन ने ईश्वर का अमृत स्वरूप स्मरण ध्यान छोडकर विषय रूपी विष को अपना लिया है—

जीव दिसा कछु इक सुनि भाई ।
हरि जस अमृत तजि विष पाई ।।१।।
कृष्ण भक्ति सौ कबहू न राच्यौ ।
महामूढ़ बड सुख ते वाच्यौ ।।२।।

—जीवदिसा

नरसी मेहता का भी यही मत है कि जीव ईश्वर से विमुख होने के कारण ही विपथगामी हो रहा है—

हरि तणु हेत तने काम गयु बीसरी, पशु रे फेडी नै नर रूप कीधुं ।

—पद २७

सूरदास तथा नरसी की जीव विषयक मूल स्थापनाएँ प्रायः समान है किन्तु ब्रह्म से जीव की विमुखता के कारण मे कुछ साम्य भी है और वैषम्य भी । सूरदास ने एक नही अनेक स्थानों पर बलपूर्वक प्रतिपादित किया है कि जीव अपने ही भ्रम तथा अज्ञान के कारण बन्धन में पड़ा है । बार बार इसी तथ्य को प्रकट करने के लिए उन्होंने 'मरकट' तथा 'सुआ' के उदाहरण दिये हैं—

अपुनवौ आपुन ही विसर्यौ ।
जैसे स्वान कांच मदिर मे भ्रमि भ्रमि भूसि मर्यौ ।
मर्कट मूठि छाड़ि नहि दीनी घर घर द्वार फिर्यो ।
सूरदास नलिनी को सुवटा कहि कौनै जकर्यो ।

—सू० सा०, पृ० ४६

कुछ स्थान ऐसे भी है जँहाँ इस बन्धन का कारण माया को माना गया है—

१. करौ यतन न भजौ तुमको कछुक मन उपजाइ ।
सूर हरि की प्रबल माया देत मोहि लुभाई ।

—सू० सा०, पृ० ८

२. माधव जू मन माया वश कीन्हो ।

—वही

जहाँ तक वल्लभाचार्य के शुद्धाद्वैत का सम्बन्ध है अणुभाष्य मे स्पष्ट रूप से स्वीकार किया गया है कि जीव मे अज्ञान आदि का आविर्भाव तथा गुणों का अभाव 'ईश्वरेच्छया' होता है। उसका कारण न जीव का अज्ञान है और न उसकी इच्छा—

तस्माद् ईश्वरेच्छया जीवस्य भगवद्धर्म तिरोभावः।
येन जीवभावः अतएव काममयः।

—अध्याय ३, पाद २, सूत्र ५

इस प्रकार सूरदास के 'अपुनपौ आपुन ही बिसर्‌यौ' आदि उपर्युक्त कथन शुद्धाद्वैतवाद से सैद्धान्तिक भिन्नता उत्पन्न करते है। इन कथनों का साम्य वल्लभाचार्य के मत मे तो नही मिलता, परन्तु नरसी मेहता के कुछ पद ऐसे अवश्य है जिनमें ब्रह्म से विमुख होने का दायित्व जीव को ही दिया गया है—

प्रौढ पापे करी बुद्धि पाछी फरी परहरी थड शुं डाले बळग्यो।
ईश ने ईर्षा छे नही जीव पर आपणे अवगुणे रह्यो छे अलग्यो।

—पद २०

आगे कुछ पदों मे नरसी ने यह भी निरूपित किया है कि जीवन के इस बन्धन का कारण कर्तृत्वाभिमान है जैसा कि गीता में मिलता है—

अहंकार विमूढात्मा कर्ताहमिति मन्यते ॥३:२७॥

इसी प्रकार नरसी ने भी लिखा है—

१. हुं करुं हु करुं अे ज अज्ञानता शकट नो भार जेम श्वान ताणे।

—पद २१

२. अनेक जुग वीत्या रे पंथ चलता रे तोये अंतर रह्यो रे लगार।
प्रभु जी छे पासे रे, हरी न थी वेगलारे आडडोरे पड्यो छे अहंकार।

यह मत सूरदास के मत से स्पष्टतया भिन्नता रखता है यद्यपि जीव की अज्ञानता इसमें भी है और उसमे भी। यह भिन्नता शुक, मर्कट तथा श्वान-शकट के न्याय से पूर्णतया प्रकट हो जाती है। जिस अज्ञान के कारण शुक अथवा मर्कट बद्ध रहता है उससे वह अज्ञान जिससे श्वान यह अनुभव करता है कि शकट उसी के बल से चल रहा है, अभिन्न नही है। एक स्थिति भय और राग से आच्छादित बुद्धि की निष्क्रियता से उत्पन्न होती है तथा दूसरी अहं की अतिशयता से युक्त बुद्धि की विकृति से। अविवेक तथा भ्रम दोनों ही स्थितियों मे रहता है। पहली दशा मे मुक्ति की इच्छा निरन्तर रहती है

केवल उपाय ज्ञात नही होता दूसरी दशा मे मुक्ति की इच्छा का अस्तित्व ही नही रहता। अहंकार प्रतिपल उसका निषेध करता रहता है।

इसका परिणाम यह होता है कि सूर जब जीव के उद्बोधन के लिए कुछ कहते है तो भ्रम निवारण करने अथवा समझने पर विशेष बल देते है और नरसी बार-बार जीव को यही चेतावनी देते रहते है कि अहंकार उत्पन्न करने वाली समस्त वस्तुएँ नाशवान् है। उदाहरणार्थ सूर लिखते है—

१. जब लौ सत स्वरूप नहि सूझत।
२. सूरदास समुझे की यह गति मन ही मन मुसुकायो।

—सू सा., पृ० ४६

और नरसी अहंकारी जीव की उपमा लम्बी गरदन वाले ऊँट से अथवा वैभव सम्पन्न हाथी से देते है—

लाबी शी डोल ने काकोल चावतो ऊँट जाणी घणो भार लादे।
आज अमृत जगे, हरखे हलवो भगे, वैकुठनाथ ने नव आराधे।
पीठ अबाड़ी ने अंकुश मार सही रेणु उडाडतो धरणी हैठो।
आज चुवा चदन आभ्रण अग धरी वेगे जाय छे तुँ बेले बैठो।

—पद २७

यही कारण है कि सूर सदैव जीव के हृदय को स्पर्श करके भक्ति की प्रेरणा देते है पर नरसी कभी-कभी शकराचार्य के 'कोऽह कस्त्वं को आयातः' आदि की तरह निम्नलिखित पंक्तियाँ लिखकर उसकी बुद्धि को भी उद्बुद्ध करने का प्रयास करते है—

नरसी—अेक तुं अेक तुं अेम सौ को स्तवे कोण हुं ते नहि को विचारे।
कोण छु क्यां थकी आवीयो जग विषे जइश क्या छूटशे देह त्यारे।

—पद ४६

यह विभेद यद्यपि दोनों की रचनाओं मे बहुत दूर तक प्राप्त होता है तथापि इसे आत्यान्तिक नहीं कहा जा सकता। सूरदास के ऐसे भी अनेक पद है जिनमें जीव को अहकार त्याग देने का उपदेश दिया गया है। उसके विचार को जगाकर कर्तृत्वाभिमान को निरर्थक सिद्ध किया गया है—

१. अहंकार किये लागत पाप।
सूर श्याम भजि मिटे संताप।

२. करी गोपाल की सब होई ।
जो अपनो पुरुषारथ मानत अति झूठो है सोई ।
साधन मंत्र तंत्र उद्यम बल सुख यह सब डारहु धोई ।
जो कछु लिखि राखी नंदनदन मेटि सकै नहि कोई ।

—सू० सा०, पृ० २६

जीव के अहकार का निषेध करते-करते नरसी भी ऐसे ही परिणाम पर पहुँचते है जहाँ जीव के कर्त्तृत्व का पूर्णतया निषेध हो जाता है—

जेहना भाग्य मा जे समे जे लख्युँ तेहने ते समे ते ज पहोंचे ।

—पद २९

जीव के भव-बन्धन से निस्तार पानेके उपाय के विषय मे सभी कृष्ण-भक्त कवि एक मत है । सभी ने कृष्ण भक्ति को जीव मे उत्पन्न होने वाले मोह, अविवेक अज्ञान, अहंकार आदि का उपचार माना है । साधन अथवा भक्ति के स्वरूप पर आगे पृथक् रूप से विचार किया जायगा ।

जगत

जगत् का मिथ्यात्व शकराचार्य के उद्घोष 'जगन्मिथ्या' के पश्चात् विकसित होने वाले विभिन्न दार्शनिक मतवादों के लिए एक अत्यन्त महत्व पूर्ण विषय बना रामानुज ने उसे अचित् के रूप मे ग्रहण करके ब्रह्म की उपाधि मात्र माना । अन्य आचार्यो ने भी अपना-अपना मत व्यक्त किया किन्तु वल्लभाचार्य से पूर्व जगत् की सत्यता की पूर्ण प्रतिष्ठा किसी ने भी नही की । शुद्धाद्वैत मे जगत् को शुद्ध ब्रह्म का अविकृत परिणाम माना गया, जिसकी ओर ब्रह्म के प्रसग मे पहले संकेत भी किया जा चुका है । यही नही जगत् और ससार मे स्पष्टतया सत्यासत्य का भेद स्थापित किया गया है । जगत् को विद्या माया से तथा ससार को अविद्या माया से उत्पन्न माना गया है ।

फलत: वल्लभ सम्प्रदाय के कवियों मे जगत् और ससार के सम्बन्ध मे इस प्रकार भेद परिलक्षित किया जाता है किन्तु अन्य सम्प्रदायो के कवियों मे इस भेद का कही भी दर्शन नही होता । साधारणतया सभी ने जगत् और संसार को एक ही समझा है और उसकी निस्सारा, नाशवतता तथा मायामयता का अनेकानेक बार वर्णन किया है । राधावल्लभीय कवि हरिराम व्यास सिद्धान्त के रस फुटकर पदों में लिखते है—

एक पकरे सब जग छूट्यो ।
माया रचित प्रपंच कुटुम्ब की मोह जाल सब छूट्यो ।

—व्यास वाणी, उत्तरार्ध पृ० ५३१

हरिदास ने भी लिखा है—

हरि को ऐसो ही सब खेल।
मृग तृष्णा जग व्यापि रह्यो है कहूँ विजौरो न बेल।
धनमद जोबनमद राजमद ज्यो पछिन में डेल।
कह हरिदास यहै जिय जानौ तीरथ को सौ मेल।

—नि० मा०, पृ० २०४

इसी प्रकार के विचार अन्य अनेक कवियो ने व्यक्त किये हैं। वल्लभ सम्प्रदाय के कवियों में सूरदास नंददास आदि कवियो ने ससार के सम्बन्ध में जो कुछ लिखा है वह सब ऐसे ही विचारों से परिपूर्ण है—

सूर—मिथ्या यह संसार और मिथ्या यह माया।
मिथ्या है यह देह कहौ क्यों हरि बिसराया।

—सू० सा०, दशम् स्कध

नंददास—बहे जात संसार धार जिय फंदे फंदन।

—नंद०, पृ० १८४

इस प्रकार जगत् के सम्बन्ध में लोक प्रचलित जो मिथ्यात्व की धारणा थी वही संसार के प्रति इन उद्धरणों मे है। अनेक स्थलों पर जगत् को उपर्युक्त कवियों ने शुद्धाद्वैत मत के अनुकूल सत्य एवं वास्तविक रूप में चित्रित किया है—

सूर—ज्यों पानी ते होते बुदबुदा पुनि ता मांहि समाही।
त्यों ही सब जग कुटुम्ब तुमहि ते पुनि तुम माहि विलाहीं।

—अष्टछाप और वल्लभ सं०, पृ० ४४१

नंददास—१. ब्रह्म निरीह ज्योति अविकार।
सत्ता मात्र जगत आधार।

—नंद०, पृ० २११

२. जै जै जै श्रीकृष्ण रूप गुण काज पियारा।
परमधाम जगधाम परम अभिराम उदारा।

—नंद०, पृ० १८३

गुजराती कवि नरसी मेहता ने जगत् के सम्बन्ध में जो विचार व्यक्त किये हैं, उनसे ज्ञात होता है कि वे संभवतः जगत् को इसी प्रकार सत्य एवं नित्य मानते थे जैसे वल्लभाचार्य के अनुयायी कवियों ने माना है, यद्यपि निम्नलिखित पंक्तियाँ इसका विरोध उपस्थित करती हैं—

जागी ने जोऊं तो जगत दीसे नहीं,
ऊंघ मां अटपटा भोग भासे।

—पद ४२

यहां 'जगत दीसे नही' और 'ऊघ मां अटपटा भोग भासे' यह दोनों अंश जगत् के मिथ्यात्व को सिद्ध करते है परन्तु इसी पद में आगे 'पंच महाभूत विषे ऊगन्या' कह कर और कनक कुडल का उदाहरण देकर सिद्ध कर दिया गया है कि कवि वस्तुतः अविकृत परिणामवाद के सिद्धान्त को स्वीकार करता है और जगत् को ब्रह्म की तरह नित्य एवं सत्य मानता है। इस भूमिका मे 'जगत दीसे नही' का तात्पर्य यह होता है कि वह तत्वतः ब्रह्म से भिन्न नहीं दिखायी देता है।

परन्तु जगत् तथा संसार का भेद कदाचित् उन्होंने नहीं किया क्योंकि जगत् का प्रयोग उन्होंने उस ससार के पर्याप्त के रूप मे भी किया है जिसे स्पष्टतया माया-मोहमय तथा मिथ्या माना है—

१. खाड्या ससारना थोथा ठाला।

—पद २१

२. सूख ससारि मिथ्या करी मानजो।

—पद २९

३. हुं ने महारुं जक्त तेमां बूडो।

—पद ४७

अतिम पक्ति में जगत् को 'मेरा तेरा' की माया में डूबा हुआ कहा गया है जो वल्लभ के मतानुसार संसार की परिभाषा है। यहाँ अगर 'संसार तेमा बूडो' होता तो वह परिभाषा घटित होती।

प्रेमानन्द ने कृष्ण जन्म के समय वसुदेव से जो कृष्ण की स्तुति करायी है उसमें भी पंचमहाभूत का आधार उन्हीं को माना है—

पंचमहाभूत तारे आधारे, नथी तुज बिना जोता विचारे।

—श्री०, पृ० २४०

किन्तु यह कथन भागवत से प्रभावित है अतएव कवि की स्वतत्र धारणा का पूर्ण परिचायक नहीं माना जा सकता। ऐसे कथनों में दार्शनिक विचार को व्यक्त करने की वह शक्ति नहीं होती जिसके आधार पर उसे कवि का ही विचारमान लिया जाय।

गुजराती के अन्य कवियों में जगत् के सम्बन्ध में कोई महत्वपूर्ण विचार प्राप्त नहीं होते ।

माया

जगत् और संसार के भेद के साथ ही वल्लभाचार्य ने माया के भी दो भेद किये—एक विद्या तथा दूसरा अविद्या । विद्यामाया वह जो ब्रह्म की वशवर्तिनी एव शक्ति है तथा जिसके द्वारा ब्रह्म समस्त जगत् का निर्माण करता है और अविद्या-माया वह जो जीव को काम क्रोध लोभ मोह आदि के द्वारा वशीभूत करके उसे पथ-भ्रष्ट करती रहती है—

१. विद्याविद्ये हरेः शक्ती माययैव विनिर्मिते ।
ते जीवस्यैव नान्यस्य दु.खित्वं चाप्यनीशता । ३४

—त० दी० निबंध, शास्त्रार्थ प्रकरण

वल्लभ सम्प्रदाय के सूरदास, नंददास ने भी माया को दोनों ही रूपों मे चित्रित किया है । निम्नलिखित उद्धरण माया के उस स्वरूप को व्यक्त करते है जिसे विद्या माया कहा गया है—

सूरदास—बहुरि जब हरि की इच्छा होय ।
देखै माया के दिसि जोय ।
माया सब तबही उपजावै ।
ब्रह्मा सो पुनि सृष्टि उपावै ।

—सू० सा० पृ० ७६७

नंददास—सो माया जिनके अधीन नित रहत मृगी जस ।
विश्व प्रभाव प्रतिपाल प्रलयकारक आयुस बस ।

—नंद०, पृ० १८३

गुजराती कवियों मे नरसी मेहता ने भी एक पंक्ति द्वारा माया के उक्त रूपों का संकेत किया है—

मोहन जीनी माया पासे अवर मायाजम फांसडीयां ।

यह 'मोहन जीनी माया' पद स्पष्टतः संकेत करता है कि नरसी माया के एक ऐसे स्वरूप पर भी विश्वास करते है जो कृष्ण के वशीभूत हैं । इसके अतिरिक्त नरसी के काव्य में अन्यत्र कही इसकी व्याख्या प्राप्त नहीं होती अतएव यह ज्ञात नही होता कि वस्तुतः इस माया के द्वारा नरसी का क्या अभिप्राय था । अविकृत परिणामवाद और जगत् सम्बन्धी उनके विचारों से अनुमानतः इसका कार्य सृष्टि का सृजन प्रलयादि हो सकता

है ।'अवर माया' अर्थात् दूसरी अथवा निम्नकोटि की माया जीव के कालपाश मे बद्ध करने वाली कही गयी है ।

प्रेमानन्द ने अपने दशमस्कध मे कृष्णकी गोवत्स हरण तथा रास आदि लीलाओं मे माया को जो स्थान दिया है वह उस शक्ति विशेष के रूप मे है जिसके द्वारा कृष्ण अनेक अलौकिक घटनाएँ घटित करते थे । सूरदास ने भी कृष्ण की बाल लीलाओं मे उनकी इस शक्ति का परिचय दिया है ।

यही नही त्रिगुणात्मिका प्रकृति वाली इस माया का वर्णन सूर ने पृथक रूप से उस गाय का रूपक देकर किया है जिसके सम्हालने की सामर्थ्य केवल गोपाल कृष्ण मे ही है—

> माधव जू नेकु हटकौ गाइ ।
>
> . . . .
>
> ढीठ निठुर न डरति काहू त्रिगुण ह्वै समुहाइ ।
> नारदादि शुकादि मुनिजन थके करत उपाइ ।
> ताहि कहु कैसे कृपानिधि सकत सूर चराइ ।

—सू० सा०, पृ० ८

माया का जो दूसरा स्वरूप है जिसे अविद्या कह गया है उसका भक्त कवियों ने विशेष रूप से चित्रण किया है । भक्ति ने कल्याण पथ में बाधक होने का प्रधान कारण उसे ही कहा गया है अतः प्राय. एक स्वर से सभी ने उसकी निन्दा की है । कभी स्वप्न से, कभी नर्तकी से, कभी मृगमरीचिका से कभी तमिस्रा रात्रि से उसकी तुलना की गयी है । उसका वाह्य स्वरूप आकर्षक तथा आन्तरिक रूप असत्य प्रतिपादित किया गया है उसकी सबसे बड़ी शक्ति यही है कि वह जीव को बलात् अपने पाश में जकड़ लेती है जिससे निस्तार पाना अन्यत कठिन हो जाता है । केवल कृष्णाश्रय ही एक मात्र उपाय है । सूरदास के निम्नलिखित पद में इसी माया का वर्णन प्राप्त होता है—

> विनती सुनो दीन की चित्त दै कैसे तब गुण गावै ।
> माया नटिनि लकुट कर लीन्हे कोटिक नाच नचावै ।
> दर दर लोभ लागि लै डोलति नाना स्वाग करावै ।
> तुमसों कपट करावति प्रभु जू मेरी बुद्धि भ्रमावै ।
> मन अभिलाष तरंगनि करि करि मिथ्या निशा जमावै ।
> सोवत सपने मे ज्यों सम्पत्ति त्यों दिखाय बौरावै ।

महा मोहनी मोह आत्मा मन करि अवहि लगावै ।
ज्यों दूती परवधू भोरि कै लै परपुरुष दिखावै ।

—सू० सा० पृ० ६

सूर ने इस माया को भी कृष्ण की वशवर्तिनी तथा जगत को वशकर्तृ माना है—

तुम्हारी माया महाबली जिन जग वश कीनो ।
कछु कुलधर्म न जानइ वाके रूप सकल जग राच्यो ।

—सू० सा०, पृ० ७

हरिव्यास देव, हरीराम व्यास, तथा हरिदास आदि अन्य सम्प्रदाय के कवियों ने भी ऐसे ही विचार व्यक्त किये हैं—

हरिव्यास—माया त्रिगुन प्रपंच पवन की अच न आवै तास ।

—नि० मा०, पृ० ६५

व्यास—१. माया रचित प्रपच कुटुम्बी मोह जाल सब छूट्यो ।

२. जीवत मरै न माया छूटै काल कर्म मुँह कूटै ।
पुत्र कलत्र सजन सुख देता पितर भूत सब लूटै ।
कबहुं रक राजा कबहुं है विषै विकार न छूटै ।
साधु न सूझै गुन नहि बूझै हरि जस रस नहि घूटै ।
व्यास आस घर घाले जग कौ दुख सागर नहि फूटै ।

श्री व्यास वाणी, पृ० ५३१

हरिदास—तुमरी माया बाजी पसारी विचित्र मोहै मुनि सुनि करके भूलै कोड़ ।

—नि० ा०, पृ म० २०२

बिहारीदास—माया मोह प्रगह पर्यो मन बहै जात बुधि फेरी ।

—वही, पृ० २४४

गुजराती कवियों में नरसी मेहता द्वारा वर्णित 'अवरमाया' का उल्लेख पीछे किया जा चुका है । उन्होंने अन्यत्र कई स्थलों पर माया को, जीव को बद्ध करने वाली विचित्र शक्ति के रूप में चित्रित किया है—

१. माया नी जाल मां मोह पामी रह्यो ।

—पद ३७

२. अवतरी पाश बंधायो मायातणे लपटी लालची लीधो फेरी।
दिवसे चोदश भम्यो, रात निद्राविषे, स्वप्न मा सामरे मोहटी माया।
—पद ४६

माया के आकर्षक रूप को देखकर प्रसन्न होने वाले जीव को उद्‌बोधन देते हुए नरसी मेहता उसकी तुलना स्वप्न से करते हैं—

कारमी माया जोई का रे हर्‌खो।
स्वप्न नी वार्ता में शुँ रे राची रह्‌यो।
—पद ३७

माया को त्याग कर ज्ञानी होने का उपदेश भी नरसी ने दिया जिससे ज्ञात होता है वे माया को अज्ञान का पर्याप्त अथवा आवरण समझते थे—

माटे तमो माया तजी थाओ ने ज्ञानी।
—पद ६४

अन्य गुजराती कवियोंने माया के विषय में इस प्रकार स्पष्ट रूप से तो कुछ नहीं लिखा है परन्तु अन्य आधारों को देखते हुए उनका मत माया के इस द्वितीय रूप को ही स्वीकार करता प्रतीत होता है।

मोक्ष

जीव की जन्म मृत्यु जरा व्याधि से छूटकर अखंड आनन्द प्राप्त करने की दशा को मोक्ष कहा गया है। इस स्थिति विशेष की सत्ता को प्रायः सभी प्रमुख कवियों ने स्वीकार किया है। साम्प्रदायिक दर्शनों ने मोक्ष की स्थिति के अनेकानेक विभेद किये परन्तु सामान्यतः ब्रजभाषा तथा गुजराती दोनों भाषाओं के कवियों ने चार प्रकार की मुक्ति का निर्देश किया है—

सामीप्य, सालोक्य, सारूप्य, सायुज्य।

सूर—सेवत सगुण स्याम सुन्दर को मुक्ति लही हम चारी।
—सू० सा० वें० प्रे०, पृ० ५४४

हरिराम व्यास—लोक वेद कर्म धर्म छाड़ि मुकुति चारि।
व्यासवाणी, पृ० २९९

नरसी—१. चतुरधा मुक्ति छै।
—पद २२

२. चतुरधा मुक्ति तेओ न मागे।

—पद २४

मोक्ष अथवा मुक्ति के सम्बन्ध मे कवियो के दो वर्ग है जिनके विचार एक दूसरे से विरुद्ध है। एक वर्ग के मत से मोक्ष की स्थिति भक्ति से श्रेष्ठ नही है अतएव उस वर्ग के कवियो ने अपने काव्य मे विभिन्न स्थलो पर अनेक प्रकार से मुक्ति की उपेक्षा एव तिरस्कार किया है। उदाहरणार्थ, गुजराती कवि नरसी की निम्नलिखित पक्तियाँ प्रस्तुत की जा सकती है—

१. चतुरधा मुक्ति छे जूजवी जूक्तिनी ताहरा ते तेहने नव राचे।
बेहु करजोडी ने नरसैयो वीनवे जन्मोजनम तारी भक्ति जाँचे।

—पद २२

२ धन वृदावन धन अे लीला धन अे ब्रज ना वासी रे।
अष्टमहासिद्धि आगणिया ऊमी, मुक्ति छे प्रेम नी दासी रे।

—पद १

३. हरिना जन तो मुक्ति न मागे
मागे जन्मो जन्म अवतार।

—पद १

परन्तु इस प्रकार मोक्ष की उपेक्षा करते हुए भी नरसी ने अपने आराध्य कृष्ण को मोक्ष का दाता माना है तथा यशोदा को मुक्ति का प्रतीक भी घोषित किया है —

१. नरसैया चा स्वामी नर मोक्षदाता सदा
श्रीकृष्ण जी समो देवनोय।

—पद ४८

२. मुक्ति जशोमती।

—पद ३५

ब्रजभाषा के भी कई कवियों ने मोक्ष की भक्ति के समक्ष उपेक्षा की है—

ध्रुवदास—१. धर्म मोक्ष कोउ पूँछत नाही सिद्धै कौन विचारी।

—जीवदिसा ३३

२ रसिक गनत नहि मुकुति कौ और लोक केहि मांहि।

—भजनसत

हरिराम व्यास—ताके बल गर्व भरे रसिक व्यास से न डरे
लोक वेद कर्म धर्म छीडि मुकुति चारि।

—व्यासवाणी पृ०, २४९

सूरदास ने भी कही कही चार पदार्थों—धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष को कृष्ण के भजन की तुलना मे हीन कहा है—

> जो सुख होत गोपालहि गाये ।
> दिये लेत नहिं चार पदारथ चरण कमल चित लाये ।

—सू० सा०, पृ० ४३

सूरसागर के तृतीय स्कध मे एक स्थल पर भक्ति के प्रकार-विशेष को जिसे सुधाभक्ति कहा गया है, मोक्ष का इच्छुक बताया गया है साथ ही मुक्ति से अलिप्त भी—

> सुधाभक्ति मोक्ष को चाहै
> मुक्तिहु को नाही अवगाहै ।

—सू० सा०, पृ० ५२

यहाँ मुक्ति और मोक्ष मे अंतर किया गया प्रतीत होता है । मोक्ष मुक्ति से श्रेष्ठ माना गया है ।

सूरदास वस्तुतः दूसरे वर्ग के कवियों मे आते है जिन्होंने मोक्ष प्राप्ति की बराबर कामना की । उनके अनेक पदों मे जन्म मरण के चक्र से अथवा भव व्याधि से विस्तार पाने की प्रार्थना की गयी है—

१. निधरक रहौ सूर के स्वामी जन्म न जाऊँ फेरि ।

—सू० सा०, पृ० ८

२. तुम मोसे अपराधी माधव कितेक मुक्ति पठाये हो ।

—वही, पृ० ३

३. सूरदास भगवंत भजन बिनु फिरि फिरि जठर जरै ।

—वही, पृ० ५

गुजराती के कवियों ने भी भागवत का तथा उसमें वर्णित कृष्ण कथा के श्रवण मनन का ध्येय मुक्ति ही माना है ।

प्रेमानन्द—अेथी श्री भागवत, गंगा प्रकट्यां जेमा काम मोक्ष ने अर्थ ॥७॥

भालण—लीला ते श्रीकृष्ण जी प्रेमे बोली अेह,
भाव कमावे सांभले गर्भवास नावे तेह ॥

—दशम०, पृ० ४३७

जिसे सुनकर परीक्षित मुक्त हो गए ऐसी भागवत का चरम लक्ष्य मोक्ष ही है यह धारणा इन्हीं कवियों में नहीं वरन् एक स्थल पर नरसी मेहता में भी प्राप्त होती है—

प्रेम नी बात परीक्षित प्रीछ्यो नहीं शुक जीअे समजी रस संताड्यो।
ज्ञान वैराग्य करि ग्रंथ पूरो कर्यो मुक्ति नो मार्ग सूधो देखाड्यो।

—पद २४

यहीं वे अपने पदों में स्पष्टतया मुक्त होने तथा पुनः जन्म न ग्रहण करने की याचना करते हैं जो उनके पूर्वोक्त मुक्ति की उपेक्षा व्यक्त करने वाले पदों के ठीक विरुद्ध पड़ता है—

१. रे भणे नरसैयो अटलुं मांगुं पुनरपि नहि अवतार रे।

—पद २

२. भणे नरसैयो तमे प्रभु भजीलो आवागमन नो फेरो टले।

—पद १२

३. भणे नरसैंयो जेने कृष्ण रस चाखियो, पुनरपि मात ने गर्भ नावे।

—पद ६६

कृष्ण भक्त कवियों ने सायुज्य तथा सारूप्य की अपेक्षा सामीप्य तथा सालोक्य मुक्ति की लालसा विशेष रूप से प्रकट की है। सूरदास ने अपने अनेक पदों में एक चिरन्तन आनन्दमय अतीन्द्रिय लोक में चलने की कामना व्यक्त की है। उदाहरणार्थ निम्न पंक्तियों से प्रारम्भ होने वाले पद लिये जा सकते हैं—

१. भृंगी री भज चरण कमल पद जंह नहिं निशिको त्रास।

—सू० सा०, पृ० ३६

२. चकई री चलि चरण सरोवर जहाँ न प्रेम वियोग।

—वही०, पृ० ३५

गुजराती कवि भालण को भी ऐसी ही मुक्ति अभीष्ट है। अपने दशमस्कंध की समाप्ति करते हुए वे लिखते हैं—

वैकुंठ पद तो तेह पाये, हरिचरणे थयो वास।
बेह्र कर जोड़ी ने कहे भालण हरि नो दास।

उक्त उद्धरणों में चरण शब्द से आराध्य की समीपता की भी व्यंजना होती है अतः सालोक्य और सामीप्य दोनो प्रकार की मुक्तियाँ एक साथ ही इन कवियों को अभिप्रेत जान पडती है । निम्बार्क सम्प्रदाय के कवियो का दृढ़ विश्वास है कि श्रीकृष्ण अपने प्रिय भक्तो पर जब अनुग्रह करते है तो उन्हे अपने समीप गोलोक मे ही स्थान देते है जहाँ से उन भक्तो को रास दर्शन का सुख निरंतर प्राप्त होता रहता है—

१. जिनके यहै अनन्य उपास ।
तिनको प्रिया लाल नित हित करि राखै अपने पास ।
माया त्रिगुण प्रपच पवन की अंच न आवै तास ।
श्री हरिप्रिया निपट अनुवर्तित है निरखै सुख रास ।

—नि० मा०, पृ० ६५०

२. यह अनुक्रम करि जे अनुसरही, शनै शने जगते निरवरही ।
परमधाम परिकर मधि वसही, श्री हरिप्रिया हितू सग लसही ।

—वही, पृ० ६७०

गुजराती कवि नरसी मेहता ने रासवर्णन के प्रसग मे अपने गोलोक मे होने का वर्णन किया है जो इसी प्रकार की धारणा को व्यक्त करता है । वल्लभाचार्य ने 'शनै शनै जगते निरवरही' वाली मुक्ति को 'क्रम मुक्ति' का नाम दिया है और गोलोक में स्थान पाने वाली मुक्ति को प्रवेशात्मक मुक्ति माना है,। 'क्रम मुक्ति' के विरुद्ध उन्होंने 'सद्य मुक्ति' को स्वीकार किया जो जीव को भगवत्कृपा से तत्काल बिना प्रारब्ध कर्म भोगे ही प्राप्त होती है, और प्रवेशात्मक मुक्ति के साथ लयात्मक मुक्ति का निरूपण किया जो केवल ज्ञानियो को ही प्राप्त होती है और जिसमें जीव ब्रह्म मे पूर्णतया विलीन हो जाता है । अष्टछाप के कवियों को प्रवेशात्मक मुक्ति ही अभीष्ट रही उसी को अनेक रूपो से व्यक्त किया है । कुछ कवियो ने कृष्ण के लीलाधाम ब्रज में जड रूप से प्रवेश पाने तक की कामना की है । सूर का 'करहु मोहि ब्रज रेणु' रसखान का 'पाहन हौ तो वही गिरि को....' तथा व्यास का 'ब्रज के लता पता मोहि कीजै' ये सब इसी भाव को प्रकट करते है ।

भक्ति

साधना एव उपासना के अन्य मार्गों की अपेक्षा भक्तिमार्ग की श्रेष्ठता तथा महत्ता का प्रतिपादन वैष्णव चिताधारा का मूल स्वर रहा है । गीता, भागवत, नारद भक्ति सूत्र, नारद पंचरात्र तथा शाडिल्य भक्ति सूत्र आदि ग्रंथों द्वारा भक्ति को कर्म तथा योग से भी श्रेष्ठतर स्थान दिया गया है जिसके परिणाम स्वरूप

समस्त वैष्णव काव्य भक्ति की व्यापक आधार भूमि पर विकसित हुआ। गुजराती, ब्रजभाषा कृष्ण-काव्य भी इसी सत्य का समर्थन करता है। प्राय. सभी प्रधान कवियों ने भक्ति के महत्व को स्वीकार ही नही किया अपितु स्पष्ट और सशक्त शब्दों मे उसका व्याख्यान एवं गुणगान भी किया है। ब्रजभाषा के कवि अधिकतर किसी न किसी भक्ति सम्प्रदाय मे दीक्षित मिलते है अतएव उनके लिए स्वाभाविक है कि वे भक्ति के यशगान में काव्य रचे परन्तु गुजराती के कवियों ने भी, जिनका सम्बन्ध किसी भक्ति सम्प्रदाय से स्पष्टतया परिलक्षित नही होता, भागवत आदि के आधार पर भक्ति की प्रशसा मे तथा उसके महत्व को व्यक्त करते हुए पर्याप्त परिमाण में काव्य रचना की है जिसकी ओर वस्तु विश्लेषण के प्रसग में निर्देश किया जा चुका है।

भक्ति की महिमा—नरसी मेहता ने भक्ति को ऐसा श्रेष्ठ पदार्थ माना है जो केवल भूतल पर ही उपलब्ध नहीं होती वरन् ब्रह्म लोक मे भी उसकी प्राप्ति नही होती—

भूतल भक्ति पदारथ मोटुं, ब्रह्मलोक मा नाही रे।

—पद १

उनके मत मे भक्ति के अभाव मे सब कुछ निस्सार है अतएव भक्त को सब प्रपच तज कर केवल भक्ति न भूलना ही अभीष्ट है—

परपच परिहरो सार हृदिअे धरो उचरो हरि मुखे अचल वाणी।
नरसैया हरितणी भक्ति भूलीश मा भक्ति बिना बीजुं धूल धाणी।

—पद २०

भक्ति के बिना जो प्राणी जीवित रहते हैं वे मानव कहलाने के भी अधिकारी नहीं है—

भक्ति बिना जे जन जीवे ते केम कहीये मानव देह रे।

—पद ५५

इसी बात को नरसी फिर भिन्न प्रकार से कहते हैं कि वह जीव जीव नहीं है जिसने हरि की भक्ति नहीं की। वह अपराधी है, शववत् पृथ्वी का भार है तथा जीवित ही नरक भोगी है—

जे कृष्ण हरिनी भक्ति न साधी ते अपराधी जीव कशा रे।
भूतल भार भरे शव सरखा जीवतडां नर नरक वस्या रे।

—पद ६३

नरसी के अनुसार भक्ति में इतनी सामर्थ्य है कि वह भगवान को भी अपने वश में कर लेती है तथा भगवान् को भक्ति के ही कारण देह तक धारण करनी पड़ती है—

भक्ति कारण जो ने भूधरे देह धरी ।

....

नरसैया चा स्वामि सबल वश भक्ति ने अवर उपाय नही देह त्यागे ।

—पद ३७

प्रेमानन्द ने भी भजन बिना मनुष्य जन्म को निरर्थक स्वीकार किया है—

मनुष्य देह देवने दुर्लभ, को पुण्ये प्राप्ति थाय ।
जे थी परमपद ने पाये प्राणी ते, भजन बिना अेले जाय ।। ९ ।।

—श्रीमद्० भा० २३३

मथुरा लीला के रचयिता केशवदास वैष्णव भक्ति रस को साक्षात् भगवान का स्वरूप समझते हैं—

योग शृंगार अध्यात्म ज्ञान । केवल भक्ति रस भगवा ।

भक्ति के महत्व को व्यक्त करने के लिएगुजराती कवियों ने उसका तादात्म्य राधा से कर दिया । उनके अनुसार राधा ही भक्ति का स्वरूप है जिससे प्रकारान्तर से यह प्रतिपादित होता है कि कृष्ण के लिए जिस प्रकार राधा अभिन्न एवं प्रिय हैं उसी प्रकार भक्ति भी । भक्ति के महत्व का प्रतिपादन करने वाले उक्त तीनों कवियों ने भक्ति को राधा रूप में मूर्त घोषित किया है—

नरसी—भक्ति ते राधिका

—पद २५

प्रेमानन्द—मोपी ऋचा **राधा भक्ति**

श्रीभा० पृ० २३४

केशवदास—भक्ति स्वरूप ते राधिका साक्षात् अे अवतार ।

—मथुरालीला, कडवा ८

ब्रजभाषा के कवियों ने राधा को भक्ति तो नही कहा परन्तु उसकी महत्ता को अपने काव्य मे बराबर व्यक्त किया है । किसी भी वस्तु की श्रेष्ठता का निरूपण दो रूपों में होता है । एक तो उसके महत्व एवं शक्ति का वर्णन करके और उसमे निरत प्राणियों की प्रशसा करके, दूसरे अन्य वस्तुओं की निस्सारता दिखाकर तथा उससे विरत प्राणियों की निन्दा करके । गुजराती कवियों ने दूसरे प्रकार से भक्ति

की महत्ता कम प्रदर्शित की है। केवल नरमी मे ही वैसे कथन मिलते है परन्तु ब्रजभाषा के कवियों ने दोनों ही प्रकार से भक्ति की महिमा का गायन किया है।

सूरदास मानते है कि जीव के अन्य धर्म क्षणिक है, मात्र भक्ति ही ऐसी है जो युग युग तक यगस्विनी बनी रहती है तथा भक्ति मे ही भगवत की प्राप्ति होती है—

१. हरि की भक्ति विरद है युग युग आन धर्म दिन चारि।

—सू० सा०, पृ० ४८

२. भक्ति विन भगवंत दुर्लभ कहत निगम पुकारि।

—सू० सा०, पृ० ३७

साथ ही वे भक्तिहीनो को शूकर कूकर की तरह विषयी ठहराते है—

१. भजन बिनु कूकर सूकर जैसो।

—सू० सा०, पृ० ४५

उनकी दृष्टि म अभक्त प्रेत तथा नारकी है—

१. भजन बिनु जीवत जैसे प्रेत।

—सू० सा०, पृ० ४५

२. बिनु हरि भक्ति नरक में परै।

—सू० सा०, पृ० ५५

हितहरिवंश मनुष्य शरीर की सार्थकता भक्ति मे ही मानते है—

मानुष कौ तन पाई भजौ रघुनाथ कों।

—श्री हित० स्फुट वाणी जी, पृ० १

उनके मत से कृष्ण की भक्ति के आगे ग्रहों की गति अर्थात् भाग्य रेखा का भी कोई महत्व नही है—

जो पै कृष्ण चरण मन अर्पित तो करिहै कहा नव ग्रह रक।

—वही, पृ० १

हितहरिवंश के शिष्य दामोदरदास ने अपनी वाणी मे अन्य सभी साधनों की अपेक्षा भक्ति को श्रेष्ठ स्वीकार किया है—

साधन सकल कहे अविरुद्ध। वेद पुरान सु आगम शुद्ध।
बुद्धि विवेक जे जानही दास। समुझौ सबनि सुभक्ति उजास।

—श्रीहित चौरासी सेवक वाणी, पृ० ४९

ध्रुवदास के मत से महासुख स्वरूपा कृष्ण भक्ति से वञ्चित जीव की दशा महामूढ जैसी है—

कृष्ण भक्ति सौ कबहूँ न राच्यौ।
महामूढ बड़ सुख ते बाच्यौ।

—जीवदसा

हरिराम व्यास ने भक्ति को भवसागर से पार जाने का एकमात्र उपाय कहा है तथा भक्ति के अतिरिक्त अन्य सभी वस्तुओं को असत्य माना है—

१. भव तरिबे को एक उपाउ।

—व्यास वाणी. पृ० ९६

२. सांची भक्ति और सब झूठौ।

—वही, पृ० ९७

व्यास जी का दृढ विश्वास था कि यदि भक्ति की व्यापक लोकप्रियता न होती तो धर्म विद्या आदि सभी कुछ नष्ट हो जाता—

जो पै सबहि न भक्ति सुहाती।
तौ विद्या विधि वरन धर्म की जाति रसातल जाती।

—वही, पृ० १२७

गौडीय सम्प्रदाय के कवि गदाधर भट्ट अपने एक पद मे भक्ति को कलिकाल तारिनी, मगल विधायिनी जैसे अनेकानेक विशेषणों से विभूषित करते हैं—

अघसंहारिनि अधम उधारिनि, कलिकाल तारिनी मधुमथन गुनकथा।
मगल विधायिनी प्रेम रस दायिनी, भक्ति अनपायनी होइ जिय सर्वथा।

—वाणी ग० भट्ट, पृ० १३ १४

निम्बार्क मतानुवर्ती श्रीभट्ट जीव के जन्म जन्मान्तर के दुखों का मूल कारण उसका गोविद से विमुख होना अर्थात् भक्तिहीन होना स्वीकार करते हैं तथा भक्ति से अभयपद प्राप्त होना एवं यम त्रास से मुक्ति पाना सभव समझते ह—

जे नर विमुख भये गोविद सो जनम अनेक महादुख पायो।
श्रीभट के प्रभु दियो अभय पद जम डरप्यो जब दास कहायो।

—नि० मा० पृ० ११।

इसी प्रकार स्वामी हरिदास भी भयानक संसार-समुद्र का संतरण करने हेतु जीव के लिए श्रीकृष्ण के चरणों का आश्रय ही समर्थ आधार मानते हैं—

कहि श्री हरिदास तेई जीव पार भये जे गहि रहे चरन आनंद नंदसि।

—नि० मा०, पृ० २०३

इस प्रकार सभी कवियो ने अपने अपने ढग से भक्ति के माहात्म्य का निरूपण किया है। मुक्ति की अपेक्षा बहुतो ने भक्ति को ही श्रेष्ठ माना है जिसका परिचय मोक्ष के प्रसग मे दिया गया है। उससे स्पष्टतया ज्ञात हो जाता है कि गुजराती तथा ब्रज दोनों के ही कवियों ने भक्ति के आगे मुक्ति का तिरस्कार करने की भावना व्यक्त की है जो भक्ति की महिमा का चरम विन्दु है। बहुत से कवियों ने भक्ति की प्रशंसा श्रेष्ठतम साधन के रूप में की है पर कुछ ऐसे भी है जिन्होने उसे भगवत का स्वरूप बता कर साध्य की कोटि मे स्थापित करने का प्रयास किया है।

भक्ति के प्रकार—भागवत के सप्तम स्कध में नवधा अथवा नवलक्षणा भक्ति का निरूपण किया गया है—

श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम्।
अर्चनं वंदनं दास्यं सख्यमात्मनिवेदनम्।

—अ० ५ श्लो० २३

इन नव लक्षणों मे से प्रथम तीन का—नाम से, दूसरे तीन का—रूप से तथा अन्तिम तीन का—भाव से सम्बन्ध है। वल्लभाचार्य ने इन सभी लक्षणों को साधन का प्रकार माना है जिसके द्वारा दशवी प्रेम रूपा भक्ति उत्पन्न होती है[१]। श्री हरिभक्तिरसामृत-सिन्धु के रचयिता रूप गोस्वामी ने भी भक्ति के 'वैधी' तथा 'रागानुगा' दो भेद स्वीकार किये है[२]। भक्ति के प्राचीन सिद्धान्त ग्रथो मे जो लक्षण मिलते है उन सभी मे प्रेम अथवा अनुरक्ति के शुद्ध तथा परम रूप पर बल दिया गया है। यथा—

१. सा त्वस्मिन् परम प्रेम रूपा ॥ २ ॥

—नारद भक्तिसूत्र

२. माहात्म्य ज्ञान पूर्वस्तु सुदृढ़: सर्वतोऽधिक: स्नेहो भक्तिरिति।

—नारद पंचरात्र

३. सा परानुरक्तिरीश्वरे ॥ २ ॥

—शाडिल्य भक्ति सूत्र

इस प्रकार भक्ति के एक ऐसे रूप की स्थिति बराबर मानी गयी जो नवधा भक्ति के से इतर थी और श्रेष्ठतर भी।

गुजराती और ब्रजभाषा के प्राय: सभी प्रमुख भक्त कवियों ने भक्ति के इसी प्रकार को मान्यता दी है। विभिन्न कवियो ने इसे विभिन्न नामों से भूषित किया है।

नरसी मेहता ने नवधा के अनुकरण पर इस रागानुगा भक्ति को 'दशधा' नाम दिया है। साथ ही उन्होंने अपने आराध्य की प्राप्ति के लिए नवधा भक्ति को अशक्त भी बताया है। उनका आराध्य जो सत्य है—अनंत है, दृष्टि मे नही आता है और वाणी से परे है, केवल दशधा के ही माध्यम से प्रकट होता है—

दृष्टे न आवे निगम जगावे वाणी रहित विचारो रे।
साथ अनत ज जेहने कहीअे ते नवधा थी न्यारो रे।
नवधा मां तो नही नरवेडो **दशधा** मा देखाशे रे।
अचवो रस छे अेहेनी पासे, ते प्रेमी जन ने पाशे रे।

—पद ५७

अष्टछापी कवि परमानन्ददास ने भी एक पद मे नवधा से दशधा भक्ति को श्रेष्ठतर प्रतिपादित किया है—

ताते **दसधा** भक्ति भली।
जिन जिन कीनी तिनके मन ते नेकु न अनत चली।
श्रवण परीक्षत तरे राजरिषि **कीर्तन** करि शुकदेव।
सुमिरन करि प्रह्लाद निर्भय भयो कमला करी **पदसेव**।
प्रथु **अरचन**, सुफलक सुत **बंदन दासभाव** हनुमत।
सखाभाव अर्जुन बस कीन्हे श्री हरि श्री भगवंत।
बलि **आत्मसमर्पण** करि हरि राखै अपने पास।
अखिल प्रेम भयो गोपिन को बलि परमानंददास।

सूरसागरसारावली मे इसे **प्रेम लक्षणा** कहा गया है—

श्रवण कीर्तन स्मरण पाद रत अरचन बंदन दास।
सख्य और आत्मनिवेदन **प्रेम लक्षणा** जास॥ ११६॥

सूरसागर में इसी रागानुगा भक्ति को 'सुधाभक्ति' तथा 'प्रेमभक्ति' की संज्ञा दी गयी है। सुधाभक्ति का स्थान तामसी, राजसी तथा सात्विकी भक्ति के ऊपर माना गया है और इस प्रकार भक्ति के प्रकारों का एक नवीन वर्गीकरण प्राप्त होता है—

भक्ति एक पुनि बहु विधि होई, ज्यों जल रंग मिलि रंग सुहोई।
माता भक्ति चारि परकार, सत रज तम गुण सुधा सार।
भक्ति सात्विकी चाहति मुक्त, रजोगुणी धन कुटुंब अनुरक्त।
तमोगुणी चाहे या भाई, मम वैरी क्यों ही मर जाई।

सुधा भक्ति मोक्ष को चाहे, मुक्ति हू को नाही अवगाहे ।

—सू० सा० तृतीय स्कध, पृ० ५२

यह वर्गीकरण भी नवधा की तरह भागवत पर आधारित है परन्तु भागवत मे उसे निर्गुण भक्ति कहा गया है जिसे सूर ने सुधा भक्ति कहा है—

लक्षण भक्ति योगस्य निर्गुणस्यह्युदाहृतम् ।
अहैतुक्य व्यवहिता या भक्तिः पुरुषोत्तमे ॥१२

—भागवत, तृतीय स्कंध, अध्याय २९

प्रेमभक्ति नाम सूर ने और नददास दोनों दिया है साथ ही गुजराती कवि नरसी और भालण ने भी इसका प्रयोग किया है—

सूर—१. प्रेम भक्ति बिनु मुक्ति न होई, नाथ कृपा करि दीजै सोई ।

—सू० सा० पृ० ७५८

२. प्रेमभक्ति बिनु कृपा न होइ। सर्वशास्त्र मैं देखे जोइ ।

—सू० सा०

नंददास—जो यह लीला गावै चित दैसुनै सुनावै ।

प्रेमाभक्ति सो पावै अरु सबके जिय भावै ।

—नंद० पृ० १८२

नरसी—प्रेमभक्ति मा भग पड़ावै अज्ञान आगल लावे रे ।

—पद ५४

भालण—१. प्रेमभक्ति ते कही न जाये ।
जीहवा अेक मुह माय जी ।

२. सनकादिक जाणे नहिं प्रेमभक्ति निरधार जी ।

—दशम स्कंध, पृ० २२७

सूरदास द्वारा दी हुई पूर्व परिभाषा से यदि इस प्रेमभक्ति की तुलना की जाय तो मुक्ति की प्राप्ति का लक्ष्य रखने के कारण यह सात्विकी भक्ति ठहरती है परन्तु नंददास का मन्तव्य कदाचित् इससे भिन्न है । उनकी प्रेमभक्ति का अर्थ विशुद्ध रागानुगा भक्ति से ही है । नंददास ने सम्प्रदाय की मान्यता के अनुसार भक्ति का एक रूप 'पुष्टि भक्ति' भी माना है जो उनके एक पद से प्रकट होता है—

धर्मादिक द्वारे प्रतिहार, **पुष्टि भक्ति** कौ अंगीकार ।

—नंद. पृ० ३४२

किन्तु यहाँ उनका मन्तव्य पूर्णतया स्पष्ट नही हो पाया है । 'प्रेमभक्ति' तथा 'पुष्टि भक्ति' को उन्होंने पर्याप्त माना अथवा वे इन दोनों मे कोई भेद समझने थे, यह उनके काव्य से स्पष्ट नही होता ।

'प्रेमभक्ति' का सकेत सूर और नंददास में ही नही मिलता गौडीय सम्प्रदाय के कवि माधवदास ने भी मानमाधुरी की फलश्रुति मे इसका उल्लेख किया है—

मानमाधुरी जो सुने, होय सुबुद्धि प्रकास ।
प्रेमभक्ति पावै विमल, अरु वृन्दावन वास ॥४०॥

—श्री मानमाधुरी, पृ० ८३

अगले दोहे मे कवि ने इसी अर्थ मे 'रागमार्ग' का व्यवहार किया है जिससे ज्ञात होता है कि माधवदास की प्रेमभक्ति वस्तुतः रागात्मिका भक्ति का ही दूसरा नाम है—

मानमाधुरी जो पढै सुनै सरस चितलाय ।
राग मार्ग मार्ग में चित रहै राधाकृष्ण सहाय ॥४१॥

—वही

राधावल्लभीय कवि ध्रुवदास ने भी प्रेम की श्रेष्ठता का निरूपण अनेक प्रकार से किया है । वे भजन के समस्त रूपों से प्रेम भजन को श्रेष्ठ कहते हैं—

औरौ भजन आहिं बहुतेरे ।
ते सब **प्रेम भजन** के चेरे ॥१५१॥

—नेह मंजरी

एक दूसरे स्थल पर वे नरसी [illegible] की तरह ही नवधा भक्ति की तुलना मे प्रेम को ही उच्च स्थान देते हैं—

महा माधुरी प्रेम निज आवै जिहि उर माहि ।
नवधा हूँ तिहि रुचति नहि नेम सबै मिटि जाहि ॥१५॥

—भजन कुडलिया

'सिद्धान्त विचार' नामक रचना में इसी विचार को गद्य में ध्रुवदास ने स्पष्ट किया है—

'पहले स्थूल प्रेम समुझे तब आगे चलै जैसे भागवत की वानी ।
पहिले नवधा भक्ति करै तब **प्रेमलछिना** आवै ।"

यहाँ स्पष्टतया 'प्रेम लक्षणा' शब्द का प्रयोग किया गया है। रारावलीकार ने भी इसी **को** प्रयुक्त किया है जिसका उल्लेख हो चुका है। ध्रुवदास के सहसम्प्रदायी कवि हरिराम व्यास ने पूर्वोक्त सूर आदि की तरह प्रेमभक्ति का ही व्यवहार किया है—

घर घर **प्रेमभक्ति** की महिमा व्यास सबै पहिचानी।

—व्यास वाणी, पृ० २८

निम्बार्क सम्प्रदाय के कवि हरिव्यास ने भक्ति के इस विशिष्ट प्रकार को 'पराभक्ति' कहा है और राधा को 'पराभक्ति प्रदायिनी' की उपाधि दी है—

१. जयति जय राधा रसिकमनि मुकुट मनहरनी त्रिये।

पराभक्ति प्रदायिनी करि कृपा करुना निधि प्रिये।

—नि० मा०, पृ० ३५

२. कर्म अरु ज्ञान करि के सदा दुर्लभ सुल्लभा **परा भक्तिहि** प्रकासी।

—वही, पृ० ५९

उन्होने इस पराभक्ति के परम पथ को 'नेम प्रेम' दोनों से श्रेष्ठतर माना है—

रहि गयो मारग उरै नेम अरु प्रेम को पर चल्यो **परा** को परम पर पथ।

—वही, पृ० ६०

इस पराभक्ति की उपलब्धि के लिए हरिव्यास देव द्वादश लक्षण तथा दस पैंडी का विधान किया है। द्वादश लक्षणो मे तो सामान्य नैतिक बातो का ही समावेश किया गया है परन्तु दस पैंड़ी मे भक्ति के विकास का अनुक्रम निर्धारित करने का प्रयास किया गया है, जो बहुत कुछ अस्पष्ट है। दस पैंड़ी वाला अंश नीचे उद्धृत किया जाता है—

ये **द्वादश लक्षण** अवगाहै। ते जन **परा** परम पद चाहै।
जाके **दश पैंड़ी** अति दृढ़ है। बिन अधिकार कौन तंह चढ़िहै।
पहले रसिक जनन को सेवै। दूजी दया हृदय धरि लेवै।
तीजी धर्म सुनिष्ठा गुनि है। चौथी कथा अमृत है सुनि है।
पंचमि पद पंकज अनुरागै। षष्टी रूप अधिकता पागै।
सप्तमि प्रेम हिये विरधावै। अष्टमि रूप ध्यान गुन गावै।
नौमी दृढता निश्चय गहिवै। दशमी रस की सरिता बहिवै।
या अनुक्रम करि जै अनुसरही। शनै शनै जग ते निरवरही।

—नि० मा० पृ० ६७

इसी सम्प्रदाय के कवि रूपरसिक का झुकाव वैधी भक्ति की ओर है जो उनके द्वारा वर्णित उन्चास बातो से प्रकट है—

ये उन्चास बात छिटकावै।
सो हरिव्यासी जन मन भावै।

—नि० मा०, पृ० १२०

परिभाषा की दृष्टि से पराभक्ति तथा रागानुगा भक्ति में मौलिक अंतर है। भक्ति के मूलत. दो भेद माने गये है परा तथा गौणी। परा भक्ति सिद्ध दशा की मानी गयी है और गौणी भक्ति साधन दशा की। रागानुगा गौणी भक्ति का ही उपभेद है। इस प्रकार शब्द के आधार पर कहा जा सकता है कि निम्बार्क सम्प्रदाय मे साध्य दशा की भक्ति मान्य है तथा अन्य सम्प्रदायो मे साधन दशा की। परन्तु वस्तुतः ऐसा कोई भेद परिलक्षित नही होता। नरसी से लेकर हरिव्यास देव तक उक्त सभी कवियों का अभिप्राय भक्ति के एक ऐसे स्वरूप से है जो वैधी के विरुद्ध समस्त बन्धनो से मुक्त विशुद्ध प्रेम का द्योतक है। उसीके लिए सबने अपनी अपनी रुचि एव परम्परा के अनुसार नामो का प्रयोग किया है। भेद वस्तुगत न होकर नामगत ही प्रतीत होता है। नरसी के अतिरिक्त अन्य गुजराती कवियो का झुकाव वैधी भक्ति की ओर अधिक लगता है यद्यपि उनके काव्य मे भक्ति के सम्बन्ध मे स्पष्ट रूप से कुछ नही कहा गया है।

भक्ति के मुख्य भाव—भक्ति का मूल आधार भाव तत्व माना गया है। भावों की कोई सीमा नही निर्धारित की जा सकती अतएव भक्त और भजनीय के बीच के सम्बन्धो को भी सीमित नही किया जा सकता। फिर भी जिस प्रकार ससार मे मानव प्रेम के चार मुख्य रूप, दास्य, सख्य, वात्सल्य तथा माधुर्य मिलते है उसी प्रकार भक्ति मे भी इन्ही को मुख्य भावों के रूप में स्वीकार किया गया है। दास्य सख्य का समावेश नवधा भक्ति मे '**दास्यं सख्यमात्मनिवेदनं** कह कर सातवे तथा आठवे प्रकार के रूप मे प्राप्त होता है। नारदभक्तिसूत्र मे दी हुई एकादश आसक्तियो मे उन चारों भावों को सख्यासक्ति, वात्सल्यासक्ति, दास्यासक्ति तथा कान्तासक्ति के रूप मे ग्रहण किया है। शेष सात आसक्तियाँ इन मूल भावासक्तियो की सहगामिनी ही है विरोधिनी नही। श्री हरिभक्तिरसामृतसिन्धु में रागानुगा भक्ति के कामरूपा तथा सम्बन्धरूपा को भेद करके और पुनः सम्बन्धरूपा के अन्यान्य उपभेद करके उक्त सभी मुख्य भावो को भक्ति के अंतर्गत स्थापित किया गया है।

इन चारों भावों मे अंतर्भाव का एक क्रम निर्धारित किया जाता है जिसके अनुसार प्रत्येक भाव में उसके पूर्ववर्ती भाव या भावों का अन्तर्भाव हो जाता है जैसे सख्य

में दास्य का, वात्सल्य में दास्य, सख्य दोनों का और माधुर्य म दास्य, सख्य, वात्सल्य तीनों का ।

किसी कवि के सम्बन्ध में आराध्य के प्रति उसके मुख्य भाव का निर्णय आत्म-निवेदनात्मक पदों के आधार पर संरलता से हो जाता किन्तु बहुत से ऐसे कवि है जिन्हों ने इस प्रकार की पद रचना न करके वर्णनात्मक काव्य रचे हैं। उनके मुख्य भाव का निर्णय काव्य के उन भावनात्मक स्थलो के आधार पर किया जा सकता है जिनमे कवि की वृत्ति अधिक केन्द्रित मिलती हो। गुजराती के अनेक कवियो के विषय मे इस प्रकार की कठिनाई उपस्थित होती है। नरसी मेहता ने भक्ति विषयक बहुत से पद लिखे हैं अतएव उनके द्वारा स्वीकृत मुख्य भाव सरलता से ज्ञात हो जाता हैं। उन्होंने माधुर्य भाव को सर्वोपरि स्थान दिया है किन्तु उसके साथ दास्य भाव का भी सम्मिश्रण है। वे कृष्ण को स्वामी मान कर जन्म जन्म उनकी दासी बनने की कामना करते है। यथा—

जनम जनमनी हरी दासी थाशु, नरसैया चा स्वामी नी लीला गाशु।

—पद ५६

उनका आदर्श गोपी-भाव है जिसका आस्वादन वे सखी रूप मे करते है—

१. प्रेम ने जोग तो ब्रजतणी गोपीका अवर विरला कोई भक्त भोगी।

—पद २४

२. जे रस ब्रजतणी नार विलसे सदा सखी रूपे ते नरसैये पीधो।

—पद ४९

इसे सखी-भाव की संज्ञा भी दी जा सकती है। नरसी ने सेवक-भाव अथवा दास्य भाव को माधुर्य से पृथक स्वतत्र रूप से भी स्वीकार किया है जिस से उनके मत के सम्बन्ध में संदेह नही रह जाता। उनका कहना है कि पुरुष अर्थात् कृष्ण की प्राप्ति मुक्ति पर्यन्त सत्य रूप में सेवक भाव रखने से होती है—

मुक्ति पर्यन्त तो प्राप्ति छे पुरुष ने, सत्य जो सेवक भाव राखे।

—पद २३

पदान्त में छाप के साथ नरसी ने कृष्ण के लिए 'स्वामी' शब्द का बहुधा प्रयोग किया है जो सम्भवतः इसी भाव का द्योतक है। यों इस शब्द का प्रयोग पति के अर्थ मे भी होता है। नरसी का दासत्व उनके माधुर्य भाव का सहायक ही था जैसा कहा जा चुका है क्योंकि रास आदि अनेक लीलाओ में यहाँ तक कि संभोग की स्थिति मे भी

नरसी अपने को लीलादर्शक तथा सेवक अथवा दूत के रूप मे प्रस्तुत बताते हैं। जहाँ दास्य भाव को ही प्रधान माना गया है वहाँ शृंगारिक लीलाओ का वर्णन वर्जित भी ममझा गया है, पर नरमी मे ऐसा नही है। ब्रजभाषा के कवियों मे भी लगभग ऐसी ही स्थिति मिलती है।

मखी-भाव की प्रधानता के साथ दास्य भाव का सयोग निम्बार्क राधावल्लभीय तथा गौडीय सभी सम्प्रदायो के काव्य मे प्राप्त होता है। इन सम्प्रदायो के कवियों ने राधा-कृष्ण के युगल रूप तथा उनकी कुज-लीलाओ का ही वर्णन किया है जिन्हे देखने का अधिकार केवल राधा की सखियो अथवा सहचरियों को ही है। अतः भक्त इन लीलाओ का दर्शन मात्र सखी-भाव से कर सकता है। सखी-भाव का विकास इन कवियो ने इस प्रकार किया है कि वात्सल्य को छोडकर शेष सभी भावों, दास्य, सख्य तथा माधुर्य का समावेश उसमे हो जाता है किन्तु अन्तत. प्रधानता माधुर्य को ही प्रदान की गयी है।

राधावल्लभीय कवि ध्रुवदास ने भजनाष्टक मे श्रेष्ठता का एक क्रम निर्धारित किया है जिसमे मधुररस को सर्वोपिरि स्थान दिया है और शान्तरस को निम्नतर—

ज्ञान सात रस ते अधिक अद्भुत पदई दास।
मखा भाव ताते अधिक जिनमें प्रीति प्रकास ॥१॥
अद्भुत बाल चरित्र को जो जसुदा सुख लेत।
ताते अधिक किसोर रस ब्रज बनितन कौ हेत ॥२॥
सर्वोपरि है मधुर रस जुगल किसोर विलास।
ललितादिक सेवत तिनहि मिटत न कबहुं हुलास ॥३॥

मधुर रस के आस्वादन के लिए ध्रुवदास के मत से सखियो की शरण ग्रहण करना अनिवार्य है—

सखियन सरन भाव धरि आवै।
सो या रस के स्वादहि पावै ॥७॥

—रतिमंजरी

सखी-भाव और सेवा-भाव का सयोग निबार्क सम्प्रदाय के कवि श्रीभट्ट की निम्न पक्तियो मे देखा जा सकता है—

टारौं निजकर भवर लै चारों नैननि नेह।
सोवत जुगलकिसोर जहँ सेऊँ चरन सुदेह ॥

—नि० मा०, पृ० १३

श्रीभट्ट के काव्य मे इसी सेवा भाव ने उन्हे कृष्ण के चाकर तथा दास बनने की भावना दी—

१—चरनकमल की सेवा दीजे चेरो करि राखो घर जायो।
श्रीभट्ट के प्रभु दियो अभय पद जम डरप्यो जब दास कहायो ॥
—नि० मा०, पृ० ११

२—जनम जनम जिनके सदा हम चाकर निशि भोर।
त्रिभुवन पोषण सुधाकर ठाकुर जुगल किशोर।
—नि० मा०, पृ० १२

इसी प्रकार हरिव्यास देव भी अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए राधाकृष्ण के महल की सेवा-टहल करने की इच्छा रखते है—

सुख दुख अवधि स्यामा स्याम।
नित्य धाम निवास अद्भुत अहनिशा अभिराम।
महलनी निज टहल मे तत्पर सदा सब जाम।
'श्री हरिप्रिया' अंग अग सेवा पुजवही मनकाम ॥८२॥
—नि० मा०, पृ० ६८

अष्टछाप के कवियों ने सम्प्रदाय की मान्यता के अनुसार कृष्ण के बाल रूप की आराधना करते हुए वात्सल्य रस को पर्याप्त महत्व दिया है विशेषत. सूर तथा परमानन्द दास ने। परन्तु वात्सल्य रस का काव्य लिखना और वात्सल्य भाव से भक्ति करना दो भिन्न वस्तुएँ है। जहाँ तक भक्ति के भाव का सम्बन्ध है अष्टछाप के कवियो ने सख्य तथा दास्य को सर्वाधिक महत्व दिया है। उनके लिए प्रयुक्त अष्टसखा शब्द उनके सख्य भाव पर विशेष बल देता है। माधुर्य रस के पद भी सूरदास आदि कवियो ने पर्याप्त संख्या में लिखे है परन्तु वात्सल्य भाव की तरह माधुर्य भाव की भक्ति भी इन कवियों मे प्राप्त नहीं होती। कृष्ण को पुत्र अथवा पति मानने के स्थान पर कवियो ने सखा तथा स्वामी ही माना है। यह अवश्य है कि आसक्तियों के सिद्धान्त से कभी यशोदा मे कभी राधा में अपने भाव की स्थापना करके वात्सल्य अथवा माधुर्य भाव की अनुभूति इन कवियो ने प्राप्त की है। माधुर्य और वात्सल्य एक प्रकार से इस सम्प्रदाय में मान्य गोपी-भाव में ही समाविष्ट हो जाते है। गोपियों के तीन भेद किये गये हैं, गोपी, गोपांगना और ब्रजांगना। उन्हे क्रमश: अनन्यपुर्वा, अन्यपुर्वा तथा सामान्या कहा गया है। पहली दो प्रकार की गोपियों में माधुर्य भाव तथा तीसरे प्रकार की गोपियों में वात्सल्य भाव की स्थापना की गयी है। सख्य तथा दास्य अष्टछाप के

कवियों के अपने भाव है और माधुर्य तथा वात्सल्य इन गोपियो के आश्रित भाव। यों कृष्ण के प्रति सख्य भाव मे भी आदर्श रूप मे सुबल, सुदामा, उद्धव आदि को ग्रहण किया जा सकता है परन्तु अष्ट सखाओं मे यह भावना रूढ हो गयी थी।

वात्सल्य भाव का काव्य ब्रजभाषा के अन्य सम्प्रदाय के कवियो मे उपलब्ध नहीं होता। गुजराती के भालण तथा प्रेमानन्द मे अवश्य इसकी उपलब्धि होती है। उक्त गुजराती कवियो ने वात्सल्य भाव के स्थलों को पर्याप्त तन्मयता से लिखा है जिससे पता लगता है कि उनकी वृत्ति इस ओर अधिक उन्मुख थी। यो माधुर्य रस का काव्य गुजराती कवियों ने भी बहुत रचा है किन्तु माधुर्य भाव केवल नरसी मे प्राप्त होता है।

जहाँ तक दास्य भाव का सम्बन्ध है उसका सबसे अधिक प्रस्फुटित रूप सूर में मिलता है। अष्टछाप के अन्य कवियो ने भी इस प्रकार के पद पर्याप्त सख्या मे लिखे हैं। सूर के दास्य भाव मे दैन्य का अश इतना अधिक है कि उनका स्थान अन्य कवियों से स्वत. पृथक हो जाता है। गुजराती कवि नरसी प्रेमानन्द तथा भालण आदि में दास्य भाव तो प्राप्त हो जाता है परन्तु उसमे दैन्य का इतना पुट नही मिलता। केशवदास कायस्थ ने भी अपनी कृति 'श्रीकृष्ण क्रीडा काव्य' की समाप्ति दैन्य-युक्त दास्य भाव की अभिव्यक्ति के साथ की है—

हरि सेवक ना सेवक होय, तेना दास दास जे कोय।
तेहना दास तणो हुं दास, अहनिशे वांछू अेह ज आश।
कृष्ण भक्ति जेति वारें करे, जाणी दीन सदा सभरे।

—पृ० ३१०

भक्ति और कर्मकांड—भक्ति मे प्रेम भाव को ही सब कुछ मानने वाले भक्त कवियों ने कर्मकाड की उपेक्षा ही नही की अपितु निन्दा और तिरस्कार भी किया है। गुजराती कवि नरसी ने अपने काव्य में अत्यन्त सशक्त स्वर में कर्मकाड का विरोध किया है—

१—कर्म धर्मनी बात छे जेटली ते मुज ने नव भावे रे।

—पद ५

२—जो ने रीजाय ते कर्मकाड।

—पद ४५

यही नहीं नरसी पूजा स्नान, दान, जटा धारण, भस्म लेपन, जप, तप, तीर्थ, वेद, व्याकरण दर्शन के अध्ययन तथा वर्ण व्यवस्था आदि को पेट भरने का प्रपंच मात्र

समझते हैं । उनके मत से तत्व-दर्शन तथा आतमाराम परब्रह्म के साक्षात्कार के अभाव में यह सभी निस्सार है—

> शु थयु स्नान सेवा ने पूजा थकी, शु थयुं घेर रहि दान दीधे ।
> शु थयु धरि जटा भस्म लेपन करे, शु थयुं बाळलोचन कीधे ।
> शु थयु तप ने तिर्थ कीधा थकी, शु थयु माळ ग्रही नाम लीधे ।
> शु थयु तिलक ने तुलसी धार्या थकी, शुं थयु गगजल पान कीधे ।
> शु थयु वेद व्याकरण वाणी वदे, शु थयुं रागने रग जाणे ।
> शु थयु खट दर्शन सेवा थकी, शु थयु वरणना भेद आणे ।
> अे छे परपच सहु पेट भरवा तणा, आतमाराम परिब्रह्म जोयो ।
> भणे नरसैंयो के तत्व दर्शन बिना, रत्न चिता मणि जन्म खोयो ।
>
> —पद ४३

सूरदास ने भी लगभग इतनी ही तीव्रता से कर्मकाड के उक्त स्वरूपों की निस्सारता प्रदर्शित की है यद्यपि उन्हे पेट भरने का साधन कहने का विद्रोहात्मक स्वर वे नहीं अपना सके—

> जौ लौ मनकामना न छूटे ।
> तो कहा योग यज्ञ व्रत कीन्हे बिनु कन तुस को कूटे ।
> कहा सनान किये तीरथ के अंग भसम जट जूटे ।
> कहा पुराणन पढ़ जु अठारह ऊर्ध्व धूम के घूटे ।
> जग सोनाकी सकल बडाई इहि ते कछू न खूटे ।
> करनी और कहै कछु औरै मन दसहू दिसि लूटे ।
> काम क्रोध मद लोभ शत्रु हैं जो इतनो सुनि छूटे ।
> सूरदास तबही तम नाशै ज्ञान अग्नि झर फूटे ।
>
> —सू० सा०, पृ० ४५

सूरदास की यह 'ज्ञान अग्नि झर' ज्ञानमार्गीय अर्थ न देकर तत्व-दर्शन तथा उससे उपलब्ध आत्मप्रकाश का ही बोध कराती है । सूरसागर मे ऐसे भी कथन एक आध स्थल पर मिल जाते है जिनमें भक्ति के लिए यम-नियमादि अष्टाग योग की स्पष्ट आवश्यकता बतायी गयी है—

> १—भक्ति पंथ को जो अनुसरै, सो अष्टाग योग को कर ।
> यम नियमासन प्राणायाम, करि अभ्यास होइ निष्काम ।
> प्रत्याहार धारणा ध्यान, करै जु छाड़ि वासना आन ।

क्रम क्रम करिकै करै समाधि, सूर श्याम भजि मिटै उपाधि।

—सू० सा०, पृ० ४६

२—योग न युक्ति ध्यान नहिं पूजा वृद्ध भये अकुलात।

—वही

ऐसे स्थल सूर की मौलिक प्रौढ भक्ति भावना के विरोधी लगते हैं अतएव इनके प्रक्षिप्त होने अथवा प्रारम्भिक अवस्था के द्योतक होने की सभावना लगती है। कृष्ण-भक्ति के आगे साधनों की निस्सारता एक अन्य गुजराती कवि नरहरि ने भी प्रदर्शित की है—

सकल साधन भाई तीणे तहाँ कीधलां।
सकल दांन वीधो गते दीधलां।
जेणे लीधलां चरण रुदे हरी तणा ॥८॥

—आनंदरास

केशवदास कायस्थ ने तीर्थाटन, दान ,स्नान आदि का तिरस्कार तो नही किया परन्तु उन्हें कृष्ण कीर्तन तथा कृष्ण भजन की तुलना मे नगण्य अवश्य स्वीकार किया है—

काशी महि कोटि गौ परागे रे दान।
तुला न आवे कोटिये कीर्तन कृष्ण समान्य।
अयुत कल्प लगे प्रयाग मा वास त्रिवेणी स्नान।
तेथी साचूं जाणजो अधिक-भजन भगवान।

—श्री कृष्णलीलाकाव्य, पृ० ३११

इसी प्रकार ब्रजभाषा के भी अनेक कवियों ने कर्मकाड का विरोध किया है। हरिवंशी कवि हरिराम व्यास कृष्ण की भक्ति के बिना सभी कुछ व्यर्थ मानते हैं। उनके मत से योग यज्ञ आदि कर्म धर्म सब ऊपरी वस्तुएँ ही हैं इनका प्रवेश अभ्यंतर तक नही है—

साचौई गोपाल गोपाल रढिबौ।
रूपशील गुन कौन काम को हरि की भक्ति बिनु पढ़िबौ।
जोग जज्ञ जप तप संजम व्रत कलई कौ सौ मढ़िबौ।
जैसे अन्न बिना तुष कूटत, वारु मे तेल न कढ़िबौ।
अैसेहि कर्म धर्म सब हरि बिनु, बिनु वैसंदर दढिवौ।

—व्यास वाणी, पृ० १२९

इसी प्रकार का भाव निम्बार्क मतानुयायी श्रीभट्ट भी व्यक्त करते हैं—

मन वच राधा लाल जपे जिन।
अनायास सहजहिं या जग मे सकल सुकृत फल लाभ लह्यो तिन।
जप तप तीरथ नेम पुण्य व्रत सुभ साधन आराधन ही बिन।
जय 'श्रीभट' अति उत्कट जाकी महिमा अपरम्पार अगम गिन।

—नि० मा०, पृ० १२

भक्ति-पथ में सत्संग और नाम-कीर्तन की विशेष महत्ता—यो तो भक्त कवियों ने भक्ति से सम्बधित सभी वस्तुओ के महत्व को स्वीकार किया है परन्तु सत्सग तथा नाम-कीर्तन को विशेष महत्ता दी गयी है। सत्सग—भक्ति की उत्पति एव विकास के लिए अनुकूल वातावरण उपस्थित करने वाला अद्वितीय साधन माना गया और बहुधा सतसंग और साधु सग को उसके पर्याय रूप मे ग्रहण किया गया है। नाम-कीर्तन अथवा नाम-स्मरण को भक्ति के अन्य साधनो मे इसलिए सर्वाधिक महत्व दिया गया क्योंकि भक्त को भगवान का परिचय नाम के ही आधार पर प्राप्त हो पाता है। वही दोनों का मध्यस्थ है। नाम के अभाव मे नामी का परिज्ञान संभव नही। भक्ति के प्राय: सभी मान्य ग्रथों में इन दोनों साधनों का माहात्म्य वर्णित किया गया है किन्तु गुजराती और ब्रजभाषा दोनों के भक्त कवियों ने उसका विशेष रूप से वर्णन किया है। नरसी मेहता के मत से कृष्ण नाम में सभी साधन समाहित है। उसका पार कोई विरला संत ही पा सकता है। सब कुछ छोड कर मुख से नामोच्चारण ही करना श्रेयस्कर है—

१—सकल साधन नुं श्री हरी नाम छे पार पाम्या कोई संत पूरा।

—पद ३६

२—अवर वेंपार तु मेहेल्य मिथ्याकरी कृष्ण नुं नाम तु राख म्होंये।

—पद ३१

कृष्ण कीर्तन के बिना प्राणी अशुद्ध है क्योकि सारे तीर्थों का फल इसी में है—

कृष्ण कीर्तन बिना नर सदा सूतकी विमल कीधे वपू शुद्ध न थाये।
सकल तीरथ श्रीकृष्ण कीर्तन कथा हरितणा पास जे ने हेते गाये।

—पद १९

इसीलिए उनका आश्रय एकमात्र हरिनाम ही रहा। उसी की मूर्ति में वे अनन्य भाव से लीन रहे—

मारे तो आशरे अेक हरिनाम नो छेक आव्यो हवे क्यारे जइअे ।
भणे नरसैंयो अे नाम ने आशरे नाम ने मूर्तिमा लीन रहीअे ।

—पद ३६

भगवन्नाम का स्मरण जगत् मे नाम अमर कर देता है—

हरि हरि कृष्णने तु भज नामे, जग मा तारु नाम रहे ।

—पद १२

नाम की तरह सत भी नाव के ही सदृश है । साधु-सगति पापो का नाश कर देती है आदि भाव व्यक्त करके नरसी ने सत्सग को भी वैसा ही महत्व दिया है—

भक्त ने भेटता किल्विष नव रहे ज्ञान दीपक थकी तिमिर नासे ।
धन्य धन्य भाग्य जे साधु सगत करे कृष्ण कीर्तन थकी कृष्ण भासे ।
अेक क्षण वार जे संत संगत करे धन्य घडी जन्तु नी तेज जाणो ।
भणे नरसैंयो भवसागर बूडतां हरिजन नाव निश्चे प्रमाणो ।

साधु-सत अथवा भगवद् भक्त के लिए हरिजन शब्द का प्रयोग गुजराती कवियों ने बराबर किया । आनन्दराम के रचयिता नरहरि भी हरिजनो की संगति तथा हरि रस पान का महत्व प्रदर्शित करते है—

१—हरषी हरषी हरिजन पूजीये ।
सत सगत तत्व ज्ञान ते बूझीये, गुझीये नही रे संसार मा ॥७॥

२—अहरनिसि वली वली कृष्ण कृष्ण भणो ।
माहे थकारे मोटा रीपु हणो वसेक मारग रे साधु तणो ॥१७॥

३—आपणो जनम सुफल येम कीजीये ।
साधु समागम हरी रस पीजीये ।
ना कीजीये संगत षल तणी ॥२१॥

केशवदास की कृति 'श्रीकृष्ण क्रीड़ा काव्य' के अत मे भी कृष्ण नाम के श्रवण गायन आदि की तथा साधु समागम की महिमा का बखान किया गया है—

कृष्ण नी भक्ति ने कृष्ण ने गाय अहनिशे कृष्ण नी बात कहेवाय ।
कृष्ण गुण श्रवणे सूण्या पछी संत ने रंग भर्ये हृदय ने का न रिझाय ।
कृष्ण ना भक्त शूं स्नेह करवी सदा साधु समागम में सुख थाय ।

—पृ० ३१०:११.

प्रेमानन्द ने भी नरसी की तरह कृष्ण-नाम को ससार-सागर से सतरण के लिए नौका सदृश माना है—

अभग नौका श्रीकृष्ण नाम नी भवसागर ने तरवा।

—श्री० भा०, पृ० २३४

ब्रजभाषा के भी ऐसे अनेक कवि हैं जिन्होंने नाम की महत्ता का वर्णन किया है और सत्संग पर भी विशेष बल दिया है।

सूरदास कलियुग मे नाम को ही एक मात्र आधार समझते हैं। वे नाम और साधु संगति को भव बधन से मुक्ति का प्रधान साधन मानते हैं—

१—है हरि नाम को आधार।
और इहि कलिकाल माही रह्यो विधि व्यवहार।
सूर हरि को सुयश गावत जाहि मिटि भवभार।

—सू० सा०, पृ० ४४

२—जा दिन सत पाहुने आवत
. . . .
संगति रहै साधु की अनुदिन भव दुख हरी नसावत।

—सू० सा०, पृ० ४५

हितहरिवंश ने भी एक स्थल पर सत्संग की महिमा स्वीकार की है—

तनहि राख सतसंग मे मनहिं प्रेम रस भेव।
सुख चाहत हरिवश हित कृष्ण कल्पतरु सेव।

—श्रीहित स्फुट वाणी जी, पृ० ३३

हरिराम व्यास नाम और सत्संग दोनों को ही विशेष महत्व देते हैं—

१—कलियुग श्याम नाम अधार।

—व्यास वाणी, पृ० १७२

२—कलियुग मन दीजै हरि नामैं।

—वही, पृ० १७३

३—करौ भैया साधुनि ही सों संग।
पति गति जाय असाधु संग ते काम करत चित भंग।
हरि ते हरिदासनि की सेवा परम भक्ति को अग।

—वही, पृ० ९४

४—साधु सरसीरुह को सो फूल।
जिनकी संगति भक्ति देति, हरि हरत सकल भ्रममूल।

—वही, पृ० ९५

निम्बार्क मतानुयायी परशुराम देव तथा रूपरसिक ने भी नाम और सत्संग को पर्याप्त महत्व दिया है—

परशुराम देव. १—ज्यों दर्पन पावक पड़े परसत ही रवि धूप।
परसुराम हरि नाम ते प्रगटे हरि निज रूप।
—नि० मा०, पृ० ७८

२—संत संगति बिनु जो भजन सो न लहं सुखसीर।
परसा मिलै न सिंधु सो नदी विहीना नीर।
—वही, पृ० ७७

रूपरसिक. १—नाम महात्म्य ऐसो सोई, याते अधिक और नहि कोई।
नामहि सो नित बाधौ नातौ, जगत मोह सो डोरा डातौ।
—नि० मा०, पृ० १२१

२—पहले श्रद्धा लक्षण जानो, ता पीछे सतसंग बखानो।
सतसंग न करि हरि को भजो, आनदेव को आश्रय तजो।
—नि० मा०, पृ० १२०

गौडीय कवि गदाधर भट्ट नाम को नामी से भी अधिक महत्व देते हैं—

है हरि ते हरिनाम बडेरो, ताकों मूढ करत कत झेरो।
—वाणी, पृ० १४

कलियुग को कराल व्याल का रूपक देकर वे नाम को महामंत्र के सदृश शक्तिवान सिद्ध करते हैं और निरंतर भगवन्नाम स्मरण पर विश्वास रखते हैं क्योंकि उसके द्वारा सभी प्रकार के पाप नष्ट हो जाते हैं—

हरि हरि हरि हरि रट रसना मम।
हेमहरन द्विजद्रोह मान मद अरु पर गुरु दारागम।
नाम प्रताप प्रबल पावक के होत जात सलभा सम।
इहि कलिकाल कराल व्याल विष, ज्वाल विषय मोये हम।
बिनु इहि मंत्र गदाधर के क्यों मिटि है मोह महातम।
—वही, पृ० १५

इस प्रकार सत्संग और नाम के विशेष महत्व को दोनों भाषाओं के भक्त कवियों ने व्यापक रूप से स्वीकार किया है।

भक्ति और वैराग्य—ज्ञानमार्गी सतो की तरह ही दोनो भाषाओ के भक्त कवियों ने ससार के प्रति विरक्ति का भाव प्रदर्शित किया। भक्ति के पथ मे एक प्रकार निवृत्ति तथा प्रवृत्ति दोनों का समन्वय हो गया। प्रवृत्ति का अभाव भक्ति का लक्ष्य न होकर ससार विषयक प्रवृत्ति के स्थान पर भगवद् विषयक प्रवृत्ति का स्थापन उसका लक्ष्य रहा। इस पुनर्संस्थापन के लिए संसार से निवृत्ति की अनिवार्य आवश्यकता हुई। भक्त कवियो द्वारा लिखित सभी विरागपूर्ण पदों की मूल आधार-भूमि प्राय यही है। माधुर्य भाव की भक्ति को अपनाने वाले हित हरिवश, नरसी मेहता आदि कवियों मे यह स्थिति एक विरोधाभास उत्पन्न कर देती है। विरक्ति का अनुरक्ति से विरोध है और ऐसे कवियो मे एक ओर अनुरक्ति इस सीमा तक पहुँच जाती है कि उनके काव्य मे पग पग पर स्थूल विलासात्मक श्रृगारिक चित्रण उपलब्ध होते है और दूसरी ओर विरक्ति की तीव्रता मे वे सासारिक विषय वासना तथा स्नेह सम्बन्धो की उतनी ही तीव्रता से निदा करते भी पाये जाते है। यह एक समस्या है जिस पर अन्यत्र विचार करना उचित होगा। यहाँ भक्त कवियो की विरक्ति पूर्ण काव्य रचने की प्रवृत्ति का निर्देश मात्र अभीष्ट है। डॉ० दीनदयाल गुप्त के अनुसार इस प्रकार के पद भक्ति के एक प्रकार विशेष 'शान्ता भक्ति' के अन्तर्गत आते है।[१]

गुजराती कवि नरसी मेहता के काव्य मे विरक्ति की भावना और तत्सम्बन्धी विचार अनेक स्थलो पर प्राप्त होते है। एक स्थल पर वे 'तात मात सुत भ्रात' के स्वार्थपूर्ण सम्बन्धो को दुख के समय व्यर्थ बताकर कृष्ण का आश्रय ग्रहण करने की सम्मति देते है—

> शा सुखे सूतो सभार श्रीनाथ ने, हाथ ते हरि बिना को न स्हाये।
> तात ने मात सुत भ्रात टोले मळ्यो, दोहली वेला ते सौ दूर जाये।
>
> —पद ४४

दूसरे स्थल पर वे विषय तृष्णा तथा मन के मोह को त्याग देने की सीख देते है—

> विषय तृष्णा परो मोह मन ना धरो, हुं ने महारुं जक्त ते मां बूडो।
>
> —पद ४७

भक्ति के निमित्त वे थोथे संसार और असत्य देह तथा उसके द्वारा होने वाले कामों को भी त्याज्य बताते है—

> भक्ति भूतल विषे नव करी ताहरी खाड्या संसारना थोथा ठाला।
> देह छे जूठडी करम छे जूठडां ....
>
> —पद २१

नरसी विरक्ति पर यहाँ तक बल देते हैं कि वे संसार का माया मोह छोड़ कर ज्ञानी हो जाने का उपदेश दे डालते हैं—

माटे तमो माय तजी थाओ ने ज्ञानी ।

—पद ६४

नरहरि स्पष्ट शब्दों मे विवेक तथा विराग अपनाने को कहते हैं—

विवेक विचार वैराग ने मन धरो, मोह माया मद मत्सर परहरो ।
अहनिस उचरो हरी हरी ॥१०॥

—आनन्दरास

भालण ने अपने दशम स्कन्ध की समाप्ति पर संसार के प्रति ऐसी ही भावना व्यक्त की है—

संसार ना सुख भोगवे, पुत्र कलत्र कहेवाय ।
अते तारे चरणे पामे, जे सुने कृष्ण कथाय ।

—पृ० ४३७

व्रजभाषा मे प्राय हर सम्प्रदाय के कवियों ने ससार के प्रति वैराग्य उत्पन्न करने वाले विचार व्यक्त किये हैं जो उपर्युक्त विचारो से बहुत कुछ साम्य रखते हैं क्योंकि दोनों की आधार भूमि एक है ।

सूर ने बहुसख्यक पदो मे सासारिक सबधों की निस्सारता प्रदर्शित की है । उनके ऐसे सभी पद आत्मनिवेदनात्मक हैं—

१. हरि हौ महा पतित द्रोही अभिमानी ।
परमारथ सों पीठि विषयरस भावभगति नहि जानी ।
निशि दिन दुखित मनोरथ करि, करि पीवत हू तृष्णा न बुझानी ।

—सू० सा०, पृ० १८

२. इन्द्री स्वाद विवस निसिबासर आप अपुनपौ हार्यो ।

—वही, पृ० १९

सासारिक विषयरस का प्रपंच छोड़ने का आग्रह हित हरिवश में भी मिलता है क्योंकि वे मनुष्य जीवन का लक्ष्य विषयासक्ति न मानकर कृष्णासक्ति मानते थे—

१. सकहि तौ सब परपच तजि कृष्ण कृष्ण गोविन्द कहि ।

—श्री हित स्फुटवाणीजी, पृ० ९

२. मानुष को तन पाय भजौ बृजनाथ को ।
दर्वी लेवे मूढ जरावत हाथ कों ।
जय श्री हित हरिवंश प्रपंच विषय रस मोह के ।
हरि हा बिन कचन क्यों चलै पचीमा लोह के ।

—श्री हित स्फुटवाणी जी, पृ० ११-१२

स्वामी हरिदास ने अपने अनुभव के आधार पर माया मद, गुन मद तथा यौवन मद सभी को मिथ्या बताया है और संसार की क्षण भगुरता का दिग्दर्शन कराया है तथा आजीवन हरि भजन का उपदेश दिया है—

१. जगत प्रीति करि देखी नाही गटी को कोऊ।
२. जौलों जीवै तौलौ हरि भजि रे मन और बात सब बादि ।
दिवस चारि के हलाभला मे तू कहा लेइगो लादि ।
माया मद, गुन मद, जोवनमद भूल्यो नगर विदादि ।
कहि 'श्री हरिदास' लोभ चरपट भयो काहे की लगै फिरादि ।

—नि० मा०, पृ० २०४

निम्बार्क-मतानुयायी हरिव्यास देव चाहते हैं कि मनुष्य ससार के भ्रमों को छोड़कर 'श्री हरि प्रिया' का भजन अनन्यभाव से करे—

भर्म तजौ श्री हरिप्रिया भजौ सजौ अनन्यव्रत एक ।
यही यही निश्चय कही सही गही उर टेक ।
यही है, यही है, भूलि भर्मो न कोउ, भूलि भर्मे ते भव भटकि मरिहैं ।
लाडिली लाल के नित्य सुखसार बिन कौन विधि वार ते पार परिहैं ।

सांसारिक सम्बन्धों से जो मोह उत्पन्न हो जाता है उसे बेडी समझते हुए गौडीय सम्प्रदाय के कवि गदाधर भट्ट श्री कृष्ण से उसके काट देने की प्रार्थना करते हैं और काम लोभ आदि उन सभी विकारों को, जो विषयासक्ति उत्पन्न करते हैं, अहेरी की संज्ञा देते हैं जो भक्त की मति रूपी मृगी को घेरे हुए हैं—

कबै हरि कृपा करि हौ सुरति मेरी ।
और न कोई काटन को मोह बेरी ।
काम लोभ आदि जे निर्दय अहेरी ।
मिलि के मन मति मृगी चहूंधा घेरी ।

—ग० वाणी पृ०७

इस प्रकार के सभी कथनों का उद्देश्य वस्तुतः निदा करके अथवा निस्सारता प्रदर्शित करके ससार के प्रति वैराग्य उत्पन्न करना ही है और वह भी कृष्ण के प्रति वास्तविक अनुराग एव भक्ति उत्पन्न करने के निमित्त।

भक्ति मार्ग में गुरु का स्थान—भारतीय परम्परा के अनुसार साधना के समस्त रूपों एव मार्गो मे गुरु की अनिवार्य आवश्यकता मानी गयी है। भक्ति में भी गुरु को अत्यत महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। गुजराती और ब्रजभाषा दोनों मे कवियों ने गुरु की महिमा को अपने काव्य मे पूर्ण रूप से स्वीकार किया है। नरसी मेहता गुरु को हरिनाम के व्यापार मे दलाल का स्थान देते है। और भवसागर से सरलतापूर्वक पार होने के लिए नाव की तरह अनिवार्य समझते है—

> वेपार तो कीधो रे हरि नामनो रे, कीधो गुरु रूपी दलाल।
> भवसागर मा रे नावे हु चढ्यो रे सहज मा आव्या सागर पार।
>
> —पद ५३

अन्य गुजराती कवियो ने गुरु को परम्परागत रूप मे स्वीकार अवश्य किया है परन्तु काव्य मे भक्ति की दृष्टि से गुरु के विषय मे कुछ भी नही लिखा।

ब्रजभाषा मे अष्टछाप के कवियों ने गुरु के महत्व को पूर्ण रूप से स्वीकार किया। उनके द्वारा वल्लभाचार्य तथा विट्ठलनाथ के विषय मे गुरु भाव से लिखे प्रशसा के अनेक पद उपलब्ध होते है। सूरदास, जिन्होने प्रकट रूप से गुरु के सम्बन्ध मे बहुत कम लिखा है, वे भी गुरु की महिमा मुक्त हृदय से स्वीकार करते है—

> गुरु बिनु ऐसी कौन करै।
> माला तिलक मनोहर बाना लै सिर छत्र धरै।
> भवसागर ते बूडत राखै दीपक हाथ धरै।
> सूरस्याम गुरु ऐसो समरथ छिन मे लै उधरै।
>
> —सू० सा०, पृ० ७१

हितहरिवश मनुष्य के कल्याण के लिए जहाँ प्रपच-त्याग और कृष्णनाम स्मरण को आवश्यक समझते है वहाँ गुरुचरणो का आश्रय ग्रहण करना भी अनिवार्य समझते हैं—

> जय श्री हित हरिवंश विचारि के मनुज देह गुरु चरण गहि।
>
> —श्री हित स्फुट वाणी जी, पृ० १

निम्बार्क-मत के परशुराम देव ने अपने परशुराम सागर मे गुरु के सम्बन्ध मे अनेक दोहे लिखे हैं। उनके 'अनुराग भक्त' के लिए गुरु के शब्दो पर ही विश्वास करना अभीष्ट है। ससार की बातो की उसे उपेक्षा करनी चाहिए क्योकि गुरु ही भवसागर से पार कर सकता है—

श्री गुरु समझ सनेह करि बारम्बार सम्हार।
परशुराम भवसिन्धु को नाव उतारै पार ॥३॥
श्री गुरु कहे सो मानिये सत्य शब्द बलि जाव।
और झूठ सब जगत कै सुमिरि साच हरि नाव ॥७॥

—नि० मा० पृ० ७४-७५

वल्लभ तथा गौडीय सम्प्रदाय के भक्तो ने गुरु मे ही कृष्ण की भावना करके हरि गुरु की एकता को चरितार्थ किया। वल्लभाचार्य और चैतन्य के अनुयायियों ने प्रकट रूप से इस धारणा को व्यक्त किया। चौरासी वैष्णवन की वार्ता मे गुरु-यश वर्णन के मे सूरदास का कथन 'कछु न्यारो देखू तो न्यारो कहूँ' तथा माधवदास आदि का 'कृष्ण सम्बन्ध रूप चैतन्य' कहना इसका प्रमाण है।

भक्ति की सार्वजनीनता—भक्ति का विकास प्रारभ से ही सार्वजनीनता की भावना को लेकर हुआ जो भागवतादि ग्रथों से प्रकट है। कवि नरसी ने इस सम्बन्ध मे अपनी स्पष्ट धारणा व्यक्त की है

नात न जाणो ने जात न जाणो, न जाणो काई विवेक विचार।
कर जोडी ने कहे नरसैयो, वैष्णव तणो मने छे आधार।

—पद ४

भक्ति मे 'नात जात' के भेद को अस्वीकार करने के साथ ही उन्होंने स्त्री पुरुष के भेद को भी नही माना है—

पुरुण रुप पुरुषोत्तम पामे धन ते नर ने नारी रे।

—पद ६३

ब्रजभाषा में सूर ने इतनी ही स्पष्टता से इस सत्य को व्यक्त किया है—

१. कह्यो शुक श्री भागवत विचार।
जाति पाति कोउ पूछत नाही श्रीपति के दरबार।

—सू० सा०, पृ० २३

२. बैठत सभा सबै हरि जू की कौन बड़ो को छोट।

—वही

३. हरि हरि हरि सुमिरौ सब कोई ।
ऊंच नीच हरि गिनत न दोई ।

—सू० सा०, पृ० २४

अष्टछाप के कवियों से इतर अन्य कवियो ने भी इस प्रकार के भाव व्यक्त किये हैं। हितहरिवश भी विप्र-शूद्र का भेद तथा कुल की श्रेष्ठता-हीनता को भक्ति के प्रेमोन्माद के आगे निरर्थक मानते हैं—

जहां श्री हरिवंश प्रेम उन्माद ।
कुल बिन कहौं कौन सौ चाक ।
सहज प्रेम रस सांचे पाक ।
रंक ईश समुझत नाहीं ।
विप्र शूद्र न कौन कुल कास ।
सुनहु रसिक हरिवश विलास ।

—श्री हित चौरासी सेवक वाणी, पृ० ५२

हरिराम व्यास के अनुसार भक्ति और जाति में वैर है—

व्यास जाति तजि भक्ति कर, कहत भागवत टेरि ।
जातिहि भक्तिहि ना बने, ज्यों केरा ढिग बेरि ।

—व्यास वाणी, पृ० १८६

वे निश्चित रूप से जाति और जनेऊ से व्यक्त होने वाली ऊँच-नीच तथा जाति-भेद की भावना को भक्ति मार्ग मे स्थान नहीं देते थे—

भक्ति में कहा जनेऊ जाति,

—व्यास वाणी, पृ० ९९

गोपियों का आदर्श मानना तथा अन्य मान्य भक्तों के साथ गणिका का भी स्मरण करना जो कवियों ने बराबर किया है, इनसे प्रकारान्तर से स्त्रियों का भक्ति मार्ग मे समानाधिकार स्वीकृत होता है।

भक्तों की प्रशंसा तथा उनके लक्षण—भक्त के लिए नरसी मेहता ने सामान्यतः वैष्णव शब्द का प्रयोग किया है। उनके अनुसार वैष्णव का जीवन धन्य है क्योंकि वह अपना ही नहीं, अपने परिवार तथा पड़ोसी सभी का उद्धार करता है। वह मालादि बाह्य लक्षणों से युक्त होता ही है। साथ ही आन्तरिक श्रेष्ठता भी उसमें अनिवार्य रूप से होती है जिसके कारण उसकी सगति सदैव कल्याणकारी होती है। ऐसी ही अनेक बाते वैष्णव जन के विषय मे नरसी ने अपने पदों में कही है—

धन्य जीवीत वैष्णव केरुं जे जन हरि गुण गाये रे,
सकल सभामां पहेली पूजा, नर नारी ते वैकुठ जाये रे।
हा रे वैष्णव जनना कीयां रे लक्षण, [illegible] रे।
हां रे वैष्णव जनना भेख देखी ने, जम किकर त्रासे तत्काल रे।
हा रे जन्म मरण नो फेरो छूटे ते जनम जोव थी राखे अग रे।
हा रे ते नर छूट्या ससार माहे, जेने होय वैष्णव नो सग रे।
हा रे माता पिता कुल तारे वैष्णव , तारे पाडोशी परिवार रे।
हा रे भणे नरसैयो अेटलु मागु, पुनरपि नहि अवतार रे।

—पद २

भक्त को यहाँ तक महत्व दिया गया है कि भगवान को भी उसके अधीन कह दिया गया—

भक्त आधीन छे श्याम सुन्दर सदा....

—पद २०

इसीलिए नरसी का मत था कि निवास वही करना चाहिए जहाँ वैष्णव बसते हों—

वास नहिं ज्या वैष्णव केरो त्यां नव वसीये वासडीया ।

भक्तों के सुयश का वर्णन ब्रजभाषा के कवियों ने भी किया है । सूर सागर के प्रथम स्कंध मे सूर के इस सम्बन्ध के अनेक पद मिलते है । लक्षण न देकर सूर ने भक्त के महत्व को ही प्रकट किया है । वे भक्त को इसलिए श्रेष्ठ मानते है कि वह भगवान से सम्बन्धित है । भगवान से भक्त अधिक है ऐसी धारणा उनमे नही मिलती—

१. हरि के जन सब ते अधिकारी ।

—सू० सा०, पृ० ५

२. हरि जू के जन की अति ठकुराई ।
महाराज ऋषिवर सुरनर मुनि देखत रहे लजाई ।

—सू० सा०, पृ० ६

भक्त-प्रशंसा मे राधावल्लभीय कवि हरिराम व्यास के भी अनेक पद मिलते हैं जिनमे परम्परागत रूप मे मान्य अजामिल, ध्रुव आदि भक्तों के उल्लेख के साथ भक्तों के श्रेष्ठ गुणों का अनुकथन है । व्यास के अनुसार भक्त कभी दुखी नही होते और उनको कभी माया व्याप्त नही होती ।

१. सुनियत कबहुं न भक्त दुखारो ।

—व्यास वाणी, पृ० १०१

२. माया भक्त न लगतैं जाई।

—वही, १०५

भक्ति प्राप्त करने की इच्छा रखने वाले को भक्त का पथ पहले ग्रहण करना चाहिए और उसकी जूठन भी खाना चाहिए जो ऐसा नही करते वे नारकी जीव है क्योकि भक्त के पीछे भगवान तथा गंगा चलती हैं। वस्तुतः साधु भक्त की चरण रज के द्वारा ही करोड़ों पतितों का उद्धार हो जाता है—

जूठन जो न भक्त की खात।
तिनके मुख सूकर कूकर के भक्षि अभक्षि पोषत गात।
....
हरि भक्तनि पाछै आछै डोलत हरि गगा अकुलात।
साधु चरनरज मांझ व्यास से कोटिनि पतित समात।

—वही, पृ० १०३-१०४

भक्ति रस—शास्त्रीय रूप मे भक्ति के लिए 'रस' शब्द का प्रयोग कदाचित ही किसी कवि ने किया हो परन्तु भावात्मक दृष्टि से 'भक्ति रस' शब्द का प्रयोग दोनों भाषाओं के कवियों द्वारा अनेक बार किया गया है। गुजराती मे नरसी तथा केशवदास ने इसका प्रयोग किया है—

नरसी—भूतल **भक्ति** पदारथ मोटु
....
अे **रस** नो स्वाद शंकर जाने के जाणे शुक जोगी रे।
कोई अेक जाणे व्रज नी गोपी भणे नरसैयो भोगी रे।

—पद १

केशवदास—योग शृंगार अध्यात्मक ज्ञान।
केवल **भक्ति रस** भगवान।

—मथुरालीला

नरसी ने 'भक्ति रस' के ही नही उसी भाव के अन्य शब्द 'प्रेम रस' तथा 'लीला रस' का भी व्यवहार किया है

१. **प्रेम रस** पाने तुं मोरना पीछधर तत्व नुं टुपण तुच्छ लागे।
....
जन्मो जन्म **लीला रस** गावतां.........

—पद २४

ब्रजभाषा में हरिराम व्यास ने भक्ति रस की उत्पत्ति के लिए भाव अनिवार्य माना है—

भाव बिना न **भक्ति रस** उपजै यह सब सन्त बतावत ।

—व्यास वाणी, पृ० १५९

हितहरिवंश सहज **प्रेम रस** को सर्वश्रेष्ठ मानते हैं—

१. सहज **प्रेम रस** साचे पाक ।

—श्री हित चौरासी सेवक वाणी, पृ० ५२

२. जे हरिवश **प्रेम रस** झिले ।
क्यों सोहै लोगनि मे मिले ।

—वही, पृ० ५३

पादटिप्पणियाँ

१. अष्टछाप और वल्लभ सम्प्रदाय, पृ० ३६८ ६६

२. अष्टछाप, पृ० ४०१

३. अष्टछाप, पृ० ४०१-४०२

४. वही,

५. वही, पृ० ४०३:४०४

६ अष्टछाप और वल्लभ सम्प्रदाय, पृ० ५२१

साधनादि प्रकारेण नवधा भक्तिमार्गतः ।
प्रेम पूर्त्या स्फुरद्धर्माः स्पन्दमानाः प्रकीर्तिताः ॥१०॥

—जलभेद

७. वैधी रागानुगा चेति सा द्विधा साधनविध ।

हरिभक्तिरसामृतसिन्धु, पृ० २५
पूर्व विभाग, लहरी २, श्लोक २

८. डॉ० दीनदयालु गुप्त के निजी परमानददास पद सग्रह से, पद न० ३१४

९. अष्टछाप और वल्लभ सम्प्रदाय, पृ० ६४६

४

भाव पक्ष

काव्य मे अभिव्यक्त सभी भाव वास्तव मे कवि द्वारा ही अनुभूत होते है परन्तु अभिव्यक्तीकरण मे किसी वाह्य माध्यम को स्वीकार करने, न करने के कारण सामान्यत अभिव्यक्ति के दो रूप हो जाते है। एक दशा मे कवि अपने द्वारा अनुभूत भावो को वैयक्तिकता के आग्रह के साथ उत्तम पुरुष मे ही अभिव्यक्त करता है और दूसरी दशा मे अपने से इतर कल्पित अथवा यथार्थ वस्तुओं तथा व्यक्तियों के माध्यम से। शास्त्रीय शब्दावली मे पहली दशा मे आश्रय का स्थान वह स्वय ही ले लेता है और कभी कभी अपने को ही आलम्बन भी बना लेता है, दूसरी दशा मे आलम्बन और आश्रय दोनो उससे पृथक रहते है। पहली अवस्था मे उसकी अभिव्यक्ति अन्तर्मुखी होती है, दूसरी अवस्था मे वहिर्मुखी। अभिव्यक्ति के इसी द्विधा स्वरूप के आधार पर पहले प्रकार का काव्य **आत्मविषयात्मक** (Subjective Poetry) कहलाता है और दूसरे प्रकार का काव्य **वाह्यविषयात्मक** (Objective Poetry)।

आत्मविषयात्मक भावाभिव्यक्ति

उपर्युक्त व्याख्या के अनुसार आत्मविषयात्मक काव्य की कोटि मे कृष्ण कवियों द्वारा लिखित वे ही पद, वे ही अश आते है जिनमे उन्होने—

(क) आत्मनिवेदन, दैन्य, दास्य, सख्यादि भावो की अभिव्यक्ति की है।

(ख) विविध कृष्ण लीलाओं मे स्वय को दर्शक या पात्र के रूप मे भाग लेते हुए चित्रित किया है अथवा अपने ही किसी अनुभव को कृष्णलीला से सम्बद्ध कर दिया है।

आत्मनिष्ठ काव्य मे कवि के व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति भी दोहरे ढंग से होती है। कुछ बातों को तो वह अपनी कहकर व्यक्त करता है और कुछ को अपनी भावना में रंग कर। आत्मीयता के विस्तार की कोई सीमा निर्धारित नही की जा सकती। अतएव आत्म-भावाभिव्यक्ति का अत्यन्त व्यापक अर्थ ग्रहण करते हुए एक मत ऐसा भी है जो समस्त कृष्ण-काव्य को आत्मविषयात्मक काव्य की कोटि में रखता है। लेकिन सीमित अर्थ लेने पर पूर्वोक्त अंश ही वास्तव में इस कोटि मे आते है। यहाँ इसे सीमित अर्थ में ही ग्रहण किया गया है।

आत्मविषयात्मक कथनों को काव्य की मार्मिकता प्रदान करने में विशेष कठिनाई होती है क्योंकि भावों के साधारणीकृत होने में 'अहं' की सीमाएँ बाधा बन कर आ खड़ी होती हैं। यदि अनुभूति इतनी गहरी, इतनी तीव्र न हुई कि उन्हें पार कर जाय तो इस प्रकार का सारा काव्य व्यक्ति का संकुचित प्रभावहीन परिचय मात्र बनकर रह जाता है। किन्तु सूर, नरसी, मीरां आदि जिन भक्त कवियों ने इस प्रकार के पदों का स्रजन किया है उनकी स्थिति इससे भिन्न है। उनके लिए भक्ति का आवेग ही अहं की सारी सीमाओं का पर्यवसान करता हुआ हृदय को निर्मल बना कर आराध्य के चरणों में अर्पित करने का एक मात्र उपाय था। प्रायः कहीं भी उनका आत्मनिवेदन अहं की संकुचित अभिव्यक्ति नहीं बना। उनके वैयक्तिक अनुभव से संयुक्त कथन भी किसी न किसी रूप में इतने भाव संवलित हैं कि कोई भी उन्हें परिचय मात्र नहीं कह सकता। कृष्ण-भक्त कवियों द्वारा लिखे गये आत्मविषयात्मक पद श्रेष्टतम काव्य की कोटि तक पहुँच जाते हैं।

सूरसागर के प्रथम स्कंध में संकलित सूरदास के अनेक पद उदाहरण स्वरूप प्रस्तुत किये जा सकते हैं। ब्रजभाषा में सूर के अतिरिक्त अन्य कई अष्टछापी कवियों ने आत्मनिवेदन के पद रचे हैं, अन्य सम्प्रदायों के हरिराम व्यास, गदाधर भट्ट, श्री भट्ट तथा हरिदास आदि के पदों में ऐसे उद्गार मिलते हैं किन्तु सूर का भाव-जगत इतना विस्तृत है कि वे अकेले ही सबका प्रतिनिधित्व करते हैं। साथ ही उनकी जैसी मार्मिकता एवं विविधता भी अन्यत्र दुर्लभ है। गुजराती में मुख्यतः नरसी मेहता के काव्य में दैन्य और आत्मनिवेदन के भाव मिलते हैं। अन्य कवियों में इन भावों की स्थिति का आभास तो मिलता है परन्तु इनसे प्रेरित काव्य नाम मात्र को ही उपलब्ध होता है। मीरां की स्थिति इस विषय में सूर और नरसी से भी अधिक महत्वपूर्ण है। कारण यह कि उनका लगभग समस्त काव्य आत्मविषयात्मक है। मीरां ने प्रायः सब कुछ लीलागान के रूप में न लिखकर आत्मानुभूत संवेदन के रूप में लिखा है। वैयक्तिकता का स्वर उनके पदों में, मणियों में सूत्र की तरह व्याप्त है।

जिस प्रकार आराध्य एवं आराधक के बीच सम्बन्धों के कई रूप हैं उसी प्रकार उनके अनेक स्तर भी होते हैं। दास्य, दैन्य आदि भावों के एक स्तर पर एक प्रकार के उद्गार तथा दूसरे स्तर पर दूसरे प्रकार के उद्गार मिलते हैं जिनका आधार स्नेह और तन्मयता का अतिरेक है। आराध्य की ओर जिसके प्रेम में जितनी उत्कटता होगी वह कवि उतने ही उच्च स्तर से, उतनी ही मार्मिकता से आपूर्ण उद्गार व्यक्त करेगा। इन उद्गारों के और भी सूक्ष्मतर भेद होते हैं जो कवि की वैयक्तिक संवेदनशीलता, अभिव्यंजनाशक्ति तथा स्वभाव विशेष पर आधारित रहते हैं।

आत्मनिवेदन—आत्मनिवेदन की भावना सूर, मीरा और नरसी तीनो में प्राप्त होती है किन्तु तीनों की अपनी अपनी विशेषता स्पष्ट रूप से पृथक झलकती है, तीनों का आत्मनिवेदन न्यूनाधिक अशों मे दैन्य से सयुक्त और दास्य की ओर उन्मुख है। फिर भी किसी मे दास्य भाव अप्रधान है किसी मे प्रधान। किसी मे प्रेम की कातरता है, किसी मे दैन्य की विह्वलता और किसी मे प्रगल्भता, हठ, खीझ तथा उसके बाद भी अडिग विश्वास।

यह आत्मनिवेदन की वृत्ति वस्तुत. विशुद्ध प्रेम से उत्पन्न होती है और उसी से पुष्ट भी होती है। प्रेम के मूल मे जो भाव होगा वही आत्मनिवेदनात्मक काव्य मे प्रतिबिम्बित होगा।

नरसी तथा सूर दोनों ने प्रधानत अपने को दास या सेवक और कृष्ण को अपना स्वामी स्वीकार किया है। नाथ, प्रभु, स्वामी आदि शब्दो से आराध्य को सबोधित अथवा विशेषित करना तथा चरण-शरण प्राप्ति की कामना करना इसी का द्योतक है। नरसी ने कृष्ण का दास होकर ही अपने जीवन को कृतार्थ नही माना वरन् भावातिरेक में उन्होंने कृष्ण के दास की चरणरज तक को मस्तक पर धारण करने की इच्छा प्रकट कर डाली और उसी में अपना कल्याण माना—

> तारा दासनां चरणनी रेण मस्तक धरु जेथकी कोटि कल्याण पामु।
>
> —पद० ३२

कृष्ण के प्रति उनका निवेदन है कि तुम्हारे दास के दास की संगति के बिना मेरा मन भ्रष्ट हो रहा है। जो तुम्हारे दास नही है वे दुष्ट है उनके साथ से मेरी मति भी सदोष हुई जा रही है और तुम्हारा कीर्तन, नामश्रवण आदि कुछ भी नही हो पाता—

> तारा दासना दासनी नित्य सगत बिना भ्रष्ट थाय भूधरा मन मारूं।
> दुष्टनी सगते, दुष्ट मति ऊपजे, श्रवण कीर्तन नव थाय तारु।
>
> —पद० २२

एक स्थल पर वे 'दासनोदास नरसैंने कीधो' कहकर स्वय को कृष्ण का दासानुदास मान लेते है। जिस प्रकार एक सेवक अपनेस्वामी की कृपा के अभाव मे स्थिरचित्त नही रह सकता उसी प्रकार उनका मन भी कृष्ण कृपा के बिना विकल रहता है—

> पूरुं ना पडे नाथ जी तमारी कृपा बिना अेक आणु त्यारे अनेक खूटे,
> नरसैयानां स्वामी तमारी कृपा बिना रंक मनावुं त्यारे राय रूठे।
>
> —पद ५०

ठीक ऐसी मनस्थिति सूर की भी है। वे भी कृष्ण को अपना पति अर्थात् स्वामी कहते हुए उनसे कृपा याचना करते हैं—

मेरे तो तुमही पति तुम गति तुम समान को पावै।
सूरदास प्रभु तुम्हरी कृपा बिनु को मो दुख बिसरावै।

—सू० सा०, पृ० ६

वस्तुतः कृष्ण का स्वामित्व लाभ करके ही सूरदास का दासत्व सार्थक सिद्ध होता है। वे भले बुरे जैसे भी है कृष्ण के ही है। उन्हें छोडकर किसी और के द्वार पर नही जा सकते। वे कृष्ण के खरीदे हुए गुलाम है और जब कोई ऐसा कहता है तो उसे सुन कर उनका हृदय तृप्त हो जाता है। कृष्ण रुष्ट भी हो जॉय तो भी वे द्वार छोडने वाले नही। वस्तुत. भाव की दृष्टि से उनका दासत्व ही इतना समृद्ध है कि उन्हे नरसी की तरह अपने को कृष्ण का दासानुदास कहकर अपनी अधिकाधिक लघुता व्यक्त करने की आवश्यकता ही नही पड़ती।

आगे चलकर दासत्व का यह भाव नरसी और सूर मे भिन्न-भिन्न दिशाएँ ग्रहण कर लेता है। नरसी में माधुर्य के सयोग से दास होने की कामना दासी होने की कामना मे परिणत हो जाती है और वे सखी रूप से प्रिय के सान्निध्य-सुख का रसास्वादन करने लगते है। जो स्वामी है वही प्रियतम बन जाता है और जो सेवाभाव है वही प्रणयनिवेदन का रूप धारण कर लेता है। स्वामी और सेवक के बीच की स्वाभाविक मर्यादा तथा व्यावहारिक व्यवधान दूर हो जाता है। कुछ अशों में दास्य और माधुर्य का यह भाव-साकर्य दोनों की शुद्धता को सीमित कर देता है। नरसी 'हरीदासी' होने की अपनी तीव्र मनोकामना को निम्न शब्दो मे व्यक्त करते है—

जपतप तीरथ देहडी न दमीअे, जो महारा वहालाशु रग भेर रमीअे।
जनम-जनम हरीदासी थाशु नरसैया चा स्वामीनी लीला गाशु।

—पद ५६

नरसी का यह दासी रूप सखी रूप से अभिन्न है क्योंकि वे स्वयं सखी बन कर कृष्ण की गोपियों के साथ की गयी श्रृगारक्रीडाओं का रसास्वादन करने की साक्षी देते है—

ते पूर्ण पुरुषोत्तम प्रेमदाशु रमे, भावेशु भामनी अक लीधो।
जे रस व्रजतणी नार विलसे सदा, सखी रूपे ते नरसैये पीधो।

—पद ४९

सूर में ऐसे भाव-साकर्य की स्थिति कही भी नही मिलती। यद्यपि उन्होंने कृष्ण की श्रृंगारिक लीलाओं का वर्णन नरसी की अपेक्षा कम नहीं किया है तथापि उनमें दास्य

और माधुर्य भाव का पार्थक्य बना रहा । कारण यह है कि उन्होने, जहाँ तक वैयक्तिक भावाभिव्यक्ति का प्रश्न है, दास्य और माधुर्य को सर्वदा पृथक् रक्खा है । एक दास को स्वामी के शृगारिक अथवा दाम्पत्य जीवन मे प्रवेश पाने का कोई अधिकार नही होता, वह उसकी मर्यादा के विरुद्ध है अतएव कृष्ण की शृगारिक क्रीड़ाओं का वर्णन सूर ने सखियो के माध्यम से किया है । स्वय सखी बनने अथवा सखी-भाव अपनाने का प्रमाण उनके काव्य मे नही मिलता । उन्होंने नरसी की तरह भक्ति मे अपने पुरुषत्व का पर्यवसान नही किया । उनका दास्यभाव अगर उन्मुख हो सका तो सखा-भाव की ही ओर हो सका, सखी-भाव की ओर नही । 'खजन नैन प्रेम रस माते' जैसे उनके पदो के पीछे आसक्ति का सिद्धान्त है । सखी-भाव उनका कारण नही है ।

सूर का सेवक सेव्य भाव दूसरी दिशा मे विकसित हुआ । उसका संयोग दैन्य से हुआ और दैन्य एव विनय का जितना गभीर, विविध एव विस्तृत रूप सूर मे उपलब्ध होता है उतना कृष्ण-काव्य के अन्य किसी कवि मे नही मिलता । नरसी मे भी नही । भावातिरेक मे विनय का भाव लुप्त हो जाता है और उसका स्थान प्रगल्भता, ओज तथा हठ ग्रहण कर लेते है । दास्यभाव के अन्तर्गत इस प्रकार की भाव-परिणति भी सारे कृष्ण-काव्य मे दुर्लभ है । सूर के इस प्रकार के आत्मनिवेदन मे भावना का स्तर क्रमशः उच्च से उच्चतर होता हुआ भाव-विकास की चरमसीमा को स्पर्श कर लेता है ।

जैसा सकेत किया गया है, सूर का आत्मनिवेदन विनय से प्रारम्भ होता है किन्तु वह विनय भी साधारण कोटि के विनय भाव से भिन्न है । अपने पापों के प्रति अतिशय जागरूक होने के कारण सूर को विनती करते भी लाज लगती है । अपने को वे सब पतितो का सरताज समझते है और उन्हे विश्वास है कि कृष्ण जैसे उद्धारकर्ता के लिए भी उनका उद्धार सरल कार्य नही है—

> विनती करत मरत हौ लाज ।
> नख सिख लौं मेरी यह देही है पाप की जहाज ।
> ....
> पाछे भयो न आगे ह्वै है सब पतितन सरताज ।
> नरकौ भज्यो नाम सुनि मेरो पीठि दई यमराज ।
> अबलौं नान्हे रून्हे तार्यो ते सब वृथा अकाज ।
> सांचे विरद सूर के तारत लोकन लोक अवाज ।

—सू० सा०, पृ० ७

सब पतितों के 'सरताज' अथवा 'नायक' होने का भाव उनके हृदय में गर्व का संचार करके उन्हें अत्यन्त प्रगल्भ बना देता है। यह प्रगल्भता लाक्षणिक है और इसमें अत्यधिक दीन एवं पापी होने की ध्वनि छिपी हुई है। वस्तुतः उसी की मार्मिक व्यंजना के लिये कवि की भावना ने अभिव्यक्ति का यह रूप ग्रहण किया है। इसके पहले अनेक पदों में उन्होंने असमर्थता, दोषमयता निरीहता तथा शरण-याचना के भाव व्यक्त किये हैं। जब भावुक हृदय उनसे परितुष्ट न हो सका तो भावना ने यह रूप ग्रहण किया और सूर कह उठे—

हरि हौं सब पतितन पतितेश।

—वही, पृ० १७

अथवा

हरि हौं सब पतितन को नायक।

—वही, पृ० १८

पर इस प्रकार के लाक्षणिक गर्व से भी कृष्ण को जब वे उन्मुख होता हुआ नहीं देखते तो उन्हें आराध्य के मनोभाव पर शंका होती है और वे स्पष्ट पूछने लगते हैं।

मोसों बात सकुच तजि कहिये।
कत ब्रीड़त, कोउ और बतावहु वाही के ह्वै रहिये।
कैधौं प्रभु पावन तुम नाहीं के कछु मोमैं भोलो।
तौ हौं अपनी फेरि सुधारौं वचन एक जो बोलो।

—वही, पृ० १६

सूर द्वार पर बड़ी देर प्रतीक्षा करते हैं पर जब इस आरोप का भी कोई उत्तर नहीं पाते तो कृष्ण के पतितपावन नाम की निस्सारता उन्हें प्रतिभासित होने लगती है—

पतितपावन हरि विरद तुम्हारो कौने नाम धर्‌यो।

—वही

और अन्त में वे हठ पूर्वक अपने उद्धार किये जाने के अधिकार के लिये लड़ने को तैयार हो जाते हैं—

आजु हौं एक एक करि टरिहौं।
कै हम ही कै तुम ही माधव अपुन भरोसे लरिहौं।
हौं तौ पतित सात पीढ़िन को पतितै ह्वै निस्तरिहौं।
अब हौं उघरि नचन चाहत हौं तुम्हैं विरद बिनु करिहौं।

— वही

ऐसा हठ, ऐसा आग्रह, ऐसी प्रगल्भता उसी मे हो सकती है जिसे एक तो अपने आराध्य पर चरम विश्वास हो दूसरे अपनी भक्ति पर अनन्त आस्था। सूर मे दोनो ही वस्तुएँ उपलब्ध होती है इसीलिए उनकी वाणी मे इस प्रकार का भाव-सौन्दर्य आ सका।

सूर को कृष्ण की कृपा प्राप्त करने की इतनी उत्कट अभिलाषा क्यो है इसका रहस्य भी उनके एक पद से ज्ञात हो जाता है। वास्तव मे सूर को कृष्ण का विरह असह्य है। उनके हृदय की जलन बिना करुणा के जल से सिचे शान्त नही होना चाहती इसीलिए वे हर प्रकार से अपने 'गोपाल' की कृपा प्राप्त करना चाहते है—

हृदय की कबहुँ न जरनि घटी।
बिनु गोपाल बिथा या तनु की कैसे जात कटी।
....
सूर जलधि सिचे करुणानिधि निज जन जरनि मिटी।
—वही, पृ० ९

इस प्रकार सूर के काव्य में अपने आराध्य के प्रति एक ऐसी तीव्र विश्वास भावना, तथा अपनी भक्ति के प्रति एक ऐसी प्रगाढ़ आस्था मिलती है जो अन्य कृष्ण भक्त कवियो मे दुर्लभ है।

नरसी और सूर की आत्म भावाभिव्यक्ति से भिन्न मीरा की भाव-धारा मे एक विचित्र प्रकार की स्त्री सुलभ सुकुमारता एव व्यापक आत्मीयता मिलती है जो समस्त कृष्ण-काव्य का शृंगार है।

पुरुष होकर स्त्री भाव की उपलब्धि के प्रयास मे जो अस्वाभाविकता नरसी के काव्य मे दिखाई देती है वह मीरा के पदों मे सर्वथा अप्राप्य है। नरसी की 'प्रणय घेलछा' की अपेक्षा कृष्ण के प्रति मीरां का मधुर प्रणय-भाव पूर्णतया स्वाभाविक प्रतीत होता है। इस दिशा मे मीरां नरसी से कही आगे प्रतीत होती है। नरसी गोपी अथवा सखी-भाव की ही प्राप्ति कर पाते है परन्तु मीरां कृष्ण का चिंतन विह्वल प्रणयिनी बनकर करती है और उन्हे प्रियतम एवं पति के रूप में स्वीकार करती है। साथ ही उनकी भावना मे नरसी की ऐन्द्रिकतामूलक विलास-वृत्ति के स्थान पर सुकुमार स्निग्ध प्रेम-वृत्ति के दर्शन होते है। मीरां की सुप्रसिद्ध पक्तियों से यह भाव स्पष्टतया प्रकट होता है—

मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई।
जाके सिर मोर मुकट मेरो पति सोई।
....

असुवन जल सीचि सीचि प्रेम बेलि बोई ।
अब तो बेल फैल गयी आणद फल होई ।।१५।।

—मीराबाई की पदावली, पृ० ६

'गिरधर' के प्रति मीरा का यह वैयक्तिक प्रेम-भाव उन्हे आत्म-समर्पण की उस स्थिति तक पहुँचा देता है जहाँ वे अपने सारे जीवन व्यापार को प्रिय के ही आश्रित छोड़कर अनन्त सुख का अनुभव करती हैं—

मै तो गिरधर के घर जाऊँ ।
मेरी उनकी प्रीत पुराणी उण बिनि पल न रहाऊँ ।
जहाँ बैठावे तितही बैठू, बेचै तौ बिक जाऊँ ।

—वही, पृ० ७

इन पक्तियों मे वह प्रेमातिरेक झलकता हैं जिसके आवेग मे व्यक्ति का सारा अहं एक तिनके की तरह बह जाता हैं । अपने प्रिय का असीम प्रेम ही मीरा को ऐसी 'दरद दिवाणी' बना डालता जिसका दर्द ससार मे कोई नही जान सकता । जितनी तीव्रता मीरा की पूर्वरागजन्य प्रेम की अनुभूति मे है उससे भी अधिक तीव्रता उनकी विरह की अनुभूति मे लक्षित होती है । विरह की नागिन ने उनकी सारी काया को विषाक्त कर दिया है और रह रह की वेदना की लहरे उठती है—

रमैया बिन नीद न आवै ।
कहा करु कित जाऊ मोरी सजनी वेदन कूण बुलावै ।
विरह नागण मोरी काया डसी है, लहर लहर जिव जावै ।

—वही, पृ० २९

वियोग की यह चरम विह्वलता एक ओर तो उनको सूर की तरह प्रगल्भ बना देती है और वे उपालभ मे कृष्ण के लिये 'निरमोहिया' अथवा 'धूतारा जोगी' जैसे शब्दों तक का प्रयोग कर डालती है दूसरी ओर उनमे निरीहता एव असहायता का भाव उत्पन्न होता है जिसके कारण वे नरसी की तरह कृष्ण की दासी बनने की कामना करने लगती है ।

डारि गयो मन मोहन पासी ।
आंबा की डाल कोयल इक बोलै मेरो मरण अरु जग केरी हासी ।
विरह की मारी मै बन बन डोलूं, प्रान तजू करवत ल्यू कासी ।
मीरा के प्रभु हरि अविनासी, तुम मेरे ठाकुर मैं तेरी दासी ।

—वही, पृ० २६

मीरा के पदों मे अधिकतर इसी प्रकार के वैयक्तिक प्रणय एव विरह की अनुभूति व्यक्त हुई है और इस प्रकार उनके काव्य मे आत्मभावाभिव्यक्ति की मात्रा सबसे अधिक मिलती है । इसीलिए सूर तथा नरसी की तुलना मे मीरा मे लीलागान की प्रवृत्ति का प्रायः अभाव मिलता है । यत्रतत्र ब्रज की कुछ लीलाओं के वर्णनो के अपवादों को छोडकर मीरा के समस्त पद आत्मनिष्ठ काव्य की ही कोटि मे आते है और उनमे भी मधुर भाव की ही प्रधानता है ।

मीरा ने कृष्ण को प्रणयी के ही रूप तक सीमित न रखकर पतितोद्धारक एव भक्तवत्सल भगवान के रूप मे भी स्मरण किया है और यहा वे सूर, नरसी आदि भक्त कवियों के साथ समान धरातल पर स्थित दिखायी देती है—

हरि तुम हरो जन की पीर ।
....
बूड़तो गजराज राख्यो कियौ बाहर नीर ।
दासी मीरा लाल गिरधर चरण कंवल पै सीर ।

—वही, पृ० २५

परन्तु इस प्रकार के पद मीरां ने अधिक नही रचे । उनकी स्वाभाविक अभिव्यक्ति कृष्ण के प्रति अपने प्रेम निवेदन के रूप मे ही हुई है ।

कृष्ण लीलाओं से आत्म सम्बन्ध—अनेक कृष्ण भक्त कवियों के काव्य में अपने को कृष्ण लीलाओ से सम्बद्ध कर देने की एक विचित्र प्रवृत्ति परिलक्षित होती है। मनोवैज्ञानिक दृष्टि से यह भी कवि के व्यक्तित्व का ही एक रूप है, अथवा इसे उसकी आत्माभिव्यक्ति का प्रकार विशेष कहा जा सकता है । भाव की तीव्रता मे कवि की आन्तरिक इच्छा कल्पना द्वारा वास्तव का रूप धारण करके उसकी वाणी के माध्यम से प्रत्यक्ष होकर उसे एक अलौकिक सतोष प्रदान करती है कदाचित् इसी कारण भाव प्रवणकवियों ने इस प्रकार के वर्णन किये है । उनको यथार्थ रूप में ग्रहण करना वस्तुत. उन्ही की भावना के साथ अन्याय करना है । नरसी मेहता में यह प्रवृत्ति सर्वोत्कृष्ट एव सर्वाधिक रूप मे व्यक्त हुई है । विपत्तियो और विरोधों से घिरे हुए जीवन में उन्हे जब कभी अप्रत्याशित सहायता प्राप्त हुई तो उन्होने उसे भावातिरेक मे भगवत्प्रेरित ही नही वरन् स्वय भगवद्दत्त भी माना है । हुडी, झारी तथा हार आदि के प्रसग सभवत· इसी मनोवृत्ति को व्यक्त करते है । नरसी की यही मनोवृत्ति तीव्रतर होकर उनकी उन कई रचनाओं में प्रकट हुई है जहॉ वे स्वय को कृष्ण लीलाओं में भाग लेते हुए चित्रित करते हैं । गोपेश्वर महादेव की कृपा से उन्हें रास

दर्शन होता है और शिव गोलोक मे कृष्ण से अपने भूतलवासी दीन भक्त को मिलाते हैं। कृष्ण उनके मस्तक पर अपना वरद कर कमल रख कर उन्हे कृतार्थ कर देते हैं—

हाथ झाल्यो मारो पारवती पते, मुक्ति दर्शन मुने सघली देखाडी।

....

भक्त हमारो भूतल लोक थी आवीयो करो तेने कृपा दीन जाणी।

....

तेज वेला श्री हरी मुजने करुणाकरी हस्तकमल मारे शीश चाप्यो।

—न० कृ० का०, पृ० ७५-७६

इतना ही नही कृष्ण शारदीय पूर्णिमा की रात्रि मे जब वेणुनाद करते हैं तो गोपियों के बीच नरसी का पुरुषत्त्व लीन हो जाता हैं। वे सखी रूप से गीत गाने लगते हैं और मानिनी को मनाने के लिए दूती बन जाते हैं। कृष्ण उनपर पुन प्रसन्न होते हैं और उन्हें अपना पीतपट प्रदान कर देते हैं। नरसी यह सब वर्णन करते हुए यह भी कहते हैं कि यह सब उनका अनुभव है, यह वह रस है जिसका उन्होंने आस्वादन किया है।[२]

सुरतसग्राम मे इसी प्रकार नरसी ने अपने को राधा की दूती के रूप मे प्रस्तुत किया है। राधा उन्हे देखकर सहसा दूतत्त्व का कार्य सौंप देती है और तत्काल उन्हे कृष्ण के पास जाना पडता है।[३] फिर यह प्रासगिक उल्लेख मात्र नही है। इसका कथा विस्तार १२ वे पद से लेकर २२ वे पद तक फैला हुआ है।

चातुरी छत्रीसी मे भी नरसी उपस्थित मिलते हैं, कर्ता के रूप मे न सही भोक्ता के रूप मे ही सही।[४]

इस प्रकार की कल्पनाएँ नरसी की आत्माभिव्यक्ति का एक विशिष्ट प्रकार ही मानी जा सकती हैं अन्यथा कथा की दृष्टि से इनकी अस्वाभाविकता स्पष्ट ही है। भावातिरेक अस्वाभाविक वस्तु को भी गरिमामय बना देता है, कदाचित् यह इसका उदाहरण है।

सूरदास मे भी यह प्रवृत्ति उपलब्ध होती है किन्तु इतने विकसित रूप मे नहीं। उन्होंने अन्य लीलाओ का वर्णन तो राधा अथवा गोपियों की वृत्ति को आत्मसात् कर के किया परन्तु कृष्ण-जन्म के अवसर पर अपने को प्रत्यक्ष प्रस्तुत करने का लोभ वे भी सवरण न कर सके। उनके ढाढी के पद वस्तुतः इसी मनोवृत्ति के परिचायक हैं।[५]

नरसी तथा सूर के उद्धृत अशों को तुलनात्मक दृष्टि से देखने पर दोनों कवियों के स्वभाव का अन्तर प्रकट हो जाता है। नरसी की वृत्ति रास और विलास के प्रसंगों में

विशेष रमी अतः उन्होंने वैसे अवसरों पर अपनी अवतारणा की है और सूर ने, जिनकी वृत्ति कृष्ण के बालरूप में विशेष लिप्त रहती थी, कृष्ण जन्म के अवसर पर उनकी बाल क्रीडाओं के दर्शन के लोभ से ढाढी के रूप मे अपनी भावनाओं को मूर्त किया। आन्तरिक भावों की अभिव्यक्ति होने के कारण ही इन कल्पनाजन्य प्रसगों मे कवि हृदय के सहज सत्य इतने सजीव होकर उतर सके है ।

मीरा के कतिपय पदों मे यही भावातिरेक वास्तव का रूप लिए बिना अपने मूल रूप में ही व्यक्त हुआ है । इसीलिए मीरां जो स्वप्न देखती है उसे स्वप्न ही कहती हैं परन्तु उस स्वप्न पर उन्हे किसी भी सत्य से अधिक आस्था है—

माई म्हाने सुपने मे परण गया जगदीस ।
सोती को सुपना आविया जी सुपना विस्वा वीस ।
मीरा को गिरधर मिल्या जी, पूर्व जनम के भाग ।
सुपने मे म्हाने परण गया जी, होगया अचल सोहाग ।

—मीरा की पदावली, पृ० १२, पद २७

स्वप्न नहीं यह उनके जीवन का चरम सत्य था—भाव सत्य, जिसके आधार पर उन्होंने 'जाके सिर मोर मुकुट मेरो पति सोई' नितान्त निर्भीकता से कह डाला और आजन्म उसी भाव का निर्वाह किया। उनका सारा काव्य इसी से ओतप्रोत है। यहाँ भी मीरां की जो अत्यन्त आन्तरिक भावना थी वही इस प्रकार व्यक्त हो सकी। यद्यपि कृष्ण-काव्य की सर्जना अनेक कवियों के द्वारा हुई परन्तु भाव की इतनी उच्च भूमि तक कदाचित् यही कवि पहुँच सके। अन्य कवियों में से किसी ने कृष्ण की लीलास्थली के प्रति अपने उद्गार व्यक्त करके संतोष पाया, किसी ने अभक्तों की निदा और भक्तों की प्रशंसा करके तथा किसी ने कृष्ण के स्वरूप विशेष अथवा भाव विशेष पर अपनी वैयक्तिक आसक्ति प्रकट करके। व्यक्तिगत रुचि कुरुचि व्यक्त करने से उच्चतर धरातल व्यक्ति के हृदय के निर्वैयक्तिक आनन्द मे लीन हो जाने में है। इस उच्चतर स्थिति को व्यक्त करने वाले कवियों के कथन भी वैयक्तिकता से आवृत रहते हैं परन्तु तत्वतः वे सामान्य कवियों की वैसी ही बातों से बहुत भिन्न होते हैं। सूर, मीरां तथा नरसी की भावभूमि तक अन्य कवियों की गति नही दिखायी देती।

वाह्यविषयात्मक भावाभिव्यक्ति

किसी भी कवि की वास्तविक महत्ता भावानुभूति की गहराई एव व्यापकता से आँकी जाती है और उसके काव्य की सफलता भावों के सूक्ष्म, सशक्त तथा सवेदनीय निरूपण में निहित रहती है। कवि का हृदय किस वस्तु से प्रेरणा पाकर कब, कहाँ,

कितना भावुक हो उठे इसके लिए कोई विधान नही बनाया जा सकता। यह तो कवि विशेष की सवेदनशीलता, मनोवृत्ति और स्वभाव के आश्रित रहता है। फिर भी कुछ स्थितियाँ, कुछ स्थल ऐसे अवश्य होते है जहाँ भावुक कवियों का हृदय विशेष रूप से रम जाता है। ऐसे स्थलो को 'भावमय स्थल' कहा जा सकता है। वाह्यविषयात्मक काव्य मे ऐसे स्थलो का विशेष महत्त्व होता है।

कृष्ण-काव्य में भावमय स्थल—कृष्ण-काव्य भावो की दृष्टि से अत्यन्त समृद्ध काव्य है। जीवन का एक विस्तृत खड उसकी आधार भूमि रहा है। शैशव, कैशोर्य और तारुण्य की अगणित सूक्ष्म एव गहन अनुभूतियो का विशाल संचय उसमे अत्यन्त सहज रूप मे उपलब्ध हो जाता है। वात्सल्य और शृगार की जिन सीमाओ का स्पर्श कृष्ण-भक्त कवियों ने किया है वह अन्यत्र दुर्लभ है। ऐसी दशा मे थोडे से भावमय स्थलों को चुन कर अलग निकालना सरल नही है। परन्तु तुलनात्मक विवेचन की सुविधा के लिए जो भावमय स्थल प्रधान है उन्हे पृथक् करना आवश्यक है। गुजराती और ब्रजभाषा दोनों के काव्यों को दृष्टि मे रखते हुए निम्नलिखित भावमय स्थल प्रधान रूप मे चुने जा सकते है—

१. कृष्ण की वाल लीलाएँ
२. नद, वसुदेव, यशोदा और देवकी के उद्गार
३. रासलीला
४. दानलीला
५. मानलीला
६ पनघटलीला
७. सयोगावस्था की विविध मनोदशाएँ
८. कृष्ण का मथुरागमन
९ भ्रमरगीत
१०. पुर्नमिलन

आगे इनमे से क्रमश प्रत्येक स्थल की भावानुभूति तथा भावनिरूपण की दृष्टि से तुलनात्मक काव्य-समीक्षा की गयी है।

१. **कृष्ण की बाल लीलाएँ**—कृष्ण की बाल लीलाओं से सम्बन्धित भावों का क्षेत्र अत्यन्त विस्तृत है। कारण यह है कि कृष्ण का व्यक्तित्व नंद यशोदा के पारिवारिक जीवन तक ही सीमित न रहकर एक व्यापक सामाजिक रूप धारण कर लेता है। कृष्ण समस्त ब्रजमंडल की भावनाओं के केन्द्र बन जाते है। ब्रज के सब ग्वालबाल, गाये और गोपियाँ कृष्ण से सम्बद्ध है। नद महर के घर होने वाली कृष्ण-विषयक प्रत्येक बात, प्रत्येक घटना सारे ब्रज में व्याप्त हो जाती है और परस्पर भाव-सम्बन्धों और भाव-प्रतिक्रियाओं को गहनतर बनाती चलती है। कृष्ण के अपने बाल स्वभाव और बाल चेष्टाओं के अतिरिक्त, यदि बलराम और ग्वालबालों के साथ उनकी क्रीड़ाओं में भावों का एक रूप मिलता है तो गोपियों के साथ दूसरा और नंद

यशोदा के साथ तीसरा। भावों की इस विविधता की समाप्ति यहीं नहीं हो जाती। कृष्ण को लेकर यशोदा और गोपियों के बीच एक नये ही प्रकार का भाव-सम्बन्ध स्थापित हो जाता है। जिससे कभी वे कृष्ण का पक्ष लेकर यशोदा से लड़ने आती हैं और कभी खीझ कर उलाहना देने। इस सारे भाव-विस्तार का केन्द्र एकमात्र कृष्ण की बाल लीलाएँ ही हैं जिनके आश्रय से मानवीय भावों के विविध रूपों की अनुभूति एवं अभिव्यक्ति कवियों ने की है।

मानवीय भावों के साथ कृष्ण के लोकोत्तर रूप का मिश्रण—कवियों द्वारा कृष्ण की बाललीलाओं के चित्रण में एक विशेषता और परिलक्षित होती है और वह है सामान्य मानवीय भावों के साथ लोकोत्तर एवं अलौकिक रूप का सम्मिश्रण रस की दृष्टि से देखने पर इस प्रकार के वर्णन रसास्वादन में बाधक सिद्ध होते हैं परन्तु इसके साथ ही लौकिकता को सम्बद्ध कर देने से एक ऐसी रहस्यमयता उत्पन्न हो जाती है जो आश्चर्य, विस्मय तथा कुतूहल की सृष्टि करके आलंबन के प्रति एक विचित्र आकर्षण जगा देती है जिससे उक्त दोष आवृत हो जाता है। इसीलिए कृष्ण भक्त के हृदय में ऐसे वर्णनों से जो अनुभूति जागृत होती है वह रस संचार में बाधक न होकर एक प्रकार से सहायक ही होती है। माहात्म्यज्ञान के साथ उसे कृष्ण की लीलाएँ और भी अधिक आकर्षक प्रतीत होने लगती हैं। यह सत्य 'नारदभक्तिसूत्र' के रचयिता को ज्ञात था—

तत्रापि न माहात्म्यज्ञानविस्मृत्यपवादः ॥२२॥

गुजराती और ब्रज दोनों के कवियों ने कृष्ण की बाललीलाओं के वर्णन में मानवीय भावों के चित्रण के साथ रहस्यात्मकता का पग पग पर मिश्रण किया है। यही नहीं इस प्रकार की रहस्यानुभूति उनके वर्णन का एक प्रधान अंग रही है जिसकी ओर इंगित करना वे कभी नहीं भूलते।

अनेक असुरों के वध की अलौकिक घटनाएँ इस भाव के साथ एक सामंजस्य उत्पन्न कर देती हैं क्योंकि उनकी पृष्ठभूमि में इस प्रकार के वर्णन और भी कम अस्वाभाविक प्रतीत होते जाते हैं। प्रत्येक असुर को पराजित करने के साथ ब्रजवासियों का विश्वास कृष्ण की अलौकिक शक्ति पर दृढ़तर होता चलता है। जिस वातावरण और जिन परिस्थितियों में ब्रजवासियों का चित्रण किया गया है उसका लक्ष्य कृष्ण के लोकोत्तर रूप की स्थापना ही रही है। समस्त कृष्ण-काव्य का प्रधान उद्देश्य भी मानवीय अनुभूतियों का स्पर्श करते हुए उन्हें लोकोत्तर चेतना की उपासना में केन्द्रित कर देना ही रहा है। कृष्ण के अलौकिक चरित उनकी अपार शक्ति के स्वयं

परिचायक है अतएव उनके लौकिक चरित्र के चित्रण में अलौकिकता की व्यंजना का अपेक्षाकृत विशेष ध्यान रक्खा गया है। कृष्ण के लिए सर्वत्र प्रभु, स्वामी, पुरुषोत्तम, 'परिब्रह्म' आदि ऐसे विशेषणों का प्रयोग किया गया है जो उनके माहात्म्य के द्योतक हैं।

मृत्तिका-भक्षण तथा यमलार्जुन-मोक्ष के प्रसंग में कृष्ण के विराट रूप का भागवत के अनुसार जो वर्णन दोनों भाषाओं के कवियों ने किया है उसका निर्देश वस्तु विश्लेषण के साथ किया जा चुका है। यहाँ वे प्रसंग उल्लेखनीय हैं जहाँ माखनचोरी, दधिमथन आदि सामान्य मानवीय चेष्टाओं के साथ कवियों ने अपनी इच्छा द्वारा अलौकिकता का मिश्रण किया है। दधिमथन के वर्णन में सूर लिखते हैं—

जब मोहन कर गही मथानी।
परसत कर दधि माट नेति चित उदधि सैल वसुधा भय मानी।
कबहुक अहुठ परग करि वसुधा कबहुं देहरी उलघि न जानी।
कबहुक सुरमुनि ध्यान न पावत कबहु खिलावत नद की रानी।
कबहुक अमर खीर नहि भावत कबहु मेखला उदर समानी।
कबहुक आर करत माखन को कबहुक भेष दिखाइ बिनानी।
कबहुक अखिल उदर नहि तर्पित कबहुक दल माखन रुचि मानी।
सूरदास प्रभु की यह लीला परत न (निग) महि शेष बखानी।

—सू० सा०, पृ० १४९

नरसी मेहता ने दधिमथन के प्रसंग में इसी प्रकार अलौकिकता का आरोप किया है। दोनों का सादृश्य दर्शनीय है—

महीडु मथवा ने उठी जशोदा राणी।
विसामो खवडाववा उठ्या सारंगपाणी।
रत्नागर जाणे रे मुजमा रत्न न थी।
ठालोमालो कालो घेलो शुँ करशे मथी।
मेरु जाणे रे हु तो चोदश गाठ्यो।
हावे नव रवैयो करशो जाउ रे नाठो।

—न० कृ० का०, पृ० ५०२

परमानददास भी इसी प्रकार का भाव व्यक्त करते हैं।

सिव विरचि मुनि देवता जाको अत न पावै।
सो परमानन्द ग्वालि को हँसि भलो मनावै।

रसखान के प्रसिद्ध छंद 'ताहि अहीर की छोहरियाँ छछिया भरि छाछ पै नाच नचावै' मे कृष्ण के लौकिक तथा अलौकिक चरित के विचित्र सयोग की ही ओर सकेत है। गुजराती कवियो मे नरसी, भालण, तथा प्रेमानंद आदि ने बार बार इस प्रकार का वर्णन किया है—

नरसी— जे मुख निगमअगम करी गाये, ते मुख जशोदाओे पान करी पाये।
योगीया ध्यान धरे नहि पावे, ते अहिरडा घेर मलवे आवे।

—न० कृ० का०, पृ० ५०१

भालण— ब्रह्मादिक जेने धाये, तेवो सुन्दर श्यामजी।
वृद्धपणे हुं पुत्र ज पाम्यो, भालणप्रभु श्रीराम।

दशमस्कंध, पृ० ३५

प्रेमानन्द— ब्रह्मा ने स्वप्ने नव आवे, ते गोविद ने गोपी नचावे।

—श्रीम० भा०, पृ० २६०

रसखान से प्रेमानन्द की उक्ति का कितना साम्य है यह स्पष्ट है।

इसके अतिरिक्त प्रेमानन्द ने हिडोला झुलाने के सामान्य प्रसंग मे भी आध्यात्मिकता और अलौकिकता का आरोप किया है। हिडोला को ससार का प्रतीक बना दिया है—

संसार हिडोलो बाध्योरे ब्रह्मे,
काई कर्मे हीचे कोटी जीवडा रे।
शकर ब्रह्मा जागी रे झूल्या,
भूल्या भ्रमे मोहोटा मुनि रे।
आवागमन हीडोलेरे हीचे,
न प्रीछे प्राणी माया मल्या रे।
जगत झुलाव्युं सोपी कर्मने,
ते ब्रह्म ने झूलावे ब्रज सुन्दरी रे।

—श्रीम० भा०, पृ० २४८

प्रेमानन्द अन्यत्र लिखते है—

पालव ग्रही परब्रह्म माता कने अन माँगे रे।
पेट देखाडी ने रोय, नीचा थई पाये लागे रे।

—वही, पृ० २५२

कृष्ण की बाललीलाओं के प्रसंग मे इस प्रकार के कथन इसलिए भी विशेष रूप से मिलते है कि वस्तुत. सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान, पूर्णकाम ब्रह्म का अज्ञ, अशक्त, क्षुधातुर बालक के सदृश आचरण करना सबसे अधिक विरोधपूर्ण प्रतीत होता है । वैसे कृष्ण की मानवीय शृगार लीलाओ के प्रसग मे भी इस प्रकार का मिश्रण मिलता है परन्तु बाललीलाओं मे अधिक उपलब्ध होता है ।

कृष्ण-जन्म—कृष्ण को परब्रह्म स्वीकार कर लेने पर उनका जन्म अथवा प्राकट्य साधारण घटना न रह कर एक महान् भूतपूर्व आनन्दोल्लास का पर्व वन जाता है । कृष्ण काव्य मे इस अपार असीम आनन्द को शब्दों में बाधने का अद्भुत प्रयास किया गया है । अन्य कवियो की अपेक्षा अष्टछाप के कवियों ने इस विषय को विशेष भावुकता एवं कौशल से चित्रित किया है क्योंकि कृष्ण का बाल रूप ही उनकी उपासना का प्रमुख केन्द्र था । सूर के लीलागान की प्रेरणा पहले पहल इसी स्थल पर मूर्तिमती हो उठी थी ।

आनन्द की पहली लहर यशोदा के हृदय मे आती है जब जागने पर वह अचानक 'नवनिधि' को अपने अंक मे पाती है । उस समय की उनकी दशा के वर्णन मे सूर द्वारा अनुभावों की योजना दर्शनीय है—

जागी महरि पुत्र मुख देखत पुलक अंग उर मे न समाई ।
गद्गद कंठ बोल नहिं आवे हर्षवंत ह्वै नंद बुलाई ।
—सू० सा०, पृ० १२७

उल्लास के अतिरेक में उसे किसी के सामने व्यक्त करके सह-अनुभव की भावना मानव मनोविज्ञान का सुपरिचित सत्य है । नंद से अधिक यशोदा का और कौन हो सकता था जिसे वह अपने हृदय से फूटते हुए आनन्द स्त्रोत को दिखाती । लज्जा हर्षातिरेक मे बह जाती है और वह स्वय नद से दौड़ आने के लिए व्यग्रता से कह उठती है ।

आनन्द की दूसरी लहर नंद के हृदय को सराबोर कर जाती है—

दौरि नंद गये सुतमुख देख्यो सो शोभा सुख वरनि न जाई ।
—वही

नंद अपनी वृद्धावस्था और पद को भूल कर ग्वालों के साथ नाच उठते है—

नाचत महर मुदित मन कीनो ग्वाल बजावत तारी ।
—वही

अक्षत, चदन, दूब, वंदनवार, आदि से पर्व खिल उठता है । बधाई दही और हल्दी छिडक कर दी जाती है ।

आनन्द की तीसरी लहर ब्रजवासियो के हृदय मे उमडती है । काव्य की दृष्टि से यह स्थल अत्यन्त मनोरम है । ब्रजवासी प्रसन्नता से एक दूसरे से पुकार पुकार कर कहने लगते हैं—

आजु बन कोऊ जिनि जाइ ।
सबै गाइ और बछरा समेत सब आनहु चित्र बनाइ ।
ढोटा है रे भयो महरि के कहत सुनाइ सुनाइ ।
सबहि घोष मे भयो कोलाहल आनन्द उर न समाइ ।
कत हौ गहर करत रे भैया वेगी चलै उठि धाइ ।
अपने अपने मन को चीत्यौ नैनानि देखो आइ ।
एक फिरत दधि दूब बँधावत एक रहत गहि पाइ ।
एक परस्पर करत बधाई एक उठत हँसि गाइ ।
तरुण किशोर वृद्ध अरु बालक बैठ चौगुने चाइ ।
सूरदास सब प्रेम मगन भये गनत न राजाराइ ।

—वही

व्यक्ति के मनोभावों के चित्रण मे सूर की गहरी पैठ है ही साथ साथ समूह की भावनाओं को अकित करने मे भी उनकी क्षमता अपरिसीम है ।

आनन्द की चौथी लहर का वर्णन सूर ने गोपियो के भावातिरेक को अकित करके अपने प्रसिद्ध पद 'ब्रजभयो महरि के पूत जब यह बात सुनी' मे किया है । जन्म के अवसर पर होने वाले लोकाचारों और उनके पीछे उमडने वाले भाव-समुद्र दोनों को सूर ने अत्यन्त सूक्ष्मता से अभिव्यक्ति प्रदान की है । इतना ही नही ढाढी के रूप में स्वयं को प्रस्तुत करने का लोभ वे संवरण न कर सके और इस प्रकार अपने व्यक्तित्व को वर्ण्यवस्तु के साथ उन्होंने घुला मिला दिया । इसे आनन्द की पाँचवी लहर कह सकते हैं—

नंद जू मेरे मन आनद भयो हौ गोवर्धन ते आयो ।
तुमरे पुत्र भयो मैं सुनिकै अति आतुर उठि धायो ।
....
जब तुम मदन मोहन करि टेरो इहि सुनिकै घर जाऊं ।
हों तो तेरो घरको ढाढी सूरदास मेरो नाऊं ।

—सू० सा०, पृ० १३१

कृष्ण जन्म पर बधाई के पद परमानददास, नंददास आदि अन्य अनेक ब्रजभाषा के कवियों ने रचे परन्तु सूर की अनुभूति तीव्रतम लगती है।

गुजराती मे नरसी मेहता ने आनन्द की इन लहरों मे से कुछ का उल्लेखनीय स्पर्श किया है। सूर द्वारा परिलक्षित यशोदा और नद की हर्षाप्लावित मनोदशा की मनोवैज्ञानिक तह तक वे भी पहुँच गये —

प्रथम नयणे निरखु कुवर ने, पछे जगाडु नदराय रे।
जागो प्यारा सबल मारुं, जाग्यु भाग्य तमारु वरणाय रे।
जग्या नद जी आनद पाम्या, जोया जगदाधार रे।
कोटि रवि शशी प्रगट्या, कोटी कोटी दीवडानी हार रे।
—न० कृ० का०, पृ० ४३५

आपस मे कृष्ण के दर्शन को उत्सुक गोपियों के मनोभाव को भी उन्होंने शब्द बद्ध कर लिया है—

चालो सखी आपण जइअे, नदकुवर . ने जोवा रे।
कचन थाल भरी नु[illegible], मगल गान करेवा रे।
—वही, पृ० ४३७

यशोदा और नद के मनोभाव को प्रेमानद ने भी परखा परन्तु इसके आगे वे सूर के से भावातिरेक मे अपने को लीन नही कर सके।[६] उनका वर्णन कथा की वर्णन की सामान्य भावुक्ता भर पा सका है। कोई विशेष अनुभूति कवि को इस स्थल पर हुई हो ऐसा नहीं लगता। किसी भी गुजराती कवि ने सूर की तरह ढाढी बनकर अपने व्यक्तित्व को जन्म समय के हर्षोल्लास में तल्लीन नही किया।

बाल स्वाभाव—शिशु सुलभ चेष्टाओ एव क्रीडाओं के स्वाभाविक अकन की ओर अनेक कवि प्रवृत्त हुए। कुछ आधार भागवत ही मे मिल गया किन्तु कवियो ने अपनी कल्पना और भावना से उसका कई गुना अधिक विस्तार कर लिया। शिशु स्वभाव की सरलता, भोलापन, चंचलता, हठ तथा सहज प्रसन्नता सभी कुछ इतनी कुशलता से अकित किया गया है कि उसे देख कर आश्चर्य होता है। कृष्ण-काव्य की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण यही है कि कवियों ने लोक सामान्य मानव स्वभाव के विविध रूपों को अत्यन्त सूक्ष्मता से आत्मसात् और मार्मिकता से अभिव्यक्त किया है। सूर इस क्षेत्र के सरताज हैं किन्तु ब्रजभाषा में परमानन्ददास और गुजराती में भालण ने पर्याप्त भावमयता से कृष्ण के बाल स्वभाव का अकन किया है। प्रेमानन्द और केशवदास ने भी प्रबन्धात्मकता के बीच किंचित् अवकाश निकाल कर बालभाव के प्रति अपना आकर्षण व्यक्त किया है।

सूर के कृष्ण इतने भोले हैं कि मणिखचित आगन मे अपने प्रतिबिम्ब को दूसरा बालक समझ कर पकडने दौडते हैं और उसे 'लवनी' लेकर खिलाते है ।[७]

यशोदा यह कह कर कि दूध पीने से चोटी बढेगी, कृष्ण को दूध पिलाती हैं । कृष्ण एक ओर दूध पीते जाते हैं दूसरी ओर बालों को टटोलते जाते हैं कि चोटी बढी या नही—

कजरी को पय पियहु लाल तेरी चोटी बढै ।

....

पुनि पीवत ही कच टकटोवै झूठै जननि रढै ।

—वही, पृ० १५३

और कुछ समय बीत जाने पर भी जब चोटी बढ़ती नही दिखायी देती तो खीझ कर पूछ उठते हैं—

यशोदा कवहि बढ़ैगी चोटी ।
किती बार मोहि दूध पियत भई यह अजहूँ है छोटी ।
तू जु कहति बल की बेनी ज्यों ह्वै है लाँबी मोटी ।

—वही

सोचने पर उनकी समझ मे यह आता है कि चोटी इसलिए नहीं बढ रही क्योंकि यशोदा 'काचो दूध पियावत पचि पचि देत न माखन रोटी । भालण, नरसी और प्रेमानंद ने इस प्रसग को उठाया तो है परन्तु सूर की तरह उन्होंने कृष्ण के भावों को सूक्ष्म रूप से प्रस्फुटित नही किया—

भालण— क्षणु एक बैसो मोहन जी ओलु तारी चोटी रे ।
केवडेल घाली गुथु ज्यम त्यम थाये मोटी रे ।

....

मारा सम छे हो मन मोहन माखण रोटी खाओ रे ।
ऊपर दूध कूर शीरावो ज्यम त्यम मोटा थाओ रे ।

—दशम स्कंध, पृ० ५०

नरसी— कढ्या दूध साकर संगाथे अेक अेक घूंटडे पीजे रे ।'
वेण वागे वहाला जी तमारी, बलभद्र पे मोटी थाय रे ।

—न० कृ० का०, पृ० ४६२

प्रेमानंद— जो कृष्ण गुंथावे चोटली, घणु माखण आपुं रोटली ।

—श्रीम० भा०, पृ० १६०

छाया देख कर कृष्ण के मुग्ध होने का वर्णन भालण ने भी किया है परन्तु उसमें उतनी पूर्णता एव सजीवता नही है जितनी सूर के वर्णन मे मिलती है ।[८]

प्रेमानंद ने कृष्ण के भोलेपन का जो चित्रण किया है वह भालण से अधिक सजीव है परन्तु सूर के समकक्ष फिर भी नही पहुँचता । प्रेमानद के कृष्ण यह भी नही जानते कि दूध मे शकर पड़ती है या नमक (मीठु)—

अवलु चाले अविनाश, नथी साभल्यु दीठु रे ।
छासमा मागे खाड, दूधमा मीठु रे ।।१४।।

—श्रीम० भा०, पृ० २५२

उन्होने कृष्ण की चचलता, हठ और शरारत का वर्णन :
किया है । नहलाने धुलाने का काम पूरा भी नहीं हो पाया कि कृष्ण भाग जाते हैं, एक आँख मे काजल लग पाया एक वैसी ही छूट गयी । वे यशोदा के पेट मे लात मारते हैं और नद की दाढ़ी मूँछ नोच डालते है । नद के मुँह का चबाया पान निकलवा कर छोडते है । अन्न पकने मे देर होते देख कर कच्चा ही परसवाने पर अड़ जाते हैं । बछडों की पूँछ मरोड़ कर उन्हे पुदका देते है और अपने हाथ कीचड मे सान लेते है । बदरों को बुलाकर खिला देते है और कही लघुशका कर जाते है कही किसी बालक को ठोकर मार कर गिरा देते है । माखन चुराने में तो और भी उद्दडता दिखाते हैं ।[९]

सूर के कृष्ण मे चचलता और बाल सुलभ हठ का पूर्ण समावेश हुआ है । जहाँ यशोदा कृष्ण को नहलाने के लिए कहती है वे लोट जाते है । बहुत मनाने पर भी नहीं मानते —

यशुमति जबहि कह्यो अन्हवावन रोइ गये हरि लोटत री ।
लेत उबटनो लै आगे दधि कहि लालहि चोटत पोटत री ।

—सू० सा०, पृ० १५५

चंद खिलौने का वर्णन दोनों भाषाओं के कई कवियों ने किया है पर सूर ने कृष्ण की जिस भोली चतुरता का परिचय दिया है वह अन्यत्र नही मिलता । वस्तुतः सूर के बाल कृष्ण का व्यक्तित्व अनूठा है । वे इतने भोले है कि चन्द्रमा को पास ही समझते है और इतने चतुर भी कि जलपात्र के चन्द्रमा से बहलते नही ।[१०]

सूर ने कृष्ण के बाल सुलभ सारल्य को अन्य समवयस्क बालकों के बीच रखकर उनके खीझने खिझाने , हारने जीतने और चिढ़ाने के स्वभाव के साथ जिस मनोवैज्ञानिक एव कलात्मक रूप से चित्रित किया है वह अद्वितीय है ।

खेलते खेलते बलराम और ग्वाल बाल मिलकर कृष्ण को खिझाते हैं। कृष्ण रोते हुए माता के पास जाकर बलदाऊ की शिकायत कर देते हैं। सूरदास ने इस स्थल को भाव की दृष्टि से अत्यन्त मार्मिक बनाकर पूर्ण सफलता से अंकित किया है।[११]

सखाओ की बाते तो कृष्ण को याद नही रहती पर सबसे अधिक चोट उनके हृदय पर बलराम की बात से लगती है इसीलिए वे उन्ही की शिकायत करते है और सारे सखाओं को बिगाडने का आरोप भी उन्ही पर लगाते है। यही नही उस खीझ को माता पर उतारते हुए उसे ही पक्षपाती कह डालते है। उनके हृदय को वास्तविक शान्ति तब मिलती है जब माता उन्हे अपना पुत्र मान लेती है और बलराम को धूर्त कह देती है—

मैया मोहि दाऊ बहुत खिझायो।
मोसों कहत मोल को लीन्हो तोहि जसुमति कब जायो।
कहा कहौ यहि रिसि के मारे हौ खेलन नहि जातु।
पुनि पुनि कहत कौन है माता को है तुमरो तातु।
गोरे नद यशोदा गोरी तुम कत श्याम शरीर।
चुटकी दै दै हँसत ग्वाल सब सिखै देत बलवीर।
तू मोही को मारन सीखी दाउहि कबहुँ न खीझै।
मोहन को मुख रिसि समेत लखि यशुमति सुनि सुनि रीझै।
सुनहु कान्ह बलभद्र चबाई जनमत ही को धूत।
सूर श्याम मो गोधन की सौ हौ माता तू पूत।

—सू० सा०, पृ० १५९

कुछ ही पक्तियो मे कृष्ण, बलराम, सखा और यशोदा, सबके हृदयों के भावों को अकृत्रिम संश्लिष्टता और सजीवता के साथ मूर्तिमान कर दिया गया है। बालस्वभाव का ऐसा मनोग्राही वर्णन समस्त कृष्ण-काव्य मे अलभ्य है।

बालस्वभाव मे सूर की ही नही परमानंददास की भी काफी गहरी पैठ है। एक बेर बेचने वाली की आवाज सुनते ही कृष्ण अपनी नन्ही सी अजलि मे आँगन मे सूखते हुए धान भर कर उतावली से उसे बेरों के बदले देने ठुमक ठुमक चल पड़ते हैं। एक ही चित्र बाल स्वभाव की सूक्ष्म अनुभूति का प्रमाण है। एक बालक में अनुकरण की प्रवृत्ति तीव्रतम होती है। वह बड़ों के व्यवहार की नक्ल करता है जो उसके शिशु रूप के साथ और भी मनोरम लगने लगता है—

कोउ मैया बेर बेचन आई।
सुनत ही टेर नंद रावरि में लई भीतर बुलाई।

मूकत धान परे आँगन मे कर अजुलि बनाई ।
ठुमुक ही ठुमुक चलत अपने रंग गोपी जन बलि जाई ।
लीए उठाय रिझाय करि मुख चुम्बत न अघाई ।
परमानद स्वामी आनन्दे बहुत बेरि जब पाई ।

—डॉ. दी. गुप्त के निजी पद सग्रह से, पद स० २७

बालक की अनुकरण-वृत्ति का इससे भी अधिक मनोरम चित्र सूर ने अकित किया है । नद और कृष्ण एक साथ भोजन करने बैठे । जो कुछ नद खाते है वही कृष्ण भी खाना चाहते है पर खाना आता नही । नद की देखा देखी मिर्च खा लेने पर कृष्ण के आँसू भर आते है और वे रोते हुए बाहर उठ भागते है । तब रोहिणी माता मीठा कौर देकर चुपा लेती है ।[१२]

यही नही बडे ग्वालों की देखादेखी कृष्ण अपने नन्हे हाथों से काली सफेद गायों को नाम ले ले कर बुलाने की चेष्टा भी करते है—

बॉह उँचाइ काजरी धौरी,
गैयन टेरि बुलावन ।

—सू० सा०, पृ० १५४

इस प्रकार के वर्णन नितान्त मौलिक है । कवि की अनुभूति लोक जीवन मे डूब कर प्रतिदिन घटित होने वाली सामान्य से सामान्य वस्तु को चुन लाती है और कृष्ण से उसे सम्बद्ध करके एक ओर तो कृष्ण के प्रति अपने घनीभूत आकर्षण को व्यक्त करती है दूसरी ओर काव्य में लोक हृदय को रसमग्न करने की अद्भुत क्षमता उत्पन्न कर देती है । यह विशेषता न्यूनाधिक गुजराती और ब्रजभाषा दोनो के कृष्ण-काव्य मे उपलब्ध होती है । एक अन्य उदाहरण से यह बात और भी स्पष्ट हो जायेगी ।

बालक को 'हौआ' या 'हाऊ' कहने से डर लगता है । माताएँ इस प्रकार बालकों को डरा कर उनको अनुचित काम करने से वर्जित करती है । यह लोक जीवन में प्राप्त होने वाला सामान्य सत्य है । अनेक कवियो ने कृष्ण के साथ इसे सम्बद्ध करके बाल-स्वभाव के चित्रण मे स्वाभाविकता एव सजीवता उत्पन्न की है ।

केशवदास ने लिखा है कि जब कोई एक बालक 'हाऊ आ रहा है' कह कर कृष्ण को डरा देता है तो वे माता की गोद मे मारे भय के छिप जाना चाहते है ।

अेक कहे: 'हरि ! हाऊ आवे' धूजतो माता तणा स्तन धावे ।

—श्रीकृष्ण लीला काव्य, पृ० ३९

प्रेमानंद के, हाथ से दीपक छू लेने वाले, भोले कृष्ण 'हाऊ' का नाम सुन कर रोते से चुप हो जाते हैं—

प्रगट करे अज्ञान हाथ दीप ग्रहे रे।
ओर करडवा आव्यो हाउ, रोतो टप रहे रे।
—श्रीम० भा०, पृ० २५२

सूर ने दोनों प्रकार की मनस्थितियों का वर्णन किया है। एक ओर यशोदा 'हाऊ' का नाम लेकर कृष्ण को बन मे दूर जाने से वर्जित करती है दूसरी ओर बलराम कृष्ण को तमाशा दिखाने का बहाना करके बन में ले जाते हैं और वहाँ 'हाऊ काट खायगा' कह कर उन्हे डरा देते हैं—

१. दूरि खेलन जनि जाहु लला बन मेरे हाऊ आयो है।
—सू० सा०, पृ० १६०

२. मैया बहुत बुरो बलदाऊ।
कहन लगे बन बडो तमासो सब मौडा मिलि आऊ।
मोहू को चुचुकारि गये लै जहाँ सघन बन झाऊ।
भागि चले कहि गयो वहाँ ते काटि खाइ है हाऊ।
—वही, पृ०, २०१

दोनों भाषाओं मे बाल कृष्ण के स्वभाव एव मनोभावों को काव्य मे कितनी कुशलता और भावमयता के साथ चित्रित किया गया है यह उपर्युक्त थोड़े से उदाहरणों से ही स्पष्ट हो जाता है।

वय-विकास—नद यशोदा आदि की पूर्ण आसक्ति के केन्द्र-बिन्दु होने के कारण कृष्ण की लीलाओं की तरह उनके वय-विकास को व्यक्त करने वाली प्रत्येक स्थिति भाव कीदृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण घटना के रूप मे चित्रित मिलती है। हर चेष्टा हृदय को हिलोर देती है, हर संस्कार एक उत्सव, एवं पर्व समझ कर आमोद-प्रमोद से आपूरित कर दिया जाता है। ज़रा सी प्रतिकूल परिस्थिति महान चिन्ता का कारण बन जाती है और निवारित हो जाने पर तत्काल द्विगुणित आनन्दोल्लास के रूप में परिणत हो उठती है। इसतरह की भावाभिव्यक्ति कवियों की अनुभूति की गभीरता और अभिव्यक्ति की कुशलता दोनों को व्यक्त करती है। वस्तु विश्लेषण से विदित हो जाता है कि भालण आदि गुजराती कवियों ने भी कृष्ण के बाल जीवन तथा वय-विकास को अपने काव्य में व्यक्त किया है। अष्टछाप के कवियों विशेषतः सूर में इस सम्बन्ध में विशेष सूक्ष्म दृष्टि परिलक्षित होती है जिसका बहुत कुछ श्रेय

पुष्टिमार्गीय उपासना के स्वरूप को दिया जा सकता है क्योकि उसकी सारी रूपरेखा कृष्ण की दिनचर्या और वय-विकास पर आधारित है ।

कृष्ण का उलट जाना, घुटनो चलना, देहली पार कर जाना, यशोदा द्वारा चलना सीखना, डगमगाकर चलना फिर दौडने लगना, दूध के दाँत निकलना, तुतला कर बोलना, गायो को बुलाना, 'बाबा' 'भैया' कहने लगना, आदि उनके वय-विकास के साथ घटित होने वाली अनेकानेक बातो को कवियो ने अत्यन्त स्वाभाविक एव भावपूर्ण ढंग से व्यक्त किया है और इस प्रकार कृष्ण के बाल-जीवन के चित्रण को सर्वांगीणता एव सम्पूर्णता प्रदान करने की प्रवृत्ति प्रकट की है ।

कृष्ण अभी बहुत छोटे है । यशोदा बहुत दुलार प्यार से यत्न पूर्वक जब लोरी गाकर सुलाती है तो सोते है । जब शिशु कुछ महीनों का हो जाता है तो सोते-सोते उसके होठ फड़फकने लगते है या उसे हँसी आने लगती है । सूर और भालण दोनों की दृष्टि वय-विकास के इस प्रथम सोपान के सौन्दर्य पर टिक जाती है—

सूर—यशोदा हरि पालने झुलावै ।
हलरावै दुलराइ मल्हावै, जोइ सोइ कछु गावै ।
मेरे लाल कौ आउ निदरिया काहे न आन सुवावै ।
तू काहे न वेगि सी आवै तोको कान्ह बुलावै ।
कवहुँ पलक हरि मूँदि लेत है कबहुँ अधर फरकावै ।
सोवति जानि मौन ह्वै रहि रहि करि करि सैन बतावै ।
इहि अतर अकुलाइ उठे हरि यशुमति मधुरे गावै ।
जो सुख सूर अमर मुनि दुर्लभ सो नदभामिनि पावै ।

—सू० सा०, पृ० १३३

भालण—सूतो सूतो अति हसे, हुं हरखे हालरु गाऊं रे ।
निद्रा करो मारा नानडिया, हु बलिहारी जाऊ रे ।

—दशमस्कध, पृ० ३४

'मेरे लाल की आउ निदरिया' और 'मारा नानडिया' कहने मे मातृहृदय की जो कोमल स्निग्धता व्यक्त होती है वह लक्षित करने योग्य है । सूर के उक्त पद में शिशु को सुलाती हुई माता की मनस्थिति, भावों एवं अनुभावों का जो शृंखलाबद्ध चित्रण है वह उनकी काव्य-शक्ति की प्रौढता को व्यक्त करता है । शिशु के हँसने से उत्पन्न होने वाली प्रसन्नता कितनी व्यापक भावभूमि के साथ व्यक्त की गयी है । भालण ने भी उस प्रसन्नता को भली भाँति पहचाना है ।

विकास की अगली स्थिति का प्रत्यक्षीकरण सूर की सूक्ष्म अर्न्तदृष्टि ही कर सकी। शिशु कुछ विकसित होने पर अपनी चेष्टा से उलट जाने मे सक्षम होने लगता है। पहली बार जब उसकी यह क्षमता व्यक्त होती है तो माता पिता का हर्षमग्न होना स्वाभाविक है। एक तो सूर का यह चित्रण पूर्णतया मौलिक है दूसरे वे उसके साथ उत्पन्न होने वाले भावो को चित्रित करने मे भी पूर्ण सफल हुए है।

यशोदा कृष्ण को पालने मे 'पौढा' कर दही मथने चली गयी। नद आये और उन्होने ज्योही कृष्ण को उलटा देखा, हर्षित हो उठे। लगे यशोदा को बुलाने। यशोदा ने कृष्ण को उलटे देखा तो वह भी झूम उठी। चूम चाट कर बलायें लेने लगी। सारे ब्रज मे यह समाचार फैल गया और घर-घर से ब्रजनारियाँ कृष्ण को देखने आने लगी। घर-घर आनद बधाई होने लगी। कृष्ण साढ़े तीन महीने के हो गये—

हरखे नद टेरत महरि।
आइ सुत मुख देखि आतुर डारिदै दधि टहरि।
मथति दधि यशुमति मथानी ध्वनि रही घर गहरि।
श्रवण सुनति न महरि बातै जहाँ तहाँ गयी चहरि।
यह सुनति तब मातु धाई गिरे जाने झहरि।
हँसत नद मुख देखि धीरज तब कह्यो ज्यों ठहरि।
श्याम उलटे परे देखे बढी शोभा लहरि।
सूर प्रभु कर सेज टेकत कबहुँ टेकत ढहरि।

—सू० सा०, पृ० १३७

दूध के दाँत निकलने, देहरी मे देह अटकाने आदि का वर्णन भी सूर ने इसी प्रकार अद्वितीय रूप मे किया है। बालचरित वर्णन मे सूर की भावाभिव्यक्ति की सश्लिष्ट सरलता को गुजराती कवियो मे एकमात्र भालण ने ही स्पर्श कर पाया है। उदाहरण रूप मे कृष्ण को यशोदा द्वारा चलना सिखाने का वर्णन लिया जा सकता है। भालण ने इसके वर्णन मे सूर की तरह ही यशोदा के मुग्ध हृदय की भी अभिव्यक्ति की है और उससे उत्पन्न होने वाले गोपीमात्र के सुख को भी व्यक्त कर दिया है—

पावलो पारे हरि गोपाल, जशोमती हूलरावे बाल।
पग ऊपर पग धरती सही, डगमग त्या पग माडे श्रीपति।
साहडु दइ हरिने दृढपणे, क्षण क्षण प्रत्ये जाये भामणे।
मुख चुबे अति स्नेह करी, अेम रमाडे जननी हरि।

—दशमस्कंध, पृ० २९-३०

वली वली पग ऊपर हरि चढे गोपी सहु जाये दुखडे ।
भालण प्रभुनी क्रीडा घरनी, बाल्क रूपे विश्वनो धणी ।

—दशमस्कध, पृ० २९-३०

सूरदास ने जो वर्णन किया है उसका भालण के उपर्युक्त वर्णन से अद्भुत सादृश्य है—

सिखवत चलन जसोदा मैया ।
अरवराइ कर पाणि गहावत डगमगाइ धरणी धरै पैया ।
कबहुँक सुन्दर बदन विलोकति उर आनँदभरि लेत बलैया ।
कबहुँक बल कौ टेरि बुलावति इहि आँगन खेलो दुहु भैया ।
कबहुँक कुल देवता मनावति चिरजीवै मेरो बाल कन्हैया ।
सूरदास प्रभु सब सुखदायक अति प्रताप बालक नँदरैया ।

—सू० सा०, पृ० १४५

सूर की सूक्ष्म दृष्टि से वर्णन को स्वाभाविकता देने वाले अन्य अश भी नही छूटे । नंद भी कृष्ण को चलना सिखाते है । कृष्ण पहले दो दो पग चलते है फिर डगमगाकर रह जाते है, फिर चलने लगते है । इन बातो के चित्रण से उनका वर्णन भालण की अपेक्षा अधिक विस्तृत एव सूक्ष्म हो गया है जो उनकी अनुभूति की गभीरता का परिचायक है ।

जिस प्रकार यशोदा कृष्ण को चलना सिखाती है उसी प्रकार भालण ने बोलना सिखाने का अत्यन्त सजीव वर्णन किया है—

तोतलु बोलवु शिखवे मात । वारणे जाउ मारा जात ।
अटपटी बोली ते बोले अधूरी । यत्न करी करे यशोदा पूरी ।

—द० स्क०, पृ० ३०

सूर ने भी कृष्ण की तोतली बोली पर यशोदा की मुग्धता चित्रित की है, ऐसी मुग्धता जिसमें अधूरी बोली को पूरा करने का प्रश्न ही नही उठता—

अल्प दशन तोतरावत बोलत छवि चित हू न जात विचारी ।

—सू० सा०, पृ० १४१

बालछवि—कवियों ने बाल कृष्ण मे अलौकिक शक्ति के साथ अलौकिक एवं अपरिसीम सौन्दर्य की भी भावना की है अतएव कृष्ण की बालक्रीड़ाओं के साथ ही साथ उनकी मनोहारिणी और प्रतिक्षण नवीन आकर्षण उत्पन्न करने वाली छवि का

भी पग पग पर अकन किया है । कृष्ण के रूप-सौन्दर्य पर मुग्ध होने की वृत्ति प्रायः समस्त कृष्ण कवियों मे पायी जाती है । कुछ मे तो वह इतनी आवेगमयी एवं प्रगाढ़ है कि कृष्ण के किसी भी चरित, किसी भी लीला का वर्णन बिना उनकी अनिन्द्य छवि के वर्णन के सभव ही नही हो सका है । कवि की दृष्टि रह रह कर बाह्य व्यापारों से हट कर कृष्ण के मुख और शरीर-शृगार पर जा टिकती है । कथावस्तु की गति रूपाकर्षण के आगे शिथिल पड जाती है । कवि रूप-वर्णन करके कभी तो स्वयं ही मुग्ध हो लेता है, कभी वह गोपियो के माध्यम से उन्हे रूपासक्त चित्रित करके सुखानुभूति प्राप्त करता है । कवियों द्वारा रचे गये कृष्ण के ये रूप-चित्र दो प्रकार के होते है, स्थिर और गतिशील । स्थिर रूप-चित्रों मे शरीर के किसी अंग अथवा किसी मुद्रा का, जीवन की गतिशीलता से, एक प्रकार से पृथक् करके वर्णन किया जाता है और गतिशील रूप चित्रों मे जीवन की गतिशीलता के साथ । फलतः पहले प्रकार के रूप-चित्रों मे उपमा, उत्प्रेक्षादि के द्वारा सीधे ढग से रूपालेखन और उसके प्रभाव को व्यक्त कर दिया जाता है । दूसरे प्रकार के चित्रों मे गतिशीलता के साथ विविधता और अनेकरूपता भी आ जाती है जिसके कारण उनका आलेखन संश्लिष्ट एव सगुफित रूप सें ही हो पाता है । सूरसागर बाल-छवि के विविध प्रकार के वर्णनों से आपूरित है । ब्रज तथा गुजराती के अन्य अनेक काव्यों में कृष्ण की बाल-छवि का सुन्दर वर्णन मिलता है ।

हाथ मे मक्खन लिये आगन मे घुटनों चलते कृष्ण की रूप-माधुरी का पान करके भालण और सूर ने प्रायः समान रूप चित्रों की सृष्टि की है । वही लट की लटकन, वही वेश ।[११]

रूप-चित्रण मे भी दोनों कवियों ने समान शैली का अनुसरण किया है । सादृश्य-मूलक अलंकारों के आश्रय से वस्तुगत सौन्दर्य को व्यक्त किया गया है । साथ ही उसके दर्शन से दर्शक में होने वाली विस्मृति, आह्लाद एवं आत्मतल्लीनता की ओर भी इगित कर दिया गया है । जिन वस्तुओ मे रूपात्मकता भी है जैसे मुख, दाँत आदि उनके सौन्दर्य के साथ अरूपात्मक वस्तुओ—जैसे तोतली वाणी और किलकन आदि—का भी सौन्दर्यांकन मिलता है । यह रूप-चित्र स्थिर है और अभिव्यक्ति ऋजु ।

गतिशील रूप-चित्रण उस स्थल पर मिलता है जहाँ कवियों ने बाल-कृष्ण के नृत्य आदि का वर्णन किया है । भालण, नरसी और सूर की तरह अनेक कवियों ने इस प्रकार के रूप-चित्र प्रस्तुत किये है । नर्तित कृष्ण के रूपाकन में उक्त कवियों की कुशलता दर्शनीय है ।[१४]

इन रूप-चित्रों मे भालण और केशवदास का ध्यान नर्तित कृष्ण की आंगिक चेष्टाओं पर विशेषतया केन्द्रित हुआ है और नरसी का वेणु-वाद्य आदि की सम्मिलित ध्वनि तथा अलंकरण पर। सूर ने इन विशेषताओं के साथ बालक की अनुकरण वृत्ति तथा यशोदा की मुग्ध, शिक्षण में लीन मनोदशा का समावेश करके चित्र को और भी सजीवता एव गतिशीलता प्रदान कर दी है। रूप-वर्णन मे उनकी दृष्टि अपेक्षाकृत सूक्ष्मतर है अतएव वे कृष्ण की नन्ही नन्ही एडियों में नाचने के कारण आई हुई अत्यधिक अरुणता को स्पष्ट देख लेते हैं। भालण और नरसी का ध्यान इस ओर नही गया।

माखनचोरी—भाव की दृष्टि से देखा जाय तो माखनचोरी शैशव से लेकर किशोरावस्था तक की समस्त कृष्णलीलाओं में प्रमुख रही है। कवियों को कृष्ण के इस रूप ने विशेष आकर्षित किया है और परिणामस्वरूप उनकी उर्वर कल्पना ने अनेकानेक नवीन परिस्थितियों एवं भावस्थितियों की उद्भावना कर डाली। मूलतः भागवत पर आधारित होकर भी यह प्रसंग बहुत सी मौलिक एव नवीन अनुभूतियों से समृद्ध हो गया। माखनचोर कृष्ण के चोरी करने के बहाने, चतुरता, भोली मुखमुद्रा, यशोदा के प्रति गोपियो के उपालंभ, उत्तर-प्रत्युत्तर, चोरी के निमित्त दंडित किये जाने पर गोपियों मे सहानुभूति का उद्रेक और दंडित करने वाली माता की खीझ एव पश्चात्ताप इत्यादि के आलेखन और तत्सम्बन्धी भावो के सूक्ष्म एवं स्वाभाविक चित्रण के द्वारा गुजराती तथा ब्रज दोनों के कवियों ने अपनी काव्य-कुशलता का परिचय दिया है।

माखनचोरी की इतनी सरसता का कारण यह है कि कवियों द्वारा वह सामान्य चोरी से नितान्त भिन्न प्रेम और आकर्षण के भावों से संयुक्त कर दी गयी है। साधारण चोरी मे चोर के प्रति न तो आकर्षण होता है, न स्वयं अपनी वस्तु के चुरा लिये जाने की लालसा होती है और न चोर को दंडित होते देख कर दया और प्रेम ही उमड़ता है। पर माखनचोर कृष्ण के प्रति गोपियों के हृदय में यह सभी भावनाए उत्पन्न होती हैं। सूर ने तारुण्यावस्था की चेष्टाओं का भी समावेश इस किशोरलीला मे ही करके सरसता को और भी परिवर्धित कर दिया है। उपालंभों में भी उन्होंने अनेकानेक मनस्थितियों का आलेखन किया है। एक ही बात के भाव-भेद से अनेक रूप प्रदर्शित किये हैं।

कृष्ण की चोरी करने की वृत्ति से खीझने वाली गोपियों के हृदय में उनके प्रति गहरी रीझ भी छिपी हुई है, इसको सूर और प्रेमानंद दोनों ने परिलक्षित किया है—

सूर—ग्वालिनि उरहन के मिस आइ।
नंदनदन तनु मनु हरि लीनो बिनु देखे क्षण रह्यो न जाइ।
—सू० सा०, पृ० १७२

प्रेमानंद—गोपी आवी यशोदा पासे, करवा हरिनी राव जी।
वचन बोले बढवा सरखा हरि साथे हृदे भाव जी।
—श्रीम० भा०, पृ० २५३

उपालंभों में गोपियों द्वारा जिन भावनाओं की अभिव्यक्ति की गयी है वह भी बहुत समानान्तर है। जो कुछ कहती है और जैसे कहती है, दोनों में ही पर्याप्त समानता है यद्यपि ब्रजभाषा के कवियों ने उपालंभ के अन्तर्गत आने वाली भावनाओं मे अधिक तीव्रता ही नही प्रदर्शित की है वरन् भावभूमि को भी और अधिक विस्तृत कर दिया है। वस्तुतः उपालभ की कई स्थितियाँ हैं। पहले तो गोपियाँ कृष्ण के विविध प्रकार से माखन चुराने की शिकायत करती है और उनकी आदत को बिगाड़ने का दोष यशोदा पर आरोपित करती हैं। इस स्थल पर गोपियों की भावना इस सीमा तक पहुँच जाती है कि वे ब्रज ग्राम को छोड़ देने की बात भी कह डालती हैं। सूर और प्रेमानद दोनों,के उपालंभ भाव की इस सीमा को स्पर्श कर लेते हैं—

सूर—अपनो गाँउ लेहु नँदरानी।
बड़े बाप की बेटी ताते पूतहि भले पढावति बानी।
सखा भीर लै पैठत घर मे आपु खाइ तौ सहिए।
मै जब चली सामुहे पकरन तबके गुण कह कहिए।
—सू० सा,० पृ० १७४

प्रेमानंद—गोकुल केम रहीअे, मागो गोरस नो वेपार कहोजी क्यां जइअे।
. . . .
अकलो होय तो आदर दीजे अमने हरि वहालो छे हाडजी।
सह परिवारे आवे सामलियो लावे गोप मर्कटनी धाड।
—श्रीम, भा०, पृ० २५३

भालण और नरसी के उपालंभ, भाव की दृष्टि से, इस सीमा तक नही पहुँचते।

उपालंभ की दूसरी स्थिति वह है जहाँ गोपियों की शिकायत सुनकर यशोदा कृष्ण को दंड देती हैं। कृष्ण को रस्सी में बँधा, और यशोदा को हाथ में छड़ी लिये देखकर गोपियाँ दूसरे प्रकार से उलाहने देने लगती है। वे यशोदा को क्रूर और निर्दय तक कह डालती हैं क्योंकि एकलौते बेटे को वृद्धावस्था मे पाने वाली कौन ऐसी

माँ होगी जो उसे खाने-पीने की बात पर मारे-डाँटे। यह भी तब जब कि घर में दूध, दही और मक्खन की खान हो। इस प्रकार की उपालंभ-भावना भालण और सूर मे तीव्रतम रूप मे मिलती है। यशोदा द्वारा जो उत्तर दिलाये गये है उनमे भी पर्याप्त भाव-साम्य है।[15]

इसके बाद जब एक गोपी कृष्ण के खाये हुए मक्खन को अपने घर से लाकर पूरा कर देने को कहती है तो यशोदा की सहनशक्ति अपनी चरमसीमा पर पहुँच जाती है। उक्त दोनों कवियों ने इस भावस्थिति का भी चित्रण किया है। यशोदा के हृदय की मार्मिक दशा को दोनों कवियो ने अपने अपने ढग से परखा और व्यक्त किया है —

भालण—(क) जशोदा छोडो कहान ने, हु आपुं गोरस गोळी रे।
अेवडी रीसे घटे नहि तमने, हुं जाणु छु भोली रे।

—दशमस्कध, पृ० ४०

(ख) मारो कुवर वणसेरे तमारु आवे ने जाये।
ढोल्यानु दुख नथी लागतु अे ओलभा नव खमाय।

—वही

सूर—(क) कहौ तौ माखन ल्याऊँ घर ते।
जा कारण तू छोरति नाही लकुट न डारति करते।

—सू० सा०, पृ० १७९

(ख) कहन लगी अब वढ़ि बढि बात।
ढोटा मेरो तुमहिं बँधायो तनकहिं माखन खात।
अब मोहि माखन देत मँगाये मेरे घर कछु नाही।

—वही

विषयगत भावनाओं के पूर्ण विस्तार को देखते हुए सूर का भाव-चित्रण अद्वितीय लगता है। कृष्ण का जो रूप उन्होने माखनचोरी के प्रसंग मे व्यक्त किया है वह एक ओर तो नितान्त भोला है और उसमे शिशुता की झलक मिलती है, दूसरी ओर उसमें तारुण्य की चतुरता और रसग्राहिता भी प्रदर्शित की गयी है। किशोरावस्था के दोनों छोर सूर ने छूने की चेष्टा की है यद्यपि कही-कहीं असगति भी आ गयी है उसके परिहार के लिए उन्हें अलौकिकता का आश्रय लेना पडा है। कृष्ण सहसा आयु में बढ़कर गोपियों के प्रेमभाव को तृप्त करते है और फिर चमत्कार से पाँच वर्ष के बन जाते है। कृष्ण के दोनों रूप सूर ने अत्यन्त आकर्षक ढग से व्यक्त किये हैं—

मैया मैं नाही दधि खायो।
ख्याल परे ये सखा सबै मिली मेरे मुख लपटायो।
देखि तुही सीके पर भाजन ऊँचे घर लटकायो।
तुही निरखि नान्हे कर अपने मैं कैसे करि पायो।
मुख दधि पोंछि कहत नँदनदन दोना पीठि दुरायो।

—सू० सा०, पृ० १७६

इस पद मे भोले कृष्ण चतुर बनने के प्रयास मे और भी भोले लगते हैं। परन्तु एक ग्वालिनी को आलिगनादि के द्वारा तृप्त करने के बाद चतुर कृष्ण जब भोले बनने का प्रयास करते है तो और भी चतुर ज्ञात होते है—

झूठहि मोहि लगावति ग्वारि।
खेलत मै मोहि बोलि लियो है दोउ भुज भरि दीनी अँकवारि।
मेरे कर अपने कुच धारति आपुहिं चोली फारि।
माखन आपुहि मोहि खवायो मै कब दीन्हों ढारि।
कहा जानै मेरो वारो भोरो झुकी महरि दै दै मुख गारि।
सूर श्याम ग्वालिनि मन मोह्यो चितै रही इकटकहिं निहारि।

—सू० सा०, पृ० १७२

यशोदा द्वारा कृष्ण को माखनचोरी न करने की सीख देने में माता की जिन भावनाओं का अंकन ब्रजभाषा में सूर और तुलसी ने किया है, वह गुजराती के काव्य में प्राप्त नही होता—

सूर—कन्हैया तू नहि मोहि डेरात।
षटरस धरे छाँड़ि कत पर घर, चोरी करि करि खात।
बकति बकति तोसों पचि हारी नेकहुँ लाज न आई।
ब्रज परगन सरदार महर तू ताकी करत नन्हाई।
पूत सपूत भयो कुल मेरो अब मैं जानी बात।
सूरश्याम अबलौं तोहि बकस्यो तेरी जानी घात।

—सू० सा०, पृ० १७५

तुलसी ने इस स्थिति में सूर से अधिक सूक्ष्म भावग्रहणशीलता का परिचय दिया है जो निम्नोद्धृत पंक्तियों से स्पष्ट है—

छाडो मेरे ललित ललन लरिकाई ।
ऐहै सुत देखुवार कालि तेरे , बबै ब्याह की बात चलाई ।
डरिहै सासु ससुर चोरी सुनि, हँसिहै नई दुलहिया सुहाई ।
उवटौ, न्हाहु, गुहौ चोटिया, वलि, देखि भलो वर करहि वडाई ।
—कृष्णगीतावली, पद १३

गोचारण—कृष्ण के गोचारी रूप के प्रति भी कवियों ने अत्यधिक आसक्ति का परिचय दिया है । वास्तव में राजसी वेश की अपेक्षा कृष्ण का सरल वन्य वेश ही कवियो को अधिक आकर्षक लगा । भागवत के 'वर्हापीड नटवरवपुः कर्णयोः कर्णि-कारम्' के अनुरूप कृष्ण को मोर के पखों का मुकुट धारण किये हुए नटवर वेश में निरूपित करके सूर, मीरा, भालण और नरसी आदि अनेक कवियों ने उनके इस रूप के प्रति अपनी विशेष आसक्ति व्यक्त की है ।[१६]

गोचारण के प्रसग मे ग्वालवालो के बीच , छाक जीमते हुए, गायो को बुलाते, खेलते और सायकाल धूल भरे व्रज को लौटते कृष्ण के विविध मनोभावों एवं रूप-चित्रणों का सरस आलेखन व्रजभाषा काव्य मे उपलब्ध होता है । गुजराती में प्रेमानद ने पहले पहल गोचारण के लिए बन जाते हुए कृष्ण के प्रति नद-यशोदा की ममतामयी चिंता और उसी से मिलीजुली प्रसन्नता का अत्यन्त मोहक अकन किया है । नद उन्हें पगड़ी पहनाते है और यशोदा काजल लगाती है । सज जाने पर कृष्ण दर्पण में अपनी शोभा देखना नही भूलते । एक सिरे पर सीके मे भोजन बाधकर, लाल लाठी कधे पर रखकर जब वे वन को चलने लगते है तो यशोदा बिना चुम्बन लिये जाने नही देती, नंद की आँखो मे आँसू आ जाते है ।[१७]

भालण ने कृष्ण के वनचारी रूप के प्रति आसक्त गोपियों की मनोदशा का अतुलनीय भावुकता से वर्णन किया है । एक गोपी को स्त्री होने का ही दुख है क्योंकि इस कारण वह दिन भर कृष्ण के साथ वन में रह नही सकती । इसलिए वह सोचती है कि किसी विद्या से यदि वे दिन में पुरुष बन जाती और रात में नारी बनी रहती तो कितना अच्छा होता—

क. जो विद्या अेवी आवडे रे, थाउं दिवसे नर ने राते नार ।
पगले पगले परवरुं रे, पधारे ज्यां प्राणाधार ।
—दशमस्कंध, पृ० ५८

ख. नारीदेह का सरजिया नही तो रहता जी संग।

—वही, पृ० ६८

कृष्ण से उसका मन 'साकर दूध' की तरह मिल गया है। वह कभी नंद-यशोदा के भाग्य को सराहती है जिनके ऐसा पुत्र है और कभी वन मे थके हुए कृष्ण का पसीना सुखाने के लिए वायु करने की कामना करती है—

'ह्वै वनमाल हिये लगिये अरु ह्वै मुरली अधरा रस पीजै'

जैसी लालसा रखने वाली मतिराम की गोपी की तरह वह भी कृष्ण की बाँसुरी बन कर उनके साथ रहने और अधरामृत पाने की अभिलाषा करती है—

धन्य ते नंद जशोमती, जेने अेवो रे तन।
ब्रह्मा हर रे जाणे नहि, अे बेहु माहे रे पुन्थ।
आपण सरज्या अभागिया, पूरी प्रीत न थाय।
स्वेद वले छे रे श्याम ने, जइने कीजे रे वाय।
शे नव सरज्या रे वांसली, रहेता प्रभुजी ने पाण।
अधर अमृत रस चाखता जे रस वेद पुराण।

—दशमस्कंध, पृ० ६९

सूरदास ने एक नवीन प्रसंग का समावेश करके छाक देने के लिए कृष्ण को खोजने मे लीन यशोदा द्वारा भेजी हुई ग्वालिन की आतुरता का जो अकन किया है वह भी कम सराहनीय नही है—

छाक लिये शिर श्याम बुलावति।
ढूढति फिरति ग्वारि नीके करि कहूँ भेद नहिं पावति।
टेर सुनति काहू की श्रवणनि, तही तुरत उठि धावति।
पावति नही श्याम बलरामहि व्याकुल ह्वै पछितावति।
वृदावन फिरि फिरि देखति है बोलि उठे तह ग्वाल।
सूर श्याम बलराम इहाँ है, छाक लेहु किन लाल।

—सू० सा०, पृ० १९५

इसके अतिरिक्त कृष्ण के द्वार पर जाकर उन्हे गोचारण के लिए ग्वाल-बाल जो कुछ कहकर बुलाते है और जिस आतुरता से कृष्ण बिना मुँह धोये खाते से उठ भागते है उन सबका चित्रण जितनी कुशलता से सूर ने किया है वह अन्यत्र दुर्लभ है—

द्वारे टेरत हैं सब ग्वाल कन्हैया आवहु बार भई।
आवहु वगि बिलम जनि लावहु गैयाँ दूरि गईं।
इह सुनतहि दोऊ उठि धाये कछु अँचयो कछु नाही।
कितिक दूरि सुरभी तुम छाँड़ी वनतो पहुँची आँही।
ग्वाल कह्यो कछु पहुँची ह्वै है कछु मिलिहैं मगमाँही।
सूर श्याम वल मोहन भैया भैयन पूछत जाँही।
—सू० सा०, पृ० १९४

इस प्रकार के पारस्परिक सवादो से युक्त लोक-सामान्य जीवन के सहज, सरस और पूर्णतया मौलिक प्रसगो की उद्भावना तथा उनका भावपूर्ण अकनसूर की ऐसी विशेषता है जो गुजराती कवियों मे तो नही ही मिलती, साथ ही ब्रजभाषा के कवियो मे भी दुष्प्राप्य है। सूरसागर मे ऐसे एक नही अनेक प्रसग उपलब्ध होते जिनका परिचय देना भी यहाँ सभव नही है।

२. **नंद, वसुदेव, यशोदा और देवकी के उद्गार**—कृष्ण काव्य में पुत्र-प्रेम का चरम उत्कर्ष नद, वसुदेव, यशोदा और देवकी की मनोभावनाओं मे मिलता है। नद और यशोदा की वात्सल्यमयी भाव-वृत्ति का निरूपण तो बालकृष्ण के उपासक कवियो द्वारा प्राय· किया गया है परन्तु वसुदेव और देवकी के हृदय की भावनाओ का मर्मस्पर्शी आलेखन गुजराती कृष्ण-काव्य की एक विशेषता कहा जा सकता है। ब्रजभाषा के कवियो की तरह नंद-यशोदा के हृदय की अभिव्यक्ति तक ही अपने को सीमित रखकर गुजराती कवियो ने वसुदेव और देवकी के मनोभावों की उपेक्षा नही की है। ब्रजभाषा में सूरदास तक ने कृष्ण के ऐश्वर्य-ज्ञान से देवकी के हृदय के सहज मातृत्व को अभिभूत करके उसके प्रति एक प्रकार का उपेक्षा-भाव ही प्रदर्शित किया है। 'दीनदयालु भक्तभयहारी' कृष्ण के कहने मात्र से पुत्र से बरसों के लिए बिछुड़ती माता का विलाप रुक जाता है—

कहि जाको ऐसो सुत बिछुरै सो कैसे जीवै महतारी।
करि न विलाप देवकी सों कहि दीनदयालु भक्तभयहारी।
—सू० सा०, पृ० १२६

कसवध के अनन्तर जब कृष्ण-वलराम उनसे मिलते है उस समय भी सूर ने उनके हर्षातिरेक की अभिव्यक्ति के साथ न्याय नही किया है। उनको प्रसन्नता होती है और वे उस आवेग मे कंस का भडार भी लुटा देते है परन्तु कृष्ण द्वारा प्रबोध पाने पर शीघ्र ही शांत भी हो जाते है—

क. तब वसुदेव हरषित गात।
श्याम रामहिं कठ लाये हरषि देवे मात।
—सू० सा०, पृ० ६०१

ख. फूले मात पिता दोउ आँनद बढाय कै ।
कस को भँडार सब देत है लुटाइ कै ।
—वही

गुजराती कवियों मे भालण, नरसी और प्रेमानंद ने प्रमुख रूप से देवकी की मर्मव्यथा को पहचाना है और उसे पर्याप्त भावावेग के साथ अभिव्यक्ति भी प्रदान की है। देवकी को सबसे बड़ा दुःख यह है कि पुत्र तो उसने जाया है परन्तु उत्सव और बधाई यशोदा के द्वार पर होगी। माता होकर भी उसे मातृत्व के अधिकारों एवं सुखों से वंचित रहना पड़ेगा। उसके भाग्य मे कृष्ण को जन्म देना भर लिखा था। उनके पालन-पोषण करने और पास रखने के लिए उसे तरसना होगा और दूसरे यह सुख, उसके जीते जी ही, पायेगे। यही उसकी मर्मव्यथा है और यही उसकी करुण कथा। भालण की देवकी यह सब सोचकर कृष्ण को हृदय से लगा लेती है और वसुदेव के हाथों मे पुत्र को सौपते हुए उसका कलेजा भय से कॉप उठता है। कृष्ण के शिशु-जीवन के भांति-भाति के चित्र उसकी आँखों के आगे आ आकर उसे और भी कातर बना जाते है—

नानडियो साद देतो आवशे, अधरण अधर ते हसशे रे।
मारा भाग्य माहे नवल खियु, तेने अंतर वसशे रे।
विषम चरित्र अे विधाता ना, मारे घर थी ओसरियुं रे।
पुत्रजन्म नो आनन्द ओच्छव तेने घर जइ करियें रे।
तेने घेर तोरण बंधाशे, थाशे अति दीवाली रे।
वेरण विधाताअे शु सरज्युं जे हु दुखे बाली रे।
पागे पागे घुघरडी ने, पगलां भरशे लटके रे।
उतावली आवी ने मलशे अेने हरि त्यां मटके रे।
ते जाण्या बिना जननी थइ, मारो खोलो ठालो रे।
रूप देखाडी अभिनवु मने मूकी किम चालो रे।
पुनरपि कहेवारे देखिशु, सुदर मुख रढियालु रे।
मै रांके कांइ नव चाले, पछे आंसुडां ढालू रे।
अेणी पेरे देवकी टलवल्यां, हरि ने हैंये चापे रे।
पीयु तणे कर बालक आपे, भे थी हैडुं कापे रे।
—दशमस्कंध, पृ० १३

नरसी और प्रेमानन्द ने इसी के समानान्तर देवकी की भावनाओं का चित्रण किया है—

नरसी—पुत्र धन कमाई जशोदा केरी, माता ते कहेवाशे रे।
मिथ्या माता हुँ पुत्र तु मारो, पर घेर तोरण बधाशे रे।
पुत्र ने आपी माता आसुडां ढाले पुत्र छेली अरज हमारी रे।
क्रोड वरस आयुष्य हजो पुत्र ने, माता लूण नाखे उतारी रे।
—न० कृ० का०, पृ० ४३२

प्रेमानंद— धन्य जसोदा, धन्य जसोदा, वण प्रसवे थई माता।
कोनु ं साच्यु ं कोण भोगवे, लख्या लेख विधाता।
कीडी सचे ने तेतर खाअे, तेम थयु ं आज माहरे।
अेक रातनी हुं नहीं माता, पर घेर पुत्र पधारे।
नंदनदिनी नाथ झुलावशे, ते थी शु ं सुख थाशे।
दीठी रे भाई देवनी लीला, जसोदा घेर गीत गवाशे।
धमक घुघरी ठमक ठेकडे, सुत गोपी घेर रमशे।
हु अपराधण हरखे ह णाई, विजोग पुत्रनो दमशे।
कालां काला वचन वहालाना, जसोदा मात साभलशे।
बारे मास चोमासु ं मारे विजोगे नयणा गलशे।
मारे वारणे बैठा रखेवाल, राक्षस जेवा मदमाता।
गोपी ने घेर गुणीजन गाशे, वारणे तारण हाथा।
मलवा आवशे भाई भोजाई जसोदा नो धन सुख दहाडो।
मारे कंस भाई धाइने आवशे करमा खड्ग उघाडो।
सगी मा ते नंद नी नारी, हु आसरे म्हो बोली।
सामुल्यु ं कही पोपटी प्रसवे, सुतने हुलावे होली।
पधारो तात महियारी माता., जीवजो तमे गौचारी।
आ मनोहर मुखडे क्यारे कहेशो, मुजने माता मारी।
—श्रीम० भा०, पृ० २४१

प्रेमानंद के उक्त पद में कारावासिनी देवकी और गोकुल की रानी पुत्रवती यशोदा की परिस्थितियों की भिन्नता को अत्यन्त कलात्मक रूप से व्यक्त किया है। साथ ही भावातिरेक का भी अधिक स्वाभाविक चित्रण उपलब्ध होता है। देवकी के हृदय में कृष्ण को अपने मुँह से माता कहने-सुनने की जो अभिलाषा व्यक्त की गयी है वह अत्यन्त मानवीय है और माता की सहज मानसिक दशा को पूर्णयता व्यक्त कर देती है।

कृष्ण के मथुरा पहुँच जाने के पश्चात् देवकी के हृदय की दशा का चित्रण करने में भालण ने अतुलनीय भावुकता एव कुशलता का परिचय दिया है। देवकी को जब यह समाचार मिलता है कि कस के चाणूर, मुष्टिक आदि मल्लों से कृष्ण को युद्ध करना है तो उसे घनी चिंता हो जाती है। वह दासी को समाचार लेने भेजती हैं और उसके मन मे नाना प्रकार के सकल्प उठने लगते हैं।

कृष्ण का मन मथुरा मे न लगता देखकर वह बार-बार उन्हे जो कुछ जैसे यशोदा करती थी वह सब वैसे ही करने का आश्वासन देती है। जब कृष्ण चित्र मे गाय देखकर वि:श्वास भरने लगते है तो वह कहती है—

> सुरभि देखी चित्रनी, सुत का मेलो निश्वास।
> कहो तो अही आणवियो रे गोकुलनी सर्व वास हो।
> जसोदा करती ते करू जे कहो मुजने वीर।
> सभारी नंदनारी ने का नयणे ढालो नीर हो।

परन्तु कृष्ण मनाये से नही मानते। वे बार बार यशोदा के प्रेम का बखान उसी के आगे करते है जिससे उसका दुख और भी बढ जाता है। पुत्र तो उसे मिल जाता है पर उसमे जिस भाव के पाने के लिए वह आतुर थी वह नही मिलता। जब कृष्ण अन्त तक यही कहते रहते है कि मेरे बिना यशोदा जी नही सकेगी तो लाचार होकर वसुदेव देवकी को यशोदा के बुलाने की सलाह देते है जिससे परिस्थिति और भी अधिक मार्मिक हो जाती है।[१८]

यह सुनकर देवकी को यशोदा से ईर्ष्या होती है और उस भाव के आवेग में वह यशोदा के किये हुए सारे कामों में दोष खोजने लगती है। वह सोचती हैं कि गायें चरवा-चरवा कर तथा तनिक से माखन के लिए नन्हे से कृष्ण को मार बांध कर सचमुच यशोदा ने बहुत ही क्रूरता की है उसके सुत्र के साथ और तिसपर भी उसे उसके रूपरस का पान करने को मिला। न जाने कैसे वह माता कहलाई—

> आपणपे अधिकेरा साधन नंद जशोदाओ कीधां रे।
> गाय चारवा सरखा कारज, कोटि कर्म ने दीधां।
> मही माखण काजे नीजडे बाध्यो, मांड मारवा लीधां रे।
> भालण जांणे जननी थइ, अमृत आखडी पीधां।
>
> —वही, पृ० १७०

भालण ने जितनी मार्मिकता से देवकी की मानसिक अवस्था का चित्रण किया है उतनी ही मार्मिकता से यशोदा और नद के मनोभावों को भी व्यक्त किया है और इस स्थल पर वे सूर के समकक्ष पहुँच जाते है । सूर ने कृष्ण से वियुक्त नद और यशोदा की दशा का जितना भावपूर्ण अंकन किया है उतना अन्य किसी भी कवि ने नही किया । इस क्षेत्र में एकमात्र भालण ही कुछ अशों मे उनसे प्रतिस्पर्धा करते है । दोनों के भाव निरूपण मे बहुत कुछ समानता उपलब्ध होती है परन्तु भावानुभूति के क्षेत्र में सूर से उनकी किसी प्रकार समता नही की जा सकती । सूर के भाव-वर्णन मे उमड़ते हुए समुद्र की लहरों का आवेग है । सूरसागर में सागर शब्द की यथार्थता ऐसे ही स्थलों से सिद्ध होती है ।

सूर की यशोदा किसी दशा में कृष्ण-बलराम को अक्रूर के साथ भेजने को उद्यत नही होतीं । अत्यन्त भोले भाव से वह अक्रूर से राजअश का धन लेकर वयस्क महर के साथ मथुरा लौट जाने को कहती है । उसकी समझ ही मे नही आता कि नगर में बालकों को क्यों ले जाया जा रहा है—

अपनो लाग लेहु लेखो करि जे कछु राजअश के दाम ।
और महर ले संग सिधारै नगर कहा लरिकन को काम ।

—सू० सा०, पृ० ५८१

पर जब कृष्ण स्वयं अपने मुँह से मथुरा जाने की बात कहते हैं तो यशोदा को वियोग प्रत्यक्ष और असह्य हो उठता है, वह तत्काल मूर्छित होकर गिर पड़ती है । इस दशा का वर्णन सूर ने जिन शब्दों मे किया है वे अत्यधिक भावोत्पादक है—

जिहि मुख तात कहत ब्रजपति सों, मोहि कहत है माइ ।
तिहि मुख चलन सुनत जीवति हौं विधि सों काह बसाइ ।
को कर कमल मथानी धरिहै को माखन अरि खैहैं ।
वर्षत मेघ बहुरि ब्रज ऊपर को गिरिवर कर लैहै ।
हौं बलि बलि इन चरन कमल की इहई रहौ कन्हाई ।
सूरदास अवलोकि यशोदा धरणि परी मुरझाई ।

—वही, पृ० ५०२

कृष्ण की विविध क्रीडाओं का जिस रूप में यशोदा ने स्मरण किया उससे उनके प्रति उसकी गहन आसक्ति की व्यंजना होती है । कृष्ण के मथुरा चले जाने के पश्चात् यशोदा की दशा और भी अधिक चिन्त्य हो जाती है । उसके प्राण कृष्ण से

पुर्नमिलन की आशा में ही शरीर नही त्यागते । वह रह रह कर सोचती है कि यदि कृष्ण सचमुच न लौटे तो वह यमुना मे डूबकर अवश्य अपने प्राण त्याग देगी—

> मनौ हौ ऐसे ही मरि जैहौ ।
> जो न सूर कान्हा अइहै तौ जाइ यमुन धँसि लैहौं ।
>
> —वही, पृ० ५८७

भालण ने नद के वापस लौटने से पहले की यशोदा की मनःस्थिति के अन्तर्गत न तो इतनी गहराई से प्रवेश ही किया है और न इतना भावसंकुल चित्रण ही । कृष्ण के द्वारा नंद के प्रति कहे गये शब्दों से यशोदा के इस दु ख की ओर उन्होंने सकेत अवश्य कर दिया है ।[१९]

इसी प्रकार नरसी मेहता ने कृष्ण से बिछुडती हुई यशोदा की मनोभावनाओं का व्यापक चित्रण तो नही किया है परन्तु उसकी दुःखानुभूति की तीव्रता को एक पद में अवश्य दिया है । यशोदा कृष्ण को मथुरा में जाकर उच्छृङ्खल न होने की सीख देती हुई अपने अवर्णनीय दुख को प्रकट करने की चेष्टा करती है । वह एक ओर आसू भर कर बलराम को उनकी रक्षा करने के लिए कहती है, दूसरी ओर कृष्ण के मुख से ही लौट आने की बात भी सुन लेना चाहती है—

> लाडकडा वेहेला पधारजो रे, उछकल नव थाशों रे दयाल ।
> नहि राज तही आपणु रे, वहाला नव मणिये कोने गाल ।
> मुख मयक निरख्या विना रे, हुं तो घेली थईश मोरार ।
> हरि वेहेला आवजो रे, मारा प्राण जीवन आधार ।
> शुभ कामे जाओ हरि रे, तोय हुं ने थाय अपशकुन ।
> मुज निर्धन ने एक दिकरो रे, मारुं जीवन जगजीवन ।
> . . . .
> जशोमती केहे बलराम ने रे, करजो कृष्ण तणु तुं जतन ।
> अेम कही आंखडली भरे रे, जाणजो रंकतणुं रतंन ।
> श्यामला तुं मुखे कहे रे, क्या रे आवीश मारा प्राण ।
> समय गये निश्चे मरुं रे, तुज ने बरकी बरकी जाण ।
>
> —न० कृ० का०, पृ० ६६-६७

केशवदास कायस्थ ने भी अपने 'कृष्णक्रीडाकाव्य' में यशोदा को इसी प्रकार भाव-विह्वल चित्रित किया है । कृष्ण को बुलाने आने वाले अक्रूर के प्रति तिरस्कार से

'जा जा' कहती हुई वह कृष्ण के प्रति अपना प्रेम प्रकट करती है। उसका सारा गोधन चला जाय पर कृष्ण को वह जाने न देगी क्योंकि कृष्ण उसकी आत्मा के आधार है—

जा-जा भणती यशोमति महारो धरणीधर नहि धरी।
प्राणपांअे अति वाहलो रे आतम नो आधार।
....
गोधन धन लीये सहु परग हरि न आपू हस।

—श्री कृष्णलीला, पृ० १२२

नद के वात्सल्यपूर्ण हृदय की कोमलता और राज्यप्राप्त कृष्ण की कठोरता को भालण ने दोनों के सवाद मे भली भाँति प्रकट किया है। नद समझ नही पाते कि क्यों कृष्ण ब्रज लौट नही चलते। उनके आगे वे अपनी सफाई देते हुए हृदय खोल कर रख देते हैं और अन्त मे यह भी कह देते है कि यदि कृष्ण नही ही लौटे तो वह काशी जा कर सन्यास ग्रहण कर लेंगे क्योंकि उनके लिए कृष्ण अधे की लाठी जैसे है—

मै तमने क्यारे कह्यु छे जे चारवा जाओ गाय जी।
रमवानी खाते जाता, घर गुअे वारती माय ।
....
प्राणजीवन तु छे माहरो, शु कहु बारबार जी।
अंधाने ज्यम लाकड़ी त्यम, तु मुज प्राणआधार।
....
जो तमो आवो नहि तो, अमो जाशु काशी जी।
गौ गृह सर्व परहरी, थइ रहेशु सन्यासी ।

—द० स्क०, पृ० १७२

दुखी नद की भावधारा एक नया मोड़ लेती है जब उनकी वृत्ति कृष्ण के क्रूर उत्तरों से प्रताडित होकर अपनी पुत्री के अभाव का अनुभव करने लगती है। वसुदेव जिन कृष्ण के बदले उनकी पुत्री मथुरा ले आये थे वे भी उनके पुत्र न निकले और पुत्री भी हाथ से गई। कृष्ण गये तो गये यदि वह पुत्री होती तो घर तो बसता—

अेम न जाण्यु रे पुत्र पीयारो थाशे।
घवरावीने हैडे चांप्यो ते छेह दइने जाशे।
....
कुंवरी मारी राये गई, अे नव आव्यो हाथ रे।

शु कीजे जो झुटी लीधी , दुर्बलनी ज्यम आथ।
वसुदेवने तो घणाअे छे, अेक आपे शु जातु रे।
कहानजी ने मोकलता तो, मारु घर मडातु।
अथवा मारी कुंवरी रहेती, तोअे त्या घर वसतु रे।
क्या जाउ ने क्या पोकारुं दैव दुर्बल ने मारे रे।
तेनु लइ माता ने आपे, बलियाने कोण वारे।
बीजो आपशे तो नहि लेउ कदाच साटे बोल रे।
चौद लोकमा अेवो नहि भालण प्रभु ने तोल।

—वही, पृ० १७५

नंद मे इस प्रकार का भाव प्रेमानद ने भी प्रदर्शित किया है—

मे उछायो आदर करीरे साचो जाणी पुत्र।
तुज माटे गइ दीकरी रे मारु उजाड्यु घरसूत्र।

—श्रीम० भा०, पृ० ३१७

भाव के क्षेत्र में अथवा का स्थान नही होता। नंद की जो भावना भालण तथा प्रेमानंद ने उक्त पक्तियों मे व्यक्त की है वह कृष्ण के प्रति उनके प्रेम की अनन्यता में बाधक सिद्ध होती है। ब्रजभाषा काव्य मे कृष्ण के प्रति अनन्य भाव की रक्षा बराबर की गयी है। यह ठीक है कि भालण ने अन्तिम पक्तियों मे दूसरे किसी बालक के स्वीकार न करने की बात कही है जिससे इस भाव-दोष का बहुत कुछ परिहार हो जाता है परन्तु तो भी नद की ऐसी भावना कृष्ण के प्रति उनके प्रेम को द्वितीय कोटि मे ला रखती है। दूसरी दृष्टि से देखा जाय तो ऐसे कथन में एक विचित्र स्वाभाविकता मिलती है जिसको सूर तक ने परख नही पाया। पुत्री देकर पुत्र पाये और जब वह पुत्र भी पराया सिद्ध हो तो एक सामान्य पिता को अपनी पुत्री का स्मरण हो आना स्वाभाविक ही कहा जायेगा।

नंद के प्रति कृष्ण अत्यन्त क्रूर होकर उनसे सीधे-सीधे गोकुल लौट जाने की बात कह डालते है। देवकी-वसुदेव को अपना माता पिता कह कर वे नंद से सारा नाता तोड़ लेते है—

नंद जी गोकुल साचरो, सुधी कहुं अक बात रे।
देवकी माता माहरी, वसुदेव मारो तात रे।

—दशमस्कंध, पृ० १७५

इस क्रूर उत्तर का एक ही परिणाम होता है कि नंद कृष्ण की निर्दयता से निराश होकर, दशरथ की तरह, मर जाने की बात सोचने लगते है—

दया दामोदर तारी क्या गयी रे, टलवल्यानो नहि वाक रे।
वापनु सगपण ते टल्यु आवो आवो जाणी मने राक रे।
धन्य ते जीव्यु दशरथ तणु रामजी जातां गया प्राण रे।
हैडु कठिण फाटे नहि जाणे घडियु पाषाण रे।

—वही, पृ० १७६

नंद और दशरथ की भावस्थिति के साम्य और वैषम्य की ओर सूर का भी ध्यान गया पर उन्होंने इसका प्रयोग यशोदा द्वारा नद को दिये गये उपालभ मे किया है। वहाँ वह इतने तीखे ढग से प्रयुक्त हुआ है कि नद उसे सुनते ही मूछित होकर पृथ्वी पर गिर पड़ते है—

कहूँ कहनि सुनी नही दशरथ की करनी।
यह सुनि नँद व्याकुल ह्वै परे मुरछि धरनी।

—सू० सा०, पृ० ६१६-७

कृष्ण से बिछुडते हुए नद की मनोदशा का चित्रण सूर ने भी पर्याप्त मार्मिकता से किया है। सूर के कृष्ण भालण के कृष्ण से कम कठोर है। वे माता-पिता विषयक तथ्य को उतनी कटुता से नद से नही कहते जितनी कटुता से भालण ने कहलाया है। एक ओर वे नंद के स्नेह को स्मरण रखने का आश्वासन देकर उसका तिरस्कार नहीं करते, दूसरी ओर मिलन-वियोग की अनिवार्यता और माया-मोह की निस्सारता का, ज्ञान द्वारा-प्रतिपादन करके समझाने की चेष्टा भी करते है। भावविभोर नंद के नेत्रों मे यह कठोर कथन फिर भी आँसू भर लाता है।[२०]

ब्रज लौट जाने की बात सुनने पर नद के हृदय की विह्वलता का चित्रण सूर ने भालण से कम भावमयता से नही किया है। कुछ पक्तियाँ जो भाव के चरमोत्कर्ष को व्यक्त करती है, निश्चित रूप से अद्वितीय है—

गोपालराइ हौ न चरण तजि जैहौ।
तुमहि छाडि मधुवन मेरे मोहन कहा जाइ ब्रज लैहौं।
कत हम लागि महारिपु मारे कत आपदा विनासी।
डारि न दियो कमल कर ते गिरि दबि मरते ब्रजवासी।
ऊरध स्वास चरणगति थाक्यो नैन नीर न रहाइ।
सूर नंद के बिछुरे की वेदन मो पै कही न जाइ।

—सू० सा०, पृ० ६०५

इन पंक्तियों में भाव की तीव्रता, उक्ति वैचित्र्य और अनुभावों की सहज योजना सराहनीय है।

कृष्ण जब विदा देने लगते हैं तो उनके शब्दों को सुनकर नंद की जो दशा होती है उसके चित्रण में सूर ने और भी अधिक भावों-अनुभावों की संयोजना की है—

उठे कहि माधो इतनी बात ।
होहु विदा घर जाहु गुसाईं माने रहियो नात ।
ठाढो थक्यो उतर नहि आवै लोचन जलन समात ।
भये बलहीन खीन तनु कंपित ज्यो बयारिवश पात ।
धकधकात मन बहुत सूर उठि चले नद पछितात ।

—सू० सा०, पृ० ६०६

सूर की तरह प्रेमानद ने कृष्ण को भालण के कृष्ण जैसा क्रूर न चित्रित करके कोमल-हृदय चित्रित किया है । देवकी जब उनसे गोपवेश त्याग कर राजसी वेश धारण करने तथा नंद और गोपों को विदा देने के लिए कहती है तो वे गहरी वेदना से भर जाते हैं । नंद को वे किस प्रकार उत्तर देंगे; प्रतिक्षण प्राण अर्पण करने वाली यशोदा का क्या होगा ? यह सोच सोच कर उनका मन मसोसने लगता है और आँखें आँसुओं से भर जाती हैं—

क. यशोदा केम जीवे मारुं सगपण जाणी फोक ।
पिताने प्रकाशी कहेतां, नदजी जाय जमलोक ।
. . . .
जागृत स्वप्न मांहे ध्यानज मारुं पुत्रसुखमा बूडी ।
हुं बिना टळवळी मरशे, जेम टळवळे टीटूडी ।

—श्रीम० भा०, पृ० ३१५

ख. केम उत्तर आपु पिताने, केम उत्तर आपुं ।
वचन वज्रना प्रहार करी केम कालजडु कापु ।
. . . .
तु नही पिता हुं नही बालक कहेता थाय मुखश्याम ।
अेवुं कही ने आंसु ढाल्या, प्रेमानद प्रभु राम ।

—वही

इन शब्दों से प्रेमानंद ने कृष्ण की कोमल भावनाओं की अभिव्यक्ति तो की ही है, साथ ही नंद-यशोदा के प्रेम की व्यंजना भी कर दी है ।

देवकी कृष्ण को पुनः नंद-यशोदा का 'सगपण' छोड़ देने की शिक्षा देती है परन्तु कृष्ण यशोदा की प्रीति पर सौ 'सगपण' निछावर करने को प्रस्तुत हो जाते हैं—

शु प्रीत जाणो मा मारी रे,
यशोदानी प्रीत उपर सो सगपण नाखुं वारी रे।

—वही, पृ० ३१६

जब देवकी समझाकर हार जाती है तो वसुदेव समझाने लगते हैं। वे नंद को विदा देने की बात तो कहते हैं परन्तु उनकी भावना को देखते हुए नंद के प्रति विनयशील तथा कोमल रहने का आदेश भी दे देते हैं। प्रेमानंद ने वसुदेव का चित्रण एक समझदार पिता के रूप मे किया है—

आपो नंदजी ने विदाय, आपो नदजी ने विदाय।
उत्तर देजो अेवी रीते जेम डोशो नव दुखाय।

—वही

नंद और कृष्ण के सवाद को प्रेमानंद के द्वारा अत्यन्त भावमयता प्राप्त हुई है और कवि ने उसमे दोनों के भावों को सफलतापूर्वक अंकित किया है। नद कृष्ण की प्रत्येक बाल-क्रीड़ा का स्मरण कर उठते है और उन्हे यह सोच कर कि कृष्ण के बिना कौन उन्हें पिता कहेगा, गहरा दुख होता है और जब कृष्ण फिर अपना स्नेह प्रकट करने लगते है तो उन्हें मूर्छा आ जाती है—

क—कोण रूडी शिखामण देशे रे, हवे पिता मूने कोण कहेशे रे।

—वही, पृ० ३१७

ख—धरणे ढलीया नंदजी रे थइ पड्या अचेत।

—वही, पृ०

यशोदा की भावस्थिति नंद की अपेक्षा और भी हृदयद्रावक रूप मे चित्रित की गयी है। कृष्ण बलराम के बिना उसकी व्याकुलता प्रतिक्षण बढती जाती है। नंद के वापस लौटने की प्रतीक्षा में अत्यन्त उत्कंठित होकर वह बार-बार मार्ग की ओर देखती रहती हैं। जब नद को आते देखती है तो, कृष्ण के पाने की लालसा से, उन्हें सबसे आगे आकर आतुरता से भेंटती है।

और जब यशोदा को विश्वास हो जाता है कि नंद वास्तव में अकेले ही लौट आये हैं, कृष्ण-बलराम मथुरा में ही रह गये है तो उसकी सारी उत्कंठा, आतुरता, लालसा और व्याकुलता एक ही क्षण में तीव्रतम आक्रोश और आवेश में परिणत हो जाती है। नंद को वह एक के बाद एक उपालंभ देने लगती है जो कटु से कटुतर

हो जाते हैं। यशोदा का मातृत्व उसके अन्दर निहित पत्नीत्व से प्रधान हो उठता है और वह नंद के जीवित लौट आने पर भी व्यंग्य कर डालती है। मनोवैज्ञानिकतया सूर का यह भाव-वर्णन मानव-हृदय मे उनकी एक विशेष तीव्र अन्तर्दृष्टि एवं पैठ का परिचायक है—

क—उलटि पग कैसे दीन्हों नद।
छाडे कहाँ उभय सुत मोहन धिग जीवन मंतिमंद।
कै तुम धन-यौवन-मदमाते कै तुम छूटे बंद।

—वही, पृ० ६०७

ख—यशोदा कान्ह कान्ह कै बूझै।
फूटि न गई तिहारी चारौ कैसे मारग सूझै।
इक तनु जरो जात बिन देखे अब तुम दीने फूक।
यह छतिया मेरे कुँवर कान्ह बिनु फाटे न गये द्वै टूक।
धिग तुम धिग वै चरण अहो पति अधबोलत उठि धाये।
सूर श्याम बिछुरन की हम पै देन बधाई आये।

—वही

कृष्ण के बिछुडने पर स्वयं नद यशोदा को बधाई देने आये है, यह कथन कितना व्यंग्य-पूर्ण और कटु है। कृष्ण ने चलते समय क्या कहा इस उत्सुकतावश यशोदा नंद से प्रश्न करती है परन्तु भावावेग मे प्रश्न तो भूल जाता है और मन का आक्रोश उपालंभ बन बन कर पुनः व्यक्त होने लगता है—

नंद हरि तुमसों कहा कह्यो।
सुनि सुनि निठुर वचन मोहन के क्योंकरि हृदय रह्यो।
छांडि सनेह चले मंदिर कत दौरि न चरन गह्यो।
फाटि न गयी बज्र की छाती कत यह शूल सह्यो।
सुरति करत मोहन की बातें नैनन नीर बह्यो।
सुधि न रही अति गलित गात भयो जनु डसि गयो अह्यो।
कृष्ण छाँडि गोकुल कत आये चाखन दूध-दह्यो।
तजे न प्राण सूर दशरथ लौ हुतो जन्म निबह्यो।

—सू० सा०, पृ० ६०७

नंद की सहनशक्ति व्यंग्य पर व्यंग्य सुनते सुनते समाप्त हो जाती है और वे परिस्थिति को स्पष्ट करने अथवा अपनी सफाई देने का प्रयास न करके यशोदा को ही दोषी

ठहराते हैं। पति-पत्नी के बीच आवेश के क्षणों में परस्पर दोषारोपण की वृत्ति अत्यन्त स्वाभाविक होती है। सूर ने उसे भी परखा है। नंद कहते हैं—

> तब तू मारिबोई करति।
> रिसनि आगे कहि जो आवत अबलै भाँड़े मरति।
> रोस कै कर दाँवरी लै फिरति घर-घर धरति।
> कठिन हिय करि तब जो बाँध्यो अब वृथा करि मरति।
> नृपति कंस बुलाइ पठयो बहुत कै जिय डरति।
> इह कछू विपरीत मो मन माँझ देखी परति।
> होनहारी होइहै सोइ अब यहाँ कत अरति।
> सूर तब किन फेरि राखे पाइ अब केहि परति।
>
> —वही

आवेश दूर हो जाने के बाद दम्पति उत्तरदायित्व को परस्पर मिलकर स्वीकार करते हैं।

> कोमल चरण कमल कटक कुश हम उनपै वन गाय चराई।
>
> —वही, पृ० ६१०

नंद के व्रज लौटने के बाद की भावस्थिति का जो चित्रण भालण ने किया है उसमें भावों में सामान्य उद्दीप्ति ही प्रदर्शित की गई है। सूर की तरह भावना उपालंभ, व्यंग्य और कटूक्तियों तक नहीं पहुँच पाती। इससे कवि की भावानु-भूति की शिथिलता व्यक्त होती है। यशोदा की मातृत्वमयी हृदयवृत्ति के भाव-संघर्ष को भालण भी पूरी तरह परख नहीं सके। यशोदा के उद्गारों में उन्होंने माता की वास्तविक संवेदना को सम्यक् अभिव्यक्ति प्रदान नहीं की। चिंता, विह्वलता कातरता और आवेग की अपेक्षा यशोदा के शब्दों में जिज्ञासा मिलती है और उनसे उसकी दशा की अपेक्षा उसके पति की दशा का ज्ञान अधिक होता है। नंद की दशा का जो वर्णन हुआ है उसमें अनुभावों का सौन्दर्य अवश्य दर्शनीय है—

> नंदजी गोकुल आव्या, हलधर श्याम न लाव्या।
> पूछे जशोदा राणी, कथजी कहो मने वाणी।
> वाणी कहो मारा कंथजी मने, कहान कुवर क्या रह्या।
> विरह अति वा ला तणो, में दिवस अति दोहेला सह्या।
> वंशीवट के वृन्दावन सुत कुंजमां क्रीडा करे।
> वेण शें नथी बाजती, जे चित्त सहुअेना हरे।
> . . . .

चितातुर तमो कांय दीसो, जुहारी ज्यम हारिया।
व्यापारी वहाण बूडे, रंग अेवे आविया।
स्वेद अंगे गात्र भंगे, नीर दो नयणे झरे।
ऋणे पीड्यो अति घणु निर्धन ज्यम चिंता करे।
उत्तर शे नथी आपता, दिग्मूढ दीसो दामणा।
साथी सघला क्या गया, जे वा' ला विट्ठळजी तणा।

—दशमस्कंध, पृ० १८६

यशोदा स्वतन्त्र रूप से अपने भावावेग से कुछ निश्चय नही कर पाती है। अपने दुख की अभिव्यक्ति के रूप मे भी पति की मुखापेक्षिणी बनी रहती है; एक ओर सूर की यशोदा पति के जीवन तक पर कटाक्ष कर सकती है, दूसरी ओर भालण की यशोदा उनकी सम्मति तक का निषेध नही कर पाती—

जशोदा कहे हुं जाउ, कहो तो निर्लज थाउं।
जइने झघडो माडुं, कहानजी क्यम छाडुं।

—दशम०, पृ० १८७

कृष्ण के न छोड़ सकने का भाव पर्याप्त विकास नहीं पा सका है। भालण ने नंद की तरह यशोदा को भी कन्या की चिन्ता करते चित्रित किया है जिससे कृष्ण के प्रति उसके प्रेम की अनन्यता पूर्वत्व बाधित हो उठती है। यही, नही वह कृष्ण को धूर्त और पुत्री को सुन्दर भी बताती है—

मारी कुंवरी लावो, पीयु हैडुं दाझे ताप शमावो।
ते अति रूपे रूडी नयणे जुग मोहे।
झुमी झघडो करिये ने, जेणे आंगणडे शोहे।
तेह पुत्र पर पुत्री वारुं जेइ थकी ठरिये।
तेणे धूतारे शुं कीजे जेणे दाझी मरिये।

—वही

यदि पुत्री-प्राप्ति की इच्छा को कृष्ण-प्राप्ति की निराशा से उद्भूत मान कर उसे कृष्ण के प्रति प्रेम की अभिव्यक्ति का रूप-विशेष कहा जाय तो कदाचित् यह भी उचित नही होगा; क्योंकि ऐसी दशा में पुत्री के प्रति व्यक्त ममता मे आलम्बनत्व का अभाव होना चाहिए जो यशोदा के उक्त भावों में नही मिलता है। इन पक्तियों के अतिरिक्त अन्यत्र भालण ने यशोदा के कृष्ण-प्रेम तथा तज्जन्य वेदना का भी चित्रण किया है। वह अपने प्राण तक त्यागना चाहती है पर विवश है—

प्राण काढ्या नव निसरे, विण खूटे नव मरिये रे।
श्यामसुन्दर दीसे नहि तो, घरमा रही शु करिये।

—वही, पृ० १९०

यशोदा का देवकी के प्रति ईर्ष्या करना अत्यन्त स्वाभाविक मनोभाव है जिसे भालण ने पकड लिया है। यशोदा सोचती है कि वह मथुरा चल कर ही रहे। कृष्ण तो देखने को मिलेंगे परन्तु दूसरे ही क्षण कृष्ण के राजवेश और देवकी के प्रति उनके मातृभाव की याद करके उसे क्षोभ और ईर्ष्या हो आती है—

हा हु केम रहु रे अेके न दीसे पेर रे।
त्या गये तो सुख नहि, रह्यु न जाये घेर।
जाणु मथुरा जइ रहू, जाता वलता दीसे रे।
अश्व चढी ने चालता जोइ हैडुं मारु हीसे।
दहाडी तो देखीश नहि रे क्यां रे के तो मलशे रे।
देवकी ने माता कहेशे त्यारे हैडुं मारु वलशे।

—वही, पृ० १९१

सूर की यशोदा भी मथुरा जाने की इच्छा व्यक्त करती है पर देवकी के प्रति ईर्ष्याभाव उनमें उदित नही होता वरन् उसके विरुद्ध दैन्य की प्रधानता हो जाती है—

हौं तौ माई मथुरा ही पै जैहौं।
दासी ह्वै वसुदेवराइ की दरशन देखत रैहौं।

—सू० सा०, पृ० ६११

परिस्थिति की सारी विषमता को आत्मसात् कर लेने के बाद दीनता और दुख की एक गहरी छाया यशोदा के मन को छा लेती है। देवकी से अब उसे ईर्ष्या नही होती और वह अपनी करुणा को अपने भीतर ही सहेज समेट कर 'धाय' का पद स्वीकार कर लेती है। अब 'धाय' होने मे ही उसे सतोष है, क्योंकि इसी नाते कृष्ण ने अपना सम्बन्ध तो वह व्यक्त कर लेती है। इस भावस्थिनि को सूर और भालण दोनों ने समान रूप से परख लिया है। सूर ने उसे देवकी के प्रनि यशोदा के सदेश रूप में व्यक्त किया है, भालण ने कृष्ण के प्रति पुनरागमन की याचना के रूप मे—

सूर— सँदेसो देवकी सों कहियो।
हौं तौ धाइ तुम्हारे सुत की कृपा करत ही रहियो।
यदपि टेव तुम जानत उनकी तदपि मोहि कहि आवै।

प्रातहि उठत तुम्हारे कान्ह को माखन रोटी भावै।
तेल उबटनो अरु तातो जल ताहि देखि भजि जाते।
जोइ-जोइ माँगत सोइ-सोइ देती क्रम-क्रम करि करि न्हाते।
सूर पथिक सुनि मोहि रैनि दिन बड़्यो रहत उर सोच।
मेरो अलक लडैतो मोहन ह्वै है करत सँकोच।

—सू० सा०, पृ० ६१२

भालण— अेकवार आवो आगणे रे रमवाने यादवराय रे।
मुखड्ु जोवु माहरे रे नहि थाउं तारी माय रे।
धाव कही ने बोलावजो रे, मीठडा सुणिये वचन रे।
तारा सम छे त्रिकमा रे, नहि दुहवावु मन रे।

—दशम०, पृ० १९२

ख— धवरावीने हैडे चापती त्यम देवकी नहि चापे रे।
रोमाचित मारी देहडी थाती, त्यम तेनी नव कापे।
माता नहि थाउ तमारी धाव कही ने जाणो रे।
मे बाध्यो जे माखण माटे तेणे रोष भराणो।

—वही, पृ० १९३

यशोदा द्वारा अपने को 'धाय' मानने की बात देवकी के प्रति कहे जाने मे जो मार्मिकता है वह उसके कृष्ण के प्रति कहे जाने की मार्मिकता से कही अधिक तीव्र है। अपने साहचर्य और प्रेम को सूर की यशोदा अत्यन्त दैन्य और दुख के साथ व्यक्त करती है। उसका शब्द शब्द व्यजना से पूर्ण है। भालण के भाव-निरूपण मे कृष्ण-प्रेम की पर्याप्त प्रधानता है, तज्जन्य दैन्य और दुख की व्यजना अपेक्षाकृत उतनी तीव्र नहीं है।

उद्धव के ब्रज में आने पर नंद-यशोदा का हृदय पुनः पुत्र-वियोग से अभिभूत हो उठता है। सूरदास, भालण तथा प्रेमानन्द आदि ने भ्रमरगीत के प्रसंग में भी इनके वात्सल्यपूर्ण उद्‌गारों का इसी प्रकार निरूपण किया है। सूर ने नंद-यशोदा दोनों की भावनाओं को अंकित किया है परन्तु भालण तथा प्रेमानन्द का ध्यान यशोदा के हृदय की दशा पर विशेष केन्द्रित हुआ और इस स्थल पर निश्चय ही वे सूर को पीछे छोड़ गये हैं।

उद्धव के आने पर सूर ने नद और यशोदा की मानसिक स्थिति का जो चित्रण किया है वह अपूर्ण प्रतीत होता है यद्यपि सामान्यतः दोनों के मनोभावों की अभिव्यक्ति कर दी गई है। वृद्ध दम्पति की पहली जिज्ञासा यह होती है कि क्या कृष्ण कभी हमारा

स्मरण करते हैं। साथ ही उन्हे वासुदेव के वास्तविक रूप को न समझने पर पश्चात्ताप भी होता है—

कबहिं सुधि करत गोपाल हमारी।
पूछत नंद पिता ऊधो सो अरु यशुदा महतारी।
बहुतै चूक परी अनजानत कहा अबके पछिताने।
वासुदेव घर भीतर आये मै अहीर कै जाने।

—सू० सा०, पृ० ६४७

उद्धव कृष्ण का भावमय सदेश यशोदा से कहते हैं परन्तु सूर ने उसकी कोई प्रतिक्रिया यशोदा के मानस मे प्रदर्शित नही की। सदेश मे कृष्ण की कोमल भावना का अत्यन्त मार्मिक अकन है।

कृष्ण के प्रेम और ऐश्वर्य-ज्ञान से अभिभूत नंद अपनी असमर्थता, अज्ञान तथा दोषमयता पर गंभीर रूप से पछताने लगते हैं और उद्धव के आगे कृष्ण का एक बार ही दर्शन पाने के लिए विलख उठते हैं—

हमते कछु सेवा न भई।
धोखे धोखे रहे धोख ही जाने नाहि त्रिलोकमई।
चरण पकरि करि बिनती करिबो सब अपराध क्षमा कीबे।
ऐसो भाग होइगो कबहूँ, श्याम गोद मे लीबे।
कहै नंद आगे ऊधो के एक बेर दरशन दीबे।
सूरदास स्वामी मिलि अबकै सबै दोष गत कीबे।

—वही

यशोदा के हृदय मे उद्धव से मिलने की उत्सुकता का जो चित्रण प्रेमानंद ने किया है वह सूरसागर में नही मिलता। कृष्ण के सदृश कोई आ रहा है, इतना सुनते ही उतावली से बाहे पसारे उठ भागने वाली यशोदा की यह गतिशील भावमुद्रा अनुपमेय है—

मात उठी वेणी छूटी, घणुं हाफली हरखे भरी।
लांबा कर करी भेंटवा धाई, आव मलीजे श्रीहरी।

—श्रीम० भा०, पृ० ३२२

इसी प्रकार प्रेमानंद द्वारा यशोदा की मनस्थिति का भी अत्यन्त सूक्ष्म स्वाभाविक एवं हृदयद्रावक आलेखन हुआ है। वात्सल्य की अतिशयता मे सारा ईर्ष्या-द्वेष खो

जाता है और वह उद्धव से, सूर की यशोदा की तरह, पहले पहल कृष्ण की बात न करके देवकी-वसुदेव के कल्याण की बात करती है; कृष्ण द्वारा अपने याद किये जाने के सम्बन्ध में उसकी जिज्ञासा इसके बाद प्रकट होती है—

> कहो वीरा उद्धव चतुर सुजाण, छे वसुदेव देवकी ने कल्याण ।
> कहीये सभारे छे गोकुल ग्राम, मुने संभारे छे सुन्दरश्याम ।
>
> —वही, पृ० ३२३

कृष्ण सम्बन्धी जिज्ञासा ही उसकी वास्तविक जिज्ञासा है, इसका प्रमाण तब मिल जाता है जब वह बार-बार कृष्ण पुष्ट है या दुर्बल, आयेंगे या नही, आदि प्रश्न पूछती ही चली जाती है—

> छे पुष्ट वपु के थया दूबला, प्राणनाथ थया मुजयी वेगला ।
> फरी फरी उद्धव ने पूछे माय, अहि आवशे के कहाबी नाय ।
>
> —वही

इस जिज्ञासामयी भावाकुलता एव विह्वलता के पश्चात् अनेक पूर्वकृत अथवा संभावित पापों की कल्पना करती हुई अत मे सबका प्रायश्चित करने के लिए प्रस्तुत हो जाती है। उसे कृष्ण से इतना मोह है कि वह उस ककड़ को भी सहेज रक्खे है जिससे उन्होंने मटकी फोड डाली थी। चांदी के जिस कटोरे से नंद दूध पिलाते थे वह भी उसके पास है। कृष्ण से सम्बन्धित खिलौनों और वस्त्रों को उद्धव के आगे दिखा-दिखा कर वह उनका स्मरण करने लगता है—

> जेणे भांजी गोली पाषाण नाखी, ते कटका हुं रही छौं राखी।
> नंदजी ने हाथे दूध पीता लाडको, उद्धव ते आ रूपानो वाडको।
> मोर पोपट पुतलीयो गेडी दडी, ओ पेली वजाडवानी वांसली पडी।
> पाघडी टोपी ने आगला घणां, आ जुवो कामली पीछोडी हरितणां।
>
> —वही

प्रेमानंद की यशोदा भावनाशील होने के साथ ही कल्पनाशील भी है अतएव वह सोचने लगती है कि यदि उसकी विनती विधाता सुनले और वह देवकी के साथ ही धर्मराज के आगे जाये तो वे निश्चय ही उसका दुःख देखकर कृष्ण को देवकी से वापस दिला देंगे। कृष्ण नया अवतार धारण करके गोकुल में उसकी कोख से प्रकट होंगे और तब वह उन्हें अपना पुत्र कह कर प्यार कर सकेगी। यशोदा का इस प्रकार का प्रलाप सुनकर ज्ञानी उद्धव के भी आँसू बह चलते है—

अमो विधाता ने अेक विनती करीअे, हुं ने देवकी साथे मरीअे ।
धर्मराज आगलहुं जघडु जइ, ऊभी राखु हुं देवकी ने पालव ग्रही।
यम राढ चूकावशे खरी, मारो पुत्र अपावशे पाछो फरी ।
अवतार लइ गोकुल मां आवीश, अेनाअे पुत्रने हुं लडावीश।
अेमय शोदाजी रुअे टळवळे, उद्धव ने नयणे आँसु ढळे ।

—वही

काव्य की दृष्टि से कल्पना-मिश्रित यह भावचित्रण अपना स्वतन्त्र महत्त्व रखता है क्योंकि समस्त कृष्णकाव्य मे यह अतुलनीय है । यशोदा की कल्पना वस्तुतः उसकी गंभीर अनुभूति की ही व्यंजना करती है । यह मनोवैज्ञानिक सत्य है कि जिस वस्तु को व्यक्ति यथार्थ में नही प्राप्त कर पाता उसे कल्पना मे पाने का प्रयास करता है और इस जन्म के अभावों की पूर्ति अगले जन्म में करना चाहता है ।

प्रेमानंद की यशोदा उद्धव से कृष्ण को देने के लिए सदेश रूप मे जो कुछ कहती है वह उसकी प्रारंभ मे अभिव्यक्त भावनाओं के पूर्णतया अनुकूल है। इस प्रकार यशोदा का भावविकास अत्यन्त स्वाभाविक रूप मे हुआ है । वह कृष्ण-बलराम के पास देवकी माता तथा वसुदेव पिता को सुखी रहने का सदेश भेजती है और अंत में यह भी कहला देती है कि मुझ अनाथ से भी ऐक बार मिल जाना । अगर अकेले देवकी न आने दे तो उसे साथ लेते आना—

ओधवजी कहेजो वन्यो भ्रातनें, सुखेंणी करजो देवकी मात ने ।।
रखे छेह देता वसुदेव तातनें, अेकवार मलजो अमो अनाथ ने ।
दुर्लभ जाणी गोपने को समे गोकुल आवजो ।
धीरे नही जो देवकी तो साथे तेडी लावजो ।

—वही, पृ० ३३१

उद्धव को विदा करते समय यशोदा के अन्तस्तल मे उठने वाली भावनाओं को भालण और सूर दोनों ने व्यक्त किया है परन्तु निश्चय ही प्रेमानंद की सीं मार्मिकता वे उत्पन्न नही कर सके ।

देवकी के प्रति संदेश कहलाते हुए भालण की यशोदा पुत्र-सुख के गत क्षणों की स्मृति में विभोर होकर कृष्ण की प्रत्येक मनोमोहक क्रीड़ा का ध्यान करने लगती है । उस सुख को पाने के लिए पुनर्जन्म धारण करने की लालसा उसके हृदय में भी उत्पन्न होती है—

उद्धव कहेजो, उद्धव कहेजो, देवकी ने अेक बात रे।
पुत्रतणां सुख अमो भोगव्यां, हवे तमो थाओ मात रे।
पुनरपि द्वापर गोकुल माहे, कहानजी अवतरशे रे।
त्यारे भालण प्रभु रघुनंदन अमशुं अेमज करशे रे।

—दशम स्कंध, पृ० २२३

एक अन्य पद मे वह कृष्ण के प्रिय व्यजन बनाती हुई दिखाई देती है वह चाहती है कि कृष्ण एक बार ही आकर उसे कृतार्थ कर जांय। जिसे उसने हृदय से चिपकाये रक्खा उसे कैसे विसार दे; जन्म-जन्म तक यदि वह कृष्ण की धाय ही बनती रहे तो भी उसे सुख होगा—

आज मे राध्यो ढ्ढण धोइ रे, वाटकी जोइ कृष्ण देवनी रे।
आज में राध्यो कूर कातलीयो रे, कृष्ण ने पातलियो मारे प्रोहोणो रे।
हैडे चांप्यो क्यमकरी विसारुं रे. वायुं ने मन रहेशी पेर रे।
भव भव थाउ धाव हुं ताहरी रे, मारीने आश तमो पूरजो रे।

—वही, पृ० २२५

सूरदास की यशोदा नाना प्रकार से अपना दुख समझा कर अंत में कृष्ण को अपना आशीर्वाद कहला भेजती है। साथ ही वह घी-भरी दोहनी और मुरली आदि भी देती है जिससे उसके हृदय की गहरी वेदना की प्रीति का परिचय मिलता है।

कहियौ यशुमति की आशीस।
जहाँ रहो तहाॅ नदलाड़िलो जीवो कोटि बरीस।
मुरली दई दोहिनी घृत भरि ऊधो धरि लइ शीस।
यह घृत तौ उनही सुरभिन को जो प्यारी जगदीश।

—सू० सा० पृ० ७१४

३. **रासलीला**—रास को सामान्यत: कवियों ने आनद-उल्लास, नृत्य-संगीत तथा प्रेम-मिलन के महापर्व के रूप में वर्णित किया है। कुछ कवियों ने उसकी विराटता एवं आध्यात्मिकता पर विशेष बल दिया है। बहुत कम कवि ऐसे है जिन्होने अलौकिक नृत्यगीतमय आनंद की सहज स्थिति के बीच उदासी, दुख, उत्सुकता, विरह-कातरता, उद्विग्नता तथा तन्मयता आदि मानवीय भावों के लिए भी स्थान खोज निकाला हो और स्वतन्त्रता के साथ उनका विस्तार किया हो। सूरदास, नंददास तथा प्रेमानंद ने ऐसा ही किया है। नरसी मेहता का रास-वर्णन कृष्ण गोपियों के संयुक्त

नृत्य के नाद-पूरित आनदमय वातावरण को अनेक रूपों मे अनेक प्रकार से प्रस्तुत करता है। उसमें मानवीय भावो के आलेखन का आग्रह नही है। रास के इस पक्ष ने नरसी को इतना मुग्ध किया कि वे उसके भाव पक्ष की ओर ठीक से दृष्टिपात न कर सके। जहाँ कही भी रास के प्रसग मे भाव-चित्रण की ओर उनका झुकाव हुआ वहाँ वे अधिक से अधिक गोपियो की नृत्योत्सुकता, कृष्ण को रिझाने की लालसा, विलास-वासना, प्रिय की समीपता से उत्पन्न प्रसन्नता तथा मुग्धता का ही वर्णन कर सके है। शारदी पूर्णिमा की शुभ्र चादनी मे यमुना-तट पर होने वाले रास के नादमय एवं गति-शील दृश्य को प्रत्यक्ष करने की ओर उनका विशेष आग्रह रहा है। व्रजभाषा के भी अनेक कवियों मे रास-वर्णन मे दृश्य-निरूपण की अपेक्षा भाव-निरूपण की ओर कम ध्यान दिया है। फिर थोड़ा-बहुत जो भाव-निरूपण इन कवियों ने किया है वह भागवत के आश्रित और अनुकरणमूलक होने के कारण विशेष महत्त्व नही रखता। जैसा निर्देश किया जा चुका है सूरदास, नंद दास तथाप्रेमानद की स्थिति इनसे भिन्न है। भागवत का आधार लेते हुए भी भाव-चित्रण में इन कवियो ने पर्याप्त स्वतन्त्रता से काम लिया है और अनुकरण करते हुए भी अपनी अनुभूति से भावों का अधिकाधिक विस्तार किया है।

रास का प्रारम्भ कृष्ण के वेणुवादन से होता है। उनकी वशी मे चराचर को विमुग्ध कर देने की शक्ति है, गोपियाँ तो योंही कृष्ण पर अनुरक्त रही। कात्यायनी-व्रत के द्वारा उन्होंने कृष्ण को प्राप्त करने का उपक्रम भी किया। अर्धरात्रि में ज्योत्स्ना के शत शत आवरणों को वेधती हुई जब अपार सम्मोहन लिये प्रिय की वंशी मधुर स्वर से उनका आवाहन करती है तो उन्हें एक विचित्र प्रकार का आह्लाद मिश्रित उन्माद होता है जिसमें सारा गृह-काज, सारी लोक-लाज तिरोहित हो जाती है कृष्ण के पास जा पहुँचने की उतावली वे सारे कार्य अधूरे छोड देती हैं अथवा उन्हें विपरीत ढग से करने लग जाती हैं। भागवतकार ने गोपियों की इस मनःस्थिति को निम्नलिखित रूप मे व्यक्त किया है—

> दुहन्त्योऽभिययुः काश्चिद्दोहं हित्वा समुत्सुकाः।
> पयोऽधिश्रित्य संयावमनुद्वास्यापरा ययुः ॥५॥
> परिवेषयन्त्यस्तद्धित्वा पाययन्त्यः शिशून् पयः।
> शुश्रूषन्त्यः पतीन् काश्चिदश्नन्त्योऽपास्य भोजनम् ॥६॥
> लिम्पन्त्यः प्रमृजन्त्योऽन्या अंजन्त्यः काश्च लोचने।
> व्यत्यस्तवस्त्राभरणाः काश्चित् कृष्णान्तिकं ययुः ॥७॥

—दशमस्कध, अध्याय २९

सूरदास ने परिस्थिति को आत्मसात् करके गोपियों की आतुरता एवं व्याकुलता को जो अभिव्यक्ति प्रदान की है वह भागवत की मुखापेक्षिणी मात्र नहीं है। आभूषणों की अस्तव्यस्तता का जो संकेत भागवत मे है उसे अत्यन्त स्वाभाविकता एवं मौलिकता से उन्होंने स्पष्ट किया है।

सुनि मुरली-सबद ब्रजनारि।
करति अंग श्रृंगार भूली काम गयी तनु मारि।
चरण सों गहि हार बांध्यो नैन देखत नाहि।
कचुकी कटि [illegible] हिरदय माहि।
चतुरता हरि चोरि लीन्ही भई भोरी बाल।
सूर प्रभु रति काम मोहन रासरुचि नंदलाल।

—सू० सा०, पृ० ४३१

यही नही, कृष्ण के आकर्षण के समक्ष संसार के समस्त आकर्षणों एवं सम्बन्धों के प्रति जो उपेक्षा-भाव गोपियों के हृदय में उत्पन्न होता है उसका वर्णन सूर ने भी अत्यन्त कुशलता के साथ किया है।

चली बन वेणु सुनत जब धाइ।
मात पिता बधन इक त्रासत जाति कहाँ अकुलाइ।
सकुच नहीं, शका हू नाही रैनि कहाँ तुम जाति।
जननी कहति दई की घाली काहे को इतराति।
मानति नही और रिस पावति निकसी नातो तोरि।
जैसे जलप्रवाह भादौ को सो को सकै बहोरि।
ज्यों कैंचुरी भुजगम त्यागत मात पिता यों त्यागे।
सूर श्याम के हाथ बिकानी अलि अंबुज अनुरागे।

—वही

जाती हुई गोपी की जननी के भावावेगमय शब्दों को अत्यन्त स्वाभाविक रूप में व्यक्त करके परिस्थिति को सजीवता प्रदान की गयी है तथा अनेक सटीक उपमाओं से भाव को विशेष बल मिला है।

प्रेमानंद ने प्रेमजन्य उत्सुकता के अतिरेक को व्यक्त करने वाले विभ्रम को अधिक विस्तार प्रदान किया है। आभूषणों की अस्तव्यस्तता के अभिनव उदाहरण तो दिये ही हैं, साथ ही अनेक नवीन परिस्थितियों का सृजन करके कल्पना-वैभव तथा भावाभिव्यक्ति की विशेष क्षमता का परिचय भी दिया गया है। साथ ही स्वाभाविकता की सर्वत्र रक्षा की गयी है—

कोइक नहातां नाद साभल्यो मन थयु हरिमा मग्न रे।
ते जळे निगलती उठी चाली वस्त्र बहोणी नग्न।
अबलां आभरण भूषण पहेर्या मनडु रह्यु जुगदीश रे।
ओढणी पहेरी कटि सगाथे चरणा ओढ्या शीश।
अेक बाहे पेहेरी चोलीनी , माहे अबळो आण्यो हाथ रे।
अेक स्तन उघाडु दीसे जेम देहेरा विना उमयानाथ।
को काजले करी ने सेथो पूरे को नयणे आंजे सीन्दुर रे।
को कोई ने प्रीछे नही बाला प्रेम उदधीनु पूर।
करमुद्रिका पग अगुलिये, विछुवा कर अगुली माये रे।
चरणना झाझर काने पेहेर्या कर कंकण पेहेर्या पाये।
कटि मेखला कंठे पेहेरी कटि विठ्या मोती हार रे।
गलुबंध पावलीये बाध्यो पग घूघरी कठ घमकार।
गोफणे बाजुवध ने स्थानक पहोचे बाध्या शिशफूल रे।
आभूषण मारगमा पडता जेना मोघा मूल।

—श्रीम० भा,० पृ० २८८

यहाँ प्रेमानद ने इतने उदाहरण एक के बाद एक प्रस्तुत किये हैं कि उनमें एकरसता का आभास आने लगता है परन्तु उनकी कल्पनाशक्ति की स्वतन्त्रता को अस्वीकृत नही किया जा सकता। एकस्वरता से भावाभिव्यक्ति को जो आघात पहुँचता है उसका परिहार परिस्थितियों की नवीनता के द्वारा हो जाता है। अपूर्ण रूप से बद्ध आभूषणों के मार्ग मे गिर जाने का उल्लेख कवि की सूक्ष्म दृष्टि का परिचायक है। इस प्रकार अस्तव्यस्त गोपिया जब कृष्ण के समीप पहुँची तो उन्होंने प्रेम की परीक्षा लेने के उद्देश्य से घर वापस लौट जाने के लिए कहा। जिसके लिए गोपियो ने माता, पिता, पति, पुत्र सभी को त्याग कर निशीथ मे निर्जन वन के बीच आना स्वीकार किया उसी के मुख से इस प्रकार के कठोर शब्द सुनकर उनका सारा उल्लास शिथिल हो गया और वे दुःख से कातर हो उठीं। कवियों ने गोपियों की इस मर्म वेदना को परखा। सूरदास ने उनके हृदय की अनन्य प्रीति को भावविह्वल उद्गारों के द्वारा व्यक्त किया। प्रेमानंद ने दुख की दशा को चित्रित करने वाली अनेक भावमुद्राओं की संयोजना की जिसकी प्रेरणा उन्हें भागवत के 'चरणेन भुव लिखन्त्यः' से मिली। इस आकस्मिक प्रहार से आहत गोपियों के स्तंभित एवं शिथिल शरीर की अवस्था को अभिव्यक्ति प्रदान करने में नंददास ने भी पर्याप्त तन्मयता प्रदर्शित की है। उनके वर्णन में भावमुद्राओं के साथ अनुभावों तथा उपमाओं का विचित्र संगुंफन मिलता है—

सूर—क. श्याम उर प्रीति मुख कपट बानी।
युवती व्याकुल भईं धरणि सब गिरि गई
आश गई टूटि नहि भेद जानी।

—सू० सा०, पृ० ४३३

ख. तुम पावत हम घोष न जाहि।
कहा जाइ लैहै हम ब्रज मे, हम यह दरशन त्रिभुवन मे नाहि।
तुमहू ते ब्रज हित कोऊ नहिं कोटि कहौ नहि मानैं।
काके पिता मात है काके काहू हम नहि जानै।
काके पति सुत मोह कौन को घर है कहा पठावत।
कैसो धर्म, पाप है कैसो, आश निराश करावत।
हम जानै केवल तुमही को और वृथा संसार।
सूर श्याम निठुराई तजिये तजिये वचन विसार।

—सू० सा०, पृ० ४३४

ग. सुनहु श्याम अब करहु चतुरई क्यों तुम वेणु बजाइ बुलाई।
विधि-मरजाद लोक की लज्जा सबै त्यागि हम धाई आई।

—वही

प्रेमानंद—उत्तर आप्यो अविनाश मर्मनी बात कही।
हतो उत्साह सहु नार रुपे झाबी थई।
करे माहोमाही अवलोकंन, कर्मनी वात कहे।
ऊडा मूके निश्वास ललाटे हाथ दीअे।
को मुख ऊपर दे हाथ, वढवा दोडती।
को नयणा चढावी जोय, नथी दृष्ट चोरती।
को करी हस्तनां चिन्ह हरि कने आवती।
को अधर डसी ने जोय, हरिने विह्वडावती।
को कर पर देइ कपोल, वेसे शिथिल थई।
कोइ अेक मागे मर्ण, विधि कने ऊभी रही।
को निंदे कात्यायनी व्रत, सुकृत वृथा थयुं।
अेणे जोयां नग्न शरीर, आज ब्रह्मचर्य गयु।
को झटके लांबा केश, अंबोडो फरी वाले।
को ले अगुली मुखमांहे नयणे जल ढाले।

को नमी करे नमस्कार, हरिना गुण जणती ।
को अलवेली करे आल, अगुठे धरा खणती ।

—श्रीम० भा०, पृ० २५९

उक्त पंक्तियों मे प्रेमानंद ने भावमुद्राओं के साथ हृदय के उद्‌गारों का भी वर्णन किया है परन्तु उनमें सूर जैसी विह्वलता के दर्शन नही होते । प्रेमानद की तरह सूर ने गोपियों को अपने किये का पश्चात्ताप करते नही दिखायाँ । उनकी गोपियां अत तक कृष्ण को अपने प्रेम का विश्वास दिलाना चाहती है । पश्चात्ताप की भावना प्रेम को चरमोत्कर्ष तक नही पहुँचने देती, यद्यपि वह भी एक मानवीय वृत्ति ही है और मनोहर भी । यों प्रेमानद ने गोपियो के उद्‌गारो मे अनन्यता तथा प्रेमातिरेक का भी वर्णन किया है—

अमो मेली पतिकुल लाज, बालक परहर्‌यां ।
अमो अमारा शीष तारे चरण धर्‌या ।
तुंने मलता थाशे अधर्म तो थावा द्‌यो सुखे ।
शु अधिकु करशे यमराय, नाखशे नरक विखे ।

—वही

नंददास ने इस अवसर पर कृष्ण के शब्दों की गोपियो पर होने वाली प्रतिक्रिया का अनुभावों द्वारा चित्रण किया है—

नंददास— जब पिय कह्यो घर जाहु, अधिक चित चिंता बाढी ।
पुतरिन की सी पाँति रहि गई इक-टक ठाढी ।
दुख के बोझ छवि सीव ग्रीव, नै चली नाल सी ।
अलक अलिन के भार नमित मनु कमल माल सी ।
हिय भरि विरह हुतास, उसासनि सग आवत झर ।
चले कछू मुरझाई मधुभरे अधर बिंब वर ।
तब वोली ब्रज-बाल, लाल मोहन अनुरागी ।
सुन्दर गदगद गिरा गिरिधरहि मधुरी लागी ।

—नंददास, पृ० १६३

गोपियों की उदासी एवं दुख का परिहार तब होता है जब कृष्ण उनके साथ रास करना स्वीकार कर लेते हैं । सूर ने इस अवसर पर गोपियो की प्रसन्नता का जैसा अकन किया है वैसा अन्य किसी कवि ने नहीं किया । कृष्ण और गोपियो के मन की मुख्य अभिलाषा मूर्त होने जा रही थी अतएत भाव के साथ अनभाव और अनुभाव के साथ चेष्टाएँ स्वत: प्रकट हो उठी—

हरि मुख देखि भूले नैन।
हृदय हरषित प्रेम गदगद मुख न आवत बैन।
काम आतुर भजी गोपी हरि मिले तेहि भाइ।
प्रेमवश्य कृपालु केशव जानि लेत सुभाइ।
परस्पर मिलि हँसत रहसत हरषि करत विलास।
उमंगि आनदसिधु उछल्यो श्याम के अभिलाष।
मिलति इक इक भुजनि भरि भरि रास रुचि जिय आनि।
तेहि समय सुख श्याम-श्यामा सूर क्यों कहै गानि।

—सू० सा०, पृ० ४३६

जैसा निरूपित किया जा चुका है, उत्सुकता तथा आतुरता के भाव के कारण आभूषणों एवं वस्त्रों की विपर्यस्तता का वर्णन तो अनेक कवियों ने किया है, परन्तु विपर्यस्त वस्त्राभूषणों के कारण उत्पन्न एक नवीन भावस्थिति का वर्णन सूर के अतिरिक्त अन्य किसी कवि ने नही किया है—

रास रुचि जबहि श्याम मन आनी।
करहु शृंगार सँवारि सुन्दरी हँसत कहत हरि वानी।
जो देखें अँग उलटे भूषण तब तरुनिन मुसुकानी।
बारंबार देखि पिय को मुख पुनि पुनि युवति लजानी।

—सू०, सा० पृ० ४३६

वस्तुतः परिस्थिति के अनुकूल भावों की योजना तथा भावो के अनुकूल परिस्थिति की योजना अपनी मौलिक कल्पना एवं अन्तर्दृष्टि के आधार पर करते जाना सूर का स्वभाव है। जितनी पूर्णता से भाव और स्थिति को वे आत्मसात् कर पाते है वह अन्यत्र दुर्लभ है। गुजराती तथा ब्रजभाषा का कोई कवि इस दिशा मे उनकी समानता नही कर पाता। उक्त प्रसंग इसका एक उदाहरण है। सारे सूरसागर मे ऐसे अगणित उदाहरण मिलते हैं। रास के प्रसंग मे ही कई कवियों ने राधाकृष्ण के ब्याह का वर्णन किया है परन्तु सूर की तरह इस अवसर पर ककण खोलने के साथ व्यंग्य परिहास एवं आनद के मनोभावों का संयोजन किसी ने नही किया है—

नहिं छूटे मोहन डोरना हो।
बड़े हो बहुत बछोरियो हो ये गोकुल के राइ।
की कर जोरि करौ विनती कै छुवौ श्री राधाजी के पाइं।
यह न होइ गिरि को धरिबो हो सुनहुँ कुँवर गोपीनाथ।

आपन को तुम बड़े कहावत कॉपन लागे है दोउ हाथ।
बहुरि सिमिटि ब्रज सुन्दरी मिलि दीन्ही गाठि बनाइ।
छोरहु वेगि कि आनहु अपनी यशुमति माइ बुलाइ।

—सू० सा०, पृ० ४४२-४३

रास के बीच जब कृष्ण अन्तर्ध्यान हो जाते है उस समय गोपियाँ पुन. विरह-वेदना तथा दुख से कातर हो उठती है। उनकी यह कातरता इस सीमा पर पहुँच जाती है कि वे लत, द्रुम, पशु-पक्षी आदि सभी चेतन, अचेतन पदार्थों से कृष्ण का पता पूछने लगती हैं। भागवत मे दशम स्कंध के तीसवें अध्याय में इस प्रकार का वर्णन है जिसका निर्देश वर्ण्य वस्तु के प्रसंग मे किया जा चुका है। अनेक कवियों ने भागवत का अनुकरण करते हुए गोपियों की इस मन:स्थिति का चित्रण किया है परन्तु इसमें नंददास को अद्वितीय सफलता मिली है। कृष्ण को खोजती हुई गोपियों के हृदय के साथ जितनी तन्मयता उनके हृदय की हो सकी है उतनी अन्य किसी कवि मे नही मिलती। नंददास की रासपंचाध्यायी का यह स्थल भावाभिव्यक्ति की दृष्टि से श्रेष्ठतम काव्य की कोटि मे रक्खा जा सकता है। उनका वर्णन किसी प्रकार अनुकरण मूलक प्रतीत नही होता—

ह्वै गई विरह विकल मन, बूझत द्रुम बेली बन।
को जड़ को चैतन्य कछु न जानत विरही जन।
हे मालति! हे जाति! जूथिके! सुनि हित दै चित।
मानहरन, मनहरन लाल गिरिधरन लहे इत।
हे केतकि, इत तै चितये, कितहूं पिय रूसे।
किधौ नँद नंदन मंद मुसकि तुम्हरे मन मूसे।
हे मुक्ताफल वेलि धरे मुक्ताफल माला।
देखे है नैन विसाल, मोहना नंद के लाला।
हे मंदार उदार, बीर करबीर महामति।
देखे कहुँ बलवीर धीर, मनहरन, धीरगति।
हे चंदन, दुखकदन सब की जरनि जुड़ावहु।
नँदनदन, जगवदन, चंदन हमहि बतावहु।
पूछहु री इन लतनि फूलि रही फूलन जोई।
सुन्दर पिय कर परस बिना अस फूल न होई।
हे सखि, हे मृगबधू, इनहि किन पूछहु अनुसरि।
डहडहे इनके नैन अबै कहुँ देखे हैं हरि।

—नंददास, पृ० १६७-६८

उद्धरण की दूसरी पंक्ति कालिदास के मेघदूत की उक्ति **'कामर्ता हि प्रकृति कृपणा-श्चेतनाचेतनेषु'** से स्पर्धा करती है। फूलों से लदी हुई लता को देख कर कहना कि बिना प्रिय के स्पर्श के ऐसी प्रफुल्लता हो ही नही सकती, प्रेमी के भावविभोर हृदय के भोले विश्वास का परिचायक है। इसी तरह मृगवधू के डहडहे नेत्रों ने अवश्य प्रिय को देखा होगा, इसी कारण उनमे डहडहापन है, जैसी भावनाएँ भी अत्यन्त सरल एवं निश्छल प्रेम को ही व्यक्त करती हैं। गुजराती कवि नरसी मेहता ने अपने रास-वर्णन के एक पद में इस स्थिति का जो वर्णन किया है वह नददास के उक्त उद्धरण के आगे बहुत फीका लगता है। नददास की तरह इस स्थल पर वे तन्मय न हो सके—

> पुछती हिंडे कल्पद्रुम वेली, तरुअर ताल तमाल रे।
> हरि हरि करती नयणे जल भरती, कोणे दीठडो नंदजी नो लाल।
>
> —न० कृ० का०, पृ० १९५

रासलीला के अन्तर्गत भावाभिव्यक्ति के प्रधान स्थल यही हैं।

४. **दानलीला**—दही बेचने मथुरा जाती हुई गोपियों से कर रूप में कृष्ण का दधि-दान मांगना दानलीला की मुख्य घटना है जिसका विस्तार करके कवियों ने भावाभिव्यक्ति के लिए पर्याप्त क्षेत्र खोज लिया। वाह्यत. दान के औचित्य को लेकर वाद-विवाद का सूत्रपात होता है जो भावातिरेक की सीमा पर पहुच कर मुक्त संघर्ष का रूप धारण कर लेता है; परन्तु सारे वाद-विवाद, सारे सघर्ष के अन्तर्गत विशुद्ध एवं प्रगाढ प्रेम की एक विचित्र अन्तस्सलिला प्रवाहित होती रहती है जिसको रसमय अभिव्यक्ति कहना ही प्रायः कवियों का लक्ष्य रहा है। सूर ने अपनी दानलीलाओं में श्रृंगारमयी भावभूमि को स्पष्ट आध्यात्मिक संकेतों से संयुक्त करके उच्चतर बनाने का सफल प्रयास किया है और साथ ही भावनाओ की सूक्ष्मतम अनुभूतियों को अनेका-नेक रूपों में प्रकट करते हुए उन्हे चरम सीमा तक पहुँचा दिया है। गुजराती तथा ब्रजभाषा के सभी कवि इस क्षेत्र मे उनसे बहुत पीछे छूट गये हैं यद्यपि भावाभिव्यक्ति की दृष्टि से सूर तथा अन्य कवियों मे पर्याप्त समानता है और भाववस्तु भी प्रायः एक-सी ही है।

कृष्ण की ओर से दान मांगे जाने पर गोपियों को आश्चर्य होता है, क्योंकि उनके ब्रज मे ऐसा कभी हुआ ही नही। वे कृष्ण के अधिकार प्रदर्शन पर तीव्रतम व्यंग्य कर उठती हैं। कृष्ण की पिछली सारी करतूतें उन्हे याद आती है। भावावेग में वे विविध प्रकार से कृष्ण की आलोचना करने लगती है। उनके व्यंग्य वचनों तथा उपालंभों

के पीछे से उनके हृदय का वास्तविक सत्य झलकता रहता है। कवियों ने गोपियों की इस मनोदशा को परखने और व्यक्त करने की पूरी चेष्टा की है। इस सम्बन्ध मे जो वाद-विवाद कवियो ने कराया है उसकी वचन-वक्रता तथा भाव-भंगिमा दर्शनीय है।

सूर की 'ग्वालि' ज्योही यह जान पाती कि दान की याचना कृष्ण ने की त्योंही उसकी भावमुद्रा व्यंग्यात्मक हो जाती है—

तब हँसि बोली ग्वालि नाम जब कान्ह सुनायो।
चोरी भरयो न पेट आनि अब दान लगायो।
कालिहि घर घर डोलते खाते दही चुराइ।
राति कछू सपनो भयो प्रात भई ठकुराइ।
हमहि कहत हौ चोरटी आपु भयो हौ साहु।
चोरी करत बडे भये मही छाक लै खाहु।

—सू० सा०, पृ० २९७-९८

निषेध के पीछे स्वीकृति, 'नाही' के पीछे 'हाँ' छिपाये रखना स्त्री-स्वभाव की प्रसिद्ध विशेषता है। बाहर बाहर कृष्ण के दान माँगने से खीझने वाली ग्वालिन भीतर भीतर उन पर कितनी अनुरक्त है, इसे सूर ने निम्न पद मे अत्यन्त कुशलता से व्यक्त किया है—

भोरहिं ते कान्ह करत मोसों झगरो।
औरन छाँड़ि परे हठ हमसों दिन प्रति कलह करत नहिं डगरो।
अनवोहिनी तनक नहिं दैहौं ऐसेहि छीनि लेहु बरु सगरो।
सब कोउ जात मधुपुरी बेचन कौने दियो दिखावहु कगरो।
अचल ऐंचि ऐंचि राखत हौ जान देहु अब होत है दगरो।
मुख चूमति हंसि कंठ लगावति आपुहिं कहति न लाल अचगरो।
सूर सनेह ग्वारि मन अटक्यो छाँडहु दियो परत नहिं पगरो।
परम मगन है रही चितै मुख सबते भाग याहि को अगरो।

—सू० सा,० पृ० २९९

'ऐसेहि छीनि लेहु बरु सगरो' कहने से दही के छीने जाने से उत्पन्न होने वाली सुखानुभूति और तदर्थ स्वीकृति की पूर्ण व्यजना होती है जिसे कवि ने अन्तिम पंक्तियों में बहुत स्पष्ट कर दिया है।

इसी प्रकार भालण की भी एक गोपी उत्तर देते समय व्यंग्यात्मक शब्दों के साथ आत्मश्लाघा करती जाती है परन्तु वस्तुत. उसका हृदय कृष्ण पर आसक्त है—

गाय चारो नदनी तो दाणी तु कोने कर्यो ।
चोरी ने दूध दहि खातो पीयारे तु उछर्यो ।
बीहावो ते बीजी ने भोली होये भामिनी ।
तम थकी हुं अधिकुं छु रे कुटिल विद्या कामिनी ।
वीहे ते तो वले आपे, वीक मारे छे कशी ।
भालण प्रभु रघुनाथ ने कह प्रीति रीते मन वशी ।

—द० स्कं० पृ० १००-१०१

एक अन्य परकीया गोपी कृष्ण से अपना हाथ छुड़ाती हुई जो कुछ कहती है उससे उसकी मधुर अनुरक्ति पूरी तरह व्यजित होती है । एक ओर तो वह कृष्ण को सीख देती जाती है, दूसरी ओर अपनी परवशता तथा स्नेहविभोरता को भी छिपाना नही चाहती । पहले कहती है कि हाथ छोड़ दो, मेरी कोमल उगली मत मरोड़ो, अब कभी नहीं आऊंगी । फिर कहती है कि कल नद तुम्हारा ब्याह कर देंगे, सुन्दर स्त्री आयेगी, कहीं परस्त्री से घर बसता है ।

बहुत कुछ उसके इतने कथन से ही प्रकट हो जाता है । इसके पश्चात् जब वह चतुराई की दुहाई देकर कृष्ण से घर जाने के लिए कहती है और वहाँ बाते करने योग्य एकान्त का अभाव तथा सखियों के आने का भय बताती है तो जो कुछ रहा सहा है वह भी स्पष्ट हो जाता है ।[२१]

नरसी और प्रेमानंद ने भी अपनी-अपनी रीति से गोपी के हृदय की गुप्त प्रीति को प्रकट किया है । नरसी ने आंगिक चेष्टाओं के माध्यम से भावमुद्रा को अत्यन्त मनोहारी रूप मे चित्रित किया है—

मुख आडो, पालव ग्रही, ताण्यां भवानां बाण ।
नयन कटाक्षे निहाली ने बोली, 'प्रभु शानां मागो छो दाण' ।

—न० कृ० का०, पृ० १५६

अपने सौन्दर्य को प्रदर्शित करके गोपी का यह पूछना कि किसका दान माँगते हो, एक गूढ़ अर्थ की प्रतीति कराता है ।

प्रेमानंद ने भी गोपी की रीझ-खीझ-भरी मनोदशा को सफलता से अंकित किया है ।[२२]

पर राधा-कृष्ण का व्यंग्य-प्रेमयुक्त वाद-विवाद प्रेमानद के द्वारा जिस रूप मे वर्णित किया गया है वह अधिक प्रशसनीय है। राधा और कृष्ण दोनो के उत्तर एक दूसरे से अधिक सचोट सिद्ध होते है। दोनों एक दूसरे के द्वारा लगाये गये आरोपों का प्रत्युत्तर नये-नये आरोप लगाकर देते है तथा अधिकाधिक उत्तेजक शब्दो का प्रयोग करके अपनी-अपनी अप्रतिहत क्षमता का प्रदर्शन करते है। सवाद का एक ही अश उदाहरण के लिए पर्याप्त है जिसमे दोनों एक दूसरे के बाप तक पहुच जाते है—

राधिका—पाधरी वाटे ते लडे रे, जेने होये बे बाप।
दाणनी शु ते महोर करावी, कसे कीधी शु छाप।

श्रीकृष्ण—छाप तो तारो बाप करावे, राकडो वृषभान।
अमो कुवर नदजीतणा, कोनी नव मानु आण।

परस्पर अहंकार का प्रदर्शन एवं संघर्ष दान के प्रसंग की लीलात्मकता को निखार देता है।

नरसी की पूर्वोद्धृत पंक्तियों मे जिस गूढार्थ को केवल व्यजित करके छोड दिया गया है उसका आधार लेकर सूर ने अद्‌भुत भाव विस्तार किया है। दूध-दही का दान मांगने के पीछे कृष्ण का जो वास्तविक भाव था वह प्रकट हो जाता है। वे दधिदान के स्थान पर यौवनदान लेने का सकल्प करते है और प्रगल्भ ग्वालिनों को पूरी तरह अपने वश में करना चाहते है—

जोबनदान लेउँगो तुमसों।
जाके बल तुम बदति न काहुहि कहा दुरावति हमसो।
ऐसो धन तुम लिये फिरति हौ दान देत सतराति।
अतिहि गर्व ते कह्यो न मोसों नित प्रति आवत जात।
कंचन कलश महारसभारे हमहूँ तनक चखावहु।
सूर सुनहु करि भार मरति कत हमहि न मोल दिवावहु।
—सू० सा०, पृ० २९९

यहाँ अभिधा के द्वारा सीधे-सीधे अभिप्राय प्रकट किये जाने से काव्य-सौन्दर्य मे जो हानि हुई है, अन्यत्र इसी अभिप्राय को व्यजना द्वारा अत्यन्त सुन्दर रूप मे प्रस्तुत करके सूर ने एक प्रकार से उसका परिहार कर दिया है।

कृष्ण 'जोबनदान' अथवा 'अग अगनि को दान' स्पष्टतया न माँग कर कनक-कलश, हंस-केहरि आदि उपमानों के द्वारा अग-प्रत्यंग के दान लेने की व्यंजना करते है,[21]

गोपियाँ कृष्ण के इस पहेली जैसे कथन को समझ नही पाती । वे चकित हो उठती है, क्योंकि दूध-दही को छोडकर इन वस्तुओं का न कभी उन्होंने व्यापार किया, न वे आसपास कही दिखाई ही दे रही है ।

जब वह पूरी तरह असमर्थ हो जाती है तब कृष्ण उन्हे प्रत्येक उपमान का उपमेय बताकर वास्तविक अभिप्राय समझाते है । ज्यों ही गोपियों की समझ में कृष्ण का अभिप्राय आता है त्योही वे पुन. खीझ कर व्यग्य करने लगती है—

मागत ऐसे दान कन्हाई ।
अब समुझी हम बात तुम्हारी प्रगट भई कछु धौ तरुनाई ।
यहि लालच अँकवारि भरत हौ हार तोरि चोली झटकाई ।
अपनी ओर देखि धौ लीजै ता पाछे कीजै बरिआई ।
सखा लिये तुम घेरत पुनि पुनि बन भीतर सब नारि पराई ।
सूर श्याम ऐसी न बूझिये इनि बातनि मर्यादा जाई ।

—सू० सा०, पृ० ३११

फिर तकरार बढ जाती है । गोपियाँ यशोदा के पास उलाहना देने जाती है और यशोदा 'मेरो हरि कँह दसहि वरष को तुम यौवन मद उदमानी' कह कर सारा दोष गोपियों के ही सिर मढ़ देती है । इन उपालभों मे सूर ने भावों का अंकन अत्यन्त कौशल से किया है । कल्पना द्वारा सारा प्रसंग रचकर विविध मानवीय भावों को उसमे ग्रथित कर देने की उनमे जो क्षमता है उसका पूरा परिचय उनकी दानलीलाओं से मिल जाता है ।

उपालंभ देने वाली इन गोपियों के बीच सूर ने एक ऐसी भाव भरी गोपी को खोज लिया जो यौवनदान की बात सुनकर सकोच और लाज से मरी जा रही है । वैसे ही लोग उसका उपहास करते थे, जब यह सुनेंगे तो वे सचमुच कृष्ण से उसके प्रेम-संबंध को समझ जायेंगे । उसकी अनुनय पूर्ण मनोदशा दर्शनीय है—

श्यामहि बोलि लियो ढिग प्यारी ।
ऐसी बात प्रगट कहुँ कहिये सखनि मांझ कत लाजनि मारी ।
एक ऐसेहि उपहास करत सब तापर तुम यह बात पसारी ।
जातिपाँति के लोग हँसहिगे प्रगट जानिहै श्याम भतारी ।
लाजनि मारत हौ कत हमको हाहा करति जाति बलिहारी ।
सूर श्याम सर्वज्ञ कहावत मात पिता सो दयावत गारी ।

—सू० सा०, पृ० ३१२

कुछ ऐसा ही भाव एक स्थल पर नरसी ने भी दिखाया है—

फजेत थवानी आ बातडी रे कान जी मांडी ते आज ।
ब्रज मा ते जाणशे नंद जी कहो केम रहशे लाज ।

—न० कृ० का०, पृ० ३१६

दान के प्रसग मे कृष्ण और गोपियो का झगडा बातो तक ही सीमित नही रहता । उसमे आलिगन, स्पर्श, चुबन तथा हाथापायी तक की स्थिति आ जाती है । नरसी ने दान के कारण होने वाले सघर्ष को 'सुरतसग्राम' मे पूरी तरह संग्राम का रूप दे दिया है । जिस प्रकार उपर्युक्त पदो से सूर की असाधारण कल्पनाशक्ति का परिचय मिलता है उसी प्रकार 'सुरतसग्राम' मे नरसी की अद्‌भुत कल्पना के दर्शन होते है । रति के साथ उत्साह का सम्मिश्रण रतिवर्णन मे अनेक कवियों ने किया है परन्तु दान के साथ उसे सम्बद्ध करके शृगार के अन्तर्गत वीर रस का पूरा वातावरण प्रस्तुत कर देना वस्तुतः एक विचित्र भाव-योजना है । नरसी ने रूपक के आधार पर दोनो का निर्वाह करना चाहा है जिसमे अधिकतर उन्हे सफलता मिली है परन्तु कुछ स्थल ऐसे है जहाँ रूपक एकांगी होकर टूट जाता है और जिन वस्तुओं का उल्लेख वातावरण को पूरा करने के लिये किया गया है वे वीभत्सता का आभास कराकर शृगार रस के आस्वादन मे व्याघात उत्पन्न करती है । उदाहरणार्थ कुछ पक्तियाँ प्रस्तुत की जाती है—

क. निर्बलो भागिया,मलमूत्र त्यागिया, कोपि सुणो शब्द नही गोपी जेवो ।

—न० कृ० का०, पृ० १०१

ख. शान्ति गई वस्तिनी, वृष्टि थई अस्थिनी, वायु भयकर त्यारे वातो ।

—वही, पृ० १०३

ग. अशुद्धना चक्ष ने, गीध करे भक्षने, दक्षने जोइ करे कईंक ले' के ।

—वही, पृ० ११७

जिस युद्ध मे कटाक्ष ही बाण हो, भौहे ही धनुष हों तथा आलिंगन-चुबनादि ही प्रहार एव आघात हों वहाँ मलमूत्र-त्याग, अस्थिवर्षा तथा गीधों द्वारा नेत्र-भक्षण का क्या प्रश्न उठता है । ऐसे वर्णन सग्राम के यथार्थ वातावरण को प्रस्तुत करने के लिए किये गये है परन्तु कवि को यह नही भूलना था कि यह सग्राम मात्र का वर्णन न होकर 'सुरत सग्राम' का वर्णन है । ऐसे स्थल अस्वाभाविक इसलिए लगते हैं कि जुगुप्सा शृंगार रस का सचारी भाव नही है । इन स्थलों को छोड़कर अन्यत्र रति उत्साह

के सम्मिलित चित्रण में नरसी को पर्याप्त सफलता मिली है । कहीं-कहीं भावों का विकास अपनी चरमसीमा तक पहुच गया है । बलराम के साथ विशाखा और कृष्ण के साथ राधा के युद्ध के दो ऐसे दृश्य नीचे दिये जा रहे हैं जिनमे भावावेश का अत्यन्त ओजपूर्ण चित्रण हुआ है—

क. पिंड द्वय पीसतां, मन मां हीसतां, त्राहे त्राहे करती विशाखा ।
चुंबने चोलता, सप्त विधि घोलता, अष्ट आलिगने चोली नाख्यां ।
अष्टादश हाव मा, वलि पच भाव मां, पकडतां दाव मां दारु पाय ।
नव हवां चूकिये, कोइदि नव मूकिये, भ्रात नरसैंनो बहु पीडाय ।
—न० कृ० का० पृ० १०८

ख. मर्यादने लोपी ने, दुःखी करी गोपी ने, धोपी ने धाइ रण बीच राधे ।
दृग-असि सज करी, ढाल उरनी धरी, भुव शरासन बिच शर ने साधे ।
—वही

दान के प्रसग में राधा-कृष्ण का प्रेम और रोषपूर्ण संघर्ष सूरदास ने भी चित्रित किया है परन्तु उसमे ओज के स्थान पर कोमलता की तथा रोष के स्थान पर प्रेम की प्रधानता मिलती है ।[२४]

जिन कवियो ने युद्ध और संघर्ष को दान के मूल भाव के बहुत अनुकूल नहीं समझा उन्होंने कृष्ण मे इतनी विनम्रता प्रदर्शित की है कि वे याचक बनकर प्रिया के चरणों मे अपना शीश तक रख देते है । भालण और ध्रुवदास ने कृष्ण की मनो-दशा का इसी रूप मे चित्रण किया है—

भालण—श्याम सुन्दर हस्या त्यारे वचन श्यामाना सुणी ।
केशवजी कर जोडिया ने प्रीति वाधी अति घणी ।
—द० स्कं०, पृ० १०३

ध्रुवदास—प्रिय प्रवीन रस प्रेम मे कह्यो सहचरी कीन ।
दान मान रस छाँड़ि कै सीस पगन तर दीन ।।१७।।

गौडीय कवि माधवदास ने राधा को इतना स्नेह-विभोर चित्रित किया है कि संघर्ष की स्थिति आने ही नही पाती । कृष्ण के हाथ का स्पर्श होते ही वह पूर्णतया प्रेमविह्वल हो जाती है और अनेकानेक अनुभाव प्रकट होने लगते है ।[२५]

दधिदान और यौवनदान देने के अनन्तर ग्वालिनों में जो प्रेमोन्माद उत्पन्न होता है और जो विसुधि उनके मन पर छा जाती है उसका वर्णन सूर ने अत्यन्त स्वाभाविक

रूप से किया है। दही बेचनेवाली ग्वालिन प्रेमजन्य विस्मृति की अवस्था में कभी वृक्षों के हाथ दही ब्रेचने लगती है, कभी दही का नाम ही भूल जाती है और 'दही लो, दही लो' न कह कर 'कृष्ण लो, गोपाल लो' आदि कहने लगती है—

क. तरुणी श्याम रस मतवारि।
प्रथम जोवन रस चढायो अतिहि भई खुमारि।
दूध नहि, दधि नही, माखन नही, रीतो माट।
महारस अँग अँग पूर्यो कहाँ घर कहाँ घाट।

—सू० सा०, पृ० ३२४

ख. या घर में कोउ है कि नांही।
बार बार बूझति वृक्षन को गोरस लैहौ कि नाही।
आपुहि कहति लेहु नाहीं दधि और द्रुमन तर जाती।
मिलति परस्पर विवश देखि तेहि कहति कहा इतराती।
ताको कहति आपु सुधि नाही सो पुनि जानत नाही।
सूर श्याम रस भरी गोपिका बनते यो बितताही।

—वही

ग. कोऊ माई लैहै री गोपालहि।
दधि को नाम श्यामसुन्दर रस बिसरि गई ब्रजबालहि।
मटुकी शीश फिरत ब्रजबीथिन बोलत बचन रसालहिं।
उफनत तक्र चहूँदिशि चितवति चित लाग्यो नँदलालहि।
हँसति रिसाति बोलावति बरजति देखहु उलटी चालहिं।
सूर श्याम बिनु और न भावै या विरहिनि बेहालहिं।

—वही, पृ० ३२६

कृष्ण-प्रेम से उत्पन्न विस्मृति की उस मनोदशा का जिसमे ग्वालिन दही का नाम भूल कर उसके स्थान पर कृष्ण का नाम लेने लगती है, ब्रजभाषा के अन्य कवियों—चतुर्भुजदास तथा मीरां—ने भी किया है।[२६]

गुजराती कवि नरसी में भी यह भाव मिलता है। ग्वालिन के द्वारा मटकी में दही के स्थान पर कृष्ण बताये जाने पर नरसी के कृष्ण सचमुच उसकी मटकी में समा जाते हैं—

धरणीधरसु लागु मारुं ध्यान रे।
लोक कहेशे गोपी घेली रे थइ छे।
माथे छे महि कहे छे कान रे।

बेचती बेचती चाली नगर मुझार रे।
मटुकी मांहे आवी रह्या देव मोरार रे।
चौद लोक अेना मुखमां समाय रे।
अेवो वैकुठनाथ केम मटकी मां माय रे।
नरसैया चो स्वामी भक्त आधीन रे।
आप सरीखडा कीधा आहीर रे।

—न० कृ० का०, पृ० ५३६ तथा पृ० २८८

इस पद में नरसी ने मूल-भाव विस्मृति का विकास न करके अन्तिम पक्तियों में कृष्ण के ऐश्वर्यमय रूप का तथा उनकी सर्वव्यापकता का जो परिचय दिया है, काव्य की दृष्टि से उसकी कोई उपयोगिता नही दिखाई देती। दानलीला के अन्तर्गत सूर ने भी कृष्ण के ऐश्वर्य की ओर कई बार सकेत किया है। ऐसा करके उन्होंने दान की सामान्य भावभूमि को आध्यात्मिक सकेत देकर उच्चतर बनाना चाहा है जिसकी ओर इगित किया जा चुका है परन्तु सकेतात्मकता के स्थान पर जहाँ उपदेशात्मकता आ गयी है वहाँ उनका काव्य भी शिथिल प्रतीत होने लगता है।

जब गोपियाँ खीझ कर गाँव छोड जाने की बात कहती है तो कृष्ण उन्हे विचित्र उत्तर देते हैं—

गाउँ हमारो छाँडि जाइ बसिहौ केहि केरे।
तीन लोक मे कौन जीव नाहिन वश मेरे।

—सू० सा०, पृ० २९७

इसी प्रकार गोपियाँ जब कृष्ण को 'लरिका' कहती हैं, उनकी 'कमरी' पर व्यंग्य करती या उनके मान-भिक्षा की बात उठाती हैं तो भी वे ऐसे ही विचित्र उत्तर देते है जिनसे लीला का आध्यात्मिक अर्थ स्पष्ट हो जाता है।[२७]

गहरी भावधारा के बीच-बीच सूर ने इस प्रकार के कथनों को गूँथ दिया है। निश्चय ही इनसे मूल भाव को बल नही मिलता वरन् एक प्रकार का व्याघात ही होता है परन्तु जैसा कि बाल-लीलाओं के प्रसंग में लिखा जा चुका है, भक्तों के हृदय मे वे अद्भुत रस का संचार भी करते है जिससे रस दोष का बहुत कुछ परिहार हो जाता है।

५. मानलीला—स्नेह व्यक्ति मे अन्तर्निहित अह की तीव्रतम अभिव्यक्ति है। परन्तु इसकी विशेषता यह है कि इसमे अहं की सारी तीव्रता विगलित होकर परस्पर

समर्पण का रूप धारण कर लेती है। प्रेमी और प्रेमास्पद दोनों के हृदय एकीभूत होकर, शारीरिक द्वैत के रहते हुए भी, एक अद्‌भुत मानसिक अद्वैत की सृष्टि करते है जिसके कारण प्रत्येक अपने स्थान पर दूसरे को अपने जीवन का केन्द्र एव आधार मानने लगता है। दोनो के बीच किसी तीसरे का प्रवेश दोनों को असह्य हो उठता है। समर्पण के साथ अधिकार भावना का भी विकास होता जाता है। मान अथवा रोष तभी उत्पन्न होता है जब काम्य वस्तु पर रहने वाले एकाधिकार मे बाधा पड़ती है। **'कामात्क्रोधोभिजायते'** के द्वारा गीताकार ने इस मनोवैज्ञानिक तथ्य को स्पष्टतया व्यक्त किया है। वस्तुतः रोष, क्रोध अथवा मान काम का ही परिवर्तित रूप है। मानलीला द्वारा इसी भाव सत्य को व्यक्त किया गया है। दाम्पत्य प्रेम मे उदारता की अपेक्षा ईर्ष्या ही अधिक स्वाभाविक है। पहली प्रतिक्रिया उत्तेजना के रूप में ही होती है। परन्तु यह उत्तेजना 'रीति' स्थायी की उद्दीपक बनी रहती है। उसमें बाधक नहीं बनती, मान प्रेम भाव को निखार देता है, राधा कृष्ण को अन्य स्त्री में अनुरक्त समझ कर रुष्ट हो जाती है। इसी मूल प्रसंग को लेकर कवियों ने पर्याप्त भाव विस्तार किया है। मान करनेवाली राधा की मनोदशा, उसके मान के कारण उत्पन्न होने वाली कृष्ण की व्याकुलता तथा मनानेवाली दूती की भावनाएँ, सभी का अंकन कवियों ने पर्याप्त तन्मयता और कुशलता के साथ किया है।

राधा के हृदय मे ज्योंही सदेह उत्पन्न होता है, वह व्यंग्यपूर्वक कटु शब्द कहती हुई कृष्ण से अपना हाथ छुडा लेती है; एकांत में जाकर सारे आभूषण उतार डालती है और मारे क्रोध के निश्वास भर-भर कर आँसू बहाने लगती है। नरसी ने मानिनी राधा का इसी रूप मे अंकन किया है जो अत्यन्त स्वाभाविक बन पड़ा है—

क. लंपट मेली देने मुजने नीर्लज साथ शुं नेह।
भुजथी वहाली वा'लमा, उर विषे राखी छे तेह।
कर मुकाव्या पाणथी रमा भराणी रोष।

—न० कृ० का०, पृ० १४०

ख. विनता ते वन जोती गई ज्या कामिनी नुं भूवन।
शोकसागर अगे आतूर, रही रही करे रुदन।
हार चीर शणगार भूषण, कांकण कंकण जेह।
शणगार सर्व अग थकी अबलाये उतार्या तेह।
ते सोल कलाअे शोभती त्रैलोक्य तारुणी सुन्दरी।

शोक सागरे पडी श्यामा, ललिताअे दीठी अणमणी ।
कमल सरखां नयन दीठां, निश्वास महेले नार ।
—वही, पृ० १४१

'मयणछंद' के रचयितामयण कवि ने राधा की मनोदशा को नरसी की तरह रोष की अवस्था में नही अकित किया है । वसंत आने पर जब राधा का रोष उद्दीपन के कारण आप ही दूर हो जाता है उस समय कृष्ण का विरह उसे अत्यन्त विह्वल कर देता है । कवि ने इसी का वर्णन किया है—

विलवइ विरहणि नारि वारि विण नलिनी सूकइ ।
वसति दर्घ जाइ जाय रमणि नीसासह मूकइ ।
गिरि नीझरण जिम नीर नयण जलि कंचू भिन्नउ ।
मच्छी विलवइ जिम्म अंबु, अंबु विण जीवह सुन्नउ ।
सखी ए वसत प्रिया रडु माननि मान धमुक्कीउ ।
रे रहसि मयण नियतणु दहण काम वाण शिरि ढुक्कीउ ।।२६।।

ब्रजभाषा में सूर ने मानिनी राधा की मनोदशा का सूक्ष्मतर अंकन किया है । उसकी भाव-मुद्रा को अधिक कुशलता के साथ प्रस्तुत करते हुए रोष और विरह दोनों को एक साथ अभिव्यक्त किया है—

आज हठि बैठी मान किये ।
महाक्रोध रस अंश तपत मिलि मनु विष विषम पिये ।
अधमुख रहति विरह व्याकुल सिख मूरि मत्र नहि मानै ।
मूक न तजै सुनि जाति ज्यों सुधि आये तनु जानै ।
कबहुंक धुकति धरनि श्रम जलभरि महाशरद रवि सास ।
इकटक भई चित्र पूतरि ज्यों जीवन की नहि आश ।
—सू० सा० पृ० ४८७-८८

क्रुद्ध व्यक्ति, जिसके प्रति क्रोध है उसको, कटु शब्द कहने के साथ साथ समझाने वाले का भी तिरस्कार करता है क्योंकि वह समझाने वाले को अपराधी का समर्थक मान लेता है । इस मनोभाव की ओर गुजराती कवि भालण ने दो पंक्तियों में सकेत भर किया है परन्तु सूर के द्वारा इसको पूरी तरह विकसित रूप में अभिव्यक्ति मिली है—

भालण—दूती ने त्यां गाल दे छे, तुं तो धूतारी ।
मने शाने तेडी आवी, अे तो व्यभिचारी ।
—दशमस्कंध, पृ० १०६

सूर—वादि बकति काहे को तू कत आई मेरे घर।
वे अति चतुर कहा कहिये जिन तोसी मूरख
तनु वेधत लैन पठाई वचनन शर।

उतकी इत इतकी उत मिलवति समुझति नाहिन
को ही प्रीति रीति तू को है गिरिवरधर।

सूरदास प्रभु आनि मिलेगे छ्वै है पग अपने कर।
—सू० सा० पृ० ४८७

राधा जिस दूती की इस प्रकार भर्त्सना करती है उसके मनोभावों को भी सूरदास ने व्यक्त किया है—

ज्यों ज्यों मै निहोरे करौं त्यों त्यो यों बोलति है री अनोखी रूसनिहारी।
बहियाँ गहत सतराति कौन पर, मग धरी उंगरी कौन पै होत पीरी कारी।
कौन करत मान तोसी और न त्रिय आन हठ दूरि करि धरि मेरे कहे आरी।
सूरदास प्रभु तेरो पथ जोवत तोहि रट लागी मदन दहत तनु भारी।
—वही

दूती चतुर है अतएव भर्त्सना का प्रतिशोध करती हुई भी अपने उद्देश्य की पूर्ति का ध्यान रखती है और मनाने के निमित्त अत तक कृष्ण की व्याकुलता का उल्लेख कर ही डालती है।

कवियों ने दूतियों द्वारा जो कुछ जिस ढंग से कहलाया है वह मनोवैज्ञानिकतया अत्यन्त उपयुक्त है। रूठी हुई राधा को मनाने के लिए वे कभी कृष्ण की एकनिष्ठा, व्याकुलता तथा निर्दोषिता का बखान करती हैं, कभी ऋतु के उद्दीपक स्वरूप का वर्णन करके क्रोध के कारण सुप्त कामभाव को जगाने का प्रयास करती हैं, और जब यह सब सफल नही होता तो वे यौवन की क्षणभंगुरता पर बार बार बल देकर जीवन के आनन्द को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण रूप मे पा लेने की इच्छा उत्पन्न करने की चेष्टा करती है। इस दृष्टि से भालण, नरसी तथा सूरदास की दूतियों के कथनों की समानता विशेष रूप से दर्शनीय है।[२८]

गुजराती कवियों की अपेक्षा सूरदास के कथनों में कुछ विशेषताएँ अधिक है। एक तो दूती का राधा के रूप-गुण की प्रशसा करने का प्रयास अत्यन्त स्वाभाविक है, दूसरे उद्दीपन के लिए प्रकृति का जो चित्र रक्खा गया है वह पूर्णतया उपयुक्त है। समस्त प्रकृति मे तीव्र एव व्यापक मिलन भावना दिखा कर राधा के मन में मिलनेच्छा

उत्पन्न कराने का भाव सूर की मौलिक काव्यशक्ति का परिचायक है । इसी शक्ति के आधार पर सूर यौवन की क्षणिकता की तुलना 'अंजुरी' के 'जल' और 'बदरी की छाहीं' से कर सके ।

राधा को मनाने के लिए उपर्युक्त बातों के अतिरिक्त कवियो ने कृष्ण के द्वारा अपने ऐश्वर्य का स्वय वर्णन कराया है जो सारी भावस्थिति को अलौकिक धरातल पर ला देता है । मानलीला मे नरसी और सूर ने कृष्ण के लोकोत्तर स्वरूप को अत्यन्त स्पष्ट रूप से प्रकट किया है ।[११]

राधा के मान करने से कृष्ण की जो दशा होती है, उसका सकेत मात्र गुजराती कवियों ने यत्रतत्र कर दिया है परन्तु ब्रजभाषा मे सूर, ध्रुवदास तथा माधवदास ने उसका पूरा चित्रण किया है । सूर के कृष्ण इतने दुखी होते है कि उनकी चेतना ही कुछ काल के लिए विलीन हो जाती है । मुकुट, पीताम्बर आदि का भी उन्हे ध्यान नहीं रहता—

यह सुनि श्याम विरह भरे ।
कहुँ मुकुट कहुँ कटि पिताम्बर मुरछि धरणि परे ।

—सू० सा०, पृ० ४८५

कृष्ण को राधा की कुंज में प्रतीक्षा करनी होती है । जब तक राधा आ नहीं जाती तब तक एक एक क्षण का विलम्ब उनके लिए असह्य हो उठता है—

श्याम बन धाम मग वाम जोवैं ।
कबहुँ रचि सेज अनुमान जिय जिय करत लता संकेत तर कबहुँ सोवै ।
एक छिन इक घरी, घरी इक याम सम, याम वासरहु ते होत भारी ।
मनहिं मन साध पुरवत अंग भाव करि धन्य भुज धनि हृदय मिले प्यारी ।
कबहिं आवै साँझ, सोच अति जिय माँझ, नैन खग इंदु ह्वै रहे दोऊ ।
सूर प्रभु भामिनी वदन पूरणचन्द्र रस परस मनहि अकुलात वोऊ ।

—सू० सा०, पृ० ४८८-८९

ध्रुवदास ने भी सूर की ही तरह अत्यन्त मार्मिकता एवं स्वाभाविकता से कृष्ण की भावदशा का अंकन किया है । उनकी प्रतीक्षाकुलता को कवि ने अन्यतम अभिव्यक्ति प्रदान की है—

लुठत धरनि अँसुवनि भरनि बाढ़ी नदी अपार ।
गहि रहे गुन एक नेह को राधा नाम अधार ॥१२॥

मुकुट कहूँ बंसी कहूँ, भूषन कहुँ पटपीत।
मैन सैन लिये घेरिके ताते भये अति भीत ॥१३॥
सेज कुज भूषन बसन अरु फूलनि के हार।
देखि सबै अनखात है पावक की सी झार ॥१४॥
तुव मग जोवत छिनहि छिन और न कछू सोहात।
पत्र पवन खरकत जबहिं उठि धावत अकुलात ॥१७॥
—मानविनोदलीला

माधवदास ने कृष्ण की उस मनःस्थिति को सूक्ष्मता से आँका है जब वे मानिनी राधा को मनाने का प्रयास भी करते जाते हैं और शरीर छूते हुए डरते भी जाते हैं।

आये सनमुख लाल लोचन सजल कीने, माला एक मल्ली की नवल कर लीने हैं।
आगे लै लै धरत करत मनुहार अति पाइन परत कर कैसे डारि दीने हैं।
मोहन मनावत उठावति चिबुक गहि, जतन बनावत न सौहे दृग कीने हैं।
छुउ न सकत पै न रह्यो पुनि जात जिय अति अकुलात जैसे मीन जलहीने हैं।
—श्री माधुरी वाणी, पृ० ८०

६. **पनघटलीला**—पनघटलीला की भाव-भूमि दानलीला की भाव-भूमि से बहुत समानता रखती है। दोनों में भाव-विकास भी प्रायः एक ही क्रम से होता है। जिस प्रकार दधि-दूध बेचने जाती हुई गोपियों को कृष्ण दान के बहाने से उसमें उलझाते खिझाते हैं उसी प्रकार इसमें भी यमुना-जल भरने आने वाली गोपियों की कभी गागर फोड़ देते हैं, कभी बाँह मरोड देते हैं; और भी अनेक प्रकार से वे गोपियों को मुग्ध कर लेते हैं। गोपियाँ भी कभी खीझ कर यशोदा के पास तक उपालंभ ले जाती हैं और कभी रीझ कर फिर उसी घाट पर जल भरने आती है या जल भरना ही भूल जाती है। पारस्परिक स्नेह की अभिव्यक्ति इसमें भी अत्यन्त स्वाभाविक रूप में की गई है। गुजराती तथा व्रजभाषा के अनेक कवियों ने राधाकृष्ण और गोपियों की पारस्परिक प्रीति का विकास चित्रित करन के लिए इस पनघट के प्रसंग को उपयुक्त पृष्ठभूमि समझ कर चुना है। सूर ने इसको अतिशय भाव-सम्पन्न बनाकर अन्य लीलाओं की सी पूर्णता प्रदान की है।

सूर के कृष्ण मथुरा के मार्ग की तरह पनघट को भी रोक रखते है। गोपियाँ बेचारी उन्हें देखते ही लौट जाती है। एक गोपी अनजाने जल भरने आ ही गई। ज्योंही जल हिलोर कर उसने गागर भरी और सिर पर रखकर घर चली कि कृष्ण

ने आकर ढरका दिया। उसने भी कृष्ण की 'कनक लकुटिया' छीन ली और 'समसरि' करते हुए कहा कि जब तक तुम मेरी गागर नही भरोगे तब तक लकुटिया नही मिलेगी। चतुर कृष्ण ने चीरहरण के प्रसग की स्मृति दिला कर उसे इतना भाव-विभोर कर दिया कि उसे तन-बदन की सुध भूल गई, सर्वत्र कृष्ण ही कृष्ण दीखने लगे। इस प्रकार उसकी तन्मयता चरम कोटि तक पहुँच जाती है।[१०]

सूर ने जिस प्रकार मौलिक कल्पना से इस भावमय गोपी की सृष्टि की उसी प्रकार उसकी एक सखी को उससे भी अधिक भावमयता प्रदान करके चित्रित किया है। कृष्ण की खोज मे वह भी पनघट आती है और जल भर चुकने पर जब उसकी विकलता सीमा पर पहुँच जाती है तो अन्तर्यामी कृष्ण प्रकट हो कर उसे आलिंगन मे भर लेते है। इस रूप मे कृष्ण का स्नेह पाकर वह उन्मादिनी बन जाती है।[११]

वह ग्वालिन अपने मनोभावो को स्वयं प्रकट करती है। सूर ने उसके आत्म-कथन के द्वारा उसकी तन्मय अवस्था का और भी उत्कृष्ट निरूपण किया है—

आवत ही यमुना भरे पानी।
श्याम बरन काहू को ढोटा निरखि वदन घर गई भुलानी।
उन मो तन मैं उन तन चितयो तबही ते उन हाथ बिकानी।
उर धकधकी टकटकी लागी तनु व्याकुल मुख फुरत न बानी।
कह्यो मोहन मोहनी तू कहि या ब्रज मे नहिं मैं पहिचानी।
सूरदास प्रभु मोहन देखत जनु वारिधि जल बूँद हेरानी।

—सू० सा० पृ० २५८

नरसी और मीरां के गुजराती पदों में पनघट के सम्मोहन से आत्मविभोर गोपी की दशा का चित्रण प्रायः इसी रूप मे मिलता है परन्तु उन्होने सूर की तरह परिस्थितियो की विविधता के साथ स्नेह-विकास को चित्रित न करके केवल विकसित स्नेह तथा तज्जन्य विह्वलता को ही चित्रित किया है। नरसी की गोपी पनघट की घटना को अपनी सखी से भावभग्न होकर इस प्रकार बताती है—

सांभल बहेनी वातलडी, मीठामां अति मीठी रे।
जुमनां पाणी हुं गई ती, तहा नदने कुंवरे दीठी रे।
आगल आवी ऊभो रह्यो हु ने घाली पग माहे आटी रे।
मारा वाहला अेम जोर न आणो अमे अबला तमो माटी रे।

अधर अमृत रस गृही ने दाबी, मारी नवल पटोली फाटी रे।
आलिंगन लीधु अति प्रेम केशर लइ लइ छाटी रे।
जादवराय शु स्नेह सबलो, पीठ धरु उपर न मेली छाती रे।
नरसैयाच्यो स्वामी भले मल्यो, हु ने आपी हाथे बीटी रे।

—न० कृ० का०, पृ० २७५

अन्त तक इतनी सुधि तो उसे रहती ही है कि वह अपनी सखी को कृष्ण के आकर्षित होने की बात बता देती है परन्तु प्रेम की कटारी से बिद्ध मीरा की गोरी कच्चे धागे से बंधी केवल खिचना ही जानती है, प्रिय को अपनी ओर खींचने की स्मृति उसे कहाँ—

प्रेमनी प्रेमनी प्रेमनी रे मने लागी कटारी प्रेमनी।
जल जमुना मा भरवा गयाता हती गागर माथे हेमनी रे।
काचे ते तातणे हरि जीए बाधी जेम खीचे तेम तेमनी रे।
मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर शामली सुरत शुभ एमनी रे।

—मीराबाई की पदावली, पृ० ६०

इस प्रसग मे यशोदा को दिये गये उपालभो के रूप मे गोपियों की भावनाओं का चित्रण कदाचित् सूर के अतिरिक्त अन्य किसी कवि ने नही किया है। सूर उपालंभ के रूप में भावों के व्यक्त करने में विशेष पटु हैं और उनकी यह पटुता पनघटलीला के अन्तर्गत किये गये भाव-निरूपण में भी परिलक्षित होती है।[१२]

यशोदा आवेश मे उन्हें कृष्ण को दंडित करने का वचन दे देती है और उसी आवेश में जो कुछ उलाहने में गोपियाँ नही भी कह जाती उसे भी कल्पित कर लेती हैं। यही नहीं, रोहिणी को सुनाये बिना उसका आवेश उसे चैन नही लेने देता—

× × × × ×

यशुमति यह कहिकै रिस पावति।
रोहिणि करति रसोई भीतर कहि कहि ताहि सुनावति।
गारी देत वह बेटिन को वै धाई इ्यां आवति।
हा हा करति सवनि सों में ही कैसेहु खूँट छँडावनि।
जाति पांति सों कहा अचगरी यह कहि सुतहि घिरावति।
सूर श्याम को सिखवत हारी मारेहु लाज न आवति।

—वही, पृ० २६०

उपालंभ सुनकर अपने कृष्ण पर खीझना भी उसके वात्सल्य का ही एक रूप है और सामने आ जाने पर क्षण भर में अपने पुत्र के शब्दों पर विश्वास कर लेना और उसे

चूमचाट कर सब कुछ भूल जाना भी उसी भाव का दूसरा रूप है । पीछे छिपे कृष्ण अचानक सामने आकर गगरी फूट जाने का कारण ग्वालिनों का सर मटकाना बताते हैं और यशोदा का रोष कृष्ण से उलट कर ग्वालिनों पर ही जा केन्द्रित होता है ।[33] भाव की यह परिणति पूर्णतया स्वाभाविक है, क्योंकि जिसके प्रति सहज स्नेह होता है उसकी बात पर सहज विश्वास भी आ जाता है और उसे दोष देने वाले पर सहज रोष भी ।

यशोदा अन्त में कृष्ण को ग्वालिनों से उलझने के लिए वर्जित करती हैं, क्योंकि अब उसे कृष्ण की निश्छलता पर पूरा विश्वास हो गया है । परन्तु कृष्ण कृष्ण ही बने रहते हैं । वे फिर पनघट पर जा पहुँचते हैं और कभी राधा की छाँह से अपनी छाँह छुवाकर सुख लेते हैं कभी उसकी गागर मे काकरी मार कर । सूर ने इस रूप मे प्रसंग विस्तार करके भावों की अभिव्यक्ति के लिए पर्याप्त क्षेत्र पनघटलीला में भी खोज लिया ।

राधा-कृष्ण की पारस्परिक प्रेमभावना तथा तज्जन्य आत्मविस्मृति का एक अनुपम भाव-चित्र रसखान ने प्रस्तुत किया है—

भूल्यौ गृहकाज लोक-लाज मनमोहिनी की, भूल्यो मनमोहन को मुरली बजाइबो ।
कहै रसखानि दिन द्‌वै मे बात फैलि जैहै सजनी कहाँ लौ चंद हाथन दुराइबो ।
कालि ही कलिंदीतीर चितयो अचानक ही दोउन सों दोउन को मुरि मुसुकाइबो ।
दोऊ परैं पैयां दोऊ लेत है बलैया उन्है भूलि गयी गैया उन्है गागरि उठाइबो ।

—सुजान रसखान, छन्द ६०

इसी प्रकार ब्रजभाषा के अन्य अनेक कवियों ने पनघटलीला के प्रसंग में भावों का निरूपण पर्याप्त उत्कृष्टता से किया है । हरिराम व्यास की एक ग्वालिन इतनी प्रगल्भ है कि वह कृष्ण से उनका पीतपट 'इडुरी' बनाने के लिए माँग बैठती है । सर पर गागर रखवा देने के बहाने वह एकान्त का संकेत करके स्वयं-दूतिका का कार्य भी करती है, फिर जब कृष्ण उसकी मनोकामना पूरी कर देते है तो सारी परिस्थिति को स्वयं स्मरण करके रह रह कर सुखी होती है—

कान्ह मेरे शिर धरि गगरी ।
यह भारी, पनिहारिन कोऊ मनसा पुजवत सगरी ।
राति परी घरु दूरि डरु बाढ्यो मेरी सासु जनगरी ।
देहु पीत पट करहुं इंडुरी छांउहु छैल अचगरी ।

अंचल गहि चंचल वने झगरत नगरत लट वगरी।
विहरत व्यासदास के प्रभु सौ ग्वालिनि सुख लै डगरी।
—व्यासवाणी, पृ० ५०९

पनघटलीला के भावचित्रण मे इस प्रकार की विविधता गुजराती काव्य मे नही मिलती।

७ **संयोगावस्था की विविध मनोदशाएँ**—राधाकृष्ण तथा गोपियों की सयोग-लीलाओं का क्षेत्र अत्यन्त व्यापक है। पूर्वोक्त रास, दान, तथा पनघट के प्रसग भी इसी के अन्तर्गत आते हैं। शास्त्रीय मान्यता के अनुसार मान वियोग की एक अवस्था है परन्तु उसके भी प्रारंभ और अत मे सयोग का ही चित्रण मिलता है। इन प्रधान प्रसगों के अतिरिक्त और भी अनेक प्रसंग हैं जिनके माध्यम से कवियों ने संयोगावस्था की विविध मनोदशाओं की अभिव्यक्ति की है। यहाँ उन्ही पर विचार किया गया है। कवियों का लक्ष्य राधाकृष्ण के प्रेम का चित्रण करना रहा है अतएव पृष्ठ-भूमि को वहुधा गौण रक्खा गया है। कृष्ण किस गोपी से कहाँ, कैसे, कब, मिले इसको स्पष्ट न करके मिलने की उत्सुकता, मिलन-समय के मनोभावों, आगिक चेष्टाओं तथा मिलनोपरान्त की विह्वलता आदि का चित्रण करने की ओर विशेष ध्यान दिया गया है। मनोभावों के चित्रण के साथ साथ कही कही परिस्थिति की व्यजना भी मिलती है। बहुत सी परिस्थितियाँ मनोभावों के कारण ही उत्पन्न हो जाती हैं। ऐसी परिस्थितियो में गोपियों की मानसिक अवस्था का चित्रण कवियों ने विशेष जागरूकता से किया है। ब्रजभाषा में सूर तथा गुजराती मे नरसी ने सयोग से सम्वद्ध अनेकानेक मनोदशाओं का अपने अपने ढंग से मार्मिक निरूपण किया है।

गोदोहन के प्रसंग को लेकर सूर ने राधाकृष्ण के किशोर हृदयों में उत्पन्न होने वाले प्रथम स्नेहाकर्षण तथा स्वाभाविक स्नेह-विकास को जितनी कुशलता से अंकित किया है, वह सारे कृष्ण-काव्य मे अद्वितीय है। सूर की भावयोजना संश्लिष्ट रूप में चलती है अतएव इस स्थल पर भी सूर ने राधाकृष्ण के मनोभावों का ही वर्णन नहीं किया है वरन् उनके साथ यशोदा, वृषभानुपत्नी तथा अन्य ब्रजवासियों की भावनाओं को भी व्यक्त किया है जिससे परिस्थिति-विशेष की भावाभिव्यक्ति मे पूर्णता आ जाती है तथा परस्पर के भावसंघात से नवीन नवीन भावों की सृष्टि होती चलती है। एक ही घटना विभिन्न व्यक्तियों के हृदय में विभिन्न भाव उत्पन्न करती है। सूर प्रत्येक के हृदय मे पैठ कर प्रायः उसी के मुख से उसके भावों को अभिव्यक्ति प्रदान करते जाते हैं। इस प्रकार की भावयोजना तथा ऐसा भाव-निरूपण गुजराती कृष्ण-काव्य में

अलभ्य है। इसे वर्णन-शैली की विशेषता मात्र कह कर उपेक्षित नही किया जा सकता, क्योंकि इसका मूलभूत संबध कवि की भावानुभूति से है। भावविस्तार की क्षमता वास्तव मे भावानुभूति की गहराई का एक परिणाम होती है।

भोली चंचल राधा यशोदा के यहाँ खरिक मे गाय दुहाने आई। कृष्ण से उसका प्रथम परिचय खेलने मे हुआ। कृष्ण ने ही आँखों के इंगित से उसे खरिक में गाय दुहाने के छल से आने के लिए कहा। अनुरक्ता राधा कृष्ण के अनुराग की मिलनेच्छा के रूप में पहली पहली अनुभूति करके ही उन्मत्त हो जाती है। उसके किशोर हृदय में माता-पिता का भय भी व्याप्त है और तरुणाई के आगमन से पूर्व की मुग्ध प्रीति का उद्रेक भी। फलत· उसकी मनोदशा अत्यधिक उलझ जाती है—

> नागरि मनहिं गई अरुझाइ।
> अति विरह तनु भई व्याकुल घर न नेक सुहाइ।
> श्यामसुन्दर मदनमोहन मोहनी सी लाइ।
> चित्त चचल कुँवरि राधा खान पान भुलाइ।
> कबहुँ बिलपति कबहुँ बिहँसति सकुचि बहुरि लजाइ।
> मातु पितु को त्रास मानति मन बिना भई बाइ।
> जननि सों दोहनी माँगति वेगि दे री माइ।
> सूर प्रभु को खरिक मिलिहौं गये मोहिं बुलाइ।
>
> —सू० सा०, पृ० २०५

इन कुछ ही पंक्तियों में सूर ने वय-सधि मे उदय होने वाली अनेक भावसंधियों को सजीव बना कर प्रस्तुत कर दिया है। इतनी उत्कंठा लिये राधा जब खरिक में आकर भी कृष्ण को नही पाती तो चकित भी होती है और विह्वल भी। उसके मन को तभी विश्राम मिलता है जब कृष्ण को आते देखती है। उसमें चतुरता का भी उदय होने लगता है। घर से चलते समय उसका कारण भी कल्पना से दे देती है, साथ ही शीघ्र आने का आश्वासन भी देती जाती है जिससे माता मना न कर दे। माता को खोजने आने के लिए वह बहाने से वर्जित करती आती है। गन्तव्य स्थान के छिपाने का साहस उसमे अभी नही है।

कृष्ण नागर हैं अत. पूरी तरह चतुर हैं। राधा के साथ प्रेम-क्रीड़ा करते समय जब यशोदा उन्हें देख लेती है तो क्षणमात्र में वे एक झूठ गढ़ लेते है। माता विश्वास कर लेती है कि वह शृंगार-क्रीड़ा न होकर बाल-विनोद था—

नीवी ललित गही यदुराई ।
जवहि सरोज धरो श्रीफल पर तब यशुमति गइ आई ।
तत्क्षण रुदन करत मनमोहन मन मे वुधि उपजाई ।
देखो ढीठि देति नहि माता राखी गेद चुराई ।
काहे को झकझोरत नोझे चलहु न देउँ बताई ।
देखि विनोद बालसुत को तब महरि चली मुसुकाई ।
सूरदास के प्रभु की लीला को जानै इहि भाई ।

—वही, पृ० २०५-६

ऐसे चतुर कृष्ण भी राधा की प्रीति के कारण इतने विमुध हो जाते है कि गाय के स्थान पर बैल को दुहने लगते हैं और सखाओं की बातों पर ध्यान नही दे पाते—

दुहत श्याम गैयाँ बिसराई ।
नोआ लै पग बाँधि वृषभ के दोहनी माँगत कुँवर कन्हाई ।

—सू० सा०, पृ० २४३

जब सुधि आने पर वे राधा की गाय दुहते है तो प्रेमातिरेक के कारण एक धार दोहनी मे छोड़ते हैं और दूसरी राधा के मुख पर। वयस्क सखियाँ इस अन्यतम प्रेम की अभिव्यक्ति को देखते ही कामपीड़ित हो उठती हैं और उन्हे भी गृहकाज भूल जाता है—

धेनु दुहत अति ही रति बाढी ।
एक धार दोहनि पहुँचावत एक धार जहँ प्यारी ठाढ़ी ।
मोहन करते धार चलत पय मोहनी मुख अतिहि छवि गाढ़ी ।
मनो जलधर जलधार वृष्टि लघु पुनि पुनि प्रेम चद पर बाढ़ी ।
सखी सग की निरखति यह छवि भई व्याकुल मन्मथ की डाढी ।
सूरदास प्रभु के बस भई सब भवनकाज ते भई उचाढी ।

—वही, पृ० २४५

ज्यों त्यों दूध दुहना समाप्त होता है । राधा अपनी दोहनी माँगती है पर कृष्ण देते नही। प्रेमविभोर कृष्ण के हृदय मे एक ओर अधिक से अधिक समय तक रोक रखने की लालसा है, दूसरे राधा को खिझाने में उन्हें और भी आनन्द आता है।[१५]

राधा के हृदय में भी जाने की तिलमात्र इच्छा नहीं है क्योंकि दोनों का प्रेम उभय पक्षी रूप मे चित्रित किया गया है। सूर ने जितनी विह्वलता कृष्ण में दिखाई है

उतनी ही राधा मे, वरन् स्त्री होने के कारण राधा की विह्वलता को चरमसीमा तक पहुँचा दिया है। कृष्ण से बिछुड़ कर स्वयं जाना उसके लिए असह्य है। पैर घर की ओर नही उठते। दो-चार पग चलती है तो फिर मुड़ कर कृष्ण को देख लेती है—

क—चलन चहति पग चलत न घर को।
छाँड़त बनत नही कैसेहू मोहन सुन्दर वर को।

—वही

ख—मुरि चितवत नदगली।
डग न परत ब्रजनाथ साथ बिनु विरह व्यथा मचली।

—वही

इस प्रकार राधा कृष्ण के बीच इतनी समीपता बढ़ जाती है कि उन्हे हार का व्यवधान भी असह्य हो उठता है। जो वस्तु उन दोनों के हृदय मे अतर बनाये रक्खे उसे कब तक धारण किया जा सकता है—

उतारत है कंठनिते हार।
हरि हर मिलत होत है अंतर यह मन कियो विचार।

—सू० सा०, पृ० २०६

नरसी मेहता की राधा के हृदय में कृष्ण की समीपता पाने की भावना तीव्रतर है। मिलन के समय हार समीपता मे बाधक होता है अतएव वह उसे धारण नही करती। कुछ काल के लिए हार को उतार देने से कभी धारण न कर देने की बात निश्चय ही अधिक भावुकता प्रदर्शित करती है—

पीयु मारी सेजडी नो शणगार।
जोबन सीचणहार।
पीयुजी कारण हुं तो हार न धरती जाणुं रखे अतर थाये।

—न० कृ० का०, पृ० ५२८

आभूषणों के प्रति किसी स्त्री का आकर्षण वास्तविक प्रेम को पाकर ही पराजित होता है क्योंकि उस आकर्षण के मूल मे प्रिय को प्रसन्न करने की ही भावना निहित रहती है। सूर और नरसी के उपर्युक्त उद्धरण राधा-कृष्ण के अनिर्वचनीय प्रेम की व्यंजना करते हैं। उनमे देव कवि की सामान्या नायिका के कथन 'देव हमे तुम्हे अंतर पारत हार उतारि उतै धरि राखौं' के पीछे छिपी स्वार्थमयी भावना का लेश भी नहीं है। यह सभी उक्तियाँ 'हारो नारोपितः कंठे मया विश्लेष भीरुणा' की परम्परा में आती हैं।

इसी तरह गोपियों के हृदय को नरसी ने अत्यन्त तीव्र अनुभूति से आसिक्त करके अभिव्यक्त किया है। उनके हृदय का मूल भाव ही गोपीभाव रहा है। गोपियों की भावनाओं के रूप मे उनकी अपनी भावनाएँ मूर्त हो उठी है। अन्य कवियों की अपेक्षा उन्होंने कृष्ण के प्रेम मे अनुरक्त गोपियो की मनोदशा को अधिक सूक्ष्म दृष्टि से देखा है। उनकी कोई गोपी, कृष्ण की वशीध्वनि से विह्वल होकर, नाम जाने बिना ही श्यामछवि पर अपना हृदय निछावर कर डालती है—

नाम न जाणु पण छे कालो।
ओ जाये ओ जाये कोई पाछो, वालो।
छेलपणे छमकलो वहालो, शामलीये साइडु लीधु रे।
मारगमां वांसलडी वाहतां चित हरी ने लीधु रे।
आलंगिन आप्यु वहाला अलवे, नाथ मन मान्यु तमशु रे।
नरसैयाचा स्वामी आपण रमिये अंतर टालो अमशुं रे।
—न० कृ० का०, पृ० २८३

कोई कृष्ण की मुसकान से विद्ध और अगभंगिमा से लुब्ध हो जाती है। वह नाना प्रकार के मगलमय उपायों से उनका स्वागत करना चाहती है—

बाइ हु तो मरकलडे वेधाणी रे।
शामळियो आव्यो मंदिरमा लटके त्या लोभाणी रे।
मोतीओ चोक पुरावुं प्रेमना, कुमकुमनी रोल करावु रे।
सैयर मारी मानती मीठु मंगल गान करावु रे।
सोव्रणपाट बेसारी बहालानी आरती उतरावु रे।
नारसैयांचो स्वामी रुदीया भीडो फूली अंगनमावु रे।
—वही, पृ० ३८०

धीरे धीरे गोपियाँ कृष्ण को सुख देने और स्वयं सुख पाने के लिए नाना प्रकार की इच्छाएँ करने लगती हैं। उनकी इच्छाएँ क्रिया का रूप धारण कर लेती है। एक गोपी कृष्ण को एक छोटी सी वात कहने के लिए एकान्त में बुलाकर अंगभंगियों से अपने मनोभाव को स्वय व्यक्त करती है। नरसी ने उसकी मुद्रा और उसके भावो का सजीव चित्र प्रस्तुत किया है—

ओरा आव अलगो, अेक बात नानी कहु तुजने जम हैडा माहे हर्ष पामे।
कामनी काम अभिलाष करी बोलती भुर गोवालि या मांहे शुं रे रमे।

नेण नीशान, सनकारती सुन्दरी, नेण कटाक्ष गुण बाधुरी।
नवनवा रंग करी दाखवु आपु अपूरव तेडती तारुणी प्रेमे करी।

—वही, पृ० ३१८

एक अन्य गोपी की जिस दिन कृष्ण से दिनभर बात नही हो पाती है उस दिन काम-काज मे उसका जी नही लगता और घर भी आकर्षणहीन प्रतीत होने लगता है। वह मुग्धा नही है कि स्नेह के भाव को समझ न सके परन्तु इतना साहस भी नही है कि संसार के आगे अपने स्नेह को प्रकट कर दे। अभी लोक-लाज और मर्यादा का भय बना है—

अेकवार आखा दीन माहे वाहाला तमशु वात न थाय।
कामकाज मारे चित ना आवे मंदीर मा न सोहाय रे।
जाहेर तमशु प्रीत बंधाणी ते कहे ते सोहाय।
छानो स्नेह ते मीठो लागे, प्रगट थये पत जाये रे।

—वही, पृ० ३०२

कभी प्रतीक्षा करते करते रात हो जाती है और उसकी आँखों को नीद घेर लेती है। कृष्ण आकर लौट गये, यह जान कर गोपी को गहरा पश्चात्ताप होने लगता है। सखियाँ सुनेंगी, कृष्ण भी उसपर हँसेंगे, यह सोच कर वह पैर पडकर क्षमा माँगने का निश्चय करती है तब तक एक सखी आकर सूचना देती है कि कृष्ण तो आँगन में खडे प्रतीक्षा कर रहे हैं। अभी तुझे घर गाय दुहाने जाना है—

पाछली रातना नाथ पाछा वह्या, शु करुं रे सखी हुं न जागी।
निर्खतां निर्खतां निद्रा आवी घणी, वोल दीयोनी वहाला बर्द थापी।
सोळडी सुणसे कृष्णजी हासशे, अेहने जइने पाय लागुं।
सरल छे शामलो मेलशे आंमलो, माहावजी कने खमा जइने मांगु।
उठ आलस तजी नथी गया नाथ हजी, ते आंगणे उभा हेत जोवा।
नारसैंयाचो स्वामी भले मळीयो, घेर जइअे हवे धन दोहोवा।

—वही, पृ० ३७३

गोदोहन के प्रसंग को लेकर नरसी ने सूर की तरह भाव-विकास तो नही किया परन्तु पृष्ठ-भूमि में उसे स्थान देकर भावों में तथा वातावरण में स्वाभाविकता लाने का प्रयास अवश्य किया है। संयोग की प्रत्येक स्थिति पारस्परिक प्रीति के विकास मे सहायक होती है। राह चलते कृष्ण कभी बाँह मरोड़ देते है, कभी एकात में मिलने का संकेत करते हैं, कभी मुस्करा भर देते हैं और कभी उपेक्षा का अभिनय करते हुए

किनारे से निकल जाते हैं। हर दशा में गोपियों का मन झकझोर उठता है। कभी हर्ष से, कभी विषाद से। कृष्ण को अपने हाथ से जिमाने के लिए नरसी की गोपियाँ प्रायः उत्सुक रहती हैं—

पेर पेरनां पकवान करीनें मेहेल्या वहाला काजे रे।

—वही, पृ० २७३

कृष्ण गोपियों के लिए कठहार बनजाते हैं। वे उनसे कभी पृथक् नहीं होना चाहतीं उन्हे देखते ही एकात मे आलिंगन मे भर लेने के लिए लालायित हो उठती हैं—

क—कंठडाचो भूषण सजनी, अलगो न मेलु दिवस ने रजनी।
हरि विलोकतां अधररस चाखु, हृदया सरसो भीडी ने राखुं।

—न० कृ० का०, पृ० २९३

ख—कहान अेकलडा मळजो वृंदावन, ते वारे करीश हुं उरहार।

—वही, पृ० २८७

भिन्न मनःस्थिति मे यही गोपियाँ आलिंगन करते हुए कृष्ण का निवारण करने लगती हैं। इस निषेध के द्वारा मिलन की इच्छा का रूप और भी निखर जाता है। शब्दों में वक्रता आ जाती है। निषेध के जो कारण दिये जाते हे उनसे इच्छा ही प्रकट होती हैं और निवारण उस इच्छा की पूर्ति का साधन बन कर सामने आता है—

जावा देनी जादव, मेल मारो पालव मोडीश ना मारुं अंग दु.खे।
भीड न भूधरा, राखडी तूटशे, चोली कचुआकेरा बंध छूटशे।

—वही

कोई गोपी कृष्ण को अपना आन्तरिक आत्मसमर्पण करके अनन्य भाव से उन्हें अपना वर स्वीकार कर लेती है। भाव की इतनी तीव्रता सास-ननद के भय, तथा लोक-लाज सभी को अपने में लीन कर लेती है। मन का सत्य ससार के झूठे बन्धनों, मर्यादाओ तथा नियमों से ऊपर उठकर स्वय अपने को प्रशस्त करने लगता है—

वरियो मे कृष्ण वर वरीनो, वीजो तो हुँ नव जाणु रे।
सासरिया मा साद पडावु, नणदीनो भे न आणु रे।

—वही, पृ० २६८

ऐसी ही एक अन्य गोपी कृष्ण से मिलने के लिए आतुर पति और परिवार की भी परवाह नही करती, क्योंकि उसके अंग-अग में कृष्ण व्याप्त हो गये हैं। उनके सिवा किसी दूसरे की गति उसके हृदय तक संभव नही—

ते जतन करे बहु आपनु, तेनु धीर तम दीठे टले ।
मळवा कारण मावजी तुजने पति परिवार थी ते चले ।
सकल अंगे तमो व्याप्या, अवर बीजे नव गमे ।
तेह तणा मनोरथ पूर्या, अवर मन कही नव भमे ।

—वही, पृ० १३०

भालण के एक पद मे गोपी के हृदय मे कृष्ण के प्रति उठने वाली कोमल भावनाओ का शृंखलाबद्ध वर्णन है—

रात दिवस हु टलवलु पण स्वप्न माहे नव देखु जी ।
आगणडे उभी रहु जाणु आणीवाटे हरि आवेजी ।
गौ दोहता अेम जाणु आ दूध हरिने पाउं जी ।
दही रूडु जम्यु देखी इच्छा अेवी कीजे जी ।
भोग लागे भूधरजीने, सासु नणदर खीजे ।

—दशमस्कंध, पृ० १३५

ब्रजभाषा के अनेक कवियों ने राधा तथा अन्य गोपियों मे आत्मसमर्पण, निषेवात्मक स्वीकृति, तीव्रमिलनेच्छा, कृष्ण के प्रति अनन्य अनुरक्ति, लोकलाज, परिवार के भय तथा सास-ननंद के प्रति खीझ अथवा उपेक्षा भाव का अनेक रूपों में अनेक प्रकार से वर्णन किया है। विशेष कर रीति-परम्परा के कवियों द्वारा दिये गये उदाहरणों में प्रायः ऐसे ही भावों का चित्रण मिलता है। इन कवियों ने एक ओर भावों के सूक्ष्म से सूक्ष्म भेद दिखाकर उन्हे क्रमबद्ध करते हुए शास्त्रीयता प्रदान की, दूसरी ओर विविध गुणों, अलंकारों तथा उक्तियों से सजाकर कलात्मक भी बना दिया जिससे सौन्दर्यवृद्धि होने के साथ प्रायः कृत्रिमता भी आ गई है।

इस सब को प्रमाणित करने के लिए कुछ उदाहरण आवश्यक है। नरसी की गोपी कृष्ण को कठहार बनाने तक की कामना करती है परन्तु देव की गर्विता नायिका ने अपने प्रिय को हृदय का हार बना कर तो सुख दिया ही, साथ ही आँखों मे पुतली बना कर भी बसा लिया। यही नहीं, वह उसके अंग-प्रत्यंग में अंगराग की तरह रम चुका है ठीक नरसी के 'सकल अंगे तमो व्याप्या' के सदृश—

आँखिन में पुतरी ह्वै रहै, हियरा मे हरा हवै सबै सुख लूटै ।
अंगनि संग बसैं अंगराग ह्वै, जीवते जीवनमूरि न फूटै ।

—भवानीविलास

अंगो को छूने से कृष्ण का निवारण करती हुई गोपियों की जैसी आन्तरिक स्वीकृति नरसी ने प्रदर्शित की है वैसी ही वाह्य निषेध से युक्त आन्तरिक स्वीकृति मतिराम की नायिका मे, कुट्टमितहाव के रूप में, अधिक स्पष्टता से मिलती है—

नेकु नीरे जाय करि बातन बनाय करि,
कछु मन पाय हरि वाकी गही बहियाँ।
चैनन चरचि लई सैनन थकित भई,
नैनन में चाह करै वैनन में नहियाँ ॥३६९॥

—रसराज

अनन्य आत्मसमर्पण के भाव को भी देव के द्वारा कही अधिक तीव्र अभिव्यक्ति-मिली है—

कोऊ कहौ कुलटा कुलीन अकुलीन कोऊ,
कोऊ कहौ रंकिनि कलंकिनि कुनारी हौ।
कैसो नरलोक परलोक वरलोकनि मे,
कीन्ही हौ अलीक लोक लीकन ते न्यारी हौ।
तन जाउ मन जाउ 'देव' गुरुजन जाउ,
प्रान किन जाउ टेक टरत न टारी हौ।
वृंदावनवारी वनवारी के मुकुटवारी,
पीतपटवारी वाहि मूरति पै वारी हौं।

भक्त कवियो ने इस प्रकार के भाव अपने पदों मे प्रचुरता से व्यक्त किये है। रीति काव्य की भाव सम्पत्ति बहुधा अपने पूर्ववर्ती भक्तिकाव्य पर आधारित है।

जिस प्रकार रमण से पूर्व की मनोदशाओ का सूक्ष्म वर्णन कवियों ने किया है उसी प्रकार रमण के समय की और उसके बाद की मानसिक स्थितियों को भी अंकित किया है। गुजराती मे भालण और नरसी ने इनसे सम्बद्ध भावों को विशेष मनोयोग और रसात्मकता के साथ अभिव्यक्ति प्रदान की है। नरसी मेहता का तो यह सर्वाधिक प्रिय विषय है। राधा के सुरतोल्लास, सुरतान्त-सुख और सुरत-संगोपन का विविध चेष्टाओं एवं अनुभावो से युक्त वर्णन उक्त दोनों कवियों ने पर्याप्त विस्तार से किया है। ब्रजभाषा काव्य मे भी इस प्रकार के भाव उपलब्ध होते हैं और दोनों में साम्य भी कम नहीं है। गुजराती में इस तरह के भावों की अभिव्यक्ति प्रायः राधा के स्वानुभव के रूप में ही कराई गई है।

राधा की शिथिल और अस्तव्यस्त दशा को देख कर एक अन्तरंग सखी उसका कारण पूछती है। राधा पहले उससे छिपाने का प्रयास करती है और जिस जिस चिह्न की ओर सखी सकेत करके प्रश्न करती है उस उस चिह्न के लिए वह काल्पनिक कारण देती जाती है। भालण ने इस भाव का एक विस्तृत पद लिखा है जिसमे से कुछ प्रारभिक पक्तियाँ उद्धृत की जाती है—

कहे रे मने कामिनी, तु काँ श्वास भराणी जी।
परसेवो तने का वल्यो, भमर बहु मीजाणी।
साँचु बोलोजी

राधा कहे हु भूली पड़ी, वाट मे नव जाणी जी,
वनमा बीहनी अेकली, अतिशे त्या उजाणी।
साभल सुन्दरी

अतलसनी नवी शिवडावी, सहियरे वखाणी जी।
ते चोलीनी कस क्यमत्रूटी, आवडु क्या चोलाणी।
मारु हैडुं आव्यु फाटवा, वाअे करीने काप्यु जी।
पीडा टालवाने मे चोल्यु करे करीने आप्यु।

—दशमस्कंध, पृ० १३२

संगोपन के भाव को सूर ने अत्यन्त मौलिक रूप मे प्रस्तुत किया है। राधाकृष्ण रमण करके जब अपने-अपने घर जाते है तो दोनों की माताएँ प्रश्न कर उठती है और दोनों ही सत्य को अपने-अपने ढंग से छिपाने का प्रयास करते है—

क. पीत उढ़नियाँ कहाँ बिसारी ?
यह तो लाल ढिगनि की औरै है काहू की सारी।
हौं गोधन लै गयो यमुनतट तहाँ हुती पनिहारी।
भीर भई सुरभी सब बिडरी मुरली भली सँभारी।
हौं लै गयो और काहू की सो लै गयी हमारी।

—सू०, सा० पृ० २०७

ख. जननी कहति कहा भयो प्यारी ?
एक बिटिनियाँ सँग मेरे थी कारे खाई ताहि तहाँ री।
मों देखत वह परी धरनि पर मैं डरपी अपने जिय भारी।

—वही

सूरदास के अतिरिक्त ब्रजभाषा मे नायिकाभेद लिखने वाले कवियों ने इसी भाव को गुप्ता, लक्षिता, सुरतसगोपना जैसी नायिकाओं मे प्रदर्शित किया है । पर उनके उदाहरणों में वह सरसता नही आ पायी है जो भालण के वर्णन मे मिलती है । प्रश्नोत्तर के रूप मे व्यक्त करके सूर और भालण ने मूल भाव को अधिक सजीव बना दिया है । नरसी की राधा सगोपन का प्रयास नही करती । वह भालण की राधा जैसी चतुर नही दीखती । ललिता के पूछने पर वह जब स्वानुभव बताने चलती है तो उसे लाज आने लगती है । सगोपन का प्रयास और कथन मे लज्जा दोनों ही मनोभाव स्वाभाविक एव परिस्थिति के अनुकूल है । भालण ने भी लाज का प्रदर्शन किया है परन्तु अत में इस प्रकार उन्होने उसे नरसी की अपेक्षा कही अधिक अर्थपूर्ण बना दिया है । नरसी की राधा लाज करते हुए भी काफी निर्लज्जता से सुरत सुख का वर्णन करती है । भालण ने ऐसे स्थल पर सकेत से काम लिया है ।[१६]

रमण के कारण कृष्ण के अंग दुखने लगते है । राधा उनकी पीड़ा अमृत से अधिक मधुर रस देकर दूर करती है—

अबला ते मारु अंग दुखे, भीडीश मा रे भामिनी ।
कठण पयोधर ताहरा, भुजने ते खुचे कामिनी ।
अमृत पे अदकुं हतु, मुज कने फल जेह ।
पछे पीयुना मुखमांही, प्रेमशुं मूक्यु तेह ।
—न० कृ० का०, पृ० १५०

निश्चय ही भालण के वर्णन मे कोमल भावो की पर्याप्त रक्षा की गयी है जबकि नरसी ने इस ओर ध्यान नही दिया है । उनके वर्णन मे स्थूलता अधिक है । इस तरह के वर्णन ब्रजभाषा मे भी उपलब्ध होते है । गुजराती और ब्रजभाषा के सभोग वर्णन में कही-कही आश्चर्यजनक भाव-सादृश्य मिल जाता है । एक ही उदाहरण इस सत्य को प्रकट करने के लिए पर्याप्त है । भालण के कृष्ण सीधे राधा के अगो का स्पर्श न करके बहाने से छूने का प्रयास करते है । राधा को प्रसन्न बनाने और मुग्ध करने के लिए ही कृष्ण की यह चेष्टाएँ होती है । राधावल्लभीय कवि ध्रुवदास ने भी इस भाव का वर्णन किया है । उनके कृष्ण भी वैसी ही चेष्टाएँ करके अग स्पर्श करना चाहते है—

भालण—पगरंगु हुं पद्मिणी जो पडयो लगार जी ।
पछे तमे पधारजो, क्षण नहि लागे वार जी ।
अेवुं कहीने चरण तलासे, मुख सामुं निहाले जी ।

जाणे कोये देवता ते नयण निमेख न वाले।
हार जुअे ने उर उघाडे गलगलियाँ करे प्रीते जी।
गाले त्यां चुबन करे रमवातणी रसरीते।
बेसरनुं मोती जुअे ने हाथ फेरवे गाल जी।

—दशमस्कध, पृ० १३८-३९

ध्रुवदास—अलक सँवारन व्याज मै परस्यो चहत कपोल।
मृदुल करन डारति झटकि रसमय कलह कलोल ॥५॥

—रसरत्नावली

राधा के द्वारा कृष्ण के हाथ झटक दिये जाने की बात लिख कर ध्रुवदास ने मूल भाव को और भी अधिक रसमय बना दिया है क्योंकि निषेध स्वीकार से अधिक आकर्षण उत्पन्न करता है। भालण ने भी अपने पद की एक पंक्ति में 'नाना मा मा रहो रहो करता' लिख कर रसमय निषेध का प्रदर्शन किया है। ध्रुवदास की राधा कृष्ण को नेत्रों तक से अपने अंग नहीं छूने देती। दोनों भाव-विभोर होकर एक दूसरे की चतुरता समझते और मुस्कराते हैं—

जो अंग चाहत रसिक प्रिय इन नैननि सौं छ्वाइ।
सो ठा सुन्दरि पहिले ही राखति वसन दुराइ ॥५०॥
काँपत कर, थरकत हियौ बनत न मन की बात।
कुसल जुगल कलकोक मैं समुझि समुझि मुसुकात ॥५१॥

—वही

इसके अतिरिक्त उन्होंने एक ऐसी आभ्यतरिक सूक्ष्म अनुभूति को पकड़ लिया है जिस तक किसी गुजराती कवि की पहुँच नही हुई। घनीभूत स्नेह होने पर दो स्नेहियो का मिलन कितना भी प्रगाढ़ क्यों न हो, उसमें विरह की अनुभूति बनी ही रहती है। वे दो है इसलिए विरह बना रहता है और एक होना चाहते हैं इसलिए मिलन भी अखंड रहता है। इस सूक्ष्म मानसिक स्थिति को कवि ने केवल दो पंक्तियों में बाँध दिया है।

विरह सँजोग छिनहिं छिन माँही।
जद्यपि ग्रीवन मेले बाहीं ॥४२॥

—नेहमजरी

खंडिता गोपियों के भाव—जहाँ एक ओर कृष्ण राधा की ओर विशेष रूप से आकृष्ट दिखाये गये हैं वहाँ दूसरी ओर कवियों ने उनमें बहुनायकत्व अथवा अनेक

गोपियो को सन्तुष्ट करने की भावना का भी प्रदर्शन किया है । तब तरुणी गोपियाँ उनको पाने के लिए व्याकुल रहती है । कृष्ण कभी इसके साथ रमण करते है, कभी उसके साथ । उनमे परस्पर ईर्ष्या अथवा सपत्नी-भाव उत्पन्न हो जाता है । एक को वचन देकर जब वे दूसरी के यहाँ रात बिताते है और प्रभात मे अनेक रतिचिह्न लिये उसके पास लौटते है तो उसका खडित प्रेम कटु एव व्यग्यपूर्ण शब्दो से उनका स्वागत करता है । एक एक रतिचिह्न उसकी ईर्ष्याविष्ट कल्पना को जागृत करने लगता है और उन कृष्ण को, जिनके लिए स्वय सेज रचकर वह सारी रात प्रतीक्षा करती रही, तत्काल वही वापस लौटा देने के लिए उद्यत हो जाती है । परन्तु इतने आवेश के बाद भी जब कृष्ण क्षमा याचना के लिए एक कातर दृष्टि उसकी ओर डालते है तो वह क्षणमात्र मे क्षमा ही नही कर देती वरन् उनके रतिश्रमनिवारण के लिए अनेक उपक्रम भी करती है । कुछ गोपियाँ अत तक कृष्ण को क्षमा नही करती और एक के बाद एक कटु से कटुतर व्यग्य-वाक्य कहती जाती हैं । कुछ अत्यन्त स्निग्ध शब्दो के द्वारा अपना रोष प्रकट करती है और कुछ स्पष्टतया उग्र शब्दों का प्रयोग करते हुए कृष्ण की भर्त्सना करती है । इस प्रकार खडिता गोपियो की मनोदशा की अभिव्यक्ति कवियों ने पर्याप्त सूक्ष्मता से की है यद्यपि वर्णन मे रूढिगत एकस्वरता भी बराबर मिलती है । गुजराती और ब्रजभाषा दोनो मे खडिता के मनोभावो का वर्णन प्राय: समान ढंग से किया गया है । वही रतिचिह्न वही उपालंभ, वैसे ही व्यंग्य और वैसा ही चित्रण । भावों के अकन मे अन्य स्थलों की तरह सूर की विशेष क्षमता यहाँ भी परिलक्षित होती है । कृष्ण की एक ही कातर दृष्टि से अभिभूत होकर क्षमा कर देने वाली जिस खंडिता गोपी की ओर ऊपर संकेत किया गया है वह राधा की सुपरिचित सखी ललिता, सूर की भावमयी वाणी के द्वारा, नवीन रूप में सामने आती है । शाम से ही कृष्ण के लिए वह अतिशय प्रतीक्षाकुल है और सारी रात वैसी ही विह्वलता से बिता देती है—

> साँझहि ते हरिपंथ निहारै ।
> ललिता रुचि करि धाम आपने सुमन सुगधनि सेज सँवारै ।
> कबहुँक होत वारने ठाढ़ी कबहुँक गनति गगन के तारे ।
> कबहुँक आइ गली मग जोवति अजहुँ न आये श्याम पियारे ।
> वै बहुनायक अनत लुभाने और वाम के धाम सिधारे ।
> सूर श्याम बिनु विलपति बाला तमचुर शब्द जहँ तहाँ पुकारे ।
>
> —सू० सा०, पृ० ४७२

उसकी यह विकलता स्वाभाविक है, क्योंकि कृष्ण उसे स्वयं वचन दे गये हैं। जब कृष्ण सवेरे रतिचिह्न लिये पधारते हैं तो वह और कुछ न कह कर दर्पण भर देख लेने का आग्रह करती है परन्तु जब वे संकोच के मारे उधर नही देखते तो ललिता ललित शब्दों मे व्यग्य करती है—

क—क्यो मोहन दर्पण नहि देखत।
क्यो धरणी पग नखन करोवत क्यों हम तन नहि पेखत।
क्यो ठाढ़े, बैठत क्यों नाही कहा परी हम चूक।
पीताम्बर गहि कह्यो बैठिये रहे कहा ह्वै मूक।
उघरि गयो उर ते उपरैना नखछत बिनगुन माल।
सूर देखि लटपटी पाग पर जावक की छबि लाल।

—वही, पृ० ४७३

ख.—ऐसी कहौ रँगीले लाल।
जावक सों कहाँ पाग रँगाई रँगरेजिन मिलि है को बाल।
बदन रग कपोलन दीन्हों अधर अरुण भये श्याम रसाल।
माला कहाँ मिली बिन गुन की उर छत देखि भई वेहाल।
सूर श्याम छ्वि सबै विराजी इहै देखि मोको जंजाल।

—वही

उसके प्रश्न भरे सीधे-सादे वाक्य व्यग्य को तीक्ष्णतर बना देते है। बिना कृष्ण की क्षमायाचना भरी दृष्टि पाये उनका क्रम समाप्त नही होता।

काहे को कहि गये आइहै काहे झूठी सौहै खाए।
ऐसे में जाने नहि तुमको जे गुण करि तुम प्रगट देखाए।
भली करी दरशन हरि दीन्हें जन्म जन्म के ताप नशाए।
तब चितए हरि नेंक त्रिया तन इतनेहि सब अपराध क्षमाए।
सूरदास सुन्दरी सयानी हँसि लीन्हे पिय अंकम लाए।

—वही

उसके लिए इतना ही बहुत है क्योंकि उसका प्रेम प्रेम का याचक है, वासना न मिली न सही। वह स्वयं कृष्ण का श्रम दूर करने के लिए नाना प्रकार के उपचार करती है। परस्त्रीरमण के चिह्नों का निवारण करके वह एक प्रकार से उस पर अपनी विजय घोषित करती है। घायल प्रेम एवं आहत अहंभाव अपनी क्षतिपूर्ति के लिए कितना जागरूक रहता है, इस तथ्य तक सूर की सूक्ष्म दृष्टि कितनी सरलता से पहुँच गयी है—

नैंनकोर हरि हेरिकै प्यारी वृश कीन्ही ।
भाव कह्यो आधीन को ललिता लखि लीन्ही ।
तुरत गयो रिस दूर ह्वै हँसि कंठ लगाए ।
भली करी मनभावते ऐसेहु मै पाए ।
भवन गई गहि बाँह लै जागे निशि जाने ।
अग शिथिल निशि श्रम भयो मनही मन जाने ।
अंग सुगध मर्दन कियो तुरतहि अन्हवाये ।
अपने कर अग पोछिके मनसाध पुराये ।
चीर अभूषण अग दै बैठे गिरिधारी ।
रुचि भोजन प्रिय को दियो सूरज वलिहारी ।

—वही

एक खंडिता गोपी के भाव का विकास करके सूर ने एक पूरे प्रसंग की सृष्टि कर दी । साथ ही खंडिता के हृदय में रूढिगत आवेश का ही वर्णन न करके उस स्नेहातिरेक को भी प्रदर्शित किया है जिसकी गहराई में सारी ईर्ष्या, सारा मान और सारा निषेध खो जाता है ।

ठीक इसी प्रकार के कोमल मनोभावों वाली एक खंडिता गोपी का चित्रण नरसी मेहता ने किया है । नरसी की गोपी भी कृष्ण से वचन पाकर सारी रात प्रतीक्षा-कुल रही और प्रभात में शिथिल-देह कृष्ण को पाकर सब कुछ समझती हुई भी वह अपने रुष्ट न होने की बात कहती जाती है । कृष्ण यहाँ भी सकोच से गड़े जा रहे हैं । वे निद्रा का वहाना करते है पर विश्वास नहीं दिला पाते । जिस तरह सूर के कृष्ण क्षमा-याचनामयी दृष्टि से ललिता को प्रसन्न कर लेते हैं उसी प्रकार नरसी के कृष्ण प्रीति-युक्त हास्य से गोपी को आनंद प्रदान करते है—

व्रजविहारी साभलो, साची कहुं अेक बात ।
मुज संगाथे दृष्ट करीने आवीया प्रभात ।
रजनी सुख माने गमी , जोइ रही छु वाट ।
मुख वचन दीधु वीठला, कोई शुं कीधो ठाठ ।
साचु बोलो प्रसन्न छु, मन रीश नहीं लगार ।
कांहा सुख पाम्या श्यामजी ते कहोने प्राणाधार ।
नीवुं ढाली ने नंदसुत, तव वदे मुखथी वाण ।
निद्रा आवी नव लहुं, ने अे ते तुं सत्य मान ।

आ चिन्ह निद्रा तणा न होय, अने शीथल दीसे गात्र ।
प्रकट जो जो पारखु, पाग ठरे नही पल मात्र ।
हस्या हरजी प्रीत आणी , अने भीडी भामिनि अग ।
दुख सर्वे वीसर्यु ने रम्या वेहु जण रग ।
सकल मनोरथ पूरण कीधा, पोहोती मननी आश ।
निकट उभो नरसैयो ते, जूअे कौतुक हास ।
—न० कृ० का०, पृ० १२८

नरसी ने सारा वर्णन प्रत्यक्षदर्शी की भाँति किया है जो उनकी श्रृगारप्रियता से व्यक्त करता है। उनके कृष्ण ने निद्रा का बहाना किया। अतएव झूठ के परिहार के लिए परिहास की आवश्यकता हुई, केवल क्षमा-याचनामयी दृष्टि यहाँ अपर्याप्त होती। रतिश्रम-निवारण की चेष्टा के स्थान पर नरसी ने रमण का उल्लेख किया है। इस स्थान पर सूर भाव की अधिक रक्षा करते हुए प्रतीत होते है।

नरसी के उपर्युक्त पद मे रूढिगत रतिचिह्नों का उल्लेख नही है किन्तु अन्यत्र उन्होंने उनका उल्लेख करते हुए राधा की मनोदशा का चित्रण किया है। कपोल पर काजल, भाल पर महावर, पीताम्बर के स्थान पर नीलाबर, अटपटी पाग, शरीर मे गड़े हुए ककण तथा नखक्षत आदि से विभूषित कृष्ण की विचित्र अवस्था राधा के शब्दों मे दर्शनीय है।

कृष्ण प्रत्ये रगे रमीया ते क्या रेणजी, अरुण उजागरा राता नेण जी ।
अधर भर्यो रंग तबोलजी, काजल रेखा तारे क्पोल जी ।
काजल रेखा कपोल सोहै, तीलक खंडीत ताहेरुं ।
विभिचारी बोल मा वालमा तो मन माने माहेरु ।
अटपटी शीर पाघ लटके, केसर ने फुले भरी ।
अबील गुलाल ने चुवा चदन, शोभे नाभी श्री हरी ।
कंकण कोमल अंग खुच्यां रेखा दीसे नख तणी ।
जेशुं रंगे रम्या रजनी, वेगे पधारो ते भणी ।
आ नीलांबर कोइ नारनु, तमो साचु कहोने सम तेहना ।
आधीन थया प्रभु तेहने वहाला, लाव्या ने क्यांथी रेणमां ।
कौस्तुभ मणि आ क्या वीशारी, नवसेरो पहेर्यो कही नारनो ।
रीश मा आणो मन विषे, मुने कहोने सुख विहारनो ।
कइ भामनीअे भोगव्या, रजनी ते चारे जाम ।
कोमल अंगे केम खम्या, रतिपति रणसग्राम ।

वेगे पधारो भुवन तेने हु आवु तमारे सग ।
श्रीहरी सुख देखाड तारु रमीआ ते जेशु रग ।
हावे तेने प्रसन थइने, हु आपीश उरनो हार ।
नरसैया नाथजी मारी, वीनतडी वारवार ।

—वही, पृ० १५२-५३

कृष्ण से राधा सारी बात का उसकी सौगध खाकर, पूछना जिसके साथ कृष्ण ने रमण किया है अत्यन्त कठोर व्यग्य है साथ ही अत मे जब वह अत्यन्त विनय से उनके सग चलकर अपना हार उसे भेट करने की बात कहती है तो व्यग्य की मार्मिकता और भी अधिक बढ जाती है । पद के प्रत्येक शब्द से राधा के मनोभाव की पूर्ण अभिव्यक्ति हो रही है ।

नरसी अन्यत्र एक दूसरी गोपी का अकन करते है जो कृष्ण के माथे मे लगा महावर दिखाकर अपने रोष को व्यग्यपूर्ण ढग से प्रकट करती है—

जो जो रे जो जो रे, माथे महावर लाग्यो ।
नेण निद्रालुवा मोहे, अग सुगधी वागो ।
उलट जायो जाहा वस्या हुता रात ।
नरसैयाचो स्वामी चुक्या, जो न लाव्या साथ ।

—न० कृ० का०,पृ० ५९१

ब्रजभाषा मे खडिता के इस प्रकार के मनोभावो की अभिव्यक्ति प्रायः शृगार रस के सभी कवियो ने की है । सूर और हरिराम व्यास के निम्नोक्त उद्धरण इसके प्रमाण है—

सूर—जावक रग लग्यो भाल, वदन भुज पर विशाल,
पीक पलक अधर झलक वाम प्रीति गाढी ।
क्यो आये कौन काज, नाना करि अग साज,
उलटे भूषण शृगार निरखत हौ जाने ।
नाही के जाहु श्याम जाके निशि बसे धाम,
मेरे गृह कहा काम , सूरदास गाने ।

—सू० सा०, पृ० ४७५

व्यास—आजु पिय राति न तुम कछु सोये ।
कौन भामिनि के भवन जगे हरि जाके रस बस मोये ।

रति रस उमगि चले नखशिख अँग नीरस अधर निचोये ।
खंडित गड पीक मुख की छवि अरुन अलस अति पोये ।
जावक पीक मषी रस कुमकुम स्वाद वासना भोये ।
लटकति सिर पगिया, लट विगलत सुन्दर स्वाँग सँजोये ।
तन मन कारे हौहि न गोरे कोटि वारि जो धोये ।
खोटी टेव न तजत व्यास प्रभु मैं कै बार बिगोये ।

—व्यासवाणी, पृ० ५२३

सूरदास ने खडिताओ की ही मन.स्थिति को व्यक्त नही किया वरन् कृष्ण के मनोभावों को भी स्पष्टता से अभिव्यक्ति प्रदान की हैं । सारे प्रसंग को उन्होंने लीला-रूप मे ग्रहण किया है अतएव सारी भावनाओं की अन्तिम परिणति आनन्द मे होती है । कृष्ण बाह्यतः तो संकोच प्रकट करते हैं परन्तु अन्तर से गोपी के व्यग्य वचन, उसका रोष, उसकी खीझ उनके मन मे क्षोभ के स्थान पर एक विचित्र सुख की अनुभूति जगाते हैं जिसकी पुलक से उनका सारा शरीर सिहर उठता है—

श्याम त्रिया सन्मुख नहि जोवत ।
कबहुँ नैन की कोर निहारत कबहूँ वदन पुनि गोवत ।
मन मन हँसत त्रसत तनु परगट सुनत भावती वात ।
खडित वचन सुनत प्यारी के पुलक होत सब गात ।
इह सुख सूरदास कछु जाने प्रभु अपने को भाव ।
श्रीराधा रिस करति निरखि मुख सो छवि पर ललचाव ।

—सू० सा०, पृ० ४८१

कृष्ण के मनोभावों से सम्बद्ध इस तरह का कोई उदाहरण गुजराती मे नही मिलता।

८. **कृष्ण का मथुरा-गमन**—कृष्ण-काव्य की प्रधान भावना प्रेम है और प्रेम की जितनी तीव्र अनुभूति मिलन मे होती है उससे कही अधिक विरह में। विरह एक प्रकार से मिलनकाल मे विकसित होने वाले प्रेम की गहनता एवं स्थिरता का प्रमाण है । कृष्ण के व्रज से मथुरा जाने की बात उनके प्रेम में उन्मत्त रहने वाले ब्रजवासियों के लिए कितनी मर्मान्तिक पीड़ा का कारण हो सकती है, इसको सूर और नरसी

के अनुभूतिशील हृदयों ने पूरी तरह पहचाना। दोनो कवियो ने अपने अपने स्वभाव के अनुसार समस्त कृष्ण-काव्य की संयोग वियोगमयी भावभूमि के बीच संधिस्थल जैसे इस प्रसग को विशेष भाव-संकुल बना कर प्रस्तुत किया है। सूर का भाव-निरूपण नरसी की अपेक्षा अधिक विस्तृत और अधिक गभीर सवेदना उत्पन्न करने वाला है। कृष्ण को मथुरा ले जाने वाले अक्रूर के मनोभावो का सूक्ष्म आलेखन सूर ने पर्याप्त कुशलता से किया है। अक्रूर के हृदय मे कृष्ण के चरणों का दर्शन पाने की अभिलाषा एवं उत्कंठा तथा उनके ऐश्वर्य-ज्ञान से उत्पन्न विनम्र भक्ति भाव भागवतकार ने भी प्रदर्शित किया है परन्तु सूर ने उसे और भी अधिक संवेद्य और संपूर्ण बना दिया है। गुजराती में नरसी के अतिरिक्त अन्य किसी महत्त्वपूर्ण कवि ने अक्रूर की मनःस्थिति का स्पर्श तक नही किया, भालण एक दो पंक्तियों में संकेत मात्र करके रह गये हैं। यथा—

> अक्रूर जी ते वेगे जाये. मनमाहे आनद न माये।
> आज मारा पूर्वज मूकाशे, दामोदरनु दर्शन थाशे ।।
>
> —दशमस्कध, पृ० १५५

सूर ने कृष्ण-चरण-स्पर्श करने की कल्पना मे विभोर अक्रूर के मनोभावो का सानुभाव वर्णन किया है—

> जब शिर चरण धरिहौ जाइ।
> कृपा करि मोहिं टेकि लैहैं करन हृदय लगाइ।
> अंग पुलकित वचन गदगद मनहिं मन सुख पाइ।
> प्रेमघट उच्छलत ह्वै है नैन अशु बहाइ।
> कुसल बूझत कहि न सकिहौ बार बार सुनाइ।
> सूर प्रभु गुण ध्यान अटक्यो गयो पंथ भुलाइ।
>
> —सू० सा०, पृ० ५८७

एक भावुक-हृदय व्यक्ति भाव-विभोर होकर किस प्रकार कल्पनाशील बन जाता है और क्या सोचता है, यह सूर को भली भाँति विदित है। सूर का उक्त पद भाव की दृष्टि से भागवत पर आधारित है परन्तु कृष्ण को रथ में बिठाकर मथुरा की ओर जाते समय अक्रूर के मन मे होने वाले जिस अन्तर्द्वन्द्व का चित्रण सूर ने किया है वह उनकी नितान्त मौलिक भावानुभूति का प्रमाण है। व्रजवासियों को दुखी करके क्रूर कस के पास कृष्ण को ले जाना उन्हे पाप कर्म लगता है, साथ ही उन्हे कस का भय भी है। इस अन्तर्द्वन्द्व से पीडित होकर उनका मन आत्मग्लानि से भर जाता है।

मनहि मन अक्रूर सोच भारी ।
जननि दुखित करी इनहि मैं लै चल्यो भई व्याकुल सबै घोष नारी ।
अतिहि ए बाल भोजन नवनीत के जानि तिन्हैं लीन्हे जात दनुज पासा ।
कुवलयामल्ल मुष्टिक चाणूर से कियो मैं कर्म यह अति उदासा ।
फेरि लै जाउँ ब्रज श्याम बलराम को कंस लै मोंहि तब जीव मारै ।
सूर पूरण ब्रह्म निगम नाही गम्य तिनहि अक्रूर मन यह विचारै ।

—सू० सा०, पृ० ५८७

किन्तु जहाँ सूर ने अक्रूर के मन मे उठने वाली इन मानवीय भावनाओं की अभिव्यक्ति के लिए स्थल खोज लिया वहाँ कृष्ण के ब्रह्मत्व का निरूपण करना ही उनका प्रधान लक्ष्य रहा है । यह भक्त कवियो की एक सहज प्रवृत्ति रही है ।

नरसी मे भी यह प्रवृत्ति परिलक्षित होती है परन्तु अक्रूर की आर्त दशा उन्होने सूर की तरह किसी आभ्यंतरिक अन्तर्द्वन्द्व के कारण न दिखा कर एक ऐसे कारण से दिखायी है जो पूर्णतया बाह्य तथा स्थूल है । कृष्ण से मिलने के लिए उतावली गोपियाँ अक्रूर को ही कृष्ण समझ लेती हैं और 'स्पर्शसुख' पाने की झोंक में उनकी दुर्दशा बना देती हैं । अक्रूर घबराहट मे अपना नाम तक ठीक से नही बता पाते—

गोपी कहे हरि आव्या दावे रे, लीजीअे रस हवे भरपूर ।
अेम बोली मनमा डोली रे, अक्रूर पकडिया तेणि वार ।
स्पर्शसुख माटे झाल्या रे, हाथ, पग, शीर, केश अपार ।
ज्यम कीडीयो कीटने पकडे रे, त्यम अक्रूर वीटी लीधा ।
कुजमा लइ जइअे चालो रे हवे मनोरथ सीध्या ।
अक्रूर केहे नोय नोय कृष्ण रे, अ अ क्रू क्रू ररररर बोलाय ।

—न० कृ० का०, पृ० ६२

चीटियों द्वारा पकड़े गये कीड़े की तरह अक्रूर की एक बात भी गोपियाँ नही सुनती हैं तब वे त्राहि त्राहि करके कृष्ण से सहायता की प्रार्थना करते हैं—

अक्रूर बोले धणुं, नव को सुणे ते तणु, वण्यु दीन रूप हरि भक्त केरुं ।
स्हाय माहरी करो, नहितो निश्चे मरु हुं ने उगारो तमे थइने हेरुं ।

—वही, पृ० ६३

सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाय तो अक्रूर की स्थिति कारुणिक होने के स्थान पर हास्यास्पद हो गयी है जो प्रस्तुत प्रसंग में वियोग के पूर्व के गहन दुःखमय वातावरण के अनुकूल

प्रतीत नही होती। रसास्वादन मे सहायक होने के स्थान पर वह एक प्रकार से उसमे बाधक सिद्ध होती है। गोपियों में भी विछोह के अवसर पर 'स्पर्शसुख' को पाने की जो अंध उतावली प्रदर्शित की गयी है वह प्रेम के सूक्ष्म रूप को व्यक्त करने के स्थान पर स्थूल रूप को ही अधिक व्यक्त करती है। कृष्ण 'कुंजररूप' होकर गोपियो को 'कदली' की तरह मर्दित करके परिश्रान्त करते है। इस सादृश से भी प्रेम के स्थूल रूप की ही व्यजना होती है।

इस तरह के वासनापूर्ण प्रेम का चित्रण करना नरसी का स्वभाव है किन्तु इसके साथ 'गोविदगमन' मे उन्होंने गोपियों की मानसिक व्यथा, तथा कृष्ण के प्रति तीव्र आसक्ति का भी चित्रण किया है।

नरसी के कृष्ण सारे ब्रज में इतने लोकप्रिय रहे कि सारे गोप-गोपी सोते-जागते, बैठते-उठते उन्ही का नाम लेते रहते। जब कृष्ण के गमन का समाचार उन्हें मिलता है तो गोपियाँ दुख से दग्ध होकर पति, परिवार की चिता भूल जाती है और गोप उत्तेजित होकर अक्रूर को मारने का विचार करने लगते है—

क—सूता वेसता उठता रमता जमता करे कृष्ण।
बाल रुओ कृष्ण कृष्ण कही, न मटे कोनी तृष्ण॥

—न० कृ० का०, पृ० ५६

ख—कृष्ण जवानु साभल्यु गोपियोअे ज्यारे जी।
बाघ देखी अजा जेवी तेम थई स्त्रियो त्यारे जी।
कोना ससरा स्वामी पिता भ्राता हुता जी।
माटे 'गले झलाइ' गई त्याथी सौको दुहिता जी।
वली त्यां गोप सखाअे सुण्यु गमन जी।
तिणे तो अक्रूर मारवानु कीधु मंन जी।

—वही, पृ० २७

सूरदास ने भी कृष्ण के मथुरा-गमन का समाचार सुनकर उदास गोप-गोपियो का चित्रण किया है पर उन्होंने गोपों मे वैसी उत्तेजना प्रदर्शित नही की जैसी नरसी ने की है—

सब मुरझानी री चलिबे की सुनत भनक।
गोपी ग्वाल नैन जल ढारत गोकुल ह्वै रह्यो मूँदचनक।
यह अक्रूर कहाँ ते आयो दाहन लाग्यो देह दनक।
सूरदास स्वामी के बिछुरत घट नहि रैहै प्राण तनक।

—सू० सा०, पृ० ५८०

इसके अतिरिक्त सूर ने एक ऐसी गोपी की दशा का वर्णन किया है जिससे स्वय कृष्ण ने अपने जाने की बात कही। जिसके केवल चलने की भनक सुनते ही गोपियाँ मुरझा जाती हो उसके स्वयं कहने पर कितनी गभीर वेदना उस गोपी की हुई होगी, यह सूर की वाणी से ही व्यक्त हो सकता है। 'जल ज्यों जात बही' कह कर सूर ने उसकी अश्रुविगलित दशा की व्यंजना की है—

हरि मोसो गौन की कथा कही।
मन गह्वर मोहि उतर न आयो हौ सुनि सोचि रही।
सुनि सखि सत्य भाव की बातैं विरह वेलि उलही।
करवत चिन्ह कहे हरि हमको ते अब होत सही।
आजु सखी सपने मैं देख्यो सागर पालि ढही।
सूरदास प्रभु तुम्हरो गवन सुनि जल ज्यों जाति बही॥

—सू० सा०, पृ० ५८०

कृष्ण के प्रवास से खिन्न होकर विगत। स्नेह-स्मृतियों से आपूरित नरसी की राधा अतिशय स्मरणशील हो उठती है। कृष्ण ने एक बार उसे मिलन का वचन दिया और नही आये। उसने उनके आलस भरे शरीर को देखकर सब कुछ समझ लिया। वह कृष्ण से झगड़ पड़ी, रूठ गयी। कृष्ण ने मनाने के सौ यत्न किये पर नही मानी। कृष्ण ने उसे एक दिन कुंजगली मे मटकी ले जाते हुए देख लिया और 'अलि अलि सर्प' कह कर डरा दिया। फिर जब सर्प के भय से राधा काँपने लगी और सारा मान भूल कर 'कृष्ण कृष्ण' पुकार उठी तो अचानक आकर आलिगन में भर लिया—

केवडा ऊपर काली जशो सर्प अे 'अलि अलि सर्प' अेम शब्द सुनियो।
अंग ध्रूजी गयुं केश विखरइ गया, शरीर सारे परस्वेद वळियो।
नासता नासता हु पडु आखडु, त्रास पामी घणु मन मांही।
वडाई ने विसरी, हे कृष्ण! कृष्ण! ऊचरी, गोपीनो नाथ मैं निरख्यो त्यांही।
वा' लो दडबड धोडियो, मुजने आलिगियो 'डर नही, डर नही' अेम भाख्यु।
नरसंइना नाथनु कपट कळी गई तोय वाई हेत अेनुं अेज राख्युं।

—न० कृ० का०, पृ० ६०

सूरदास ने भी एक स्थल पर कृष्ण के वियोग मे राधा को ठीक ऐसी ही पूर्व स्मृति-संकुल मनःस्थिति मे चित्रित किया है। उसे भी मान करने का घना पश्चात्ताप हो रहा है—

मेरे मन इतनी शूल सही।
वै बतियाँ छतियाँ लिखि राखी जे नँदलाल कही।
एक दिवस मेरे गृह आये हौ ही मथत दही।
रति माँगत मैं मान कियो सखि सो हरि गुसा गही।
सोचति अति पछिताति राधिका मूर्छित धरनि ढही।
सूरदास प्रभु के बिछुरे ते व्यथा न जाति सही।

—सू० सा०, पृ० ६३८

कृष्ण से अपने सुकुमार सम्बन्ध की सरस स्मृतियों में डूबी नरसी की विरहिणी राधा आधी रात, प्रभात किसी भी समय गा उठती, कृष्ण कृष्ण रटने लगती। राधा के वेदनासिक्त स्वर का वाह्य जगत् पर व्यापक एवं मार्मिक प्रभाव अंकित करके नरसी ने राधा की विरहव्यथा को सूफियों की तरह रहस्यात्मक बना दिया है। उसके स्वर को सुन कर पशु पक्षी जाग उठते है, यमुना डोलने लगती है, सूर्य उग आता है, कमल खिल जाते है और कुमुदिनी के मन मे त्रास उत्पन्न हो जाता है—

आ विधे कृष्णचरित्रना, गाय मधराते प्रभात।
विरह कृष्ण कृष्ण उच्चरती जुअे व्हाणु वायानीवाट।
पंखीमात्र नही पण पशु जागिया, सुणी स्वामिनी मुख वाण।
त्या स्थिर जमना लागी डोलवा, स्वर थयो जळचर ने जाण।
स्वर सुणियो सूरज देवता, पाळा धाय करवा प्रकाश।
स्वर सुणि रे कमळ खीलिया, उपन्यो पोयणी ने त्रास।

—वही

असह्य वेदना से उबरने का अन्य कोई उपाय न देखकर राधा नरसी के द्वारा कृष्ण के पास पत्र भेजती है जिसे लिखते समय वह इतनी विभोर एवं शिथिल हो जाती है कि 'मुआ हाथ' काम ही नहीं करता। यहाँ 'मुआ' शब्द भावव्यंजना की अद्भुत शक्ति रखता है। कमलपत्र पर राधा जो कुछ लिख पाती है उससे उसके दैन्यविगलित हृदय की पूरी झलक मिलती है—

अमो अबुध अबला शु लखुं छो सर्वज्ञ घनश्याम।
करगरी लखीअे किकरी, जाउं जमडाने धाम।
वली निश्चे मनमां कर्यु, आवु जाओ ते गाम।
वुध लखुं शु रे विट्ठळा, मुआ हाथ न करे काम।

—वही, पृ० ६५

कवियों द्वारा नद और यशोदा आदि की मनोदशा का जो चित्रण किया गया है उसका परिचय अन्यत्र दिया जा चुका है ।

नरसी ने कृष्ण के ब्रज से बिछुड़ते समय धेनु- प्रेम को जिस रूप मे व्यक्त किया है वह गुजराती काव्य मे अद्वितीय है । जिस समय गायें कृष्ण के मथुरागमन का आभास पाती हैं , तत्काल 'हिसारव' करती, बधन तोडती, गौशाला फोड़ती निकल पड़ती हैं । कृष्ण भी उन्हे देखने के लिए अक्रूर के साथ गौशाला मे जाते हैं । कृष्ण को देखते ही गाये चारों ओर से उन्हे घेर लेती हैं और प्रिय के हाथ का स्पर्श पाकर उनकी आँखों से आँसू बहने लगते है । वे यशोदा को बुलाकर गायों और बछडो की दीन दशा दिखलाते हैं । गायें इस प्रकार कातर दृष्टि से कृष्ण को देखती हैं जैसे उन्हे रोकना चाहती हों । पीठ पर हाथ फेरते हुए आश्वासन देकर जब कृष्ण जाने लगते हैं तो वे बडी देर तक गर्दन उठा उठा कर उन्हे देखती रहती हैं और अत मे निराश होकर पड रहती हैं—

> गायोअे जावानु जाण्यु ज्यारे रे, मोटा हिंसारव कीधा तारे रे ।
> तोडी वरेडुं गौशाला फोडी रे, नीकली गायोनी घणी जोडी रे ।
> धेनु प्रेम निरखियो नाथे रे, पेठा गौशाळा मां अक्रूर साथे रे ।
> आवी गायोअे गोविद घेर्या रे, हरिये वारा फरती कर फेर्या रे ।
> चक्षुथी चोधारे अश्रु खरता रे, बां बा शब्द वाछरुं करता रे ।
> जाणी गायो तेमज भणती रे, लेइ जावाना शब्दो सुणती रे ।
> न जावा देवा अेवु दीसे रे, हिसारव करी माहे मांहे हीसे रे ।
> हरिअे जननी ने त्यां बोलावी रे, जशोमती व्हेली व्हेली आवी रे ।
> बोलिया हरि मुखथी हसी रे, आवी जोइ लेओ गायो जशी रे ।
> काळी काबरी खोडी बोडी रे, धोळी पीळीनी रुडी जोडी रे ।
> हंसली बगली पोषणी राती रे, गोमती टिळवी रखे कंइ जाती रे ।
> तेना वाछरुं सघलां जो जो रे, गायने केहे काळे न आवुं तो रोजो रे ।
> कमळ कर पीठ ऊपर धरी रे, गायो रीझवी नीकळ्या हरि रे ।
> ऊँची डोक करी करी भाले रे, हरि ने जोतां गायो न्याले रे ।
> अदर्श थया ज्यारे दयाल रे, निराशी पडी गायो ततकाल रे ।
>
> —वही, पृ० ६७

ब्रजभाषा में सूर ने गायों की वेदना को तो व्यक्त किया ही है, साथ ही उनके स्वभाव का अधिक सूक्ष्म निरूपण किया है । उन्होंने कृष्ण से बिछुड़ती हुई गायों की दशा अंकित न करके बिछुड़ने के बाद उनकी जैसी कारुणिक अवस्था हो जाती है उसका

अंकन किया है। प्रसंग-भेद अवश्य है परंतु यहाँ तुलना की दृष्टि से सूर का एक पद उद्धृत कर देना अनुचित न होगा—

> मधुकर इतनी कहियहु जाइ।
> अति कृशगात भई ए तुम बिनु परम दुखारी गाइ।
> जलसमूह बरषति दोउ आँखें, हूँकति लीने नाँउ।
> जहाँ जहाँ गोदोहन कीनो सूँघति सोई ठाँउ।
> परति पछार खाइ छिनही छिन अति आतुर ह्वै दीन।
> मानहु सूर काढ़ि डारी है वारि मध्य ते मीन।
>
> —सू० सा०, पृ० ७११

नरसी के 'उँची डोक करी करी भाले रे' में जितनी स्वाभाविकता है उससे अधिक स्वाभाविकता नाम सुनते ही हूकने और गोदोहन के स्थानों को जा जा कर सूघने में है परन्तु जहाँ तक संवेदना का प्रश्न है, नरसी और सूर दोनों के वर्णनों में वह समान रूप से उपलब्ध होती है।

नरसी ने जिस प्रकार गायो की कातरता एव उत्सुकता का मर्मस्पर्शी चित्रण किया है उसी प्रकार कृष्ण से बिछुडती हुई गोपियों की मनस्थिति को भी पूरी तरह अभिव्यक्त किया है। सारी गोपियाँ कृष्ण से मिलने के लिए अत्यन्त उत्सुक हे। घर की बड़ी-बूढ़ी मना करती ही रह जाती है और वे भरे जल को ढलका कर सुनी-अनसुनी करती हुई जल भरने के बहाने घर से निकल ही पडती हैं—

> आ आवी कही चाली गोपियो, जोई सासुं लढवा धाती रे।
> भर्यु पाणी वृथा ढोळी बहुवर, सुण्यु न सुण्युं करी जाती रे।
>
> —न० कृ० का०, पृ० ६४

कृष्ण का रथ जब मथुरा की ओर चल पड़ता है तो वे राह में जा खड़ी होती हैं। कृष्ण की आज्ञा से अक्रूर रथ हाँकने मे अपना पूरा कौशल प्रदर्शित करते है परन्तु गोपियाँ आगे-पीछे गिरती-पड़ती, उड़ती हुई धूल मे भी रथ को पकड लेती है। चतुर राधा पहिये की कील निकाल कर रथारोहियों को पराजित कर देती है। भावावेश मे वे अक्रूर को मारने और कृष्ण-बलराम को कुंज में उठा ले जाने के लिए उद्यत हो जाती है—

> अक्रूर ने मारो बाँधो पछाडो, बे वीर कुजे लीजे।
> अबलाओ बलवता पकड्या नरसँहियो घणु रीझे।
>
> —वही, पृ० ६९

कुंज तक जाने के लिए कृष्ण जब हाथी माँगते हैं तो वे तत्काल मिलजुल कर नारी कुंजर का रूप बना लेती हैं और कुज मे जाकर रास-विलास में मग्न हो जाती हैं। गोपियाँ कृष्ण को किसी प्रकार छोड़ने को राजी नही होती-जब वे पिता की सौगन्ध खाकर शीघ्र आने को कहते है तब कही मुक्ति पाते हैं। अत मे लाख प्रयत्न करने पर भी जब विदा की वेला आ ही जाती है तो वे कृष्ण के अगणित आश्वासनों पर सदेह करती हुई बार बार शीघ्र आने का आग्रह करती हैं। कृष्ण चल देते हैं तो वे प्रेमाभिभूत होकर उनके डग गिनती रह जाती हैं—

वेहेला आवजो, वेहेला आवजो, अेम गोपी भणती जी।
नरसंइयानो स्वामी तो चाल्यो गोपीयो डगला गणती जी।
—वही, पृ० ७३

इसी तरह जब कृष्ण का रथ बजता हुआ चल पड़ता है तो वे उसे टकटकी बाँध कर देखती रहती हैं। ज्यों ज्यों रथ दूर जाने लगता है त्यों त्यों उनकी उत्सुकता बढ़ती जाती है और वे उच्च से उच्चतर वृक्ष पर चढ कर उसे देखने का प्रयास करती हैं। पहले रथ में कृष्ण दीखते रहते हैं, फिर रथ ही दिखाई पड़ता है और अंत मे जब उसकी ध्वजा भी छिप जाती है तो सारी गोपियाँ दुख के अतिरेक मे चेतनाहीन होकर पृथ्वी पर गिर पड़ती हैं। यहाँ परिस्थिति के अनुकूल नरसी ने गोपियों की स्नेहाकर्षणजन्य उत्सुकता का जो क्रमिक विकास चित्रित किया है वह काव्य की दृष्टि से सराहनीय है—

रथ वेगे वाजे घणो रे, ते गोपी टकटक जोय।
अरे सखि हरि तो गया रे, शी वले आपणी होय।
जेवा तेवा हरि दीसशे रे, चालो चढ़िये ऊंची डाल।
जेम जेम हरि जाय छे रे, तेम तेम ऊंची चढ़ती बाल।
पछे हरि दिखता रह्या रे, एक रथ देखे सहुको नार।
ओ रथ दिसतो रह्यो रे टकटक धज जोई रही निरधार।
धज पण छूपी गयो रे, तही रज जोती ते काल।
ते जब नव लही रे, ताड चढी कीर्तिनी बाल।
ताडथी दीसता रह्या रे, के वृक्षथी पडी गइ निराश।
त्रास त्रास वरतइ रह्यो रे, राधा जीव्यानी मूकी आश।
लोथ्यो पड़ी अेक अेक परी रे, कोइ नव लीजे तपास।
माधव ने शु कहीये रे, प्रभुअे घणो कर्यो विनाश।
—वही

नरसी की गोपियाँ भावुक होने के साथ ही क्रियाशील भी बनी रहती हैं। उनकी भावना उन्हे मिलन और दर्शन के लिए प्रयत्नरत रहने की प्रेरणा देती हैं। इसके विरुद्ध सूर की गोपियों का भावातिरेक उन्हें सारी परिस्थिति के प्रति विचित्र प्रकार से निश्चेष्ट, निष्क्रिय तथा जड़ बना देता है। वे केवल पश्चात्ताप, रुदन एव क्रदन करती रह जाती हैं। उनकी सारी चतुरता विरहानुभूति की गभीर अश्रुधारा में बह जाती है। वे लाज त्याग कर कृष्ण को मथुरा जाने से रोकने की बात सोचती हैं पर जब अवसर आता है तो उनसे प्रेम के कारण बोला तक नही जाता, सारा शरीर रोमाच से भर जाता है—

गोपालहि राखहु मधुबन जात।
लाज गहे कछु काज न सरिहै बिछुरत नद के तात।
रथ आरूढ़ होत बलि बलि गई होइ आयो परभात।
सूरदास प्रभु बोलि न आयो प्रेमपुलकि सब गात॥

—सू० सा० पृ० ५८४

कृष्ण रथ पर चढ कर चल भी देते हैं फिर भी उनसे गभीर दुःखानुभूति के कारण कुछ करते ही नही बनता, जहाँ की तहाँ चित्रवत् खड़ी रह जाती हैं—

रही जहाँ सो तहाँ सब ठाढ़ी।
हरि के चलत देखियत ऐसी मनहु चित्त लिखि काढ़ी।
सूखे वदन स्रवत नैनन ते जलधारा उर बाढी।
कधनि बाँह धरे चितवति द्रुम मनहु बेलि दव डाढ़ी।
नीरस करि छाँड़ी सुफलक सुत जैसे दूध बिन साढ़ी।
सूरदास अक्रूर कृपा ते सही विपति तनु गाढ़ी।

—वही, पृ० ५८५

कृष्ण से उनकी चेतना पूर्णतया आबद्ध रहती है। विसुधि एवं निष्क्रियता उसी का एक परिणाम है, उसकी न्यूनता अथवा अभाव का प्रमाण नही। विछोह के अवसर पर उनके प्रेम में वासना की उष्णता तथा चपलता की गंध भी नही रह जाती। न तो वे नरसी की गोपियों की तरह मार्ग में व्यूह बना कर उन्हें रोकने का प्रयास करती हैं और न कुंज में ले जाकर रास-विलास में निमग्न होती हैं। जब उनके प्रेम का बल कृष्ण को नहीं रोक पाया तो बौद्धिक और शारीरिक बल का प्रयोग वे क्यों करें। स्थूल चेष्टाएँ उनकी सुकुमार भावना के अनुकूल नही पडती। परन्तु सुकुमार हो कर भी उनकी भावना हृदय के गभीरतर स्तरों तक व्याप्त दीखती है। रथ को

देखने की लालसा, कृष्ण के प्रति अनुरक्ति एव उनके साथ रहने की इच्छा उनमें किसी प्रकार भी नरसी की गोपियों से कम प्रतीत नही होती। रथ कितनी दूर गया इसकी जिज्ञासा, रथ उनके कृष्ण को लेकर जा रहा है इसकी अनुभूति, रथ के साथ साथ धूल, पताका पवन आदि होकर मथुरा तक जाने की लालसा तथा रथ के चले जाने पर मूर्छित होकर गिर पडना इसका प्रमाण है—

क—केतिक दूरि गयो रथ माई ?
नँद-नंदन के चलत सखी री तिनको मिलन न पाई।
एक दिवस हौ द्वार नद के नही रहति बिनु आई।
आजु विधाता मति मेरी गई भौन काज बिरमाई।

—सू० सा०, पृ० ५८५

ख—सखी री वह देखौ रथ जात।
कमलनैन काँधे पर न्यारो पीत वसन फहरात।

—वही

ग—पाछे ही चितवत मेरे लोचन आगे परत न पाँइ।
मन लै चली माधुरी मूरति कहा करौ ब्रज जाइ।
पवन न भई, पताका अबर भई न रथ के अग।
धूरि न भई चरण लपटाती जाती वहँ लौ संग।
ठाढी कहा करौ मेरी सजनी जिहि विधि मिलहि गोपाल।
सूरदास प्रभु पठै मधुपुरी मुरझि परी ब्रजबाल।

—वही

भाव-विकास की अन्तिम सीमा सूर और नरसी में समान है परन्तु मध्य की भाव-स्थिति में पर्याप्त अन्तर है। बचपन का प्रेम और रथ की धूल के कारण कृष्ण को भर आँख न देख पाने की विवशता उन्हे बहुत समय तक कचोटती रहती है—

अब तो है हम निपट अनाथ।
जैसे मधु तोरे की माखी त्यो हम बिनु ब्रजनाथ।
अधर अमृत की पीर मुई हम बाल दशा ते जोरि।
सो छिड़ाय सुफलक-सुत लै गयो अनायास ही तोरि।
जौंलगि पानि पलक मीड़त रही तौ लगि चलि गये दूरि।
करि निरध निबहै दै माई आँखिन रथ पद धूरि।

—सू० सा०, पृ० ६१०

बलराम और कृष्ण को अवश्य सूर ने नितान्त निस्पृह एव निर्लिप्त रूप मे चित्रित किया है। बिछोह का ऐसा अवसर भी उनके मन मे किसी प्रकार के भाव उत्पन्न नही कर पाता—

> व्याकुल भये ब्रज के लोग।
> श्याम मन नहिं नेक आनत ब्रह्म पूरण योग।
> कौन माता पिता को है, कौन पति को नारि ?
> हँसत दोउ अक्रूर के सँग नवल नेह बिसारि।
>
> —वही, पृ० ५८०।

नरसी के कृष्ण ऐसे नही हैं। वे 'प्रेमाकुश' पकड कर नारीकुजर का आरोहण करते हुए कुज मे क्रीड़ा करने जाते है और जाते जाते फिर आने का वचन भी देते जाते है पर भावुकता उनमे भी उत्पन्न नही होती।

९ **भ्रमरगीत**—कृष्ण-काव्य मे भ्रमरगीत का प्रसग ब्रजवासियो विशेषकर गोपियो की मनोदशा की अभिव्यक्ति का अत्यन्त प्रधान केन्द्र रहा है। क्रमशः इसमे सैद्धान्तिकता का समावेश हो गया परन्तु उससे भावाभिव्यक्ति की क्षति न होकर कुछ उत्कर्ष ही हुआ है। गोपियाँ भक्ति एवं प्रेम का प्रतीक बन गई। ज्ञान और योग के समर्थनकर्ता उद्धव को वे प्राय. अपनी गम्भीर प्रणयानुभूति और निश्चल आसक्ति से पराजित कर देती है। बौद्धिक तर्क की अपेक्षा वे अश्रु और उच्छ्वास का आश्रय लेती है जो उनके बिरहविदीर्ण हृदय की सहज अभिव्यक्ति करते है। ऐसे कबि कम है जिन्होंने गोपियों के भावों के साथ कृष्ण के भावों का भी अंकन इस प्रसंग मे किया हो। सूरदास और भालण ने कृष्ण के ब्रज-प्रेम का अंकन किया है परन्तु दोनों मे मौलिक अतर है। सूर के कृष्ण ब्रज और ब्रजवासियों के प्रति जो ममता व्यक्त करते है वह 'छल' के रूप मे प्रकट की गई है। निर्लिप्त कृष्ण उद्धव का ज्ञानगर्व नष्ट करने के निमित्त वैसे भाव प्रदर्शित करते है परन्तु भालण ने अपने कृष्ण मे ब्रज के प्रेम का जो चित्रण किया है वह वास्तविक है। उनके भाव छलमय होकर पूर्णतया निश्छल रूप मे व्यक्त किये गये है,।[३७] किसी निमित्त से भावों को व्यक्त करना भावो के असत्य होने का आवश्यक प्रमाण नही है, फिर भी सूर की अपेक्षा भालण के कृष्ण की स्थिति मानवीयता की दृष्टि से अधिक स्वाभाविक प्रतीत होती है। गुजराती के अन्य कवि प्रेमानद ने भी इस स्थल पर अपने पूर्ववर्ती भालण की ही तरह कृष्ण को मानवीय दुर्बलताओं से आपूर्ण चित्रित किया है।[३८]

यही नही, प्रेमानंद ने उद्धव में ज्ञानगर्व की अपेक्षा गोपियों के प्रेम के प्रति आदर तथा कोमलता का भाव आदि से ही चित्रित किया है—

जड लोचने जोउं ब्रजवधू, मारो थम पिड पवित्र ।

—श्रीम० भा० पृ० ३२५

मालण ने कृष्ण की उन ममतापूर्ण ब्रज-स्मृतियो का विस्तार से आलेखन किया है जिनमे वे मथुरा के राजवैभव की अपेक्षा ब्रज के वन्य वातावरण और सहज सुख को अधिक प्रिय स्वीकार करते है । गोपियों और यशोदा के साथ बीती हुई अनेक सुकुमार घटनाओं का स्मरण करके वे उद्धव को अपना अभिन्न मित्र समझकर ब्रजवासियो का दुख दूर करने भेजते है । उद्धव कृष्ण का सदेश ब्रज मे लाते है इस वस्तु को तो कवियों ने सामान्यत: स्वीकार किया है परन्तु उसकी भावभूमि को कुछ ने अपनी-अपनी रुचि के अनुसार परिवर्तित एव विस्तृत कर लिया है । भावाभिव्यक्ति के क्षेत्र में सूर की विशेषता यहाँ भी परिलक्षित होती है । उद्धव के मथुरा लौट आने पर गोपियों की दशा सुन कर कृष्ण के हृदय मे वास्तविक उद्वेलन होता है । दुखी गोपियों के पास योग का सदेश भेज कर वे पछताते है—

सुनु उधो मोहि नेक न बिसरत वे ब्रजवासी लोग ।
तुम उनको कछु भली न कीनी निशिदिन दियो वियोग ।
यद्यपि वसुदेव देवकी मथुरा सकल राज-सुख भोग ।
तदपि मनहि बसत बसीवट ब्रज यमुना सयोग ।
वे उत रहत प्रेम अवलबन इतते पठयो योग ।
सूर उसास छाँड़ि भरि लोचन बढ्यो विरह ज्वर शोग ।

—सू० सा०, पृ० ७२५

कृष्ण की मन.स्थिति पूर्ववर्णित मन.स्थिति से विरोध उपस्थित करती है परन्तु विचारकरने पर विरोध विरोध न रहकर विरोधाभास सिद्ध होता है क्योंकि कृष्ण उद्धव को गोपियों के पास ब्रज-प्रेम की महिमा समझाने के लिए ही तो भेजते है । यह उद्देश्य उनके हृदय मे अन्तर्निहित ब्रजप्रेम को व्यजित करता है । सूर ने इसको उक्त पद मे अभिव्यक्त किया है । यों सूर ने कृष्ण को कभी निर्लिप्त, निष्काम तथा निर्विकार रूप मे चित्रित किया है और कभी उनमे भावों, अकामनाओं तथा मनोविकारों का भी प्रदर्शन किया है, इसमे सदेह नही ।

संदेश पाने से पूर्व ब्रजवासियों की मनोदशा—सदेश पाने से पहले ब्रजवासियो में जो आशामयी उत्सुकता उत्पन्न होती है उसको सूर ने पूरी तरह प्रत्यक्ष करके व्यक्त किया है । गोपियों की वृत्ति कृष्ण में इतनी रमी हुई है कि उन्हे उद्धव के आने का आभास अपने आप हो जाता है; सुख-दुख का मिश्रित अनुभव होने लगता

हैं और वे प्रिय के आगम को जताने वाले काग को खीर और पाग देने की कामना करने लगती हैं।[३१]

भावमुग्ध अवस्था मे गोपियाँ वेश-साम्य देख कर उद्धव को ही कृष्ण समझ लेती हैं। यह भ्रान्ति सारे ब्रजवासियो के हृदयों को आन्दोलित कर देती है। नद, यशोदा, ब्रजललनाएँ तथा गोवृंद सभी प्रेम जन्य अनुभावो से आपूरित हो जाते हैं। उनमें वितर्क का भी सचार होने लगता है—

घर घर इहैं शब्द पर्‌यो।
सुनत यशुमति धाइ निकसी हर्षि हियो भर्‌यो।
नद हर्षित चले आगे सखा हर्षत अग।
झुड झुडन नारि हर्षित चली उदधितरग।
गाइ हर्षत पय स्रवत थन हुकरत गउ बाल।
उमँगि अग न मात कोऊ वृध तरुन अरु बाल।
कोउ कहत बलराम नाही श्याम रथ पर एक।
कोउ कहत प्रभु सूर दोऊ रचित बात अनेक।

—सू० सा० पृ० ६४६

इतनी आशान्वित उत्सुकता के बाद जब उन्हें ज्ञात होता है कि वस्तुतः कृष्ण नही हैं, उद्धव हैं तो वे तत्काल मूर्छित हो जाती हैं। यह मूर्छा कृष्ण के प्रति उनकी गहरी आसक्ति की परिचायक है। उन्हे लगा जैसे स्वप्न में पाया साम्राज्य छिन गया हो।

जबहिं कह्यो ए श्याम नही।
परी मुरझि धरणी ब्रजबाला जो जहँ रही सु तही।
सपने की रजधानी ह्वै गई जो जागी कछु नाही।
बारबार रथ ओर निहारहिं श्याम बिना अकुलाही।

—वही

कृष्ण की कुशल पूछते हुए भी उनका कलेजा काँपता रहता है। हर्ष के साथ ही आशका उन्हे व्याप्त हो जाती है—

पूछत कुशल नारि नर हरषत आये सब ब्रजवास।
सकसकात तन धकधकात उर अकबकात सब ठाढ़े।

—वही, पृ० ६४८

इस स्थल पर किसी भी गुजराती कवि ने इतनी कुशलता से भावाकन नही किया है। प्रेमानद ने नद-यशोदा मे तो आशामयी उत्सुकता प्रदर्शित की है परन्तु गोपियो की मानसिक प्रतिक्रिया भिन्न रूप मे चित्रित की है। वे नद के द्वार पर रथ देख कर अक्रूर के आने की भ्रान्त कल्पना कर लेती है और इसी भ्रान्ति के वशीभूत होकर भावावेश मे सारथी को मारने लगती है—

सारथि लीधो मारवा, क्रोधे गोपिका उन्मत्त।
शु पुनरपि पापी आवियो, अक्रूर नद ने गेह।
—श्रीम० भा०, पृ० ३२५

निश्चय ही इस कठोर भावाभिव्यक्ति की तुलना सूर के कोमल भावनिरूपण तथा सूक्ष्म अनुभूति से नही की जा सकती। यों सूर की कुछ गोपियों को भी उद्धव के रथ से अक्रूर के पुनरागमन का आभास होता है—

आजु ब्रज कोऊ आयो है।
कैधौ बहुरि अक्रूर क्रूर है जियत जानि उठि धायो है।

पर इसे केवल आभास तक सीमित रखकर सूर ने भाव के सौन्दर्य की पूरी तरह रक्षा की है।

सूर की गोपियो मे अप्रतिहत अबाध कृष्ण-प्रेम परिलक्षित होता है। कृष्ण के न आने की बात जान कर जो गहरी निराशा उन्हें होती है उसी के भीतर से कृष्ण की पाती में कुछ पा जाने की आशा फूट पडती है। आगन्तुक के प्रति जो आशामयी उत्सुकता उनमें उत्पन्न हुई थी वह पाती को देखकर पुनः जग उठती है। कृष्ण के हाथ के लिखे हुए अक्षर पाकर वे इतनी अधिक भावविह्वल हो जाती है कि आँसू बहाने के अतिरिक्त प्रिय के सदेश को पढ़ने की भी चेतना नही रहती। वे उसे बार बार हृदय से लगाकर आत्मविभोर हो जाती हैं—

निरखत अंक श्याम सुन्दर के बार बार लावत लै छाती।
लोचन जल कागद मसि मिलिकै ह्वै गई श्याम जू की पाती।
—सू० सा०, पृ० ६४९

संदेश की प्रतिक्रिया—उद्धव के द्वारा कृष्ण का ज्ञान, योग, तपस्या और निर्गुण ब्रह्म की उपासना का क्रूर सदेश पाकर गोपियों के स्नेहाप्लावित हृदय में जो प्रतिक्रिया होती है उसे कवियो ने कही स्वाभाविकता के साथ कही अतिरंजना के साथ,

पूरा विस्तार देकर चित्रित किया है। एक तो यह प्रतिक्रिया अनेकमुखी होती है-दूसरे उतनी ही गभीर जितनी गभीर गोपियो की प्रीति है। दोनों ही बातें मानव-मनोविज्ञान के अनुकूल है। गोपियों का आक्रोश पहले पहल उन कृष्ण पर होता है जिन्होंने प्रीति करके धोखा दिया और ऐसा सदेश भेजा। भ्रमर को आधार बना कर वे अपना सारा आक्रोश कृष्ण की जैसी लपटता, चचलता, स्वार्थपरता, अस्थिर प्रीति तथा क्षणिक रसलुब्धता का बखान करती हुई प्रकारान्तर से व्यक्त कर डालती हैं। फिर वे उन उद्धव पर रुष्ट होती है जो ज्ञान का सदेश लाद कर ब्रज लाये। इसके बाद जब वे कृष्ण की इस आकस्मिक विरति का कारण खोजती है तो उनकी वाग्धारा कुब्जा की ओर मुड जाती है और वे कृष्ण और कुब्जा के अवैध एव अशोभन सबंध की कल्पना करके तीव्र से तीव्र व्यग्य करने लगती है।

सदेश में कही हुई प्रत्येक बात का उन्हे भिन्न ही अर्थ प्रतिभासित होने लगता है। वे एक के बाद एक प्रहार करके उस सदेश की धज्जियाँ उडाने लगती है। जिस पाती में सदेश लिख कर भेजा गया और जिसे प्रेम की पाती समझ कर उनका हृदय लहरा उठा था उसे वे पढती तक नही। कुछ कवियो ने इस तीव्र भावात्मक प्रतिक्रिया को उसकी गंभीरता के साथ आत्मसात् न करके बौद्धिक रूप दे दिया है परन्तु अधिकतर काव्य में इसका भावात्मक रूप ही प्रकट किया गया है। सूर ने प्रतिक्रिया की गभीरता तथा उसके बहुमुखी प्रसार को पूरी तरह अभिव्यक्त किया है। अन्य कवियो में इसकी आंशिक अभिव्यक्ति मिलती है। गुजराती तथा ब्रजभाषा के समस्त कृष्ण-काव्य में भ्रमरगीत सम्बन्धी भावनाओं के आलेखन में सूर का स्थान सर्वोपरि है।

सूर की गोपियो का प्रत्येक उद्गार सीधा हृदय से मिश्रित हुआ लगता है। इन उद्गारो में कवि ने सूक्ष्म से सूक्ष्म सवेदन को तीव्र से तीव्र अभिव्यक्ति प्रदान की है। वे कृष्ण के सदेश और सदेशवाहक का जी भर कर परिहास करती है, उनपर कठोर से कठोर व्यग्य कसती है परन्तु इस सबके पीछे से उनके हृदय में रह रह कर लहराता हुआ गहरा भाव-समुद्र झलकता रहता है। कवि ने कदाचितन् अपने हृदय की तीव्रतम अनुभूति से भ्रमरगीत सम्बन्धी पदो का निर्माण किया है। भाव में डूब कर उसीकी कल्पना भावाभिव्यक्ति के अनगिनत प्रकार रचती जाती है जो अन्य कवियों के काव्य में नही मिलते।

कृष्ण के प्रति गोपियों का उपालंभ, व्यंग्य और अनन्य प्रेम—'यह पाती लै जाहु मधुपुरी जहाँ वसै श्याम सुजाती' कह कर सूर की गोपियाँ सदेश की व्यंग्यपूर्ण उपेक्षा करती है। इस भाव को प्रेमानद ने भी प्रदर्शित किया है—

जे सदेशो श्रीकृष्णे कहाव्यो ते तमो फरी लेता जाओ।

—श्रीम० भा०, पृ० ३२७

'कृष्ण के सदेश को वापस लेते जाओ' कहने की अपेक्षा 'इसे उस मथुरा मे ले जाओ जहाँ कृष्ण रहते हैं' कहना व्यंग्य को अधिक मार्मिक बना देता है। कृष्ण के सदेश पर व्यंग्य करने के साथ ही सूर की गोपियाँ अपने भेजे सदेशों का स्मरण करने लगती है। उनका यह सोचना कि हो न हो क्रूर-हृदय कृष्ण ने उनके सदेशवाहक पथिकों को उलटा-सीधा समझा दिया होगा, अत्यन्त स्वाभाविक लगता है।

सँदेसन मधुबन कूप भरे।
अपने तौ पठवत नँदनदन हमरे फिरि न फिरे।
जेइ जेइ पथिक हुते ब्रज पुर के बहुरिन शोध करे।
कै वह श्याम सिखाय प्रबोधै कै वह बीच बरे।

—सू० सा०, पृ० ६५०

भ्रमर के माध्यम से कृष्ण पर आक्षेप करती हुई गोपियाँ सभी काली वस्तुओं को सदोष एवं निकृष्ट घोषित कर देती हैं। इस भाव को गुजराती तथा ब्रजभाषा दोनों मे समान रूप से अभिव्यक्ति मिली है क्योंकि इसका मूल सूत्र भागवत की गोपियों के 'तदलमसितसख्यैः' मे निहित है। कवियो ने सूत्रनिहित भाव को अधिक तीव्र एवं स्पष्ट करके व्यक्त किया है—

गुजराती

भालण—काळा सघला धूतारा, कोणे कल्या नव जाय जी।
मन वाल्यु वळे नहि तो, कीजे कशो उपाय रे।

—द० स्क०, पृ० २१४

प्रेमानद—जेटला काळा ते सहु कपटी, विश्वासकोनो नव करीअे।
काळा मर्पनी संगत करतां, कोइक दहाडो मरीअे।

—श्रीम० भा०, पृ० ३२८

ब्रेहेदेव—काळा सरखा होय कूडे भर्या।
चंपक सरखा काळे परहर्या।

—बृ० का० दो० भाग १, पृ० ६६७

ब्रजभाषा

सूर—क. मधुकर यह कारे की रीति।
मन दै हरत परायो सरबस करै कपट की प्रीति।
ज्यों षटपद अंबुज के दल मे बसत निशा रति मानि।

दिनकर उए अनत उड़ि बैठे फिरि न करत पहिचानि।
भवन भुजग पिटारे पाल्यो ज्यों जननी जिय तात।
कुल करतूति जाति नहि कबहूँ सहज सुउसि भजि जाति।
कोकिल काग कुरग श्यामघन हमहि न देखे भावै।
सूरदास अनुहारि श्याम की छिनु छिनु सुरति करावै।
—सू० सा०, पृ० ६७७

ख. विलग मति मानहु उधो प्यारे।
वह मथुरा काजर की उबरी जे आवै ते कारे।
तुम कारे, सुफलक-सुत कारे, कारे मधुप भँवारे।
—वही

काले के अन्य अनेक दोष तो उक्त सभी कवियो ने दिखाये हैं परन्तु वे प्रतिक्षण कृष्ण की स्मृति दिलाते हैं, इस रसमय दोष को सूर की ही अन्तर्दृष्टि ने देखा। साथ ही सारी मथुरा को 'काजर की उबरी' कह कर अक्रूर, उद्धव, कृष्ण सब के प्रति व्यंग्य करना भाव की और भी व्यापक अनुभूति का परिचायक है।

इसी प्रकार कुब्जा के साथ कृष्ण के अनुचित एव अनुपयुक्त संबध की परिकल्पना करके गोपियो का हृदय आहत और विदीर्ण हो उठता है। आहत स्नेह व्यक्ति के उद्गारों का जो रूप होता है वह कुब्जा को लेकर लिखे गये पदों में पूर्णतया व्यक्त हुआ है। सूर ने इस भावस्थिति को कुब्जा के मनोभावों का चित्रण करके और भी अधिक सजीव बना दिया है। अपने संदेश में राधा और गोपियों के प्रति वह मृदु कटु दोनों प्रकार से व्यग्य करके कृष्ण पर अपना स्वत्व प्रदर्शित करती है और कृष्ण के ब्रज से विमुख होने का सारा दोष उन्ही पर मढ देती है।[४०]

इस प्रकार की भाव-योजना करके सूर ने एक ओर तो कुब्जा को प्राणवत्ता प्रदान की, दूसरी ओर गोपियो के व्यग्यपूर्ण उद्गारों के लिए अधिक उपयुक्त आधार प्रस्तुत किया जिसकी पृष्ठभूमि में गोपियों की सारी ईर्ष्या, सारा आक्रोश अधिक स्वाभाविक तथा मार्मिक प्रतीत होने लगता है। कृष्णकाव्य के किसी अन्य कवि ने भावयोजना के क्षेत्र मे ऐसी कुशलता प्रदर्शित नही की। कुब्जा के प्रति व्यंग्यपूर्ण उद्गार व्यक्त करती हुई गोपियों की भाव-विह्वल दशा का चित्रण दोनों भाषाओ के अनेक कवियों ने किया है। नरसी के भ्रमरगीत सम्बन्धी पदों का प्रधान भाव कुब्जा पर ही केन्द्रित है—

कसरायनी दासी कुब्जा, खुधी ने वळी खोडी रे।
काळो काहनो काळी कुबजा, सरखी मळी छे जोडी रे।
—न० कृ० का०, पृ० २८२

कुब्जा-कृष्ण के संबंध की असगति का परिहास करती हुई एक गोपी कुब्जा को वे बाते भी कहला भेजती है जिनके द्वारा वह कृष्ण को सुखी रख सके। इस प्रकार के उद्‌गारों में प्रिय की कल्याण-कामना ईर्ष्या को पराजित करके प्रमुख हो उठती है अथवा रति के साथ वात्सल्य का उदय हो जाता है—

कुबजा ने कहेजो रे, ओधव अेटलु रे, हरी हीरो आव्यो ताहारे हाथ।
मान करीने रे, अेहेने तु लजावेरे, कहु छु शीखामणनी बात।
प्राते उठीने प्रथम पूछजे रे, जे मागे ते आपजे ततखेव।
वीजु काइरे, भुधर ने भावे नही रे, माहावाने छे महिमाखननी टेव।

—वही, पृ० ३१२

भालण की गोपियों का व्यग्य कुब्जा से अधिक कृष्ण के प्रति उन्मुख है। वे कहती हैं कि कृष्ण ने कदाचित् इसीलिए विवाद नही किया कि जब दासी से ही कार्य सिद्ध होता है तो बंधन मे कौन पड़े—

हजी शु परण्या नथी, धणी वधारी लाज जी।
बधन मां शाने पडे, जो दासीअे सरे काज।

—द० स्क०, पृ० २१२

और इसीलिए कृष्ण गोकुल नही आते कि अगर कुब्जा खो गयी तो कोटि उपाय करने पर भी नही मिलेगी—

गोकुल क्यम आवे हरि ने प्रीत जडी।
कोटि उपाय कीजे जो आपण क्याहि मके कुबडी।

—वही, पृ० २१९

'हरिअधरामृत' पीने वाली प्रेमानद की गोपियों को ज्ञानसुधा विष के तुल्य प्रतीत होती है और वे उद्धव से कुब्जा को ब्रह्मविद्या देने के लिए कहती हैं, क्योंकि वे उसे ही उसके परम उपयुक्त समझती हैं—

ब्रह्‌मविद्या कुब्जा ने आपो, शीखी जाशे वहेली रे उद्धवजी।
अमो आहिरडी महीडां वेचु, ओढु धाबल मेळी रे उद्धवजी।

—श्रीम० भा०, पृ० ३३०

इस कथन मे भी जो वक्रता है वह भाव से सीधे सम्बद्ध है। व्यग्य यों तो कुब्जा पर प्रतीत होता है परन्तु वह ब्रह्मविद्या शीघ्र ही सीख जायेगी, इस कथन में संदेश भेजने

वाले कृष्ण के प्रति गहरी ध्वनि है। प्रेमानद ने यशोदा तक को कुब्जा के प्रति व्यग्य करते हुए चित्रित किया है यद्यपि वह व्यंग्य स्वतन्त्र न होकर एक दूसरे व्यग्य के आश्रित रूप मे व्यक्त हुआ है—

अेटलु कहेजो देवकी ने, जे पुत्रनु सुख लीघु अमो।
पागे लागशे कुलवत कुब्जा, बहुना सुख लेजो तमो।

—वही, पृ० ३३१

सूर की गोपियाँ कृष्ण के प्रति भावातिरेक में तीव्रतम व्यग्य करती जाती है जिनमें कुब्जा, उद्धव तथा उनका योग और निर्गुण सभी आ जाता है परन्तु उसके बाद ही वे अत्यधिक खिन्न तथा शिथिल होकर कभी अपनी त्रुटि खोजने लगती है, कभी सीधे सीधे कृष्ण को कुब्जा के परित्याग की सलाह देने लगती है। इस प्रकार सूर ने गोपियो की भावाकुलता के अनेक स्तरो का स्पर्श किया है।[४१]

सूर के काव्य मे वे स्थल और भी अधिक मार्मिक है जहाँ उन्होने गोपियो की गभीर अनन्य अनुरक्ति को अत्यन्त सहज भाव से व्यक्त कर दिया है। गोपियों के सरल तर्क प्रेम की जटिल गति को पूरी तरह प्रकट कर देते है—

क—ऊधो मन न भये दस बीस।
एक हुतो सो गयो श्याम सँग, को अवराघे ईस ?

—सू० सा०, पृ० ६७४

ख—मन मे रह्यो नाहिन ठौर।
नद नदन अछत कैसे आनिये उर और।

—वही

ऐसी भावाभिव्यक्ति एक स्थल पर प्रेमानद मे भी मिलती है—

अमृतनो घट मुख लगी भरीओ, ऊपर भरीअे ते वही जाय।
श्री कृष्ण भर्या छे कठ प्रमाणे, तो केम जोग समाय।

—श्री म० भा०, पृ० ३२८

सूर ने गोपियों की एक अन्य सुकुमार भावना का चित्रण किया है कृष्ण को देखने वाली आखों से उन्हे देखनेवाले उद्धव को पाकर वे अपने को कृतार्थ मानती है। एक क्षण को उन्हे लगता है कि जैसे कृष्ण ही मिल गये।

ऊधो हम आजु भईं बड़ भागी।
जिन आँखिन तुम श्याम विलोके ते अँखियाँ हम लागी।

जैसे सुमन वास लै आवत पवन मधुप अनुरागी।
ज्यों दर्पन मे दर्शन देखत दृष्टि परम रुचि लागी।
तैसे सूर मिले हरि हमको विरह व्यथा तनु त्यागी।

—सू० सा०, पृ० ६४५

इतने सरल सहज ढग से गंभीरतम स्नेहानुभूति को कृष्णकाव्य मे किसी भी अन्य कवि ने शब्दबद्ध नही किया।

नददास की गोपियों मे हृदय की अभिव्यक्ति इतनी स्वाभाविक नही हो पाई है, फिर भी एक स्थल पर उनके तर्को का भोलापन दर्शनीय है—

जो मुख नाहिन हुतौ, कहौ किन माखन खायो ?
पाइन विन गोसंग कहौ को बन बन धायो ?

—नंददास, पृ० १२५

गुजराती में भालण की कतिपय पंक्तियों में भी इस तरह की सरल भावाभिव्यक्ति उपलब्ध होती है—

ते मन पाछुं क्यम वले जेणे मुरली नो रस चाख्यो जी।
ते वा' लो क्यम विसरे जे हैडे चापी राख्यो।
कुब्जा सरखी कोटिक करजो तमो अमारे अेक जी।

—द० स्कं०, पृ० २१५

सूर और भालण ने राधा की मनोदशा को और भी अधिक सुकुमारता से चित्रित किया है। सूर की राधा इतनी भावुक है कि कृष्ण की स्मृति कौ सुरक्षित रखने के लिए वह अपनी सारी तक नही धुलाती—

अति मलीन बृषभानु-दुलारी।
हरि श्रमजल अंतर तनु भीजे ता लालच न धुवावति सारी।

—सू० सा० पृ० ७१२

भालण की राधा के हृदय मे एक नंदकुमार के अतिरिक्त अन्य किसी के लिए स्थान नही। वह क्या उपालंभ दे ? एक जिज्ञासा उसे अवश्य होती है और वह यह किक्या कुब्जा सचमुच उससे अधिक सुन्दरी और चतुर है जो कृष्ण देखते ही मुग्ध हो गये।

उद्धव साचुं कहो निरधार।
कुब्जा अमथी रूपे रूडी चतुराई अपार ।

जेने देखीने मोहपाम्या तत्क्षण देवमुरार।
मैं तो बीजो कोय न दीठो अेकज नदकुमार।
पुनरपि मन मा तेने वाच्छुं वृदावन अवतार।

—द० स्क०, पृ० २१७

इसी के साथ दोनों ने उद्धव के मन पर राधा की परम प्रेममयी मूर्ति का अपूर्व प्रभाव भी अकित किया है। विरहिणी राधा की दशा से उद्धव अभिभूत हो जाते है। भालण और सूर ने उनके मुख से राधा की दशा का जो वर्णन करता है वह गंभीर विरह की पूर्ण व्यजना करता है।

भालण—उद्धव करे कहु बात खरी,
राधा नथी को चौद लोक मा (तुज समी) सुन्दरी।
अेवी प्रीत नहि करे कोये, जेती तमो करी।
तनमन धन समर्प्या सहुअे, निश्चल ध्यान धरी।

—वही,

सूर—चित दै सुनहु श्याम प्रवीन।
हरि तुम्हारे विरह राधा मैं जु देखी छीन।
कंठ बचन न बोलि आवइ हृदय परिहस भीन।
नैंन जलभरि रोइ दीनो ग्रसित आपद दीन।

—सू० सा०, पृ० ७१९

१०. **पुर्नमिलन**—सुदीर्घ वियोग के पश्चात् कुरुक्षेत्र मे ब्रजवासियो का कृष्ण से मिलन, भाव की दृष्टि से, अन्यतम घटना है परन्तु सूर और भालण के अतिरिक्त दोनों भाषाओ मे कदाचित् ही किसी कवि ने इस स्थिति की मार्मिकता का अनुभव किया हो। उसकी सफल अधिव्यक्ति का प्रश्न तो अनुभूति के बाद उठता है। उक्त दोनों कवियों ने भी पुर्नमिलन की विविध भाव-सकुल परिस्थिति का व्यापक चित्रण नही किया है। सूर ने राधा और रुक्मिणी के मनोभावो को विशेष अभिव्यक्ति प्रदान की है और भालण ने यशोदा के।

सूर ने रुक्मिणी के हृदय में राधा तथा अन्य ब्रजवासियो के प्रति एक सुकुमार जिज्ञासा-भाव का अकन किया। अपने प्रिय कृष्ण के विगत जीवन और पूर्वपरिचित ब्रज की गोपियों के सबध में उसे ममतापूर्ण उत्सुकता होती है। कृष्ण ब्रजवासियों की बात उठते ही भावाकुल हो जाते है और उनकी आँखों मे जल भर आता है—

रुक्मिणि बूझति है गोपालहिं ।
कहुँ बात अपने गोकुल की कतिक प्रीति ब्रजबालहि ।
कहा देखि रीझे राधा सो चचल नैन विशालहि ।
तब तुम गाय चरावन जाते उर धरते बनमालहि ।
इतनी सुनी नैन भरि आये प्रेम नंद के लालहि ।
सूरदास प्रभु रहे मौन ह्वै घोष बात जनि चालहि ।

—सू० सा०, पृ० ७५३-५४

'रुक्मिणि मोंहि ब्रज बिसरत नाही' कह कर वे रुक्मिणी के आगे भावविभोर होकर अपनी जन्मभूमि ब्रज के जीवन की अनेक बातो का गुणगान करने लगते है। ब्रज-वासियों से मिलने का आकर्षण उन्हे नदयशोदा के पास एक दूत भेजने के लिए प्रेरित करता है। कृष्ण की भावना राधा के हृदय मे प्रतिध्वनित होती है और उसके अग अग फड़क उठते है, मन पुलक से भर जाता है और अचल लहराने लगता है। राधा-कृष्ण की अभिन्न प्रीति इससे पूर्णतया व्यजित होती है—

माधवजी आवनहार भये ।
अचल उडत, मन होत गहगह्यो फरकत नैन खये ।

—वही, पृ० ७५४

कृष्ण का भेजा हुआ दूत सब कुछ यशोदा के प्रति ही कहता है। राधा के लिए कृष्ण ने एक शब्द भी नही भेजा, फिर भी भावविह्वल होकर राधा ही आँसू बहाती है। उसी के हृदय मे सूर ने मिलन की उत्कठा का चित्रण किया है—

राधा नैन नीर भरि आई ।
कबधौं श्याम मिलै सुन्दर सखि यद्यपि निकट है आई ।
कहा करौं केहि भाँति जाउँ अब पेखहि नहि तिन पाई ।
सूर श्याम सुन्दर घन दरसे तन की ताप बुझाई ।

—वही, पृ० ७५५

इस स्थल पर सूर द्वारा यशोदा के मनोभावो की उपेक्षा अवश्य कुछ विचित्र सी लगती है। ब्रजवासियों की मिलनोत्सुकता का जहाँ सामूहिक रूप से चित्रण किया गया है वहाँ यशोदा का भी उल्लेख कर दिया गया है—

नंद यशोदा सब ब्रजवासी ।
अपने अपने शकट साजिकै मिलन चले अविनाशी ।

—वही,

उपेक्षा के स्थान पर यह भी सभव है कि सूर ने यशोदा की अनुभूति की चरम गभीरता को उसके मौन द्वारा ही व्यजित करना चाहा हो। यह अनुमान इसलिए होता है कि कृष्ण से मिलने के बाद भी यशोदा सारी घटना के प्रति अचेत एव विसुध बनी रहती है। उसे अपनी सुध तब आती है जब स्वय कृष्ण स्मरण दिलाते है। यह स्थिति कदाचित् उस जडता को ध्वनित करती है जो वियोग की चरम स्थिति है और जिसके आगे मरण ही शेष रह जाता है—

तेरी जीवनमूरि मिलहि किन माई।
महाराज यदुनाथ कहावत तबहि हुते शिशुकुँवर कन्हाई।
पानि परे भुज धरे कमल मुख पेखत पूरब कथा चलाई।
परम उदार पानि अवलोकत हीन जानि कछु कहत न जाई।
फिरि फिरि अब सन्मुख ही चितवति प्रीति सकुच जानी न दुराई।
अब हँसि भेटहु कहि मोंहि निजजन बाल तिहारो हो नद दोहाई।
रोम पुलकि गदगद तनु तिहि छिन जलधारा नैनन वरषाई।

—वही,

भालण ने यशोदा के दु:ख की इस प्रकार मौन अभिव्यक्ति न करके मुखर अभिव्यक्ति की है।

भालण की यशोदा को कृष्ण द्वारा विसार दिये जाने का गहरा क्षोभ है। देवकी को मातृत्व का पद देकर स्वय को धाय स्वीकार कर लेने पर भी अपनी इतनी उपेक्षा उसे असह्य है। वह बिलख बिलख कर अपना दुख सुनाने लगती है—

हु दुखणी मात, शी कहु बात, वेहुअे भ्रात त्यजी ने गया द्वारका।
तारे देवकी मात, वसुदेव तात, वलभद्रभ्रात धाव हु का विसारी।

—दशमस्कंध, पृ० ४०८

देवकी यशोदा को अपनी वहन कह कर आत्मीयता प्रदर्शित करती है। यह सुन कर यशोदा की आँखो मे जल भर आता है। वह उसके आगे और भी भावविभोर होकर अपना हृदय दिखाने लगती है। देवकी ज्यो ज्यो उससे सहानुभूति व्यक्त करती जाती है, यशोदा का हृदय उतना ही भावाकुल होता जाता है। निश्चय ही भालण द्वारा वर्णित देवकी-यशोदा-मिलन काव्य की दृष्टि से अत्यन्त मार्मिक स्थल कहा जायगा।

देवकी कहे सुणो जशोदा, तमे भगिनी छो मारी जी।
कृष्ण हलधर उछेरिया, शी सेवा करू तारी।

ज्यम पापण नेत्र (ने) राखे, त्यम ते राख्या तन जी।
अेवा वचन सुणी जशोदा, जळ भरे लोचन।
जशोदा कहे देवकी सुणो मे पीयारो नव जाण्यो जी।
निश्चे तमो शु कहो छो मारो, प्राणाधार अही आण्यो।
मारे स्वप्नवत् थयु, वरस अगीयार त्या जेह जी।
कृष्ण दीपक उत्सव वही गयो, मारे हुताशनी रही अेह।
तमो पाळ्या मुजने शु कहो छो, अे तो प्राण आधार जी।
दुष्ट हृदय तो न थी फाटतु, मारु आणे ठार।
अेम कही जशोदा रड्या गदगद कठे तेह जी।
त्यारे देवकी प्रतिबोध दे, तमो शु दुख आणो अेह।
देवकी कहे अेने पोतानु को नथी त्यां तेह जी।
भालण प्रभु रघुनाथ ने, घणो छे तमशु नेह।

—वही, पृ० ४०९

यशोदा की तरह भालण ने गापियो की मनोदशा का भी चित्रण किया है। वे सबकी सब कृष्ण को देख कर चित्र की तरह जड़ होकर रह जाती है। जब स्वय कृष्ण बोलते है तो उनको चेतना आती है। यह जड़ता सूर द्वारा वर्णित यशोदा की जडता के समान है परन्तु भालण आगे इसका निर्वाह नहो कर सके, क्योंकि इतनी भावलीन गोपियों के लिए यह स्वाभाविक प्रतीत नही होता कि जडता से मुक्त होते ही वे कृष्ण के साथ एकान्त मे रमण और आलिगन के लिए प्रस्तुत हो जायँ पर भालण ने वर्णन इसी प्रकार किया है। प्रकार साथ रमण और आलिगन करने के बाद कृष्ण का स्वय गोपियों को ज्ञान देने लगना भी कम अस्वाभाविक नहीं लगता—

कृष्णजी हस्या त्यारे सही जो, गोपी ग्रही सर्वदेवमुरार जो।
अेकाते प्रभु चालिया जो, तेशुं रमिया आप जो।
आलिंघन सर्व कोने कर्यु जो, विरह सबंधी ताप जो।
पछे कृष्णजीअे विचारियु जो, अेने ज्ञान हवु हवे आप जो।

—वही, पृ० ४१०

भालण ने जितनी मार्मिकता से यशोदा-देवकी का मिलन चित्रित किया है, राधा-रुक्मिणी के मिलन में सूर ने भी उतनी ही भार्मिकता उत्पन्न की है। एक अन्तर है वह यह कि रुक्मिणी में राधा से मिलने की अतीव उत्सुकता दिखाई देती है जब कि देवकी में यशोदा के प्रति वैसा कोई भाव नही मिलता। रुक्मिणी की यह उत्सुकता द्वारका से ही प्रकट होने लगती है और जब वह ब्रजगोपियों के समूह को प्रत्यक्ष

देखती है तो वह सब से प्रधान भाव के रूप मे व्यक्त हो उठती है । कृष्ण एक नीलवसन वाली गोरी भावमूर्ति की ओर इंगित कर देते हैं ।

> बूझति है रुक्मिणि पिय इनमे को वृषभानुकिशोरी ।
> नैंक हमैं देखरावहु अपनी बालापन की जोरी ।
> परम चतुर जिन कीन्हे मोहन अलप वैस ही थोरी ।
> बारे ते जिहि यहै पढायो बुधि बल कल विधि चोरी ।
> जाके गुण गनि गुथति माल कबहूँ डरते नहि छोरी ।
> सुमिरन सदा वसत ही रसना दृष्टि न इत उत मोरी ।
> वह देखो युवतिवृंद मे ठाढ़ी नीलवसन तनु गोरी ।
> सूरजदास मेरो मन वाकी चितवन देखि हर्योरी ।
>
> —सू० सा०, पृ० ७५६

राधा और रुक्मिणी में सहसा गहरी सहानुभूति उत्पन्न हो जाती है । दोनों का प्रेम अधिकार भावना से ऊपर उठकर आत्मसमर्पण के क्षेत्र मे पहुँच चुका है इसलिए ईर्ष्या के स्थान पर सहानुभूति का चित्रण ही उपयुक्त है और सूर ने वही किया भी है—

> रुक्मिणि राधा ऐसे बैठी ।
> जैसे बहुत दिनन की बिछुरी एक बाप की बेटी ।
> एक सुभाव एकलै दोऊ, दोऊ हरिकी प्यारी ।
> एक प्राण मन एक दुहुन को तनु करि देखियत न्यारी ।
> निज मदिर लै गई रुक्मिणी पहुनाई विधि ठानी ।
> सूरदास प्रभु तहँ पग धारे जहाँ दोऊ ठकुरानी ।
>
> —वही, पृ० ७५६ ।

इसके अनन्तर सूर ने रुक्मिणी के भवन मे राधा-कृष्ण की भेट का वर्णन करना चाहा परन्तु उनकी रसना उस चरम सुख की अभिव्यक्ति में असमर्थ हो गई किन्तु जितनी पंक्तियाँ उन्होने लिखी है वे व्यजना की पूर्ण शक्ति रखती हैं—

> राधा माधव भेंट भई ।
> राधा माधव, माधव राधा, कीटभृंग-गति होइ जो गई ।
> माधव राधा के रँग राचे माधव राधा रंग ग्ई ।

माधो राधा प्रीति निरतन रसना कहि न गई ।
विहँसि कह्यो हम-तुम नहि अंतर यह कहि ब्रज पठई ।
सूरदास प्रभु राधा माधव ब्रज विहार नित नई नई ।

—वही

राधा-कृष्ण-मिलन की अनिर्वचनीयता का आभास देकर भी सूर ने उसका निरूपण कर ही दिया और यही नही, मिलन के क्षणों में सकोच के कारण अधूरी तुष्टि की जो कचोट राधा के हृदय मे रह गई, उसकी भी अभिव्यक्ति करना वे नही भूले । कृष्ण-मिलन के बाद राधा अपनी सखी से इस मनोदशा को व्यक्त करती है—

करत कछु नाही आजु बनी ।
हरि आये हौं रही ठगीसी जैसे चित्त धनी ।
आसन हर्षि हृदय नहि दीन्हो कमल कुटी अपनी ।
न्यवछावर उर अरघ न अचल जलधारा जो बनी ।
कंचुकी ते कुचकलश प्रगट ह्वै टूटि न तरक तनी ।
अब उपजी अति लाज मनहि मन समुझत निजकरनी ।
मुख देखत न्यारे सी रहिहौ बिनु बुधि मति सजनी ।
तदपि सूर मेरी यह जड़ता मगल माँझ गनी ।

—वही, पृ० ७५७

नरसी ने एक पद में राधा-रुक्मिणी और कृष्ण के साथ होने का उल्लेख तो किया है परन्तु उनके मिलन के क्षणों का सूर की तरह भावमय निरूपण नही किया—

राधीकानो हार हरिअे रुक्मिणि ने दीधो रे ।

—न० कृ० का०, पृ० ४२६

पादटिप्पणियाँ

१. अष्टछाप और वल्लभसम्प्रदाय, पृ० ६६४

२. न० कृ० का०, पृ० ७६

३. वही, पृ० ६७

४. वही, पृ० १२३

५. सू० सा०, पृ० १३१

६. श्रीम० भा०, पृ० २४०

७ सू० सा०, पृ० १४४, १४५

८. द० स्कं०, पृ० ३६

९. श्रीम० भा०, पृ० २५२, २५३

१०. सू० सा०, पृ० १५६

११. वही, पृ० १५९

१२. वही, पृ० १६१

१३. द० स्कं०, पृ० ३५, ३६; सू० सा०, पृ० १४७, १४८

१४. द० स्कं०, पृ० ४०, ४१; सू० सा०, पृ० १७५, १७८

१५. सू० सा०, पृ० १९८; मी० पदा० द्वितीय भाग, पृ० ४; न० कृ० का०, पृ० ४६८

१६. श्रीम० भा०, पृ० २६०

१७. द० स्कं०, पृ० १६२

१८. वही, पृ० १६८, १६९

१९. वही, पृ० १७१

२० सू० सा०, पृ० ६०५

२१. द० स्कं०, पृ० ६५, ९६

२२. बृ० का० दो० भाग १, पृ० ११०, १११

२३. सू० सा०, पृ० ३११

२४ वही, पृ० ३०८

२५. मा० वा०, पृ० ७४, ७५

२६. काँकरौली के पदसग्रह से, २ . १. १८; मी० पदा०, पृ० ६१

२७. सू० सा०, पृ० २९८, ३०६, ३०७

२८. भालण . द० स्कं०, पृ० १०७, १०८; नरसी : न० कृ० का०, पृ० ५८७, सूरदास : सू० सा०, पृ० ४८७, ५०९

२९. नरसी . न० कृ० का०, पृ० ३०४; सूरदास . सू० सा०, पृ० ५१८

३० सू० सा०, पृ० २५७

३१, वही, पृ० २५७-५८

३२. वही, पृ० २५६

३३ वही, पृ० २६०

३४. वही, पृ० २०५

३५. वही, पृ० २४५

३६. द० रूक०, पृ० १३९; न० कृ० का०, पृ० १४८

३७. सूरदास : सू० सा०, पृ० ६४०; भालया द० रूक०, पृ० २०७-८

३८, श्रीम० भा०, पृ० ३२१

३९. सू० सा०, पृ० ६४५

४० वही, पृ० ६४३

४१. वही, पृ० ६६५-६६६

५

कला पक्ष

कला का व्यवहार व्यापक और सकीर्ण दोनों अर्थों मे होता है। व्यापक अर्थ मे वह मनुष्य की अन्तश्चेतना से गभीर रूप मे सबद्ध एक सत्य है और उसके सौन्दर्य-प्रिय स्वभाव की सहज अभिव्यक्ति है। सकीर्ण अर्थ में उसे कुतूहल एवं आश्चर्य उत्पन्न करने की एक प्रक्रिया मात्र कहा जा सकता है जिसकी मौलिक प्रेरणा अपेक्षाकृत बाह्य है और जिसका सम्बन्ध बुद्धि-कौशल से अधिक है। काव्य में जहाँ भावपक्ष की प्रधानता है वहाँ उसके कलापक्ष की भी कम महत्ता नही है। अभिव्यक्ति के क्षेत्र का जितना भी विस्तार है उस सब में कला की गति है। अनुभूति की सीमा से जहाँ भी कोई भाव अभिव्यक्ति की सीमा मे पहुँचा वही उसे कला की अपेक्षा होती है, भले ही कवि असजग होकर उसका प्रयोग करे अथवा सजग होकर। अभिव्यक्तिपरक अतिशय सजगता कभी-कभी कवि को भाव से विच्छिन्न कर देती है और श्रेष्ठ कला के लिए अनुभूति और अभिव्यक्ति का जो सामजस्य अपेक्षित है वह नष्ट हो जाता है। ऐसी दशा मे कला विकृत होने लगती है और काव्य का प्रभाव भी समुचित रूप में नही हो पाता। अन्ततः कला भावाभिव्यक्ति का साधन ही है, साध्य नही। यो एक मत उसे साध्य भी मानता है और इस धारणा के अनुरूप काव्य रचने की परम्परा भी रही है।

भावों के आलेखन, चित्रण एव अभिव्यजन मे कला की जो सूक्ष्म गति है उसका निदर्शन आवश्यकतानुसार भावपक्ष के निरूपण के साथ ही कर दिया गया है परतु दृश्य-चित्रण, स्वभाव-चित्रण, प्रकृति-चित्रण और प्रबन्ध-निर्वाह आदि में तथा उक्ति-वैचित्र्य और अलंकार-विधान में कला का जो रूप गुजराती और ब्रजभाषा के कृष्ण-काव्य के अन्तर्गत मिलता है उसका निरूपण यहाँ किया गया है।

दृश्य-चित्रण

किसी पुराण अथवा काव्य ग्रंथ का आधार लेकर काव्य रचने वाले कवि बहुधा जो दृश्य चित्रण करते है उसमें अनुकरणात्मकता तथा परम्परा परि-पालन का इतना आग्रह रहता है कि उसका समुचित प्रभाव उत्पन्न नहीं हो पाता। बहुत कम कवि ऐसे मिलते है जो दृश्यों को कल्पना द्वारा पूर्णतया प्रत्यक्ष करके उनका स्वानुभूत रूप मे चित्रण करते है। प्रत्यक्षीकरण भौतिक रूप मे ही न होकर काल्पनिक रूप मे भी होता है इसलिए कल्पनाशील कवि भौतिकतया अनुभूत रूप-चित्रों, छायाओं

अथवा दृश्यों को भी इस प्रकार प्रस्तुत कर देते हैं जैसे उन्होंने उनका बहुत काल तक उसी रूप में गहन अनुभव किया हो। यह सत्य है कि काल्पनिक प्रत्यक्षीकरण मूलतः यथार्थ जगत् के प्रत्यक्ष अनुभवों पर ही आधारित होता है। भावना कल्पना-शक्ति के द्वारा उनका विन्यास एवं विस्तार भर कर देती है। दोनों भाषाओं के अधिकांश काव्यों में दृश्यचित्रण के जो स्थल मिलते हैं उनसे ज्ञात होता है कि सामान्यतः कवियों ने परम्परा का पालन और आधारभूत ग्रंथ का अनुकरण दोनों ही काम किये हैं। उनकी यह प्रवृत्ति अत्यन्त व्यापक है। परतन्त्र कल्पना तथा अनुकरण की प्रवृत्ति को स्पष्ट करने लिए रास का उदाहरण लिया जा सकता है। समस्त कृष्णकाव्य में रास अतुलनीय महत्त्व का विषय रहा है। चाँदनी रात में कृष्ण के साथ असंख्य गोपियों के सामूहिक नर्तन का जिस रूप में भागवतकार ने वर्णन किया वह कवियों की भावना और कल्पना दोनों का केंद्र बना। अनेक रूपधारी श्याम वर्ण कृष्ण और असीम सौन्दर्यवती गौरवर्णा गोपियों के अविरल, अविराम नृत्य की अलौकिक शोभा का उन्होंने जहाँ वर्णन करना चाहा वहीं भागवतकार की कल्पना उनकी कल्पना पर छा गई। यह कल्पना-पारतन्त्र्य असमर्थता का ही द्योतक नहीं है। कहीं कहीं भागवत में वर्णित दृश्यों एवं रूप-चित्रों के सौन्दर्य का आकर्षण भी इसका कारण प्रतीत होता है। किन्तु यह सत्य है कि दृश्य चित्रण करते समय प्रायः कवियों ने उप-मानों तक के चयन में भागवत का आधार लिया है। 'गायन्त्यस्त तडित इव ता मेघचक्रे विरेजु.' में जो रूपचित्र मिलता है वह अनेक कवियों की कल्पना का अंग बन कर व्यक्त हुआ है। निम्न पंक्तियाँ इसका प्रमाण हैं —

ब्रजभाषा

सूर— मानो माई घन घन अंतर दामिनि।
घन दामिनि दामिनि घन अंतर शोभित हरि ब्रजभामिनि।
—सू० सा० पृ० ४३७

नंददास— साँवरे पिय सँग निर्त्तत, चंचल ब्रज की बाला।
जनु घनमंडल मंजुल, खेलति दामिनिमाला।
—नंद० पृ० १७७

हरिवंश— रास में रसिक मोहन बने भामिनी'
उभै कल हंस हरिवंश घन दामिनी।

—श्रीहित० प० ३४

गुजराती

नरसी— अलवे अग मोडती वहाला सग द्रोडती,
जाणे घन दामिनी चमके भारी।
—न० कृ० का०, पृ० २१७

इसी प्रकार '**मध्ये मणीनां हैमानां महामरकतो यथा**' के रूपचित्र के आधार पर भी कवियों ने रास का दृश्यांकन किया है।[1] विविध आगिक चेष्टाओं, नृत्यमुद्राओ तथा आभूषणों के अनुरणन से उत्पन्न ध्वनियों के सामंजस्य से वैसी ही पूर्णता लाने का प्रयास किया गया है जैसी भागवत के रास-वर्णन मे मिलती है ।

सूर, नददास तथा नरसी जैसे कवियों, जिन्होंने रास के दृश्य को पूर्ण तन्मयता के साथ अकित किया है, के आगे भी भागवत का रास आदर्श रूप में प्रस्तुत रहा है । यद्यपि इन कवियों के रास-वर्णन मे स्वतन्त्र उद्भावनाएं पर्याप्त रूप में मिलती है तथापि उपर्युक्त सत्य भी स्पष्ट रूप से झलकता है।

कवियों की स्वतन्त्र उद्भावनाशक्ति तथा कल्पनाशक्ति का परिचय उन स्थलो पर विशेष रूप से प्राप्त होता है जो भागवत आदि आधार ग्रथो में उपलब्ध नही होते अथवा जिन्हे भिन्नता देकर चित्रित किया गया है । इन स्थलों पर समर्थ कवियो मे एक दूसरी प्रवृत्ति के दर्शन होते हैं और वह प्रवृत्ति मौलिकता-प्रदर्शन, अननुकरण तथा स्वानुभव के द्वारा आधारभूत वस्तु के अभिनवीकरण की है ।

भिन्नता देकर जिन स्थलों पर दृश्य-विधान किया गया है वहाँ इस प्रवृत्ति का पूर्ण प्रस्फुटन तो नही ही पाया जाता परन्तु उसका जो भी रूप मिलता है वह कम महत्त्वपूर्ण नही है ।

सूर ने भागवतोक्त दावानल के भयानक तथा उग्र रूप के विस्तार का जो दृश्य अकित किया है वह उनकी अपनी कल्पना से विकसित हुआ है । वन में अग्नि के प्रचंड रूप धारण करने के समय किस प्रकार की परिस्थिति हो जाती है, इसका सूर ने सूक्ष्म एवं सजीव चित्रण किया है । इस चित्रण में अनुकरणात्मकता के स्थान पर मौलिकता का आग्रह अधिक है —

भहरात झहरात दावानल आयो।
घेरि चहुँ ओर करि शोर अंदोर वन धरणि आकाश चहुँ पास छायो।
बरत बन बाँस, धरहरत कुसकाँस, जरि उडत है बाँस अति प्रबल वायो।

झपटि झपटत लपट, पटकि फूल फूटत फटि चटकि लट लटकि द्रुम नवायो।
अति अगिनि झार भार धुंधार करि उचटि अंगार झंझार छायो।
बरत बन पात भहरात झहरात अररात तरु महा धरणी गिरायो।
—सू० सा०, पृ० २३१

इसी प्रकार प्रेमानद ने दावानल से दग्ध वन के दृश्याकन मे मौलिक प्रतिभा का परिचय दिया है यद्यपि सूर का सा नादसौन्दर्य वे न उत्पन्न कर सके। उन्होंने दावानल के स्वरूप को आलिखित करने की अपेक्षा उसके कारण गायो तथा अन्य पशुपक्षियों की दुर्दशा का सूक्ष्म चित्रण किया है —

अनल प्रबल वायु छे घणो, थयो तीव्र ताप दावानल तणो,
तपित तन सुरभिना थया, प्रस्वेदना जलबिंदु बह्या।
त्रासे गाय नासे अरी परी, न शके अग्नि आगल नीसरी।
मा शब्द सुरभि भाखे, अेकेक पर जइ कोट नांखे।
धाई धाई सहु टोले थाय, काढी जीभ पड़े भूमि माय।
श्रीकृष्णध्यान सुरभि सहु धरे, उकली अकलाई आसु भरे।
आकाश सर्व धूम्रे आवर्यु, आच्छाद्यो भानु अंधारु कर्यु।
फाटे बॉस वृक्ष चडचडे, बले पाँख पंखी तरफडे।
मशक शशक मृग पामे त्रास, फाटे फणा सर्प मूके श्वास।
कीट पतग दह्य कई कोट, उडे धूम्रना गोटेगोट।
ते ज्वाला जइ पहोती आकाश,.....................।
—श्रीम० भा०, पृ० २७५

ब्रजभाषा के कवि गदाधर भट्ट द्वारा कृष्ण के कालीदह मे कूदने तथा नाग-नाथने का जो दृश्य अकित हुआ है वह भी इसी कोटि मे आता है। गति और रूप का सम्यक् आभास देने के लिए कवि ने स्वतन्त्र रूप से अप्रस्तुत योजना की है जिससे प्रस्तुत दृश्य की छवि निखर आयी है—

नचत गोपाल फणि फणा रगे।
मनहु मनिनील के खभ ऊपर सिखी नृत्य आरभ किय अति उतगे।
प्रथम तरु तुग चढि झप यमुना लई, सुभग पटपीत कटि तट लपेटे।
एक घन ते निकसि और घन को चल्यौ श्याम घन मनहुँ चपलाहि भेटे।
बहुरि फिरि झगरि चढ़ि सीस तडव रच्यो परसि पदतलनिमनिरँगु सोहायो।
चरण पट तार विष झार झरहत जतु तैलतप ते कहूँ नीर नायो।

दुसह हरि भार ते कठ आयो लटकि परसि करै कवि मकल उपमा विचारा।
मनहुँ नखचंद्र की चद्रिका त्रास ते डरपि नीची धँसी तिमिरधारा।

—वाणी० गदा०, पृ० ३२

इस एक ही दृश्य के अन्तर्गत अनेक दृश्यों की शृंखला सी प्रतिभासित होती है। कवि का ध्यान नाग-दमन के सघर्ष, सघात से आपूरित ओजमय पक्ष पर उतना नही है जितना सौन्दर्य-पक्ष पर। इसीलिए उसने सम्पूर्ण दृश्य को कुछ गहरी रेखाओं द्वारा अकित सौन्दर्यमय रूपचित्रो मे परिवर्तित कर दिया है। प्रत्येक रूप चित्र उसकी कल्पना की उर्वरता तथा मौन्दर्यप्रियना का परिचायक है। ऐसा दृश्यांकन कवि के उस स्वभाव की भी व्यजना करता है जिसके कारण वह किसी दृश्य-विशेष को भाव का केन्द्र बना कर स्वय रम जाता है और उसके द्वारा किया हुआ सारा वर्णन अपूर्व आत्मप्रत्यक्षता का बोध कराता है। सूर, नददास आदि में इस प्रकार का दृश्य-विधान प्रचुर मात्रा मे प्राप्त होता है। उक्त उदाहरण इस बात का द्योतक है कि ब्रजभाषा मे यह सामान्य प्रवृत्ति है। गुजराती मे इतनी समृद्ध सौन्दर्यवृति से किया गया दृश्यांकन कम उपलब्ध होता है। वहाँ सूक्ष्म किन्तु सहज भाव से दृश्याकन का आग्रह अधिक है। नरसी द्वारा अकित दधिमथन करती हुई गोपी का चित्र दर्शनीय है—

मही वलोवे रे गोपी, मही वलोवे रे गोपी।
परवश थइने प्रेमे भराणी, तनमन हरि ने सोंपी।
भरजोबन महि कामनी घेली, नादे नूपुर वाजे।
वलोणु अति वाये भराणु, मेघ पे रही रही गाजे।
हैया ऊपर हार हुलावे, पाछल कुमकु फरके।
कामा कृष्ण तणे रंग राती, शीश राखलडी झलके।
कटी माहे तो घुघरी घमके, झाझरीया झमझमके।
गाये गुण गोविद तणा रे विछीडाने ठमके।
मगन थइ गोरस भूली, कृष्ण कृष्ण मुख बोले।
शीशफुल वेणी लट लटके, जाणे मणीधर डोले।

—न० कृ० का०, पृ० ३९६

इस चित्र मे कवि ने हिलते हुए हार, अलक, शीशफूल आदि की रूप-छायाओं को उनकी गनिशीलना के माथ अत्यन्त सहज रूप मे प्रस्तुत किया है और मेघ तथा मणिधर के द्वारा अप्रस्तुत की भी मौन्दर्यमय योजना की है। परन्तु रूप-सौन्दर्य की अपेक्षा नाद सौन्दर्य पर उसका अधिक ध्यान है। विविध आभूषणों की अनुरणन-ध्वनियों को व्यक्त करने के लिए कवि ने विविध अनुरणनात्मक शब्दों का प्रयोग किया है। ध्वनि-सौंदर्य की ओर नरसी का विशेष आकर्षण है। उनके दृश्य-चित्र प्राय: नादपूर्ण

होते हैं। रास सहस्रपदी मे यह विशेषता और भी अधिक परिलक्षित होती है। कवि ने रूप और ध्वनि के साथ भावों का समास करके चित्र को अद्भुत सजीवता प्रदान करदी है तन्मयता विस्मृति और प्रेमजन्य विवशता की भावना दधि मन्थन के इस चित्र को गोपी कें आत्ममंथन की अभिव्यक्ति के साथ और भी अधिक मोहक बना देती है। इसकी प्रेरणा संभव है भागवत में वर्णित १०:९:३ दधिमंथन करती हुई यशोदा के चित्र से ग्रहण की गई हो परन्तु दोनों में पर्याप्त भिन्नता है। सूर ने भी इस प्रकार का चित्र प्रस्तुत किया है परन्तु उनका ध्यान नरसी की तरह नाद-सौन्दर्य पर विशेष रूप से केन्द्रित न होकर अंगसंचालन एवं गति पर केन्द्रित हुआ है। भावों के सामंजस्य से सूर का वर्णन भी सजीव हो उठा है—

> देख्यो हरि मथति ग्वालि दधि भेद सों ठाढी।
> यौवनमदमाती इतराती बेनी ढुरत कटि पर छवि बाढ़ी।
> दिन थोरी भोरी अति कोरी देखत ही जु श्याम भये चाढ़ी।
> कर्षति है दुहुँ करन मथानी शोभाराशि भुजा गहि गाढ़ी।
> इत उत अंग मुरति झकझोरति अँगिया बनी कुचनसो माढी।
> सूरदास प्रभु रीझि थकित भये मनहुँ काम साचे भरि काढ़ी।

—सू० सा०, पृ० १७१

पनघट का दृश्य प्रस्तुत करते हुए सूर ने इससे भी अधिक कुशलता से गागर सिर पर रक्खे सखियों के साथ आती हुई एक गोपी की छवि अंकित की है। अप्रस्तुत विधान अत्यन्त समृद्ध है। गज के सादृश से गति और उन्माद तथा रूप-सज्जा की पूर्ण अभिव्यक्ति हुई है—

> गागरि नागरि लिये पनिघट ते चली घरहिं आवै।
> ग्रीवा डोलत लोचन लोलत हरि के चितहि चुरावै।
> ठिठकत चलै, मटकि मुँह मोरै बंकट भौंह चलावै।
> मनहुँ कामसेना अँगसोभा अंचल ध्वज फहरावै।
> गतिगयंद कुचकुंभ किंकिनी मनहुँ घंट झहनावै।
> मोतिनहार जलाजल मानौं खुभी दत झलकावै।
> मानहुँ चद महावत मुख पर अकुश बेसरि लावै।
> रोमावली सूँड़ि तिरनीलौ नाभि सरोवर आवै।
> पग जेहरि जंजीरन जकर्‌यो यह उपमा कछु पावै।

घट जल छलकि कपोलनि किनुका मानहुँ मदहि चुवावै ।
बेनी डोलति दुहुँ नितब पर मानहुँ पूछ हलावै ।
गज सरदार सूर स्वामी को देखि देखि सुख पावै ।

—सू०सा० ,पृ० २६१

ऐसे स्फुट चित्र अपने मे पूर्ण होते हुए भी दृश्य को खड रूप मे ही व्यक्त करते हैं। सम्पूर्णता के साथ विविध अगोपागो का सश्लिष्ट वर्णन करते हुए दृश्य अकित करने की प्रवृत्ति पदकारों की अपेक्षा प्रबन्धकारों मे अधिक पाई जाती है । इस दृष्टि से ब्रज-भाषा मे नददास तथा गुजराती मे प्रेमानद का विशेष स्थान है । इन कवियों ने अपने प्रबन्धात्मक काव्यों मे दृश्याकन करते हुए सूक्ष्म निरीक्षण तथा वर्णन-कौशल का पर्याप्त परिचय दिया है।

स्वभाव-चित्रण

मानव-प्रकृति की सूक्ष्म विशेषताओं को लक्षित करते हुए कुछ कवियों ने अपने काव्य मे मानव स्वभाव का भी चित्रण किया है । इस क्षेत्र मे सूर और प्रेमानद की विशेष गति है । प्रेमानद के प्रबन्धों का तो यह असाधारण गुण है जो उनकी लोकोन्मुखी काव्य-चेतना की एक सहज प्रवृत्ति को व्यक्त करता है । रूढि अथवा परम्परा के अनुरूप स्वभाव-चित्रण एक वस्तु है और स्वानुभव के आधार पर जीवन्त रूप मे मानव-स्वभाव को चित्रित करना दूसरी । प्रेमानद और सूर दोनों ही की प्रतिभा दूसरी दिशा में जागरूक रही पर सूर ने स्वभाव की अपेक्षा भाव को अधिक आत्मीयता से व्यक्त किया है और प्रेमानंद ने भाव की अपेक्षा स्वभाव को ।

कृष्ण-जन्म के अनन्तर अपने बालक को परघर भेजने वाली देवकी की भावनाओं को प्रेमानंद ने लोकानुरूप अत्यन्त स्वाभाविक ढग से प्रस्तुत किया है । 'मळवा आवशे भाई भोजाई जशोदानो धन सुख दहाडो' मे लोकसामान्य स्त्री की चिता अनुस्यूत है । यशोदा का कुंडी खटका कर, घुँघरू बजाकर और ऐसे ही अन्य प्रयत्नों से अधिकाधिक रोते हुए कृष्ण को चुपाने का प्रयास माता के स्वभाव को मूर्त कर देता है । इसे क्रिया की स्वाभाविकता कहा जा सकता है—

खखडावे कडा द्वार साकळी, वजाडे घुघरो मा थई आकळी ।
मुघांडे पुष्प, देखाडे गाय, तेम तेम वमणो रोतो जाय ।

—श्रीम० भा०, पृ० २४९

प्रेमानद के काव्य से ऐसे अनेक उदाहरण दिये जा सकते है जिनसे स्वाभाविकता के पर्यवेक्षण मे उनकी सहज प्रवृत्ति परिलक्षित होती है । निम्नलिखित कुछ अंश विशेष दर्शनीय है—

क—काइ आपी पाछु लीये झोटी रे, गोपी खणे गालमा चोंटी रे ।

—वही, पृ० २५४

ख—वृषभ वच्छ मही षी बहुगाय, भा शब्द मार्ग मां थाय ।
हीसारव करे गौ पाछी फरे, पोताना वच्छने आवी मले ।
लीधी वस्तु जे जे कार्जनी, उरवल मुशल सम्मार्जनी ।
काढ्या गौना खीला खेंची खैची, लीधां सुप टोप चक्की मांची ।
शकट घन धान्यना भर्या, जुवो घरमां कांइ विसर्या ।
धातु पात्र वस्त्र गासडी, लइ गोपिका शकटे चडी ।
थाओ चालतां सासु भणे, घरमा जई दाटी थापण खणे ।
ठालु गोकुल उदवस्त थयु, माजार श्वान सौ सागे गयु ।
श्रीकृष्ण कहे केम रहेशे राकडा, सौ सान करी तेड्या माकडा ।
रमकडा लीधा जशोमती, नवे घेर एवा मळता नथी ।

—वही, पृ० २५९

ग—हाथना कडा चडावेरे, मारे दोट पाधरी फावे रे ।

—वही, पृ० २७०

घ—कोई कहे हाउ आव्यो विकाळ, देखाडो रोता रहेशे बाळ ।
पुठे बाळक काकरा नाखे, ऋषि जी रामकृष्ण मुखथी भाखे ।

—वृ० का० दो०, भा० १, पृ० २४६

प्यार से गाल में चिकोटी काट लेना, खेलते समय हाथ के कड़ो को ऊपर चढा लेन, बृद्ध व्यक्ति के ऊपर ककड़ फेक कर खिझाना आदि यह सब ऐसे विदु है जिनका उल्लेख वही कवि कर सकता है जिसने जीवन को उसके व्यापक और सहज रूप में सूक्ष्म दृष्टि से देखा हो । वृदावनगमन से सम्बद्ध जो दूसरा उद्धरण है उसमे पशुस्वभाव का यथार्थ अंकन है, साथ ही गाँव और घर को छोड़ कर जाने वालों की, व्यवहार मे आने वाली छोटी से छोटी वस्तु के प्रति गहरी ममता का जो शृंखलाबद्ध सूक्ष्मातिसूक्ष्म वर्णन प्रेमानंद ने किया है वह उनके लोक-जीवन से घनीभूत परिचय का स्पष्ट प्रमाण है । मनुष्य की ममता वस्तुओं तक ही सीमित नही रहती वरन् कुत्ते-बिल्ली आदि तक व्याप्त हो जाती है । कुछ घर मे छूटा तो नही, यह सोच कर घर को फिर फिर देखना-भालना कितना स्वाभाविक है । माता अपने बालक के खिलौने तक रख लेती है क्योंकि नये घर मे इस प्रकार के कहाँ मिल सकेंगे । वस्तुतः यह एक ही उदाहरण प्रेमानंद की स्वभाव-चित्रण-पटुता को पूरी तरह प्रकट कर देता है ।

बाल-स्वभाव, स्त्री-स्वभाव, लोक-स्वभाव, पशु-स्वभाव जैसे स्वभाव-चित्रण के अनेक रूपो मे सूर ने भी अपनी सहज गति प्रदर्शित की है। बालस्वभाव की बहुत सी महत्त्वपूर्ण बातो का उल्लेख बाललीलाओ के प्रसंग मे किया जा चुका है। बालकृष्ण के स्वरूप-विकास और लीलालेखन मे सूर ने बाल-स्वभाव मे अपनी पैठ का अभूतपूर्व एव आश्चर्यजनक परिचय दिया है। साथ के ग्वाल-बालो का खेलते-खेलते कृष्ण को अनेक प्रकार से खिझाना और उनका अपनी माता से बलराम आदि की शिकायत करना बालको के लोकसामान्य सहज स्वभाव को ही प्रकट करता है। कृष्ण के संस्कारों का जो वर्णन सूर ने किया है वह स्पष्ट ही सामान्य लोक जीवन के अनुरूप है।

स्त्रियो के स्वभाव का भी सूर ने कम परिचय नही दिया है। गोपियो का बात बात पर उलाहना लेकर यशोदा के घर जाना स्त्रियों की स्वाभाविक वृत्ति को प्रदर्शित करने के लिए ही सूर ने वर्णित किया है। यशोदा और गोपियो के पारस्परिक सवादों मे स्वाभाविकता को और भी निखार मिला है—

प्रेमानंद की तरह सूक्ष्म पर्यवेक्षण की शक्ति भी सूर मे दिखाई देती है। जल भरने की क्रिया की स्वाभाविकता लक्षित करते हुए सूर लिखते हैं—

जल हिलोरि गागरि भरि नागरि जबही सीस उठायो।

—सू० सा०, पृ० २५७

इस वर्णन में जल भरने से पहले उसे हिलोरने की बात कवि की पर्यवेक्षणशक्ति की सूक्ष्मता व्यक्त करती है।

पशुस्वभाव का चित्रण सूरसागर मे अनेक स्थलो पर उपलब्ध होता है। इस दिशा मे सूर प्रेमानद से अधिक सूक्ष्मदर्शी प्रतीत होते है। चरवाहो के नियन्त्रण में तनिक भी शिथिलता आई कि पशुओ का समूह इधर उधर भटक जाता है। ग्वालबाल कृष्ण को पुकारने के निमित्त नद के द्वार पर थोड़ा सा रुके कि गाये आगे निकल गई। एक ग्वाल यह देख कर अपने सखाओ को पुकार उठता है—

आवहु वेगि विलम जनि लावहु गैयाँ दूरि गई।

—सू० सा०, पृ० १९४

'गैयन घेरि सखा सब लाये' लिख कर सूर ने गायों को घेर घेर कर इकट्ठा करने की विधि का भी संकेत कर दिया है। कभी कभी यह काम एक समस्या बन जाता है क्योंकि पशु भी अपने साथ ममता दिखाने वाले की इच्छा का ही अनुसरण करते हैं। सूर ने

निम्न पद मे गायों के स्वभाव की एक बहुत ही सूक्ष्म बात की ओर लक्ष्य किया है। पराये घर से आये हुए पशु सदा ही पूर्व स्मृति के कारण भाग जाने को उत्सुक देखे जात है। इसी आधार पर सूर वृषभानु की दी हुई गायों मे भाग जाने की विशेष उतावली प्रदर्शित करते है—

द्रुम चढि काहे न टेरहु कान्हा गइयाँ दूरि गई।
धाई जात सबनि के आगे जे वृषभान दई।
घेरे न घिरत तुम बिन माधवजू मिलत नही बगदई।
बिडरत फिरत सकल वन महियाँ एकइ एक भई।
छाँडि खेलि सब दूरि जात है बोलौ जोसके थोक कई।
सूरदास प्रभु प्रेम समुझि कै मुरली सुनत सब आइ गई।

—वही, पृ० २३४

नरसी मेहता ने भी गोविदगमन मे कृष्ण से बिछुडती हुई गायो के स्नेह-स्वभाव का अत्यन्त मार्मिक अकन किया है जिसका उल्लेख भाव-चित्रण के प्रसग मे किया जा चुका है।

प्रकृति-चित्रण

कोई भी जीवन्त काव्य प्रकृति से पूर्णतया विरत नही हो सकता। कृष्णकाव्य तो और भी नहीं, क्योंकि कृष्ण का वह जीवन जो प्रधानत. काव्य का विषय बना, यमुना के तटवर्ती वनों, पशु, पक्षियो के मधुर रव से मुखरित सघन कुंजो और मुक्त आकाश के नीचे कभी हरियाली बिखेरती हुई, कभी चाँदनी से धोई हुई गोकुल और ब्रज की धरती से निकटता से सम्बद्ध रहा है कि कृष्णलीलाओं का स्मरण आते ही वृंदावन की कल्पना अपने अलौकिक प्राकृतिक सौन्दर्य के साथ प्रत्यक्ष हो उठती है। गुजराती तथा ब्रज दोनों के कृष्णकाव्य में कृष्ण-लीलाओं से अभिन्न इस नैसर्गिक सौन्दर्य को अभिव्यक्ति मिली है। कृष्णभक्त कवियों द्वारा किये गये प्रकृति चित्रण को सामान्यत: उद्दीपन की कोटि मे रक्खा जाता है जो बहुत दूर तक उचित भी है, क्योंकि उनके लिए कृष्ण और उनकी लीलाओं से इतर और कुछ आलम्बन हो ही नहीं सकता था। दार्शनिक दृष्टि से सभी कुछ कृष्णमय तथा कृष्ण के ही स्वरूप का विस्तार माना गया अतएव प्रकृति को स्वतन्त्र आलबन के रूप में स्वीकार करना उस भावभूमि पर संभव नहीं था जिसमें प्राय: समस्त कृष्णोपासक कवि विचरण करते थे। सूर ने राधा को आदि प्रकृति मान कर प्रकृति को कृष्ण ब्रह्म से अभिन्न स्वीकार किया। पुरुष और प्रकृति की तरह राधा कृष्ण को स्वीकार करने वाले कवियों ने प्रकृति को आध्यात्मिकता के आरोप के साथ कृष्ण से सम्बन्ध करके देखा। यह स्थिति भी प्रकृति को महत्त्वपूर्ण तो बनाती है पर आलंबन कोटि में नहीं प्रस्तुत करती, दूसरे

आदि प्रकृति राधा मे प्रयुक्त 'प्रकृति' वन वृक्ष लता रूप मे व्यक्त 'प्रकृति' से अर्थ में बहुत कुछ भिन्न है। राधा का समस्त वर्णन प्रकृति-वर्णन की कोटि मे नही आ सकता। इतना सब होते हुए भी प्रकृति के आलवन तथा उद्दीपन रूपों के बीच कोई स्पष्ट सीमा-रेखा निर्धारित नही की जा सकती। वस्तुतः इनसे भिन्न बीच की एक अन्य स्थिति भी सभव है और जो सगुण भक्ति काव्य मे उपलब्ध भी होती है। इस विषय में 'प्रकृति और काव्य' के एक विशेषज्ञ का मत उल्लेखनीय है—

"हिन्दी साहित्य के मध्ययुग में प्रकृति के स्वतन्त्र आलबन रूप को स्थान नही मिल सका। ....परन्तु यह भी देखा गया है कि प्रमुखता न मिलने पर भी प्रकृति मानवीय भावो से सम स्थापित कर सकी है। वस्तुतः जब प्रकृति मानवीय भावो के समानान्तर भावात्मक व्यजना अथवा सहचरण के आधार पर प्रस्तुत की जाती है, उस समय उसको विशुद्ध उद्दीपन के अन्तर्गत नहीं रखा जा सकता। वैसे प्रकृति को लेकर भावप्रक्रिया का आधार मानव है। आलबन की स्थिति मे, व्यक्ति अपनी मनःस्थिति का आरोप प्रकृति पर करके उसे इस रूप में स्वीकार करता है, जब कि उद्दीपन मे आलबन प्रत्यक्ष रूप से दूसरा व्यक्ति रहता है। ऊपर की स्थिति मध्य मे मानी जा सकती है। आश्रय का आलबन परोक्ष मे है और प्रकृति के माध्यम से भाव व्यजना की जाती है। इस सीमा पर भी प्रकृति पर आश्रय की भावस्थिति का आरोप होता है पर वह किसी अन्य आलबन की सभावना को लेकर।"[१]

कृष्णकाव्य के अन्तर्गत प्रकृति-चित्रण व्यापक एवं विविध रूप में हुआ है और इस सारी व्यापकता एव विविधता के साथ मानवीय भावो का अद्भुत सामजस्य मिलता है। आलबन रूप मे प्रकृति को न स्वीकार करने पर भी एक विचित्र आत्मीयता मे उसका चित्रण किया गया है। उद्दीपन के अन्तर्गत प्रकृति के साथ मानवीय भावनाओं के सम्बन्ध की इतनी अनेकरूपता उपलब्ध होती है कि उसको संकुचित शास्त्रीय परिभाषाओं मे बाँधना कठिन है। कभी कवियों ने भाव को आधार मानकर प्रकृति को उसी के अनुरूप चित्रित किया है और कभी प्रकृति को आधार मानकर भाव-जगत् में उसकी प्रतिक्रिया का सवेदनात्मक चित्र प्रस्तुत किया है। कभी मानवीयता अथवा-मानव सबधों का आरोप उस पर किया गया है और कभी उपमानो के रूप मे प्राकृतिक सौन्दर्य के अगणित उपादानो को ग्रहण किया गया है। कल्पना का प्रयोग सर्वत्र मिलता है। कही कही तो प्रकृति के वास्तविक रूप की नितान्त उपेक्षा करके कल्पना के सहारे अलौकिक रूप-विधान अत्यन्त मोहक रूप मे रच डाला गया है और भक्तहृदय के सहज विश्वास ने उसे यथार्थ समझ कर कल्पना के आनन्द से भिन्न अलौकिक आनन्द की उपलब्धि भी की।

वृन्दावन का वर्णन गुजराती और ब्रजभाषा दोनों के कवियो ने प्राय इसी प्रकार किया है । ब्रजभाषा के कवियो मे अलौकिक वातावरण प्रस्तुत करने का आग्रह अपेक्षाकृत अधिक है । कृष्ण की लीलाभूमि होने के कारण वृन्दावन की प्राकृतिक शोभा का अतिशयोक्ति पूर्ण वर्णन किया जाना ही स्वाभाविक है । यथार्थ जगत् मे प्रकृति परिवर्तनशील है, रमणीय के साथ उसका भयानक तथा कष्टकर रूप भी अनुभव में आता है परन्तु कवियों ने वृन्दावन के लिए इन सब दोषों से मुक्त एक आदर्श प्राकृतिक सौन्दर्य का विधान स्वीकार किया है । गौडीय तथा राधावल्लभीय कवियो की भावना के अनुसार वृन्दावन मे सदा वसत ऋतु बनी रहती है। वहाँ की प्रत्येक लता कल्पतरु है और प्रत्येक फूल पारिजात है । वहाँ की भूमि विविध वर्ण वाले रत्नों से खचित सुवर्णमयी है। अगणित कुंजों मे सप्तवर्णी प्रकाश छाया रहता है । प्रत्येक कुज के प्रवेश द्वार पर सहचरियाँ नियुक्त है जिनकी संख्या कल्पनातीत है—

इसी सम्प्रदाय के कवि गदाधर भट्ट की दृष्टि में वह 'योगपीठ' है ।

श्री वृन्दावन योगपीठ गोविंद-निवासा ।
तहाँ श्री गदाधर चरन-सरन सेवा की आसा ।

—गदा० वाणी०, पृ० ६

नरसी को भी वृन्दावन के लताद्रुम अनेक वर्णों में प्रतिभासित होते है । वस्तुत उनके लिए वृन्दावन वैकुंठ से भी अधिक सुन्दरतर है—

मारुं वृन्दावन छे रूडुरे वैकुंठ नहि आवु ।

—न० कृ० का०, पृ० ५३७

कृष्ण की लीलाभूमि वृन्दावन नंददास के लिए चिद्घन है। वहाँ निरतर शरद् ऋतु रहती है और प्रत्येक रात्रि पूर्ण चंद्र से आलोकित रहती है । सूर और नरसी ने किसी एक ऋतु को नित्य न मान कर वर्षा, शरद् और वसत आदि सभी ऋतुओं मे वृन्दावन का अलौकिक सौन्दर्य से युक्त चित्रित किया है । सारी प्रकृति कृष्ण के रास-नृत्य के साथ उल्लास से नाच उठती है । चन्द्रमा थक जाता है, यमुना का प्रवाह उलट कर बहने लगता, रात्रि असाधारण रूप से षट् मास की हो जाती है ।

आराध्य की लीलास्थली के इस अलौकिक वातावरण के साथ कवियों की भावना का इतना तादात्म्य हुआ कि उनके हृदय मे वृन्दावन की रज, लता, गुल्म और तृण-तरु सभी के प्रति एक विचित्र आत्मीयता एव मुग्धता का भाव जाग उठा । ब्रजभाषा के अनेक कवियों में इसकी अभिव्यक्ति मिलती है—

सूर—माधव मोहिं करौ वृन्दावन रेनु।

—सू० सा०, पृ० २०३

हरिराम व्यास—क. वृन्दावन के रूख हमारे मात-पिता सुत-बंधु।
ख. मैंदामिश्री मुँह रे मेरे वृन्दावन की धूरि।

व्यास वाणी, पृ०

रसखान—कोटिन के कलाधौत के धाम, करील के कुंजन ऊपर वारौ।

गुजराती कवियों में वृन्दावन के प्रति इतनी तन्मयता का भाव विकसित नही हुआ।

प्रकृति के साथ मानवीय सुख-दुख की भावना का समीकरण गोपियो की संयोग और वियोगमयी मनोदशा के चित्रण में विशेष रूप से उपलब्ध होता है। पशुपक्षी और लता-वृक्ष सभी उनकी अनुभूतियों के प्रति सहानुभूति रखते हुए दिखाई देते हैं। गोपियों को कुछ कहना-सुनना होता है तो वे ही उनके सबसे अधिक आत्मीय सिद्ध होते हैं। उन्ही के माध्यम से वे हृदय की गंभीरतम भावनाओं को अभिव्यक्त करती है। दोनों भाषाओं के कवियों ने ऐसे स्थलों पर प्रकृति को विशेष सवेदनीय प्रदर्शित किया है।

नरसी की विरहिणी राधा के स्वर का प्रभाव इतना व्यापक है कि अर्धरात्रि मे पक्षी उसे सुन कर जाग उठते है और यमुना भी डोल उठती है, सूर्य देवता प्रकाश करने लगते है, कमल खिल जाते है और पद्मिनी भयभीत हो जाती है—

> पंखीमात्र नहि पण पशु जागियां, सुणी स्वामिनी मुख वाण।
> त्या स्थिर जमना लागी डोलवा, स्वर थयो जलचर ने जाण।
> स्वर सुणियो सूरज देवता, पाला धाय करवा प्रकाश।
> स्वर सुणि रे कमल खीलिया, उपन्यो पोयणी ने त्रास॥

—न० कृ० का०, पृ० ६०

नरसी ने पक्षियो पर राधा के स्वर के प्रभाव को व्यक्त करने के साथ साथ राधा पर उनके स्वर का प्रभाव भी व्यक्त किया है। विरह की दशा मे राधा को उनका स्वर नही भाता—

> चकचक करती चकलियु आवे, जाणे वियोग तो भागे रे।
> खुश खुश खुश खीशकोली कहे छे, राधा ने रुडु न लागे रे।

—न० कृ० का०, पृ० ६१

अन्य क्षणों में यही प्रकृति राधा के मन मे कृष्ण के साथ रमण करने की उल्लासमयी भावना जागृत करती है—

केसुडा फुल्या रे, आव्यो फागण मास।
रंगभरी रमशु नरहरि साथे, आणी मन उल्लास।

—वही, पृ० २२४

वर्षाकाल मे बरसते हुए मेघों के बीच ज्यों-ज्यों पक्षीरव बढ़ता है त्यों त्यों राधा के हृदय में प्रेम उमडता है—

श्रावण मास सदा सुखकारी झरमर वरसे मेह रे।
दादुर मोर बपैया बोले , तंम तम उपजे नेह रे।

—वही

भालण की गोपी का मान मेघो मे तडपती हुई बिजली को देखकर तथा पपीहे की पुकार सुनते ही विलुप्त हो जाता है। बादल के गरजने के साथ उसका हृदय विदीर्ण हो उठता है—

सामुं जोरे सुन्दरी, विजलडी (शी) जबुकेरे।
मेघ अंधारी आवियो, हलवे हलवे टपके, रीसाव्यो रहिये नहि रे।

बपैयो पीयु पीयु कहीने, धाढे सादे पुकारे (रे)।
मान करे (जे) मित्रशु, ते स्त्री ने (अेवारे)।
घणा रे दिवसना रुसणा (ते) भादरवे भाजे।
हैडु फाटे विरहिणी, जे वारे वन गाजे।

—दशमस्कंध, पृ० १०७

इस प्रकार गुजराती के अनेक कवियों ने प्रकृति के उद्दीपक वातावरण की अनुकूलता और प्रतिकूलता के अनुरूप मानव-हृदय की विविध दशाओं का आलेखन किया है। १५वी शती के नर्यषि की रचना फागु मे प्रकृति के उद्दीपक रूप का अत्यन्त निखरा हुआ चित्रण है। कवि लिखता है—

वसत तणा गुण गहगह्या, महमह्या सवि सहकार।
त्रिभुवन जयजयकार, पिकारवु करहि अपार ॥३॥
जिमि विहसई वणसई, वणसई माननि मानु।
यौवन मदि हिं तु दंपती, दंपती थांहि युवानु ॥४॥

पिक के स्वर को त्रिभुवन पर वसंत की विजय के जयजयकार के रूप में ग्रहण करना तथा वनस्पतियों के माननियों के मान नष्ट करने के लिए विहंसने की कल्पना वास्तव

मे सुन्दर है। वसत ऋतु को विराम की ऋतु के रूप में गुजराती काव्य मे बहुधा निरूपित किया गया है। नरसी के 'वसतना पद' इसके प्रमाण है। यह सब होते हुए भी सयोग और वियोग दोनो पक्षो में जितनी व्यापकता एव विविधता से सूर ने प्रकृति का चित्रण किया है वह समस्त कृष्ण-काव्य में दुर्लभ है।

सूरदास की गोपियाँ अपनी विरह-विगलित दशा की अभिव्यक्ति के लिए यमुना को माध्यम बनाती है परन्तु वे इतने से ही संतुष्ट नही होती। यमुना को वे अपनी तरह सजीव और विरह-कातर देखती है। जिस प्रकार कृष्ण के वियोग ने उन्हे म्लान-मना बना दिया है उसी प्रकार यमुना भी उनके विरह-ज्वर से दग्ध होकर और भी काली पड गयी है—

> दिखियत कालिंदी अति कारी।
> अहो पथिक कहियो उन हरिसों भई विरह-जुर जारी।
> मन पर्यक ते परी धरणि धुकि तरँग तलफ नित भारी।
> तट वारू उपचार चूर जल परी प्रसेद पनारी।
> विगलित कच कुच कास पुलिन पर पक जु काजल सारी।
> मन मे भ्रमर ते भ्रमत फिरत है दिशि दिशि दीन दुखारी।
> निशि दिन चकई बादि वकत है प्रेम मनोहर हारी।
> सूरदास प्रभु जोई यमुन-गति सोइ गति भई हमारी।
>
> —सू० सा०, पृ० ६१५

पद के मध्य की पंक्तियों में भावावेग आरोप का रूप ग्रहण कर लेता है। बालू, कास, पंक आदि सब एक भिन्न रूप में प्रतिभासित होने लगते है। प्रकृति के सूक्ष्म पर्यवेक्षण के साथ साथ भाव-जगत् की सूक्ष्म अनुभूति का ऐसा साहचर्य सूर के ही पदो में मिलता है। इस प्रकार के प्रकृति-वर्णन को केवल उद्दीपन विभाव तक सीमित नही रक्खा जा सकता—

सूर ने उद्दीपन रूप मे भी प्रकृति मे अद्भुत प्राण-प्रतिष्ठा की है।

प्रकृति के प्रति व्यक्त होने वाली रागात्मिका वृत्ति तीव्रता की सीमा पर पहुँच कर उपालंभ से युक्त भावात्मक अनुकथनों के रूप में प्रकट होने लगती है। 'मधुबन तुम कत रहत हरे' तथा 'माई मेरे मोरउ बैर परे' से प्रारम्भ होने वाले पदो मे इसी प्रकार की तीव्र अनुभूति मिलती है।

नरसी मेहता के काव्य मे भी उपालभ की ऐसी तीव्र भावना कही कही उपलब्ध हो जाती है। पपीहे के बोल एक गोपी को बाण के सदृश लग रहे हैं। वह उसे पापी और वैरी कह-कह कर कोसने लगती है—

बपैया पीउने शे रे सभारे ।
अबलाना हैडा होयरे सकोमल, वेणने वाणे अेम का मारे।
अधोजली जल नयण भराणा, शब्द सुणी सुणी तारो ।
तोय रे बपैया तु अरे पापीडो, जनमनो वेरी मारो ।

—न० कृ० का०, पृ० ३००

रास के प्रसग मे भाव-विभोर होकर गोपियाँ वृक्ष वेलियों, पशु-पक्षियो तक से कृष्ण का पता पूछने लगती है। प्रकृति के प्रति ऐसी आत्मतल्लीनता का चित्रण भागवत का आधार लेकर गुजराती तथा ब्रज दोनों के कवियो ने किया है । चन्द्रमा आदि को दूत बनाकर भावाभिव्यक्ति का रूप भी मानवीयकरण की इसी प्रवृत्ति का द्योतक है। वसत ऋतु के बाद जिस ऋतु का अत्यत तल्लीनता के साथ कृष्णकाव्य मे वर्णन मिलता है वह है वर्षा। उमड़ते-घुमड़ते काले काले बादलों को देखकर सूर की गोपियाँ कभी उन्हे कामदेव के बधनमुक्त हाथी समझने लगती है और कभी उनमे कृष्ण की प्रतिच्छाया देखने लगती है—

क. देखियत चहुँ दिसि ते घन घोरे ।
मानहु मत्त मदन के हथियन बल करि बधन तोरे।

—सू० सा० पृ० ६२७

ख. आजु घनश्याम की अनुहारि ।
उनइ आये साँवरे ते सजनी देखि रूप की आरि ।
इन्द्रधनुष मानो पीत वसन छवि दामिनि दशन विचारि ।
जनु बगपाँति माल मोतिन की चितवत हितहि निहारि ।
गर्जत गगन गिरा गोविन्द मिसु सुनत नयन भरे वारि ।
सूरदास गुण सुमिरि श्याम के विकल भयी ब्रजनारि ।

—सू० सा०, पृ० ६२९

पहले पद मे मेघ केवल उद्दीपन की सामग्री है, दूसरे में वे गोपियों की कृष्ण-विषयक आसक्ति के सजीव रूप बन कर कृष्ण के ही सदृश प्रतिभासित होने लगते है ।

संयोग पक्ष मे वर्षा का वर्णन कम मनोरम नही हुआ है। बरसते हुए मेघों और तड़पती हुई बिजलियों के बीच कभी हिंडोलों पर राधाकृष्ण को झूलते देखकर, कभी कुजो मे से भीगते हुए आते देखकर कवियों ने एक विचित्र प्रकार के आह्लाद का अनुभव किया जिसकी अभिव्यक्ति दोनो भाषाओं के कृष्ण-काव्य मे मिलती है;

ब्रजभाषा मे विशेष रूप से । हिंडोला झूलने के चित्र सूर और नरसी ने प्राय. समान भावात्मकता से अंकित किये है परन्तु कुंजविहार के समय रिमझिम बूंदों के आघात से जो स्नेह संबंध मे नवोन्मेष आ जाता है उसकी अभिव्यक्ति ब्रजभाषा के काव्य में अनुपम रूप से हुई है । श्रीभट्ट द्वारा निम्नलिखित पद में अकित राधाकृष्ण का भावमय चित्र वस्तुत. अद्वितीय है—

भीजत कुजन ते दोउ आवत ।
ज्यों ज्यों बूंद परत चूनरि पर त्यो त्यों हरि उर लावत ।
अति गँभीर झीने मेघनि की द्रुम तर छिन विरमावति ।
जय 'श्रीभट्ट' रसिक रस लंपट हिलिमिलि हिय सचुपावत ।

—नि० मा०, पृ० १०

इसी चित्र को नरसी ने अपने ढग से प्रस्तुत किया है ।[१]

षड्ऋतुवर्णन प्रकृति-वर्णन का रूढ़ स्वरूप रहा है । इस विषय में जितनी सूक्ष्मता सेनापति के काव्य में उपलब्ध होती है वैसी गुजराती के किसी कवि की कृति मे नही मिलती । परन्तु बारहमासा मे जितना जीवन्त वर्णन प्रेमानन्द ने प्रस्तुत किया है वह ब्रजभाषा मे दुर्लभ है ।

उपमान रूप में तृण, तरु, पर्वत, लता, कमल, भ्रमर, हस, चकोर आदि प्रकृति की विभिन्न वस्तुओं का उपयोग साहित्य में सदा से होता आया है । न गुजराती का काव्य इसका अपवाद है, न ब्रजभाषा का । कृष्ण का गोपाल रूप आराध्य रूप में मान्य होने से कृष्णभक्त कवियो ने रूढ उपमानों के अतिरिक्त नवीन नवीन उपमान प्रकृति से चुने है । ब्रजभाषा मे सूर तथा गुजराती में प्रेमानद ने इस क्षेत्र मे विशेष मौलिकता प्रदर्शित की है ।

प्रबन्ध-निर्वाह

प्रबन्धकाव्य की सर्जना पदरचना से भिन्न प्रकार की कला की अपेक्षा रखती है । वस्तु-सयोजन, कथा-कथन तथा भाव-निरूपण सबका सम्यक् रूप मे सामंजस्य स्थापित करने के साथ साथ प्रवाह को अक्षुण्ण रखना आवश्यक होता है । पदकार केवल भावमय अथवा रमणीय स्थलों का चयन करके उन्ही की अभिव्यक्ति तक अपने को सीमित रख सकता है, पुनरावृत्ति उसके लिए क्षम्य है, परन्तु प्रबन्धकार एक तो भावमय स्थलो के बीच आने वाले इतिवृत्तात्मक नीरस स्थलों की उपेक्षा नही कर सकता, दूसरे किसी प्रकार की पुनरावृत्ति प्रबन्ध को सदोष बना देती है । एक ही पात्र की मनस्थिति के आलेखन से उसका दायित्व समाप्त नही होता वरन्

उसे अनेक पात्रों की मानसिक अवस्था का सश्लिष्ट चित्रण करना होता है। कथा को विकसित करने के लिए एक जीवन्त वातावरण की सृष्टि करना अनिवार्य है जिसके लिए उसे लोक-जीवन के विविध पक्षों तथा लोकस्वभाव के विविध रूपों से परिचित होना भी आवश्यक है। यह बात नही है कि पदकारों को उक्त वस्तुओ के परिज्ञान की अपेक्षा नही होती, फिर भी उनका प्रधान उद्देश्य गेय भावाभिव्यक्ति ही होता है। अन्य सब कुछ उसकी पृष्ठभूमि मे गौण रूप से स्थित रहता है। परन्तु प्रबन्धकारों को भावनिरूपण के साथ लोकजीवन और लोकचेतना से सम्बद्ध सभी वस्तुओं को पर्याप्त महत्त्व देना होता है।

ब्रजभाषा में नददास तथा गुजराती मे प्रेमानंद और भालण मे प्रबन्ध-विधान की पटुता विशेष रूप से परिलक्षित होती है। कथा-प्रवाह का उक्त कवियो ने सम्यक् निर्वाह किया है और वस्तु-सयोजना मे भी अपने अपने स्वभाव के अनुसार पर्याप्त कुशलता प्रदर्शित की है।

नददास की अनेक रचनाओं मे प्रबन्धात्मकता के दर्शन होते है परन्तु आख्यान शैली का पूर्ण निर्वाह और वास्तविक प्रबन्ध योजना 'रुक्मिनीमंगल' तथा 'रूपमजरी' मे ही सभव हो सकी है। 'विरहमजरी' में कथा का अभाव है। 'भँवरगीत' में सवादात्मकता की प्रधानता के कारण प्रबन्ध के अन्य अंगो का विकास नही हुआ है। 'श्याम सगाई' और 'सुदामाचरित' अत्यन्त संक्षिप्त रचनाएँ है जिनमें कथा की तीव्रता ने कवि को वातावरण और भावों के विकास के लिए अवसर नहीं दिया। 'रासपंचाध्यायी' में अवश्य कथा का पर्याप्त विस्तार एवं स्थिरता है जिससे भावों और दृश्यो का समुचित आलेखन हो सका है। उसमे आने वाले भावपूर्ण स्थलों की समीक्षा भावपक्ष के अन्तर्गत 'रासलीला' के प्रसंग मे की जा चुकी है। प्रबन्धात्मकता की दृष्टि से इन सभी रचनाओं से पूर्वोक्त दोनों रचनाएँ श्रेष्ठ है। 'रूपमंजरी' कवि की नितान्त मौलिक कल्पना-सृष्टि है। प्रारंभ मे सैद्धान्तिक आधार और वैयक्तिक निवेदन देकर कवि ने आत्मीयता और आध्यात्मिकता का वातावरण रच दिया है जिससे आगे की प्रेम-कथा में अर्थगांभीर्य के साथ ही रुचिरता भी उत्पन्न हो गयी है। सघर्ष और अन्तर्द्वन्द्व के अभाव की पूर्ति एक प्रकार से नायिका के यौवमनागम, श्रवण और स्वप्नदर्शन से उत्पन्न पूर्वानुराग तथा षट्ऋतु के साथ मानसिक दशा के संश्लिष्ट निरूपण मे हो जाती है, क्योंकि इसमें जिस आलंकारिक शैली का प्रयोग किया गया है वह अत्यन्त आकर्षक है। वर्णन प्राचीन काव्य-परम्परा के अनुकूल है अतएव गुजराती आख्यान काव्यो से कही कहीं आश्चर्यजनक साम्य उपलब्ध होता है। नगर-शोभा, प्रेम-विरह तथा यौवनागम के रूढ़िगत वर्णन इसके प्रमाण है।[४]

कथा की समाप्ति मयोग,-सुख सन्तोष की स्थिति का चित्रण करके की गयी है। दोनो भाषाओ के रुक्मिणी और सुदामा सम्बन्धी काव्य इसको चरितार्थ करते है। नददास के 'रुक्मिणीमंगल' मे प्रयुक्त 'मगल' शब्द सुखान्त की इसी प्रवृत्ति का द्योतक है। नददास ने इस काव्य का प्रारम्भ बिना किसी भूमिका के ही कर दिया है किन्तु भावो की योजना प्रारम्भ से ही परिपक्वता धारण करती गयी है। रुक्मिणी की विरह-विह्वल अवस्था का जैसा चित्रण नंददास ने किया है वैसा गुजराती के रुक्मिणी-सबन्धी किसी काव्य में नही मिलता। रुक्मिणी-हरण से पूर्व सघर्ष की स्थिति के चित्रण में प्रेमानंद ने सर्वाधिक पटुता प्रदर्शित की है। परिस्थिति और तदनुरूप मनोभावों के अंकन मे उन्होंने पर्याप्त मौलिकता का प्रमाण दिया है। नारद का समावेश करके प्रेमानंद तथा अन्य गुजराती कवियों ने कथा मे विशेष रोचकता उत्पन्न कर दी है। अन्त में विवाह का लोकानुरूप सजीव वर्णन करके सूर, भालण, प्रेमानद आदि ने स्थिति को पूर्णता तक पहुँचा दिया और उसके द्वारा उनको विविध मनोभावो के वर्णन का अवसर भी मिल गया। प्रबन्ध-विधान सुरक्षित रखते हुए कवियो ने परिस्थिति और मनोदशाओं के आलेखन में विशेष कौशल प्रदर्शित किया है। सुदामाचरित के अन्तर्गत सुदामा की दरिद्रता और कृष्ण से उनकी भेंट के चित्रण उदाहरण स्वरूप प्रस्तुत किये जा सकते हैं। ब्रज-भाषा मे इस सम्बन्ध मे नरोत्तमदास का स्थान अद्वितीय है। सुदामा की दरिद्रता की पूरी व्यजना कवि ने सुदामा की स्त्री के वाक्यों से सफलतापूर्वक करा दी है। 'या घरते न गयो कबहूँ पिय टूटो तयो अरु फूटी कठौती' मे निर्धनता के अभिशाप से अभिशप्त एक गृहिणी के हृदय की मर्मवेदना समाई हुई है। सुदामा की जीर्ण वस्त्रों से आवृत्त दुर्बल काया का परिचय जब द्वारपाल कृष्ण को देता है उस अवसर पर भी कवि ने दरिद्रता का यथार्थ अकन किया है—

> सीस पगा न झगा तन मे प्रभु जाने को आहि बसै केहि ग्रामा।
> धोती फटती सी लटी दुपटी अरु पाँय उपाहन की नहिं सामा।
> द्वार खड़यो दुज दुर्बल एक रह्यो चकि सो वसुधा अभिरामा।
> पूँछत दीन दयाल को धाम बतावत आपन नाम सुदामा।
>
> —सुदामाचरित्र

गुजराती आख्यानकार प्रेमानंद ने सुदामा की दरिद्रता का अधिक विस्तार से वर्णन किया है और उनके वर्णन में यथार्थता की मात्रा अधिक ही है—

धातुपात्र नही कर सहावा, साजु वस्त्र नथी सम खावा ।
जेम जल विण वाडी झाडुवा, तेम अन्न विण बालक बाढुवा ।
नीचा घर भीतडियो पडी, श्वान मांजर आवे छे चडी ।
अतिथि फरी निर्मुख जाय, भवांनक नव पामे गाय ।
अन्न बिना पुत्र मारे वागला, तो क्या थी टोपी आगला ।
वाध्या नख ने वाधी जटा, माहि उडे रक्षानी घटा ।
दर्भ तणी तूटी सादडी, नाथ जी ते पर रहो छो पडी ।
बीजे त्रीजे पामो छो आहार, ते मुजने दहे छे अंगार ।
हुंतो दरिद्रसमुद्र मा बूड़ी, हेवातणमां अकेकी चूडी ।
सौभाग्य ना नथी शणगार, नहि काजल नहि किडियां हार ।
नहि ललाटे देवा कुकु, अन्न बिना शरीर रह्‌यु सुकु ।

—बृ० का० दो०, भाग १, पृ० २४०-२४१

सुदामा के पुत्रो का चित्रण करके प्रेमानंद ने कथा को अधिक मार्मिक बना दिया है। द्वारका जाते हुए अपने पिता से जब वे अपनी भूख मिटाने योग्य कुछ लाने की दीनताभरी प्रार्थना करने लगते है तो सारा वातावरण दुख से भर जाता है—

ऋषि सुदामा ने कहे बालकडा, करी ने रोता मुख ।
पिताजी अेवु लावजो, जेने जाय आपणी भूख ।

—वही, पृ० २४५

इस तरह की मौलिक भावस्थिति का निर्माण करके प्रबन्ध को सजीव बना देना प्रेमानंद का स्वभाव है। सुदामा से कृष्ण अन्तपुर मे भेट करते है अतएव प्रेमानंद ने प्रतिहार के साथ दासी का भी उल्लेख किया है। इस तरह की व्यावहारिक तथा राजसमाजोचित बातों के चित्रण की ओर उन जैसे पटु प्रबंधकार का ही ध्यान जा सकता है। कृष्ण को सुदामा के आगमन का समाचार देने वाली दासी की संशयग्रस्त मनोदशा का आलेखन करने के साथ ही उन्होंने नरोत्तमदास की तरह आगंतुक के दारिद्रय की भी व्यंजना कर दी है—

न होय नारद अवश्यमेव रे, नहीं वशिष्ठ ने वामदेव रे।
न होय दुर्वासा न अगस्त्य रे, मैं तो ऋषि जोया छे समस्त रे।
नही विश्वामित्र के अत्री रे, नथी लाव्यो चिट्ठी के पत्री रे।
दुःखी दरिद्र सरखो भासे रे, अेक तुबीपात्र छे पासे रे ।
पिंगल जटा भस्मे भरीयो रे, सुधारूपी नारीअे वरियो रे ।

—वही, पृ० २४८

कृष्ण-सुदामा-मिलन के अवसर पर प्रेमानंद और नरोतम दोनो ने स्थिति की मार्मिकता को पूरी तरह परखते हुए कृष्ण के मनोभावों का उचित अकन किया है परन्तु नरोतम को अधिक सफलता मिली है। कृष्ण के हृदय को उन्होने अधिक भावुकता से अभिव्यक्त किया है—

प्रेमानद—षोडशोपचार पूजा कीधी, अगर धूप धूमाय।
करजोडी प्रदक्षिणा कीधी, हरि ने हरख आसु थाय।
पोताने ओढवानी पीत पछेडीओ, लोह्या ऋषिना पाय।
ऊभा रही कर विझणो ग्रही ने, विट्ठल ढोले वाय।

—वही, पृ० २५०

नरोतम—कैसे बिहाल बिवांइन सौ भये, कंटक जाल गये पग जोये।
हाय सखा तुम पाये महा दुख, आये इतै न कितै दिन खोये?
देखि सुदामा की दीन दसा करुना करिके करुनानिधि राये।
पानी परात को हाथ छुयो नहि, नैनन के जल सौ पग धोये।

—सुदामाचरित्र

नरोतम के काव्य मे प्रबन्धात्मकता के साथ मुक्तक काव्य का सौदर्य भी उपलब्ध होता है। ऐसी दशा मे कवि का ध्यान कथाप्रवाह की ओर से हट कर कथाक्रम का अनुसरण करने वाले मुक्तको को सँवारने में लग जाता है। नंददास का सुदामाचरित प्रबन्ध की दृष्टि से अत्यन्त साधारण काव्य है अतएव उसमें उक्त स्थलों का विकास नहीं मिलता।

उक्तिवैचित्र्य और अलंकार-विधान

दोनों भाषाओं मे जिन कवियो ने अनुवादात्मकता से ऊपर उठ कर मौलिक कल्पना के योग के साथ काव्यसर्जना की है उनकी रचनाओं में बहुधा कला के वैचित्र्यमूलक अथवा चमत्कारवादी स्वरूप के भी दर्शन होते है। सामान्य रूप से कुछ न कुछ अलकार किसी के भी काव्य में खोजे जा सकते है क्योंकि अलकार कथन-शैली के ही विविध प्रकार है परन्तु कुछ कवियो मे उक्ति-वैचित्र्य तथा चमत्कार-प्रदर्शन की मनोवृत्ति अन्तर्निहित होती है जो उनकी तद्विषयक जागरूकता से प्रमाणित होती है। ऐसे कवियों के काव्य में चमत्कारबहुल कलात्मकता का आग्रह अपवाद-स्वरूप न प्राप्त होकर नियमतः मिलता है। ब्रजभाषा मे रीति कालीन प्रेरणा से लिखा गया कृष्णकाव्य प्रधानतः इसी मनोवृत्ति का परिचायक है। भाव प्रायः उक्ति और चमत्कार-प्रदर्शन का आधार मात्र होकर आये है। केशवदास, मतिराम, बिहारी और देव जैसे कवियों का वर्ग का वर्ग लगभग इसी कोटि मे

आता है । कतिपय भावशील कवियों ने भावपक्ष और कलापक्ष के बीच सामजस्य स्थापित किया परन्तु ऐसे उदाहरण कम उपलब्ध होते हैं । भक्त तथा आख्यानकार कवियों के द्वारा जो चमत्कारिकता का प्रदर्शन यत्र तत्र मिलता है वह एक गौण प्रवृत्ति के रूप मे ही है । इनकी उक्तियाँ तथा इनके अलंकार काव्य-वैभव के सहज अंग होकर आये हैं । जागरूकता का निषेध तो सर्वथा नही किया जा सकता किन्तु आग्रह अवश्य नही मिलता । मौलिकता पर्याप्त मात्रा में मिलती है ।

उक्ति-वैचित्र्य—उक्ति की विचित्रता, अथवा वक्रता बहुत से अलकारों के मूल में निहित रहती है अतएव उक्ति-वैचित्र्य प्राय. उपमादि अलंकारों के सुनिश्चित रूप में सन्मुख आता है । इस प्रकार की सामग्री 'अलकार-विधान' के अन्तर्गत आगे प्रस्तुत की गयी है । यहाँ केवल उन्ही उदाहरणों को लिया गया है जिनमें उक्ति का सहज एव व्यापक स्वरूप अक्षुण्ण रहा है । कवि की अपनी कल्पना से उद्भूत उक्तियो के अतिरिक्त कुछ रूढ़ उक्तियाँ भी उपलब्ध होती है । दोनों भाषाओ के काव्य मे दोनो प्रकार का उक्ति-वैचित्र्य मिल जाता है ।

भालण और नंददास की यौवनवर्णन सम्बन्धी निम्न उक्तियाँ परम्परागत और रूढ प्रकार की ही है—

भालण—यौवन ने पगनी चंचलता लइ मेली लोचन जी ।
कटि कीधी अति पातली, उरज कर्या अति घन ।

—द० स्क०, पृ० १३८

नददास—क. जुवन राउ जब उर पुर लयौ, सैसव राउ जघन बन गयौ ।
अरन लगे जब दोउ नरेसा, छीन पर्यौ तब तिय मधि देसा ।

—नद०, पृ० ५

ख, बालपने पग चंचलताई, अब चलि छबिले नैनन आई ।

—वही, पृ० ६

इस प्रकार की रूढिमयी उक्तियों का प्रयोग बिहारी आदि रीतिपरम्परा के कवियो द्वारा प्राय. किया गया है ।

विरह-व्यथा सम्बन्धी भालण की एक दूसरी उक्ति दर्शनीय है । वियोग की अग्नि हृदय में बराबर जलती रहती है तो भी शरीर भस्म नही होता क्योंकि वह नेत्रो से प्रतिक्षण ढलकने वाले आँसुओं से भीगा रहता है—

हैडे पावक प्रजले रे, नयणे नीर न माय ।
भस्म न थाये ते भणी रे, आँसुडे ओलाय ।

—द० स्कं०, पृ० २१९

भ्रमरगीत के पाती-प्रसग मे सूर ने विरहाग्नि और अश्रुओं के गुणों को दूसरे प्रकार की उक्ति में सगुफित कर दिया है—

> नैन सजल कागज अति कोमल कर अँगुरी अति तार्ती ।
> परसे जरै विलोकें भीजै दुहूँ भाँनि दुख भाती ।
> —सू० सा०, पृ० ६८९

सूर मे भाव को तीव्रतर बना देने वाली उक्तियो की सृष्टि करने की अद्भुत क्षमता है। काली रात को नागिन कहने के साथ कृष्णपक्ष के बाद शुक्लपक्ष के आने की बात को उक्ति-चमत्कार प्रदर्शित करते हुए जब वे नागिन का डसकर उलट जाना कहते है तो कथन मे एक विचित्र मार्मिकता आ जाती है—

> पिया बिनु नागिन कारी राति ।
> कबहुँक जामिनि उवति जुन्हैया डसि उलटी है जाति ।

इसी तरह वंशी सम्बन्धी पदों मे सूर ने गोपियों के भावो को अनुपम उक्ति-सौन्दर्य से विभूषित किया है। उनकी उक्तियाँ बाँस की बाँसुरी मे प्राण डाल देती है—

> मुरली तऊ गोपालहि भावति ।
> सुनि री सखी जदपि नँदनदहि नाना भाँति नचावति ।
> राखति एक पाँय ठाढ़ो करि अति अधिकार जनावति ।
> कोमल अग आपु आज्ञा गुरु कटि टेढ़ी ह्वै आवति ।
> अति आधीन सुजान कनौड़े गिरिधर नार नवावति ।
> आपुन पौढि अधर सेज्या पर कर-पल्लव सन पद पलुटावति ।
> भृकुटी कुटिल कोप नासा पुट हम पै कोपि कोपावति ।
> सूर प्रसन्न जानि एकौ पल अधर सु शीश डोलावति ।
> —सू० सा०, पृ० २४०

गुजराती कवि प्रेमानद मे भी उक्ति-वैचित्र्य की अद्भुत् क्षमता मिलती है। गोपियाँ भ्रमर को अनेकानेक उपालभ देती है। इसी क्रम मे प्रेमानद ने भ्रमर के पर्याय 'षट्पद' को आधार बनाकर एक मौलिक उक्ति का निर्माण कर डाला। चार चरणोंवाला पशु होता है, इस तर्क मे भ्रमर ड्योढा पशु हुआ—

> छे षट चर्ण तारे विषे, सुण्य भमरा रे ।
> माटे दोढ पशु नुं केहेवाय, भोगी भमरा रे ।
> —श्रीम० भा०, पृ० ३२९

ठीक इसी प्रकार की उक्ति नंददास के भँवरगीत मे मिलती है जिसमे ड्योढे पशु की बात तो नही है परन्तु पशु कह कर उसके अन्य लक्षणों का विस्तार किया गया है —

कोउ कहै रे मधुप प्रेम षटपद पसु देख्यौ ।
अब लौ इहि ब्रज देस माँहि कोउ नाहि बिसेख्यौ ।
दोइ सिग मुख पर जमे, कारौ पीरौ गात ।

—नद०, पृ० १३६

प्रेमानंद की दो एक अन्य उक्तियाँ भी दर्शनीय है । गोपियाँ कृष्ण के पास सँदेसा भेजती है कि मृगया के बहाने ही ब्रज मे आ जाना, क्योंकि यहाँ सभी स्त्रियाँ मृगनयनी है—

तेना तमे कहावो राजकुमार ।
मृगयाने रमवा रे, वन पधारजो रे,
अही अमे मृगनेणी सहु नार ।

—श्रीम० भा० पृ० ३३१

आँसुओं को वर्षा के रूप मे ग्रहण करके शारदीय रास के प्रसग में वे एक सुन्दर उक्ति रच डालते हैं—

शरद समे आव्युं चोमासु, लागी आसुनी झेली ।

—वही, पृ० २९०

सूरदास ने भी आँसू और वर्षा के सादृश्य को लेकर भिन्न प्रकार की उक्ति का निर्माण किया है—

निशिदिन बरषतु नैन हमारे ।
सदा रहति वर्षा ऋतु हम पर जबते श्याम सिधारे ।

—सू० सा०, पृ० ६२०

यह थोड़े से उदाहरण ही दोनों भाषाओं के कवियों की उर्वर कल्पना-शक्ति तथा उक्ति-वैचित्र्य की क्षमता के प्रमाण है ।

अलंकार-विधान—ब्रजभाषा के रीतिकवियों को छोड़कर कृष्ण-काव्य के अधिकाश रचयिताओ की वृत्ति भाव-निरूपण में अलंकरण की अपेक्षा गौण रही है पर जहाँ भी अलकृति मिलती है वहाँ शब्दालंकारो की तुलना मे अर्थालकारों का प्रयोग व्यापक और सहज रूप में किया गया है । गुजराती में श्लेष, यमकादि शब्दालंकारों का प्रयोग तो अपवाद रूप में ही मिलता है । फागु काव्य के रचयिता नर्याष ने आन्तरप्रास के रूप में अभग और सभंग दोनों प्रकार के यमक का प्रयोग किया है । कही कहीं

स्वतन्त्र यमक भी उपलब्ध होता है । अनुप्रास का आग्रह फागु में आद्योपान्त मिलता है । नर्षि की शब्दयोजना बहुत कुछ केशव, मतिराम, बिहारी और देव के समानान्तर है । निम्नलिखित कतिपय उद्धरण इसके प्रमाण हैं—

बन्निसु फागि नरायण, राय णमइ जसु पाइ ।
तसगुण अणुदिण खेलत, हेल तजाइ अपाइ ॥२॥
आविय मास वसतक, संत करइ उत्साह ।
मलयानिल महि वायउ, आयउ कामगिदाह ॥१७॥
वणवरि आदिय प्रभु वीनविउ, नवि दसइ दिसारि रे ।
माधव माधव भेटण आविन देव मुरारि रे ॥२८॥
थणमरि नमती तरुणी करुणी वरुणी चरण संचारि रे ।
चालइ चमकत झमकत नेउर केउर कटक विशाल रे ॥३०॥

किन्तु भालण और नरसी जैसे प्रमुख कवियों में यमक के दो ही चार उदाहरण मिल पाते हैं, वह भी बहुत खोजने पर—

भालण—क. श्रीकृष्ण वर थाये अमारे, अेह वर आपो तमे ।

—द० स्कं०, पृ० ७९

ख. शी कहुं वातडी, दुखे गइ रातडी, आँख अति रानडी थइरे मारी ।

—वही, पृ० १९४

नरसी—क. पथनु जेम पशु पूठल वलग्युं फरे नरसैना नाथजी नाथ तोडी ।

—न० कृ० का० पृ० ४७८

ख. श्वामनो शो विश्वास, नहि निमिषनो, आश अधुरी अने अेम भरवु ।

—वही, पृ० ४८०

पुनरुक्तिप्रकाश का जैसा सुन्दर प्रयोग गुजराती में नरसी ने किया है वैसा ब्रजभाषा में नहीं मिलता—

क. चालंती गजनी चाल चाल ।
लट छूटी ने आवे भाल भाल ।

—वही, पृ० २६०

ख. फूली फूली फूली हुं तो हरिमुख जोइफूली रे ।
भूली भूली भूली मारा घरनो धंधो भूली रे ।

—वही, पृ० ५०४

भालण और सूर ने भी इसका सफल प्रयोग किया है।[५]

वर्णवृत्तिमय अनुप्रास गुजराती कवियों द्वारा प्रयुक्त अवश्य हुआ है परन्तु अत्यन्त सहज रूप मे। आग्रहपूर्वक शब्दों को अनुप्रास के क्रम से नियोजित करने की ओर उनका ध्यान उतना नही है जितना व्रजभाषा के अनेक कवियों का रहा है। नंददास की तरह शब्दों को जड जड कर चमकाने की प्रवृत्ति उनमें कम मिलती है। भालण, नरसी, प्रेमानंद की अनुप्रास-योजना के कुछ विशिष्ट उदाहरण नीचे प्रस्तुत किये गये हैं—

भालण—हरिने हिंदोलुं प्रीते हालरीयु गाउं।
पोढे परमानद, वारणे हुं जाउं।

—द० स्कं०, पृ० १८

नरसी—क. नाचता नाचता नयणे नयणा मल्या, मदभर्या नाथ ने वाथ भरता।
झमकते झाझरे ताली दे तारुणी, कामिनी कृष्णसु केल करता।

—न० कृ० का०, पृ० २१८

ख. कर्मकूडा करी, खाण चारे भरी, नासवा नीसर्यो नाम बारी।
कृष्ण कीर्तन विना, जाम जाये वृथा, जेम रहे जूगटे सिद्धि हारी।

—वही, पृ० ४८०

ग अग उमग लई रग बेरग थई उचरे व्यग उछरंग आगे।
नाद करी पाद ने, बाद धरि मादने साद उल्लाद विखवाद मागे।

—वही, पृ० १०९

प्रेमानद—क तरणीतनयानां तरगमा कीधा संध्यातर्पण।

—श्रीम० भा०, पृ० ३२६

ख. केसर वोली चोली रे चोसर चंपकहार।
चतुरा चाले चमकती, झाझरनो झमकार ॥५१॥

—मास

ऐसे उदाहरण अधिक नही मिलते। इन्हे एक प्रकार से अपवाद कहा जा सकता है क्योंकि इनमे अनुप्रास के प्रति सजगता का आभास है। व्रजभाषा के पदकारो मे गुजराती कवियो की तरह ही वर्ण-मैत्री का आग्रह प्रायः नही मिलता। सहज नाद-सौन्दर्य, अकृत्रिम माधुर्यमयी पदयोजना, भाव के अनुरूप शब्द-विधान पद साहित्य के स्वाभाविक गुण है। सायास लाये हुए अनुप्रास तथा अलंकार रूप मे मिलने वाले श्लेष और यमक के उदाहरण अधिक नही है।

नददास की स्थिति पदकारों से भिन्न है। सानुप्रास वर्णमैत्री से युक्त शब्दयोजना उनका स्वभाव रहा है। उनके काव्य में शब्दो के अलकरण की यह प्रवृत्ति प्रायः सर्वत्र

मिलती है। निम्नलिखित कुछ पंक्तियाँ इसका प्रमाण है—

क. द्विज न गयौ फिरि भवन, गवन कियौ धरि जु पवन गति।

—नद०, पृ० १४४

ख. बगर बगर सब नगर, उडी नभ गुडी बनी छवि।

—वही, पृ० १४५

ग. तब रुक्मिनि कौ कागर, नागर नेह नवीनौ।
वसनछोर तें छोरि विप्र श्रीधर कर दीनौ।

—वही, पृ० १४६

घ. हरी हरी यौं दुलहिनि कहि सब लोग पुकारे।

—वही, पृ० १५३

वल्लभरसिक ने भी वर्णमैत्री का विशेष आग्रह प्रदर्शित किया है परन्तु उनकी अनुप्रास-प्रियता निरर्थकता की सीमा तक पहुँच गयी है।

इस प्रवृत्ति का चरम रूप ब्रजभाषा के रीतिकालीन कवियो में उपलब्ध होता है। कही कही उनमे शब्दालकारों का आग्रह भावाभिव्यक्ति से भी प्रधान हो गया है, समानान्तर तो वह रहा ही है। इस चमत्कार-प्रियता पर कुछ कवियो ने गर्व प्रकट किया है। सेनापति अपनी कविता की श्लेषमयता का उद्घोष करते हुए लिखते हैं—

कोई है अभंग कोई पद है सभंग, सोधि,
देखे सब अंग सम सुधा के प्रवाह की।
सेवक सियापति को सेनापति कवि सोई,
जाकी द्वै अरथ कविताई निरवाह की ॥६॥

—कवित्तरत्नाकर, तरंग १

उनके 'कवित्तरत्नाकर' की पहली तरग 'श्लेष तरग' ही है जिसमे श्लेष के आधार पर ऐसे ऐसे सादृश्य उपस्थित किये गये है जिनका भाव से कोई सीधा सम्बन्ध नही है। सादृश्य का आधार रूप और मनोभाव न होकर चमत्कार-भावना ही है। बिहारी ने भी श्लेष का प्रयोग पर्याप्त मात्रा मे किया है।

चिरजीवौ जोरी जुरै क्यो न सनेह गंभीर।
को घटि ये वृषभानुजा, वे हलधर के वीर ॥६७७॥

—बिहारीरत्नाकर, पृ० २७८

ऐसा एक भी उदाहरण समस्त गुजराती कृष्णकाव्य में खोजने पर भी न मिलेगा। 'कृष्णक्रीड़ाकाव्य' में केशवदास ने अवश्य श्लेष का प्रयोग किया है परन्तु वक्रोक्ति से

मिश्रित करके । फिर जिस पद मे श्लेषवक्रोक्ति का यह प्रयोग मिलता है वह शुद्ध गुजराती का पद नही है । उसमे ब्रजभाषा का सम्मिश्रण है । यथा—

'जो वनमाली तो फूल बेचजै , चुबे बेल गुलालां ।'
'सुण्य चतुरी ! हु चक्री' 'तू क्राण कवण कुलाला ।'
'अरे अरे अनग हू अबला ।' 'नाग तमे हम नारी ।'
'हूं हरि, हेला हश महिरखणी !' 'तू माकड वन मुझारी ।'

—श्रीकृ०की० का० पृ० १०९

वर्णमैत्री का आग्रह और शृंखलाबद्ध वृत्यनुप्रास-विधान भी गुजराती मे दुर्लभ है । देव के निम्न छद की शब्दयोजना का कोई सादृश्य उसमे उपलब्ध नही होता—

जब ते कुँअर कान्ह, रावरी कलानिधान,
कान परी वाके कहूँ सुजस कहानी सी ।
तबही ते 'देव' देखी देवता सी, हँसति सी,
खीझति सी रीझति सी रूसति रिसानी सी ।
छोही सी छली सी छीनि लीनी सी छकी सी छीन,
जकी सी टकी सी लागी थकी थहरानी सी ।
बीधी सी बधी सी बिसबूडी सी विमोहित सी ,
बैठी बाल बकति बिलोकति बिकानी सी ।

——भवानीविलास

केशवदास और मतिराम मे भी शब्दालकारों के प्रति पर्याप्त आकर्षण मिलता है । यही नहीं रसखान, ध्रुवदास और माधवदास जैसे सम्प्रदाय-सम्बद्ध कवियों तक में यह अलकरण-प्रवृत्ति स्पष्ट परिलक्षित होत है —

रसखान—सेस महेस दिनेस गनेस सुरेसहु जाहि निरतर ध्यावै ।
जाहि अनादि अनत अखड अछेद अभेद सुवेद बतावै ।
ध्रुवदास—पिकबैनी प्रेमावली प्रेमारस मे लीन ।
परिमल पुन्या पावनी पदमावती प्रवीन ।।७०।।

——मंडलसभासिंगार

माधवदास—सरस सुढार सार हार गजमोतिन के,
किये है सिंगार तन वरन वरन को ।

चचल चपल चपला के भ्रम चौकि परै,
चाहि चकचौंधी लागे मोहन के मन को।
—मा० वा०, पृ० ७०

यद्यपि कूटत्व को अलकरण नही कहा जा सकता तथापि प्रधानत शब्द चमत्कार पर ही आश्रित होने के कारण 'सूरसागर' तथा 'साहित्यलहरी' मे उपलब्ध कूट पदों की ओर निर्देश कर देना यहाँ आवश्यक है। सूरदास के अनेक कूट सारंग आदि अनेकार्थी शब्दों पर ही आश्रित है—

सारग सारगधरहि मिलावौ।
सारग विनय करत सारग सो सारंग दुख बिसरावहु।
—सू० सा०, पृ० ३८८

कही कही शब्द के रूप को विकृत करके उसे समानार्थी बनाते हुए दुरूह कल्पना से कूटत्व उत्पन्न किया गया है जैसे निम्नलिखित पद मे 'मास' और 'मास' तथा 'बीस' और 'विष' को एक अर्थ मे ग्रहण किया गया है—

कहत कत परदेसी की बात।
मदिर अरध अवधि बदी हमसों हरि अहार चलिजात।
शशिरिपु वरष सूररिपु युगवर हररिपु किए फिरै घात।
नखत वेद ग्रह जोरि अरध करि वनि आवै सोइ खात।
सूरदास प्रभु तुमहि मिलन को कर मीडत पछितात।
—सू० सा०, पृ० ७०१-२

सूर ने कूटों की रचना मे यमक आदि के अतिरिक्त सख्या तथा सम्बन्धवाची शब्दो और रूपकातिशयोक्ति जैसे अर्थालंकारो का सम्यक् प्रयोग किया है।[१] साहित्य-लहरी मे यह कूट-शैली और भी अधिक व्यापक रूप मे मिलती है।

गुजराती कवियो ने कूट-शैली मे पद-रचना नही की और किसी अन्य प्रकार से ही काव्य को दुरूह बनाया है।

अर्थ को अलंकृत करने में कवियों ने सादृश्यमूलक अलकारों का सर्वाधिक प्रयोग किया है, विशेष रूप से उपमा, उत्प्रेक्षा और रूपक का। इन अलंकारों में जो अप्रस्तुत योजना की गयी है वह एक ओर परम्परागत कमल, चद्र, हस, मीन, गज, केहरि, व्याल आदि उपमानो से समृद्ध है, दूसरी ओर उसमे कवियों द्वारा स्वप्रत्यक्ष सादृश्य को व्यक्त करने वाले अभिनव एव अपूर्व उपमानों का भी सम्यक् योग है। दोनों

भाषाओ के अनेक कवियो ने अलकार-विधान मे मौलिक प्रतिभा का पर्याप्त परिचय दिया है। उदाहरणस्वरूप नीचे कुछ उपमाएँ प्रस्तुत की जाती है जिनकी स्वाभाविकता एवं मौलिकता ने उन्हे विशेष आकर्षक बना दिया है—

गुजराती

नर्यषि :— तारा माहि जिम चन्द, गोपिय माहि मुकुद ।। ४८ ।।

—फागु

भालण —: १. मन तो पोतानु राखिये रे, नालिकेर ज्यम नीर ।

—द०स्कं०,पृ० ९१

२. तेने प्रीत कोण शु आवे, दिन प्रत्ये नवा फल चाखे ।
चांच अडाडी ने जेम सूडो, जइने बेसे बीजी शाखे ।

—वही, पृ० १११

३. ज्यम पापण नेत्र ने राखे त्यम ते राख्या तन जी ।

—वही, पृ० ४०९

नरसी :— १. वासना तारी घटघटमा, जेम वालमां पड्यु तेल ।
तारी वासना नो मने पास लाग्यो, जेम बेहके फूलेल ।
तारे मारे प्रीत बंधाणी, जेम सूतरनी फेल ।

—न०कृ०का०, पृ० ३१५

२. प्रीतडी मायली शामला साथे, जडी कुदन हीरले रे ।

—वही, पृ० ३४८

प्रेमानन्द :— १. मूलरूप धरियु माया तजी, वाधी जोजन दोढ ।
जेम पर्वत ऊपर पोपटो तेम वीराजे रणछोड ।

—श्रीम० भा०, पृ० २४७

२. जेम समुद्रमा पडे वीजळी तेम अग्नि ज्वाळ गोविंदे गळी ।

—वही, पृ० २७६

३. सर्पफणावत श्रवण उभा,

—वही, पृ० २९९

४. हुं विना वलवली मरशे जेम टळवळे टीटूडी ।

—वही, पृ० ३१५

ब्रजभाषा

सूर— १. कनक भूमि पर कर पग छाया यह उपमा एक राजत।
कर कर प्रति पद प्रतिमणि वसुधा कमल बैठकी साजत ।।
—सू० सा०, पृ० १४४

२. अब अबर ऐसो लागत है जैसो झूठो थारु।
—वही, पृ० ३४७

३. जोबन रूप दिवस दसही को ज्यों अँजुरी को पानी।
—वही, पृ० ४८६

४. सूरदास प्रभु तुम्हरो गवन सुनि जल ज्यों जात बही।
—वही, पृ०. ५८०

५. अब यह शशि ऐसो लागत ज्यों बिनु माखनहि मह्यो।
—वही, पृ० ५८४

६. नीरस करि छाँडी सुफलक सुत जैसे दूध बिनु साढी।
—वही, पृ० ५८५

७. सूरदास वा भाइ फिरत हौं ज्यो मधु तोरे माखी।
—वही, पृ० ६११

८. देखी माधो की मित्राई।
आई उघरि कनक कलई सी दै निज गये दगाई।
—वही, पृ० ६१४

९ सुनत लोग लागत हमैं ऐसे ज्यों करुई ककरी।
—वही, पृ० ७०३

१०. बिनु गोविद सकल सुख सुदरि भुस पर की सी भीति।
—वही, पृ० ७५०

नन्ददास— १. पानी पर पराग परी ऐसी । बीर फुटक भरी आरनि जैसी।
—नन्द, पृ० ३

२. लै चले नागर नगधर नवल तिया कौं ऐसे।
माँखिन आँखिन धूरि पूरि, मधुहा मधु जैसे ।।
—वही, पृ० १५२

३. कहुँ देखियत कहु नाहिं, बधू बन बीच बनी यौं।
बिजुरिन के से टूक, सघन बन माँझ चलत ज्यौं ।।
—वही, पृ० १६१

माधवदास— बैठि कहा कविता सी करौ सुधि है कछु साँवर के तन की।

—मा० वा०, पृ० ७९

ध्रुवदास— ज्यों ज्यों सर में जल बढै, कमल बढै तिहि भाँति।
ऐसे प्रिय की रुचि बढै निरखि प्रिया तन काँति ॥२५॥

—रतिमंजरी

सेनापति— मान उड़ि जात ज्यों कपूर उड़ि जात है ॥३६॥

—कवित्तरत्नाकर, तरंग १

बिहारी— छुटी न सिसुता की झलक, झलक्यो जोबन अग।
दीपति देह दुहूनु मिलि, दिपति ताफता-रग ॥७०॥

—बिहारीरत्नाकर, पृ० ३४

उपर्युक्त उपमाओं मे विविधता है, अनेकरूपता है। उन्हे किसी एक वर्ग के अन्तर्गत नही रक्खा जा सकता। अधिकतर उपमाएँ रूप-सादृश्य पर आधारित होती है जैसे प्रेमानंद और नददास की कई उपमाएँ उद्धृत की गयी है परन्तु रूप के अतिरिक्त गुण, भाव और स्वभाव के अनुरूप भी औपम्य की कल्पना की जाती है। नरसी और सूरदास की उक्त उपमाओं मे यही बात परिलक्षित होती है। वस्तुत. धर्म, जो उपमा का आधार होता है और उपमेय उपमान को एक सूत्र मे आबद्ध करता है, अपने मे अत्यन्त व्यापक है। कवियों ने उसकी व्यापकता का पूरा लाभ उठाते हुए अपनी अपनी अनुभूति और कल्पना के अनुरूप वस्तु तथा वातावरण की प्रकृति को ध्यान में रखकर उपमानों का कुशलता पूर्वक चयन किया है। सादृश्य को विविध प्रकार से व्यक्त करने तथा अधिक स्पष्ट बनाने के लिए कही कही उपमाओं की श्रृंखलाएँ भी रच दी गयी है जिन्हे शास्त्रीय शब्दावली मे मालोपमा की सज्ञा दी गयी है। गुजराती कवियों की कुछ मालोपमाएँ विशेष दर्शनीय हैं—

भालण—चितातुर तमो कांय दीखो, जुहारी ज्यम हारिया।
व्यापारी वहाण बूडे, रंग अेवे आविया।
स्वेद अगे गात्र भंगे, नीर दो नयणे झरे।
ऋणे पीड्यो अति घणुं, निर्धन ज्यम चिंताकरे।

—द० स्कं०, पृ० १८६

नरसी—चंद्र विट्यो जेम चांदरणीअे, तरुवर विट्यो जेम वेली रे।
गोविंद विट्यो गोवालणीअे, हसागवनी हेली रे।

—न० कृ० का०, पृ० ३०७

प्रेमानंद—क. जेम वर्षाकाळना तृणने, उपाडे नहानु बाल रे।
जेम उन्मत्त गज ले शुढमा, सुकोमळ कमळ नो नाळरे।
तेम पर्वत लीधो ऊंचळी, लीलाअे लक्ष्मी नाथ रे।
श्रम काई पहोंतो नथी, जेम को मुद्रिका धरे हाथ रे।
—श्रीम० भा०, पृ० २८४

ख. जेम गुप्त खड्गकोश मध्ये, भस्मे ढांक्यो हुताश।
जेम अभ्रमा आदित्य घेर्यो गुप्त रूप कीधु अविनाश।
—वही, पृ० २४६

अन्य स्थलों पर भी नरसी मेहता और प्रेमानद ने रूप वर्णन मे उपमा का ही अधिक प्रयोग किया है। अनेक उपमेय तथा अनेक उपमान होने से उनकी निम्न पंक्तियों में मालोपमा अलंकार तो नही है परन्तु विभिन्न उपमाओं की माला अवश्य है—)

नरसी—नेत्राबुज नाशा कीर जेवी, छे दशन पक्ति दाडिम बीज तेवी।
आम्रकातलीशा अधर सोहता, लाल लाल स्त्रीना मन मोहता।
—न० कृ० का०, पृ० ४५३

प्रेमानद—कदली पत्र बासो विराजे, पेट पोयण पान।
भर्या परिमल नाभि निर्मल रोमावली पकज तंत।
कंबु जेबी ग्रीवा शोभा कठ कोकिला नाद।
—श्रीम० भा०, पृ० २४६

ब्रजभाषा के सूरदास नददास आदि कवियों ने उत्प्रेक्षा का सर्वाधिक प्रयोग किया है। कही वस्तु, कही हेतु और कही फल की कल्पना करके उत्प्रेक्षा के प्रायः सभी रूपों का व्यवहार किया गया है। उपमा की तरह उत्प्रेक्षाओ की भी शृंखलाएँ रच दी गयी हैं। रीति परम्परा के कवियो ने नखशिख वर्णन मे उत्प्रेक्षा का प्रचुर प्रयोग किया है। गुजराती कवियों ने अपेक्षाकृत इस अलकार को बहुत कम व्यवहृत किया है। नीचे दोनों भाषाओं के काव्य से कतिपय उत्प्रेक्षाओं के उदाहरण प्रस्तुत किये जाते हैं जिनसे कवियों की कल्पना-शक्ति और वर्णन-वैचित्र्य का सम्यक् परिचय मिलता है—

गुजराती

भालण—सुन्दर वदन सोहामणु रे, नानडिया शा दंत।
जाणे कलममा प्रगटी रे, कुंदकली विकसंत।
कंठे हरिनख लटकतो रे, कौस्तुभनो आकार।
मुक्तामाळ सोहामणी रे, जाणिये गगावार।
—द० स्क०, पृ० ३६

नरसी—१. मुखनी शोभा शी कहु जाणे पूनमचद बीराजे रे।
—न० कृ० का०, पृ० ४६१

२. वेणीना कुसुम लटकता दीसे जाणे मणीधर डोले रे।
—वही, पृ० ५८४

प्रमानंद—१. जिह्वा जाणे सर्पिणी रे, मुख गुफानु द्वार।
—श्रीम० भा०, पृ० २४७

२. रुक्मिणी हीडे ब्रह्मा मळती रे, जाणे तेजमाथी तारुणी प्रगटीरे।
—रुक्मिणी हरण

ब्रजभाषा

सूर—१. सूरश्याम किलकत द्विज देख्यो, मानो कमल पर बीजु जमाइ।
—सू० सा०, पृ० १३९

२ भाल विशाल ललित लटकनमनि बालदशा के चिकुर सुहाए।
मानो गुरु शनि कुज आगे करि शशिहि मिलन तम के गण भाए।
उपमा एक अभूत भई तब जब जननी पटपीत उढाए।
नील जलद पर उडगन निरखत तजि सुभाउ मनौ तडित छपाए।
—वही, पृ० १४३

३. सूरश्याम लोचन जल बरसत जनु मुकुता हिमकर ते।
—वही, पृ० १७९

४. नैनमीन मकराकृत कुडल भुजबल सुभग भुजग।
मुकुतमाल मिलि मानो सुरसरि द्वै सरिता लिए सग।
मोर मुकुट मणिगण आभूषण, कटि किकिनि नखचद।
मनु अडोल वारिधि मै विवित राका उडुगणवृन्द।
वदनचन्द्र मडल की शोभा अवलोकनि सुख देत।
जनु जलनिधि मधि प्रगटकियो शशि श्री अरु सुधा समेत।
—वही, पृ० २३७

५. रतन जटित पग सुभगपावरी, नूपुर ध्वनि कल परम रसाल।
मानहुँ चरणकमलदल लोभी निकटहि बैठे बालमराल।
—वही, पृ० ३४७

६. चंदन चरचित कुच उर उपटित मनु नवघन में उदित दोउ शशि।
—वही, पृ० ४७६

७. केसरि आड लिलाट ह्रो बिच सेदुर को विंदु।
चक्र तजे ता नैन मृग जनु बैठो रथ इंदु।
—वही, पृ० ४९०

८. बाँह उँचाइ जोरि जमुहानी ऐंड़ानी कमनीय कामिनी ।
भुज छूटे छबि यों लागी मनो टूटि भई द्वै टूक दामिनी ।

—वही, पृ० ४९८

९. तुम सो प्रेमकथा को कहिबो मनहुँ काटिबो घास ।

—वही, पृ० ७००

नंददास—१. कंज कंज प्रति पुज अलि गुजत इमि परभात ।
जनु रवि डर तम तजि भज्यो, रोवत ताके तात ।

—नंद, पृ० ३

२. नवला निकसति तीर जब नीर चुवत बर चीर ।
असँवन रोवत बसन जनु, तन विछुरन की पीर ।

—वही, पृ० ६

३. और विहगम रग भरे बोलत हिय हरही ।
जनु तरवर रस भरे परस्पर बाते करही ।

—वही, पृ० १४५

४. अरुन चरन प्रतिबिम्ब अवनि मे यों उनमानी ।
जनु धर अपनी जीभ धरति पग कोमल जानी ।

—वही, पृ० १५१

५. कछु रुकमिनि चलि आई हरि लै रथ बैठाई ।
घन ते बिछुरी बिजुरी, मनौ घन मैं फिरि आई ।

—वही, पृ० १५२

हरिवश—अंस अस बाहु दै किशोर जोर रूप रासि,
मनौ तमाल अरुझि रही सरस कनक बेलि ॥१७॥

—श्रीहित० चौ०, पृ० ८

श्रीभट्ट—पलक-पलक मानो अलिन नलिन पै प्रात मुदित हित पख पसारे ।
अजन-अमिल रेख इषद लखि बसि नागिन मानो खजन गारे ।

—नि० मा० पृ०, १५-१६

हरिराम व्यास—याही तै माई कुचनि के ओर भये कारे ।
ये पिय के नैननि मैं वसत, इनमे पिय के तारे ।

—व्या० वा०, पृ० ४८९

ध्रुवदास—१. जमुना की छवि कहा कहौ तहाँ न आँनद थोर ।
मनहुँ ढर्‌यो सिगार रस करि प्रबाह चहुँओर ॥९॥

—मडलसभासिगार

२. नासापुट मुकता फब्यो चितै रहे दृग द्वद ।
भाजन भरि तन झलकि परी मनो रूप की बुद ॥३६॥

—वही

मतिराम—स्वेद के बूँद लसे तन मै रति अत रही लपटाय गुपालहि ।
मानो फली मुकुताफल पुजन हेमलता लपटानी तमालहिं ॥३१९॥

—रसराज

केशव—मखतूल के झूल झुलावत केशव भानु मनौ सनि अक लिए ।

बिहारी—मकराकृत गोपाल कै सोहत कुंडल कान ।
धर्‌यो मनौ हिय-धर समरु, ड्यौढी लसत निसान ॥ १०३ ॥

—बिहारीरत्नाकर

देव—भाल गुही मुकुतालर माल, सुधाधर मै मनौ धार सुधा की ।

—भावविलास

तुलनात्मक दृष्टि से देखने पर ज्ञात होता है कि ब्रजभाषा-काव्य मे मिलने वाली उत्प्रेक्षाओं के समक्ष गुजराती काव्य की उत्प्रेक्षाएँ सरल, असश्लिष्ट तथा अनूहात्मक हैं। ब्रजभाषा के कवियों ने अपने उत्प्रेक्षण मे सूक्ष्मता, सुकुमारता, सश्लिष्टता एवं ऊहात्मकता का विशेष परिचय दिया है। सूर और नददास की उत्प्रेक्षाओ मे रूपछायाओं के अद्भुत वैभव के साथ उक्ति-वैचित्र्य का अपूर्व आग्रह मिलता है। सूर, केशव, विहारी आदि कवियो ने कही कही वर्ण सादृश्य के आधार पर ग्रहों को उत्पेक्षण का साधन बनाया है जिससे उनके ज्योतिष ज्ञान का आभास मिलता है। गुजराती में वर्ण पर आधारित ऐसी उत्प्रेक्षाओ का अभाव है। नरसी ने अवश्य एक स्थल पर ऐसी उत्प्रेक्षा की है—

लीलवट आडरे शोभती केसरतणी रे जाणे मुखे उग्यो शशीयर भाण।

—न० कृ० का०, पृ० ४०४

इससे स्पष्टतया ज्ञात होता है कि ब्रजभाषा-काव्य मे कल्पना का आलंकारिक स्वरूप कहीं अधिक विकसित हुआ। कही कही यह वृत्ति गूढ और दुरूह भी होगयी है किन्तु अधिकतर भाव, रूप, वर्ण आदि के सादृश्य का पूर्ण निर्वाह हुआ है।

गुजराती कवियों ने उत्प्रेक्षा से अधिक रूपक का प्रयोग किया है। उनके रूपकों की रचना भी प्राय: सहज सुलभ एवं परम्परागत उपमानो पर ही आश्रित है। कल्पना का चमत्कार कम परिलक्षित होता है। रूपकों का अंगविस्तार करके उन्हें सांगरूपक बनाने की प्रवृत्ति इसीलिए नहीं मिलती। गुजराती-काव्य में प्राप्त रूपक अलंकार के कतिपय उदाहरण इस प्रकार है—

भालण—१. नयण कचोले अमृत पीतां, क्यम पूरण थाउं ।

—द० स्कं०, पृ० ७८

२. आशा अबर ने तातणे मारा वळग्याजी प्राण ।

—वही, पृ० २२०

नरसीं—भ्रकुटि भ्रमर रे, धनुष्याकार छे रे, वा लाजीना नेण दीसे छे बाण ।
प्रेम धरी ने रे नाखे वा लो अम भणी रे, वा ले मारे वेध्या मनने प्राण ।

—वही, पृ० ४०४

प्रेमानन्द—१. कंचुकी भीजे कटावनी आंसुडा केरी धार ।
कुच-शंकर पर स्वेदनी काम करे रे पखाल ॥२०॥
जोबन-जलनिधि ऊलट्यो कोटि काम तरग ॥२१॥

—मास

२. विरहिणी ने सतापवा आव्यो मेघ भुजंग ॥४३॥

—वही

३. नयणे काजल सारी रे साधे मोहना वाण ।
भ्रगुटी धनुष कसी करे, ताणे कर्ण प्रमाण ॥९४॥

—वही

४. सरजे पाले ने संहारे अेणे निपाव्या जीव ।
अे ब्रह्मा ने अे ब्रह्माणी अे शक्ति ने अे शीव॥

—प्रा०का०मा०,पृ० १७०

उक्त उदाहरणों मे अनेक रूपक एकदेश-विर्वति हैं । कुछ मे समस्तवस्तु-विषय-कता का आभास है । बहुधा निरग रूपक का ही प्रयोग है । इसके विरुद्ध ब्रजभाषा में साधारण रूपको के अतिरिक्त सागरूपकों का विशेष आग्रह मिलता है । सूर ने इस क्षेत्र मे अद्भुत क्षमता प्रदर्शित की है । यह सत्य है कि रूपक का अत्यधिक विस्तार कभी कभी विरसता का भी संचार करने लगता है परन्तु सूर के कतिपय सांगरूपकों मे कल्पना और भाव का विचित्र संयोग हुआ है । उनके कुछ अतिविस्तृत रुपकों में जटिलता, दुरुहता और नीरसता भी आगयी है । ध्रुवदास आदि अन्य अनेक कवियों ने रूपक-रचना मे विशेष कौशल प्रदर्शित किया है। निम्न उदाहरण प्रमाण स्वरूप प्रस्तुत किये जा सकते हैं—

सूर—१. माधव जू नेक हटकौ गाइ ।
निशि वासर यह भरमति इत उत अगह गही नहिं जाइ

क्षुधित बहुत अघात नाही निगम द्रुम दल खाइ।

—सू० सा०, पृ० ८

२. अब मैं नाच्यो बहुत गुपाल।
काम क्रोध को पहिरि चोलना कठ विषय की माल।
महामोह को नेपुर बाजत निन्दा शब्द रसाल।
भरमभये मन भयो पखावज चलत कुसंगत चाल।
तृष्णा नाद करत घट भीतर नाना विधि दै ताल।
माया को कटि फेंटा बाध्यों लोभतिलक दियो भाल।

—वही, पृ० १९

३. विरहबन मिलन सुधि त्रास भारी।
नैन जल नदी पर्वत उरज येई मनो सुभग बेनी भई अहिनि कारी।
नैनमृग श्रवन बनकूप जहँ तहँ मिले, भ्रम गली सघन नहि पार पावै।
सिंह कटि व्याघ्र अंग अंग भूषन मनो दुसह भये भार अतिही डरावै।

—वही, पृ० ३८६

४. तुम्हारो गोकुल हो ब्रजनाथ।
घेर्यो है अरि चतुरगिनि लै मन्मथ सेना साथ।
गर्जत अति गंभीर गिरा मन मैगल मत्त अपार।
धुरवा धूरि उड़त रथ पायक घोरन की खुरतार।
चपला चमचमाति आयुध बग-पगति ध्वजा अकार।
परत निसाननि घाव तमकि घनु तरपत जिहि जिहि बार।
मारैमार करत भट दादुर पहिरे बहु बरन सनाह।

—वही, पृ० ६२८

इनके अतिरिक्त सूर ने "देखौ माई सुन्दरता को सागर 'तथा 'सॉचो सो लिखवार कहावै, से प्रारम्भ होने वाले पदों मे रूपक के अग-प्रत्यंगों का बहुत विस्तार किया है। ऐसे विस्तृत रूपकों मे उन्होंने कही कही उत्प्रेक्षादि अलंकारों का अन्तर्भाव कर लिया है अर्थात् प्रधान भूमिका तो रूपक की रही है परन्तु उसके अंगों का सादृश्य निरूपित करने मे उत्प्रेक्षादि का आश्रय लिया गया है। जैसा कहा जा चुका है कि इतने विस्तृत रूपक गुजराती काव्य मे उपलब्ध नही होते अतएव इस प्रकार के अलंकार समिश्रण के भी दर्शन नही होते। नरसी का 'सुरतसंग्राम' एक अपवाद है। रूपक पर आश्रित इतनी विशाल कल्पना ब्रजभाषा के किसी काव्य मे नहीं मिलती। रति को युद्ध का रूपक देकर दोनों भाषाओं में वर्णित किया गया है जिसके अनेक उदाहरण

दिये जा सकते हैं। फिर भी रूपक-रचना की व्यापक प्रवृति व्रजभाषा मे ही पायी जाती है। सूर के अतिरिक्त अन्य भक्त कवियों ने भी इस प्रवृत्ति का सम्यक् परिचय दिया है जो निम्न उदाहरणों से स्पष्ट है—

गदाधर भट्ट—१. आज कहूँ ते या गोकुल मे अद्भुत बरखा आई हो।
मणिगण हेमहीर धारा की व्रजपति अति झर लाई हो।
बानी वेद पढत द्विज दादुर हिये निरखि हरियारे हो।
दधि घृत नीर क्षीर नाना रग बहि चले खार पनारे हो।
आनन्दभरी नाचत ब्रजनारी पहरे रग रग सारी हो।
वरन वरन वादरन लपेटी विद्युत न्यारी न्यारी हो।

—वाणी, पृ० ११

२. जो मन स्याम-सरोवर न्हाहि।
बहुत दिनन को जर्‌यो बर्‌यो तूँ, तबही भले सिराहि।
नयन बयन कर चरन कमल से, कुडल मकर समान।
अलकावली सिवाल जाल तहँ, भौह मीन मो जान।

—वही, पृ० २५

माधवदास—माली नव मदन तरुनी तन अलबाल,
जतन जुगुति सों जोबन बीज बयौ है।
उपज्यौ है अंकुर सनेह को सरस अति,
सुरति के मेह सों सुनित सरसयौ है।
मूल प्रतिकूलता सुमन फूल फूलि रहयौ,
हावभाव पल्लव सघन छाँह छयौ है।
मधुरते मधुर लग्यो है एक मान फल,
सोई जाने सुख जिन लोभी रस लयौ है ॥३५॥

—मानमाधुरी

ध्रुवदास ने शतरंज, चौपड़ आदि को लेकर विचित्र रूपकों की सृष्टि की है जिनमें भाव की अपेक्षा काव्य-कौतुक अधिक है—

मन नृप मत्री चोंप सों रुचि कीनी रुख चाल।
उरज गयंद तुरंग दृग पायक अंगुली लाल ॥१२॥

—हित० सिंगारलीला

सखियन तलप् बिसांत बनाई । कहि न जाइ सोभा कुछ भाई ॥९८॥
पासे नैन कटाछनि ढारै । हावभाव् रँग-रँग की सारै ॥९९॥
—नेहमजरी

नरसी और ध्रुवदास ने स्त्री शरीर की कल्पना सफल लता के रूप मे की है। दोनों के रूपकों की समानता दर्शनीय है। मुस्कान को फूल कह कर ध्रुवदास ने सादृश्य का अधिक निर्वाह किया है—

ध्रुवदास— कोमल कुदन बेलि मनु सीची रग सुहाग ।
मुसकनि लागे फूल फल उरज भरे अनुराग ॥ २० ॥
—रतिमजरी

नरसी— अमृत वेलडी व्रज नी नारी उर वर सफळ फली रे ।
—न० कृ० का०, पृ० ३३३

इस तरह की रूपक-रचना ब्रजभाषा के रीतिकाव्यों मे भी उपलब्ध होती है। उपमा, उत्प्रेक्षा और रूपक के अतिरिक्त रूपकातिशयोक्ति, सदेह, दृष्टान्त आदि अन्य सादृश्यमूलक अलकारों का प्रयोग भी दोनों भाषाओं के काव्य मे मिलता है परन्तु प्रधानता पूर्वोक्त अलकारों की ही रही है। रूपकातिशयोक्ति को सूर ने सर्वोत्तम रूप में प्रस्तुत किया है। उनके पास उपमानों का अशेष कोष रहता है जिसकी सहायता से उनकी कल्पना अभूतपूर्व वैभव के साथ रूप-चित्र रचती जाती है। रूपकातिशयोक्ति सूर के समृद्ध अलंकरण का एक अंशमात्र है। सूर ने इस अलंकार का प्रयोग अपने पूर्ववर्ती पदकार विद्यापति की परम्परा मे किया है।भालण ने राधा के रूप वर्णन मे इसका व्यवहार किया है। रूपकातिशयोक्ति का ब्रजभाषा जैसा विस्तृत समृद्ध प्रयोग गुजराती में नही मिलता—

सूर—अद्भुत एक अनूपम बाग ।
युगल कमल पर गज क्रीडत है, तापर सिंह करत अनुराग ।
हरि पर सरवर सर पर गिरिवर गिरि पर फले कंज पराग ।
रुचिर कपोत बसे ता ऊपर, ता ऊपर अंमृत फल लाग ।
फल पर पुहुप, पुहुप पर पल्लव, तापर शुक पिक मृग मद काग ।
खंजन धनुष चन्द्रमा ऊपर ता ऊपर इक मणिधर नाग ।
—सू० सा०, पृ० ३९०

भालण—कनकलता ऊपर कशा रे बे लघुपर्वत शृंग रे।
अेम अटपटू उचरे रे, कहे वच्चे वहेती गंग रे।
खजन मीन मधुकर कह्या रे, तेतो चंद्रबिब मुझार रे।
—द० स्क०, पृ० १४५

सूर ने दानलीला के अन्तर्गत तथा कूटों मे इस अलकार का और भी चमत्कारिक प्रयोग किया है जिसका सकेत प्रसगानुसार किया जा चुका है।

'संदेह' संबन्धी तुलनात्मक स्थिति निम्नलिखित उदाहरणों से स्पष्ट हो जाती है—

ब्रजभाषा

सूर— १. राधे तेरे नैन किधौं मृगवारे।
२ राधे तेरे नैन किधौ री बान।
३. राधे तेरे नैन किधौ बटपारे।
—सू० सा०, पृ० ५०८

नंददास—किधौ नीलमनि किंकिनि माही, रोमावलि तिहि जोति की छाही।
किधौ लटी कटि दिखि करतारा, रोमधार जनु धर्यो अधारा।
—नद०, पृ० ७

गुजराती

नरसी—छो रे रंभा के रे मोहनी, के छो रे आनंद के चंद।
के रे पाताळमानी पद्मनी, अेवो विचार करे गोविंद।
—न० कृ० का०, पृ० १५५

प्रेमानंद—सुदामे जाणी आवी राणी, इद्राणी के रुक्मिणी।
सावित्री के सरस्वती, के शक्ति शंकर तणी ॥१५॥
—बृ० का० दो०, भाग १, पृ० २७५

ब्रजभाषा के कवियों ने सदेह का प्रयोग कवि-कल्पित विविध रूप-छायाओं तथा भाव-व्यजक उपमानों को लेकर किया है किन्तु गुजराती कवियों ने पात्र विशेष की किसी अन्य पात्र के सम्बन्ध मे अनिश्चयात्मक मनस्थिति को व्यक्त करने मे इसका व्यवहार किया है जैसा कि नरसी और प्रेमानद की उक्त पक्तियो से प्रकट है। दोनों प्रयोगों मे पर्याप्त भिन्नता है। एक मे रूप-सादृश्य के साथ उक्ति-वैचित्र्य पर अधिक बल है दूसरे में केवल रूप-सादृश्य पर।

कथन पर बल देने और उसे प्रभविष्णु एवं सुन्दर बनाने के लिए 'दृष्टान्त' अलंकार का प्रयोग गुजराती कवियों ने बराबर किया है—

भालण—रीसावी रहेवा नव दीजे, कोमळ तन करमाये।
बीजां वृक्ष रहे सिंच्या विना, जुइवेली सूकाये।
—द० स्कं०, पृ० ११०

प्रेमानंद—मुआ वच्छना चर्मने माटे, गाय प्रीते दूझे रे।
मोटा वच्छने शृंगे मारे, सगपण काइ न सूझे रे।
—श्रीम० भा०, पृ० ३१६

ब्रजभाषा मे सूरदास तथा नददास आदि ने भी इसका पर्याप्त कुशलता से प्रयोग किया है। इन कवियों का लक्ष्य भी कथन को सशक्त, प्रभावमय एव सुन्दर बनाना रहा है—

सूर—तेरो बुरो न कोई मानै।
रस की बात मधुप नीरस सुनि रसिक होइ सो जानै।
दादुर बसै निकट कमलनि के जन्म न रस पहिचानै।
अलि अनुराग उड़त मन बाँध्यो कही सुनत नहिं कानै।
सरिता चली मिलन सागर को कूल सबै द्रुम भानै।
कायर वकै लोभ ते भागै, लरै सो सूर बखानै।
—सू० सा०, पृ० ७००

नंददास—प्रेम एक, इक चित्तसौ एकहि संग समाइ।
गंधी कौ सौदौ नही जन जन हाथ बिकाइ।
—नंद०, पृ० १७

गुजराती कवियों मे कथन को अलंकृत करने की ओर प्रेमानंद का झुकाव अधिक प्रतीत होता है। उन्होंने अनन्वय, अपन्हुति तथा उल्लेख आदि कतिपय अन्य सादृश्य-मूलक अलंकारों का सुन्दर प्रयोग किया है।

अनन्वय—उपमा ते कोनी आपिये, ना मळ्यु अेकु प्रश्न।
अे रुक्मिणी ते रुक्मिणी, श्रीकृष्ण ते श्रीकृष्ण।
—प्रा० का० मा०, पृ० १७०

अपन्हुति—न होय इन्द्र अे छे कृष्णजी जेणे आप्यु मुनि ने वळ निरधार।
नोय इन्द्र कमळ लोचनखरा, जेने नथी नेत्र हजार।
—वही, पृ० १६९

उल्लेख—कोई कहे इन्दु, कोई कहे काम...
कोई कहे हाउ आव्यो विकाळ...
कोई वृद्ध जादवे दीठा ऋखी...

—बृ० का० दो०, भाग १, पृ० २४६

'उल्लेख' का उनका प्रयोग विचित्र है क्योंकि उसमे वक्रोक्ति का अन्तर्भाव हो गया है। यादव स्त्रियाँ जर्जर देह सुदामा को जब इंदु और काम कहती है तो वहाँ वक्रोक्ति की प्रधान हो जाती है परन्तु जब कोई स्त्री उन्हे 'हाउ' समझती है और कोई यादव 'ऋखी' समझता है तो उल्लेख ही प्रधान हो उठता है। ऐसा उदाहरण ब्रजभाषा मे कदाचित् ही कही मिले।

सादृश्यमूलक अलकारो के अतिरिक्त जिन अलकारों का दोनों भाषाओं के कृष्ण-काव्य मे सफल प्रयोग हुआ है उनमे 'प्रतीप' तथा 'अत्युक्ति' विशेष उल्लेखनीय है।

प्रतीप का प्रयोग रूप-वर्णन के प्रसंग मे अधिक किया गया है—

गुजराती

भालण—पक्व को ला ने प्रवालडा रे, मुख आगळ शु नाम रे।
दाढमनी कलिका तणु रे, कहानजी कहे शु काम रे।

—द० स्क०, पृ० १४५

प्रेमानंद—सुदामाना वैभव आगळ, कुबेर ते कोग मात्र।

—बृ० का० दो० भाग १, पृ० २५८

ब्रजभाषा

सूर—१. कज खजन मीन मृग शावकनि डारति वारि।
भ्रकुटि पर सुरचाप वारत तरनि कुडल हारि।

—सू० सा०, पृ० ३५५

२. राधे तेरे रूप की अधिकाइ।
शशि उर घटत, हेम पावक परि, चपक कुसुम रहे कुम्हिलाइ।
इभ तूटत अरु अरुण पंक भए विधिना आन बनाइ।
कद्रुज पैठि पताल दुरे रहि खगपति हरिवाहन भए जाइ।
हस दुर्‌यो सर दुर्‌यो सरोरुह गज मृग चले पराइ।
सूरजदास विचार देखि मन तोर रसन पिक रही लजाइ।

—वही, पृ० ५१३

नंददास—मृगज लजे, खजन भजे, कज लजे छवि छीन।
दृगन देखि दुख दीन ह्वै, मीन भए जल लीन।

—नंद०, पृ० ६

हरिराम व्यास—निरुपम राधा नैन तुम्हारे।
अंजन छवि खजन मद गजन मीन पानि दुरि हारे।
निशि शशि डरत पकजकुल सुकुचत वधिकनि मृगज विडारे।

—व्या० वा०, पृ० २४१

उक्त उद्धरणों को देखने से ज्ञात होता है कि ब्रजभाषा मे 'प्रतीप' अत्यन्त समृद्ध एव शृंखलाबद्ध रूप मे प्रयुक्त हुआ है। उसके जितने भेद ब्रजभाषा काव्य मे उपलब्ध होते है उतने गुजराती में नही मिलते।

दोनों भाषाओं मे 'अत्युक्ति' का व्यवहार विरह-सम्बन्धी वर्णन मे विशेष रूप से हुआ है जो निम्नलिखित पक्तियों से स्पष्ट है। कवियों ने विरह-ताप और विरह-दौर्बल्य को लेकर विविध प्रकार की अत्युक्तियों का सृजन किया है जिनमे ऊहा का पुट लगभग समान रूप मे मिलता है। रीति कवियों ने उसे अस्वाभाविकता की सीमा पर पहुँचा दिया—

गुजराती

भालण—कुसुम चदन शीतळ घणा, ते अग लागे अगार।

—द० स्क०, पृ० १३७

नरसी—हैयामा रे होळी वळे कीम करी रमु वसन्त।

—न० कृ० का०, पृ० ५२४

प्रेमानंद—ऊपनो ताप निश्वास मूके।
कामिनी कंठनी माल सूके। ॥१६॥
सूकी गयु तन हेली रे, बेली ऊतरे बाह।
धरतीओ लेता जोती रे, अगूठी ओ माह ॥१८॥

—मास

ब्रजभाषा

सूर—१. कर अँगुरी अति ताती।
परसे जरै ......

—सू० सा०, पृ० ६४९

२. गनतहि गनत गईं सुनि सजनी अँगुरिन की रेखे।

—वही०, पृ० ६७९

नंददास—१. लिखी विरह के हाथन पाती अजहूँ ताती ।

—नद०, पृ० १४७

२. उपजि विरह दुख दवा अवा उर ताप तये है ।
कोउ कोउ हार के मोतिया, तचि तचि लाल भये है ।

—वही, पृ० १४३

बिहारी—औधाई सीसी सुलखि बिरह-बरनि बिललात ।
बिच ही सूखि गुलाब गौ, छीटौ छुई न गात ।।२१७।।

—बिहारीरत्नाकर, पृ० ९१

देव—हाथ उठायो उड़ाइबे को, उड़ि काग गरे परी चारिक चूरी ।

—भवानीविलास

कार्य कारण, क्रम और संख्या मूलक अलंकारों का प्रयोग गुजराती मे नही मिलता एक दो स्थल पर अगर मिलता है तो अपवाद स्वरूप ही जैसे क्रमश 'अक्रमातिशयोक्ति' और 'सार' से युक्त प्रेमानद की निम्न पक्तियो मे—

१. मुखमां मुष्टि तादुल मूक्या, दारिद्र्य नाख्या कापी ।
कर मरडी ने गाठडी लीधी साथेना दु.ख मोड्या ।
जेम चीथरा छोड्या नाथे, तेम बधन तोड्या ।
ज्यारे तांदुल मुखमा मूक्या, उठी छापरी आकाश ।

—बृ० का० दो० भाग १, पृ० २५३

२. काष्ठ पे पाषाण कठिन छे तेपे कठिन छे लोढु ।
वज्र तुल्य छे काळज मारुं लोकने शु देखाडु मोढु रे ।

—श्रीम० भा०, पृ० २७२

सख्या पर आधारित सूर की 'सूर सकल षट दरशन वे है बारह खरी पढ़ाऊँ' जैसी पंक्ति का तो एक भी सादृश्य गुजराती काव्य में नही मिलता ।

पादटिप्पणियाँ

१. ब्रजभाषा—नंददास : नंद०, पृ० १७६; हरिवंश: श्रीहित चौरासी, पद, ७१
   गुजराती—नरसी . न० कृ० का०, पृ० १८५, प्रेमानन्द . श्रीम० भा०, पृ० २६३
२. प्रकृति और काव्य, हिन्दी खंड, पृ० ४२५—रचयिता. डॉ० रघुवंश
३. न० कृ० का०, पृ० २६७, ५८३
४ भालण : द० स्कं०, पृ० १३४; प्रेमानन्द . बृ० का० दो० भाग १, पृ० २४६, २४७;
   नन्ददास नंद, पृ० ३-६, १४५
५ भालण द० स्कं०, पृ० ७४; सूरदास सू० सा०, पृ० १५०
६. सू० सा०, पृ० १५३, ३८८, ३९८, ४७१, ५१३, ५३०, ५३१, ६१४, ६३४, ६३५, ६३७ इत्यादि

६

छंद

दोनों भाषाओं के काव्य में छंद-विधान प्रायः काव्य-शैली के अनुरूप ही हुआ है। काव्य की तीन प्रमुख शैलियाँ मिलती हैं—

१. आख्यान-शैली
२. पद-शैली
३. मुक्तक-शैली

आख्यान-शैली का प्रधान गुण वर्णनात्मकता है और पद-शैली की प्रधान विशेषता, गेयता। गुजराती के आख्यान काव्यों में भी गेयता का पर्याप्त योग रहा है जो रागों के संकेत से स्पष्ट ज्ञात होता है। प्रथम दोनों शैलियों का अनुसरण गुजराती और ब्रजभाषा दोनों के कवियों ने किया है परन्तु अन्तिम मुक्तक-शैली का व्यवहार जिस रूप में ब्रजभाषा के रीतिकारों ने किया है, गुजराती में उपलब्ध नहीं होता। ब्रजभाषा में पद-शैली की प्रधानता है और गुजराती में आख्यान-शैली की।

कवियों ने इन शैलियों का परस्पर सम्मिश्रण भी किया है और स्वतन्त्र अनुसरण भी। यह सम्मिश्रण बहुधा कवि की आन्तरिक प्रेरणा तथा भावानुभूति के समानान्तर हुआ है। मुख्यतया पद-शैली में रचना करने वाले सूर जैसे कवि ने भी कथा क्रम का कुछ न कुछ निर्वाह किया है और आवश्यकता के अनुसार बीच बीच में आख्यान-शैली को भी अपनाया है। इसके विरुद्ध मुख्यतया आख्यान-शैली में रचना करने वाले भीम, भालण, केशवदास, प्रेमानंद, लक्ष्मीदास, माधवदास आदि अनेक गुजराती कवियों नें भावप्रधान स्थलों पर पद-शैली को स्वीकार किया है। ब्रजभाषा में ध्रुवदास तथा माधवदास आदि ने आख्यान-शैली के साथ मुक्तक-शैली का सम्मिश्रण कर दिया है। नरोत्तमदास ने तो कथा-कथन में मुक्तकों का ही आद्योपान्त व्यवहार किया है। नंददास में अवश्य शैलीगत मिश्रण नहीं मिलता। उन्होंने दोनों शैलियों को पृथक् पृथक् व्यवहृत किया है।

वास्तव मे पद भी एक प्रकार का मुक्तक ही है परन्तु गेयता प्रधान होने के कारण उसे मुक्तक से भिन्न स्वतन्त्र रूप मे स्वीकार किया जाता है ।

आगे इन शैलियो के अन्तर्गत आने वाले छदो पर पृथक् पृथक् विचार किया गया है और अन्त मे रागो की तुलनात्मक स्थिति भी प्रदर्शित करदी गयी है ।

१. आख्यान-शैली

गुजराती मे आख्यान रचना 'कडवा' बद्ध रूप मे हुई है । भीम और भालण से लेकर प्रेमानद तक प्राय सभी आख्यानकारो ने इसी रूप का अनुसरण किया है ।

कडवा के सामान्य रीति से तीन अग होते है । प्रारभ मे दो-चार पंक्तियों का एक 'मुखबन्ध' आता है । यह सभी कडवो मे होता हो, ऐसी बात नही है । परन्तु मुख्य मुख्य आख्यानो के अधिकाश कडवो मे मुखबन्ध मिलता है । मुखबन्ध के समाप्त होने पर कडवा की व्यापक 'देशी' आती है । इन देशियो मे 'ढाल' नामक रचना अथवा किसी अन्य प्रकार की देशी का समावेश होता है और अंत मे व्यापक देशी की समाप्ति पर उपसहार की तरह 'वलण' अथवा 'उथलो' का प्रयोग किया जाता है । यह वलण या उथलो पूरे होते हुए कडवा का उपसहार करने तथा आगामी कडवा की वस्तु की सूचना देने के लिए आता है । उथलो या वलण का प्रारभ कडवा की देशी की पंक्ति के अन्तिम शब्द से होता है और कदाचित् इसलिए इसकी ऐसी सज्ञाएँ है । यह अधिकतर एक द्विपदी का होता है । पर कही कही अधिक द्विपदियाँ भी आती है । कडवो मे इसका होना अनिवार्य हो, ऐसा कोई नियम नही है । मुख-बन्ध की तरह यह भी कडवाँ का अपरिहार्य अथवा अव्यभिचारी अग नही है ।[१]

कडवाबद्ध शैली का प्रयोग करते हुए भी कवियों ने भिन्न भिन्न शब्दों का व्यवहार किया है ।

अपने दशमस्कध मे भालण ने कडवा के स्थान पर 'पद' लिखा है और देशी के स्थान पर 'ढाल' । भीम ने किसी ऐसे पारिभाषिक शब्द का प्रयोग न करके 'पूर्वछाय' से मुखबन्ध का निर्देश किया है और 'चूपै' से देशी या ढाल का । यह छदो के नाम है । भीम ने और भी जिन छंदों का व्यवहार किया है उनका नाम-सकेत कर दिया है । केशवदास ने यद्यपि इस परिपाटी का अनुसरण न करके अपने काव्य 'श्रीकृष्णक्रीडा-काव्य' का निर्माण सर्गबद्ध रूप मे किया है तथापि कडवा का भी व्यवहार उनके द्वारा हुआ है । जिन कवियों ने कडवा, ढाल और वलण जैसे शब्दो का व्यवहार किया है उन्होंने भी कही कही छदो के नामो का निर्देश कर दिया है । ढाल का व्यवहार नाकर और प्रेमानद आदि कवियों ने बराबर किया है । ब्रेहदेव ने ढाल के लिए 'डोढ' का भी व्यवहार किया है पर प्रेमानद ने 'चाल' का ही ।[२]

ब्रजभाषा मे न तो इन शब्दो का प्रयोग हुआ है और न कडवाबद्ध शैली का ही व्यवहार हुआ है। दोहा-चौपाई की शैली अवश्य मिलती है जिसका कडवांवद्ध शैली मे पर्याप्त साम्य भी है और अन्तर भी। साम्य इस प्रकार कि चौपाइयो की एक निश्चित सख्या के बाद दोहे के प्रयोग किये जाने से बीच की चौपाइयों का रूप ऊपर और नीचे के दोहे के साथ कडवो जैसा ही हो जाता है परन्तु अन्तर यह है कि दोहों का प्रयोग साधारण क्रम से होता है, मुखबन्ध और वलण के रूप मे नही। नंददास की रूपमंजरी, विरहमजरी तथा दशमस्कध इसी ढग की रचनाएँ है। ध्रुवदास और माधवदास की अनेक रचनाओ मे दोहा-चौपाई के ऐसे ही क्रम का अनुसरण किया गया है। गुजराती आख्यान-काव्यों मे भी दोहा-चौपाई अथवा इन्ही से निर्मित या इसी जाति के छदों का विशेष व्यवहार हुआ है। कीकुवसही, देवीदास, परमाणद, फाग, प्रेमानद तथा केशवदास वैष्णव के काव्य इसके प्रमाण है।

छंद की दृष्टि से आख्यानों के दो प्रमुख भेद हो सकते है। एक तो वे आख्यान अथवा वर्णनात्मक काव्य जिनमे किसी एक ही छद का प्रयोग हुआ हो, दूसरे वे काव्य जिनमे मिश्रित छद-प्रणाली या अनेक छदों का प्रयोग किया गया हो। प्रथम प्रकार के काव्यो मे ब्रजभाषा की कई रचनाएँ आती है। नददास की गोवर्धनलीला तथा सुदामाचरित और सूर की अधिकाश वर्णनात्मक लीलाओं मे चौपाई छंद प्रयुक्त हुआ है। नददास की रुक्मिणीमगल, रासपचाध्यायी तथा सिद्धान्तपंचाध्यायी केवल रोला छद मे लिखी गयी है। इसी तरह ध्रुवदास की दानविनोदलीला, सुख-मजरी, आनदलता रसरत्नावली जैसी अनेक कृतियों में दोहे का ही व्यवहार हुआ है। गुजराती मे नरसी की दाणलीला भी दोहों मे ही लिखी गयी है। १५वी शती की रचना 'मयणछद' मे मात्र छप्पय छद मे मानलीला का प्रसग वर्णित है। किन्तु गुजराती मे अधिक सख्या मिश्रित छद-प्रणाली के काव्यो की है। रासक, आन्दोल, अढैयु और फागु नामक छदों से युक्त फागु काव्य की शैली का एक स्वतन्त्र स्थान है। फागु मे गेया-त्मकता और वर्णनात्मकता का विचित्र योग हुआ है। कुछ विशिष्ट एव प्रिय छदों को बदल बदल कर बार बार प्रयुक्त करने की प्रवृत्ति गुजराती कवियों मे बहुत मिलती है। ब्रजभाषा मे ध्रुवदास तथा माधवदास ने बहुधा मिश्रित छद-प्रणाली का अनुसरण किया है। नरोत्तम के सुदामाचरित मे भी अनेक छद प्रयुक्त हुए है।

आख्यान-शैली में प्रयुक्त प्रमुख छंद और उनका स्वरूप

दोहा—दोहा अथवा 'दूहा' का दोनों भाषाओं में प्रचुर प्रयोग मिलता है। भीम, केशवदास तथा सत ने गुजराती मे 'पूर्वछायु' अथवा 'पूर्वछायो' नाम से जिस छंद का व्यवहार किया है वह भी दोहा ही है। वस्तुतः पूर्वछाया शब्द का अर्थ वह

छंद है जो पहले की पंक्ति की छाया लेकर लिखा जाय। दोहा ही क्या, कोई भी छंद पूर्वछाया के रूप मे व्यवहृत किया जा सकता है। प्राचीन गुजराती साहित्य मे इसके प्रमाण भी है परन्तु उन जातिबद्ध प्रबन्धों मे जिनमे चौपाई व्यापक रूप मे व्यवहृत हुई है, 'पूर्वछायो' शब्द दोहे के लिए प्रयुक्त हुआ है।[1] उक्त तीनो कवियो के काव्य से एक एक 'पूर्वछायो' नीचे उदाहरण रूप मे प्रस्तुत किया जाता है—

भीम—उदरमाहि बालक वसइ, पीडा करइ अगाधि।
माता मनि आणइ नही, तेह तणा अपराध॥
—हरि० षो०, पृ० १५०

केशवदास—जलविना जलचर जम दहे, विण घन चातुक मेह।
त्यम हरिणाक्षी हरि विना, दाझे विरहे देह॥ २८॥
—श्रीकृ० ली० का०, पृ० १४९

सत—शरद संमधी सद कथा, शुकजी कहे सुणि भूप।
साभलता थाय संपदा, लीला ईश अरूप।
—गु० व० सो०, ह० प्र० ग्रथांक ७९२

स्पष्ट है कि पिंगल के नियमों के अनुसार यह दोहे ही है। भालण, नरसी और प्रेमानद आदि कुछ कवियों ने गेयता के कारण 'रे' अथवा 'जी' आदि का दोहे के चरणों के साथ संयोग कर दिया है। प्रेमानद के मास मे तो यह विशेषता बराबर मिलती है। छंद की दृष्टि से इनके द्वारा भी दोहे का ही व्यवहार हुआ है—

भालण—क. करमाहे लइ कामडी रे, कुवर पूठे धाय।
रीसे लोचन रातडा रे, जशोदा जी श्वास भराय।
—द० स्कं०, पृ० ३९

ख. सर्वस्व अेने सोंपिये, ते वश क्यम न थाय जी,
आत्मसमर्पण ऊफरो, वीजो नथी उपाय जी।
—वही, पृ० १३४

नरसी—श्री गुरुने प्रणाम करीने, वर्णवु श्री जदुराय।
श्री कृष्णनी लीला साभलता, पातिक दूर पलाय।
—न० कृ० का०, पृ० ४२८

प्रेमानंद—वली अे दीपक गोकुल गामनो रे, गोवालानो राय।
वदन इंदु निर्खतां रे, तृप्त नेत्र न थाय।
—श्रीम० भा०, पृ० २४६

वस्तुतः यह दोहे की देशी है अर्थात् दोहे की गति के आधार पर निर्मित गीत। ब्रजभाषा मे दोहे का व्यवहार गुजराती से भी अधिक व्यापक रूप मे मिलता है। दोहे के अन्त मे ९ या १० मात्राओं की एक लघु पक्ति जोड कर एक विशेष प्रकार की गेयात्मकता उत्पन्न करने का प्रमाण दिया गया है जो चरणों के बीच में गेयात्मक शब्द रखने से भिन्न कोटि की वस्तु है। सूर, नंददास और हरिराय द्वारा दोहे के इस विशिष्ट प्रयोग के निम्न उदाहरण दर्शनीय है—

सूर—एहि मग गोरस लै सबै, दिन प्रति आवहि जाहिं।
हमहिं छाप देखरावहू, दान चहत केहि पांहि।
कहत नदलाडिले।
—सू० सा०, पृ० ३२०

नंददास—प्रेमधुजा, रसरूपिनी, उपजावति सुखपुज।
सुदर श्याम विलासिनी, नववृंदावन कुंज।
सुनौ ब्रजनागरी,।
—नंद, पृ० १२३

हरिरायजी—गोवर्धन के शिखर ते, मोहन दीनी टेर।
अति तरग सों कहत है, सो ग्वालिनि राखी घेर।
नागरि दान दे।

हरिरायजी के दोहे में 'सो' का गेयात्मक समावेश ठीक भालण और प्रेमानंद की तरह हुआ परन्तु यह अपवाद स्वरूप है। नददास ने दोहे को रोले के साथ संयुक्त करके तब उसके अंत में १० मात्राओं के गेय लघु अश का योग किया है जिससे उनकी छंद-योजना मे अधिक विशेषता आ गयी है। गुजराती मे भालण ने 'ध्रुवा' अथवा 'टेक' के रूप में दोहे को स्थान देकर उसके साथ उक्त ब्रजभाषा कवियों की तरह गेय लघुअंश सयुक्त कर दिया है—

देवकी कहे सांभलो, पूरा थया दशमास।
उदर मांहे त्या गर्भ धर्यो छे, ते करशे तेज प्रकाश।
पीउजी अे शु कहिये।
—द.० स्कं०, पृ० १०

दोहा छंद के इस विशिष्ट प्रयोग का साम्य दर्शनीय है। दोहों के साथ ध्रुवा का सयोग प्रेमानद ने भी किया है परन्तु ऐसे उदाहरण वही मिलते है जहॉ पद-शैली का व्यवहार हुआ है। भालण मे भी यही बात है पर ब्रजभाषा में इसे वर्णनात्मक प्रसंगों में एक विशेष छंद के रूप में व्यवहृत किया गया है।

दोहे के लिए 'साखी' नाम का व्यवहार दोनों भाषाओं के कवियों ने किया है, जैसे गुजराती में नरसी और प्रेमानंद ने तथा ब्रजभाषा मे हरिराम व्यास और पीताबरदेव ने।[४] नरसी ने साखी के अन्तर्गत दोहे की देशी को स्वीकार किया है पर कही कही दोहे से भिन्न छंद भी प्रयुक्त मिलता है। उदाहरणार्थ, निम्नलिखित छद को दोहा कहना कठिन है—

गर्भ गाल्यो उमियाजीअे, नारी पामी सुख घणु रे।
कैसे जाण्यु गर्भ गळीयो, ते पराक्रम न जाण्यु प्रभु तणु रे।

इसमें मात्रा, यति और गति का ही अतर नही है वरन् दूसरे और चौथे चरण के अंत मे एक गुरु और एक लघु का भी विधान नही है। ऐसे उदाहरण बहुत कम है। साधारणतया दोहा और साखी पर्याय रूप मे ही ग्रहण किये जाते है। सतकाव्य की परम्परा इसकी साक्षी है और साखी नामक कोई स्वतंत्र छद होता भी नही। गुजराती के एक कवि वासणदास ने एक विचित्र नाम 'चुआक्षरा' का व्यवहार दोहे के लिए किया है। नीचे एक चुआक्षरा उद्धृत किया जाता है।

वृंदावनि रलीआमणूं अनि रूडो माधव मास।
रुडा मोर कला धरे स्वामी पूरो आस ॥३॥

गेयतापरक 'अनि' को निकाल देने पर यह स्पष्ट ही दोहा सिद्ध होता है। यदि 'चुआक्षरा' को किसी शब्द का विकृत रूप माने तो भी दोहे से उसके अर्थ की संगति सिद्ध नही होती—

चौपाई, चौपई—दोनों भाषाओं के कवियों ने वर्णनात्मक प्रसगों मे मुख्यतया प्रयुक्त १६ मात्रा की चौपाई और १५ मात्रा की चौपई के बीच कोई अन्तर प्रदर्शित नहीं किया है। गुजराती मे १५ मात्रा की 'चौपई' का अधिक व्यवहार हुआ है जिस के अन्त मे एक गुरु, एक लघु का प्राय: निर्वाह हुआ है। कही अन्त में लघु के बाद गुरु भी मिलता है जिससे चौपई छंद चौबोला छंद में परिणत हो जाता है। ब्रजभाषा में १६ मात्राओं की चौपाई अधिक व्यवहृत हुई है पर कवियों ने १६ मात्रा के अन्य छंदों पद्धरि, डिल्ला, उपचित्रा, पज्झटिका, पादाकुलक आदि से उसका कोई भेद नहीं किया है।[५] प्राय चौपाई के अन्तर्गत १६ मात्रा के छंदो के सभी रूपों का व्यवहार हुआ है। यही नही, १५ मात्रा की चौपई और चौबोला को भी चौपाई से पृथक नहीं रक्खा गया है। गुजराती कवियो की भी स्थिति बहुत कुछ ऐसी ही है। उन्होंने भी चौपाई और चौपई के बीच कोई विवेक नही दिखाया। 'चौपाई', 'चौपई', 'चोपै' अथवा चूपै' को समानार्थी ही समझा है। १६ मात्रा के छंद 'अरिल्ल' और

'पाधडी' का अवश्य पृथक् रूप से विधान हुआ है और इनके लक्षणों का भी निर्वाह किया गया यद्यपि अनेक स्थलों पर उनमे भी अशुद्धता मिलती है। अरिल्ल २१ मात्रा के प्लवगम छंद का पर्याय भी है।[६] ब्रजभाषा मे यह इसी अर्थ मे प्रयुक्त हुआ है जैसा कि हरिवश की स्फुटवाणी, ध्रुवदास की मानलीला और मनिसिगार से विदित होता है। गुजराती कवि केशवदास ने अरिल्ल का १६ मात्रा का रूप ग्रहण किया है जिसको ब्रजभाषा के कवियों ने चौपाई के अन्दर समाविष्ट कर लिया है। पिंगलशास्त्र के अनुसार अरिल्ल के अन्त मे दो लघु भी रह सकते है और यगण भी आ सकता है। परन्तु गुजराती मे यगणान्त रूप नही मिलता। केशवदास ने इसका नाम 'अडयल' दिया है; उनके द्वारा प्रयुक्त 'युयंड' और 'मुंडेल' नामक छंद भी अडयल से भिन्न प्रतीत नही होते।[७] इन छंदों के अन्त मे 'ह' अक्षर बराबर जोड दिया गया है—

आगे मत्स्यादिक अवतारह, तूह ज त्रण्य भुवन ने तारह।
हवडा भूतल भार उतारह, सुर नर पन्नग करवा सारह।

—श्री कृ० ली० का०, पृ० १५

भीम ने जगणांत छंद को 'अडयल' कहा है जो वस्तुतः पद्धरि का लक्षण है—

सृष्टि विनाशइ हूं अज अेक, सदा निरतर हूं अज अेक।

—हरि० षो०, पृ० ४४

अरिल्ल की तरह पद्धरि भी पादाकुलक का एक भेद है जिसके अत मे जगण होना आवश्यक है। भीम ने इसका भी व्यवहार किया है।[८] कही कही गुरु को लघु करके पढ़ने की आवश्यकता होती है। यह गुजराती और ब्रज दोनोमे समान रूप से किया जाता है। गुजराती मे कही लघु को गुरु भी मानना पडता है—

हे कृष्ण! कृष्ण! लीला-विलास, शरणागत-वत्सल श्रीय निवास॥१६॥
त्रय-ताप-निवारण स्वय प्रकाश, वेगि करि स्वामी शोक-नाश॥१७॥

—हरि० षो०, पृ० १६८

बिना व्यवधान के १६ और १५ मात्राओं के विविध छदों का परस्पर जो सम्मिश्रण दोनों भाषाओं मे मिलता है उसके भी उदाहरण आवश्यक हैं। भीम और केशवदास ने तो चूपै, चोपाई का व्यवहार १५ मात्रा के छंद के लिए ही किया है अतएव उनके काव्य से उदाहरण नही दिये गये हैं—

भालण—अेम करता गोकुल माहे आव्या, माधवजीना मनमांहे भाव्या—**चौपाई**।
आलिंगन दीधु अति प्रेम, कहो काकाजी कुशली क्षेम—**चौपाई**।

—द० स्क०, पृ० १५५

नरसी—नंद नाम सुणी चोदिश जोती, नहि नहि कही वली सशय खोती—**चौपाई।**

हरि कहे आवे नक्की मम तात भूली गोपी मानी खरी बात ।—**चौपई ।**

स्त्रीअे नंद मानी लज्जा धरी, नरसहीनो स्वामि नाठो मुठियो करि—**चौबोला**

—न० कृ० का०, पृ० ६३-६४

प्रेमानद—छे छेल्ले आश्रमे अे संतान, अे मारे शत पुत्र समान । —**चौबोला ।**

तु विना दया कोण आणेजी, मामो तुने कहेशे भाणेजी । —**चौपाई ।**

तमने भ्राति बालकनी पडे, केम घात हशे आ कन्या बडे । —**चौबोला ।**

—श्रीम० भा०, पृ० २४२

सूर—व्रतपूरण कियो नंद कुमार, युवतिन के मेटे जजार । —**चौबोला ।**

जप तप करि अब तन जिनि गारो, तुम घरनी मैं भर्ता तुम्हारो ।—**चौपाई ।**

अंतर शोच दूरि करि डारहु, मेरो कह्यो सत्य उर धारहु ।—**अरिल्ल ।**

—सू० सा० पृ० २५३

नददास—गोपरहे सब जोहे, मोहे,जानहि नहिन कछू हम को हैं । —**चौपाई ।**

गोपी चकित चाहि कै ताहि, कहन लगीं कि रमा यह आहि । —**चौपई ।**

अपने पिय कौ देखति डोलति, यातै नहि काहू सौ बोलति । —**अरिल्ल**

लरिकन लहति लहति छबि छई, नद के सुन्दर मदिर गई ।—**चौबोला ।**

—नद०, पृ० २२१-२२२

ध्रुवदास—श्री हरिवश हिये जो आनै, ताको वह अपनो करि जानै ॥९७॥ **चौपाई ।**

यह रस गायो श्री हरिवश , मुक्ता कौन चुगै बिनु हस ॥९८॥ **चौपई ।**

रसद रहस्य मंजरी भई, छिनछिन जोति होति है नई । ॥९९॥ **चौबोला ।**

—रहस्यमजरी ।

दोहे की तरह चौपाई का भी अनेक रूप मे व्यवहार हुआ है । प्रेमानद ने अपने भागवत दशमस्कंध में कड़वे के मुखबन्ध के रूप में इसको प्रयुक्त किया है । ढाल में तो व्यापक रूप से चौपाई का प्रयोग हुआ ही है । पद-रचना मे भी इसका योग मिलता है ।

गाथा और वस्तुबन्ध—इन दोनों छदो का प्रयोग एक दो स्थल पर भीम और केशवदास के काव्यों मे मिलता है ।[९] केशवदास ने 'गाहा' नाम दिया है जो अपभ्रंश का रूप है । ब्रजभाषा मे वर्णनात्मक काव्य मे तो किसी कवि ने इसका व्यवहार नही किया, परन्तु हितहरिवश के शिष्य सेवकजी के स्फुट काव्य मे यह 'गाथा' और 'गाहा' दोनों नामों से अन्य छदों से सयुक्त एवं मिश्रित रूप में उपलब्ध होता है—[१०]

भीम—तारा कवणी गणीजइ, कवणेण गणीइ भूमि रज कणिआ ।

कवणि गणीइ जल लहरी, हरिगुण जाइ कवणे गणीआ ।

केशवदास—मरकत मुक्ता मळे, सोलह बनीह सोहय।
कणय तिम शाम शरीरे, अजनि अवलेपन भणय।

सेवक—वर भूमि रमानि सुखद द्रुम वल्ली प्रफुलित फलित विविध बरन।
नित सरद बसत मत्त मधुकर कुल बहु पतत्रि नादहि करन।

गाथा अथवा आर्या के नियमों का भीम ने तो लगभग ठीक निर्वाह किया है परन्तु अन्य उदाहरण नाम मात्र के लिए गाथा कहे जा सकते है। गुजराती और ब्रजभाषा मे प्रयुक्त गाथा छद के उक्त उदाहरणो से ज्ञात होता है कि इसका कोई निश्चित रूप नही रहा है। कवियों ने इसे तुकान्त से युक्त कर दिया है। अपभ्रंश मे भी गाथा का कोई सुनिश्चित रूप नही रहा। यह एक सामान्य नाम था जो बाद मे तीस, बत्तीस मात्राओं की चरणान्तप्रास-हीन द्विपदी के लिए विशेष रूप से प्रयुक्त होने लगा।[११] केशवदास ने श्री कृष्णक्रीडाकाव्य मे गाथा के एक विकसित रूप 'दडेलक आर्या' का प्रयोग किया है। साधारण आर्या का प्रयोग भी उन्होने किया है जो लक्षण मे उनकी गाथा से भिन्न नही।[१२] वस्तुबध जो छप्पय की तरह मिश्र छद प्रतीत होता है, ब्रज-भाषा मे प्रयुक्त नही हुआ। इसकी कुछ पक्तियाँ दोहे के समान होती हैं, विशेष कर पाचवी और छठी।

सोरठा—ब्रजभाषा मे सोरठे मे काव्य-रचना माधवदास, ध्रुवदास सेवक आदि अनेक कवियो ने की है। रीति कवियों ने भी इसका व्यवहार किया है पर गुजराती कृष्ण-काव्य मे भीम और केशवदास ने ही इसे व्यवहृत किया है।[१३] सोरठा के पहले गुजराती मे दूहा शब्द का बराबर प्रयोग हुआ है जिससे ज्ञात होता है कि इसे दोहे का ही एक भेद समझा गया है। दोनों भाषाओं में इसका स्वरूप एक जैसा ही है।

छप्पय—गुजराती मे मयण के 'मयणछद' मे इसका आद्योपात व्यवहार हुआ है। भीम और केशवदास ने भी इसे व्यवहृत किया है।[१४] भीम ने इसके लिए 'कवित्त' शब्द प्रधान रूप से दिया है और छप्पय गौण रूप से। केशवदास ने 'छेपाया' तथा 'कलश' नाम से जो छंद लिखे है वह छप्पय ही है।[१५] ब्रजभाषा में वर्णनात्मक काव्य मे माधवदास ने इसका व्यवहार किया है और स्फुट काव्य मे हरिवंश, तत्ववेत्ता, रसिकदेव, सेवक और पीतांबर ने। मयण की तरह तत्ववेत्ता का यह सर्वाधिक प्रिय छद है। सोरठे की तरह ही इसके स्वरूप मे भी कोई अन्तर नही मिलता।

रोला—छप्पय से इतर कहीं अन्यत्र गुजराती कृष्ण-काव्य में रोला छद का प्रयोग हुआ हो, ऐसा ज्ञान नही होता। नर्याष और चतुर्भुज के द्वारा प्रयुक्त फागु छंद का पहला और तीसरा चरण रोला का होता है और दूसरा तथा चौथा दोहे का। यदि अन्तिम अक्षर को गुरु रूप में पढ़ा जाय तो वह रोला ही प्रतीत होता है।[१६]

ब्रजभाषा मे नददास ने अपने आख्यान काव्य मे इसका सर्वाधिक प्रयोग किया है। अन्य कवियो में सूर, वल्लभरसिक और गदाधर इसके प्रयोक्ता रूप मे उल्लेखनीय है।

चन्द्रावला—इस मिश्र छंद के प्रारभ मे चरणाकुल के साथ दोहे के उत्तर पद के संयोग से बनी दो पक्तियाँ रहती हैं और बाद मे कुडली के साथ चरणाकुल के चार चरण।[१७] इसका व्यवहार मात्र गुजराती मे मिलता है और वह भी कृष्ण-काव्य में केवल फूढ कवि के द्वारा।

कुडलिया—ब्रजभाषा मे ध्रुवदास ने रहसिलता, प्रेमावली और निर्तविलास आदि अनेक वर्णनात्मक रचनाओं मे इस का व्यवहार किया है तथा हरिवश और सेवक ने स्फुट काव्य मे गुजराती कृष्ण-काव्य मे यह व्यवहृत नही हुआ है।

गीतिका—इस छद का व्यवहार ब्रजभाषा कृष्ण-काव्य मे अपवाद स्वरूप ही हुआ है जैसे सूर की निम्न वर्णनात्मक पक्तियों मे—

मकर कुडल जटित हीरा लाल शोभा अति बनी।
पन्ना पिरोजा लगे बिच-बिच चहूँ दिस लटकत मनी।

—सू० सा०, पृ० ७३३

यहाँ हरिगीतिका और गीतिका की पंक्तियों का मिश्रण हो गया है क्योकि पहली पंक्ति २८ मात्राओं की है और दूसरी २६ की। गुजराती मे मालण, नरसी प्रेमानद, शेधजी आदि कई कवियों ने इसकी ढाल की रचना में स्थान दिया है। उनके प्रयोग को गेयात्मकता की प्रधानता के कारण गीतिका की देशी कहा जा सकना है—

भालण—वात वीतक विस्तारी छे सुणिये श्रवणे नाथ हो।
मनुष्य माया अनुसरी ने झाटक्या बे हाथ हो।
विलाप त्याँ कीधा घणा ने नीर त्या नयणे झरे।
दुःख पामे अति घणु ने शोक कीधो त्यां सरे।

—द० स्क०, पृ० ३१२

नरसी—काहाना सुणीअे वात मोरी, तोरा नयण छे निद्राभर्यां।
प्रगट अगो अंग मांहे, चिन्ह तो दीसे खरा।

—न० कृ० का०, पृ० १२७

प्रेमानंद—धस्या श्रीकृष्ण हेत साथे, सकर्षण पूठे गया।
अक्रूर प्रीते पाय लाग्या, नाथजी अे कर ग्रह्या।

परस्परे स्तवन कीधां, भत्रीजा वाम दक्षिण रह्या।
वलगी हाथे आदर साथे मदिर मा तेडी गया।
—श्रीम० भा०, पृ० ३०२

शेधजी—एहवे समे एक वर्ध ब्राह्मण जतो मारग माहि जो।
—रुक्मिणीहरण

मात्राओं की न्यूनाधिकता तथा गुरु लघु के उच्चारण की अनिश्चयता प्राय. सर्वत्र मिलती है। कही कही यह भी कहना कठिन है कि यह गीतिका छद की ही रचना है।

सवैया (मात्रिक)—यह ३१ मात्रा के वीर छंद का ही दूसरा नाम है।[१८] गुजराती पिंगलकार ३२ मात्रा के सवैया का भी परिचय देते है।[१९] पहले प्रकार के सवैये का प्रयोग गुजराती मे केशवदास ने और दूसरे प्रकार के सवैये का प्रयोग ब्रजभाषा में सेवक ने किया है।[२०] पर केशवदास के 'सवाइयो' छद की भाषा ब्रज ही है। कुछ अंशो में नयर्षि के फागु मे प्रयुक्त रासक छंद की गति सवैया जैसी कही जा सकती है। गेयात्मक अन्तिम 'रे' के स्थान मे जगणात्मक शब्द रख देने पर इसका रूप स्पष्टतया वीर छंद जैसा हो जाता है। 'रे' को निकाल देने पर यही सरसी छद मे परिणत हो जाता है जिसका परिचय आगे दिया गया है—

गोपिय लोपिय ढाण निरोपिय वनि वनि भमइ मुकुंद रे।
अह्म बीचारी किहि सचारी वोलित कुल नभचद रे॥५१॥
वाट घाट सब वाधइ सहियर तब कुण रग रे।
अह्म मूकी तु किमि हिव चालई पालइ गोपिय वृंद रे॥५२॥
—फागु

चांद्रायण—११ जगणान्त और १० रगणान्त अर्थात् कुल २१ मात्राओं के इस छंद का व्यवहार ब्रजभाषा मे सूरसागर के अन्तर्गत सूर ने तथा रहसिलता के अन्तर्गत ध्रुवदास ने किया है। सूर ने इसको स्वतन्त्र रूप मे व्यवहृत न करके 'रोला दोहा' से संयुक्त छंद के पूर्व स्थान दिया है।[२१] गुजराती मे 'चद्रायणी' अथवा 'चद्रायणा' चंद्रावला के पर्याय रूप में माना गया है।[२२] परन्तु भालण ने दशमस्कध मे २१ मात्रा के चाद्रायण जैसे एक छद का प्रचुर प्रयोग किया है। उसे चांद्रायण की देशी कहा जा सकता है। उदाहरण स्वरूप निम्नलिखित पक्तियाँ दर्शनीय है—

कंसने कही सकेत, नारद वेगे गया।
गाता गुण गोविंद, अतरधान थया।

राय तणे मन क्रोध, आवी प्रगट थयो।
भालण प्रभुनो भ्रात, कसे तेडावीयो।

—द० स्कं०, पृ० ४

प्रेमानंद ने अपनी 'व्रजबेलि' में जो छद प्रयुक्त किया है वह भी २१ मात्राओं का है परन्तु गति, यति तथा अन्य लक्षणों को देखते हुए वह प्लवगम अथवा अरिल्ल सिद्ध होता है जिनका उल्लेख चौपाई के प्रसग मे किया जा चुका है।

सरसी और सार—चौपाई की १६ मात्राओं के बाद दोहे के सम चरण की ११ मात्राओं के योग से २७ मात्रा के सरसी छद का निर्माण होता है। सरसी के अन्त में रहने वाले एक गुरु और एक लघु वर्ण के स्थान पर यदि दोनों वर्ण गुरु कर दिये जायें तो वही २८ मात्रा का सार छंद हो जाता है। सरसी और रासक का साम्य सवैया के प्रसग में निर्दिष्ट किया जा चुका है। गुजराती के वर्णनात्मक काव्य मे इनका व्यवहार कम हुआ है पर व्रजभाषा मे सूरसारावली जैसी सम्पूर्ण रचना कुछ पंक्तियों को छोड़ कर आद्योपांत सार और सरसी छद मे ही लिखी गयी है। भीम द्वारा प्रयुक्त 'चालतीचूपै' सरसी छंद ही है—

उद्धवनू हितकारण जाणी, बोलइ श्री भगवान।
कथा अनादि विवेक समधी, परमारथ विज्ञान।

—हरि० षो०, पृ० १९२

अढैयु, आदि-लघु मात्रिक छंद—वर्णनात्मक काव्यों मे कभी मुखबन्ध के रूप मे, कभी स्वतन्त्र रूप मे अनेक लघुमात्रिक छदो का प्रयोग गुजराती कवियों ने किया है जिनमे से 'अढैयु' सर्वप्रमुख है। यह फागु शैली का छद है और नयर्षि के फागु मे उपलब्ध होता है। पहली दो पंक्तियो में दोहे के सम पदों की तरह ११, ११ मात्राएँ होती हैं और शेष दो चरणों मे अन्तिम गेयात्मक 'अे' के सयोग के कारण १२, १२ मात्राएँ मिलती हैं[२३]—

गजविड पहिरइ बाल, सिरि वरि मोतिय जाल,
करजित कमलू अे, अति नख विमलू अे॥ ३७॥

इसी प्रकार का ११ मात्राओ के अशो से निर्मित 'आन्दोला' छंद भी फागु काव्य में प्रयुक्त हुआ है। केशवदास ने 'अढैया' नामक एक छद प्रयुक्त किया है जो गेयात्मक है और चौपाई के साथ 'अढैयु' की एक पंक्ति संयुक्त करके बना है, कदाचित् इसी कारण उसे 'अढैया' की उपाधि मिली है।[२४] केशवदास ने १२ मात्रा के एक अन्य छद का 'कारिका' शीर्षक से व्यवहार किया है।[२५] भालण के दशमस्कध मे, मुखबन्ध के

रूप में, अढैयु जैसे छंद का बराबर प्रयोग हुआ है पर उसमे गेयात्मक 'अे' नही मिलता। कही कही चारों चरणों मे ११, ११ मात्राएँ बनी रहती है—

मन विमासे वात, भगिनीनो करुँ घात।
गर्भवती छे नारी, नानी बेन अे मारी।

—द० स्क०, पृ० ८

आव्या ब्रह्मा इन्द्र, तेत्रीस कोटि ने रुद्र।
नारद रुखीवर जेह, अवतार आठमो अेह।

—वही, पृ० ९

ब्रजभाषा कृष्ण-काव्य मे ऐसे लघु छदों का व्यवहार नही हुआ है।

झूलणा—गुजराती कृष्णकाव्य मे यह नरसी मेहता का सर्वप्रिय छद रहा है और उन्ही के काव्य मे विशेष रूप से प्रयुक्त हुआ है। यह छद गुजराती के प्राचीन रास काव्यो मे भी मिलता है और नरसी तक इसका स्वरूप पूर्ण रूप से सिद्ध हो चुका था। इसकी गति निम्नलिखित प्रमाण से चलती है—[२६]

दालदा दालदा दालदा दालदा
दालदा दालदा दालदा गा।

नरमी के 'सुरतसंग्राम' और 'सुदामाचरित' मे आद्योपान्त इसी का व्यवहार हुआ है। ब्रजभाषा मे सूर ने कतिपय वर्णनात्मक प्रसगो मे इसे प्रयुक्त किया है—

नरसी—जदुपती नाथ ते, मित्र छे तमतणा, जाओ वेगे करी कृष्ण पासे।
प्रीत पूरवतणी, हेत धरशे हरि, मनना मनोरथ सफळ थाशे।

—न० कृ० का०, पृ० १५७

सूर—झिरकि कै नारि दै गारि गिरिधारि तब पूछ पर लात दै अहि जगायो।
उठ्यो अकुलाइ डरपाइ खगराइ को देखि बालक गरब अति बढ़ायो।

—सू० सा०, पृ० २२०

अ : ने यगण के साथ १०, १०, १०, ७ के क्रम से यति और मात्राओं का विधान हिंदी के िंगलकारों ने झूलना के लिए आवश्यक माना है।[२७] वैसे २०, १७ मात्राओं के यतिक्रम वाले ठीक ऐसे ही छद की सज्ञा हसाल दी गयी है।[२८] सेवक ने ठीक उसी जाति के 'करखा' नामक छंद का प्रयोग अपने काव्य में किया है।[२९]

त्रोटक अथवा तोटक—इस छद का प्रयोग ब्रजभाषा और गुजराती मे एक दूसरे से सर्वथा भिन्न रूप मे हुआ। हिंदी के पिगलकारों के मत से यह वर्णिक वृत्त है जिसमें

चार सगण होते है ।[३०] ब्रजभाषा कृष्णकाव्य मे कदाचित् सेवक ने ही इसे प्रयुक्त किया है—

पहिले हरिवश सुनाम कहौ, हरिवश सुधर्मिनि सग लहौ ।
हरिवश जु नाम सदा तिनके , सुख सपति दपति जू जिनके ।
—श्रीहितचौरासी सेवकवाणी, पृ० ६७

गुजराती छद-शास्त्र के एक विद्वान् के अनुसार त्रोटक किसी छद-विशेष का नाम न होकर बीच बीच मे आने वाले छदो का विशेषण मात्र है ।[३१] त्रोटक शीर्षक से अष्ट-कल और सप्तकल रूप वाली जो पक्तियाँ भीम और केशवदास की रचनाओ में मिलती है उन्हे देखते हुए यही कहना यथार्थ प्रतीत होता है कि गुजराती कृष्णकाव्य में त्रोटक नाम से किसी छद-विशेष का अभिप्राय ग्रहण नही किया गया । निम्न-लिखित उदाहरण इसके प्रमाण हैं—

१—भाजइ नही ते योध, बलदेव भरिया क्रोध ।
प्रहार मूकइ ठीक, तेणइ हैइ कूटइ हीक ।
—हरि० षो०, पृ० १६४

२—क्षण हाथ्य वळगा, वळी अलगा, बहु वेले तिहा बाल ।
वेणु वाजे गीत ज गाजे, मधुर मादल ताल ।
—श्रीकृ० ली० का०, पृ० ८३

३—रथ नद दोआरे जाणी रे, आवे सहु नार्‌य उजाणी रे ।
अक्रूर क्रूर वली आव्यो रे, अथवा को अच्युत लाव्यो रे ।
—वही, पृ० १४८

उक्त तीनों उदाहरणो मे से छदशास्त्र की दृष्टि से पहला तोमर का, दूसरा २६ मात्रा के झूलना का और तीसरा पदपादाकुलक का उदाहरण है ।[३२] साथ ही जिस २६ मात्रा के झूलना का केशवदास ने त्रोटक शीर्षक से अधिक व्यवहार किया है वह हरिलीलाषोडशकला मे प्रबंध शीर्षक से व्यवहृत हुआ है । इस प्रकार त्रोटक प्रबध का पर्यायवाची सिद्ध होता है ।[३३]

संस्कृत वृत्त : शार्दूलविक्रीडित, मालिनी, इन्द्रवज्रा और भुजंगप्रयात—गुजराती मे व्यवहृत इन चारों वृत्तो का ब्रजभाषा कृष्ण-काव्य मे कही भी व्यवहार नही हुआ है । गुजराती में सस्कृत वृत्तों में काव्य लिखने की एक परम्परा रही है जो १४वी शती तक जाती है ।[३४] ह्रस्व-दीर्घ का निर्धारण उच्चारण और गेयात्मकता के आधार पर कर लेने की पूर्ण स्वतन्त्रता कवियों ने ली है और चरणान्त में प्रास का

विधान अनिवार्य रूप से बराबर किया है जो महत्त्वपूर्ण है। इस सबके आधार पर यह कहना अनुचित न होगा कि गुजराती कवियो ने इनका देशीकरण कर डाला है। केशवदास ने श्रीकृष्णक्रीडाकाव्य मे रासवर्णन ही शार्दूलविक्रीडित मे किया है, पर वासणदास ने तो अपने कृष्णवृदावनरास के समस्त अशो को इसी वृत्त मे रच डाला। नीचे दोनों के काव्य से एक एक उदाहरण दिया गया है—

१—वाहे दुदभी देव सेव करता, पुष्पो ज वर्षी रह्या।
गाये किनर सर्व कृष्ण गुणने तेणे न जाये कह्या।
वाजे नूपुर किकिणी वलययुक् गौरागी गोपी तणी।
सोहे मध्य मुरारी मरकत यथो हेमाग माहे मणी।
—श्री कृ० ली० का०, पृ० १०१

२—साथि सोल सहस्र नारि शामा कामा ते कामाकुली।
कीधा अगति छाटणाति कृष्णे वाजित्र वाजे वली।
खेला खेल अपार अत्य गमता राधा ते साथे सही।
राखे वासण स्वामी शर्ण ताहारे एहवी ते वाणी कही।
—राधारग

कदाचित् दोनो कवियो ने शार्दूलविक्रीडित को रासवर्णन के विशेष उपयुक्त समझा है अथवा इस वृत्त-विशेष मे रास-वर्णन की कोई परिपाटी भी हो सकती है।

मालिनी और इन्द्रवज्रा का प्रयोग गुजराती कृष्ण-काव्य मे केवल रत्नेश्वर द्वारा हुआ है। बारमास नामक गेयता-प्रधान काव्य मे, प्रत्येक मास के वर्णन के प्रारभ मे, मालिनी छद को स्थान दिया गया है। न, न, म, य, य, इन पाँच गणों से बनने वाली प्रत्येक पक्ति को कवि ने आठ और सात वर्णो के दो भागों मे विभाजित करके दोनो को तुक से युक्त कर दिया है और इस प्रकार सस्कृत के वृत्त को अधिक मनोरम बना दिया है। यथा—

सुरत मुख विशाला, साभलो व्रीजबाला।
सुकति कुसुममाला, शोक निश्वास ज्वाला।
निरखी नयन मीचे, आसुअे अग सीचे।
दुःख लखि सखी आवे, बाय माही बोलावे।
—बृ० को० दो०, भाग ६, पृ० ८०३

इन्द्रवज्रा का प्रयोग रत्नेश्वर ने श्रीधर के 'वागीशा यस्य वदने' के अनुवाद करने मे किया है—

विराजते यस्य मुखे सरस्वती।
लक्ष्मी सदा वक्षविषे विराजती।
जेने हृदे ज्ञान प्रकाश धाम।
नृसिह ने आद्य करू प्रणाम।
—रत्नेश्वर मेघजी कृत श्रीमद्‌भागवत, दशमस्कध।

भुजगप्रयात मे भीम, केशवदास और प्रेमानद ने काव्य-रचना की है। प्रेमानद ने इसे वृत्त के रूप मे न अपनाकर गणात्मक नियमों की अवहेलना करते हुए देशी के रूप मे व्यवहृत किया है जिसका नाम उन्होने 'भुजगप्रयात नी देशी' दिया है। किसी छद और उसकी चाल की देशी मे पर्याप्त अतर होता है।[३५] अन्य कवियों मे भी नियमो का पूर्ण परिपालन नही मिलता। तुकान्त का इसमे भी विधान किया गया है। सस्कृत वृत्तों मे भुजगप्रयात ही सबसे अधिक लोकप्रिय रहा है, जैसा उक्त कवियों के काव्य से प्रमाणित होता है। निम्नलिखित पक्तियाँ उदाहरण रूप मे दर्शनीय हैं—

१—तपसा तणू मूल अे देह जाणु, तेणइ काइ अहकार प्रमाद आणु।
तप आचरता मन शुद्ध थाइ, जिणइ माया मोह अगन्यान जाइ ॥१३॥
—हरि० षो०, पृ० ६४

२—इका आवती गोपिका पातली अे, उधा आवती आउली कल्प लई।
इशे दतधावा करी दोष टाले, कपूरे करी कोगला म्हो पखाले।
—श्रीकृ० ली० का०, पृ० १०५

३—गुरुचर्ण पकजनु ध्यान राखु, काळी नाग श्रीकृष्णनु युद्ध भाखु।
गुरु गणपति सरस्वती शीष नामु, शुक कहे वदन वाणी नो प्रसाद पामु।
—श्रीम० भी०, पृ० २७०

२. पद-शैली

पदों की रूपरेखा—किसी भी गेय पद्यरचना को पद कहा जा सकता है। यह सबसे व्यापक शब्द है।[३६] भालण और नरसी जैसे कवियों ने इसे 'कडवा' के स्थान पर व्यवहृत किया है जिसका आधार कदाचित् गेयता ही है। व्रज-भाषा मे यह अपेक्षाकृत निश्चित स्वरूप की रचनाओं के लिए आया है जिनमे अधिकतर टेक या ध्रुवा का होना आवश्यक है। वस्तुत. पद अनेक जाति के होते है। कुछ ध्रुवा-रहित और कुछ ध्रुवा-सहित। दोनों प्रकार के पद दोनों भाषाओं मे उपलब्ध होते हैं। नरसी की शृगारमाला तथा हिंडोलानांपदो के अनेक पद ध्रुवाहीन है। इसी तरह सूरदास ने भी टेकरहित पदों की रचना की है।[३७] अन्य कई पदकारों ने दोनों तरह के पद रचे है। कुछ पद अत्यन्त लम्बे होते है और कुछ अत्यन्त लघु। गुजराती के

कतिपय कवियों ने ध्रुवा की एक या अनेक पंक्तियों के बाद कडवों की तरह कुछ पक्तियों का क्रमिक विधान किया है जिनके अत मे ध्रुवा की आवृत्ति का हर बार सकेत कर गया है । ब्रजभाषा मे भी दीर्घ और लघु दोनो ढंग के पद मिलते है ।

ध्रुवा और ध्रुवा-सहित पद—टेक या ध्रुवा एक स्थायी गेय पक्ति अथवा पक्ति-समूह के रूप मे मिलता है । गुजराती कवियो ने कही कही पद के प्रारम्भ मे दी हुई पंक्तियो मे से अन्तिम कुछ ही पक्तियों को ध्रुवा के रूप में व्यवहृत किया है पर ऐसा कम ही मिलता है । प्रायः एक द्विपदी और उससे सम्बद्ध एक लघु किन्तु विशेष गेयता-युक्त पंक्ति को ध्रुवा बनाया गया है । नीचे अनेक पंक्तियों वाले कतिपय ध्रुवा दिये जाते है जिससे स्थिति अधिक स्पष्ट रूप मे समझी जा सकती है—

१—आनद अेक अभिनवु रे वृंदावन मझारि ।
वंश वजावइ विठ्ठलु रे, तेणइ छंदइ नाचइ नारि ।—ध्रुवपद
वृदावनि गोपी नाचइ रे, तेणइ रगि राचइ राम ।।वृंदा०।।
—हरि० षो०, पृ० १५३

२—माधव अतरि नारी, अगना अतरि हरि ।
रासक्रीडा वृंदावनि रमइ आनंद भरि ।—ध्रुवपद
नदानदनि अेक माडिलइ अति उछाह ।
गोपी सरसा कृष्ण रमइ, वृंदावन माहिरि ।।नदा०।।
हरि० षो०, पृ० १५४

३—मली माननी सघली टोले, खात्ये हर जी कीधो खोले ।
नानडियो लोचन चोले रे ।—ध्रुवपद
हरि चड्यो रे आडे, मात रमाडे...। रे० हरि०
—श्रीकृ० ली० का०, पृ० ३१

४—मदिर माहे पेसी करी, ग्रहे गोरस सार रे,
अभिनवी विद्या अेहनी, लहो नही लगार रे ।
सामलो राव यशोमती, कहूँ कूअर नां सूत्र रे ।
घर्‍य घर्‍य हीडे पेसतो, लीला लाडको पुत्र रे ।—ध्रुवपद । साभलो०
—वही, पृ० ४३

५—कमल पाअे अति कोमलडो रे, मयण थकी अति रूडो,
अमृत पांअे रस आगलो, हवे वाद म कर्‍य तू कूडो । ध्रुवपद । कमल०
—वही, पृ० १२२

६—ओल्या कपटीनो क्रूर परधान, अेहने तह्मे म द्यो अेवडू मान,
शू गोप तणी गइ सान रे ।—ध्रुवपद [२]

—वही

७—चालो सहीयो जोवाने रे जइये, विनती तो जइ वा'ला ने कहीये,
सुख दु:ख तो हैडा मा रे सहीये, कोने जोइ ने ता रे रहीये ।।चालो०।।

—न० कृ० का०, पृ० ४१३

८—झोलीये झूलो कहान गोवाळा ।
व्रजनी बाला गाय-हालरुं हालोनी नदलाला,—टेक "

—श्रीम० भा०, पृ० २४८

९—गोपी आवी यशोदा पासे, करवा हरिनी रावजी ।
वचन बोले वढवा सरखा, हरि साथे हृदे भाव जी ।
गोकुळ केम रहीअे, भागो गोरसनो व्यापार कहोजी क्या जइअे ।

—टेक, गो०

—वही, पृ० २५३

गुजराती काव्य में पदों के साथ इतने दीर्घ और विविध प्रकार के ध्रुवा अथवा ध्रुवक देने की परिपाटी प्राचीन रही है । [१८] व्रजभाषा मे ऐसे ध्रुवाओ का व्यवहार नही हुआ है । श्रीभट्ट तथा हरिव्यासदेव जैसे कुछ पदकारों ने अपने प्रत्येक पद के पहले एक दोहा रक्खा है जो टेक की पंक्ति से भिन्न रहता है अतएव गुजराती ध्रुवाओं से उसकी तुलना नही की जा सकती । एक पक्ति की छोटी टेक का व्यवहार व्रजभाषा के पदों मे बराबर हुआ है । गुजराती के पदो मे भी ऐसी टेक बहुधा मिलती है । फाग, विवाहऔर लोरी के गीतों मे 'रे लोल' 'मनोरा झूमक हो', जैसे गेयाशों की बराबर आवृत्ति मिलती है जो लोकगीतों की छाया प्रतीत होती है ।

ध्रुवा के अतिरिक्त पदों के शेष अश मे स्वतन्त्र चरणान्तप्रास वाली द्विपदियों का विधान हुआ है । जिन पदों में ध्रुवा नही होता उनमे भी द्विपदियों का ही विधान मिलता है । कभी कभी यह द्विपदिया ध्रुवा के तुक की एक स्वतन्त्र पंक्ति देने के बाद रक्खी गयी हैं । व्रजभाषा के पदों मे ऐसा अधिकतर मिलता है । बहुत से पद ऐसे भी मिलते हैं जिनमे द्विपदियों के स्थान पर ध्रुवा के साथ तुक का निर्वाह करने वाली तथा उसी के समान गतिवाली अपेक्षाकृत दीर्घ पंक्तियों का विधान किया गया है । द्विपदियों अथवा इन पंक्तियों की संख्या को निर्धारित करने मे कवि पूर्णतया स्वतन्त्र रहे हैं । प्राय. यह निर्धारण वस्तु और भाव के अनुरूप हुआ है । गुजराती और व्रजभाषा के पदो मे ध्रुवा की उक्त भिन्नता को छोड़कर बहुत अधिक समानता मिलती

है। १५वी शती में ही गुजराती कवि भीम और भालण के काव्य में उक्त सभी प्रकार के पद उपलब्ध हो जाते है जब कि ब्रजभाषा में इस शती में कोई काव्य नही मिलता।

पद-शैली में प्रयुक्त प्रमुख छंद और उनका स्वरूप

पदों में केवल मात्रिक छदो का प्रयोग हुआ है। वर्णिक छद तो कही अपवाद रूप मे ही मिलते है जिन पर आगे मुक्तक-शैली के प्रसग मे विचार किया गया है। मात्रिक छंदों में अधिकतर वही प्रयुक्त हुए है जिनका निरूपण किया जा चुका है जैसे दोहा, चौपाई, सवैया, गीतिका, सार, सरसी, झूलना आदि। इन्ही की जाति के तथा और भी अनेक मात्रिक छंदों के सयोग से दोनों भाषाओ में पद-रचना हुई है। तुलनात्मक दृष्टि ऐसे प्रमुख छदों का परिचय नीचे दिया गया है—

विष्णुपद—१६, १० के क्रम से २६ मात्रा तथा अत में गुरु वर्ण वाले विष्णुपद नामक छंद का पद-रचना में प्रचुर प्रयोग हुआ है—

भालण—१ क्षण अेक पडखोजी मनमोहन, लइ उत्सग धरू।
उभराई जाशे मही मारुं, अे नवनित हरू।

—द० स्कं०, पृ० ३८

२ वडी वार थइ रमता मुजने, मे अति भूख सही,
हवे तो मे रह्यु न जाये, रहेवा द्यो रे मही।

—वही

नरसी—गातर भंग कीधां गिरधारी, जेन रे मार्या झटके।
वेग वजाडी वहाले मारे वनमा, रग तणे कटके।

—न० कृ० का०, पृ० ३०५

मीरा—चित्त चढी मेरे माधुरी मूरत उर बिच आन अडी।
कबकी ठाढी पंथ निहारूँ, अपने भवन खडी।

मी० प०, पृ० ५

सूर—मुनि वशिष्ठ पडित अति ज्ञानि, रचि रचि लग्न धरै।
तात मरन सियहरन राम बन-वपु धरि बिपति भरै।

—सू० सा०, पृ० २७

हरिवंश—विचलै श्याम घटा अति नौतन ताके रंग रसी।
एक चमकि चहुँ ओर सखी री अपने सुभाय लसी।

हि० चौ०, पद ५५

रेखाकित स्थलो पर गुरु को लघु अथवा लघु को गुरु करके पढना होता है। उक्त कुछ उदाहरण ही पद-साहित्य मे इस छद की व्यापकता के प्रमाण है।

सार और सरसी—इन छदों का परिचय दिया जा चुका है। पद-साहित्य मे यह छद भी विष्णुपद की ही तरह अत्यन्त व्यापक रूप मे मिलते है। एक मात्रा के अन्तर से छंद परिवर्तन तो हो जाता है पर गति प्राय वैसी ही रहती है। यति अनिवार्यत १६ मात्राओ के बाद आती है। कुछ कवियो ने गेयता के कारण अतिरिक्त 'रे' या 'ने' का भी सयोग कर दिया है—

भीम—थड विग अेक महा वृक्ष ऊग्यु, प्रसरी शाखा पच।
बीज अकुर बहु फलि फलियु, त्रिधा विस्तारे रच।
अलीक ससार अछइ अनोपम, अगन्यानि प्रतिभासइ।
विवेक विचारइ, दृढविश्वासइ, ग्यान प्रकाशइ नासइ।

—हरि० षो०, पृ० ६८

भालण—अेणी पेरे देवकी टळवळ्या, हरिने हैये चापे रे।
पीयु तणे कर बालक आपे, भे थी हैडु कापे रे।
भामणडा मावडी लइने, लइ चाल्या वसुदेव रे।
भालणप्रभु रघुनाथ मूक्या, जशोदा घेर ततखेव रे।

—द० स्क०, पृ० १३

केशवदास—करे अन्याय केशव घर माअे रे, ढोले ने गोरस गोली।
माखण माकडला ने आपे, नित्य तेडी ने ताही टोली।

—श्री कृ० ली० का०, पृ० ५०

नरसी—भावे रे भजता मारो वहालो, रग रेल रस वाध्यो रे।
कंठ विलागी कहान जी ने अधुर अमृत रस आप्यो रे।

—न० कृ० का०, पृ० २८६

प्रेमानंद—१. मूल पोतानु विचारीये रे, तु उदे थयो आज काल।
कंसने घेर गोरस लइ जाता, नद ने पडी छे टाल।

२. सग कीधो जड गोवालानो, टाढी राव शीरावे।
पीडारो वन पशु ने चारे, बुद्धि कोनी पावे।

—पृ० २७१

मीरां—१. ऊभी ठाढ़ी अरज करतहूँ, अरज करत भयो भोर ।
मीरां के प्रभु हरि अविनासी, देस्यूँ प्राण अकोर ।
—मी० प०, पृ० २

२. साजि सिंगार बाँधि पग घुँघरू, लोक लाज तजि नाची ।
गई कुमति लई साधु की संगति भगत रूप भई साँची ।
—वही, प० ७

सूर—१. ख्याल परे ये सखा सबै मिलि मेरे मुख लपटायो ।
तुही निरखि नान्हे कर अपने में कैसे करि पायो ।
—सू० सा०, पृ० १७६

२. अति कृश गात भई ए तुम बिनु परम दुखारी, गाइ ।
जल समूह बरषति दोउ अँखैं हूँकति लीने नाउँ ।
जहाँ तहाँ गोदोहन कीनो सूँघति सोई ठाउँ ।
—वही, पृ० ७११

ताटंक—सार छंद के अन्त में यदि एक गुरु वर्ण और रख दिया जाय तो वह ३० मात्राओं का ताटंक छंद बन जाता है। इसका दोनों भाषाओं के पदों में कम व्यवहार हुआ है। सार छंद की पूर्वोक्त कुछ पंक्तियों के साथ संयुक्त 'रे' को यदि छंद का अंग मान लें तो वह ताटंक का ही उदाहरण मानी जायेंगी। नरसी के काव्य में ऐसे अगणित पद मिलते हैं। नरसी, और मीरां के निम्नलिखित पदांश इसके शुद्ध उदाहरण प्रस्तुत करते हैं—

नरसी—कोह सजनी अे केह पेरे मूकुं आनंद रूपी मा'वा ने ।
नही समरथ अबळा विण कोई जे अेहेनो पालव सा'वा ने ।
—न० कृ० का०, पृ० ५३१

मीरां—नाचि नाचि पिव रसिक रिझाऊँ प्रेमी जन को जाचूँगी ।
प्रेम प्रीत की बाँधि घूँघरू, सुरत की कछनी काछूँगी ।
—मी० प०, पृ० ६

झूलना, हरिप्रिया आदि दीर्घ छंद—गुजराती और ब्रजभाषा दोनों के पद-साहित्य में दीर्घ छंदों का प्रचुर प्रयोग मिलता है। झूलना ऐसे छंदों में सर्वप्रमुख है। इसका भी परिचय दिया जा चुका है। नीचे नरसी, प्रेमानंद, सूर और हरिवंश के कुछ पदांश प्रमाण रूप में उद्धृत किये जाते हैं—

नरसी—जागी ने जोउ तो जगत दीसे नही, ऊँघ मां अटपटा भोगभासे।
चित्त चैतन्य विलास तद्रूप छे, ब्रह्म लटका करे ब्रह्म पासे।
—न० कृ० का०, पृ० ४८६

प्रेमानद—परब्रह्म निष्कर्म ते पर्म क्रीडा करे, रास विलास व्यभिचार भासे।
भक्तविश्राम श्रीराम करुणानिधि, नामलेतां कोटि कर्म न्हासे।
—श्रीम० भा०, पृ० २९८

सूर—घेरि चहुँ ओर करि शोर अदोर बन धरणि आकाश चहुँ पास छायो।
बरत वन बॉस धरहरत कुस कॉस जरि उडतहै बॉस अति प्रबल वायो।
—सू० सा०, पृ० २३१

हरिवश—वदन जोति मनो मयक, अलकतिलक छवि कलक,
छपति श्याम अक मानौ जलद दामिनी।
विगत वास हेमखम्भ मनो भुवग वेनीदड,
पिय के कठ प्रेम पुज कुज कामिनी।
—हि० चौ०, पद ८०

हरिवश की तरह सूर ने इससे भी दीर्घतर छंद हरिप्रिया का प्रयोग किया है जो गुजराती कृष्ण-काव्य मे अलभ्य है। इस छंद में १२, १२, १२, १० के क्रम से ४६ मात्राएँ होती है।[३९] हरिवश द्वारा प्रयुक्त छंद के चौथे चरण मे दस के स्थान पर आठ मात्राएँ है—

जागिये गुपाल लाल, आनदनिधि नदबाल,
यशुमति कहै बार बार भोर भयो प्यारे।
नैन कमल से विशाल, प्रीति वापिका मराल,
मदन ललित वदन ऊपर कोटि वारि डारे।
—सू० सा०, पृ० १५८

हरिप्रिया के सदृश अन्य दीर्घ किन्तु भिन्न गति के अन्तर-आवृत्तिमूलक छंद गुजराती कवियों ने भी लिखे है। भीम ने एक पद में समान तुक के १३, १३, मात्राओं वाले चार चरण रख कर तब टेक की पुनरावृत्ति की है—

रास रमइ, नृत्य हुइ, अेक धीइ ऊंबर धोइ,
मुनिवर केरा मन मोहइ, अन्तरि ब्रह्मादिक जोइ।
रे गोकुलि जनम्या गोव्यन्द।
—हरि० षो०, पृ० १४१

रचना-तंत्र की दृष्टि से हरिप्रिया और इसमें पर्याप्त अंतर भी है और वह यह कि झूलणा या हरिप्रिया में आवृत्ति वाले अंश, छंद के अंश होते हैं जबकि यहाँ वे स्वतन्त्र खंड बनाते प्रतीत होते हैं। केशवदास ने भी १४, १४ मात्राओं की तीन आवृत्तियों के योग से एक दो पदों का निर्माण किया है—

१. घुघरीये धीर न धावे, प्रेमे बहु पानो आवे,
   भूख्यो थ्यो काइ न भावे ॥ रे० हरि० ॥

—श्रीकृ० ली० का०, पृ० ३१

२. हरिचरण ग्रही रहि नारी, मुखे हसिया देवमुरारी,
   केशवदास स्वामी सुखकारी—नन जइये रे।

—वही, पृ० १२३

भालण के काव्य मे ७, ७, ७, १३ के विराम से युक्त पद-रचना के भी उदाहरण मिलते है। देखने मे यह ७, ७, ७, ५ के क्रम वाले लघु झूलना के समान लगता है, केवल अंतिम अश मे ८ मात्राएँ अधिक है पर वस्तुतः ७ मात्रा वाले अंश के अंत में प्रास-युक्त गुरु-लघु वर्णो की अनिवार्य आवृत्ति इसकी गति को उस झूलना की गति से पर्याप्त भिन्न बना देती है—

चंचल काय, कोण उपाय, माखण खाय, दोणी फोडी दूधनी।
ऊखल पीठ, मांडे ठीठ, कहानक दीठ, शीके थी चढी ने ग्रहे।
मांकडां साथ. त्रिभुवननाथ, लइ लइ हाथ, वहेंची आपे बाल ने।
अमे आप्यु जेह, आणीने नेह, नव ले तेह, चोरी ने भावे घणुं।

—द० स्कं०, पृ० ३७

कुंडल और उड़ियाना—२२ मात्राओं के इस छंद मे १२, १० के क्रम से यति का विधान होता है और अन्त में दो गुरु वर्णो का होना आवश्यक माना जाता है।[४०] गुजराती की अपेक्षा ब्रजभाषा के पद-साहित्य में इसका व्यवहार अधिक मिलता है—

केशवदास—किकिणी ने नादे नरहरि नाहानडियो नाचे।
आंखडी ने मचकडे मात यशोमती राचे।

—श्रीकृ० ली० का०, पृ० ४०

नरसी—छानो मानो आव्यो कहान, पाछली ने राते।
वेणु मा तहीं रव गायो, आवी ने प्रभाते.

सूर—नासिका लोचन विशाल, सतत सुखकारी ।
सूरदास धन्य भाग्य, देखत ब्रजनारी ।
—सू० सा०, पृ० १४०

मीरां—मुरली कर लकुट लेऊँ, पीतवसन धारूँ ।
काछी गोप भेष मुकुट, गोधन सँग चारूँ ।
—मी० प०, प० ६२

जहा कही अन्तिम गुरु वर्ण के पहले गुरु वर्ण न आकर लघु वर्ण आया है वहाँ यह छंद उड़ियाना नाम से अभिहित किया जाता है जो कुंडल का ही एक उपभेद है ।[४१] उदाहरण के लिए सूर की निम्न पंक्तियाँ प्रस्तुत की जा सकती हैं—

नद जू के वारे कन्हैया छाँडि दे मथनियाँ ।
बार बार कहे मात यशोमति रनियाँ ।
—सू० सा०, पृ० १४९

उपमान, शोभन और रूपमाला—उपमान मे १३, १० का मात्रा-क्रम तथा अत में दो गुरु वर्ण होते है, रूपमाला में १४, १० के मात्रा-क्रम के साथ अन्त में एक गुरु और एक लघु । यदि रूपमाला के अंत मे जगण हो तो वही शोभन छंद हो जाता है ।[४२] ब्रजभाषा की तुलना मे गुजराती मे यह छद बहुत कम प्रयुक्त हुए है और यदि कही मिलते भी है तो यति के नियम की पूर्ण अवहेलना के साथ । मात्राओं में भी पर्याप्त शिथिलता दिखाई देती है जो एक सामान्य वस्तु है और सर्वत्र पायी जाती है—

नरसी—सोल सहस्र सुन्दरी मळी अचरज पामी ।
भक्तवत्सळ मळ्यो, नरसैंनो स्वामी ॥
—न० कृ० का०, पृ० ३१७

मीरां—मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई ।
जाके सिर मोर मुकुट मेरो पति सोई ।
—मी० प०, पृ० ६

नरसी और मीरां की उद्धृत पक्तियाँ उपमान छंद की लगती है । मीरा की अपेक्षा नरसी की पंक्तियाँ कही अधिक सदोष है । नरसी ने कही कही रूपमाला और शोभन का भी व्यवहार किया है पर वह और अधिक विकार-ग्रस्त है ।[४३] ब्रजभाषा मे सूर और मीरां आदि के कुछ पदों मे यह व्यवहृत हुआ है ।[४४]

३. मुक्तक-शैली

मुक्तक-शैली में प्रयुक्त प्रमुख छंद और उनका स्वरूप

मुक्तक-शैली मे दोहा, सोरठा, कुंडलिया, छप्पय के अतिरिक्त मनहरण, घनाक्षरी और वर्णिक सवैया का प्रयोग विशेष रूप से हुआ । पहले चार छंदों का परिचय

आख्यान-शैली के छंदों के अन्तर्गत दिया जा चुका है। मुक्तक-शैली के कवियों ने इनमें कोई छदगत भेद प्रस्तुत नही किया, प्रत्येक छद मे वर्ण्य-वस्तु की पूर्णता के कारण ही यह मुक्तक बन जाते है।

मनहरण और घनाक्षरी—यह वर्णिक छंद है जिनमे ८, ८, ८, ७ तथा ८, ८, ८, ८ एवं ८, ८, ८, ९ का यति-क्रम रहता है। अन्तिम ३३ वर्गो की घनाक्षरी देवघनाक्षरी कहलाती है और ३२ वर्ण वाली रूप घनाक्षरी।[४५] सवैया गणात्मक वृत्त है जिसके मत्तगयद आदि अनेक भेद होते है।[४६] मनहरण और घनाक्षरी में ह्रस्व और दीर्घ का कोई भेद ही नही रहता। सवैया मे छद-शास्त्र की दृष्टि से यह भेद रहता तो है पर ब्रजभाषा और गुजराती दोनों में ही, गति के अनुसार, दीर्घ को ह्रस्व पढ़ने की प्रथा मिलती है। इन छंदों का व्यवहार गुजराती कृष्ण-काव्य मे नही हुआ। लक्ष्मीदास द्वारा लिखित सवैये अपवाद प्रस्तुत करते है पर उनकी भाषा भी गुजराती नही है।[४७] सवैया का व्यवहार ब्रजभाषा मे केशवदास, मतिराम, देव, सरसदेव, नागरीदास, माधवदास, वल्लभरसिक, ध्रुवदास, नरोत्तमदास, आलम, रसखान, हरिवश और सेवक द्वारा हुआ है।

इसी तरह मनहरण को केशवदास, मतिराम, देव, सूरदास, मदनमोहन, नरोत्तमदास, रसखान, ध्रुवदास, सेवक, वल्लभरसिक, सरसदेव, तथा सेनापति ने व्यवहृत किया है। सेनापति ने सवैया का व्यवहार किया ही नहीं। ध्रुवदास तथा माधवदास ने मनहरण और सवैया को अपने वर्णनात्मक काव्यों मे स्थान दिया है। घनाक्षरी मे देव जैसे कुछ ही कवियों ने काव्य-रचना की है। मनहरण कवित्त का कुछ रूप सूर और मीरां के पदों मे भी परिलक्षित होता है।[४८]

कवियों ने प्रायः ८, ८, ८, ७ के यति-क्रम का अनुसरण न करके १६, १५ पर यति का निर्वाह किया है। कुछ ने उसमे भी शिथिलता दिखाई है।

आन्तर-प्रास—दोनों भाषाओं के कवियों ने कतिपय छदों मे यति के साथ अनुप्रास का निर्वाह किया है। दूसरे शब्दों मे यह आन्तर-प्रास आन्तर-यति के समानान्तर मिलता है। यह लम्बे छदों मे विशेष रूप से मिलता है।[४९] 'प्राकृत पैंगलम्' तथा 'छदोनुशासन' से ऐसे अनेक छदों का परिचय मिलता है जिनमे आन्तर-प्रास एव आन्तर-यमक का विधान नियम रूप मे होता है। अपभ्रश काव्य इसका प्रमाण है। यह आन्तर-प्रास कभी अन्त्यानुप्रास जैसा मिलता है और कभी यमक के रूप मे यति के पूर्वापर अशों को शृंखलाबद्ध करता हुआ। दूसरी स्थिति मे उसे आन्तर-यमक की संज्ञा दी गयी है। नर्षि के 'फागु' काव्य में प्रयुक्त रासक और फागु नामक छदो मे कुछ अपवादों

को छोड़कर प्राय· सर्वत्र इसी का विधान मिलता है। कही कही यमक के स्थान पर मात्र अनुप्रास दृष्टिगत होता है, फागु की निम्न पक्तियों मे दोनों रूप दिखाई देते है—

१. आविय मास वसतक, सत करइ उतसाह।
मलयानिल महि वायउ, आयउ कामगिदाह ॥१७॥

२. वन्निसु फागि नरायण, राय णमइ जसु पाइ।
तस गुण अणुदिण खेलत, हेल तजाइ अपाइ ॥ २ ॥

गुजराती कवि चतुर्भुज के काव्य मे भी ऐसे छंद मिलते है।

ब्रजभाषा मे नददास ने रोला छद मे कही अनुप्रास और कही यमक की ग्रथि दी है—

१. कृपा रग रस अयन, नयन राजत रतनारे।
—नद०, पृ० १५५

२. जो जनमन आकरषत, वरषत प्रेम सुधा रस।
—वही, पृ० १५६

३. तब कही श्री सुकदेव, देव यह अचरिज नाही।
—वही, पृ० १६२

४. तैसिय पिय की मुरली, जु रली अधर सुधारस।
—वही, पृ० १६४

उक्त छदों मे आन्तर-प्रास होते हुए भी चरणान्त-प्रास का स्वाभाविक रूप में निर्वाह किया गया है पर गुजराती मे कुछ छद ऐसे मिलते है जिनमे केवल आन्तर-प्रास का ही विधान है। चरणान्त-प्रास या तुक उनमे प्रायः नहीं मिलता। नीचे की पक्तियाँ प्रमाण रूप मे प्रस्तुत की जाती है—

१. निरखतां रुखमणी रूप अे, भूप मोह्या ते भूमे पडे।
पीडाये सखी पर्‌य पर्‌य कामे अे, हाम धरीने हाले नहीं अे।
—श्रीकृ० ली० का०, पृ० १८३

२. छ दहाडाने छोकरे ते पूतना शोषी,
तारा दोषी दुरिजन जाजो मरी रे।
मोटा थइ ने चारो वन गावडी रे,
मावडी यशोदा जी जाशे भामणा रे।
—श्रीम० भा०, पृ० २४८

ब्रजभाषा कृष्ण-काव्य मे इस तरह का तुकान्तहीन कोई छद प्रयुक्त नही हुआ है। तुकान्त के विधान में आन्तर-प्रास की तरह ही शिथिलता दोनों भाषाओं मे दिखाई

देती है। उत्तम, मध्यम और अधम सभी प्रकार के तुक पाये जाते है। हरिप्रिया, झूलणा आदि छदो मे आन्तरप्रास का विधान मिलता है। नरसी ने कही इसका पूर्ण निर्वाह किया है, कही अपूर्ण और कही किया ही नही। उनकी निम्न पक्तियों मे आन्तर-प्रास दर्शनीय है। कवि ने पहली दो यतियो पर ही अनुप्रास रखने की चेष्टा की है—

> कृष्ण ने हळी मळी, शीघ्र आवो वळी, जाणशे दु.ख अतरजामी।
> विनति मनमा धरो, आळस परहरो, सहाय थाशे नरसैनो स्वामी।
> —न० कृ० का०, पृ० १५७

सूर ने तीनों यतियों को प्रास-युक्त बनाने का प्रयास किया है जिसके अपवाद भी मिलते है। पद-शैली के छदों मे झूलना के जो उदाहरण दिये गये है उनमे सूर की यह विशेषता देखी जा सकती है। दो यतियों मे प्रास का निर्वाह हरिवंश ने भी किया है। झूलना के ही प्रसग में जो पंक्तियाँ भालण के काव्य से उद्धृत की गयी हैं उनमें तीनों यतियों मे प्रास का पूर्ण निर्वाह हुआ है, ठीक वैसा ही जैसा सूर के हरिप्रिया छद मे। अन्य कवियो में भी आन्तर-प्रास का विधान मिलता है। वस्तुत: गेय छदों के निर्माण मे यह प्रवृत्ति गुजराती और ब्रजभाषा दोनों के कृष्ण-काव्य मे समान रूप से पायी जाती है यद्यपि यह सत्य है कि फागु और रासक इन दोनों छदों का व्यवहार ब्रजभाषा काव्य मे नही हुआ है।

रागों का निर्देश—मुक्तक-शैली मे तो नही किन्तु आख्यान-शैली और पद-शैली के काव्यो मे रागों का निर्देश बराबर मिलता है। ब्रजभाषा के आख्यान-काव्यों मे रागों का उल्लेख नही मिलता पर गुजराती मे प्राय: सर्वत्र प्राप्त होता है। जिन रागों का उल्लेख गुजराती आख्यानो और पदों के साथ मिलता है उनमे निम्न-लिखित प्रमुख है।

वेराडी, सामेरी, गोडी, मारू, धनाश्री, परजियो, देशी, नटनारायण, केदारो, देशाख, कल्याण, रामग्री, गूजरी, मलार, कानडो, काफी, आशावरी, वसंत, भैरव, टोडी, शारग, श्रीराग, सीधुडो, मालाखाड, प्रभात, विहाग, कालेरो, भूपाल, मालव, हीडोले, अरगजो, होरी और मेघ आदि।

इसी तरह ब्रजभाषा के पदों के साथ मुख्यतया निम्नोक्त रागों का उल्लेख मिलता है।

कल्पद्रुम, काफी, विभास, विलावल, टोडी, आसावरी, धनाश्री, वसंत, देवगंधार, सारग, मलार, गौड़, गौरी, कल्यान, कान्हरो, केदारो, नट, कमोद, जयति श्री,

भूपाली, गूजरी, मारू, मालव, चौतारो, विहाग, भैरव, कल्याण, अडानो, श्रीराग, प्रभाती, भैरवी, देस, मालकोस, ईमन, खम्माच, हमीर, पचम, रामकली, हिडोरा तथा धमार आदि ।

दोनों नामावलियों मे बहुत से नाम समान रूप से मिलते है । इनमे सगीत की दृष्टि से राग-रागिनियों तथा ताल-स्वर सभी पर आधारित नाम है जिनका स्वतन्त्र अध्ययन अपेक्षित है ।

इन रागों का छंद के साथ कोई अभिन्न सम्बन्ध रहा हो, ऐसा नही लगता।[°] एक ही राग के अन्तर्गत विभिन्न छद प्रयुक्त हुए है और एक ही छद विभिन्न रागो से निर्दिष्ट है । अतएव रागो का निर्देशन गेयता को ही प्रमाणित करता है । सभव है, मात्रा और गति के सम्बन्ध की सामान्य त्रुटियो के मूल मे सगीतात्मकता भी एक कारण हो परन्तु इस सम्बन्ध मे निश्चित रूप से बिना स्वतन्त्र विवेचना के कुछ नही कहा जा सकता ।

पादटिप्पणियाँ

१ प्रा० गु० छ०, पृ० १३५

२ क—बृ० का० दो० भाग १, पृ० ६६७
ख—श्रीम० भा०, पृ० २८२, २८५, २८८ आदि

३. प्रा० गु० छं०, पृ० १३७

४. नरसी . न० कृ० का०, पृ० १६६, ४२८—४३१, प्रेमानन्द रुक्मिणीहरण; हरिरामव्यास . व्या० वा०, पृ० १७६, पीताम्बरदेव . सिद्धान्त की साखी

५. छन्द प्रभाकर, पृ० ४७-५१

६ वही, पृ० ५५-५६

७ श्रीकृ० ली० का०, पृ० १०४

८. छन्द प्रभाकर, पृ० ४८

९. हरि० षो०, पृ० ७, २८; श्री कृ० ली० का, पृ० १२६

१०. श्रीहित चौरासी सेवक वाणी, पृ० ६४, ८८

११, प्रा० गु० छं०, पृ० १०५

१२. श्रीकृ० ली० का०, पृ० १४०, १४२

१३. हरि० षो०, पृ० ८, १६४, श्रीकृ० ली० का०, पृ० ११९

१४. हरि० षो०, पृ० १२०; श्रीकृ० ली० का०, पृ० ५८

१५. श्रीकृ० ली० का०, पृ० १४१, १४२

१६. प्रा० गु० छ० पृ० १५७-१५८

१७ वही, पृ० १८९

१८. छन्द प्रभाकर, पृ० ७२

१९. प्रा० गु० छ०, पृ० ७२

२० श्रीकृ० ली० का०, पृ० १२४; श्रीहित चौरासी सेवकवाणी, पृ० ७३, ७४

२१ सूरदास डॉ० ब्रजेश्वर वर्मा, प्रथम सस्करण, पृ० ५३६

२२. प्रा० गु० छ०, पृ० १६१-१६२

२३ वही, पृ० २६६

२४ श्रीकृ० ली० का०, पृ० १३९

२५ वही, पृ० १०६

२६ प्रा० गु० छं०, पृ० १७२, १७६

२७. छद प्रभाकर, पृ० ७६, पिंगलप्रकाश, पृ० ९२

२८ छंद-प्रभाकर, पृ० ७६

२९ श्रीहित चौरासी सेवक वाणी, पृ० ६१

३० छंद प्रभाकर, पृ० १५२; पिंगलप्रकाश, पृ० २७५
३१ प्रा० गु० छं०, पृ० २१३, २१८
३२ छंद प्रभाकर, पृ० ४४, ५०, ६५
३३. प्रा० गु० छं०, पृ० २१८
३४ वही, पृ० १२, १८
३५ वही, पृ० २२८
३६ वही पृ० २२३
३७. सूरदास डॉ० ब्रजेश्वर वर्मा, प्रथम संस्करण, पृ० ५४३
३८. प्रा० गु० छं० पृ० ८८-८९
३९. छंद प्रभाकर, पृ० ७८
४०. वही, पृ० ५८
४१ वही, पृ० ५९
४२ वही, पृ० ५९, ६२
४३ न० कृ० का०, पृ० ४२३, ४२८
४४ सूरदास . डॉ० ब्रजेश्वर वर्मा; प्रथम संस्करण, पृ० ५४०, मी० प० भूमिका, पृ० ४३
४५ छंद प्रभाकर, पृ० २१३, २१६, २२०
४६ वही, पृ० २०१, २०७
४७. कविचरित, भाग २, पृ० ३६६
४८ मी० प० भूमिका, पृ० ४४, सूरदास डॉ० ब्रजेश्वर वर्मा, प्रथम संस्करण, पृ० ५४७
४९ प्रा० गु० छं०, पृ० ७०, ७१
५० वही, पृ० १४०, १४१

७

भाषा-शैली

साहित्य में भावाभिव्यक्ति का अनिवार्य माध्यम होने के कारण भाषा अपना स्वतन्त्र महत्त्व रखती है। शिथिल एव असमर्थ भाषा सुन्दर से सुन्दर भाव को प्रभावहीन बना देती है। इसके विरुद्ध सशक्त एव समर्थ भाषा साधारण भाव में भी विलक्षणता उत्पन्न करने मे सहायक सिद्ध होती है। श्रेष्ठ काव्य वस्तुत. भाव और भाषा दोनो के श्रेष्ठ सामंजस्य से उद्भूत होता है। भाषा की इस शक्ति और सामर्थ्य का बहुत बड़ा आधार शब्द-भांडार होता है। मुहावरो और लोकोक्तियो का प्रयोग भी भाषा-शक्ति का सहज परिचायक होता है। अतएव यहाँ गुजराती और ब्रज दोनों के कृष्ण-काव्य में प्रयुक्त भाषा का, उसके शब्द-भांडार तथा मुहावरों और लोकोक्तियों की दृष्टि से, तुलनात्मक विवेचन पहले किया गया है और भाषा की शैलीगत विशेषताओं का निरूपण बाद मे।

शब्द-भांडार—शब्द-भांडार तत्सम, तद्भव, देशज और विदेशी इन चार वर्ग के शब्दों से निर्मित होता है। अत दोनों भाषाओ के शब्द-भांडार का अध्ययन क्रमश इन्ही चार वर्गो के अनुरूप किया जाना अपेक्षित है। देशज शब्दो के साथ लोकप्रचलित शब्दो को भी ले लिया गया है। इनके अतिरिक्त पर्याय शब्दो से भी शब्द-वैभव का अनुमान होता है इसलिए सक्षेप मे इस ओर भी निर्देश कर दिया गया है।

तत्सम शब्द

जिन तत्सम शब्दों का दोनों भाषाओ मे प्रयोग हुआ है उनमे संस्कृत भाषा के शब्दों का पूर्ण बाहुल्य है। धर्म, भक्ति, सिद्धान्त, दर्शन तथा उच्चतर सांस्कृतिक वातावरण से सम्बद्ध सहस्रों संस्कृत शब्दो को उनके तत्सम रूप मे कवियों ने बराबर स्थान दिया है। सस्कृत ग्रन्थों को आधार बनाना और कभी-कभी आदर्श मानना इसका अत्यन्त प्रमुख कारण रहा है। 'यदि प्राचीन साहित्य का अध्ययन ध्यानपूर्वक किया जाय तो यह स्पष्ट हो जावेगा कि उस समय भी साहित्यिक भाषा सस्कृतगर्भित थी'। इन शब्दों के साथ ब्रजभाषा के एक प्रसिद्ध वैय्याकरण ने

स्वीकार किया है कि 'प्राचीन ब्रजभाषा साहित्य में तत्सम संस्कृत शब्दो का प्रयोग प्रचुर मात्रा मे मिलता है'।[1] मध्यकालीन गुजराती की स्थिति भी प्राय ब्रजभाषा के ही समानान्तर है। १६वी और १७वी शती की रचनाओं मे तो तत्सम शब्दों का विशेष व्यवहार मिलता ही है किन्तु गुजराती कृष्ण-काव्य मे १५वी शती से ही नर्रासंह, मयण, भीम और भालण की रचनाओ मे बहुसंख्यक तत्सम शब्द उपलब्ध होने लगते हैं। नीचे इन कवियों द्वारा व्यवहृत कुछ शब्द उदाहरण रूप मे प्रस्तुत किये जाते हैं।

नर्रासंह—गुण, यादव, उत्तर, दक्षिण, पश्चिम, गृह, परिवार, मास, सत, उत्साह, मलयानिल, सहकार, अभिनव, कुल, सुरतरु, चदन, नदन, गध, रण, कामी, देव, माधव, निज, पंकजनाल, विशाल. निर्मल, जल, सकल, सहित, नवनिधि, नभ, तारा, प्रभु, नाग, सुरनर, प्रिय, क्रीडा, पुरी इत्यादि।

मयण—कज्जल, मानिनि, निकंदन, देव, गध, दिवस, विरह, उर, अति, चीर, अबला, क्षिति, भोगी, भ्रमर, रस, चतुर, ककण, शशि, पवन, कामिनि, कामबाण इत्यादि।

भीम—सनकादिक. सदा, ज्ञान, वैराग्य. धर्म, ऐश्वर्य, कृष्णचरित्र, उत्तम, कथा, पवित्र, सुमंगला, सुललित, श्रवण, भवरोग, तृप्ति, भूमि, बहु, पीडा, मृत्यु, लोक, मस्तक, केश, वाणी, परमानद, भूपाल, आकाश, नाश, वृक्ष, पुत्र, कलत्र, नागेन्द्र, दिवाकर. चन्द्र, प्रपच, श्रीकात, दृष्टांत, सदेह, श्रावण, मध्य, कन्या, अपराध, दु ख, यथा, विश्वास, इत्यादि।

भालण -[illegible]. सिद्धिबुद्धि, हरसुत, दया, लक्ष, लाभ, उज्ज्वल, दंत, माता, विख्यात, इच्छा, क्रीडा, विस्तार, स्वामी, तेजस्वी, अंतरिक्ष, हस्ति, कुंभस्थली, अष्टादश, द्विसहस्र, आकाशवाणी, क्रोध, विवाह, खड्ग, महानिदित कर्म, अपराध, प्रतिबोध, ज्ञान, गर्भ, भय, अंत करण, कारागृह, आकर्षण, आरोपण, अवतार, कन्यका, मनुष्य, लक्षण, कीर्तन, संशय, मिथ्या, चतुर्भुज, स्वरूप, भाग्य, तोरण, पुनरपि, प्राणजीवन, निश्चय, परमानद, स्वस्तिवाचन, जातकर्म, मस्तक, बालुका, स्वच्छ, पीताबर, मुक्ताफल, अमृतस्रावी, अद्भुत, विस्मय, तत्क्षण, कल्याण, निज-स्थान, ऋषिपत्नी, ब्राह्मण, इंद्रमहोत्सव, जलवृष्टि, प्रदक्षिणा, नमस्कार, आश्चर्य, पुष्प, भास्कर, रक्त, निर्विष, उत्संग, लघुशंका, सत्य, कौटिल्य, नालिकेर, प्रतिज्ञा, मन्मथ, द्राक्ष, सत्यार्थ, वारिजनेत्र, रोमांचित, अश्व, दंतधावन, क्षीरसागर, आह्लाद, अवश्यमेव, ...इत्यादि।

दिवेटिया, ध्रुव, शास्त्री आदि गुजराती भाषाशास्त्रियो ने १५वी से लेकर १७ वी शती के पूर्वार्ध तक की भाषा को 'जूनी गुजराती', 'मध्यकालीन गुजराती' अथवा 'गुर्जरभाषा' के नाम से एक युग के अन्तर्गत रक्खा है।[२] यह अपभ्रंश के ठीक बाद का युग है। १५वी शती के पूर्वोक्त कवियो की रचनाएँ सधिकाल मे विरचित होने के कारण अपभ्रश की छाया से युक्त है। प्राचीन गुजराती के अनेक लक्षण उनमे पाये जाते है जो प्रेमानद तक पहुँचते-पहुँचते पूर्णतया विलुप्त हो जाते है।[३] नर्रषि और भीम की भाषा जैन कवियो की भाषा से मिलती-जुलती है। ऐसी स्थिति मे इन कवियों द्वारा इतनी अधिकता से तत्सम शब्दों का प्रयोग यह सूचित करता है कि मध्यकालीन गुजराती साहित्य की भाषा तत्समता की ओर बहुत प्रारभ से झुकने लगी थी। १६वी, १७वी शती के नरसी और प्रेमानद द्वारा तो तत्सम शब्दों का और भी प्रचुरता से व्यवहार हुआ है। प्रेमानंद की मनोवृत्ति यद्यपि लोक-सामान्य-जीवन में विशेष रमती है तथापि पौराणिक होने के कारण उन्होंने कदाचित् सर्वाधिक तत्सम शब्दो का व्यवहार किया है। नरसी और प्रेमानद के काव्य से चुनकर कुछ प्रमुख तत्सम शब्द नीचे दिये जाते है जो उक्त स्थापना को प्रमाणित करते है।

नरसी—चैत्र, पूर्णिमा, क्षमा, युद्ध, प्रसन्न, व्यग्र, गर्व, दर्प, कंदर्प, मुक्ति, निश्चय, युक्ति, पिष्टपेषण, प्राण, गोष्ठि, शोषण, सत्यभामादिक, प्रभात, स्वामी, भवसागर, वल्लभ, भ्रकुटि, भ्रमर, किकर, नित्य, पुनरपि, अवतार, मोक्षदाता, दुर्लभ नीरस, मनोरथ, अमृत, सर्वत्र, पुरुषोत्तम, पर्वत, समुद्र, आभूषण, सकलगुणनिधान, लक्षण, निर्मल, विश्रामै, संग्राम, पद्मिनी, वैष्णव . . इत्यादि।

प्रेमानंद—वर्णाश्रम, कर्तुमकर्तु, कंपायमान अकस्मात्, शरणागत, पार्थिव, अष्टादश, शिरोमणि, व्यासात्मज, कथाश्रवण, नौका, स्नेह, इन्द्रासन, गर्भ, धूम्रपान, पृथ्वी, अमृत, वसुधा, सुरभि, काष्ठाकार, पाषाण, कनिष्ठ, कारागृह, प्रात.स्नान, अश्वत्थ, प्रमाण, परमेश्वर, दीप्तिमान, सप्त, द्राक्ष, निश्वास, विरहिणी, घोष, गोष्ठी, सन्ताप, आभूषण, दूषण, प्रयाण, कर्णप्रमाण, पीयूष, श्रोतावक्ता, स्वल्प, वेदोक्त धर्म, प्रपच, उच्छेद, ब्राह्मण, शोणितवर्ण . इत्यादि।

लगभग ऐसी ही स्थिति ब्रजभाषा के कवियों की है। सूरदास, नंददास, हरिवश, श्रीभट्ट, गदाधर, ध्रुवदास और बिहारी के काव्य से चयित निम्नलिखित शब्द प्रमाणस्वरूप प्रस्तुत किये जाते है।

सूरदास—चरण, पगु, रक, करुणामय, अविगत, अतर्गत, परमस्वाद, निरंतर, अगोचर, निरालम्ब, चकृत, भवत्रास, ब्रीडा, कलानिधान, गुणसागर, ब्रह्मलोक,

पर्यंत, मृतक, गर्व, सताप, कृपासिंधु, क्षुधित, त्रिगुण, अतर्यामी प्रभु, रसिकशिरोमणि, शिखी, असुरनिकदन, मुखारविन्द, सुकृत, क्रीडा, महामहोत्सव, ब्रह्माड, क्षुद्र, मेघवर्तक, आकाश, घोषकुमारी, दधिभाजन, चित्रित, लुब्ध, सम्बन्ध, सुगन्ध, सुभगपुलिन, करपल्लव, मुद्रिका, चतुर्दश, अष्टसिद्धि, अखिल, जघन, श्रृङ्गार, द्युति, कटाक्ष, मुकुलित, पद्म, मन्मथ, त्रिवली, अद्भुत, तरणि, खडिता, मध्य, कनक, कलश, पीयूष, विभावरी, विराजमान, आच्छादित, नीलाम्बर, मानापमान, परितोष, सिद्धात, यूथ, यद्यपि. इत्यादि ।

नंददास—प्रेम-पद्धति, तत्व, कचन, इदु, मतिमद, भिन्न, प्रभु, मुकुट, इंदीवर, राजीव, चित्रुक-कूप रोमावलि, अधोक्षज, प्रतिमा, अद्भुत, द्वारावति, पुलकित, आसक्ति, कर्म, क्रिया, दिव्यदृष्टि, विश्रमता, बुद्धि, अमरेंद्रवृंद, कृपा-निधान, नीलोत्पलदल, रसासवपान, चिद्घन, निभिन्नभिन्न रसिकपुरदर, उज्ज्वल, परमात्मा, परब्रह्म, प्रारब्ध, छादन, अवधिभूत, सच्चिदानंद, आश्रय ... इत्यादि ।

हरिवंश—प्राण, श्रवण, रमण, रसलपट, भूषण, शिथिल, अलकावलि, विथकित, रुचिर, सीमंत, गलित, अलकृत, चित्रित, शिरोमणि दम्पति, प्रमथित, मिथुन, निर्मित, सुपेशल, मुकुर, विभ्रम, ललितादिक, सभ्रम, विशदवेश, राका, मध्य, नेति नेति, वेपथु, अद्भुत, कौशेय, चिकुर, चिबुक, पृथु, नितम्ब. कृश कटि, रतिरण, माधविका, मधुपूरित, पशुरिव, जघनदुकूल, पयोधर, खडित, विलुलित ....इत्यादि ।

श्रीभट्ट—वृंदाविपिनविलास, वृषभानुजा, कुज, त्रिभुवनपोषण निरन्तर, व्यंजन, पुष्प, चंदन, सौरभ, मुकुट, मन्मथ, मिथुन, भृकुटि, मुदित, सम्भ्रम, शिखड-मंडित . ...इत्यादि ।

गदाधर--पदारविन्द, परमतत्व, पुलिन, पवित्र, विचित्र, पल्लवनिर्मित, स्थल, कलधौत, पद्माकर, दूर्वांकुर, नित्यानद, भृकुटि, कौस्तुभमयूख, नादामृत, कंदर्पदर्पापहर, मुरलिका, पीयूषनिर्झर, ब्रह्म, रुद्रादि, गुच्छ, घटिका, दृष्टि, स्वाद, प्रतिबिंब, क्रीडा, आडम्बर.........इत्यादि ।

ध्रुवदास—चित्रित, विचित्र, कल्पतरु, अवलब, किवा, प्रथम, प्रताप मडलाकार, विस्तार, कुज, मजु, युगल श्रृंगार, नासापुट, कंचुकी, कंचन, नारदादि, ब्रह्मादि, दम्पति, प्रेममाधुरी, अद्भुत, नित्य, किशोर, मुक्ता, हृद्रोग, वारिधि, राजहंस, विपरीत, अनुराग, निगम ..इत्यादि ।

बिहारी—हरित, नृपति, स्तन, लोचन, विरह, लोभ, स्वेद, रोमांच, कच, भुज ...इत्यादि ।

दोनों भाषाओं के कवियों ने अपनी अपनी भाषा के अनुकूल सामान्य ध्वनि-परिवर्तन कर के तत्सम शब्दो का इससे कही अधिक बड़ी सख्या मे व्यवहार किया है । पूर्वोक्त अनेक शब्द इस ध्वनि-परिवर्तन के साथ उन्ही काव्यों में व्यवहृत हुए है जिनमें वे तत्सम रूप में मिलते है। कुछ तत्सम शब्द छद-विधान या उच्चारण सम्बन्धी अनेक कारणों से अत्यन्त विकृत कर दिये गये है । कही कही उनमे बिना स्पष्ट अकारण के प्राय स्वेच्छा से ही कवियों ने विकार उत्पन्न किये है । उदाहरणार्थ गुजराती में भीम द्वारा प्रयुक्त [४] हीम, वीनती, पापीष्ट, ऊर, त्रिभोवन, मगलच्यारि, भालण द्वारा प्रयुक्त [५] अन्या (अन्याय), प्रतीकार, प्रत्य, रोहिदास (रोहिताश्व), प्रभा (प्रवाह), केशवदास द्वारा प्रयुक्त [६] नार्‌य, मुरार्‌य, धूल्य, धूसारव, विक्षात, कोमल्ल, नरोहरि, सक्षा, नरसी द्वारा प्रयुक्त [७] अखुभान, सोव्रण, रुदीया, व्रध, अधुर, केन्द्रप, (कन्दर्प), कलिवर, भूजबल, दुरीजन, धनुष्याकार, अहोनीश, भर्म, शीव, तथा प्रेमानद द्वारा प्रयुक्त [८] अशरणशर्ण, जग्त, अहरनिश, शमश्या, गर्धभासुर, नाटारभ अतूल, ओशीकल, प्राक्रम, शीला (शिला) प्रस्तुत किये जा सकते है । ब्रजभाषा मे इसी प्रकार सूर ने कैटभारे, वैराग, तातु, अकाश, तटनी प्रभृति शब्दो का प्रयोग किया है । [९] ब्रजभाषा के अन्य कवियो ने भी स्वेच्छा से तथा छंद-निर्वाह के लिए तत्सम शब्दों मे पर्याप्त विकार ला दिया है जिसके उदाहरण कम नही मिलते, प्रकट, भोग, अवतार, शोध, परिणय, निस्सरण, खड, प्रणाम, पोषण, सतोष, विस्तार, हरण जैसे अनेक तत्सम शब्दों से दोनो भाषाओ के कवियो ने क्रिया पदों का निर्माण कर लिया है जिनमे तत्समता पूरी तरह सुरक्षित रही है । इस प्रकार तत्सम शब्दों को विविध रूप में प्रयुक्त करना कवियो की शक्ति का परिचायक है और कही कही अशक्ति का भी ।

तद्भव शब्द

गुजराती और ब्रजभाषा दोनो का विकास अपभ्रश से हुआ है अतएव तद्भव शब्दो का अत्यन्त विशाल सख्या मे पाया जाना स्वाभाविक ही है । दोनों भाषाओं के कवियों ने तद्भव शब्दो का प्रचुर मात्रा में प्रयोग किया है । जैसा ऊपर निर्दिष्ट किया जा चुका है, १५वी शती की गुजराती भाषा अपभ्रश के अधिक समीप है अतएव नर्याषि, मयण, भीम और भालण की रचनाओं मे तद्भव शब्दों का प्राचुर्य विशेष रूप मे मिलता है । केशवदास, नरसी और प्रेमानद द्वारा रचित बाद की रचनाएँ भी अगणित तद्भव शब्दों से आपूरित है । इन सभी कवियों की रचनाओं से कुछ प्रतिनिधि शब्द नीचे उद्धृत किये जाते है ।

नर्रांष—जसु, मझारि, जादव, पुहुता, सहिअर, वा , अंतेउरी, नेउर, केउर, हरखिय, निरखिय, दीविइ (द्वीप), मयण, पणमइ ।

मयण—मूकी, पयोहर, नाह, वयण, कचूउ, तुह, बभ, सयल, नत्थि, तित्थि, निठर, रवणि, विहडण, दैताह, नेह, उल्हसी, वइट्ठी, दिट्ठी, दूहविउ, ठविउ, वत्त, वल्लही, मच्छी, लच्छी, वुझ्झवि, एकाउलि, रेह, किद्धीय, पुलइ, पेषीय, ऊअरि, डसण, समप्पिय, गल्ल, गेहणि, तूठइ, अहर, पीनत्थण, सूकइ, नीसासह, भिन्नउ, नियतणु.....इत्यादि ।

भीम—थाण, अवर, बिहु, कान, आगलि, हुआ, कूअडइ, सरखा, पुहुता, कीधु, मूकीइ, मझारि, कमाड, विणठी, नचत (निश्चित), दाधी, सूकइ, हैआ, सघला , दीठु, सूतइ, शीआल, पोलिदुआरि, फोफल, पसाइ, न्यान ....इत्यादि ।

भालण—पासा, दीठी, कादवे, केड, पूठे, गोठडी, सूढे, ठार, सासु, जेठाणी, मुगट, जड्या, मूकी, माणस, अमी, अलूणां, पाखे, ठाम, सधला, जुइ, भादरवे ......इत्यादि ।

केशवदास—सायर, गेडी, मोहोटू, हइआ, दीवो, साकर, जूठु-साचू, दुल्लभ, दूबली, मुझार, गोवाल, सहु, वखाण, वयण, दोहिला, मुया, अवर, धरंत, विचरत, ततखेव, रखवाल, ऑखडी, पाँखडी ... .इत्यादि ।

नरसी—फागण, पूठल, आखा, सहीयर, खूणे, मुआ, आसु, दोहेला, जुवती, शणगार, वहाली, जोबन, वायक, चुडिलो, दाझे, पीयु, पखीआ, उग्यो, आथम्यो, रेणी, वालमा, नेण, जाम, विभिचारी, माकडा, गेडी, दीठी, पालव, शीख, रीत, मोघी, वाई,............इत्यादि ।

प्रेमानंद—तबोल, गाम, हैया, वाझणी, अजाणी, नेण, भाणेजो, मासी, हीका, दोढ, ओछंगे, माणस, पहोर, मलियागर, महोटा, दीवो, भामणे, मोझार, गाडा, दैत, फोफल, फणसी, केसु, पोयण, गोवाला, विखाणे, घेर, दहाडे, पूठे, मूके, गेडी, आहीर, फेणा, लीधु, दीधु, लोढु, जीभ, मेह, जोबन, ठाम, मच्छ, कच्छ, नाठा, चोहोजुग, दूगणां, थोभण, आखो दात, भूखी, बरसात, खट, कोड, पाछा, नहावा, दीसे, कुहाडा, लाबा, जोग, विजोग, विहूणी, माछली, आंबा, पाखे, भादरवो, सहियर, भोजाई, कादव......... इत्यादि ।

ब्रजभाषा के कवियो ने भी अगणित तद्भव शब्दों का व्यवहार किया है परन्तु उनमे अपभ्रंश की छाया, जो १५वी शती के गुजराती कवियों में बहुत अधिक स्पष्ट है, कही भी प्राप्त नहीं होती । हरिवंश की स्फुट वाणी में अवश्य अपभ्रंश का

आभास मिलता है जो कृत्रिम है। सूर, नंददास, हरिवंश, श्रीभट्ट आदि जिन कवियों के काव्य से तत्सम शब्द उद्धत किये गये है उन्हीं के काव्य से नीचे तद्भव शब्दों के भी उदाहरण प्रस्तुत किये गये हैं जिससे तुलनात्मक स्थिति स्पष्ट प्रकट हो जाती है।

सूर—ढिठाई, पठाई, गवन, भक्तवछल, जाति गोत, खंभ, बरजि, भरमति, निठुर, सीग, दई, बिगरी, गाठि, दात, छिन, काजर, वच्छ, पूत, गुनी, नैन, बेनी, पांति, फरी, थाप्यो, थिर, पुहुप, साथिये, सँजोइ, लीपि, भादौ, आठै, सोवरनथाल, ठाँउ, पाछे, कनिया, धरनी, भुवंगम, बाभन, बिनानी, मथनियाँ, चौगुनौ, कोखि, जायो, आँसू, चोंच, ग्वारि, वरही, अँगुरी, साँझि, मुकुता, अकवारि, बूँद, सरवर, काग, चिहुर, मूँदि, भौहन, बारे, बाँह, मँडवारी, जोबन, फागुन, भौन, अँचरा, पतूखी.. इत्यादि।

नंददास—प्रनऊँ, जोति, बरनत, झांई, बिख, देस, ठाँ, जीह, अच्छर, पखान, धौरहर, नाइक, पछितयौ, रूखन, रवनी, धरती, लुनाई, सुठौन, राउ, जोबन, लच्छ, साँवरौ, जतन, परपचनि, मुरझाइ, धूरि, उपखान, अकास, परमान, दुलही, बजमारे, माँखिन, बिजुरी, करनिका, दुति, माँझ, साँझ, मनमथफाँसी, गाँउ, रूसि, मूरति, बिजना, जुद्ध, अंतरजामी, सुमिरन, भाउ, अटारी.,......इत्यादि।

हरिवंश—ठौर, समै, जुद्ध, जुत, परायन, जुवती, अंस, नैन, औसर, सिज्या, नइ, बूँदन, नयौ, पिया, धरम्म, भवन्न, विसवासित, बिछुरंत, निकज्ज, गज्ज, लज्ज, बिहून .... .इत्यादि।

श्रीभट्ट—चरन, तीरथ, गोद, धीरज, भौह, मैन, बिछौने, चँवर, निरखत, रतियाँ, हुलसन्त, जूथ, सुहाग, छता, मेह, धुनि, सुकुँवारी, अंस, अरुन......इत्यादि।

गदाधर—घोस, उपाइ, बरखा, पनारे, उल्हयो, पूत, सीस, ग्यान, मर्जादा, बितई, ठई, छिन, सुहाग...........इत्यादि।

ध्रुवदास—अैन, रैन, निबाह, नैन, सिंगार, हुलास, सनेह, पिय, सुहाई, कुँअरि, निसरै........इत्यादि।

बिहारी—नीठि, दीठि, ईठि, नैन, नेहु, जोति, दुति, अहेरी, जोवन, दुलहिया, किय, बिथुरे, जोन्ह, जतन, मोषु, तोषु, दच्छिन, पच्छीनु, सोनजुही......इत्यादि।

दोनों भाषाओं के काव्य मे प्रयुक्त तद्भव शब्दों पर दृष्टिपात करने से सहज ही ज्ञात हो जाता है कि इस ओर कवियों की प्रवृत्ति धीरे-धीरे कम होती रही। प्रायः तद्भव शब्द तत्सम अथवा अर्धतत्सम शब्दों के द्वारा स्थानान्तरित किये जाने लगे।

लोक-प्रचलित तथा देशज शब्द

मध्यकालीन भक्ति-साहित्य बहुत अशों मे लोकोन्मुखी रहा है। लोक-चेतना से उसका निर्माण हुआ है और लोक-भाषा मे उसे अभिव्यक्ति मिली है। कविगण लोक-जीवन से बराबर सम्बद्ध रहे है। फलत लोक-व्यवहार के बहुसख्यक शब्द दोनो भाषाओ के काव्य मे उपलब्ध होते है जिनमे अनेक शब्द ऐसे है जिनकी व्युत्पत्ति संस्कृत शब्दो से नही सिद्ध होती अतएव उन्हे देशज संज्ञा दी गयी है। आगे गुजराती कवियो मे भीम, भालण, केशवदास, नरसी और प्रेमानन्द की रचनाओ से ऐसे शब्द प्रमाण रूप में उद्धृत किये गये है।

भीम [१०]—झंखइ, फोक, ऊलटपालट, तालोवेलि, जूजूआ, फाकझमाल, खूसट, चीस, रलीयामणी, सुचग, फरूकइ,........ इत्यादि।

भालण [११]—फुटी, टाढु, हुलरावशे, धवरावी, लटके, टळवळ्या, फाव्यो, दीकरी, करगरे, झडपी, बोवडु, अटपटी, वंटोलियो, अडवडशे, लडथडशे, जोखम, करमलडो, कोलियडो, अवटाऊं, तालावीहीली, भंभेरी, पाखल, टची, फोकट, छेलपण, मोडामोड, धिगाई, असुर (देर), अलूराई, मीटसगाई ...... इत्यादि।

केशवदास [१२]—टोले, हलुअडे, कमकमे, हाम, शीकूँ, हालेडोले, लाडघेहेली, पाडोशण, निटोल, डूगर, छीलर, ठाकोर... .....इत्यादि।

नरसी [१३]—फाकमफोल, खचको, भचको, टीलडी, झगझोल, वलगाझूमी, मरकलडो, सथरु, गाजे, माची, टाढु, कीलकलाट, शाकु, तोतलु, ओथ, चीथरडु, धूलधाणी, थोथाठाला, नोहरा, ठुपणुं, आडडो, झोटी, टकोपैसो, खाट...इत्यादि।

प्रेमानंद [१४]—पोपटी, दीकरी, छोकरा, चंत्तापाट, शीके, मीठडां, लटपटी, भडकी, झुझकार्यो, गुंछळां, छछेडी गडगडाट, ढुकडो, पीपली, खंखार्या, करमायां, टळवळी तरफडे, हलुअे, टळके, झीले, टोळे, गोरटी, खंजरी ढोलकी, रवावडु, बापडु पडछंदा, आछटे, डाबो, फडफडे...इत्यादि।

ब्रजभाषा में लोक-प्रचलित तथा देशज शब्दों का और भी अधिक व्यापक प्रयोग हुआ है। पदकारों में सूर सब का प्रतिनिधित्व करते है। सूरसागर मे ऐसे शब्दों का सर्वाधिक व्यवहार हुआ है। आख्यानकार कवियो में नंददास तथा रीतिकारों में बिहारी प्रतिनिधि रूप में लिये जा सकते हैं अतएव ब्रजभाषा के इन्ही तीनों कवियों की रचनाओं से ऐसे शब्द चुनकर प्रस्तुत किये जाते है।

सूर [१५]—खतियाना, अपुनपौ, कैती, चेटक, धगरी, सेत, महरैटी, सिकहरै, विरुझाना, सकाना, अजगुत, मौड़ा, उपरफट, खसमगुसैया, हटकना, टटकी, चिकनियाँ

मुहाँचही, गांस, चोटी-गोटी, फंग, खोचन, हाँक, डहकाना डोंगरी, अचगरी, अलकलडैते, अखूट, ढुढ, अहीठ, ठगमूरी, साट, चाँडिले, गोसों, खुटक, फेफरी, बुडकी, छोहरा, सकसकाना, झूखी, नौतम, फोकट, ठालीबैठी, जोरावरी, खिसियानो, टकटोरना, निटोल, फूचो .... इत्यादि ।

नंददास [१६]—छिल्लर, निरवारि, चटसार, लरिकाई, लटकि, फूलेल, खुभी, टौनौ, गुड़ा-गुड़ी, थुरवाने, पुई, ठगौरी, झरमलताई, उनहारी, अचरिज, टटावक, चुचाई, मुसकि, ठकुराइत, ढिग, पटबिजना, भींगुर, अहरनि, डहकि, नकवानी, होडनि, अरगाइ, उगहन, चटपटी, अटपटी, बजमारे, चुटिया, . . . इत्यादि ।

बिहारी [१७]—मरक, होड़ाहोडी, खुभी, भौर, अनाकनी, बहाऊ, झुलमुली, ठोड़ी, टलाटली, बरबट, चटपटी, एडी, आड, महावरु, बदाबदी, किरकिटी, चटकाहट, चुहुटिनी, गदराने, गोरटी, हूठ्यौ, इठलाइ, मुलकी, गुडहर, अनखाइ, लरिका, महदी .. इत्यादि ।

इन दिये हुए शब्दो मे सभव है कि कवियों ने कुछ अपने आप गढ़ लिये हो परन्तु सभी शब्दो की रूपरेखा स्पष्टतया लोक-सिद्ध, ठेठ और देशज लगती है ।

विदेशी शब्द

कृष्ण-काव्य मे विदेशी शब्दों का सामान्यत बहुत कम व्यवहार हुआ है । बहुत से कवि ऐसे है जिन्होंने विदेशी शब्दो का बहिष्कार सा किया है पर कुछ ऐसे भी है जिनके काव्य में कतिपय स्थलों पर इनका प्रचुर प्रयोग हुआ है । ऐसे स्थल अपवाद रूप मे ही मिलते है ।

गुजराती कवियो में भालण ने 'कागळ' का प्रयोग अपने दशमस्कध मे किया है ।[१८] 'कागळ' निश्चित रूप से अरबी 'कागद' का रूपान्तर है । नरसी ने दस्त, होश, दील, नूर, शर्म जबाप, जकात, माल, हाल, फजेत, इजारे, मीरात, जैसे कई शब्दों का व्यवहार किया है जो सभी विदेशी है ।[१९] प्रेमानद के दशमस्कध के अन्तर्गत 'खामी' 'नफेरी' आदि शब्द अपवाद रूप मे ही मिलते है ।[२०] परन्तु उनके रुक्मिणी-हरण मे बाज, हौदा, नेजा, काफला, अरज. सूबा, सरदार, उमराव, तलवार रस्ता, कीनखाव, तैयार, वख्तर जैसे अनेक शब्द प्रयुक्त हुए है ।[२१]

ब्रजभाषा मे सूर के काव्य मे बहुत से अरबी-फ़ारसी शब्द व्यवहृत हुए है ।[२२] 'साचो सो लिखवार कहावै' पक्ति से प्रारम्भ होने वाले उनके एक ही पद मे मसाहत, कैद, जहतिया, कसूर, फरद, असल, अवारजा, मुजमिल, कुल्ल, बारिज, जमाखर्च

गुजरान, मुसाहिब और जबाब इत्यादि कई दुरूह विदेशी शब्द प्रयुक्त हुए है ।[२३] ऐसे ही एक दूसरे पद मे अमल, साबिक, मिनजालिक, बासिलवाकी, स्याहा, मुस्तौफी, मुर्हरिर जिम्मे आदि का प्रयोग हुआ है ।[२४]

'गरीबनिवाज', 'दामनगीर' तथा 'शहर' जैसे और भी कई शब्द सूर के काव्य मे मिलते है ।[२५] नंददास ने 'गरज', 'लाइक' 'अरदास' आदि का व्यवहार अपवाद रूप मे ही किया है ।[२६] वल्लभरसिक की वाणी मे स्याह, जुलफ, इष्क, शहर, मुष्किल, जाहर, परदा, हाल, महबूब, आशिक जैसे बहुत से शब्दों का व्यवहार हुआ है ।[२७] इसी तरह हरिदास के पदों मे दर, पिदर आदि शब्द प्रयुक्त मिलते है ।[२८] बिहारी ने भी अनेक फारसी-अरबी शब्दों का व्यवहार किया है । उनके दोहों में इजाफा, हवाल, कबूलि, रोज और ताफता आदि क्लिष्ट-सरल सभी तरह के विदेशी शब्द मिलते है ।[२९] सदकै, सिलाम, खानाजाद जैसे कुछ अरबी-फारसी शब्द मीरा के काव्य मे भी पाये जाते है ।[३०]

फ़ारसी के राजकीय भाषा होने के कारण तथा दरबारी प्रभाव के कारण बहुधा ऐसे शब्द दोनों भाषाओं मे व्यवहृत हुए है । कवियों ने उनके रूप और ध्वनि मे अपनी अपनी भाषा की प्रकृति के अनुसार परिवर्तन कर दिया है ।

पर्याय शब्द

सूर्य, चन्द्र, कमल, भ्रमर, दिन, रात, नयन, मुख आदि अनेक शब्दों के अनेक पर्याय दोनो भाषाओं के कवियो द्वारा, अर्थ तथा छद की आवश्यकतानुसार, बराबर प्रयुक्त हुए हैं । सबका परिचय देना सभव नही है अतएव दोनो भाषाओं से केवल 'कृष्ण' शब्द के पर्याय यहाँ प्रस्तुत किये जातेहै जिनसे इस सम्बन्ध की तुलनात्मक स्थिति का आंशिक परिचय निश्चित रूप से हो जाता है । दोनों भाषाओं के कृष्ण-काव्य में 'कृष्ण' से अधिक महत्त्वपूर्ण अन्य कोई शब्द हो भी नही सकता ।

गुजराती कवियो द्वारा कृष्ण के लिए विट्ठल[३१], त्रीकम[३२], सामलवान[३३], भूधर[३४], शालिग्राम[३५], और रणछोड[३६], आदि कुछ ऐसे पर्यायो का प्रयोग व्यापकता से हुआ है जो या तो ब्रजभाषा मे प्रयुक्त ही नही हुए है या केवल अपवाद रूप में उपलब्ध होते है । 'वीठल', 'सालिगराम' और 'टीकम', जो त्रीकम (त्रिविक्रम) का ही परिवर्तित रूप है, का व्यवहार मीरा की पदावली में मिलता है ।[३७] 'वल्लभ' शब्द के विविध रूप वाहला, वा'ला, वहालो नरसी के पदो मे कृष्ण के लिए प्रायः प्रयुक्त हुए है ।[३८] इसी श्रृंखला मे मीरा द्वारा प्रयुक्त 'बाल्हो' भी आता है ।[३९] प्रेमानंद

ने 'पांडुरग' का प्रयोग किया है जो कदाचित् किसी अन्य कवि द्वारा प्रयुक्त नही हुआ—

मुने मळीया पाडुरगा रे ।

—श्रीम० भा०, पृ० ३३२

कृष्ण के विकृत रूप कहान, कहाना, आदि का प्रयोग भी गुजराती कवियों ने बराबर किया है।[४०] ब्रजभाषा मे इसी तरह कान्हा, कन्हैया, कन्हाई आदि का सतत व्यवहार हुआ है।

कृष्ण के लिए गुजराती कृष्ण-काव्य मे बहुत से विष्णुवाची शब्द प्रयुक्त हुए है जिनमे निम्नलिखित प्रमुख है।

श्रीरग, नारायण, माधव, गोविन्द, गरुडाग्रामि, हरि, भगवान, श्रीकान्त, जगन्नाथ, श्रीपति, नरहरि, वैकुठराय, चतुर्भुज, जगदीश, जुगजीवन, गरुडारूढ, केशव, श्रीनाथ, लक्ष्मीनाथ, कमलेश, कमलापति, लक्ष्मीवरा, पुरुषोत्तम, चक्रपाणी, अच्युत आदि। यह और पूर्वोक्त त्रीकम, विट्ठल, शारगपाणि आदि सब शब्द विष्णु के अवतारी तथा ऐश्वर्यशाली रूप से सम्बद्ध विविध वस्तुओ पर आधारित है। ब्रजभाषा में भी इनमे से अधिकाश शब्द व्यापक रूप से कृष्ण के लिए प्रयुक्त हुए हैं। मुकुद, मुरारि, दामोदर, आदि कुछ अन्य शब्द भी दोनो भाषाओ मे समान रूप में मिलते है। कृष्ण के लिए विविध प्रकार के सम्बन्धमूलक, नदकुमार, नन्द-किशोर, नन्दलाल, नंदनंदन, यशोदानंदन, वासुदेव, राधावर, राधिकारमण, हलधर-वीर, बलवीर, गोपीनाथ, ब्रजबिहारी, ब्रजराज, वनमाली, गोकुलराय, गोकुलनाथ, गोपाल, कुजबिहारी, जादवराय, जदुनाथ, जदुपति, जदुनदन, तथा उनके सौन्दर्य एव रूपगुण आदि को प्रकट करने वाले श्यामसुन्दर, श्याम, सुन्दरश्याम, घनश्याम, सावलिया, मनमोहन, मोहनलाल, रसिकशिरोमणि, मदनगोपाल आदि शब्दो का भी दोनों भाषाओं मे व्यापक व्यवहार हुआ है। गुजराती मे सौन्दर्यमूलक शब्दों में 'शामळा', 'श्यामळिया', 'शामलवान' जिनका उल्लेख हो चुका है, का अधिक प्रयोग हुआ है और ब्रजभाषा मे श्याम, घनश्याम आदि का। ब्रजभाषा मे नाम के स्थान पर स्नेहसूचक लाल, लाड़िलो, प्यारो, जैसे कुछ शब्द भी सामान्य रूप से व्यवहृत हुए है। कृष्ण के लिए ब्रजभाषा मे प्रयुक्त कदाचित् बहुत कम ऐसे शब्द है जो गुजराती कृष्ण-काव्य मे न मिलते हों।

लोकोक्तियाँ और मुहावरे

लोक प्रचलित भाषा में लोक के अगणित अनुभव वाक्यों तथा वाक्याशों के रूप मे संचित होते रहते है जिन्हे लोकोक्तियाँ तथा मुहावरों की संज्ञा दी

जाती है । इनमे लाक्षणिकता, अर्थ-गंभीरता, वैचित्र्य तथा मार्मिकता के साथ सारल्य का अद्भुत योग रहता है। कभी-कभी इनकी सरलता साहित्य के शतशः लाक्षणिक प्रयोगों से भी अधिक प्रभविष्णु सिद्ध होती है। दोनो भाषाओ के कृष्ण-काव्य में इनका पर्याप्त व्यवहार हुआ है। लोकोक्तियों और मुहावरो के बीच बहुत गहरी सीमा-रेखा नही खीची जा सकती फिर भी सामान्यतः जो अर्थ ग्रहण किया जाता है उसके अनुसार कहा जा सकता है कि गुजराती कृष्ण-काव्य मे लोकोक्तियो का व्यवहार कम और मुहावरो का व्यवहार अधिक हुआ है। ब्रजभाषा मे दोनो प्राय समान अनुपात मे व्यवहृत हुए है। गुजराती में भालण, नरसी और प्रेमानंद को छोड़कर अन्य कवियों की भाषा मे इनके बहुत कम दर्शन होते है। इसी तरह ब्रज-भाषा मे सूरदास और नददास के द्वारा ही इनका विशेष व्यवहार हुआ है। गुजराती के उक्त कवियो द्वारा व्यवहृत कुछ लोकोक्तियाँ नीचे उद्धृत की जाती है—

भालण [४१]—क. कीधु पोतानु पोते रे सहेवु।
ख. कालवश अे सकळ प्राणी कोण मारे, कोण मरे।
ग. जेने भावे बावल बोरडी ऊँट आगळ धरे पान।
घ. बेहुनी राढ़ माँहे बेहु जागे त्रीजे नव लहेवाय।

नरसी [४२]—क. वात पकवान थी भूख न भागे।
ख. करनी तो कागनी होड करे हसनी।
ग. तादुल मेली ने तुष वळगी रहे भूख नहि भागे अेम थोथे ठाले।
घ. परहरी वस्त्र ने वळगे चुथे।
ड. अधगुरुअे वळी निरध चेला कर्या।
च. आकना वृक्ष थी अमृत फळ तोडवा।
छ. सोनु ने सुगन्ध अेक छे रे।

प्रमानंद [४३]—क. पोपटी प्रसवे सुतने हुलावे होली।
ख. कीडी सचे ने तेतर खाय।
ग. अेक मारग ने बे अर्थ।
घ. सुख मा व्यापे क्रोध ने काम। दुःखमा साभरे केशवराम।
ङ. छपांचे पोंचे हाथो हाथ नु काम।

संभव है इन उक्तियों मे सभी वास्तविक लोकोक्तियाँ न हो किन्तु कथन-शैली निश्चय रूप से लोकोक्तियों के सदृश है। कभी-कभी समर्थ कवियों के ऐसे कथन ही लोकोक्तियो का रूप धारण कर लेते है। ब्रजभाषा के कवियों मे से, जैसा कहा जा चुका है, सूर और नन्ददास प्रतिनिधि रूप मे लिए जा सकते है। यद्यपि परमा-

नन्ददास आदि अष्टछाप के शेष कवियों तथा अन्य पदकारो एवं रीतिकारों द्वारा भी लोक-प्रचलित उक्तियाँ काव्य मे ग्रहण की गयी है तथापि उपर्युक्त दोनो कवियो का महत्त्व इस क्षेत्र मे सर्वोपरि है, जैसा निम्नोद्धृत लोकोक्तियों से स्पष्ट प्रमाणित होता है—

सूर[४४]—क. दुरत नहि नेह अरु सुगन्ध चोरी।
ख. बीस बिरियाँ चोर की तौ कबहुँ मिलि है साहु।
ग. जो जाको जैसो करि जानै सो तैसो हित पावै।
घ. सूर मिले मन जाहि जाहि सो ताको कहा करै काजी।
ङ. खाटी मही कहा रुचि मानै सूर खवैया घी को।
च. झूठी बात तुसीसी बिनकन फटकत हाथ न आवै।
छ. कहा कथन मौसी के आगे जानत नानी नानन।
ज. जैसो बीज बोइए तैसो लुनिए।

नंददास[४५]—क. घर आयो नाग न पूजहीं बाँबी पूजन जाहि।
ख. बातन विंजन कोन अघाये, काके हाथ मनोरथ आये।
ग. मृगतृष्णा कब पानी भई, काकी भूख मन लड्डुवन गई।

मुहावरों के सम्बन्ध की तुलनात्मक स्थिति के परिचय के लिए भी दोनो भाषाओं के पूर्वोक्त कवियों के काव्य से ही उदाहरण दिये गये है—

भालण[४६]—क. पडे ते झांखो थई।
ख. स्वप्ने नव सुणियुँ।
ग. लूण उतारे भामणा डाले।
घ. चोल तणो जेम चटको रे।
ङ. विण मूल्ये वेचाणी।
च. चापे आंगुली रे ते दाते।
छ. मीट माडी रह्या।
ज. नहि सुण्यो नव दीठो।
झ. ठाली जाउँ।
ञ. कहो तेवा सम खाउँ।
ट. पर थी घर वसे नहि।
ठ. न जाणे दूध न पाणी।
ड. घणे दिन हाथे चढी।
ढ. खात थाय।

ण. बला लउँ तारी हो ।
त. अंधा ने ज्यम लाकडी ।
थ. जो कनक तोलो काय ।
द. जो हिम गालो हाड ।

नरसी[४७]—क. बोल्यो पीशी हाथ ।
ख. करी दईश घडी मा पाणी पाणी जी ।
ग. कुशल छे बालगोपाल सहु ।
घ. कान भकारा ।
ङ. तारे हाथ अे आवे नही ।
च. राड न कीजे ।
छ. बूडता बाहेडी कुण सहाशे ।
ज. पोहो फाट्यु ।
झ. शु मूछ मरडे ।
ञ. थोथा ठालां खाड्या ।
ट. खात भागे ।
ठ. पार पाम्या ।
ड. जेहने जे गमे ते ने पूजे ।
ढ. सात साधु त्यारे तेर टूटे ।
ण. रक मनावु त्यारे राय रूठे ।

प्रेमानंद[४८]—क. नन्दजी राखो बॉधी मूठी ।
ख. भडकी उठ्यो ।
ग. पडी तेने पेटडीया मा फाळ ।
घ. दाव पड्यो ।
ङ. मरता ने शुं मारो ।
च. दाझ्या ऊपर लूण लाव्यो ।
छ. घसवा लागी हाथ ।
ज. जेवो ऊगे तेवो आथमे ।
झ. वस्त्र नथी सम खावा ।
ञ. भावठ भागशे ।
ट. लोक हंसाव्या ठीठी रे ।

सूरदास[४९]— क. चाले जाउ भई पोइसि ।
ख. तुम संग रहै बलाइ ।
ग. हैं कछु लैन न दैनु ।
घ. दाई आगे पेट दुरावति ।
ङ. दूध दूध पानी सो पानी ।
च. पाँच की सात लगायो ।
छ. बातनि गह्यौ अकास ।
ज. सौंह करन को आये ।
झ. कौन पै होत पीरीकारी ।
ञ. मीड़त हाथ ।
ट. कौड़ी हू न लहै ।
ठ. बहे जात माँगत उतराई ।
ड. चाम के दाम चलावै ।
ढ. दाधे पर लोन लगावै ।
ण. मूरी के पातन के बदले को मुकुताहल दैहै ।
त. मिलावत हौ गढ़ि छोलि ।
थ. को भुस फटकै ।
द. अपनो बोयो आप लोनिए ।
ध. दाउँ दै हार्यो ।

नंददास[५०]— क. पचि मरे ।
ख. हिय लौन लगावौ ।
ग. छुधित ग्रास मुख काढि ।
घ. गाठि की खोइकै ।
ङ. जबहि लौ बाँधी मूठी ।
च. करत नकवानी ।
छ. सिर धुनही ।
ज. बनि रह्यो बान ।
झ. फीक परी ।
ञ. टकी लगि जाइ ।

दोनो भाषाओं मे प्रयुक्त लोकोक्तियों और मुहावरों को विहंगम दृष्टि से देखने पर अधिक सादृश्य नहीं दिखाई देता फिर भी कुछ लोकोक्तियाँ और मुहावरे प्राय.

एक जैसे ही हैं जैसे प्रेमानद का 'घसवा लागी हाथ' और सूर का 'मीडत हाथ'। जले पर नमक लगाने के मुहावरे को भी दोनो ही भाषाओं के कवियों ने अपने ढंग से प्रयुक्त किया है। यह सादृश्य भाषागत प्रयोग की सुसम्बद्ध परम्परा के द्योतक है। अधिकांश मुहावरे तथा लोकोक्तियाँ दोनो भाषाओ के अपने-अपने प्रदेश की लोक-सस्कृति का परिचय देते हैं।

भाषा-शैली की विशेषताएँ

कृष्ण-काव्य मे प्रयुक्त भाषा सामान्यतः सरल और प्रवाहपूर्ण है। सूर के कूट पदों को छोड़ कर दोनो भाषाओ के किसी कवि ने क्लिष्टता और दुरूहता लाने की कही चेष्टा नही की। अधिकतर गीतात्मकता और कथात्मकता का निर्वाह होने के कारण गुजराती और ब्रजभाषा दोनो मे एक अशिथिल प्रवहमानता उपलब्ध होती है जिसका व्याघात कुछ असमर्थ कवियो द्वारा ही हुआ है अन्यथा सभी समर्थ कवियो मे उसका रूप अक्षुण्ण रहा है। प्रधानतया आख्यान-काव्य में प्रयुक्त होने के कारण गुजराती भाषा का स्वरूप अधिक व्यावहारिक है। ब्रजभाषा में व्यवहारिकता की अपेक्षा साहित्यिकता अधिक है। उसके आदि-कवि सूर मे ही भाषा का स्वरूप साहित्किता की ओर बहुत झुका है। रीति-कवियों के हाथ मे पहुँच कर ब्रजभाषा सर्वथा साहित्यक भाषा बन गयी और क्रमशः उसमें कृत्रिमता का आग्रह बढने लगा। इसके विरुद्ध प्रेमानद की भाषा तत्सम शब्दो से पूरित होने पर भी उस अर्थ मे साहित्यिक नही कही जा सकती जिस अर्थ मे नंददास और बिहारी की भाषा। भालण,प्रेमानंद तथा उनकी श्रेणी केअन्य गुजराती आख्यान-कारों द्वारा प्रयुक्त भाषा प्रायः सहज प्रकृति की है और उसमे साहित्यिकता का प्रदर्शन सर्वत्र न मिल कर केवल कुछ विशेष स्थलों पर ही मिलता है जब कि ब्रज-भाषा के प्रमुख आख्यानकार नंददास की भाषा सर्वत्र सॅवारी हुई है और पग-पग पर कवि के 'जड़िया' होने की घोषणा करती है। गुजराती के श्रेष्ठतम पदकार नरसी मेहता की भाषा भी आख्यानकारो की भाषा से बहुत अधिक दूर नही है। साहित्यिकता का पुट उसमे अवश्य है परन्तु प्रकृत रूप को उसने आच्छादित नहीं किया है। उनकी अपेक्षा सूर के पदों की भाषा अधिक समृद्ध, शक्तिसम्पन्न और अधिक साहित्यिक है। ब्रजभाषा के कवियों में भाषा का संस्कार करने की प्रवृत्ति प्रारंभ से ही मिलने लगती है जब कि गुजराती मे कोई भी कवि इस सम्बन्ध मे प्रयासशील नही दिखाई देता। भाषा के प्राकृत रूप पर ही गुजराती कवियों को गर्व रहा है। प्रेमानद मे यह भावना अत्यन्त मुखर होकर व्यक्त हुई

हं। उन्होने बार-बार सस्कृत की स्पर्धा मे अपनी भाषा को प्राकृत कह कर प्रस्तुत किया है—

आ पासा व्यास बांचे संस्कृत, आ पासा मारूं प्राकृत,
व्यासवाणी मे जाणी यथा, तेवी प्राकृते जोडी कथा।

श्रीम०, भा० पृ० २५७

भालण ने प्राकृत ओर गुर्जर कह कर तथा नरसी ने प्राकृत और अपभ्रंश का नाम लेकर भाषा के प्राकृत स्वरूप की श्रेष्ठता का उद्घोष किया हैं—

क. **प्राकृत ने प्रीछवा करी, गुर्जर भाषाअे विस्तरी।**

—द० स्कं०, पृ० ३११

ख **तेणे कृष्णनुं गमन कराव्युं ते प्राकृत मांय करिये रे।**

—न० कृ० का०, पृ० ५६

ग **अपभ्रष्ट गिरा विषे, काव्य केवुं दिसे, गाय हिसे ने ज्यम तीर लागे।**

—वही, पृ० ११७

भाषा तथा उसके प्राकृत रूप से सम्बद्ध ऐसी प्रबुद्ध चेतना तथा ऐसी सगर्व जागरूकता ब्रजभाषा के कवियो मे उपलब्ध नही होती। ब्रजभाषा के भक्त कवियों मे भाषा के प्रति गर्व तो नही किन्तु प्रेम अवश्य प्रतीत होता है यद्यपि रीति कवियो मे केशवदास जैसे कवि भी मिलते है जिन्हे 'भाषा कवि' होने में शर्म आती है, क्योकि वे ऐसे कुल मे उत्पन्न हुए थे जिसके दास भी सस्कृत छोड कर भाषा बोलना नही जानते थे। भाषा के सम्बन्ध मे इस तरह की भावना अपवाद ही प्रस्तुत करती है क्योकि अन्य रोतिकारों मे कही भी ऐसा भाव नही मिलता। यह केशवदास की वैयक्तिक धारणा ही अधिक प्रतीत होती है, फिर भी गुजराती कवियों की धारणा के ठीक विरुद्ध होने के कारण काफी महत्त्वपूर्ण है। गुजराती कवियों द्वारा व्यक्त धारणाओं से स्पष्ट हो जाता है कि क्यों उनका झुकाव भाषा को प्रकृत रूप से दूर करके सस्कृत बनाने की ओर नही रहा। उन्होंने उतने ही अशो मे अपनी भाषा को सस्कार दिया है जितना विषय-वस्तु तथा काव्य के उद्देश्य की पूर्ति के लिए आवश्यक था। भाषा के अलकरण की प्रवृत्ति भी इसीलिए गुजराती की अपेक्षा ब्रजभाषा मे अधिक मिलती है जो अलंकार-विधान के सम्बन्ध मे दिये गये उदाहरणों से स्पष्ट है।

भावो को अभिव्यक्त करने की क्षमता दोनों भाषाओ मे प्रचुर मात्रा में प्राप्त होती है। भाव-पक्ष के अन्तर्गत विवेचित, उद्धृत तथा सकेतित स्थल इसके प्रमाण है। सामान्यतया तत्सम और तद्भव शब्दो से मिली-जुली भाषा का व्यवहार हुआ

है परन्तु ऐसे स्थलों पर भाषा प्रायः अकृत्रिम ,तत्समताहीन, लाक्षणिक तथा लोकोक्तियो और मुहावरो से युक्त मिलती है। भाव-विश्लेषण के साथ साथ भाषा की लाक्षणिकता और व्यजना-शक्ति की ओर बराबर निर्देश कर दिया गया है। सूर, भालण तथा प्रेमानन्द के पद इस तथ्य को विशेष रूप से प्रमाणित करते है। कवियो ने भावो की कोमलता को व्यक्त करने के लिए शब्दों को विविध प्रकार से कोमल बनाने का बराबर यत्न किया है। ओजपूर्ण स्थल काव्य मे अपेक्षाकृत कम है अतएव भाषा मे ओज की अपेक्षा माधुर्य और प्रसाद गुण का प्राधान्य स्वाभाविक रूप मे मिलता है। मयण जैसे कवि एक दो ही है जिन्होने श्रृङ्गार-वर्णन के लिए भी ओजस्विनी भाषा और वीरोचित छद का व्यवहार किया है। वस्तुगत और भावगत सुकुमारता की छाया काव्य की भाषा पर बराबर परिलक्षित होती है। उदाहरणार्थ कवियो ने कोमलता और सुकुमारता की व्यजना के लिए शब्दों मे 'ल', 'ड' या 'ड' का सयोग किया है। यह प्रवृत्ति गुजराती कवियों मे बहुत अधिक मिलती है। भालण के एक ही पद मे 'नानडियो हैडु, पालणडु, घुघरडी, आँसुडा, भामणडां, मावडी जैसे अनेक शब्द प्रयुक्त हुए है।[५१] नरसी ने इस प्रकार के शब्दो का और भी अधिक व्यवहार किया है। उन्होने प्रेमजन्य लघुता को सूचित करने के लिए कही-कही 'ड' और 'ल' का एक साथ योग किया है। ऑखडली, पाखडली, राखलडी, बाहुडली की तरह बहुत से शब्द प्रमाण रूप मे प्रस्तुत किये जा सकते है। मधुर वर्णो के दोहरे योग से बने इन शब्दो के अतिरिक्त एकहरे योगवाले तो अगणित मिलते है जैसे नानडीयो, सेजडी, घुघटडी, टीलडी, बासलडी, मारगडे, मरकलडो, दीवडीयो, बाहुडी, सांइडा। नरसी के यह सभी शब्द केवल चार पृष्ठो से चुने गये है।[५२] इससे यह प्रमाणित होता है कि इस प्रकार की शब्द-योजना उन्हें कितनी अधिक प्रिय थी और इससे उनकी भाषा का माधुर्य कितना अधिक बढ़ गया है। ब्रजभाषा के कवियो ने भी शब्द-निर्माण की इस शैली का सम्यक् प्रयोग किया है परन्तु 'ड' और 'ल' के स्थान पर 'ड़' और 'या' का योग मिलता है जैसे 'मावडी' के स्थान पर 'मैया' और 'कानडो' के स्थान पर 'कन्हैया' तथा 'दुख' और 'मुख' से 'दुखडा' और 'मुखड़ा'। दीर्घ मात्राओं को लघु करके भी ब्रजभाषा-कवियों ने अनेक शब्दो का निर्माण किया है। यथा अँसुवा, निंदिया, पगिया आदि। 'मेरे लाल को आउ निदरिया' मे नीद को लघु बनाने के लिए दोहरे वर्णो का योग हुआ है। 'दँतुलिया' आदि अन्य शब्द भी इसी प्रकार बनाये गये है। भाषा को भावानुकूल और मधुर बनाने को यह एक शैली है। कवियो ने कोमल एवं अनुनासिक वर्णो से युक्त शब्दों को आवृत्ति या शृखलित सयोग से भी स्थल-स्थल पर भाषा को मधुरता और कोमलता प्रदान की है। इस सम्बन्ध मे दोनों भाषाओ के कुछ उदाहरण दर्शनीय है—

गुजराती

भालण—रणक झणक ककण क्षुद्री, घंटिका शो किकिणी ।
चरण ठवण हंसगवण नेपुर धुणी धुणी ।
—द० स्कं०, पृ० १२१

नरसी—ताळी देता तारुणी, झाझरनो झमकार।
कटि किकणी रणझणे, घुघरीना घमकार।
—न० कृ० का०, पृ० १६३

प्रेमानद—शणगार साजे, रूप राजे, गाजे घुघरु पाय ।
ठमक अणवट झमक झांझर छमक पहानी थाय ।
—श्रीम० भा०, पृ० २४६

ब्रजभाषा

सूरदास—१. जननि कहति नाचौ तुम देहौ नवनीत मोहन,
रुनुकु झुनुकु चलत पॉइन चायन नूपुर बाजै ।
—सू० सा०, पृ० १५०

२. पायन नूपुर बाजई कटि किकिनी कूजै ।
नन्ही एडियन अरुणता फलबिबन पूजै ।
—वही, पृ० १४७ ।

नददास—नूपुर, कंकन, किंकिनि, करतल मजुल मुरली ।
ताल, मृदंग, उपग, चंग एकहि सुर जुरली ।
..तैसिय मृदु-पद-पटकनि चटकनि कटतारनि की ।
लटकनि, मटकनि, झलकनि, कल कुडल हारनि की ।
—नद०, पृ० २७६

ब्रजभाषा का माधुर्य सुविदित है परन्तु गुजराती भाषा मे भी पर्याप्त माधुर्य मिलता है जो उपर्युक्त उद्धरणो से स्पष्ट है। प्रधान कवियो को छोडकर सामान्यतया गुजराती कवियो ने भाषा को मधुर बनाने की ओर अधिक ध्यान नही दिया है जबकि ब्रजभाषा मे सुकुमार वर्ण-योजना और मधुर पदावली के विन्यास की ओर कवि प्रायः सजग रहे हैं ।

रूप-शृगार वर्णन करने मे कवियों ने तत्सम और आलंकारिक भाषा का व्यवहार किया है परन्तु साधारण कथा-वर्णन या वस्तु-निरूपण में भाषा की ओर विशेष ध्यान नही दिया गया है और फलतः शिथिलता, नीरसता, अनगढपन, असमर्थता तथा अपरिपक्वता रह रहकर झलकती है । यह दोष साधारण कोटि के कवियों में तो मिलते ही हैं, कही कही सूर, भालण और प्रेमानंद तक मे प्राप्त हो जाते है ।

कथा-वर्णन में सूर की भाषा उतनी ही शिथिल मिलती है जितनी भाव-वर्णन में प्रवाहपूर्ण और सशक्त। विषय के अनुसार भाषा का रूप तो बदला हुआ मिलता ही है, साथ ही उसको चित्रात्मकता और सजीवता मे भी उत्कर्ष-अपकर्ष होता जाता है।

विविध भाषाओं का मिश्रण

भाषा के सम्बन्ध मे अभी तक जिस स्वरूप-परिवर्तन का उल्लेख हुआ है वह शैली की विशेषता कहा जा सकता है परन्तु दोनो भाषाओ के कई कवियों ने एक भाषा का प्रयोग करते करते बीच बीच मे किन्ही अन्य भाषाओं का जो मिश्रण अथवा प्रयोग किया है वह किसी की दृष्टि से शैली की विशेषता नही माना जा सकता। एक तो इस मिश्रण का कोई उद्देश्य लक्षित नही होता, दूसरे वह सर्वत्र मिलता नही। कवि-विशेष के स्वभाव से भी इसका सम्बन्ध सिद्ध नही हो पाता अतएव विविध भाषाओं के मिश्रण को एक 'विचित्रता' मात्र कहना उचित होगा। इस मिश्रण के मूल मे जो कारण निहित है वे शैली-तत्व से सर्वथा भिन्न है।

ब्रजभाषा के कुछ कवियों ने पजाबी का मिश्रण किया है और गुजराती के कुछ कवियो ने मराठी का। संस्कृत का आभास उत्पन्न करने की चेष्टा कतिपय स्थलों पर दोनो भाषाओं में मिलती है। गुजराती के कई कवियो ने ब्रजभाषा का व्यवहार किया है। ब्रजभाषा के कवियों द्वारा गुजराती मे काव्य-रचना तो नही हुई परन्तु कुछ गुजराती शब्दो का प्रयोग अवश्य हुआ है। मीरा की स्थिति सबसे पृथक् है क्योंकि उनके काव्य मे ब्रजभाषा, राजस्थानी तथा गुजराती तीनों का व्यापक मिश्रण है और आशिक रूप से पंजाबी का भी। आगे भाषाओं के मिश्रण से सम्बन्धित सारी स्थिति का पृथक्-पृथक् निरूपण किया गया है।

पंजाबी का मिश्रण—ब्रजभाषा के साथ पंजाबी का मिश्रण वल्लभरसिक, पीताम्बरदेव और मीरा के काव्य में कतिपय स्थलो पर मिलता है। शब्दावली, बहुवचन तथा विभक्तियों आदि के पजाबीपन के कारण ऐसे स्थल स्पष्टतया अलग प्रतीत होते है यद्यपि वे लिखे स्वतन्त्र रूप से नही गये है। ऐसे स्थलों से चयित कुछ पक्तियाँ दर्शनीय है—

क. पंथ असाडे कोई पैर न रक्खो असी लखि लखूबो लोग हँसाए।
नेह नगर दे अंदर नू असी शिरदे पैर चलाए।
आह पवेननि वाह की सीदा असी तिस्सी राहाँ चल्लाँ।
इश्क दिलाँ दे नाले नाले महबूबाँ दी गल्लाँ।
स्याह जुलफ छल्ले जिस छल्ले असी थर सल्ले तिसी महल्लाँ।
वल्लभरसिक रूमाल लाल पर भूमि हमेसै झल्लाँ।

—श्रीव० र० वा० पृ० ३९

ख. ऐसी तू चिपटी दिल दी सुइयों काली कमली कीती है ।
हुण आशानू जावन आवेनै, अंग अग करि जीती है ।
...ऐसी तू साडे लखना नू तू जाना काहू दाना ।
तू तो ढोल वजदा चोरा चसमो बीच छिपाना ।
तेरे दिल विच दया दरद ना डारा फंद निमाना ।
पीताम्बर ते राजस जग में गाया वेद · पुराना ।

—नि० मा०, पृ० ३०८

ग. हो कॉनॉं किन गूँथी जुल्फाँ कारियाँ ।
सुघर कला प्रवीन हाथन सूँ, जसुमतिजू ने सँवारियाँ ।

—मी० प०, पृ० ५७, पद १६५

लागी सोही जाणै, कठण लगण दी पीर ।
विपति पड्या कोइ निकटि न आवै 'सुख में', सब को सीर ।

—वही, पृ० ६४, पद १९१

मराठी का मिश्रण—मराठी की षष्ठी विभक्ति का व्यवहार गुजराती कवियो । भीम, नरसी और केशवदास द्वारा हुआ है—

क. भीमचइ-स्वामी श्रीकृष्णइ ससार सागर तारी।

—रि० षो०, पृ० १५५

ख. महारा वहालाजीमा कुसुमचो भार नही रे ।
नरसैयाचो-स्वामी भलेमलीयो, सुखकरो गोकुल राइ रे ।

—न० कृ० का०, पृ० २०७

मनमथची पीड दोहली देखी जोबन न रहे झालु रे ।

—वही, पृ० ३५७

कंठडाचो भूषण सजनी।

—वही, पृ० ३९३

अंगभीडी आलिगन लीधु चोलीयाची कस तूटी गई ।

—वही, पृ० ३७३

ग. केशवदास चो स्वामी, सेवक काजे रे राम ।

—श्रीकृ० ली० का० पृ० ४०

कथा-वर्णन मे सूर की भाषा उतनी ही शिथिल मिलती है जितनी भाव-वर्णन में प्रवाहपूर्ण और सशक्त। विषय के अनुसार भाषा का रूप तो बदला हुआ मिलता ही है, साथ ही उसको चित्रात्मकता और सजीवता में भी उत्कर्ष-अपकर्ष होता जाता है।

विविध भाषाओं का मिश्रण

भाषा के सम्बन्ध मे अभी तक जिस स्वरूप-परिवर्तन का उल्लेख हुआ है वह शैली की विशेषता कहा जा सकता है परन्तु दोनो भाषाओं के कई कवियो ने एक भाषा का प्रयोग करते करते बीच बीच मे किन्ही अन्य भाषाओं का जो मिश्रण अथवा प्रयोग किया है वह किसी की दृष्टि से शैली की विशेषता नहीं माना जा सकता। एक तो इस मिश्रण का कोई उद्देश्य लक्षित नही होता, दूसरे वह सर्वत्र मिलता नही। कवि-विशेष के स्वभाव से भी इसका सम्बन्ध सिद्ध नही हो पाता अतएव विविध भाषाओं के मिश्रण को एक 'विचित्रता' मात्र कहना उचित होगा। इस मिश्रण के मूल मे जो कारण निहित है वे शैली-तत्व से सर्वथा भिन्न है।

ब्रजभाषा के कुछ कवियो ने पजाबी का मिश्रण किया है और गुजराती के कुछ कवियो ने मराठी का। सस्कृत का आभास उत्पन्न करने की चेष्टा कतिपय स्थलों पर दोनो भाषाओं मे मिलती है। गुजराती के कई कवियों ने ब्रजभाषा का व्यवहार किया है। ब्रजभाषा के कवियों द्वारा गुजराती मे काव्य-रचना तो नही हुई परन्तु कुछ गुजराती शब्दों का प्रयोग अवश्य हुआ है। मीरा की स्थिति सबसे पृथक् है क्योंकि उनके काव्य में ब्रजभाषा, राजस्थानी तथा गुजराती तीनो का व्यापक मिश्रण है और आशिक रूप से पंजाबी का भी। आगे भाषाओं के मिश्रण से सम्बन्धित सारी स्थिति का पृथक्-पृथक् निरूपण किया गया है।

पंजाबी का मिश्रण—ब्रजभाषा के साथ पजाबी का मिश्रण वल्लभरसिक, पीताम्बरदेव और मीरा के काव्य में कतिपय स्थलों पर मिलता है। शब्दावली, बहुवचन तथा विभक्तियो आदि के पजाबीपन के कारण ऐसे स्थल स्पष्टतया अलग प्रतीत होते है यद्यपि वे लिखे स्वतन्त्र रूप से नही गये है। ऐसे स्थलों से चयित कुछ पक्तियाँ दर्शनीय है—

क. पंथ असाडे कोई पैर न रक्खो असी लखि लखूबो लोग हँसाए।
नेह नगर दे अंदर नू असी शिरदे पैर चलाए।
आह पवेननि वाह की सीदा असी तिस्सी राहाँ चल्लाँ।
इष्क दिलाँ दे नाले नाले महबूबाँ दी गल्लाँ।
स्याह जुलफ छल्ले जिस छल्ले असी थर सल्ले तिसी महल्लाँ।
वल्लभरसिक रूमाल लाल पर झूमि हमेसै झल्लाँ।

—श्रीव० र० वा० पृ० ३९

ख. ऐसी तू चिपटी दिल दी सुइयों काली कमली कीती है ।
हुण आशानू जावन आवेनै, अंग अंग करि जीती है ।
...ऐसी तू साडे लखना नू तू जाना काहू दाना ।
तू तो ढोल वजंदा चोरा चसमो बीच छिपाना ।
तेरे दिल विच दया दरद ना डारा फंद निमाना ।
पीताम्बर ते राजस जग मे गाया वेद · पुराना ।

—नि० मा०, पृ० ३०८

ग. हो कॉनॉ किन गूँथी जुल्फाँ कारियॉ ।
सुघर कला प्रवीन हाथन सूँ, जसुमतिजू ने सँवारियाँ ।

—मी० प०, पृ० ५७, पद १६५

लागी सोही जाणै, कठण लगण दी पीर ।
विपति पड्या कोइ निकटि न आवै 'सुख में, सब को सीर ।

—वही, पृ० ६४, पद १९१

मराठी का मिश्रण—मराठी की षष्ठी विभक्ति का व्यवहार गुजराती कवियों मे भीम, नरसी और केशवदास द्वारा हुआ है—

क. भीमचइ-स्वामी श्रीकृष्णइ ससार सागर तारी।

—रि० षो०, पृ० १५५

ख. महारा वहालाजीमा कुसुमचो भार नही रे ।
नरसैयाचो-स्वामी भले मलीयो, सुखकरो गोकुल राइ रे ।

—न० कृ० का०, पृ० २०७

मनमथची पीड दोहली देखी जोबन न रहे झालु रे ।

—वही, पृ० ३५७

कंठडाचो भूषण सजनी।

—वही, पृ० ३९३

अंगभीडी आलिगन लीधु चोलीयाची कस तूटी गई।

—वही, पृ० ३७३

ग. केशवदास चो स्वामी, सेवक काजे रे राम ।

—श्रीकृ० ली० का० पृ० ४०

गुजराती के अनेक कवियों ने कृष्ण के लिए 'विट्ठळ' शब्द का प्रयोग किया है जिसकी ओर सकेत पर्याय शब्दों के प्रसंग में किया गया है।

गुजराती साहित्य के प्रसिद्ध पारखी तथा प्रमुख भाषा-शास्त्री न० भो० दिवेटिया के मत से 'चो' 'ची' 'चा' तथा 'विट्ठळ' का प्रयोग गुजराती पर मराठी भाषा के प्रभाव का निश्चित प्रमाण नही है।[53] नरसी मेहता के पदों में कुछ स्थलों पर जो मराठीपन मिलता है वह उक्त लक्षणों तक ही सीमित नही है, जैसा नीचे लिख पदांशों से प्रकट है—

> आपुला मदिरमां हो, सखी जालवरे दीवंडो।
> घणे दहाडले पीयु प्राहुणला आव्या, आदर गोरवा दीजे।
>
> —न० कृ० का०, पृ० ४१७

> अनंग आहेडीओ जाळ मांडीला पखी कामीजन आवीला।
> जुगत करी जुवती जोता, ततक्षणु पासे पाडीला।
> घन स्तन भार भरीलां, कामीजन आप विसरीला।
> शरणे तुमारे आवीलां, नरसैयाचे स्वामी विसरी गेइला।
>
> —वही, पृ० ५२१

संस्कृत का मिश्रण—दोनों भाषाओ के अनेक कवि सस्कृत के ज्ञाता थे और कुछ ने तो सस्कृत में काव्य-रचना भी की है जैसे ब्रजभाषा मे हितहरिवश और गुजराती मे केशवदास। हितहरिवंश ने 'राधासुधानिधि' की रचना की है और केशवदास ने 'श्रीकृष्णक्रीडाकाव्य' मे भीमकृत 'हरिलीलाषोडशकला' की तरह बीच बीच मे जो अनेक संस्कृत श्लोक सगुफित किये है उनमे से 'सोळ स्वयकृत सस्कृत' लिखकर सोलह को स्वरचित स्वीकार किया है।[54] यहाँ भाषा के कवियो की सस्कृत रचनाओ का परिचय देना अभीप्सित नही है वरन् सस्कृत की ओर उनके झुकाव की ओर संकेत कर देना ही इष्ट है। इन कवियों के भाषा-काव्यो मे कुछ प्रयोग ऐसे मिलते है जो सस्कृत के नियमों के अनुसार बने है। हरिवश ने 'नेति नेति वदति'- तथा 'पशुरिव' लिखकर और केशवदास ने 'निरीक्षणे' 'यमुनातटे' 'वनितया' तथा 'तन्वी ताबुलचर्वितं च बहुल' जैसे शब्दो एव शब्दसमूहो का प्रयोग किया है।[55] जिन कवियो ने 'गाथा', 'गाहा' या आर्या छद का व्यवहार किया है उन्होने कही-कही चरणान्त के शब्दों को सस्कृत की द्वितीया विभक्ति के एकवचन का रूप दे दिया है। पृष्ठ १६५ पर सूरसागर मे भी एक पद मे 'पारपार' 'आधार' जैसे रूप

बनाये गये है । ब्रजभाषा के कवि गदाधर भटट् की वाणी में संस्कृत के कई पद मिलते है ।[५६] कही कही उनके ब्रजभाषा के पदो में संस्कृत का आभास मिलने लगता है—

रूपबलकोटिकन्दर्पदर्पापर हरध्यात पद कमल विश्वबंधो !
नामआभासअघरासि विध्वसकर सकल कल्याणगुनग्राम सिधो !

—श्रीगदा० बा०, पृ० १३

गुजराती कवियों द्वारा ब्रजभाषा का प्रयोग एवं मिश्रण

१. **भालण**—१५ वी शती के कवि भालण के दशमस्कंध मे भालण की ही छाप से प्राप्त होने वाले ब्रजभाषा के छै पदों की ओर प्रथम अध्याय मे ही संकेत किया जा चुका है। दशमस्कंध के सम्पादक हरगोविद द्वारकादास कांटावाळा के मत से भालण 'ब्रजभाषामा सारी कविता करतो हतो. तेनी प्रतीति दशमस्कंदमां रचेली हिन्दी कविता उपरथी थाय छे' ।[५७] अर्थात् भालण ब्रजभाषा के सुन्दर कवि थे जिसकी प्रतीति उनके दशमस्कधमें प्राप्त होने वाली हिन्दी कविता से होती है। दशमस्कंध में ब्रजभाषा के चार पद एक साथ मिलते है और दो अलग अलग।[५८] एक पद नीचे उद्धृत किया जाता है जिससे भाषा विषयक स्थिति का ठीक ठीक अनुमान हो सके—

कोन तप कीनो री, माई नंदघरुणी ।
ले उछग हरि कु पयपावत, मुखचुबन मुख भीनो री ।
तृप्त भये मोहनजू हसत है, तब उगमत अधर ही फीनो री ।
जशोमती लटपट पूछन लागी, बदन खेचि तब लिनो री ।
रिदे लगाये बदजू मोहि तु कुलदेवा दीनो री ।
सुन्दरता अंग अग कहा वरनू, तेजही सब जुग हीनो री ।
अतरिक्ष सुर इन्द्रादिक बोलत, ब्रज जन को दुख खीनो री ।
इह रस सिंधु गान करी गाहत हे, भालन जन मन भीनो री ।

—द० स्क०, पृ० ५३-५४

यह पद इसलिए और भी उद्धृत किया गया है कि इसकी प्रथम पंक्ति का, भालण की गुजराती मे रचित, निम्न पक्ति से अद्भुत सादृश्य मिलता है—

शा तप कीधा ते कामिनी रे, थइ सुन्दरवर नी माय ।

—द० स्कं०, पृ० ३६

तुलना करने पर लगता है जैसे दोनों एक ही कवि के द्वारा रची गयी हो। भालण के दशमस्कंध मे अन्य अनेक प्रयोग मिले है जिनका स्वरूप गुजराती के अनु-

कूल न होकर ब्रजभाषा के अनुकूल है। उदाहरणार्थ 'नद केरे आगणे' (पृ० ३२;) मोरलीनो रस लेत (पृ० ६९); मटुकी (पृ० १३८, १५०), हुलराव्यो (पृ० १९०), आदि को प्रस्तुत किया जा सकता है। भालण छाप वाले ब्रजभाषा के पदों मे गुजराती का मिश्रण नही मिलता। विभक्तियाँ और क्रियापद ब्रजभाषा के ही है, केवल ध्वनि का नगण्य अन्तर कहीं कहीं मिलता है। यह सभी पद वात्सल्य भाव से सम्बद्ध हैं। वात्सल्य भाव भालण के अन्य गुजराती पदो में भी प्रमुख रूप से मिलता है।

२. **नरसी**—इसी तरह नरसी मेहता कृत काव्य-सग्रह मे नरसी की छाप वाले दो ब्रजभाषा कें पद मिलते हैं, जिनकी कुछ पंक्तियाँ यहाँ उद्धृत की जाती है—

क. साखी—पीय संग अेकात रस विलसत राधा नार।
कंध चडावन को कहो ताते तजी गये जु मोरार।

चाल—ताते तजी गये जु मोरारी, लाल आय सग ते टारी।
त्यां ओर सखी सब आई, कयाहू देख्यो मोहनराई।

साखी—प्रेम प्रीत हरि जीनके, आअे उनके पास।
मुदित भई त्यां भामनी, गुण गावे नरसैंयोदास।

—न० कृ० का०, पृ० १९८-१९९

ख. वसंत विवाह आदर्यो हो हो, आदर्यो रे परणे छे नदजी को लाल।
जेसो सुन्दर श्याम बन्यो हे अेशी बनी राधेनार बल जाऊँ।
पहेलो परण्यो महेता नरशीनो स्वामी पछी परण्यो आ सकल संसार।

—वही, पृ० २५३

नरसी के एक अन्य पद में ब्रजभाषा के अनुकूल शब्द प्रयुक्त हुए हैं—

वृन्दावननी कुंजगलनमे महिडां बेचण रे।
महि मटुकी शीर पर लीधी चाली वननी वाटे रे।

—वही, पृ० ५८४

३. **केशवदास**—केशवदास के श्रीकृष्णक्रीडाकाव्य मे केवल दो स्थलो पर ब्रजभाषा का प्रयोग मिलता है। पहले स्थल पर राधा की मानलीला के सम्बन्ध का एक पद दिया है, तदुपरान्त एक निश्चित क्रम से कारिका की एक एक पंक्ति के पश्चात् त्रोटक की चार चार पंक्तियाँ दी गयी है। इस प्रकार चालीस पंक्तियों का ब्रजभाषा में रचित यह दूसरा पद प्राप्त होता है जो यशोदा और गोपी के संवाद रूप मे निर्मित हुआ है। दोनों पदों के प्रारंभिक अंश परिचय के लिए नीचे दिये जाते हैं—

भालण का ब्रजभाषा में लिखित पद

ह्र॥४॥मोरपीछगुंजाफललोमेषबनावनउविलरललो
म॥भालणप्रभुबीधाताकीगतिचरित्रतुम्हारेहेसबबांम
।ह्र॥४॥२४॥रागमारंग॥कहौमेयाकेपेसुषपाउ॥नां
हिनसुलोकसीदामाषेलनसंगकोनपेजाउ॥कहो॥१॥
नाहिनग्रेहेदेवहूजबाबामानके॥यांदांचोरचोरदधि
माषनषाउ॥नांहिनवृंदाबनअतिबछनयाकारनहूंगो
अवराउ॥कहौमेयाकेपेसुषपाउ॥२॥नांहिबहूंहवेगो

—भालण कृत दशमस्कंध की एक प्राचीन प्रति का,
भालण छाप वाले ब्रजभाषा के पद से युक्त पृष्ठ।

प्राप्ति-स्थान—सग्रहालय, गुजरात-विद्या-सभा, अहमदाबाद

ह० प्र० नं०—४७४ (आदि त्रूटक)

रचनाकाल—अज्ञात

क. त्यज अभिमान गोवाली, घर्‌य आयो वनमाली।
याके च्चरण चतुर्मुख सेवे, किंकर होय कपाली।
—श्रीकृ० ली० का०, पृ० १०९

ख. कारिका—सुन हो यशोमति माय, कृष्ण करत हे हे अति अनिआय।
त्रोटक—कृष्ण करत हे अन्याय अतलीबल, गोपी को कह्यो न माने।
देखत लोक, लाज कुछूँ नही, नार्‌य बोलावत ही शाने?
हम गुनवंती सती सुलखणी, यह विध्य रह्यो न जाय।
कोपहि काल्य सुनेगो कंसासुर, सुन हो यशोमति माय।
—वही, पृ० १०९

केशवदास के इन पदों में गुजराती शैली और गुजराती शब्दों का स्पष्ट मिश्रण हुआ है। पहले पद का ध्रुवा दूसरे पद मे कारिका और त्रोटक का क्रम तथा 'मांकड', 'शाने', 'मोहोटी', 'कामणगारो' जैसे शब्दो का प्रयोग इस मिश्रण को प्रमाणित करता है।

दूसरे स्थल पर प्रारंभ मे कडवा और त्रोटक के क्रम वाला एक पहले जैसा दीर्घ पद मिलता है तथा अंत में एक 'सवाइयो' दिया हुआ है। इस स्थल पर भी भाषा में मिश्रण हुआ है। कडवा तथा त्रोटक का कुछ अश और सवाइयो की चारो पक्तियाँ इस प्रकार है—

क. कडवा—सुनो मेरे सैया यादव रैया, गोकुल रहीये, लागूँ पैयाँ।
त्रोटक—लागीये पैया हरि न जैहें, बात यह मन जाणी हे।
उन क्रूर के अक्रूर का बिसास कछु न आणी हे।
—श्रीकृ० ली० का०, पृ० १२३

ख. गोकुल सकल विकल विदरसन, छन अेक होत युगंतर च्यार,
सोइ अब दिवस मास गत होइ हे, जीये कयो मधुरी मुरार?
केशोदास मली सब गोपी, रोओती दुख आगहे नदनार,
कोइक भाग सुभाग हमारो, जो हरि आवे कसासुर मार।
—वही, पृ० १२४

केशवदास की रचना के सम्पादक अंबालाल बुलाकीराम जानी ने 'निवेदन' मे कवि के उत्कृष्ट ब्रजभाषा-ज्ञान की पर्याप्त प्रशंसा की है।[५९]

४. **लक्ष्मीदास**—भालण के दशमस्कंध में जिन लक्ष्मीदास की रासपंचाध्यायी प्रक्षिप्त मिलती है उनके द्वारा रचित कतिपय छोटे छोटे ब्रजभाषा के पदो की भी

सूचना मिलती है।[६०] कुछ पदों की भाषा शुद्ध ब्रजभाषा है और कुछ मे गुजराती का मिश्रण हुआ है। नीचे लक्ष्मीदास का एक पद उद्धृत किया जाता है—

आजु मेरे सफल भये नयन।
कोटि मन्मथ रूप चतुर जु निरंखे गीरिधर चिन।
कोटि रवि छवि जोति आनन अबर कोटिक मिन।
जन लषिमिदास विचित्र तरुनि लिखि चित्र सो अिन।
आजु मेरे सफल भये नयन।

—क० च०, पृ० ३३६

इसके अतिरिक्त ब्रजभाषा मे रचित एक पद केदारा का, एक रामगरी का तथा एक कानरा का, और मिलता है।[६१] लक्ष्मीदास द्वारा लिखित चार ब्रजभाषा के 'सवाइआ' भी प्राप्त होते हैं। इनमें से एक दर्शनीय है—

अवर चारु यू तडीत पीताबर सुन्दर गढे टटिय भूँना।
कठ मनोहर हार बीजीतजलधर घोर छबी सूतना।
सीर मोर के चंद आनद बदन कवल्ल भूजा लटकी फूँदना।
लक्ष्मीदास किहि बली जांउ नरभेष घोषपति नद के ललना।

—क० च०, पृ० ३६६

शास्त्री को इन पदो और सवैयो के लक्ष्मीदासकृत होने में शका नही है। उनके अनुसार इनमे ब्रजभाषा का तत्कालीन रूप अपने ढग से मिलता है।[६२]

५. **ब्रेहदेव**—ब्रेहदेव की 'भ्रमरगीता' नामक कृति मे भी एक पद ब्रजभाषा का प्राप्त होता है। पद का विषय वही है जो समस्त कृति का है। पूर्वापर प्रसंग की दृष्टि से भी पद उचित स्थान पर प्राय अप्रक्षिप्त रूप मे प्राप्त होता है—

प्रीत बनी है अैसी नीकी।
नाही री उधो दिवस चार की, मोहे तो पेले भवकी।
दिन-दिन प्रीति बदी जाअे उधो, तिल वयो आ तन छूटे।
अबनिशि गांठ पडी माधो सु, नवि छूटे तन तूटे। प्री०
माधो बिन मेरे हैअे उधो उरना कोय सुहाये।
विविध रूप छा री मेरे नयना, स्वरूप श्याम को चाहे। प्री०
वचन पराये सुनत दुःख उपजे हरिलीला बिन सोई।
बेहेंदे प्रभु बिनारी उधो, बानी सफल न होई। प्री०

—वृ० का० दो०, भाग १, पृ० ६७५

६. **कृष्णदास**—'श्री रुक्मिणी विवाहना पदो' मे, जो अनेक कवियों के पदों का एक छोटा सा सग्रह है, कृष्णदास की छापवाले दो तीन ऐसे पद मिलते है जिनकी भाषा ब्रज है । भाषा का सामान्य स्वरूप कुछ विकृत एवं अनिश्चित है । पदो की कुछ पंक्तियाँ इस प्रकार है—

क. सिह-भक्ष को श्याल पावे मेरे तो पति अेक श्याम हे ।
कहत कृष्णोदास गिरिधर रुकमैयो शिशुपाल हे ।
—कडवु० ६ ठु०

ख. श्रीकृष्ण तहा रथ साज ठाडे, सत्य करन प्रभु पातियाँ ।
कहेत कृष्णोदास गिरिधर, बहोर सुनी द्विज बतियाँ ।
—कडवु० ६ ठु०

ब्रजभाषा के कवियों द्वारा प्रयुक्त कतिपय गुजराती शब्द

गुजराती कवियो द्वारा जिस रूप मे ब्रजभाषा का प्रयोग हुआ है उस रूप मे किसी भी ब्रजभाषा कवि ने गुजराती का प्रयोग नही किया। बहुत खोजने पर कही एक दो शब्द ऐसे मिल पाते है जो गुजराती से आये प्रतीत होते है। सूरदास द्वारा प्रयुक्त 'कापर', 'मोटे', 'आखौ' तथा ध्रुवदास द्वारा प्रयुक्त 'दोहिली' शब्द उदाहरण स्वरूप प्रस्तुत किये जा सकते है।[६३] सूरसागर मे सूर का ऐसा कोई पद नही मिलता जिसमे गुजराती का व्यवहार हुआ हो परन्तु भालण के दशम स्कध मे 'सुरदास' के नाम से दो गुजराती पद भी प्रक्षिप्त मिलते है ।[६४] यह अष्टछापी सूर की रचना हों, ऐसा संभव नही दीखता । अतएव सूरदास नामक किसी अप्रसिद्ध गुजराती कवि ने इनकी रचना की हो, यही सभव है ।

मीरां के पदों की भाषा

मीरा के पदो मे कुछ गुजराती के, कुछ ब्रजभाषा के, कुछ राजस्थानी के और कुछ मिश्रित भाषा के पद मिलते है । प्रथम अध्याय मे इस ओर सकेत किया जा चुका है । कुछ पदो मे खड़ी बोली का पुट भी है । पंजाबी के प्रसंग मे भी मीरां के पदों की कुछ पंक्तियाँ उद्धृत की गयी है । वस्तुत· मीरा के पदो की भाषा का स्वरूप बहुत ही अनिश्चित है । डाकोर वाली प्रति मे उनके पदो की भाषा शुद्ध राजस्थानी है जबकि बृहत्काव्यदोहन मे सगृहीत सौ से अधिक पद गुजराती के है । मीरा की पदावली जेसे सग्रहो मे ब्रजभाषा के भी शताधिक पद मिलते है । डाकोर की प्रति स० १६४२ की बताई जाती है. अतएव यदि वह प्रामाणिक है तो उनके पदों की भाषा राजस्थानी ही ठहरती है । सं० १६९५ की गुजराती में प्राप्त एक प्रति

मे जो उनके पद मिलते है उनकी भाषा ब्रज है । किसी अन्य प्राचीन सग्रह मे भी मीरा के गुजराती पद नहीं मिलते, गुजराती लिपि मे लिखे पद अवश्य मिलते है। इस सारी स्थिति पर गुजराती के विद्वान मुशी के निम्नलिखित कथन से पर्याप्त प्रकाश पड़ता है—

"मीरा गुजराती न होती ज, अेना पदो गुजरातीमा लखायां न होतां अे मत वास्तविक लागे छे। हाल अेने नामे मंडायला पदो केटला अेना ते पण नक्की करवु मुश्केल छे। पण गुजरात मा शुद्ध-भक्तिनो प्रचार सामान्य लोक मा जेटलो अेना पदोअे कर्यो छे तेटलो नरसिहना पदोअे पण कर्यो नथी."[६६]

अर्थ—मीरां गुजराती तो नहीं ही थी, उनके पद भी गुजराती में नही लिखे गये थे यह मत वास्तविक लगता है। इधर इनके नाम से प्रचलित पदों में से कितने इन्ही के है यह भी निश्चित कर पाना कठिन है। परन्तु यह सत्य है कि गुजरात मे शुद्धभक्ति का जितना प्रचार मीरा के पदों द्वारा हुआ उतना नरसी के पदों से भी नहीं हो सका।

मीरां के पदों मे जो विविध भाषाओं का रूप मिलता है उसका कारण उनका बहु प्रदेशव्यापी प्रचार प्रतीत होता है, जैसा कबीर आदि कुछ अन्य कवियों के पदों के सम्बन्ध में भी कहा जा सकता है। जो भी कारण हो, प्रस्तुत अध्ययन मे मीरां के पदों का अन्यतम महत्त्व है।

पादटिप्पणियाँ

१ ब्रजभाषा-व्याकरण, ले० डॉ० धीरेन्द्र वर्मा, पृ० ३४

२. प्रा० गु० ब्र०, पृ० ३-४

३ GL page, 99-100

४ हरि० षो०, पृ० १३६, १५०, १५६, १६४, १६८, १८० क्रमशः

५ द० स्कं०, पृ० १६, ६४, १७२, ३५८ क्रमशः

६ श्रीकृ० ली० का० पृ० २८, ४०, ४४, १००, १३६, ३०४ क्रमश

७ न० कृ० का०, पृ० १५५, २२१, २२६, २५१, ३१६, ३४८, ३५७, ३७७, ३९३, ४०४, ४८०, ४८३, ४८६ क्रमशः

८. श्रीम० भा०, पृ० २३४, २३७, २५७, २६१, २६९, २९८, ३१३, ३१६, २४५, २३६ क्रमश·

९. सू० सा०, पृ० १५८, १५८, १५९, ३१८, ४०१ क्रमशः

१० हरि० षो०, पृ० १३५, १३५, १३८, १५४, १५४, १५९, १५६, १६१, १६४, १७२, १७६ क्रमश

११. द० स्कं०, पृ० १०, १२, १२, १२, १३, १३, १५, १६, १६, २८, ३०, ३०, ३७, ६२, ६२, ६९, ७०, ७०, ७०, ७१, ७१, ८५, ८६, ९१, ९३, ९३, ९४, ६७, १०१, १०९ क्रमशः

१२ श्रीकृ० ली० का०, पृ० ३१, ३९, ३६, ४०, ४२, ४२, ४३, ४४, ४६, १०७, ३१०, ३११ क्रमश·

१३. न० कृ० का० पृ० १३७, १३८, १३८, २७७, ३०५, ३१६, ३४०, ३४४, ३५४, ३५५, ३९४, ४३२ ४६१, ४६६, ४७२, ४७२, ४७७, ४७७, ४७८, ४७८, ४८१, ४८२, ४९३, ४९३ क्रमश

१४ श्रीम० भा०, पृ० २४१, २४२, २४२, २४७, २५३, २६०, २७१, २७२, २७२, २७२, २७२, २७४, २७४, २७४, २७८, २८६, २६१, २६१, २६१, २६२, २९३, २६३, २६४, २६४, २६४, ३००, ३००, ३००, ३००, ३००, ३०० क्रमशः

१५ सूरदास डॉ० ब्रजेश्वर वर्मा. प्रथम संस्करण, पृ० ५२१, ५२२

१६ नंद· पृ० १, २, ३, ४, ४, ४, ४, ४, ५, ५, ७, ७, ८, ९, ६, १२, १३, १४, १४, १५, १६, १६, १८, ३०, ३३, ३३, ३५, ३५, ३७, ३७, १५३, १५३, क्रमश

१७. बिहारी रत्नाकर · पृ० ४, ४, ७, ९, ६, १०. ११, १२, १६, १७, २०, २१, २३, २४, ३२, ३२, ४०, ४२, ४३, ४३, ४३, ४३, १११, ११९, १२१, १५६, १८४ क्रमश

१८. द० स्कं०, पृ० ९६

१९. न० कृ० का०, पृ० ६५, १०२, ११४, १४७, १५२, १५६, १५६, १५६, १५६, ३१६, ४९४, ५०८, क्रमशः

२०. श्रीम० भा०, पृ० २६४, २९४ क्रमश

२१. प्राचीन काव्य माला, भाग १४, पृ० ९९, १८१

२२. सूरदास : डॉ० ब्रजेश्वर वर्मा; प्रथम संस्करण, पृ० ५२३

२३. सू० सा०, पृ० १७

२४. वही,

२५ अष्टछाप और वल्लभसम्प्रदाय, भाग २, पृ० ८८२

२६. वही, पृ० ८७८

२७. श्रीव० र० वा०, पृ० ३९, ४०, ४१, ७६

२८. नि० मा०, पृ० २०३

२९. बिहारी रत्नाकर, पृ० ४, २२, २७, २८, ३४

३०. मी० प०, पृ० २२ पद ५५

३१ हरि० षो०, पृ० १४३, १७५, द० स्क०, पृ० ९८, १४६। श्रीकृ० ली० का०, पृ० ३०, ४४, ४६, न० कृ० का०, पृ० ६५, १६३, ३०१, ३०७, ३४८, ३६२, ३६४, ४०४, ४०८, ४७१, ४९२ श्रीम० भा०, पृ० २८८, प्रेमानंद कृत मास मैं, छन्द संख्या ६२, सुदामाचरित मैं, बृ० का० दो० भाग १, पृ० २५०

३२. न० कृ० का०, पृ० ४७२, ४८८, श्रीकृ० ली० का०, पृ० ३०, ४४, प्रेमानन्दकृत मास में छन्द सख्या ७१

३३. हरि० षो०, पृ० १४३, द० स्कं०, पृ० १२, ६२, ९७; श्रीकृ० ली० का०, पृ० ३०१

३४ हरि० षो०, पृ० १४५, न० कृ० का०, पृ० ४७२, ४८०, ४८४, ४८५, श्रीकृ० ली० का०, पृ० २९

३५. हरि० षो०, पृ० १४४, श्रीकृ० ली० का०, पृ० २९

३६ द० स्कं०, पृ० २३०; न० कृ० का०, पृ० ८४; श्रीम० भा०, पृ० २४०, २४७, ३१६; बृ० का० दो० भा० १, पृ० २४८

३७ मी० प०, पृ० १८, ४९, पद ४३, ४५, १३९

३८. न० कृं० का०, पृ० २२१, २२२, २२६, २०५

३९ मी० प०, पृ० ६२ पद ५४

४० द० स्क० पृ० ६८, न० कृ० का०, पृ० ३७५

४१ द० स्क०, क पृ० १०, ख. पृ० १६, ग, पृ० १३७, घ पृ० ११०

४२ न० कृ० का०, क पृ० ३८५, ख पृ० ४८४, ग पृ० ४८५, घ पृ० ४८५, ङ. पृ० ४८७ च. पृ० ४८८, छ पृ० ५२२

४३. श्रीम० भा०, क. पृ० २४१, ख पृ० २४१, ग. प्राचीन काव्य माला पृ० ११३, घ बृ० का० दो० भा० १, पृ० २५६, ङ. वही, पृ० २८४

४४. सूरदास, डॉ० ब्रजेश्वर वर्मा, प्रथम सस्करण, पृ० ५२८

४५ नन्द०, क पृ० १२७, ख पृ० ११, ग पृ० १२

४६. द० स्क०, क पृ० ६, ख पृ० ११, ग. पृ० ५६, घ पृ० ६९, ङ पृ० ७१
च. पृ० ७३, छ. पृ० ७४, ज पृ० ७७, झ पृ० ९१, ञ पृ० ६५७
ट पृ० ९६, ठ पृ० ९६, ड. पृ० १००, ढ. पृ० ११५, ण पृ० १६
त. पृ० १७२, थ पृ० २२३, द. पृ० २२२

४७. न० कृ० का०, क. पृ० ६५, ख. पृ० ११८, ग पृ० १५६, घ. पृ० २७३, ङ. पृ० ३१६
च. पृ० ४६२, छ पृ० ४७५, ज पृ० ४७६, झ. पृ० ४७६, ञ पृ० ४७७
ट. पृ० ४८२, ठ पृ० ४८३, ड पृ० ४८५, ढ पृ० ४८९, ण पृ० ४८९

४८ श्रीम० भा०, क. पृ० २५२, ख. पृ० २७२, ग पृ० ३२५,
घ. पृ० ३२६, ङ पृ० ३२७ च पृ० ३३०,
छ. मास छ० सं० ४९, ज बृ० का० दो०, भा० १ पृ० २४०
झ. वही, पृ० २४०, ञ. वही, पृ० २४१, ट श्रीम० भा० पृ० ३२७

४६. सूरदास : डॉ० ब्रजेश्वर वर्मा, प्रथम संस्करण, पृ० ५२६, ५२८

५० नंद०, क. पृ० १२७, ख पृ० १३०, ग. पृ० १३३, घ. पृ० १३०, ङ पृ० १४२,
च. पृ० ३३, छ पृ० २ ज. पृ० ३, झ. पृ० ७, ञ. पृ० १४३

५१ द० स्कं०, पृ० १३

५२ न० कृ० का०, पृ० १७०, १७१, १७४, १७५

५३ गुजराती लैंग्वेज एण्ड लिटरेचर, पृ० ६०-६७

५४ श्रीकृ० ली० का०, पृ० ३११

५५. श्रीहितचौरासी पद, ११, ५२, श्रीकृ० ली० का०, पृ० १००, १०२, छं० स०, ४१, ४२, ५१

५६. श्रीगदा० वा०, पृ० ६, १०, १६, १८, १९

५७. द० स्कं०, प्रारंभ में दिया हुआ 'कविचरित्र', पृ० ५

५८. द० स्क०, पृ० ५३, ५४, १९९, २०१, २०७

५९. श्रीकृ० ली० का० प्रारंभ में दिया हुआ 'निवेदन', पृ० १३

६०. कविचरित, भाग २, पृ० ३६५

६१. वही, पृ० ३६६

६२. वही, पृ० ३६७

६३. सू० सा०, पृ० १३२, ४८९, ६५५, प्रीतिचौवनी. छं० सं० ३३

६४ द० स्क०, पृ० २२३, २२४

६५. गुजराती साहित्य, खड ५ मो०, पृ० ३४७

उपसंहार

उपसंहार

गुजराती और ब्रजभाषा कृष्ण-काव्य मे प्रस्तुत, भावगत और विचारगत जो व्यापक साम्य मिलता है वह दोनों भाषाओ से सम्बद्ध प्रदेशो की सांस्कृतिक एकता का परिणाम है। यत्र तत्र जो थोड़ा सा वैषम्य प्राप्त होता है वह दोनों प्रदेशों की संस्कृति की क्षेत्रीय विशेषताओं पर आधारित है। सारी परिस्थिति पर गंभीरता-पूर्वक विचार करने ते ज्ञात होता है कि साम्य आन्तरिक है और वैषम्य अपेक्षाकृत बाह्य। इस साम्य और बैषम्य मे गुजरात तथा ब्रज की भौगोलिक स्थिति का बहुत बड़ा हाथ रहा है जिसके कारण दोनो का सांस्कृतिक सम्बन्ध इतनी मात्रा मे सभव हो सका। यह सम्बन्ध धर्म, राजनीति, भाषा और साहित्य आदि जीवन के सभी क्षेत्रों मे व्यक्त हुआ। कृष्ण का यादवो समेत मथुरा को छोड़कर द्वारका मे जा बसना एक ऐसो घटना है जिसे दोनो प्रदेशो के सास्कृतिक सम्बन्ध के प्रतीक रूप मे ग्रहण किया जा सकता है।[१] कृष्ण की जन्मभूमि मथुरा है और देहोत्सर्ग भूमि गुजरात। काठियावाड मे प्रभास से कुछ मील दूर एक स्थल आज भी दिखाया जाता है जहाँ श्रीकृष्ण शर-विद्ध होकर गिरे थे।[२] इसी तरह मथुरा के इतिहास मे कृष्ण के महाभिनिष्क्रमण को बहुत महत्वपूर्ण घटना माना जाता है।[३] कृष्ण के जीवन से सम्बद्ध होने के कारण ही मथुरा और द्वारका दोनों को भारतवर्ष की सात मोक्ष-दायिका पुरियों मे स्थान मिला है।[४] कृष्ण के समय की द्वारावती और वर्तमान द्वारका की स्थिति मे भेद माना जाता है फिर भी आधुनिक द्वारका का इतिहास २००० वर्ष प्राचीन कहा जा सकता है।[५] मथुरा से द्वारका तक के सुविस्तृत क्षेत्र में कृष्ण-भक्ति अत्यन्त प्राचीनकाल से प्रचलित रही जिसके अनेक प्रमाण पुरातत्व विज्ञान की खोजों मे मिलते है। मथुरा क्षेत्र मे कृष्ण-बलराम की कई मूर्तियाँ उपलब्ध हुई है। एक शिला-पट्ट पर नवजात कृष्ण को लिए वसुदेव के यमुना पार करने का दृश्य अकित मिलता है और एक गुप्तकालीन मूर्ति कालीय-दमन की भी मिली है।[६] गुजरात क्षेत्र मे कालीय मर्दन और गोवर्धन धारण विषयक अनेक प्रतिमाएं अथवा प्रस्तर आलेखन आबू, मनोद, सोमनाथ तथा मांगरोल नामक स्थानो पर मिले है।[७] कृष्ण का 'त्रैलोक्यमोहन' रूप तो केवल गुजरात मे ही उपलब्ध होता है।[८] कृष्ण की चतुर्भुज और द्विभुज मूर्त्तियाँ विष्णु से उनकी एकता प्रमाणित करती है। गुजरात मे कृष्ण-भक्ति के प्रचार का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण प्रमाण अनावाडा से प्राप्त वि०

सं० १३४८ के शिला लेख से मिलता है जो शार्गदेव से सम्बद्ध है। इस लेख का प्रारम्भ **'वेदानुद्धरते जगन्ति वहते भूभारमुद्विभ्रते'** से होता है। यह जयदेव के 'गीत-गोविंद' की पंक्ति है। इस शिलालेख से एक कृष्ण-मन्दिर के होने की भी सूचना मिलती है।[९]

दामोदार की उपासना के भी कई प्रमाण मिलते है। गिरनार मे प्राप्त होने वाला सं० १४७३ का एक शिलालेख दामोदार कृष्ण की स्तुति से प्रारम्भ होता है। जिस प्रकार द्वारका मे रणछोड़राय का महत्व है उसी प्रकार जूनागढ मे दामोदर का। जैन कवियों ने 'दामोदरहरि पंचमऊ' के द्वारा दामोदर को भारतवर्ष में प्रसिद्ध कृष्ण या विष्णु के चार स्वरूपों, जगन्नाथ, बदरी केदारनाथ, रणछोड़राय तथा विठोवा के बाद पाँचवाँ स्थान दिया है।[१०] कृष्ण के अतिरिक्त विष्णु के अन्य रूपो की उपासना का भी विकास इस क्षेत्र में समान रूप से हुआ है। भंडारकर, रायचौधरी तथा दुर्गा-शंकरशास्त्री द्वारा वैष्णवधर्म की उत्पत्ति और विकास का जो अध्ययन प्रस्तुत किया गया है उसमें इस सत्य को प्रकट करने वाली सामग्री यथेष्ट मात्रा में मिलती है जिसका उल्लेख यहाँ संभव नही है। कृष्ण-भक्ति और वैष्णवधर्म से इतर शैव तथा जैन धर्म के द्वारा भी मध्यदेश और गुजरात परस्पर सम्बद्ध रहे। प्रभास के सोमनाथ से लेकर काशी के विश्वनाथ तक शैवोपासना का एक ही स्वर गूँजता रहा। मथुरा का आधुनिक कंकाली टीला प्राचीन समय में जैनियों का बहुत बड़ा केन्द्र रहा है। गुजरात तो शताब्दियों तक जैनधर्म की श्वेताम्बर शाखा का प्रधान आश्रयस्थल रहा। जैनियों के ९१ वें तीर्थंकर नेमिनाथ काठियावाड़ से ही सम्बद्ध थे। आचार्य हेमचन्द्र के समय में आकर जैनधर्म गुजरात का राजधर्म बन गया।[११] गुजरात मे ही जैन साहित्य में कृष्ण को स्थान मिला जिसका विशेष परिचय 'जैनागमो मे श्रीकृष्ण' शीर्षक लेख में अगरचन्द नाहटा ने दिया है।[१२] आठवी और दसवी शती के जैन कवि स्वयंभू और पुष्पदन्त आदि के काव्यों में विविध कृष्णलीलाओं का भी वर्णन मिलता है।[१३]

राजनैतिक रूप मे मध्यदेश और गुजरात अनेक बार अभिन्न रहे है। उग्रसेन ने कृष्ण की सहायता से द्वारका को राजधानी बना कर भी दूर तक फैले हुए यादवों पर शासन किया।[१४] परशुराम का आतंक महिष्मती से मिथिला तक व्याप्त था। पौराणिक काल के इन सम्बन्धो के बाद मौर्यकाल के सुस्पष्ट इतिहास से प्रमाणित होता है कि मध्देश के साथ ही चन्द्रगुप्त मौर्य का आधिपत्य आनर्त और सौराष्ट्र पर भी था तथा अशोक का साम्राज्य भी मध्यदेश से सौराष्ट्र तक विस्तृत था जिसकी साक्षी गिरनार के शिलालेख देते है।[१५] चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के शासनकाल में गुजरात

पुनः मध्यदेश से शासन की दृष्टि से अभिन्न हो गया और उज्जयिनी शासन का केन्द्र बनी । हूणों के आक्रमणों द्वारा गुजरात से मथुरा तक का सारा भूभाग पादाक्रान्त हुआ ।

राजपूताना और गुजरात दोनों पर आभीरों का आधिपत्य रहा । गुर्जर और प्रतिहारों ने अपना केन्द्र कन्नौज को बनाया ।[१६] नवी शती के दूसरे दशक से लेकर दसवी शती के पूर्वार्ध तक गुजरात कन्नौज से ही शासित होता रहा ।[१७] गुर्जरो का सम्पर्क ब्रजप्रदेश से इतना रहा कि आजतक ग्वालिन अथवा किसी सुन्दरी स्त्री के लिए 'गूजरी' या 'गुजरिया' शब्द प्रयुक्त होता है । मथुरा और सोममाथ दोनों को महमूद गज़नवी के आक्रमणों से ध्वस्त होना पडा जिसका प्रतिकार इस सारे भूभाग की जनशक्ति ने संगठित रूप से किया । गुजरात के अत्यन्त प्रतापी शासक सिद्धराज जयसिंह के शासन की सीमा मध्यप्रदेश मे स्थित महोत्सवनगर (महोबा) तक विस्तृत थी ।[१८]

शासन के साथ ही गुजरात की सीमाएँ भी बदलती रही । प्रस्तुत अध्ययन की दृष्टि से यह तथ्य अत्यधिक महत्व रखता है । ग्रियर्सन ने मध्यकालीन गुजरात को राजपूताने का एक भाग मात्र बताया है ।[१९] ऐतिहासिक दृष्टि से मध्यकालीन गुजरात की सीमा मे खानदेश, मालवा तथा राजपूताने का दक्षिणी भाग भी सम्मिलित था । वर्तमान गुजरात की रूपरेखा तब तक निश्चित नही हुई जब तक वह मुग़ल साम्राज्य का अंग नहीं बन गया । अकबर ने सन् १५७३ मे गुजरात के सूबे की नवीन सीमाएँ निर्धारित करके उसे अपने राज्य मे सम्मिलित कर लिया । गुजरात और मध्यप्रदेश पुनः एकसूत्र में बँध गये ।[२०] प्रस्तुत अध्ययन के लिए स्वीकृत शताब्दियों मे यह राजनैतिक एकता पूर्णतया अक्षुण्ण रही ।

जहाँ तक भाषा का प्रश्न है गुजरात और मध्यदेश का पश्चिमी भाग दोनों युगों तक और भी अधिक समीप रहे है । सस्कृत का प्रभुत्व प्राचीनकाल से ही दोनों प्रदेशो पर रहा परन्तु लोकभाषा का विकास जिस अप्रतिहत गति से इस भूभाग में हुआ वह विलक्षण है । यह लोकभाषा थी अपभ्रंश और इसे मूलतः आभीरों की भाषा माना गया है । भरत ने इसको **'आभीरोक्तिः'** कहा और दडी ने **'आभीरादिगिरः'** बताया ।[२१] यह आभीर कौन थे इस सम्बन्ध मे निश्चयात्मक रूप से कुछ भी नही कहा जा सकता । कुछ विद्वान इन्हें विदेशी मानते है और कुछ के मत से इनका भारतीय होना भी सम्भव है क्योंकि विदेशी होने का कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं मिलता ।[२२] आभीर गोपाल-कृष्ण या गोविन्द के उपासक थे ।[२३] इनका विस्तार गुजरात से लेकर

शूरसेन प्रदेश तक था और इनकी भाषा अपभ्रंश का प्रसार भी लाट, सुराष्ट्र, त्रवण, दक्षिणी पंजाब, राजपूताना, अवती और मदसोर आदि मे था[२४]। भंडारकर के मत से अपभ्रंश का विकास छठी या सातवी शती में, उस भूभाग मे हुआ जिसमे आज ब्रजभाषा बोली जाती है।[२५] थूथी ने इसी मत को स्वीकार किया है।[२६] यह शौरसेनी अपभ्रश किसी समय गुजरात मे भी प्रचलित थी।[२७] राजपूताने से लेकर गुजरात तक पन्द्रहवी शती के पहले एक ही भाषा का प्रचार था ऐसी टेसीटरी आदि कई भाषा-शास्त्रियो की धारणा है।[२८] गुजराती और जयपुरी की सहायक क्रियाओं का रूप इसका प्रमाण है।[२९] जयपुरी ही नही मालवी का भी गुजराती से घनिष्ट सम्बन्ध रहा।[३०] ग्रियर्सन के अनुसार गुजराती अपनी मूल विशेषताओ मे पश्चिमी हिन्दी के समीप है और उससे भी अधिक उसकी समीपता राजस्थानी से है।[३१] 'हिन्दी काव्य-धारा' की अवतरणिका मे राहुल साकृत्यायन ने स्पष्ट लिखा है कि तेरहवी शती तक गुजरात आज के हिन्दी क्षेत्र का अभिन्न अग रहा है।

वस्तुतः पन्द्रहवी शती से पूर्व की भाषा विषयक यह समीपता ही मीरां के पदो के गुजराती, राजस्थानी और ब्रज तीनों मे पाये जाने का कारण है। साथ ही सारे प्रदेश की एकता का अन्यतम प्रमाण भी। प्रारभ से गुजरात मे लोकभाषा के प्रति विशेष आकर्षण एव अह भाव मिलता है। भौंजदेव ने **अपभ्रंशेन तुष्यन्ति स्वेन नान्येन गुर्जराः** तथा राजशेखर ने **संस्कृतद्विषः** लिखकर इसी ओर लक्ष्य किया है।[३२] भालण तथा प्रेमानंद आदि कवियो मे लौकिक भाषा के प्रति जिस गर्व की भावना की ओर भाषा सम्बन्धी विवेचन करते हुए सकेत किया गया है उसकी प्रेरणा काफी गहरी है। लोक-भाषा की तरह लोक-चेतना से सम्बन्ध रखने वाला बहुत सा लौकिक और पौराणिक साहित्य दोनों प्रदेशों की समान सम्पत्ति रहा। लोक कथाओ के निर्माण मे गुजरात का विशेष योग मिलता है। सस्कृत और प्राकृत का विपुल वार्ता-साहित्य इसी भूभाग मे रचा गया और उज्जयिनी से उसे सतत प्रेरणा मिली। भोज और मुज की कथाओं ने सारे प्रदेश को प्रभावित किया।[३३] हिन्दी साहित्य में प्रेमकथाओं और वीरगाथाओं की जो परम्परा मिलती है उसका पश्चिमी अपभंश की रचनाओं से अभिन्न सम्बन्ध माना जाता है।[३४]

पौराणिक साहित्य का इस क्षेत्र में विशेष प्रचार रहा है। महाभारत, हरिवंश और विष्णु आदि कई पुराण गुप्त-काल से ही गुजरात में व्याप्त हो चुके थे। यही नहीं हरिवंश, मत्स्य तथा मार्कण्डेय जैसे पुराणो के निर्माण में भी गुजरात ने योग दिया हो यह बहुत संभव है।[३५] हरिवंश युक्त महाभारत तो शतसाहस्रीय सहिता अथवा पंचम वेद[५७] माना जाता था। वायु,मत्स्य, मार्कण्डेय तथा ब्रह्मपुराण और कदाचित्

देवीभागवत भी सातवी शती तक जनप्रिय हो चुके थे। साहित्यिक जनता ने शताब्दियों तक विभिन्न पुराणो से प्रेरणा ली।[36] आलोच्य काल तक भागवत के साथ साथ ब्रह्मवैवर्त तथा पद्म आदि अन्य पुराण भी गुजरात तक व्याप्त हो गये थे जैसा कि भालण, प्रेमानद तथा अन्य अनेक आख्यानकारो द्वारा स्वीकार किया गया है। केशवदास ने अपनी रचना 'श्रीकृष्णक्रीडाकाव्य' मे भागवत ब्रह्मवैवर्त, आदि पुराणो के अतिरिक्त गर्गसहिता को भी आधार बनाया है। ब्रज के कवि भी इन ग्रथों से परिचित थे। रचनाओं का परिचय देते समय तथा वस्तु-विश्लेषण के प्रसंग में इस ओर बराबर सकेत कर दिया गया है। भागवत का तो मध्यकालीन भक्ति साहित्य पर शताब्दियों तक अखड राज्य रहा। इसका प्रभाव सभी पुराणों से अधिक व्यापक मिलता है। भक्तो का यह प्रधान उपजीव्य ग्रथ था और विद्वन्मंडली मे भी इसकी महत्ता सर्वमान्य थी यह **विद्यावतां भागवते परीक्षा** से प्रकट है।[37] धार्मिक दृष्टि से इसे एक सीमा-चिन्ह कहा जा सकता है। इसमें चार बल केन्द्रस्थ मिलते हैं। शुद्धभक्ति, उपासना-वृत्ति, पौराणिक बल और कला[38]। भारत की प्रमुख भाषाओं मे इसके प्रचुर अनुवाद मिलते हैं। गुजरात और ब्रजप्रदेश में इसका प्रभुत्व और भी अधिक रहा। गुजरात मे तो इसकी प्रसिद्धि दशवी शती तक हो चुकी थी। मूलराज सोलकी ने भागवत की ११०८ प्रतियाँ सिद्धपुर के ब्राह्मणों को दान दी थी।[39] एक विद्वान की धारणा है कि यदि गुजराती साहित्य मे से भागवत से अनुप्रेरित सारी रचनाओं को निकाल दिया जाय तो बहुत कम ऐसी रचनाएँ रह जायँगी जिन्हे साहित्य कहा जा सके।[40] गुजराती कृष्ण-काव्य पर दृष्टि-पात करने से ज्ञात होता है कि गुजरात न केवल भागवत से सुपरिचित था वरन् उससे सम्बन्धी अन्य साहित्य का भी उसे पूर्ण ज्ञान था। रत्नेश्वर ने भागवत की श्रीधरी टीका को अपने अनुवाद का आधार बनाया और भीम ने वोपदेव के हरिलीलामृत को। इससे स्पष्ट हो जाता है कि ब्रजभाषा से अधिक भागवत के अनुवाद गुजराती में क्यों हुए।

गुजरात मे कुछ ऐसे ग्रन्थो के प्रचार के प्रमाण भी मिलते है जिनसे ब्रज का परिचय नही था जैसे नृसिंहारण्यमुनि का 'विष्णुभक्ति-चन्द्रोदय' जिसकी सं० १४६९ वि० मे लिखित प्रति का एक पृष्ठ नरसी के जन्म-स्थान तलाजा मे प्राप्त हुआ।[41] पूना के भंडारकर इन्स्टीट्यूट के सग्रहालय मे इसकी अनेक प्रतियाँ मिलती है। बिल्वमगल द्वारा रचित 'कृष्णकर्णामृत' से भी गुजराती कृष्ण-काव्य ने प्रेरणा ग्रहण की है जैसा केशवदास की रचना में संगुफित उसके तीन श्लोकों से ज्ञात होता है। यह भी कहा जाता है कि चैतन्य इस रचना की रमणीयता पर

मुग्ध होकर इसे द्वारका से 'नदीया' ले गये थे ।[६२] गुजरात मे 'गीतगोविन्द' के १३ वीं शती से बहु प्रचलित होने का उल्लेख किया ही जा चुका है। वस्तुतः भागवत के बाद जिस ग्रंथ ने गुजराती और ब्रजभाषा कृष्ण-काव्य को विशेष रूप से प्रभावित किया वह यही 'गीतगोविंद' है। गुजराती के सर्वप्रमुख पदकार नरसी का जयदेव की इस रचना से घनिष्ठतम परिचय मिलता है। यही नही उन्होंने अपनी रचनाओ मे जयदेव का नामोल्लेख मात्र न करके उन्हे पात्रता तक प्रदान की है। नरसी ने स्वय को गोपियो और जयदेव की परम्परा का भक्त माना है।

'अेक जाणे छो ब्रजनी गोपी के रस जयदेवे पीधो रे ।
उगतो रस अवनी ढलतो नरसैये ताणी ने लीधो रे ।

—न० कृ० का०, पृ० २६६

स्व० दुर्गाशकर शास्त्री ने नरसी पर जयदेव के प्रभाव का अत्यत सूक्ष्म विश्लेषण किया है।[६३] गीतगोविंद का प्रभाव ब्रजभाषा के कृष्ण-भक्त कवियों पर भी पर्याप्त रूप से मिलता है। इस रचना की अनेक प्रतिलिपियाँ हिन्दी की प्राचीन पुस्तकों के साथ बंधी ब्रज के वैष्णव घरों तथा मदिरों मे मिलती हैं जिससे ज्ञात होता है कि चाहे सगीत की दृष्टि से हो, चाहे इसमें निहित भावों की दृष्टि से हो, ब्रज मे इसका बहुत प्रचार था।[६४] आलोच्यकाल के कई कवियों के पदों मे जयदेव की कोमलकातपदावली के अश ध्वनित और ग्रथित मिलते हैं जैसे हरिराम व्यास के पदाश (व्या० वा० पृ० ३६८) पर **'धीर समीरे यमुना तीरे'** की छाया स्पष्ट झलकती है।

यद्यपि ब्रजभाषा कृष्ण-काव्य की तरह गुजराती कृष्ण-काव्य विभिन्न भक्ति सम्प्रदायों के अन्तर्गत विकसित नही हुआ तथापि भक्ति-आन्दोलन और भक्ति-सम्प्रदायो की विचारधारा ने गुजरात को स्पर्श ही न किया हो ऐसी नही। यह अवश्य है कि वृन्दावन और गोकुल इन सम्प्रदायों के प्रमुख केन्द्र रहे हैं जबकि गुजरात किसी भी वैष्णव भक्ति-सम्प्रदाय का, ब्रज की तरह केन्द्र न बन सका। वैष्णव धर्म और वासुदेव-पूजा का मूल प्राचीन उत्तर भारत में ही मिलता है परन्तु मध्यकालीन भक्ति का प्रवाह दक्षिण से उत्तर की ओर प्रवाहित हुआ इसमे किसी को सदेह नही है। यह धारणा नवीन न होकर पर्याप्त प्राचीन है। द्रविड़ देश मे कावेरी, ताम्रपर्णी आदि सरिताओं के तटवर्ती भूभाग में रहने वाले आळवार भक्तों द्वारा भक्ति के एक स्वरूप का विकास १० वी शती के पूर्व की कई शताब्दियों मे हुआ जो इन भक्त कवियों के प्रबन्धम् में संग्रहीत पदों से स्पष्ट है। भागवत मे जो नवधाभक्ति उपलब्ध होती है उसका मूल आळवारों

भक्ति में माना जाता है।[४५] यही नही भागवतकार के दक्षिणी होने की भी संभावना प्रकट की गयी है।[४६] द्राविड़ी भक्ति का यह प्रवाह उत्तर भारत मे किस किस क्षेत्र को पार करता हुआ आया इसका स्पष्टीकरण पद्मपुराण के उत्तरखड में दिये हुए भागवत माहात्म्य के अन्तर्गत भक्ति और उसके पुत्र ज्ञान-वैराग्य की कथा से किया गया है। भागवत माहात्म्य के प्रथम अध्याय के निम्नलिखित श्लोकों से ज्ञात होता है कि ब्रज में पहुँचने से पहले इस प्रवाह ने क्षीण होते हुए भी गुजरात का स्पर्श अवश्य किया था।

उत्पन्ना द्राविडे साहं वृद्धिं कर्णाटके गता।
क्वचित्क्वचिन्महाराष्ट्रे गुर्जरे जीर्णतां गता। ।।४८।।
वृन्दावनं पुन. प्राप्य नवीनेव सुरूपिणी। ।।५०।।

—पद्मपुराणे उत्तरखंडे श्रीमद्भागवत माहात्म्ये प्रथमोध्यायः।

११वी शती के बाद दक्षिण से जिन भक्ति-सम्प्रदायों का उदय हुआ उनका गुजरात पर १५वी शती तक कोई असर दिखाई नही देता। इस काल मे गुजरात में वैष्णव धर्म के जो चिन्ह मिलते है वे साम्प्रदायिक न होकर सामान्य एव पौराणिक है।[४७] १५वी शती मे रामानुज-सम्प्रदाय प्रसरित होने लगा। द्वारका में १२ वीं शती में रामानुज का प्रभाव रहा हो ऐसी भी सभावना दुर्गाशंकर शास्त्री द्वारा स्वीकार की गयी है।[४८] रामानद ने रामानुज-सम्प्रदाय से कुछ भिन्न मान्यताओं को स्थापित करते हुए राम-भक्ति का प्रचार किया और उनके कबीर, रैदास आदि शिष्यों का प्रभाव समस्त उत्तर भारत में व्याप्त हो गया। मध्यदेश में कबीर और तुलसी ने उन्हीं का अनुसरण करते हुए राम को इष्टदेव के रूप में ग्रहण किया। गुजरात में रामानंद का प्रभाव १४वी शती के उत्तरार्ध से लेकर १५वी शती के बाद तक रहा।[४९] भालण और प्रेमानद पर राम-भक्ति का प्रभाव स्पष्ट परिलक्षित होता है क्योंकि कृष्ण के सम्बन्ध मे काव्य रचना करते हुए भी उन्होंने राम को ही अपना इष्ट देव माना है। ऐसा उनके दशमस्कंधों मे बार बार प्रयुक्त 'भालण प्रभु रघुनाथ' तथा 'प्रेमानंद प्रभु राम' से सिद्ध होता है। कहा जाता है कि यह साम्प्रदायिक न होकर पौराणिक है।[५०] परन्तु अपने नाम के साथ राम शब्द के योग का इतना आग्रह तुलसीदास जैसे राम-भक्त मे भी नही मिलता। मीरा के पदों मे कृष्ण के लिए अनेक रामवाची शब्द प्रयुक्त हुए है। नरसी ने भी अपने को रामनाम का व्यापारी कहा है—

सतो हमे रे वेवारीया श्री रामनामनां।

—न० कृ० का०, पृ० ४७४

अन्य वैष्णव सम्प्रदायों के सम्बन्ध में कहा गया है कि 'निम्बार्क, मध्व के वारकरीओनी असर गुजरात मां काई देखाती न थी।' [५१] वस्तुतः यही सत्य भी है। हिन्दी के एक विद्वान् का यह कथन कि 'गुजरात मे माधवाचार्य ने द्वैतमूलक वैष्णव धर्म का प्रवर्तन किया' यथार्थ प्रतीत नही होता। [५२]

राधा-कृष्ण के युगल रूप की उपासना को प्रश्रय देने वाले निम्बार्क-मत का प्रभाव वृंदावन पर तो रहा परन्तु गुजरात में परिलक्षित नही होता। राधा-कृष्ण के उपासक राधावल्लभीय सम्प्रदाय के सम्बन्ध मे अवश्य कहा जाता है कि वल्लभ-सम्प्रदाय से पहले उसी ने गुजरात को अपना प्रभाव-क्षेत्र बनाया था।[५३] यह प्रभाव कदाचित् बहुत ही क्षणिक रहा होगा क्योंकि १६ वी शती के राधावल्लभीय कवि हरिराम व्यास ने लिखा है कि लोग व्यर्थ ही बंगाल और गुजरात मे भटकते फिरते है। भक्ति का केन्द्र तो वृंदावन ही है—

भटकत फिरत गौड़ गुजरात।
सुखनिधि मथुरा तजि वृदावन दामन कौ अकुलात।

—व्या० वा०, पृ० १५०

बारकरी-सम्प्रदाय के नामदेव आदि सन्तों से मध्यदेश और गुजरात परिचित अवश्य था परन्तु उनका प्रभाव गुजराती भक्तों पर पडा हो ऐसा निश्चयपूर्वक कहना कठिन है यद्यपि शास्त्री के अनुसार नरसी ने उनके द्वारा प्रसरित एव द्वारका तक विस्तृत प्रवाह मे स्नान किया था जैसा उनके निम्नलिखित कथन से प्रकट है।

'मराठी वारकरी संतोअे जे प्रवाह दक्षिणमां विस्तार्यो हतो ने छेक द्वारका सुधी पहोंच्यो हतो ते भक्ति प्रवाहमां नरसिंह नाह्यो हतो ने भक्तनी तन्मयता प्राप्त करी चूक्यो हतो, अे वस्तु अेनी प्रत्येक कृतिमां मूर्त थाय छे। अेना जीवनमां भगवाने करेली चमत्कारिक मदद पणो अे तन्मयतानी ज निरूपणा छे।' [५४]

परन्तु नरसी मे जो तन्मयता है उसके साथ सखी-भाव या गोपी-भाव की प्रेरणा है अतएव वारकरी सन्तों की भाव-धारा से उसका मेल करना समुचित प्रतीत नही होता। पद-शैली और चमत्कारिक घटनाओ में वारकरी सन्तों के साथ नरसी की रचनाओं का सादृश्य अवश्य परिलक्षित होता है मीरा और नरसी दोनो ने नामदेव का उल्लेख दो एक स्थल पर किया है—

नरसी—क. ....नामो ने रामो।

—न० कृ० का०, पृ० १०४

ख. सोइ नामदेव नुं देवल फेरव्युं ते तमारी कृपा गणाणी रे ।

—वही, पृ० ५५६

मीरां—......नामदेव की छान छवंद ।

—मी० प०, पृ० १३७

मीरां और नरसी की प्रेम-ज्वालाएँ कहाँ से फूट पड़ीं, उनमें इतनी 'तलसाट' कहाँ से आयी, इस प्रश्न का उत्तर गुजरात पर चैतन्य-सम्प्रदाय का प्रभाव स्वीकार करके दिया जाता है जिसकी पुष्टि गोविंददास के भ्रमण-वृत्तान्त से होती है। चैतन्य-सम्प्रदाय के जीव गोस्वामी के सम्पर्क में मीरां अपने वृन्दावन-वास के समय आयीं थी यह भी असंदिग्ध समझा जाता है।[५५] इस सबका मूल आधार है मीरां, नरसी और चैतन्य की रागानुगा, प्रेमलक्षणा एवं शुद्ध भक्ति। वृन्दावन चैतन्य-सम्प्रदाय का केन्द्र बना और शुद्ध भक्ति के प्रसार की दृष्टि से सारे भारतवर्ष का हृदय सिद्ध हुआ।[५६] दुर्गाशंकर शास्त्री ने नरसी पर वृन्दावनी भक्ति अथवा चैतन्य-सम्प्रदाय का प्रभाव अस्वीकृत करते हुए सिद्ध किया है कि नरसी ने भागवत, जयदेव और भ्रमणशील साधुसंतों के प्रभाव से सखी-भाव का स्वतन्त्र विकास किया। उन्होंने यह भी सिद्ध किया है कि सखी-भाव चैतन्य द्वारा ही उद्-भूत न होकर उनसे पहले भी मिलता है।[५७] नरसी को वल्लभ-सम्प्रदाय से सम्बद्ध करने की भी चेष्टा की गई है जिसपर अब तक किसी विद्वान् ने श्रद्धा प्रकट नहीं की। उनके दो पद ऐसे हैं जिनमें 'पुष्टिमार्ग' शब्द प्रयुक्त हुआ है। एक के आधार पर तो उन्हें पुष्टिमार्ग का 'बधैया' तक कहा जाता है—

१. कोटिक काम विलास विविध, बेहु समोवड शोभी रह्यां,
अेवो **पुष्टिमारग** अनुभव्यो रस नरसइंयो हूतो तिहां।

—न० कृ० का०, पृ० १२३

२. श्री वल्लभ श्री विट्ठळ, भूतले प्रगटी ने, पुष्टिमार्ग ते विशद करशे।
दैवी निज जीव जे, शरण जे आवशे, बिना साधन उद्धार करशे।

—वही, पृ० ५३४

पहले स्थल पर 'प्रेम मार्गीनो अनुभव्यो रस' पाठांतर मिलता है। दूसरे पद पर टिप्पणी करते हुए संग्रहकर्ता इच्छाराम सूर्यराम देशाई लिखते हैं—

'उपलुं पद नरसिंह महेतानी कृति छे अेम मानववानो प्रयत्न, श्रीमद्वल्लभाचार्य सम्प्रदायना केटलांक गोसांइना बालको अने अनेक वैष्णवो करे छे......वैष्णवो कहे छे के नरसैयो पुष्टिमार्गनो बधैयो वधामणी आपनारो हतो, अने नरसिंह मेहे-

लाअे श्री वल्लभाचार्य जे बोध करवाना हता, ते प्रथम जणाववाने जन्म लीधो हतो। आना जेवो उडांगटोल्लो, हुँ धारूं छुं के कोई पण पंथ सम्प्रदायमां नहि हशे। नरसिंह मेहेताना काव्यो, पदो जेटलां जेटलां जूना चोपडामांथी उतार्या छे तेमां क्यांही अे पद दृष्टे पड्युं नथी पण अराडमी सदीना लखायला वल्लभ-सम्प्रदायना चोपडामांथी ज मात्र आ पद मळी आव्युं छे............सूक्ष्म रीते अवलोकन करनारने प्रत्यक्ष थशे के नरसिंहनी ज्ञान-भक्ति अने पुष्टि-भक्ति वच्चे कोई पण जातनी साम्यता नथी तो पछी उक्त पदमां वर्णवेली भविष्यवाणी नरसिंह मेहेतो केम भाखे? नरसिंहनी भक्ति नुं स्वरूप, कोई पण विष्णु उपासक पंथ ने मान्य छे, सर्वदेशी छे, वल्लभाचार्यनी भक्ति नुं स्वरूप अेकदेशी छे।'

टिप्पणीकार ने पद को प्रक्षिप्त माना है और चौथी कड़ी को जो ऊपर उद्धृत की गई है, भाषा, वस्तु तथा विचार तीनों की दृष्टि से कृत्रिम कहा है जो यथार्थ ही है। दिवेटिया ने भी नरसी के काव्य-काल को वल्लभाचार्य के जन्म सन् १४७९ से पूर्व मानते हुए घोषित किया है कि उनपर पुष्टिमार्ग का कोई प्रभाव न था और नरसी की कृष्ण-भक्ति का मूल भागवत, जयदेव आदि को ही मानना चाहिए; साथ ही यदि नरसी को समय-च्युत भी किया जाय तो भी यही मान्यता चरितार्थ होगी।[५८]

नरसी के दार्शनिक विचार शुद्धाद्वैतवाद से बहुत मिलते हैं जैसा कि सिद्धान्त पक्ष में निर्दिष्ट किया गया है। उन्होंने 'लीलाभेद', 'लीला रस' आदि का प्रयोग भी किया है किन्तु इस सबका कारण पुष्टिमार्ग का प्रभाव न होकर उपनिषद् भागवत आदि प्राचीन भक्ति एवं दर्शन सम्बन्धी ग्रन्थों की परम्परा का परिपालन ही है। लीला की महत्ता भागवत में मुख्यतया निरूपित की गई है और दार्शनिक क्षेत्र में भी उसकी देन महत्वपूर्ण है। वल्लभाचार्य ने इसीलिए भागवत की 'समाधि भाषा' को प्रस्थान-त्रयी के बाद चतुर्थ प्रमाण माना।

गुजराती साहित्य पर पुष्टिमार्ग का प्रभाव वस्तुतः सत्रहवीं शती के पड़ना प्रारंभ हुआ। इस समय तक वल्लभाचार्य और विट्ठलनाथ अनेक बार गुजरात जा चुके थे और अनेक स्थलों पर उनकी बैठकें स्थापित हो चुकी थीं। वल्लभाचार्य अपने पर्यटन मे सूरत, भरुच, मूर्वी, नवानगर, खभालीया, पिंडतार डाकोर, द्वारका, जूनागढ़, प्रभास, नरोडा, गोधरा आदि स्थानों पर गये ऐसा माना जाता है।[५९] वल्लभाचार्य के ज्येष्ठ पुत्र गोपीनाथ के प्रचार का मुख्य क्षेत्र गुजरात ही था।[६०] विट्ठलनाथ ने द्वारकाधीश के दर्शन के लिए निम्नलिखित प्रमाण से छः बार गुजरात की यात्रा की।[६१]

१ प्रथम अड़ैल से गुजरात पधारे।
२ स० १६१३ मे पुन. अड़ैल से गुजरात पधारे।
३. स० १६१९ में गढा से पधारे।
४. स० १६२३ मे मथुरा जी से पधारे।
५. स० १६३१ मे श्रीगोकुल से पधारे।
६. सं० १६३८ मे पधारे।

चैतन्य की शुद्ध भक्ति गुजराती स्वभाव की व्यावहारिकता तथा व्यापारी प्रवृत्ति के प्राबल्य मे न पनप सकी।[६२] किन्तु इन्ही कारणो से पुष्टिमार्ग वहाँ कुछ ही समय मे इतना व्याप्त हो गया कि गुजरात उसका घर बन गया और वैष्णव का अर्थ ही पुष्टिमार्गीय वैष्णव हो गया। सम्प्रदाय-प्रसार के नवीन उत्साह से प्रेरित होकर विट्ठलनाथ के 'अर्बुदारण्य' निवासी एक गुजराती शिष्य गदाधरदास ने 'सम्प्रदाय प्रदीप' नामक संस्कृत ग्रंथ की रचना की जिसमे अनेक प्रशस्तियों के साथ वल्लभाचार्य को विष्णुस्वामी और विल्वमंगल की आचार्य परम्परा में स्थापित किया। गदाधर न विद्यानगर के पूज्य देवता 'श्री विट्ठलनाथ' द्वारा दिये गये स्वप्न के प्रसंग मे एक स्थल पर स्पष्ट लिखा है कि **'श्रीवल्लभाचार्यंन्प्रति श्रीविट्ठलनाथेनोक्तं भवद्भि विष्णुस्वामि मार्गोऽङ्गीकर्तव्यः'** (सम्प्रदायप्रदीप, पृ० ६२) अर्थात् विट्ठलनाथ की मूर्ति ने वल्लभाचार्य से विष्णुस्वामी के मत को अंगीकार करने को कहा, क्योंकि विष्णुस्वामी की रचनाएँ कालकवलित हो चुकी थी। **'विष्णुस्वामिकृत श्रुति व्याससूत्र गीता भागवतभाष्य निबन्धादि कालेनान्तर्हितं'**। दक्षिण के विष्णुस्वामी-सम्प्रदाय से गुजरात परिचित रहा हो यह असंभव नही है। विष्णुस्वामी विष्णु के नृसिह रूप के उपासक थे। नृसिंह विष्णु का रुद्र रूप है और विष्णुस्वामी-सम्प्रदाय की संज्ञा रुद्र-सम्प्रदाय भी है। इस सम्प्रदाय में नृसिह-भक्ति क्रमशः गोपालोपासना के द्वारा स्थानान्तरित होती गयी। नृसिहारण्य मुनि द्वारा रचित, जूनागढ़ से प्राप्त 'विष्णुभक्ति चद्रोदय', जिसका उल्लेख किया जा चुका है, में कई स्थलों पर नृसिह की बन्दना के श्लोक मिलते हैं। रचयिता के नाम मे प्रयुक्त नृसिह सभव है सम्प्रदाय-गत नामकरण की परिपाटी का द्योतक हो। श्रीधरी टीका जो गुजरात मे परिचित थी नृसिंह की वन्दना से ही प्रारम्भ होती है।[६३] रत्नेश्वर ने अपने गुरु परमानद के दैवत् को नृसिह कहा है। गुजरात मे नृसिहोपासना के प्रमाण भी पर्याप्त मिलते हैं। नृसिह का त्रिशिर-विग्रह तथा स्त्री-मूर्ति गुजरात मे नृसिह से सम्बद्ध किसी विशिष्ट सम्प्रदाय की ओर से रची गयी होगी ऐसा अनुमान किया जा सकता है।[६४] सम्प्रदाय प्रदीप मे देवप्रबोध नामक आचार्य को नृसिहोपासक माना गया है जैसा **'ततो देव-**

प्रबोधाचार्येण स्वेष्टदेवता नृसिंह वचनेन . ।' से विदित होता है। इस सम्बन्ध मे विशेष ऊहापोह न भी किया तो भी इतना स्पष्ट है कि गुजरात मे पुष्टिमार्ग के, प्रवेश के बाद ही वल्लभाचार्य के विष्णुस्वामी मतवर्ती होने पर विशेष बल दिया गया। स्वयं वल्लभाचार्य की रचनाओ से यह तथ्य प्रमाणित नहीं होता। गोविन्दलाल भट्ट और अमरनाथ राय ने इस विषय मे पर्याप्त शोध की है। भट्ट जी का मत यथार्थ प्रतीत होता है। (दृष्टव्य : बडौदा ओरियटल-कान्फ्रेन्स रिपोर्ट, सन् १९३३)

गोसाई विट्ठलनाथ के एक अन्य गुजराती शिष्य गोपालदास ने 'वल्लभाख्यान' और 'भक्तिपीयूष' नामक दो ग्रन्थों की रचना की जिनमे 'वल्लभाख्यान' पर ब्रज-भाषा में टीका भी हुई है। इस रचना मे कवि ने अपने गुरु श्रीविट्ठलनाथ को लीला-धारी कृष्ण का साक्षात् स्वरूप माना है।[६५]

आलोच्य काल के तीन गुजराती कवियों पर पुष्टिमार्ग का प्रभाव स्पष्ट परि-लक्षित होता है इनमे से एक है 'रसिकगीता' के रचयिता भीम, दूसरे हैं 'मथुरालीला' के प्रणेता केशवदास और तीसरे है रासलीलाकार वैकुठदास। भीम विट्ठलनाथ के शिष्य थे और केशवदास तथा वैकुंठदास गोकुलनाथ के। कवियों ने इस सत्य को बिशेष श्रद्धा के साथ स्वीकार किया है जो निम्नलिखित पंक्तियों से व्यक्त होती है—

ब्रजमा भगति घणी, अे सर्वे जाणे सही,
वलव अे रसीक जन तेणे लीलाकरी।
कीहां रस प्रीत न होती व्रज थी परवरी,
जेणे विट्ठलेश जाण्या तेना पाप थाअे अरी।

—रसिकगीता, बृ० का० दो०, भाग ७, पृ० ७०१

गुरु कल्याण कीधु मम सार, कीधो वैश्य नाम अधिकार,
आपी वाणी कर्णे कृपाय, श्रीवल्लभ कुलमां गोकुलराय।
प्रथमि प्रणमू श्री गोकुलचंदनि, रसीकशिरोमणि आनद कंदनि।

—प्राचीन काव्य सुधा, भाग ३, पृ० १४१

कदाचित् इन्ही केशवदास वैष्णव ने 'वल्लभवेल' का भी निर्माण किया है जिसपर गोपालदास के पूर्वोक्त 'वल्लभाख्यान' की छाया है। इस रचना में सं० १६४६

मे गोकुलनाथ द्वारा की गयी गुजराती यात्रा का भी उल्लेख है तथा वल्लभकुल के सम्बन्ध मे अन्य अनेक सूचनाएँ उपलब्ध होती है जिनका क्रमिक परिचय शास्त्री ने 'कविचरित' मे दिया है।[६६] प्रस्तुत अध्ययन मे स्वीकृत उक्त दोनो कवियों के अतिरिक्त १७ वी शती में और भी एक कवि हुए है जिन पर पुष्टिमार्ग का प्रभाव मिलता है। उनका नाम है महावदास। एक काव्य में उन्होंने गुजराती के वेणाभट्ट की पुत्री के साथ होने वाले गोकुलनाथ जी के विवाह का वर्णन किया है।[६७] गुजरात के प्रसिद्ध व्यंग्यकार वेदान्ती कवि अखा भगत ने भी गोकुलनाथ की शिष्यता स्वीकार की लेकिन वह स्थायी न रह सकी। कवि ने लिखा है **'गुरु कर्या में गोकुलनाथ, गुरुए मुजने घाली नाथ'**[६८] अष्टछाप के कवियो के पद वैष्णव सम्प्रदाय के मंदिरों मे गाये जाते रहे और गुजराती मध्ययुगीन भक्ति-काव्य के अन्तिम स्तम्भ दयाराम को उनसे पर्याप्त प्रेरणा मिली।[६९] गुजराती कवि केशवदास के 'श्रीकृष्णक्रीडाकाव्य' मे एक गोपी जनवल्लभाष्टक दिया है वैसा ही अष्टक वल्लभ-सम्प्रदाय में हरिराय-कृत माना जाता है। दोनों मे प्राय. अभेद है, सभव है केशवदास तथा हरिराय दोनों ने किसी एक स्त्रोत से उसे ग्रहण किया हो।[७०] हरिराय जी का गुजरात से पर्याप्त सम्पर्क रहा। इस प्रकार गुजरात पर उस पुष्टिमार्ग का व्यापक प्रभाव मिलता है जिसका प्रधान केन्द्र ब्रज था। गुजरात ने पुष्टिमार्ग के विकास मे उसे स्वीकार करके ही योग नही दिया वरन् तत्सम्बन्धी साहित्य निर्माण मे भी भाग लिया जिसके कुछ प्रमाण ऊपर दिये जा चुके है। पर जो इनसे भी अधिक महत्त्वपूर्ण योग है वह अष्टछाप के कवि कृष्णदास की रचनाओं के रूप मे मिलता है। कृष्णदास गुजराती थे और उनका जन्म गुजरात मे, राजनगर (अहमदाबाद) राज्य के चिलोतरा नामक एक गॉव मे हुआ था। शूद्रकुल मे उत्पन्न होने पर भी उन्हे पुष्टिमार्ग मे पर्याप्त मान्यता मिली और ये 'अधिकारी' की उपाधि से विभूषित किये गये। इन्होने अपने अधिकार से गोसाईं विट्ठलनाथ तक को श्रीनाथ जी की सेवा से निर्वासित कर दिया था।[७१] युगो पुरानी गुजरात और ब्रज की अभिन्नता पुष्टिमार्ग के प्रसार के साथ चरमसीमा पर पहुँच गयी। पुष्टिमार्ग से पहले के सम्प्रदायो का गुजरात पर जो प्रभाव पडा वह इतना पर्याप्त नही था कि साहित्य-सृजन को उस प्रकार प्रभावित कर सकता जैसे कि ब्रज में किया है। यही कारण है कि पुष्टिमार्ग के प्रवेश के पूर्व साम्प्रदायिक प्रेरणा से लिखा गया साहित्य गुजराती मे उपलब्ध नही होता। इसके विरुद्ध ब्रज को प्रत्येक कृष्ण-भक्ति-सम्प्रदाय ने अपना केन्द्र बनाया और परिणामत: ब्रज का समस्त कृष्ण-भक्ति-साहित्य प्राय. किसी न किसी सम्प्रदाय के सिद्धान्तों से प्रेरणा लेकर लिखा गया।

जहाँ तक गुजरात के लोक-मानस का सम्बन्ध है वह धर्म के क्षेत्र मे सहज श्रद्धावान्, विश्वासी, तर्कहीन, तुलसी-पीपल पूजनेवाला, गो-ब्राह्मण की पूर्ण श्रेष्ठता स्वीकार करने वाला-स्मार्त एवं पौराणिक है। अपने इसी स्वभाव के कारण गुजरात ने कृष्ण-काव्य में राधा को 'भक्ति' का स्वरूप माना जबकि ब्रज के विभिन्न सम्प्रदायों ने राधा को 'आदिप्रकृति' तथा 'ह्लादिनी शक्ति' आदि अनेक स्वरूपो मे देखा है और तदनुरूप दार्शनिक व्याख्याएँ भी प्रस्तुत की है। गुजरात के स्वभाव में राज-सत्ता तथा वैभव के प्रति विशेष आकर्षण मिलता है। इसका फल यह हुआ है कि कृष्ण के राजसी जीवन के प्रति भी गुजराती कवियों ने पर्याप्त आकर्षण प्रदर्शित किया है। 'कृष्णविष्टि' अथवा 'पाडवविष्टि' नाम से जो उनेक रचनाएँ गुजराती कृष्ण-काव्य मे मिलती है वे इसका प्रमाण है कि गुजराती कवियों ने ब्रज के कवियों की तरह अपने भाव-क्षेत्र को केवल गोकुल-वृन्दावन के कृष्ण तक ही सीमित नही रक्खा है। ब्रज के कवियों ने कृष्ण के राजसी स्वरूप को कहीं भी अपने काव्य का भाव-केन्द्र नही बनाया। सुदामाचरित और रुक्मिणीहरण सम्बन्धी काव्य अपवाद जैसे ही हैं। विष्टि ही नही द्वारकावासी कृष्ण के जीवन की कुछ अन्य घटनाओं को भी गुजराती कवियों ने रस के साथ अंकित किया है। उदाहरणार्थ सत्यभामा का विवाह तथा रूठना। भालण ने सत्यभामा के प्रसग को विशेष भाव से चित्रित किया है। वस्तुतः मुख्यरूप से आख्यानकार होने के नाते गुजराती कवियों ने प्रायः कृष्ण के जीवन के किसी एक भाग तक ही अपने काव्य को सीमित नही रक्खा है प्रत्युत समस्त् कृष्ण-चरित के प्रति उनकी भक्ति थी। यह भक्ति पूर्णतया पौराणिक कही जा सकती है, केवल नरसी और मीरा को छोड़कर क्यों कि उन की प्रेरणा पौराणिक न होकर वृन्दावनीय थी।

कुछ बातें गुजराती कृष्ण-काव्य में ऐसी मिलती है जो सर्वथा प्रादेशिक प्रभाव से आयी है जैसे रुक्मिणीहरण की कथा मे प्रेमानंद द्वारा गुजरात से सम्बद्ध जैन तीर्थंकर नेमिनाथ का समावेश तथा नयर्षि और नरसी द्वारा किया गया द्वारका-रास का वर्णन। जैनधर्म मथुरा में भी प्रचलित था परन्तु बाद में विलुप्त होगया। परन्तु गुजरात मे आज तक वह एक प्रधान धर्म है। प्रेमानंद ने निश्चित रूप से गुजराती जैनधर्म के प्रभाव से ही नेमिनाथ का समावेश किया, ठीक उसी तरह जिस तरह जैन साहित्य मे कृष्ण को स्थान दिया गया। द्वारका में रास की कल्पना भी प्रदेश विशेष के वातावरण एवं प्रादेशिक परम्पराओं से प्रभावित मानस की उपज है। जैसे कृष्ण ने वृन्दावन में गोपियों के साथ रास किया वैसे ही द्वारका मे भी रानियों के साथ किया होगा

ऐसी कल्पना का गुजरात के लोक-मानस मे उत्पन्न होना अत्यन्त सहज एव स्वाभाविक है। गुजरात की अपनी शैली तथा छंदगत विशेषताएँ भी कृष्ण-काव्य मे मिलती है जैसे कडवाबद्ध आख्यान-शैली और सस्कृत वृत्तों का प्रयोग। इसी तरह भाषा के क्षेत्र में भी कुछ बाते उल्लेखनीय है।

गुजरात और मध्यदेश की उपर्युक्त बातों के अतिरिक्त बहुमुखी सांस्कृतिक एकता से साथ साथ कुछ विशेषताएँ और भी मिलती है जिन्हे प्रादेशिक, प्रातीय अथवा क्षेत्रीय कुछ भी कहा जा सकता है। ब्रज-प्रदेश की लोक-सस्कृति ब्रज-काव्य में और गुजरात की लोक-संस्कृति गुजराती काव्य मे प्रतिविम्बित हुई है। यमुना के किनारे के लिए ब्रज मे प्रयुक्त 'तट' या 'तीर' का प्रयोग न करके नरसी ने 'काठे' का प्रयोग किया है जो गुजरात मे सुप्रचलित है—

सुन्दर जमुना जी ने कांठे रे उग्यो शरदपुनम नो चंद।

—न० कृ० का०, पृ० ४१८

प्रेमानद ने 'रुक्मिणीबाई' लिखा है जो गुजरात के लिए सहज प्रयोग परन्तु ब्रज के लिए नहीं। गोपियाँ जो गीत गाती हैं उनको 'गरबी' की संज्ञा दी गयी है। गरबी गुजरात की एक प्रधान विशेषता है। यह प्राय: 'गरबा' नृत्य के साथ गा जाती है—

ताल पखाज वेणा रस महुवर गरबी गाय रसीली रे।

—न० कृ० का०, पृ० ५१२

नरसी ने 'हमची' लेकर गाने का भी इसी तरह कई स्थलो पर वर्णन किया हैयी जिसका अभिप्राय मंडली-बद्ध गायन से है। कृष्णदास की 'रुक्मिणी हरण हमचडी' ऐसे ही गीतों का संग्रह है। प्रेमानंद ने कृष्ण को झुलाने के लिए सारी बाँध कर बनाई हुई झोली का वर्णन किया है यह भी गुजरात में बहुप्रचलित है। गुजराती कवियों ने जहाँ आभूषणों और पकवानों की नामावलियाँ दी हैं वहाँ भी प्रातीय विशेषता देखी जा सकती है। ब्रज के कवियों ने कलेवा या जेवनार में अनेक प्रादेशिक व्यजनों का उल्लेख किया है। आभूषण तथा वेश-भूषा के वर्णन मे भी प्रादेशिक प्रभाव स्वाभाविक रूप मे मिलता है। सूर के कृष्ण 'भौंरा चकडोरी' से खेलते हैं—

खेलन हरि निकसे ब्रज खोरी।
कटि कछनी पीतांबर ओढ़े हाथ लिये भौरा चकडोरी।

—सू० सा०, पृ० २०४

लाठी मार होली तो निश्चय ही ब्रज की अपनी वस्तु है सूर ने उसका भी वर्णन अपने काव्य मे किया है—

उत जेरी धरे ग्वाल बाँसन की परी मार यह छवि नाहि बारपार सोर झोर झोरी।
उत होरी पढत ग्वार इत गारी गावति ए नद नाहि जाये तुम महिर गुणन भोरी।

—सू० सा०, पृ० ५५८

इस उद्धरण मे गाली गाने का भी वर्णन है । ब्रज के अन्य कवि गदाधर भट्ट ने गाली गाने का वर्णन किया है जो लोक प्रचलित जीवन से लिया गया है—

देत परस्पर गारि द्वारे जाय खरे ।

—वा० श्रीगदा०, पृ० ५०

गुजराती कवियों ने गुजरात की मास-गणना के अनुसार कृष्ण का जन्म श्रावण मे लिखा है परन्तु ब्रज के कवियो ने भादों मे माना है । नरसी, प्रेमानंद और वासगदास ने 'राही' को राधा से भिन्न एक सखी के रूप मे चित्रित किया है । ऐसा चित्रण ब्रज मे उपलब्ध नही होता । यह समान्य बाते अपने आप में अधिक महत्त्व नही रखती किन्तु इनसे जिस सत्य की व्यजना होती है वह अत्यंत महत्वपूर्ण है । और वह यह है कि समान परम्परा से कृष्ण-लीलाओं का ग्रहण करके भी दोनों भाषाओं के कवियों ने उनका विकास अपने अपने प्रदेश के सस्कारो, व्यवहारो, लोकाचारों, विचारो एव भावनाओ के अनुरूप किया है, जो स्वाभाविक ही है । सभी कवियो ने अपने आराध्य को लोक-चेतना का केन्द्र बनाने के लिए अपने चारों ओर की भूमि के जीवन से विविध तत्त्व सचित करके उनसे कृष्ण का शृगार किया है । समस्त कृष्ण-काव्य वास्तव में अपने व्यक्त रूप मे लोकोन्मुखी काव्य है । उसकी रचना भी ऐसे वर्ग के कवियों द्वारा हुई है जिन्होंने लोक-जीवन से अपना सम्बन्ध कभी विच्छिन्न नहीं किया । ब्रजभाषा के रीतिकालीन कवि अवश्य दरबारों मे आश्रय ग्रहण करके लोक-जीवन से दूर जा पड़े परन्तु गुजराती के प्राय: सभी कवियो का लोक से घनिष्ठ सम्बन्ध रहा है । यही कारण है कि भक्ति से हटकर गुजराती काव्य ब्रजभाषा की काव्य की तरह रीति-शैली की आलकारिकता और कृत्रिम भावाभिव्यक्ति की ओर अग्रसर नही हुआ । शृगार-प्रियता अवश्य गुजराती और ब्रजभाषा के काव्य मे चरम रूप में मिलती है । दोनों भाषाओं के कवियों ने वैराग्य, ज्ञान और भक्ति से युक्त सूक्ष्म भावनाओं के निरूपण के साथ ही राधा-कृष्ण की विलास-लीलाओं का स्थूलतम

चित्रण किया है। आधुनिक मनोविज्ञान ऐसे वर्णनो के भक्ति-काव्य माने जाने पर गंभीर प्रश्नचिह्न अकित करता है। प्राचीन सैद्धान्तिक व्याख्याओ के अनुसार इसका उत्तर अनेक प्रकार से दिया जाता है जो पूरी तरह सतोष नही देता। यहाँ केवल इतना ही अभिप्रेत है कि दोनो भाषाओं मे 'उघाडो' या उघरे हुए शृंगार से युक्त काव्य-रचना प्रचुर मात्रा मे हुई। १५वी, १६वी तथा १७वी शती के गुजराती और ब्रजभाषा में लिखे गये कृष्ण-काव्य और उसकी बहुमुखी पृष्ठभूमि पर दृष्टिपात करने से सक्षेप मे हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते है कि दोनो की आत्मा एक है, जो कुछ विभेद है वे अपेक्षाकृत गौण एवं वाह्य है और वे किसी प्रकार इस आत्मिक एकता का अपघात नही करते। यह एकता और भेद,साम्य और वैषम्य वर्ण्यवस्तु, सिद्धान्त, भाव, कला, छद तथा भाषा प्रभृति काव्य के सभी अंगो में लगभग समान रूप से परिलक्षित होता है।

किसी भी तुलनात्मक अध्ययन मे प्रभाव के सम्बन्ध मे निश्चित रूप से हठात् किसी निष्कर्ष पर पहुँच जाना उचित नही कहा जा सकता फिर भी काव्य-धाराओ की गति देखकर दिशा का निर्देशन संभव है। पिछले पृष्ठो मे देखा जा चुका है कि गुजरात और ब्रज की बहुत सी परम्पराएँ अभिन्न रही है इसीलिए दोनो के काव्य मे बहुत से समान तत्व उपलब्ध होते है। उनके लिए कदापि नही कह जा सकता कि वे इस भाषा के साहित्य के प्रभाव से उस भाषा के साहित्य मे आये है पर कुछ बाते ऐसी हैं जिनके विषय में किसी भ्रान्ति की सभावना नही है। गुजरात में जो साहित्य पुष्टि-मार्ग की प्रेरणा से रचा गया उस पर निश्चय ही ब्रज की विचारधारा का प्रभाव है क्योंकि सम्प्रदाय का प्रधान केन्द्र ब्रज ही बना रहा। इसी तरह गुजराती के भालण, नरसी, केशवदास, लक्ष्मीदास, ब्रेहदेव आदि की रचनाओं मे जो ब्रजभाषा का प्रयोग मिलता है वह भी निश्चित रूप से ब्रज का प्रभाव कहा जा सकता है। इनमे से सब प्रक्षेप नही हैं और फिर किसी गुजराती कवि के नाम से रचकर ब्रजभाषा की रचनाओ को प्रक्षिप्त करने की प्रवृत्ति भी तो प्रभाव को ही सिद्ध करती है। भाषा और सम्प्रदाय इन दो विन्दुओं को मिलाकर एक रेखा खीची जा सकती है जिसकी गति स्पष्टतया ब्रज से गुजरात की ओर है। वृन्दावन के कृष्ण-भक्ति के मुख्य केन्द्र होने के कारण प्रभाव का प्रवाह मथुरा से द्वारका की ओर प्रवाहित हुआ ऐसा गुजराती विद्वानों ने भी स्वीकार किया है। निम्नलिखित पक्तियाँ इसका प्रमाण है।[७२]

'बार तेर ने चौदमा सैका मां राजपुताना ने गुजरातनी भाषामां झाझो फेर न होतो, अने मथुरां ने वृन्दावननी कीर्तिना पदो अे भाषामां थतां ज हशे अेम स्पष्ट

लागे छे। अेटलुं ज नहीं पण द्वारकां श्रीकृष्णनुं धाम होई, कृष्ण-कीर्तननो प्रवाह गुजरात मां बह्यो आवतो होवो ज जोइअे।'

अर्थ—१२वी, १३वी तथा १४वी शती मे राजपूताना और गुजरात की भाषा मे बहुत अन्तर नही था और मथुरा एव वृन्दावन की कीर्ति के पद इस काल की भाषा में थे और रचे गये यह स्पष्ट लगता है। इतना ही नही द्वारका कृष्ण का धाम होने के कारण ऐसा दीखता है मानो कृष्णकीर्तन का प्रवाह गुजरात मे बहा आ रहा हो।

इसीलिए प्रारंभ मे कृष्ग के मथुरा से द्वारका गमन को दोनों प्रान्तों के सास्कृतिक सम्बन्ध का प्रतीक कहा गया है।

दोनो भाषाओं के कृष्ण-काव्य के बीच मीरां की स्थिति उस पयस्विनी जैसी है जो गुजरात और ब्रज प्रदेश का अमर संयोग कराती है।

पादटिप्पणियाँ

१. मथुरां संपरित्यज्य गताद्वारवतीपुरीम्—महाभारत २, १३, ६५

२. GL, page 12

३. मथुरा परिचय, पृ० ३६

४ अयोध्या मथुरा माया काशी कांची अवन्तिका।
पुरी द्वारावती चैव सप्तैता मोक्षदायिकाः॥

५. The Glory that was Gurjardesha, part I, Section III, Chapter III, page 131

६. मथुरा परिचय, पृ० ५८; JOIB, Vol. 1, No. 1, page 55

७. AG, Chapter XI, page 229

८. वही

९. वैष्णवधर्मनो संक्षिप्त इतिहास, पृ० ३५७, AG, Chapter XI, page 228

१०. GL, page 116; संशोधनने मार्गे, पृ० ९५

११. मथुरा परिचय, पृ० ९६; AG, Chapter XI, page 233-235

१२. विश्वभारती, खड तीन, अक चार, १६४४, पृ० २३६

१३. हिन्दी काव्यधारा, राहुलसांकृत्यायन

१४. GL, Page 12

१५. GL, Page 12-13

१६. मथुरा परिचय, पृ० ६७

१७ GL, Page 28

१८. GL, page 37

१९. Linguistic Survey, Vol. IX, part II, page 328

२० JISOA Vol. X, 1942, page 7.

२१. GL, page 60

२२. मी० प० भूमिका, पृ० ४६; CL, page 17

२३. Enoyclopoedia of Religion and Ethics, Vol. XII, page 570; JOIB, Vol. I, No. 1, Page 52

२४. हिन्दी साहित्य की भूमिका, पृ० १७, २४

२५. Wilson's Philological Lectures, page 302

२६ VG, page 216

२७. GL, page 20, "This Saurseni prevailed in Gujarat......"

२८. Language of Gujarata, Bharatiye Vidya (New Series) No. 12, Page 314; GLL. Lecture II, page, 40

२९. ब्रजभाषा व्याकरण, पृ० २१

३० GL, page 2.

३१. Linguistic Survey, Vol. IX, part II, page 328; "Gujarati closely agrees in its main characteristics with Western Hindi and still more closely with Rajasthani."

३२. JISOA, Vol. X, 1942 page 9-10

३३. गु० सा० खंड ५मी, विभाग ५मो संस्कृत वार्ता साहित्य, प्राकृत लोक कथाओ

३४. हिन्दी साहित्य की भूमिका; पृ० २७, २८

३५ GL, page 18, 19

३६. GL, page 113

३७. हिन्दी साहित्य की भूमिका, पृ० ७०, ७१

३८. थोड़ांक रसदर्शनो, पृ० १२६

३९. श्रीकृ० ली० का०, निवेदन, पृ० २, ३

४०. VG. page 223; "For all the practical purposes, it may be said that if we remove all the literary work inspired by the Bhagwat purana, little will remain which may be worth the name of literature at all"

४१. वैष्णव धर्मनो संक्षिप्त इतिहास, पृ० ३५८

४२. श्रीकृ० ली० का०, निवेदन, पृ० १०

४३. अैतिहासिक संशोधन, पृ० १३४, १३७

४४. अष्टछाप और वल्लभ-सम्प्रदाय, भाग १, पृष्ठभूमि, पृ० २४

४५. Hymns of the Alwars by J. S. M. Hooper; "The kind of Bhakti described in thh Bhagwat Puran is precisely that of the Alwars."

४६. अैतिहासिक संशोधन, पृ० १९७

४७. वैष्णव धर्मनो संक्षिप्त इतिहास, पृ०, ३५३

४८ अैतिहासिक संशोधन, पृ० ६१३

४९. GL, page 116

५० थोड़ांक रसदर्शनो, पृ० १५५, १६४

५१. वही, पृ० १६०

५२. कबीर ग्रन्थावली, पृ० १६

५३. थोड़ांक रसदर्शनो, पृ० १९०; "......अने वल्लभमत १६ मां सैकाना पाछला भागमां गुजरातमां प्रसर्यो ते पहेलां राधावल्लभी सप्रदाये गुजरात मां थाणा कर्या हता।"

५४. संशोधनने मार्गे, पृ० ९८

५५. मी पदा परिशिष्ट, क, ३, पृ० ७२
५६. थोडांक रसदर्शनो, पृ० १७३
५७. अैतिहासिक संशोधन, पृ० १४२, १४८
५८. GLL, page 49, 50; गु० सा०, खंड ५, विभाग ८, प्रकरण १८, पृ० ३६५
५९. थोडांक रसदर्शनो, पृ० २०४
६०. अष्टछाप और वल्लभ-सम्प्रदाय, भाग १, पृ० ७५
६१. थोडांक रसदर्शनो, पृ० २०६
६२. वही, पृ० २०३
६३. हिन्दी अनुशीलन, वर्ष ३, अंक ४, पृ० १८, २१
६४ AG, page 151-155
६५ गु० सा०, खंड ५ मो, विभाग ८, प्रकरण १८, पृ० ३६७
६६. क च, पृ० ४९६
६७ वही, पृ० ५००
६८. GL, page 179
६९. गु० सा०, खंड ५ मो, विभाग ८, प्रकरण १९, पृ० ३६९
७०. श्रीकृ० ली० का० निवेदन, पृ० १४, १५
७१. अष्टछाप और वल्लभ-सम्प्रदाय, भाग १, पृ० २४४, २४८
७२. थोडांक रसदर्शनो, पृ० १४८

सहायक ग्रंथों की सूची

संस्कृत

ग्रंथ-नाम	विशेष विवरण
१. अणुभाष्य, भाग २	—लेखक : श्री वल्लभाचार्य, अनुवादक : जेठालाल गोवर्द्धन शाह, अहमदाबाद, आवृत्ति १ली, स० १९८४ वि० ।
२. उज्ज्वलनीलमणि	—लेखक : रूपगोस्वामी ।
३. कृष्णकर्णामृतम्	—लेखक : विल्वमंगल, प्रकाशक : ढाका यूनिवर्सिटी ।
४. गीतगोविन्दकाव्यम्	—संम्पादक : पं० केदार शर्मा, प्रकाशक : जयकृष्णदास हरीदास गुप्त १९४१ ।
५. तत्वदीपनिबन्ध	—लेखक : श्री वल्लभाचार्य, प्रकाशक : जेठा लाल गोवनर्धनदास शाह तथा हरिशंकर शास्त्री, अहमदाबाद, १९२६ ।
६. नारदभक्तिसूत्र (प्रेमदर्शन)	—सम्पादक : हनुमान प्रसाद पोद्दार, प्रकाशक : घनश्यामदास जालान, गीताप्रेस, गोरखपुर, पंचम संस्करण सं० २००१ वि० ।
७. पद्मपुराण	—चार भाग, सम्पादक : विश्वनारायण, पूना, १८९३-९४ ।
८. बालचरितम्	—लेखक : भास, सम्पादक, गणपति शास्त्री, त्रिवेन्द्रम सीरीज, त्रिवेन्द्रम, १९१२।
९. ब्रह्मवैवर्तपुराण	—श्रीकृष्णजन्म खंड, श्री वेंकटेश्वर प्रेस, प्रकाशक : खेमराज, मुम्बई सं० १९६६ वि० ।

ग्रंथ-नाम	विशेष विवरण
१०. महाभारत	—सम्पादक : टी० आर० कृष्णाचार्य, तथा टी० आर० व्यासाचार्य, सात भाग, बम्बई, १९०६-७।
११. विष्णुपुराणम्	—टीकाकार टी० आर० व्यासाचार्य, चार भाग, बम्बई, १९१४-१५।
१२. शार्ंगधर पद्धति	—सम्पादक : पीटर्सन, बाम्बे० एस० सीरीज, वाल्यूम प्रथम।
१३. श्रीमद्भगवद्गीता	—गीता प्रेस, गोरखपुर।
१४. श्रीमद्भागवत महापुराण	—टीकाकार : प० गोविन्ददास 'विनीत' प्रकाशक लाला श्यामलाल हीरालाल, श्यामकाशी प्रेस, मथुरा, प्रथम संस्करण, सं० १९९६ वि०।
१५. सम्प्रदायप्रदीप	—लेखक : गदाधर, अनुवादक तथा प्रकाशक : श्री कठमणि शास्त्री, विद्या-विभाग काकरोली, प्रथम संस्करण।
१६. हरिभक्तिरसामृतसिन्धु	—लेखक : रूपगोस्वामी, सम्पादक : श्री गोस्वामी दामोदर शास्त्री, अच्युत ग्रंथ माला, काशी, प्रथम संस्करण सं० १९८८ वि०।

प्राकृत

ग्रंथ-नाम	विशेष विवरण
१. गाथासप्तशती	—काव्यमाला २१, श्री सातवाहन विरचिता गंगाधर भट्ट विरचितया टीकया समेता। निर्णयसागर प्रेस, मुबई, सं० १८८९।
२. गौडवहो	—लेखक : वाक्पति, बाम्बे संस्कृत एन्ड प्राकृत सीरीज न० xxxiv, सम्पादक शकर पांडुरग पंडित, एम० ए०, तथा नारायण बापूजी उत्गीकर एम० ए०, भंडारकर ओरियन्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, पूना, १९२७ ई०।

हिन्दी

	ग्रंथ-नाम	विशेष विवरण
१.	**अलंकार मंजूषा**	—लेखक : ला० भगवानदीन, प्रकाशक: रामनारायण लाल, इलाहाबाद, नवी बार, स० २००४ वि० ।
२.	**अष्टछाप और वल्लभ-सम्प्रदाय, भाग १, २**	—लेखक: डॉ० दीनदयालु गुप्त, एम०ए०, एल०एल० बी०, डी० लिट्, प्रकाशक: हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग, प्रथम संस्करण, सं० २००४ वि० ।
३.	**अष्टछाप परिचय**	—लेखक: प्रभुदयाल मीतल, प्रकाशक: अग्रवाल प्रेस, मथुरा, प्रथम संस्करण, सं० २००४ वि० ।
४.	**उत्तरी भारत की संत परम्परा**	—लेखक: परशुराम चतुर्वेदी; प्रकाशक: भारत दर्पण ग्रंथमाला, प्रथम सस्करण, सं० २००८ वि० ।
५.	**कबीर ग्रंथावली**	—सम्पादक: श्यामसुन्दरदास बी० ए०, प्रकाशक: नागरी प्रचारिणी सभा, काशी, १९४७ ई० ।
६.	**कवित्तरत्नाकर**	—लेखक: सेनापति, प्रकाशक: हिन्दी परिषद्, प्रयाग विश्वविद्यालय, प्रयाग।
७.	**कविप्रिया**	—आचार्य केशवदास, लखनऊ १९२४ ई०।
८.	**कृष्णचरित्र**	—लेखक: वकिमचन्द्र ।
९.	**काव्यदर्पण**	—लेखक: पं० रामदहिन मिश्र, प्रकाशक: ग्रंथमाला कार्यालय बाँकीपुर, प्रथम संस्करण, १९४७ ई० ।
१०.	**छन्दःप्रभाकर**	—लेखक: बाबू जगन्नाथप्रसाद, मुद्रक: जगन्नाथ प्रेस विलासपुर, पाँचवाँ संस्करण, स० १९७९ वि० ।

	ग्रंथ-नाम	विशेष विवरण
११.	तुलसी रचनावली (कृष्ण गीतावली)	—सम्पादक : बजरंग बली 'विशारद'; प्रकाशक : श्री सीताराम प्रेस बनारस, प्रथम संस्करण, सं० १९९६ वि० ।
१२.	देव और उनकी कविता	—लेखक : डॉ० नगेन्द्र, गौतम बुक डिपो, दिल्ली ।
१३.	देव दर्शन	—संपादक : श्रीहरदयालु सिह; प्रकाशक : इडियन प्रेस लिमिटेड, प्रयाग, १९४१ ई० ।
१४.	ध्रुव सर्वस्व	—सपादक : रामकृष्ण वर्मा; प्रकाशक : भारत जीवन प्रेस काशी, प्रथम संस्करण, १९०४ ई० ।
१५.	नंददास, भाग प्रथम तथा द्वितीय	—संपादक : पं० उमाशंकर शुक्ल; प्रकाशक : प्रयाग विश्वविद्यालय, प्रयाग, प्रथम सस्करण, १९४२ ई० ।
१६.	निम्बार्क माधुरी	—संपादक विहारी शरण, वृदावन ।
१७.	प्रकृति और काव्य, (हिन्दी खंड)	—लेखक : डॉ० रघुवश; प्रकाशक : साहित्य भवन लिमिटेड, इलाहाबाद; प्रथम सस्करण ।
१८.	पिंगल प्रकाश	—लेखक : पं० रघुबरदयाल मिश्र; प्रकाशक : रत्नाश्रम आगरा, प्रथम संस्करण, १९३३ ई० ।
१९.	ब्रजभाषा व्याकरण	—लेखक : डॉ० धीरेन्द्र वर्मा, एम० ए०, डी० लिट्० ; प्रकाशक : रामनारायण लाल, प्रयाग, १९३७ ई० ।
२०.	ब्रजभाषा साहित्य में नायिका-निरूपण	—लेखक : प्रभुदयाल मीतल, प्रकाशक : प्रभुदयाल मीतल, अग्रवाल प्रेस, मथुरा, परिवर्द्धित सस्करण, सं० २००१ वि० ।

ग्रंथ-नाम	विशेष विवरण
२१. ब्रजमाधुरीसार	—संपादक : वियोगी हरि, प्रकाशक : हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग, पचम सस्करण, २००२ वि० ।
२२. बिहारीरत्नाकर	—संपादक : जगन्नाथदास रत्नाकर; प्रकाशक . दुलारेलाल भार्गव, लखनऊ, चतुर्थावृत्ति स० २००७ वि० ।
२३. भक्तनामावली	—लेखक : ध्रुवदास; संपादक : आर० दास, प्रयाग १९२८ ।
२४. भक्तमाल	—लेखक : नाभादास, लखनऊ, १९०८ई०
२५. भावविलास	—लेखक : देवदत्त, भारतजीवन प्रेस, काशी १८९२ ई० ।
२६. मतिराम ग्रंथावली	—संपादक . कृष्णविहारी मिश्र ; प्रकाशक : गंगा ग्रंथाकार, लखनऊ, तृतीय संस्करण, सं० १९९६ वि० ।
२७. मथुरा परिचय	—लेखक : श्री कृष्णदत्त बाजपेयी, लोक साहित्य सहयोगी प्रकाशन, मथुरा, प्रथम संस्करण १९५० ई० ।
२८. मिश्रबन्धु विनोद, भाग १	—लेखक : मिश्रबन्धु, लखनऊ, १९९१ वि० ।
२९. मीरां	—लेखक : श्री महावीर सिह गहलोत, प्रकाशक : शक्ति कार्यालय, दारागंज, प्रयाग, द्वितीय सस्करण सं० २००६ वि० ।
३०. मीरां : एक अध्ययन	—लेखिका : पद्मावती 'शबनम', प्रकाशक· लोक सेवक प्रकाशन, बनारस, प्रथम संस्करण २००७ वि० ।

ग्रंथ-नाम	विशेष विवरण
३१. मीराबाई की पदावली	—संपादक परशुराम चतुर्वेदी; प्रकाशक : हिन्दी साहित्य सम्मेलन, द्वितीय सस्करण, २००१ वि० ।
३२. मीरा स्मृति ग्रंथ	—प्रकाशक : स० ललिताप्रसाद शुक्ल, प्रकाशक : बंगीय हिन्दी परिषद्, कलकत्ता, प्रथमावृत्ति स० २००६ वि० ।
३३. मोहिनी वाणी	—लेखक : श्री गदाधर भट्ट, प्रकाशक : कृष्णदास कुसुम गोवर्द्धन, सं० २००० वि० ।
३४. रसखान पदावली	—लेखक : रसखान; हिन्दी प्रेस, प्रयाग ।
३५. रसिकप्रिया	—लेखक : आचार्य केशवदास; प्रकाशक : खेमराज कृष्णदास, सं० १९७१ वि० ।
३६. रहीम रत्नावली	—लेखक : रहीम, सं० मायाशंकर याज्ञिक ।
३७. वाणी श्री वल्लभ रसिक जी	—प्रकाशक : कृष्णदास; कुसुम सरोवर प्रथमावृत्ति ।
३८. वाणी श्री सूरदास मदनमोहन	—प्रकाशक : कृष्णदास; कुसुम सरोवर, सं० २००० वि० ।
३९. विद्यापति पदावली	—संपादक : रामवृक्ष बेनीपुरी, लहरिया सराय, कदम कुँआ, पटना ।
४०. श्रीमद्भगवद्गीता रहस्य	—लेखक : लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक; प्रकाशक : रामचन्द्र और श्रीधर बलवंत तिलक, चतुर्थ मुद्रण, १९२४ ई० ।
४१. श्री माधुरी वाणी	—लेखक : माधवदास; प्रकाशक : बाबा कृष्णदास; कुसुम सरोवर, प्रथमावृत्ति ।

	ग्रंथ-नाम	विशेष विवरण
४२.	श्री व्यास वाणी, भाग १, २	—प्रकाशक : अखिल भारतवर्षीय श्री हित राधा वल्लभीय वैष्णव महासभा, वृंदावन, प्रथम संस्करण, १९९१ वि० ।
४३.	श्री सूरसागर	—प्रकाशक : खेमराज श्री कृष्णदास सं० १९९१ वि० ।
४४.	श्री हितचौरासी सेवक वाणी	—गोस्वामी श्री हितहरिवश तथा सेवक जी, प्रकाशक . गोस्वामी श्री वनमाली लाल जी, तृतीय सस्करण, सं० १९९२ वि० ।
४५.	श्री राधावल्लभीय भक्तमाल	—लेखक : पं० रसिकअनन्यहित प्रियादास शुक्ल; प्रकाशक : पं० प्रियादासात्मज ब्रजवल्लभदास मुखिया, मथुरा, प्रथम संस्करण सं० १९८६ वि० ।
४६.	श्री हित स्फुट वाणी	—श्रीमद्धित हरिवंश चन्द्र; प्रकाशक . बद्रीदास वंशीदास स्वर्णकार, प्रथम संस्करण ।
४७.	सूरदास	—डॉ० व्रजेश्वर वर्मा, प्रकाशक : हिन्दी परिषद् विश्वविद्यालय, प्रयाग, प्रथम संस्करण १९४६ ई० ।
४८.	सूर निर्णय	—लेखक : द्वारिकादास परीख प्रभुदयाल मीतल; प्रकाशक : अग्रवाल प्रेस, मथुरा, प्रथम संस्करण २००६ वि० ।
४९.	हरिवंश भाषा	—ज्वालाप्रसाद मिश्र, बम्बई १९५३ वि० ।
५०.	हिन्दी काव्य धारा	—लेखक : राहुल सांकृत्यायन, किताब महल, इलाहाबाद ।
५१.	हिन्दी साहित्य की भूमिका	—लेखक : पं० हजारीप्रसाद द्विवेदी, प्रकाशक : हिन्दी ग्रंथ रत्नाकर कार्यालय बम्बई, प्रथम संस्करण १९४० ई० ।

ग्रंथ-नाम	विशेष विवरण
५२. हिन्दी साहित्य का इतिहास	—लेखक : पं० रामचन्द्र शुक्ल, प्रकाशक : नागरी प्रचारिणी सभा काशी, छठा सस्करण २००७ वि० ।
५३. हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास	—लेखक : डॉ० रामकुमार वर्मा; प्रकाशक : रामनारायण लाल, प्रयाग, द्वितीय संस्करण, १९४८ ई० ।

गुजराती

ग्रंथ-नाम	विशेष विवरण
१. आपणा कविओ, खंड १	—लेखक : केशवराम काशीराम शास्त्री; प्रकाशक : गुजराती वर्नाक्यूलर सोसाइटी, अहमदाबाद, द्वितीय सस्करण, १९४६ ई० ।
२. ऐतिहासिक संशोधन	—लेखक : दुर्गाशकर केवलराम शास्त्री; प्रकाशक : गुजराती साहित्य परिषद्, प्रथम आवृत्ति, १९४१ ई० ।
३. कविचरित, भाग १, २	—लेखक : केशवराम काशीराम शास्त्री; प्रकाशक : गुजराती वर्नाक्यूलर सोसाइटी, अहमदाबाद, १९३९ ई०।
४. कवि प्रेमानंद अने नरसिंह कृत कुँवरबाई नु मामेरुं	—सपादक : भगतभाई प्रभुदास देसाई; प्रकाशक : नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद, १९४३ ई० ।
५. कार्यवही १९४२:४३ नी	—प्रकाशक : गुजरात साहित्य सभा, अहमदाबाद नी आफ प्रिट, नरसिंह प्रेमानंदादिनी नामे चढेली सदिग्ध कृतिओ ।
६. काव्य संग्रह नरसिंह महेता कृत	—संपादक . इच्छाराम सूर्यराम देसाई, प्रकटकर्ता, गुजराती प्रेसना मालीक, प्रथम संस्करण सं० १९६९ वि० ।
७. गजरात सर्वसंग्रह	—रचयिता : नर्मदाशंकरलाल शकर कवि, १८८८ ई० ।
८. गुजराती साहित्य	—संपादक : कनैयालाल माणिकलाल मुशी, प्रकाशक : श्री साहित्य प्रकाशक : कम्पनी लिमिटेड, बम्बई, चतुर्थ संस्करण १९२५ ई० ।

ग्रंथ-नाम	विशेष विवरण
९. गुजराती हाथ प्रतोनी संकलित यादी	—तैयार करनार . के० का० शास्त्री, गुजराती, वर्नाक्यूलर सोसायटी, अहमदाबाद, १९३९ ई० ।
१०. थोडांक रसदर्शनो	—लेखक : कनैयालाल मुशी ; प्रकाशक: जीवनलाल अमरशी महेता, अहमदाबाद, प्रथम आवृत्ति, सं० १९८९ वि० ।
११. नरसैयो भक्तहरिनो	—लेखक . कनैयालाल माणिकलाल मुशी; प्रकाशक जीवनलाल अमरशी महेता, अहमदाबाद ।
१२. प्रबोध प्रकाश	—सपादक . केशवराम काशीराम शास्त्री, प्रकाशक गुजरात वर्नाक्यूलर सोसाइटी, आवृत्ति पहेली सं० १९९२ वि० ।
१३. प्राचीन गुजराती छंदो	—लेखक : रामनारायण विश्वनाथ पाठक, प्रकाशक : गुजरात विद्या सभा, अहमदाबाद, आवृत्ति पहेली सं० २००४ वि० ।
१४. पुष्टि दर्पण	—लेखक : जेठालाल गोवर्धनदास शाह; प्रकाशक . लल्लूभाई छगनलाल देसाई, अहमदाबाद, १९३८ ई० ।
१५. पुष्टि मार्ग	—लेखक तथा प्रकाशक: श्री द्वारकादास पुरुषोत्तमदास परिख, काँकिरोली, प्रथम सस्करण सं० २००१ वि० ।
१६. प्रेमानंद, एक अध्ययन	—लेखक : केशवराम काशीराम शास्त्री ।
१७. भालण उद्धव अने भीम	—लेखक : चुन्नीलाल मोदी ।

ग्रंथ-नाम	विशेष विवरण
१८. भालण कृत दशमस्कंध	—संपादक : हरगोविंद द्वारकादास कटावाला; प्रकाशक : विट्ठलभाई आशाराम ठक्कर, बड़ोदा, प्रथम सस्करण १९१५ ई० ।
१९. भालणनां पद	—संपादक : जेठालाल नारायण त्रिवेदी; प्रकाशक . जीवन लाल अमरशी महेता, प्रथम आवृत्ति १९४७ ई० ।
२०. रसेश श्रीकृष्ण अने श्रीकृष्णचरित्र	—लेखक . जे० जी० शाह; प्रकाशक : लल्लू भाई छगनलाल देसाई, अहमदाबाद।
२१. रास पंचाध्यायी (फल प्रकरण)	—श्री सुबोधिनी जी; सं० जेठालाल गोवर्धन दास शाह ।
२२. रास सहस्रपदी	—सपादक . केशवराम काशीराम शास्त्री।
२३. बृहत् काव्य दोहन	—सपादक . इच्छाराम सूर्यराम देसाई, बबई।
भाग १लो	सप्तम सस्करण १९२५ ई० ।
भाग २जो	तृतीय संस्करण १९१३ ई० ।
भाग ३जो	द्वितीय सस्करण १९०९ ई० ।
भाग छट्ठो	प्रथम सस्करण १९०१ ई० ।
भाग ७मो	प्रथम सस्करण १९११ ई० ।
२४. वैष्णव धर्मनो संक्षिप्त इतिहास	—लेखक · श्री दुर्गाशकर केशवराम शास्त्री, प्रकाशक अंबालाल बुलाकी राम जानी; श्री फार्बस गुजराती सभा, मुबई, द्वितीय आवृत्ति १९३९ ई० ।
२५. श्रीकृष्णलीलाकाव्य	—लेखक : केशवदास कायस्थ; सपादक तथा प्रकाशक : अबालाल बुलाकी-राम जानी मुबई, प्रथम सस्करण १९३३ ई० ।

ग्रंथ-नाम	विशेष विवरण
२६. श्रीमद्‌भागवत पद्यबंध	—लेखक: प्रेमानद; सपादक . इच्छाराम सूर्यराम देशाई, गुजराती प्रिटिंग प्रेस, मुबई, चतुर्थ सस्करण १९२७ ई० ।
२७. श्रीरुक्मिणीविवाहनां पदो	—रचयिता . कृष्णदास, प्रकाशक . शास्त्री काशीराम करसब जी ।
२८. श्री हरिराय जी	—जेठालाल गोवर्धनदास शाह, प्रकाशक: मोहन लाल विट्ठलदास गाँधी, अहमदाबाद, प्रथमावृत्ति स० २००२ वि० ।
२९. श्री हरिलीलाषोडशकला	—लेखक : भीम; सपादक: अबालाल बुलाकीराम जानी ।
३०. संशोधनने मार्गे	—लेखक · केशवराम काशीराम शास्त्री, प्रकाशक : भारती साहित्य संघ, लिमिटेड, प्रथम सस्करण स० २००४ वि० ।
३१. हारमाला	—लेखक : नरसी मेहता, सम्पादक. केशवराम काशीराम शास्त्री, प्रकाशक : अबालाल, बुलाकीराम जानी, फार्ब्स गुजराती सभा, मुबई १९३८ ई० ।

अंग्रेज़ी

1. Archaeology of Gujrat: *By* H. D. Sankalia, *Publishers*, Natwar Lal & Co., Hornby Road, Bombay, First Edition 1941.

2. Bhas—A Study. *By* A.D. Pusalkar, *Publishers*, Meharchand Lachmandas, Lahore, First Edition 1940.

3. Classical Poets of Gujrati, and their influence on society and morals. *By* Govardhan Ram Madhava Ram Tripathi, *Publishers*, Ramanuja Ram Govardhan Ram Tripathi, Bombay, First Edition 1916.

4. Early History of Vaishnavism in South India. *By* S. Krishnaswami Aiyangar.

5. Encyclopedia of Religion and Ethics (Vol. 12). *By* James Hastings.

6. Gujarati and its literature. *By* K. M. Munshi, *Publishers*, Longmans Green & Co. Ltd., Bombay, First Edition 1935.

7. Gujarati Language and Literature. Wilson's Philological Lectures *delivered by* N. B. Devatia. *Publishers* Macmillan & Co, Ltd. for the University of Bombay, 1921.

8. Gujarati Language and Literature. Thakkar Vassonji Madhavjji *Lectures* N. B. Devatia, The University of Bombay, First Edition 1932.

9. Hymns of Āḻvārs. *By* J. S. M. Hooper—The Heritage of India Series.

10.	Indian Chronology: (B.C. 1—2000 A.D.)	Dewan Bahadur L. D. Swami Kannu Pillai, Madras, 1911.
11.	Indian Culture.	Vol. IV *Editor* Dr. Radha Krishnan, Ram Krishna Mission.
12.	Language of Gujarat.	*By* H. C. Bhayani. *Reprinted from* The Bharatiya Vidya No. 12, Bombay, 1937.
13.	Linguistic Survey.	Vol. IX, part II. *By* Grierson.
14.	Main Tendencies in Mediaeval Gujarati Literature.	*By* M. R. Majumdar, Baroda 1937-38.
15.	Materials for the Study of Early History of Vaishnava Sect.	*By* Hem Chandra Roy Choudhari, 1220.
16.	Mathura, A District Memoire.	*By* Grouse.
17.	Milestones in Gujarati Literature.	*By* K. M. Jhaveri, Bombay, Fourth Edition 1914.
18.	Outline of the Religious literature of India.	*By* J. N. Farquhar.
19.	Proceedings and Translations of the Seventh All India Oriental Conference.	Baroda, 1933, *Published* at Baroda.
20.	Selections from Classical Gujarati Literature.	*By* Irach Jehangir Sarahji Taraporewala. *Published by* The University of Calcutta.
	(Volume I—15th century)	First Edition 1924.
	(Volume II—16th and 17th centuries)	First Edition 1930.
21.	Shri Vallabhacharya.	*By* Bhai Mani Lal C. Parekh.

22. The Glory that was Gurjardesh Part I, III. — *Edited by* K. M. Munshi, *Published by* Bharatiya Vidya Bhawan, Bombay, 1943.

23. The Imperial Gazetteer of India—The Indian Empire. — Vol. II, Oxford 1909.

24. The Krishna Problem. — *By* S. N. Tadapatrikar, M.A.

25. The Universal Practical Dictionary (Gujarati to English). — *Compiled by* Shanti Lal Sarabyai Ojha, *Publishers* R. R. Sheth & Co., Bombay. First Edition 1940.

26. The Vaishnavas of Gujarat. — *By* N. A. Toothi, Bombay. First Edition 1935.

27. Vaishnava Faith and Movement. — *By* S. K. De.

28. Vaishnavite Reformers of India. — *By* T. Rajgopalachari, Madras, 1909.

29. Wilson's Philological lectures on Sanskrit and the derived languages. — *Delivered by* R. G. Bhandarkar in 1877, Bombay 1914.

अप्रकाशित तथा हस्तलिखित ग्रंथ

संस्कृत

ग्रंथ-नाम	विशेष विवरण
१. विष्णुभक्तिचन्द्रोदय	—भंडारकर रिसर्च इन्स्टीट्यूट, पूना तथा प्राच्य विद्यामदिर, बडोदरा।
२. सम्प्रदायप्रदीप	—प्राच्य विद्यामंदिर, बडोदरा।

गुजराती

ग्रंथ-नाम	विशेष विवरण
१. आनंदरास	—नरहरि, फार्ब्स गुजराती सभा, १७५, बम्बई।
२. कंसोद्धरण	—फांग, फार्ब्स गुजराती सभा, ३६१, बम्बई।
३. कृष्णचरित	—गोपालदास, फार्ब्स गुजराती सभा, १५१ ल, बम्बई।
४. गोपी उद्धव संवाद	—नरहरि, फार्ब्स गुजराती सभा, १७५, बम्बई।
५. दशम स्कंध	—लक्ष्मीदास, गुजराती वर्नाक्यूलर सोसाइटी, ह० प्र० नं०, द ४७०।
६. दशम स्कंध	—माधवदास, गुजराती वर्नाक्यूलर, सोसाइटी, ७३।
७. दानलीला	—हरिराय जी, विद्या विभाग कांकरोली, ह० लि० ग्रं० बध संख्या १०६ : १२।
८. नानु दशमस्कंध	—अज्ञात कवि, बडोदरा, ६१२३।

ग्रंथ-नाम	विशेष विवरण
९. **पांडव विष्टि**	—फूढ, रचनाकाल १६७७ वि० फार्ब्स गु० स० ह० प्र० नं०, २०८घ।
१०. **ब्रजबेलि**	—प्रेमानंद, गुजराती वर्नाक्यूलर सोसाइटी द० ६३५ अ।
११. **बालचरित**	—रचयिता : कीकुवसही, फार्ब्स गुजराती सभा बम्बई, ह० प्र० नं० २१५ ख।
१२. **बाललीला**	—प्रेमानंद, गुजराती वर्नाक्यूलर सोसाइटी नं० ७४९।
१३. **बाललीला**	—शिवदास, फार्ब्स गु० स० ह० प्र० न० ५३ घ, लिपिकाल १७१६, ५३ घ।
१४. **रासक्रीडा**	—कृष्णदास, बडोदरा, ४६८४।
१५. **रासलीला**	—वैकुंठ, फार्ब्स गुजराती सभा, ११४ख लिपि काल सं० १७४४।
१६. **रुक्मिणीहरण हमचडी**	—कृष्णदास, गुजराती वर्नाक्यूलर सोसाइटी, ३४४।
१७. **रुक्मिणीहरण**	—काशी सुत शेध जी, फार्ब्स गुजराती सभा, बम्बई ह० प्र० नं० अ० ५१।
१८. **रुक्मिणीहरण**	—फूढ, फार्ब्स गुजराती सभा, ह० प्र० नं० ६४घ रचनाकाल सं० १६५२ वि०।
१९. **रुक्मिणीहरण**	—विष्णुदास, बडोदरा ८८४।
२०. **रुक्मिणी हरणनां सलोको**	—प्रेमानंद, गुजराती वर्नाक्यूलर सोसाइटी द० ८८५।
२१. **श्रीकृष्णलीला (४२ लीला)**	—ध्रुवदास विरचित, म्यु० म्यूजियम, प्रयाग, बंध संख्या २१४ पुस्तक नम्बर १६ : ३० सं० १६५०।

ग्रंथ-नाम	विशेष विवरण
२२. हरिचुआक्षरा तथा कृष्ण वृंदावन रास	—रचयिता · वासणदास, एफ०, गुजराती वर्नाक्यूलर सोसाइटी, ह० प्र० न० द० ७३८।
२३. हरिरस	—परमानद, फार्बस गुजराती सभा ३२५।

पत्र-पत्रिकाएँ

हिंदी

	नाम	विशेष विवरण
१.	कल्याण (उपनिषद् अंक)	—वर्ष २३, अक १, सम्पादक : हनुमान प्रसाद पोद्दार, चिम्मनलाल गोस्वामी, एम० ए० शास्त्री, प्रकाशक . घनश्यामदास जालान, गीता प्रेस, गोरखपुर ।
२.	नागरी प्रचारिणी पत्रिका	—नागरी प्रचारिणी सभा, काशी ।
३.	नाममाहात्म्य, व्रजांक	—अगस्त १९४०, वृंदावन ।
४.	व्रजभारती	—व्रजभारती कार्यालय, मथुरा ।
५.	सम्मेलन पत्रिका	—हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग ।
६.	हिन्दी अनुशीलन	—वर्ष ३, अंक ४, प्रकाशक : भारतीय हिन्दी परिषद्, प्रयाग, सं० २००७ वि० ।
७.	विश्वभारती	—शान्ति निकेतन, खंड ३, अंक ४, १९४४ ।

गुजराती

	नाम	विशेष विवरण
१.	कौमुदी	—मार्च १९३१ ।
२.	गुजरात	—स० १९८२ वि० श्रावण ।
३.	गुजराती	—दिवाली अंक, १९३३ ।

	नाम	विशेष विवरण
४.	फार्ब्स गुजराती सभा त्रैमासिक पुस्तक १ लुं, जनवरी-मार्च १९३७, अक्तूबर-दिसम्बर १९३८	—संपादक. अबालाल बुलाकीराम जानी, फार्ब्स गुजराती सभा, बम्बई।
५.	प्रस्थान	—संपादक १९८३ वि०, वैशाख ज्येष्ठ, अहमदाबाद।
६.	बुद्धिप्रकाश	—गुजरात विद्या सभा, अहमदाबाद।
७.	वसंत	—स० १९६१ वि०, भाद्र अं० ८, अहमदाबाद।
८.	हिन्दुस्तान, मुंबई नी आवृत्ति	—अक ७५, ८१, ८७, शुक्रवार ११, १८, २५ नवम्बर १९४९ क्रमशः।

अंग्रेजी

1.	Annals of The Bhandarkar Oriental Research Institute, (Part III and IV).	Vol. X. July 1929. Poona.
2.	Bharatiya Vidya.	Bharatiya Vidya Bhavan, Bombay.
3.	Journal of the Indian Society of Oriental Art.	Vol X 1942. *Editors* Abanindra Nath Tagore and Stella Kramrisch.
4.	Journal of the Oriental Institute Vol. I, No. 1.	G. H. Bhatt, Oriental Institute Baroda. 1951.

तालिका-चित्र नं० १

★

कवि और काव्य सम्बन्धी तुलनात्मक परिस्थिति

[१५वीं शती]

गुजराती	ब्रजभाषा
१. नर्षि रचना : फागु २. मयण रचना : मयणछंद ३. भालण रचनाएँ . दशमस्कध कृष्णविष्टि ४. भीम रचना . हरिलीला षोडशकला	कोई नहीं

तालिका-चित्र नं० २

★

कवि और काव्य सम्बन्धी तुलनात्मक परिस्थिति

[१६वीं शती]

गुजराती	व्रजभाषा
१. नरसी मेहता रचनाएँ : सुरतसग्राम, गोविद-गमन, चातुरी छत्रीसी, चातुरीषोडशी, दाण लीला, सुदामाचरित, रास सहस्रपदी, श्रृंगार-माला, बाल लीला, हीडोलाना पदो, भक्ति ज्ञानना पदो, कृष्ण जन्म सम्बन्धी पद, वसंतनां पदो **२. मीरां** रचना : स्फुट पद **३. केशवदास** रचना . कृष्णक्रीडाकाव्य **४. नाकर** रचना : भ्रमरगीता **५. चतुर्भुज** रचना : भ्रमरगीता **६. भीम वैष्णव** रचना : रसिकगीता **७. ब्रेहेदेव** रचना : भ्रमरगीता **८. कीकुवसही** रचना : बालचरित	**वल्लभ सम्प्रदाय** **१. सूरदास** रचनाएँ · सूरसागर, सूरसारावली, साहित्य लहरी **२. कुंभनदास** रचना स्फुट पद **३. परमानंददास** रचना : परमानंदसागर **४. कृष्णदास** रचना स्फुट पद **५. गोविन्दस्वामी** रचना : स्फुट पद **६. नंददास** रचनाएँ दशमस्कध, श्याम-सगाई, गोबर्धनलीला, सुदामाचरित, विरह-मजरी, रूपमंजरी, रुक्मिनीमगल, रास-पंचाध्यायी, भँवरगीत, सिद्धान्त पंचाध्यायी, पदावली **७. छीतस्वामी** रचना : स्फुट पद

[शेष अगले पृष्ठ पर

तालिका-चित्र नं० २

कवि और काव्य सम्बन्धी तुलनात्मक परिस्थिति

[१६वीं शती]

गुजराती	व्रजभाषा
९. **वासणदास** रचनाएँ : कृष्णवृंदावनरास, हरिचुआक्षरा	८. **चतुर्भुजदास** रचना : स्फुट पद
१०. **काशीसुत शेधजी** रचना : रुक्मिणीहरण	**राधावल्लभीय सम्प्रदाय**
११. **संत** रचना . भागवत (अनुवाद)	९. **हितहरिवंश** रचनाएँ . श्रीहितचौरासी, श्रीहितस्फुट वाणी
१२. **फूढ** रचनाएँ : रुक्मिणीहरण, मल्लअखाड़ा ना चद्रावला	१०. **सेवक** रचना : सेवकवाणी
	११. **हरिरामव्यास** रचनाएँ : सिद्धान्त रस के पद रस विहार के पद
★	**गौडीय सम्प्रदाय**
	१२. **गदाधर भट्ट** रचना : स्फुट वाणी
	१३. **सूरदास मदनमोहन** रचना : स्फुट वाणी
	निम्बार्क सम्प्रदाय
★	१४. **श्रीभट्ट** रचना : जुगलसत
	१५. **हरिव्यास** रचना : महावाणी
	१६. **परशुरामदेव** रचना : परशुराम सागर

[शेष अगले पृष्ठ पर

कवि और काव्य सम्बन्धी तुलनात्मक परिस्थिति

[१६वीं शती]

गुजराती	ब्रजभाषा
	हरिदासी सम्प्रदाय
	१७. हरिदास स्वामी रचनाएँ केलिमाल सिद्धान्त के पद
★	१८. विट्ठलविपुलदेव रचना : स्फुट पद
	१९. विहारिनदेव रचना : स्फुट पद, दोहे
	सम्प्रदायमुक्त कवि [प्रथम वर्ग]
	२०. मीरां रचना . पदावली
★	२१. तुलसीदास रचना : कृष्णगीतावली
	२२. रहीम रचना : मदनाष्टक, रासपचध्यायी
	२३. नरोत्तमदास रचना : सुदामाचरित
	[द्वितीय वर्ग]
★	२४. कृपाराम रचना : हिततरगिनी
	२५. केशवदास रचनाएँ : कविप्रिया, रसिकप्रिया
	२६. आलमशेख रचना : आलमकेलि

[समाप्त]

तालिका-चित्र नं० ३

★

कवि और काव्य सम्बन्धी तुलनात्मक परिस्थिति

[१७वीं शती]

<table>
<tr><th>गुजराती</th><th>व्रजभाषा</th></tr>
<tr><td>
१. लक्ष्मीदास
रचनाएँ दशमस्कध, स्फुट पद
२. देवीदास
रचनाएँ रुक्मिणीहरण, भागवतसार, रास-पंचाध्यायीनो सार
३. शिवदास
रचना : बालचरित्र
४. भाऊ
रचना . पाडवविष्टि
५. वैकुंठदास
रचना · रासलीला
६. परमाणंद
रचना हरिरस
७. कृष्णदास
रचनाएँ रुक्मिणीविवाह, रुक्मिणीहरण हमचडी
८. नरहरिदास
रचनाएँ : आणदरास, गोपीउद्धव संवाद
९. फांग
रचना : कंसोद्धरण
२०. माधवदास
रचना : दशमस्कंध
</td><td>
वल्लभ सम्प्रदाय
१. रसखान
रचनाएँ : प्रेमवाटिका, सुजानरसखान
२. हरिरायजी
रचनाएँ : स्फुटपद, दानलीला
३. शोभाचंद
रचना : भक्तिविधान
राधावल्लभीय सम्प्रदाय
४. ध्रुवदास
रचनाएँ रसमुक्तावली रसहीरावली, रसरत्नावली, प्रेमावली, रसानंदलीला, मानलीला, दानलीला, ब्रजलीला, नेहमजरी, रतिमंजरी, रहस्यमंजरी, सुखमंजरी, रहसिलता, आनन्दलता, प्रेमलता, अनुराग लता, वनविहार, रंगविहार, रसविहार, मनिसिगार, हितसिगार, मडलसभासिंगार, वृंदावनसत
</td></tr>
</table>

[शेष अगले पृष्ठ पर

कवि और काव्य सम्बन्धी तुलनात्मक परिस्थिति

[१७वीं शती]

गुजराती	ब्रजभाषा
११. प्रेमानंद रचनाएँ . रुक्मिणीहरण, रुक्मिणीहरण ना सलोको, बाललीला, ब्रजवेलि, दाणलीला, भ्रमरगीता, भ्रमरपचीसी, मास, सुदामाचरित, दशमस्कध	भजनसत, सिंगारसत, रंगविनोद, आनंददसाविनोद, रगहुलास, ख्यालहुलास, भजनाष्टक, आनन्दाष्टक, निर्तविलास, प्रीतिचौवनी, मनसिक्षा, जीवदिसा, जुगलध्यान, भजनकुडली
१२. रत्नेश्वर रचनाएँ दशम-एकादश स्कध बारमास	**गौडीय सम्प्रदाय**
१३. विष्णुदास रचना : रुक्मिणीहरण	**५. वल्लभरसिक** रचना वाणी
१४. केशवदास वैष्णव रचना मथुरामहिमा	**६. माधवदास** रचनाएँ उत्कंठामाधुरी, वशीवटमाधुरी, केलिमाधुरी, वृदावनविहारमाधुरी, दानमाधुरी, मानमाधुरी
★	**निम्बार्क सम्प्रदाय**
	७. रूपरसिकदेव रचनाएँ · वृहदोत्सवमणिमाल, हरिव्यास-यशामृत, नित्यविहारपदावली
★	**८. तत्ववेत्ताजी** रचना · वाणी

[शेष अगले पृष्ठ पर

कवि और काव्य सम्बन्धी तुलनात्मक परिस्थिति

[१७वीं शती]

गुजराती	व्रजभाषा
	हरिदासी सम्प्रदाय
	९. **नागरीदास** रचना . वाणी
★	१०. **सरसदेव** रचना : वाणी
	११. **नरहरिदेव** रचना . वाणी
★	१२. **पीतांबरदेव** रचनाएँ : रस और सिगार के पद, सिद्धान्त और सिगार की साखी, केलिमाल की टीका
	१३. **रसिकदेव** रचना · स्फुट पद, दोहे
	स्वतन्त्र वर्ग के कवि
★	१४. **सेनापति** रचना . कवित्तरत्नाकर
	१५. **बिहारी** रचना . सतसई
★	१६. **मतिराम** रचनाएँ : रसराज, ललितललाम, सतसई
	१७. **देव** रचनाएँ : भावविलास, अष्टयाम, भवानी विलास

[समाप्त]

तालिका-चित्र नं० ४

गुजराती साहित्य के विभिन्न इतिहासकारों द्वारा दिया गया कृष्ण-कवियों का समय

[१५ वीं, १६ वीं तथा १७ वीं शती]

कवि ↓	त्रिपाठी	झावेरी	तारापोरवाला	दिवेटिया	थूथी	मुंशी	शास्त्री
१. नरसी मेहता	१५वीं शती	१४१४–८१	१४१५–८१	१४१४–८१ सशयास्पद	१४१४–८१	१५००–८० के बीच	स० १४७०–१५३६
२. मीरां	१५वी शती	१४०३–७०	१४९९–१५४७	...	१४०३–७०	१५५० के लगभग	सं० १५५५–१६०३
३. नर्षि	...	...	...	...	...	१४३९ (नर्तर्षि)	सं० १४५०
४. मयण	...	...	...	...	...	...	सं० १५००
५. भालण	१५वी शती	१४३९–१५३९	१४३४–१५१४	नरसी के समकालीन	१४३९–१५३९	१४२६–१५००	लगभग सं० १५४०–४५

[शेष अगले पृष्ठ पर

६. केशवदास	...	...	...	...	...	(केशवराम)	सं० १५२९
७. भीम	१५वी शती	१४८४	१४८४	...	१४८४	१४८४	सं० १५४१-४६ के लगभग
८. नाकर	...	...	...	उल्लेख मात्र	१५०४–१५८४	१५५० के लगभग	सं० १५७२-१६२४
९. चतुर्भुज	...	...	...	...	...	...	सं० १५७६ के लगभग
१०. भीम वैष्णव	...	...	...	...	...	...	१७वीं शती वि० के आरंभ में
११. ब्रेहेदेव	...	...	...	...	...	...	सं० १६०९
१२. कीकु वसही	...	...	...	...	...	...	सं० १५५०
१३. वासणदास	...	...	...	...	...	...	सं० १६४८ से पूर्व

[शेष अगले पृष्ठ पर

१४. काशीसुत शेषजी	...	...	...	...	...	...	सं० १६४७–४८
१५. संत	...	...	...	...	...	...	१७वी शती वि० पूर्वार्ध
१६. फूढ	...	...	...	...	...	...	सं० १६५१–८३ के लगभग
१७. लक्ष्मीदास	...	...	...	...	...	...	सं० १६३९–७२ के लगभग
१८. देवीदास	...	१६०४ के लगभग	१५७५–१६२५	...	...	...	सं० १६६० के लगभग
१९. शिवदास	...	१६१६	१५२५–१६२५	...	...	उल्लेख मात्र	सं० १६६७–७७ के लगभग
२०. भाऊ	...	...	...	...	...	...	सं० १६७६–७९ के लगभग
२१. वैकुंठदास	...	...	...	...	...	...	सं० १६५०–१७०० के बीच

[शेष अगले पृष्ठ पर

तालिका-चित्र नं० ४

२२. परमाणंद	...	...	...	...	...	...	सं० १६८९ के लगभग
२३. कृष्णदास	...	...	...	...	...	...	सं० १६७३–१७०१
२४. नरहरिदास	...	सं० १६६९–१६८६ के लगभग	...	...	...	...	सं० १६७२–१७००
२५. फांग	...	...	...	...	...	...	१७वीं शती वि०
२६. माधवदास	...	...	...	...	...	...	सं० १७०५ के लगभग
२७ प्रेमानंद	१७वीं शती	१६३६–१७३४	१६३६–१७३४	उल्लेख मात्र	अखा के बाद	१६३६–१७३४	सं० १७०० के लगभग
२८. रत्नेश्वर	उल्लेख मात्र	...	...	...	...	१७वीं शती	...
२९. विष्णुदास	...	...	...	...	...	...	सं० १७१६ के लगभग
३०. केशवदास	...	...	...	...	...	...	१७वीं शती वि० उत्तरार्ध

व्यक्ति-नामानुक्रमणिका

[अंक पृष्ठ संख्या के द्योतक हैं।]

ग्रंथ-नामानुक्रमणिका

[अंक पृष्ठ संख्या के द्योतक हैं।]